प्राचीन भारत में धर्म स्वातन्त्र्य और अन्यान्य स्वातन्त्र्य की तरह प्रजा को शिक्षा स्वातन्त्र्य भी था। भारत का ऋषि एकान्त सेवी, निर्लोभी, तपः स्वाध्याय विरत, अन्य सांसारिक सुखों को तिलाञ्जलि देकर, अध्यात्म-जीवन और कर्म-योगपरायण होकर केवल मानव मात्र की शिक्षा में निरत रहता था, और सदा योगयुक्त अन्तःकरण रहने के कारण उनका अन्तःकरण देवलोक से सम्बन्धित होता था। देवलोकवासी देवर्षियों की प्रेरणा से वे सदा लोककल्याणार्थ शास्त्र-प्रणयन और शास्त्राध्यायन करते हुए इस मृत्युलोक को धन्य किया करते थे। विद्याप्रचार और लोकशिक्षा ही उनके जीवन का महान् लक्ष्य था। इसी प्रकार वर्तमान युग में वही देवर्षि नारद नारं ज्ञानं ददातीति नारद हैं। श्रीस्वामीकृष्णवल्लभाचार्यजी के रूप में भारत में अवतरित हुए हैं।

वैदिक साहित्य के आधार पर भारत को ज्ञान की अतुल सम्पत्ति प्रदान की है जिसे विश्व का मानव ऋषि धरोहर समझ कर सुरक्षित रक्खेगा।

यहां के मानव ने महर्षि कणाद के धर्म लक्षण का ही अनुसरण किया है—"यतोऽभ्युदयनिःश्रेयस्सिद्धिः स धर्मः। पूज्यपादमहर्षियों का यह सिद्धान्त था कि अज्ञान जननी अविद्या है और ज्ञान जननी विद्या है। अविद्या को जितना ही घटाया जावे, उतना ही विद्या की ज्योति विकसित होती है। विद्यालाभ का प्रथम ध्येय यही था कि इस लोक में अभ्युदय और परलोक में निश्रेयस्सिद्धि यानि मोक्ष प्राप्ति हो यही धर्म है। प्राचीन काल से ही इस देश में आत्मतत्त्व का अनुसन्धान हुआ था। "अहं" की प्रतीति किसको आश्रय करके एवं किसे अवलम्बन करके उठती है। इसकी आलोचना चिन्तनशील व्यक्तिमात्र ही करते हैं। जो व्यक्ति तपस्वी, योगी तथा साधना सम्पन्न था, वही अपने योग-बल से अपने अन्तःकरण तथा बाह्य इन्द्रियों का उत्कर्ष साधन कर लौकिक प्रत्यक्ष से कहीं श्रेष्ठ उच्च श्रेणी का प्रत्यक्ष ज्ञान लाभ करने में समर्थ होते थे। इन्द्रियों के दोष तथा अपटुतावश पदार्थ की सूक्ष्मता के कारण या आवरणवश या चित्त की कलुषता तथा प्राक्तन संस्कारों के कारण लौकिक प्रत्यक्ष द्वारा सत्य का अभ्रांतस्वरूप साक्षात् करना सम्भव नहीं है। इसलिए वे लोग नैतिक जीवन का उत्कर्ष सम्पादन अथवा समाधि का अभ्यास, अथवा अन्य किसी प्रकार के साधन प्रणाली का अभ्यास आवश्यक समझते थे। इसी परम ध्येय की पूर्ति भी स्वामी कृष्ण-वल्लभाचार्य जी ने अपनी दिव्य शक्ति द्वारा की है। उनकी प्रशस्ति में क्या लिखा जावे वे अप्रतिम हैं। उनकी प्रशस्ति इसी में है कि उनकी ज्ञानराशि को भारतीय मानव अपनी वास्तविक सम्पत्ति समझकर सुरक्षित रक्खे और उनके आदेश के अनुसार जीवन बनावे।

स्वामी पूर्णानन्द

स्वामी कैवल्यानन्द सरस्वती

ठे० सुखगिरि बङ्गला

कनखल (उत्तर प्रदेश)

यह जानकर अत्यन्त हर्ष का अनुभव हो रहा है कि अनेक संस्कृत, हिन्दी एवं गुजराती ग्रन्थों के रचयिता प्रखर तेजस्वी महामान्य पण्डितवर्य अनन्त-श्री विभूषित स्वामीकृष्णवल्लभाचार्य महाराज के अमोघ पाण्डित्य के उपलक्ष्य में भारत तथा विश्वभर के विशिष्ट विद्वान् अभिनन्दन कर रहे हैं। जो कि भारत के लिये तथा खास कर साधु समाज के लिये बड़े गौरव की बात है। मैं भी आचार्यश्री जी का सन्मान करता हूँ तथा हार्दिक प्रेम से अभिनन्दन करता हूँ, एवं आपके सुयश सत्कीर्ति आदि अनन्तश्री की अभिवृध्यर्थ सर्वान्तरात्मा प्रभु से शुभ कामना करता हूँ।

आपका शुभाभिलाषी

स्वामी कैवल्यानन्द सरस्वती

अखण्डमहिमण्डलाचार्य श्रीमज्जगद्गुरुरामानुजसम्प्रदायाचार्य

श्री स्वामी गोपालदत्त शास्त्रीजी महाराज

काव्य-पुराण-वेद-वेदान्ततीर्थ

अध्यक्ष अ० भा० रामराज्यपरिषद, दिल्ली,

अ० भा० श्रीवैष्णवसम्मेलन, प्रयाग, शास्त्र धर्मप्रचार सभा, कलकत्ता

श्रीबलरामपीठ, राजेन्द्रनगर

पो० आरा (बिहार राज्य)

मान्यवर महोदय,

आप महानुभावों द्वारा प्रेषित स्वामीकृष्णवल्लभाचार्य-स्मृतिमन्दिर की ओर से "श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी अभिनन्दन-ग्रन्थ" का अनुष्ठान-पत्र प्राप्त हुआ। "गुरुं प्रकाशयेद्धीमान्" इस वचन के अनुसार सदाचार्य वैभव के प्रकाशन के लिये महाविद्वान् तत्त्वचिन्तक संस्कृत वाङ्मय के व्याख्याता स्वामिश्रीकृष्णवल्लभाचार्य जी के अभिनन्दन-ग्रन्थ के प्रकाशन के लिये मैं आप महानुभावों का अभिनन्दन करता हूँ।

श्रीवैष्णव विद्वत्सार्वभौम स्वामी श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी महाराज के सम्बन्ध में अपना विशेष अभिप्राय अभिनन्दन-ग्रन्थ के लिये भेजने में मुझे पूर्ण आनन्द हो रहा है। इस अवसर पर कालेज की स्थापना स्वामीजी के नाम पर आप लोग कर रह हैं उसके प्रति मेरी हार्दिक शुभ कामना है।

भवदीय

दिनांक २८-६-१९७६

श्रीगोपाल दत्त शास्त्री

श्रीस्वामी रघुनाथगिरिजी महाराज

वेदान्त-आयुर्वेद-सांख्य-योगाचार्य

श्रीमत्परमहंस-परिव्राजकाचार्य श्रोत्रिय-ब्रह्मनिष्ठ

भूपतवाला कलां (मोती चूर के पास)

हरिद्वार (उत्तर प्रदेश)

बहुत वर्ष पूर्व वाराणसी में रहते हुए सुप्रसिद्ध विद्वान् श्रीवामाचरण भट्टाचार्य से परिचय प्राप्त करते ही स्वामी श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी के अद्भुत वैदुष्य से प्रभावित हुआ। उसी समय स्वामी श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी की न्यायमुक्तावलि, सांख्यकारिका आदि की व्याख्याएँ देखने में आई हैं। मैं तभी से सुपरिचित हूँ। इनकी लोकोत्तर प्रतिभा संस्कृतवाङ्मय के गौरव को बढ़ानेवाली है। अतः भारत की अमुपम विभूति सरस्वती के वरदपुत्र अनन्त काल तक जन समाज का अपनी कृतियों के द्वारा कल्याण करते रहें, यही हमारी हार्दिक शुभेच्छा है।

भवदीय

दिनांक १२–७–७६

स्वामी रघुनाथ गिरि

कौशल्या वल्ली

Reader, Dep. of Sanskrit

Jamu University, Jamu Tawi.

Jamu State

यह परम हर्ष का विषय है कि स्वामी कृष्णवल्लभाचार्य अभिनन्दन-ग्रन्थ जगत् के सामने शीघ्र ही प्रस्तुत हो रहा है। वैष्णव विद्वत्सार्वभौम, दार्शनिक पञ्चानन, षड्दर्शनाचार्य, नव्यन्यायाचार्य, सांख्ययोगवेदान्तमीमांसातीर्थ, काव्य-कुशल स्वामी कृष्णवल्लभाचार्यजी दार्शनिक जगत् के देदीप्यमान स्तम्भ हैं, संस्कृत भाषा एवं काव्य के प्रखर विद्वान् हैं, सर्वोपरि एक सन्त हैं। स्वामी जी की ४३ कृतियाँ भारतीयता से ओतप्रोत हैं।

ज्ञान की अमूल्य निधि एवं सरस्वती के उपासक—स्वामी जी—दीर्घकाल तक प्रेरणास्रोत बने रहें, यही विधाता से हार्दिक प्रार्थना है।

कौशल्या वल्ली

कृष्णकान्त चतुर्वेदी

एम० ए० (संस्कृत), एम० ए० (पालि-प्राकृत)

पी० एच-डी०, साहित्याचार्य

प्रवाचक (संस्कृत पाली तथा प्राकृत)

५, रीडर क्वार्टर्स, सरस्वती विहार

जबलपुर विश्वविद्यालय, जबलपुर

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हुई कि आप श्री स्वामी कृष्णवल्लभाचार्य जी का अभिनन्दन ग्रन्थ प्रकाशित करने जा रहे हैं। स्वामीकृष्णवल्लभाचार्य प्राचीन परम्परा एवं अध्यात्म चिन्तन के महान् पण्डित हैं। इतने विशालकाय संस्कृत हिन्दी वाङ्मय के निर्माणकर्त्ता स्वामी जो वस्तुतः ऋषिकल्प हैं। इन्होंने अध्यात्म जैसे कठिन और दुरूह विषयों की अत्यन्त सरल सुबोध व्याख्या की है। साथ ही विद्वानों के लिए विषय की गम्भीरता भी सर्वत्र प्राप्त है। भारतीय संस्कृत वाङ्मय के इतिहास में इनका नाम अमर रहेगा।

इस शुभ अवसर पर मेरी हार्दिक शुभ कामनाएँ स्वीकार करें।

दिनांक १४–७–७६

कृष्णकान्त चतुर्वेदी

प्रभुदत्त ब्रह्मचारी

संकीर्तन भवन,

झूसी

यह जानकर कि संस्कृत साहित्य के उद्भट विद्वान् एवं पण्डितप्रवर स्वामी कृष्णवल्लभाचार्यजी के अभिनन्दन के लिए संस्था की ओर से 'अभिनन्दन-ग्रन्थ' का प्रकाशन हो रहा है, अत्यन्त प्रसन्नता हुई।

यद्यपि स्वामी कृष्णवल्लभाचार्य जी से मेरा व्यक्तिगत सम्बन्ध-सुयोग नहीं हो सका था, लेकिन संस्कृत वाङ्मय के इन प्रतिभाशील विद्वान् और भारती के सरस साधक की उत्कृष्ट काव्य-रचना के अंशो का मैंने अवलोकन किया है।

स्वामी जी के व्यक्तित्व एवं उनके अमर कृतित्व के लिए मेरी हार्दिक शुभ-कामनाएँ स्वीकार करें।

आपका

१३ जुलाई १९७६

प्रभुदत्त ब्रह्मचारी

महावीरदास जैन

स्नातकोत्तर हिन्दी एवं भाषा विज्ञान विभाग

जबलपुर विश्वविद्यालय,

जबलपुर

यह जानकर प्रसन्नता हुई कि आप भारतवर्ष के प्रख्यात संत-भक्त एवं मेधावी विद्वान् स्वामी कृष्णवल्लभाचार्यजी का अभिनन्दन ग्रन्थ प्रकाशित कर रहे हैं। आपका प्रयास स्तुत्य है। मेरी शुभकामनायें स्वीकार करें।

महावीरदास जैन

प्रेमलता शर्मा

सङ्गीतशास्त्र विभाग

सङ्गीत एवं ललित कला सङ्काय

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

Department of Musicology

Research Section

Faculty of Music & Fine Arts

B. H. U. Varanasi-5

पण्डितवर्य स्वामी कृष्णवल्लभाचार्य जी से परिचित होने का सौभाग्य मुझे नहीं मिला है। आप ने उनके विरचित ग्रन्थों की जो सूची भेजी है उस से उनका व्यापक और प्रगाढ़ पाण्डित्य अवश्य झलकता है।

भवदीया

दिनांक १६-३-१९७६

प्रेमलता शर्मा

जगद्गुरु शङ्कराचार्य जी महाराज

जगन्नाथ पुरी, स्वर्गद्वारपुरी

श्री कृष्णवल्लभाचार्य जी वैष्णव समाज के भूषण हैं। सरस्वती के वरदपुत्र हैं। विद्वत्ता और विनम्रता का उनमें मणिकाञ्चन योग है। दार्शनिक दुनिया के उज्ज्वल नक्षत्र हैं। सन्तों के हृदय के हार हैं। संस्कृत विद्या के प्रखर विद्वान् हैं। इनका व्यक्तित्व सन्त और गृहस्थ दोनों के लिए प्रेरणा-स्रोत है।

श्री कृष्णवल्लभाचार्य ने जिस विद्या वैभव से इतना उच्च व्यक्तित्व प्राप्त किया है उसी विद्यानिधि की सेवा उनके द्वारा होती रहे, यही हमारी शुभेच्छा है।

इनका अभिनन्दन वस्तुतः सरस्वती का ही अभिनन्दन है।

दिनांक ८-३-७६ **जगद्गुरु शङ्कराचार्य जी महाराज**

Dr. R. C. DWIVEDI

Professor & Head and Chairman. Faculty of Humanities

DEPARTMENT OF SANSKRIT UNIVERSITY OF UDAIPUR

UDAIPUR (RAJ.)

पण्डितवय श्रीकृष्णवल्लभाचार्य अपने वैदुष्य कृतित्व एवं साहित्य तथा समाज की सेवा के लिये सुविख्यात रहे हैं। उनके द्वारा प्रणीत ग्रन्थों ने संस्कृत दर्शन एवं भक्तिवाङ्मय की श्रीवृद्धि की है।

मुझे यह जानकर परम प्रसन्नता है कि देश के इन मूर्धन्य विद्वान् एवं आचार्य का आप सब अभिनन्दन कर रहे हैं। वस्तुतः उनका अभिनन्दन विद्या एवं सरस्वती की अर्चना है।

रामचन्द्र द्विवेदी

स्वामिनारायण चच्चरीक

पं० धीरजधारीशास्त्री

मथुरावासी स्वा० ना० गौर

एवं

मन्त्री विद्वत् परिषद्

मु० मथुरा (उ० प्र०)

आजतक जितने भी अवतार हुए उन सबके सम्मुख एक ही प्रश्न था मानव जीवन उत्तम बनाना। उत्तम-मानव जीवन उपासना सहित अपने इष्ट देव के अनुसार कायिक वाचिक मानसिक आचरण करने एवं उनके सिद्धान्तों का सम्पादन करने से होता है। प० पू० भारतरत्न पण्डित कुलभूषण श्रीकृष्ण-वल्लभाचार्य जी उपरोक्त उक्ति के प्रतीक मूर्ति हैं। आप उद्धव-सम्प्रदाय में ही नहीं, भारतवर्ष भर में स्वरचित ग्रन्थों का सम्पादन हेतु विख्यात हैं। आपकी रचनाएँ एवं टीकाओं के विचार अनुपम हैं। उनका अभिनन्दन भगवान् अक्षराधि-पति पूर्ण पुरुषोत्तम श्री सहजानन्द स्वामी की मनीषा है। हिन्दी में साम्प्रदायिक ग्रन्थों की रचना करके उत्तर भारत के हरिभक्तों पर पू० आचार्य जी ने अतीव अनुकम्पा की है। एतदर्थ भारतवर्ष के विद्वान् तथा उद्धव-सम्प्रदाय सदैव आचार्यजी का ऋणी रहेगा।

अतः प-पू० स्वनामधन्य पण्डित कुलभूषण श्रीकृष्णवल्लभाचार्य के अभिनन्दन-ग्रन्थ हेतु प्रयास सफल होते देखकर अपने हृद्गत भावमयी सुमनाञ्जलि समर्पण करके अपने को धन्य मान रहा हूँ।

पं० धीरजधारीशास्त्री

विनोदचन्द्र सिन्हा

एम० ए०, पी-एच० डी०

निदेशक

पुरातत्त्व संग्रहालय

गुरुकुल काङ्गड़ी विश्वविद्यालय

हरिद्वार

बड़ी प्रसन्नता है कि देश के एक महान् पण्डित के सम्मान में आप अभिनन्दन-ग्रन्थ प्रकाशित करने जा रहे हैं। स्वामी जी भले ही गुजरात में जन्मे हों, परन्तु सारे देश को उन पर गर्व है। उनकी पुण्य स्मृति में एक विद्या मन्दिर की स्थापना सर्वथा उचित है।

आचार्य कृष्णवल्लभाचार्य जो का जीवन तप और त्याग का जीवन रहा है। आने वाले सैकड़ों वर्षों तक वे हम सब के लिये प्रेरणा के स्रोत बने रहेंगे। इस पावन अवसर पर मैं श्री आचार्य जी के चरणों में श्रद्धा से नत होता हूँ।

भवदीय

दिनांक २०–४–७६

विनोदचन्द्र सिन्हा

डा० रमेशकुमार शर्मा

एल०एल० बी०, एम० ए०, पी-एच० डी०

प्रोफेसर तथा अध्यक्ष,

हिन्दी विभाग, कश्मीर विश्वविद्यालय,

अमरसिंह बाग, श्रीनगर, कश्मीर

❀ श्री वल्लभ-वन्दना ❀

अमूर्त, निर्गुण, निरपेक्ष, सूक्ष्म, जीव के भावात्मक सुख-दुःख से उदासीन दण्डधारी न्यायाधीश के समान, मात्र हृदय हीन न्याय-कर्त्ता तथा किसी सीमा तक भयावह भगवान् के अत्याचारों से ऊब कर भावुक सन्त-ऋषि श्रीकृष्ण-वल्लभाचार्य ने नटनागर कृष्ण को एक ऐसे भगवान् के रूप में उभारा जो कि भक्त की देखभाल उसी प्रकार करता है जैसे गाय अपने बछड़े की करती है। उस व्यक्तिगत तोष देने वाले भगवान् की लीला का कोई प्रयोजन नहीं है—यदि है भी तो भक्त को उसकी चिन्ता नहीं है। उसे तो केवल इतना ही चाहिए कि उसका प्रिय (और प्रेमी) भगवान उसके दुःख में दुःखी होकर उसे सान्त्वना प्रदान करे और उसके सुख से पुलकित-प्रसन्न होकर उसके साथ रङ्गलीला करे—नाचे गाये।

चारों ओर जब अनास्था और भटकाव की चिलचिलाती धूप लोगों के तन-मन झुलसा रही थी तब श्रीवल्लभाचार्य ने मधुरा-भक्ति की त्रिविध पवन चलाकर जन-मानस को शान्ति एवं सन्तोष प्रदान किया था। कन्हैया की भक्ति का जो व्यापक रूप आज भारतवासियों के मानस पर अङ्कित है उसका कुशल चितेरा श्री वल्लभाचार्य के अतिरिक्त और कोई नहीं है।

व्रजवासी होने के नाते मेरा उनके प्रति विशेष प्रणाम अर्पित है।

रमेशकुमार शर्मा

डा० सत्यव्रत सिंह

एम० ए०, पी-एच० डी०, डी० लिट्

भवानी बिहार, मॉडल हाउसेज

लखनऊ

मैं श्री स्वामीकृष्णवल्लभाचार्य जी वैष्णव विद्वत् सार्वभौम के सम्मान में जो स्मृतिग्रन्थ आप के द्वारा प्रकाशनीय है उसके लिए अपना लघु निबन्ध (संस्कृत में) बहुत शीघ्र आपके पास प्रेषित करूँगा। श्रीस्वामी जी महाराज की सांख्यकारिका की किरणावली व्याख्या की विशेषता के संबंध में मेरा लेख होगा। आपने २० दिन का समय दिया है इसी अवधि के भीतर मेरा लेख आपको मिल जायेगा।

आपके सत्प्रयास के लिए हार्दिक धन्यवाद !

आपका

दिनांक २०-४-७६

डा० सत्यव्रत सिंह

डा० सत्यव्रत सिंह

एम० ए०, पी-एच० डी०, डी० लिट्

भवानी बिहार, मॉडल हाउसेज

लखनऊ

मैं श्री स्वामीकृष्णवल्लभाचार्य जी वैष्णव विद्वत् सार्वभौम के सम्मान में जो स्मृतिग्रन्थ आप के द्वारा प्रकाशनीय है उसके लिए अपना लघु निबन्ध (संस्कृत में) बहुत शीघ्र आपके पास प्रेषित करूँगा। श्रीस्वामी जी महाराज की सांख्यकारिका की किरणावली व्याख्या की विशेषता के संबंध में मेरा लेख होगा। आपने २० दिन का समय दिया है इसी अवधि के भीतर मेरा लेख आपको मिल जायेगा।

आपके सत्प्रयास के लिए हार्दिक धन्यवाद !

आपका

दिनांक २०-४-७६

डा० सत्यव्रत सिंह

शास्त्री हरिप्रकाश

शास्त्राचार्य, एम० ए०

SATSANG SHIKSHA PARISHAD

Shree Swaminarayan Gurukul.

'GH' Road Sector–22 GANDHINAGAR. (Gujarat)

तत्त्वद्रष्टा सन्त

२० वीं शताब्दी के वर्तमान युग में संस्कृत भाषा एवं दर्शनशास्त्र के सर्वोत्तम श्रेष्ठ प्रकाण्ड पण्डितप्रवर विद्वत् सार्वभौम पूज्य स्वामी श्रीकृष्णवल्लभाचार्य का अभिनन्दन-ग्रन्थ प्रकाशित हो रहा है, मुझे बहुत ही आनन्द का अनुभव हो रहा है। क्योंकि पूज्य स्वामीजी की अप्रकाशित ब्रह्मरसायनभाष्य की रचना को मैंने स्वयं देखा है। उसको देखकर मुझे स्वामीजी में भगवान् वेदव्यास की अनुभूति हुई है। उसमें स्वामीजी ने भगवान् श्रीस्वामीनारायण के दार्शनिक सिद्धान्त के सूत्रों की रचना करके उसके पर विशालकाय ब्रह्मरसायन भाष्य किया है। जो ब्रह्मसूत्र भाष्य से कदमें दूना है। इस प्रकार स्वामीजी ने भगवान् वेद-व्यासजी का तथा भाष्यकार, शङ्कराचार्यजी एवं रामानुजाचार्यजी इन दोनों का कार्य किया है। स्वामीजी की अनेकविध विशालकाय रचनाएँ भगवान् वेद-व्यास की प्रतिभा की प्रतीति कराती हैं। ऐसे अद्वितीय सर्वश्रेष्ठ संत महापुरुष के चरणों में मैं अपनी श्रद्धाञ्जलि समर्पित करता हूँ।

शास्त्री हरिप्रकाश

डा० अमरनाथ पाण्डेय

संस्कृत विभाग

काशी विद्यापीठ

वाराणसी-२

मान्यवर,

आपका पत्र मिला। यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि आप लोग श्रीकृष्णवल्लभाचार्य का अभिनन्दन कर रहे हैं। श्री आचार्य दार्शनिक हैं और सफल लेखक तथा कवि हैं। मैंने उनके सम्बन्ध में अपने विचार श्लोकबद्ध किये हैं। पाँच श्लोक उनके वैदुष्य के विविध पक्षों पर निर्मित किये गये हैं। ये श्लोक संलग्न पत्र में अङ्कित हैं। पत्र की प्राप्ति की सूचना दीजियेगा।

यदि सम्भव हो, तो अभिनन्दन-ग्रन्थ भेजियेगा।

भवदीय

दिनांक ३१-३-७६

अमरनाथ पाण्डेय

दयाकृष्ण

प्राचार्य

DEPARTMENT OF PHILOSOPHY

University of Rajasthan

JAIPUR

जहाँ तक मेरा इस विषय में लिखने का प्रश्न है, यह कहते हुए मुझे खेद है कि मैं आपको कुछ लिखकर नहीं भेज सकूंगा। आपने पत्र के साथ श्री कृष्णवल्लभाचार्यजी की पुस्तकों की जो सूची संलग्न की है उसको भेजकर आपने हमको यह अवसर प्रदान किया है कि हम उनकी लिखी हुई पुस्तकों को अपने विश्वविद्यालय के पुस्तकालय के लिए मँगवा सकें। इसके लिये हम आपके ऋणी हैं।

सधन्यवाद,

भवदीय

दिनांक २७-३-१९७६

दयाकृष्ण

डॉ० रामचन्द्र बिल्लौरे

एम० ए० (हिन्दी), एम० ए० (संस्कृत)

एलएल० बी०, पी-एच० डी०, साहित्यालङ्कार

१०२ जानकी नगर

इन्दौर

यह जानकर हर्ष हुआ कि आप स्वामि श्रीकृष्णवल्लभाचार्य जी अभिनन्दन-ग्रन्थ प्रकाशित करने जा रहे हैं। अंध-अश्रद्धा के अन्धकार में आज सात्त्विक श्रद्धा के दीप प्रज्वलित करने के जो भी उपक्रम हों, वे सर्वथा स्वागतार्थ हैं। आपकी यह साधना सफल हो, यही प्रभु से प्रार्थना है।

सस्नेह—

भवदीय

दिनांक २४–३–७६

डॉ० रामचन्द्र बिल्लौरे

उपेन्द्र ठाकुर

DEPARTMENT OF ANCIENT INDIAN AND ASIAN STUDIES

MAGADH UNIVERSITY

Bodh-Gaya, Bihar (India)

पण्डित कृष्णवल्लभाचार्यजी एक स्वनाम धन्य विद्वान् हैं तथा इनके सम्मान में जो अभिनन्दन-ग्रंथ प्रकाशित करने की योजना है वह सराहनीय है। स्वामीजी ने लगभग ४५ छोटे-बड़े ग्रंथ लिखे हैं जो संस्कृत, हिन्दी एवं गुजराती की अमूल्य निधि हैं। देश उनकी सेवा कभी भूल नहीं सकता। अतः इस अवसर पर मैं भी उस महान विद्वान् का अभिनन्दन करते हुए अपनी श्रद्धाञ्जलि अर्पित करता हूँ।

भवदीय

दिनांक २३–३–७६

उपेन्द्र ठाकुर

डॉ० विजयेन्द्र स्नातक
आचार्य तथा अध्यक्ष, हिन्दी-विभाग
दिल्ली विश्वविद्यालय

मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता हुई कि महापण्डित श्री कृष्णवल्लभाचार्य जी की साहित्यिक सेवाओं के उपलक्ष्य में उनका सारस्वत सम्मान करने के निमित्त एक अभिनन्दन ग्रंथ तैयार किया जा रहा है। मैं इस सात्विक अनुष्ठान का हृदय से स्वागत करता हूँ।

मैं व्यक्तिगत रूप से श्री पण्डित श्री कृष्णवल्लभाचार्य से परिचित नहीं हूँ किन्तु व्यक्तिगत परिचय की पाण्डित्य और वैदुष्य के क्षेत्र में कोई आवश्यकता नहीं होती। विद्वान् का परिचय उसका कृतित्व है, उसकी विद्वत्ता ही उसकी सही पहचान है। पण्डित जी ने संस्कृत, हिन्दी और गुजराती में लगभग पचास ग्रंथ लिखकर साहित्य की जो सेवा की हैं वह इस बात की प्रमाण हैं कि इस युग में जब कि पण्डित समाज भी जीविका के ही लिए कार्य करता है पण्डित श्रीकृष्णवल्लभजी निरन्तर साहित्य को समृद्ध बनाने में संलग्न रहे। उनके द्वारा रचित ग्रंथों की विशाल तालिका को देखकर यह विस्मय होता है कि दर्शन, साहित्य, अध्यात्म, भक्ति आदि गंभीर विषयों को एक साथ व्याख्या-विवेचना का विषय बनाकर उन्होंने संस्कृत तथा हिन्दी जनता के लिए विपुल साहित्य पठनीय एवं मननीय बनाया है।

श्री पण्डित श्री कृष्णवल्लभाचार्यजी ने कुछ ऐसे विषयों का भी चयन किया है जो आज के समय में विवादास्पद है। जातिविमर्श, ख्यातिविमर्श, साकारत्व-विमर्श आदि विषयों पर पण्डितजी ने मननीय सामग्री एकत्र की है। 'अखिल भूमण्डलीय साम्प्रदायिक मुक्ति व्यवस्था' जैसे विषय की कलपना भी अद्भुत है। संस्कृत-भाषा में कुछ ऐसे ग्रंथों का निर्माण भी पण्डित जी ने किया है जो सामान्य पाठक के लिए कठिन समझे जाते हैं। उन्हें सरल और सुबोध संस्कृत में उपन्यस्त कर ज्ञान का क्षेत्र बढ़ाया है।

मैं यह अनुभव करता हूँ कि संस्कृत भाषा और साहित्य का प्रचार-प्रसार इस देश की संस्कृति और परम्परा को जीवित रखने के लिए नितान्त आवश्यक है। यदि हम संस्कृत भाषा को जीवित रख सकते हैं तो राष्ट्रीय संस्कृति को उसके द्वारा व्यापक रूप से बिना किसी प्रतिस्पर्धा के सभी देश वासियों के लिए उपयोगी बना सकते हैं। राष्ट्रीय संस्कृति का बीज संस्कृत भाषा और साहित्य मैं निहित है। अतः संस्कृत भाषा और साहित्य निहित है। अतः संस्कृत साहित्य के मर्मज्ञ मनीषी विद्वानों का सम्मान करना हमारा सामाजिक कर्त्तव्य है। पण्डितवर्य श्री कृष्णवल्लभाचार्य जी का अभिनन्दन कर हम इसी कर्त्तव्य का पालन कर प्रसन्नता का अनुभव कर रहे हैं।

विजयेन्द्र स्नातक

बाबूलाल शुक्ल
एम० ए०, साहित्याचार्य
प्राध्यापक
अध्यक्ष स्नातकोत्तर संस्कृत विभाग
एवं संशोध मन्डौर, उज्जैन

मुझे यह जानकर अतिशय हर्ष है कि संस्कृत के उद्धार तथा ग्रन्थ रचना के अप्रतिम कीर्तिमान स्थापित करने वाले श्रीकृष्णवल्लभाचार्य (स्वामिनारायण सम्प्रदाय) विद्वान् का अभिनन्दन किया जा रहा है। इतना ही नहीं उनकी स्मृति में यहाँ कला, वाणिज्य का इण्टर मीडियेट कॉलेज भी स्थापित हो रहा है जो उनकी समाज को एक बहुमूल्य देन होगी तथा अमिट स्मृति भी। परन्तु मैं उनके संस्कृत विद्वान् होकर किये गये महत्वपूर्ण कार्यों को देखते हुए अभिनन्दन मात्र से सन्तुष्ट नहीं हूँ। मैं इनसे अपने छात्रजीवन से ही अतिशय परिचित हूँ तथा इनके द्वारा प्रणीत न्यायसिद्धान्तमुक्तावली टीका, सांख्यकारिका टीका तथा न्यायसूत्र टीका का पर्याप्त मनोयोग से अध्ययन भी किया था। इन सभी ग्रन्थों को सुलभ मूल्य में सदा प्राप्य रहना चाहिये। इनकी सम्पादित 'लक्ष्मीनारायणसंहिता' को भी मैंने देखा जो इनके महान् अध्यवसाय तथा सम्पादन पाण्डित्य का कीर्तिमान स्थापित करने में एक अंशभूत ही है। इनके पूज्य गुरुवर पण्डित वामाचरण जी भट्टाचार्य का भी इस प्रसङ्ग में स्मरण करना आवश्यक है जिनके चरणों में बैठकर श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी ने न्याय तथा अन्य दर्शनों का काशी में अध्ययन किया था। यह उनका ही विचार साधना का पुष्परूप है शिष्य का विजयी होना। इनके विषय में मैं अधिक क्या कहूँ इन्हें अर्पित यह 'अभिनन्दनग्रन्थ' निश्चित ही साहित्य की एक अनुपम संगृहणीय निधि बनेगी। मैं ऐसे चतुरस्र विद्वान् के दीर्घायुष्य की कामना के साथ आपके श्रद्धापूर्वक किये गये सात्विक कार्यों का अभिनन्दन करता हूँ।

साथ ही आयोजित महोत्सव की सफलता चाहता हूँ।

भवदीय

दिनांक ३० मार्च १६७६

बाबूलाल शुक्ल

रामजी उपाध्याय

सीनियर प्रोफेसर तथा अध्यक्ष

संस्कृत विभाग

सागर विश्वविद्यालय

सागर

संस्कृत भाषा और साहित्य से अपने को अनुबद्ध रखकर स्वामी कृष्णवल्लभाचार्य ने अपने जीवन को भारत में सांस्कृतिक ज्योति जगाने के लिये अर्पित कर दिया है। उनका आदर्श सबको सदा सहायता के लिये प्रेरित करता है। आचार्य जी को संस्कृत साहित्य और भारतीय संस्कृति के अभ्युदय और समर्थन के लिये असाधारण प्रतिभा और क्षमता प्राप्त ही है।

दिनांक २६–३–७६

रामजी उपाध्याय

Dr. P. N. Kawthekar
M. A., (Sans., Hindi), Ph. D., Sahityāchārya
Principal : Govt. Sanskrit College, Indore
Dean : Faculy of Arts; Education,
Chief Editor : University Research Journal
Member : Executive Council,
Chief : Employment Information & Guidance Bureau,
UNIVERSITY OF INDORE

अभिप्राय

विद्यावारिधि स्वामी कृष्णवल्लभाचार्य जी अभिनन्दन ग्रन्थ के प्रकाशन कृष्णवल्लभाचार्य संस्कार भवन कुन्कावाव संस्था अभिनन्दन के योग्य है। 'स्वदेशे पूज्यते राजा, विद्वान् सर्वत्र पूज्यते।' स्वामीजी का विद्या-क्षेत्र इतना व्यापक है कि, सूर्य के लिए अगम्य गुहान्धकार का नाश भी स्वामी जी का ज्ञान-सूर्य कर रहा है। इस महोत्सव से सारे क्षेत्र में चेतना आएगी। स्वामी जी के आशीर्वाद के फलस्वरूप भारतवर्ष में संस्कृत विद्या का पुनर्जागरण हो सकेगा तथा नई पीढ़ी में भारत के अतीत गौरव के प्रति निष्ठा भी बढ़ेगी।

दिनांक २२-३-७६

डॉ० प्रभाकर नारायण कवठेकर

गोपिकामोहन भट्टाचार्य

एम० ए०, डी० फील्०, काव्य-न्यायतीर्थ

प्रोफेसर एवं अध्यक्ष

संस्कृत, पालि एवं प्राकृत विभाग,

कुरुक्षेत्र

स्वामी जी की सप्तति पूर्ति के अवसर पर मैं अपनी शुभकामनाएँ भेजता हूँ। आपने जो भारतीय दर्शन के विविध ग्रन्थों पर संस्कृत, हिन्दी तथा गुजराती में ग्रन्थ लिखें हैं उनकी सूची देखकर आपकी विद्वत्ता का भान होता है। ऐसे भारतीय दर्शनों के विद्वान् के प्रति मैं हार्दिक सम्मान प्रकट करता हूँ और ईश्वर से कामना करता हूँ कि पण्डित महानुभाव चिरकाल तक भारतीय दर्शन की समृद्धि में सहयोग प्रदान करते रहें।

आपका

गोपिकामोहन भट्टाचार्य

डा० रामनाथ वेदालङ्कार

आचार्य एवं उपकुलपति

प्रो-वाइसचांसलर

गुरुकुल काङ्गड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

डाकघर : गुरुकुल काङ्गड़ी (सहारनपुर)

श्री स्वामी जी द्वारा लिखित मौलिक पुस्तकों एवं प्राचीन पुस्तकों की टीकाओं की सूची के अवलोकन से यह स्पष्ट हो जाता है कि उन्होंने शिक्षा जगत् में उल्लेखनीय कार्य किया है। अतः उनकी स्मृति को चिरस्थायी बनाने के लिए जो आयोजन आप कर रहे हैं, मैं उसके लिए अपनी और से तथा अपनी संस्था गुरुकुल काङ्गड़ी विश्वविद्यालय की ओर से हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करता हूँ।

भवदीय

डा० रामनाथ वेदालङ्कार

वैद्य त्रिलोकचन्द्र जैन

साहित्यशास्त्री, सिद्धान्तशास्त्री

A. M. M. S. (B. H. U.)

प्रोफेसर—स्नातकोत्तर प्रशिक्षणकेन्द्र

गुज० आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जामनगर

प्रातः स्मरणीय स्वामी श्री कृष्णवल्लभाचार्य का अभिनन्दन ग्रन्थ आप निकालने जा रहें हैं, यह जानकर परम प्रसन्नता हुई। स्वामी जी ने आध्यात्मिक विषय पर अभूतपूर्व मौलिक विचारधारा को लेकर अनेक ग्रन्थ लिखे हैं जिनमें सृष्टि, आत्मा, परमात्मा, प्रकृति आदि विषयों पर उलझी हुई ग्रन्थियों को युक्ति और तर्क के आधार पर बहुत ही सुन्दर ढङ्ग से सुलझाया है। न्याय, वेदान्त आदि एवं धर्म विषयों पर लिखे गये उनके ग्रन्थ मननीय हैं।

इस प्रकार के विचारों के प्रसार के लिये आज से अधिक उत्तम समय कभी भी नहीं आ सकता।

सभी ओर से पीड़ित आज के मानव के लिये आपका यह प्रकाशन औषधि, अगद और अमृत का कार्य करेगा। आप इस कार्य में सफल हों, ऐसी भगवान् से प्रार्थना।

आपका

त्रिलोकचन्द्र जैन

विद्याभास्कर मणिशङ्कर वसंतराम उपाध्याय

सांख्ययोगादिसद् वैदिक सिद्धान्ती

वडोदरा

मैं आज तक समझता था कि संस्कृत विद्वान् प्रगतिशील नहीं होते। परन्तु आज श्रीमान् मनुभाईशाह महोदय के समागम से प्रतीत हुआ है कि स्वामिश्रीमान् कृष्णवल्लभाचार्य जी महाराज ने संस्कृत वाङ्मय के क्षेत्र में इतना अत्यधिक प्रयत्न किया है कि जिसके अवलम्बन से भावी भारतीय जनता असामान्य प्रगति और आत्मानुभूति को प्राप्त कर जीवन कृतार्थ कर सकेगी।

दिनांक ६-२-७६

मणिशंकर वसंतराम उपाध्याय

अध्यक्ष—श्रीमत्परमहंस परिव्राजकाचार्य श्रोत्रिय

ब्रह्मनिष्ठ श्री १०८

स्वामी ब्रह्मानन्दजी महाराज महामण्डलेश्वर

वेदान्ताचार्य

विला पारला,

बम्बई

भारतीय संस्कृति एवं दर्शन के धुरन्धर विद्वान् श्री कृष्णवल्लभाचार्य जी महाराज के नाम पर कुड्डावाव की जनता विद्यालय बना रही है, यह जानकर प्रसन्नता हुई। श्री कृष्णवल्लभाचार्य जी ने संस्कृत साहित्य और दर्शन की जो सेवा की है उसके लिए विद्वत्समाज उनका सदा ऋणी रहेगा।

स्वामी ब्रह्मानन्दजी महाराज महामण्डलेश्वर

म० म० पाण्डुरङ्गशास्त्री गोस्वामी

डेक्कन कॉलेज, पुणे—६

अनन्त श्री विभूषित परमपूज्य आचार्य श्रीकृष्णवल्लभशास्त्रीजी महाराज को मैं जब उनकी पढ़ाई वाराणसी श्री क्षेत्र में होती रही तब से मैं अच्छी तरह से जानता हूँ। स्वर्गीय पण्डित श्री वामाचरण भट्टाचार्य जी महाराज के पास श्री स्वामि जी के साथ में अध्ययन करने का अवसर कई साल मुझे मिला था। इसलिये मैं श्रीस्वामिजी महाराज को अच्छी तरह से जानता हूँ। आपकी विद्वता, बुद्धिमत्ता और बहुश्रुतता आदि गुण बड़े अलौकिक हैं। आपने सभी दर्शनों में अच्छी तरह से अवगाहन करके कई अच्छे-अच्छे दार्शनिक ग्रन्थ लिखे हुये हैं। वे विद्वन मान्य भी हो गये हैं। हमारे गुरुबन्धु श्रीकृष्णवल्लभस्वामी जी महाराज श्री स्वामिनारायण संम्प्रदाय की छाया में बैठकर विद्या प्रसार का शुभ कार्य कर रहें हैं। इस कार्य के लिए उन्हें अनन्त बार धन्यवाद देता हूँ।

म० म० पाण्डुरङ्गशास्त्री गोस्वामी

सीताराम चतुर्वेदी

उत्तर बेनियाबाग, काशी

॥ न दैन्यं न पलायनम् ॥

यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि संस्कृत वाङ्मय के धुरन्धर प्रखर विद्वान् और मनीषी पण्डितप्रवर स्वामी कृष्णवल्लभाचार्यजी, षड्दर्शनाचार्य, सांख्यतीर्थ, वेदान्ततीर्थ, न्याय-वैशेषिकशास्त्री, वैष्णवविद्वत्सार्वभौम के सम्मान में उन्हीं के नाम पर और उन्हीं की जन्मभूमि कुन्कावाव में आर्टस एवं कौमर्स इन्टर कौलेज की स्थपना की जा रही है और उनकी विद्वत्ता के प्रति सार्वजनिक श्रद्धा अभिव्यक्त करने के लिये अभिनन्दन-ग्रन्थ भी प्रकाशित किया जा रहा है।

ऐसे उद्भट विद्वान् और गीर्वाण वाणी के ज्वलन्त स्तम्भ की सार्वजनिक आशंसा के द्वारा उनकी प्रतिभा के प्रति हार्दिक सम्मान प्रदर्शित करने के अतिरिक्त उनके द्वारा की गई भारतीय संस्कृति और संस्कृत के प्रचार, प्रसार और समुन्नयन की प्रवृत्ति के प्रति कृतज्ञता भी व्यक्त की जा रही है क्योंकि उन्होंने जिन असंख्य शिष्यों को अपनी ज्ञान-कादम्बिनीका पीयूष पिलाया है वे समाज को सुसंस्कृत करते हुए अपने चारित्र्य और वैदुष्य से लोकसेवा भी कर रहे हैं।

आचार्य श्रीकृष्णवल्लभाचार्य जी का पाण्डित्य सर्वतोमुखी था। अनेक दर्शनों का मन्थन और मनन करके जो ज्ञान-गौरव उन्होंने उपलब्ध किया था उससे केवल किसी एक प्रदेश का नहीं, किसी एक साहित्यका नहीं वरन् समस्त भारत के समस्त साहित्य का गौरव बढ़ा है। ऐसे तपोनिष्ठ मनीषी का में हार्दिक अभिनन्दन करता हूँ।

सीताराम चतुर्वेदी

डॉ० राममूर्ति त्रिपाठी

विश्वविद्यालय आवास, कोठीरोड,

उज्जैन, (म० प्र०)

प्रातर्वन्द्य स्वामिवर्य श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी महाराज भगवन्निष्ठ साधक तथा सरस्वती के अप्रतिम आराधक हैं। पचास के लगभग आपकी वैदुष्यसंवलित कृतियाँ ही आपकी स्तुत्य प्रतिक क्षमता की निदर्शिका हैं। ऐसे ज्ञान, कर्म और भक्ति की जङ्गम त्रिवेणी के संस्पर्श मात्र से पार्श्ववर्ती समस्त वायुमण्डल निर्धूत कल्मष हो जाता है। अभिनन्दन के इस पुनीत महायज्ञ में मेरी ये कतिपय वाक् समिधाएं स्वीकार्य हों।

दिनांक २७–२–७६

राममूर्ति त्रिपाठी

डॉ० हजारी प्रसाद द्विवेदी

ए ३३ रवीन्द्रपुरी,

वाराणसी

यह जानकर मुझे बड़ी प्रसन्नता हुई कि विद्वर पं० श्रीकृष्णवल्लभाचार्य जी के अभिनन्दन का आयोजन हो रहा है। पण्डित जी ने अब तक चौवालीस ग्रन्थों की रचना की है। आप न्याय, वेदान्त, सांख्य, योग आदि विविध दर्शनों के मर्मज्ञ आचार्य भी और संस्कृत, हिन्दी तथा गुजराती के बहुत अच्छे लेखक भी हैं। भक्तिशास्त्र के भी वे निष्णात विद्वान् हैं। मैंने पण्डित जी की दो-एक रचनाएँ ही पढ़ी है। उतने से ही उनकी सरस शैली और तर्कसंगत उपस्थापन-पद्धति का प्रशंसक हो गया हूँ। ऐसे महान् आचार्य के अभिनन्दन के अवसर पर मैं अपनी हार्दिक प्रणति निवेदन करता हूँ।

दिनांक १२-७-७६

हजारी प्रसाद द्विवेदी

डॉ० सू० ना० व्यास

डी० लिट्

भारती भवन

उज्जैन (मालवा)

श्रीयुत् पं० कृष्णवल्लभाचार्य का अभिनन्दन किया जा रहा है यह जानकर प्रसन्नता हुई। पण्डित जी सरस्वती के सरल साधक और विविध विषयोंके मर्मज्ञ मनीषी है, उनका हार्दिक अभिनन्दन होना ही चाहिए, इस अवसर पर मेरी ओर से भी स्नेहमय अभिनन्दन।

दिनांक २७–६–७६

डॉ० सू० ना० व्यास

डॉ० शिवमङ्गल सिंह 'सुमन'

एम० ए०, डी० लिट्०

कुलपति

विक्रम विश्वविद्यालय

उज्जैन

यह बड़े हर्ष का विषय है कि पण्डितवर्य स्वामी कृष्णवल्लभाचार्य पञ्चानन, षट्दर्शनाचार्य, सांख्यतीर्थ, वेदान्ततीर्थ, काव्यकुशल, न्याय वैशेषिक शास्त्री, वैष्णव विद्वत्सर्वभौम का अभिनन्दन समारोह कुन्कावाव, जिला अमरेली, गुजरात में सम्पन्न होने जा रहा है। ऐसे निष्ठावानविश्रुत और समर्पित विद्वान् का अभिनन्दन प्रकारान्तर से भारतीय वाङ्मय का अभिनन्दन है। अतएव इस पुण्य पर्व पर मैं इस समारोह की सफलता के लिए अपनी हार्दिक मङ्गलकामना प्रेषित करता हूँ और परमपिता से प्रार्थना करता हूँ कि वह आचार्यजी को शतायु करे जिससे हमारा राष्ट्र उनके मेधावी व्यक्तित्व से गौरवान्वित हो सके।

दिनांक २७ फरवरी १९७६ **डॉ० शिवमङ्गलसिंह 'सुमन'**

Dr. S. B. Varnekar

M. A., D. Litt.,

Professor & Head of the Department

UNIVERSITY CAMPUS

AMRAVATI ROAD

NAGPUR-10

भारतीय गौरव व मनीषि स्वामिकृष्णवल्लभाचार्य जी संस्कृत जगत् के तेजस्वी सूर्य हैं। आपने संस्कृत की जो सेवा की है वह चिरस्मरणीय रहेगी।

भवदीय

श्री० भा० वर्णेकर

डा० कृष्णकान्त चतुर्वेदी

संस्कृत-पालि, प्राकृत विभाग

आचार्यप्रवर श्रीकृष्णवल्लभाचार्य जी सम्पूर्ण भारत में सुख्यात विद्वान् सत्पुरुष हैं। इनकी विद्वतापूर्ण लेखनी से लगभग पैंतालीस ग्रन्थों की रचना हुई है। उसमें दार्शनिक साहित्य का अंश विपुल मात्रा है। दर्शन के गूढ सत्यों में असाधारण अभिनिवेश, सूक्ष्म अन्वेषण दृष्टि जैसी श्री कृष्णवल्लभाचार्य जी की हो हैं वैसी अन्य कहीं देखने में नहीं मिलती है। सांख्य, न्याय, न्याय वैशेषिक वेदान्त आदि विविध सम्प्रदायों का विशद एवं तर्क-सम्मत विवेचन आपकी कृत्तियों में प्राप्य हैं। हितोपदेश जैसे शिक्षाप्रद ग्रन्थों का संस्कृत टीका भी आपने की है। आज के संस्कृत प्रचार दुर्बल वातावरण में ऐसा संस्कृत एवं शास्त्र का ज्ञान दुर्लभ हैं।

प्रभु से प्रार्थना है कि ऐसे मनीषि की छत्रछाया सुदीर्धकाल तक बनी रहे जिससे वे संस्कृतज्ञों तथा अन्य जनों का मार्ग दर्शन कर सकें।

दिनांक २४-३-७६

कृष्णकान्त चतुर्वेदी

डा० भोलानाथ तिवारी

दिल्ली

यह जानकर प्रसन्नता हुई कि आप स्वामीकृष्णवल्लभाचार्य का अभिनन्दन ग्रन्थ का प्रकाशन कर रहे हैं। यह बड़ा ही शुभ कार्य है। उस महान् विभूति के प्रति मैं केवल श्रद्धा-शुमन समर्पित करने की ही स्थिति में हूँ। अस्वस्थ होने के कारण कोई लेख नहीं भेज पा रहा हूँ।

भवदीय

भोलानाथ तिवारी

सत्यकाम विद्यालङ्कार

चन्द्रेश्वर भवन, २/१७८ स्योन रोड (वेस्ट), बोम्बे

मैं श्री स्वामि कृष्णवल्लभाचार्य की प्रतिभा से परिचित हूँ। उनकी ग्रन्थ सूची पढ़ कर आश्चर्य हुआ कि हमारे बीच ऐसा प्रकाण्ड विद्वान् आज के युग में भी विराजित है। ऐसे दिव्य मनीषियों को ही वेद ने ऋभवः, विभ्वाः, प्रचेतसः, जन्मना विद्वान्सः, सौधन्वनाः मेधसाताः आदि विशेषणों से अलंकृत किया है। उनके लिये मेरा श्रद्धावनतनमः स्वीकार करें।

सत्यकाम विद्यालङ्कार

हुकम चन्द पटयाल

एम० ए०, पी० एच० डी०

डेक्कन कॉलेज,

पूना- ६

(महाराष्ट्र)

वेद, वेदाङ्ग, वेदान्त, न्याय, मीमांसा, सांख्य, योग, धर्म, दर्शन, काव्य तथा अन्य बहुविध शास्त्रों के परम निष्णात श्रीकृष्णल्लभाचार्य जी का अभिनन्दन करके संयोजकों ने शास्त्रों का यथोचित आदर किया है। मैं उनकी दीर्घायु के लिए कामना करता हूँ 'शतं जीव शरदो वर्धमानः' (ऋग्वेद १०.१६१.४)। संस्कृत, संस्कृति के उपासक को मेरा सादर प्रणाम।

भावत्कः,

हुकम चन्द पटयाल

कर्ण सिंह

एम० ए० (संस्कृत, हिन्दी) पी०-एच० डी०

संस्कृत विभाग, मेरठ कालिज, मेरठ

चन्द्रिका,

शिवाजी मार्ग, मेरठ

आपके पत्र के माध्यम से परम विद्वान् पण्डितवर्य स्वामी श्री कृष्णवल्लभाचार्य जी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व का परिचय पाकर मेरा मस्तक श्रद्धा से पुनः पुनः झुक गया।

ऐसे महान् संस्कृत-सन्त के सम्मान में 'अभिनन्दन-ग्रन्थ' का प्रकाशन निश्चय ही एक पुनीत कार्य है। अत एव स्तुत्य है। स्वामी श्रीकृष्णवल्लभाचार्य जी की प्रतिभा से प्रस्फुटित विशाल साहित्य-राशि के कारण, हम उन्हें सहज ही आधुनिक व्यास कह सकते हैं।

मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ स्वीकार करें।

भवदीय

कर्ण सिंह

डॉ० वि० श्री वाकणकर

एवं

डॉ० सुरेन्द्र कुमार आर्य

विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

(म० प्र०)

स्वामी कृष्णवल्लभाचार्य अभिनन्दन ग्रन्थ पर हमारी शुभकामनाएँ स्वीकार कीजिए। ऐसे अभिनन्दन ग्रन्थ से व्यक्ति की महत्ता का आदर होता है और उनके अनुकरणीय आदर्श से जन सामान्य प्रेरणा लेता है। स्वामी कृष्णवल्लभाचार्य जी के मार्ग पर हम चलें यह प्रेरणा मिलती है। वर्त्तमान अर्थ संकुल मानव के लिए अध्यात्म का दिशा संकेत देकर स्वामी जी ने अनुगृहीत किया है। हम दोनों ही अपने अन्तरतम प्रदेश से आपके अभिनन्दन-ग्रन्थ के लिए शुभकामना प्रेषित करते हैं और विश्वास करते हैं कि यह भारतीय अभिनन्दन ग्रन्थों की परम्परा में युग निर्माणकारी ग्रन्थ मान्य होगा। शोध, संस्कृति, धर्म, इतिहास की इस ग्रन्थ में समन्वित सामग्री युगों तक शोधकर्ताओं के लिए ज्योतिपुञ्ज होगी।

डॉ० वि० श्रीवाकणकर

एवं

डॉ० सुरेन्द्र कुमार आर्य

डॉ० व्रजमोहन चतुर्वेदी

एम० ए०, पी-एच० डी०, साहित्याचार्य

रीडर, संस्कृत-विभाग

दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली-७

आई० ए० २२ बी,

अशोक-विहार-१, दिल्ली ५२

"परमपूज्य स्वामी जी महाराज का वैदुष्यमय व्यक्तित्व संस्कृत ही नहीं सभी प्रकार के विद्या प्रेमियों के लिये प्रेरणा दायक है। भारतीय दर्शन की सभी विद्याओं में उनकी विविध कृतियाँ इसके ज्वलन्त निदर्शन हैं कि स्वामी जी महाराज का पाण्डित्य सार्वदार्शनिक एवं अखण्ड है। हम ऐसे विद्वान् तपस्वीकी विद्याविलास से युक्त तपोमय शताधिक आयु की कामना करते हैं।

व्रजमोहन चतुर्वेदी

डॉ० नरेन्द्रनाथ शर्मा

एम० ए०, साहित्यरत्न, पी-एच० डी०

अध्यक्ष—संस्कृत विभाग

शासकीय महाविद्यालय

सिवनी (मध्यप्रदेश)

संस्कृत साहित्य एवं संस्कृति की गम्भीरता विश्वव्याप्त है। प्राचीनकाल से ही ऋषि-महर्षि-विद्वानों ने इसकी गम्भीरता का समय-समय पर मूल्याङ्कन किया है। सम्प्रति, न केवल भारत के ही, किन्तु विश्ववन्द्य स्वामी श्रीकृष्णवल्लभाचार्य जी ने अपनी बहुमुखी, बहुविषयी प्रतिभा से संस्कृत ग्रन्थों की विषयिता को अपने मौलिक ग्रन्थों के माध्यम से प्रकट किया है। संस्कृत, हिन्दी एवं गुजराती की सङ्गम भूमि रूप इनके ग्रन्थ प्रत्येक विपश्चित् के लिये पुण्य स्थल हैं। विविध विषयों पर ४४ ग्रन्थों की रचना स्वामी जी के अथाह संस्कृत-प्रेम को प्रकट करती है। 'तर्कसंग्रहदीपिकायाः किरणावली', 'न्यायबोधिनी०', 'सांख्यतत्त्वकौमुद्याः किरणावली' में जहाँ एक ओर दर्शन के अखण्डित रहस्यात्मक तत्त्वों को स्पर्शित किया है, वहीं दूसरी ओर 'कविकाव्यगौरवम्' में स्वामी जी ने काव्य के क्षेत्र में, भारतीय काव्यशास्त्र को एक नयी दिशा दी है।

ऐसे अनन्वयित असीम विद्वान् के अभिनन्दन ग्रन्थ का हम स्वागत करते हैं—यह हमारा कर्तव्य ही है। साथ ही उस असीम शक्ति से प्रार्थना करते हैं कि संस्कृत की तप, त्याग तथा प्रेरणामयी यह दीपशिखा अनन्तकाल तक जिज्ञासुओं को प्रकाशित करती रहे। इस सन्त को अशेष प्रणाम···अशेष प्रणाम···अशेष प्रणाम···।"

नरेन्द्रनाथ शर्मा

डॉ० भगीरथ मिश्र

प्रोफेसर एवं अध्यक्ष

हिन्दी विभाग

सागर विश्वविद्यालय

सन्देश

यह सूचना प्राप्त कर परम प्रसन्नता हुई कि 'स्वामी कृष्णवल्लभाचार्य अभिनन्दन ग्रन्थ' का प्रकाशन हो रहा है।

महापुरुषों और विद्वानों का अभिनन्दन और सम्मान करना भारतीय संस्कृति की प्रमुख विशेषता रही है। उनके द्वारा प्रदत्त ज्ञान और अनुभव की ज्योति से हम अपने मन का अन्धकार दूर करते हैं। उनका अभिनन्दन प्रकाश का आवाहन है। स्वामी कृष्णवल्लभाचार्य की विद्वत्ता के प्रति हम अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं। इस पुण्य कार्य-हेतु मेरी शुभ कामनायें हैं।

दिनांक २५–७–७६

भगीरथ मिश्र

R. R. VERMA

Head, Department of Philosophy

Lucknow University

I am happy to note that you, with the help of many learned scholars, are bringing out a volume in this connection. However, I regret to say that I will not be able to contribute anything to this volume. Still good wishes to this great saint.

Once again thanking you for sending me the literature.

With regards,

Yours sincerely,

Dated 19-7-76

R. R. VERMA

Dr. KALICHARAN DAS

M. A., D. Phil.

Prof. & Head of the Dept. of Philosophy (Retd)

GAUHATI UNIVERSITY.

I personally have profound respect for Swami Krishnavallabhacarya, an outstanding international Sanskrit scholar who has made immense contributions particularly in the fields of Indian philosophy, culture and Sanskrit literatures. He is regarded as a teacher in real sense of the term. He has till now produced forty four books which are eloquent of his uncommon erudition and mastery over the rich heritage of Indian wisdom and culture. Swamiji's academic attainments, keen spiritual insight and extraordinary intellectual calibre rendered him amply suited to produce a number of books of everlasting value.

I have profound admiration for Swamiji's depth of knowledge specially in respect of six systems of Indian Philosophy as embodied in his interpretations of Nyāya, Navya-Nyāya, Sāṁkhya-yoga, Vedānta, Viśiṣṭadvaita etc. in his works of different designations.

I thank you once again for giving me the privilege to associate and co-operate with you all in paying tributes and offering felicitations to such an outstanding scholar and a noble personality as Swamiji.

Thanklng you all very cordially.

Yours Sincerely,

Dated 11-7-76

KALICHARAN DAS

Dr. SITANATH GOSWAMI

M. A. (Gold Medallist), D. Phil.,

Veda-Vedanta-Vyakaranatirtha,

Professor & Head of the Department

of Sanskrit, Jadavpur University

CALCUTTA–13

Only a profound scholar can write books on varied subjects, especially the various systems of Indian Philosophy. I have not been fortunate enough to peruse the books. If possible you may kindly send a copy of each of the three books— ख्यातिविमर्शः, प्रमात्वविमर्शः and चित्सुखी-टिप्पनी. Our University also purchases the books which should be sent on inspection to the Department. Books satisfying the requisite conditions may be purchased in multiple copies also.

Thanking you,

Yours sincerely

Dated 17–7–76

SITANATH GOSWAMI

Dr. K. KUNJUNNI RAJA

M. A., Ph-D. (Madras), Ph-D. (London)

Professor & Head of the Department of Sanskrit

University of Madras

MADRAS

Sri Krishna Vallabhacharya of Junagadh is a well-known saint and an eminent Sanskrit scholar with several works to his credit. I am happy to hear that an Arts and Commerce College will soon be started in his honour in Kunkavav, the birth place of the Swamiji; and that on the occasion of the opening of the College a volume will be published containing tributes to that great scholar-saint. I am happy to associate myself with this worthy venture and to pay my respect to that great saint scholar Sri Krishna Vallabhacharya who has been shedding the lustre of his wisdom throughout India.

Dated 30–12–75

KUNJUNNI RAJA

J. P. THAKER

Deputy Director

Oriental Institute

Lokmanya Tilak Road

BARODA

I am pleased to learn that a felicitation volume in honour of His Holiness Krishnavallabha Acaryaji is being published. The list of the forty-four works of this religious teacher vouchsafes for the varied knowledge and interest of the Ācārya as also his enthusiasm for promoting and promulgating the great teachings of our great religious teachers.

May God bless him with a very long and healthy and spirited life for serving humanity especially at this very critical time.

Dated 9-2-76

J. P. THAKER

J. P. THAKER
Deputy Director
Oriental Institute
Lokmanya Tilak Road
BARODA

I am pleased to learn that a felicitation volume in honour of His Holiness Krishnavallabha Acaryaji is being published. The list of the forty-four works of this religious teacher vouchsafes for the varied knowledge and interest of the Ācārya as also his enthusiasm for promoting and promulgating the great teachings of our great religious teachers.

May God bless him with a very long and healthy and spirited life for serving humanity especially at this very critical time.

Dated 9-2-76

J. P. THAKER

A. G. JAVADEKAR

Dean, Faculty of Arts

The Maharaja Sayajirao University of Baroda

BARODA—2

I am pleased to note that an Abhinandan Grantha will be shortly published in honour of Panditvarya Srikrishna Vallabhacharya. From the list of his published works in Sanskrit and Hindi and Gujarati languages one is indeed very delighted to see the profuse literature that has gone to enrich our long traditions. I wish the proposed scheme of the felicitations volume a grand success.

Dated 9–2–76

A. G. JAVADEKAR

G. MARULASIDDAIAH

Director

Oriental Research Institute

University of Mysore

MYSORE

I am extremely happy to see the list of works of Sri Krishna Vallabhacharyaji of Junagadh. His contribution to Sanskrit literature and philosophy is manifold and he richly deserves our respects.

Yours faithfully,

Dated 28–1–76

G. MARULASIDDAIAH

SWAMI CHIDANANDA PURI

Sri Ramkrishna Santi Kunja

Po. & Vill.–Tajpur gram Via–Katulpur

Dist.–Bankura

W. BENGAL

I am rather bound to live in this village and very poorly. I am so poor that I can not pay the subscription fees-even to the Sanskrit daily–"Sudharma" that is only one daily in our whole India and am so sorry. This village exists between two pilgrimage villages one is "Kamarpukur" which is the birth place of Sri Ramakrishna Paramahansa and another is "Jayram bati" that is the birth place of "Mother Saradamoni" our holy mother of R. K. Mission and also every body. Some of the villagers are even relatively connected with those holy families.

I am very much thankful for your this sort of works and pray for your long life and prosperity.

I request for one thing more Sir—if you pardon me—i. e. if you write me again, please write me in (U. O. L.) i. e. with English Alphabet; because I can't read the handwriting which is written in the Deb-nagari i. e. Sanskrita.

I am thanking you.

Yours

Dated 3–2–75 **SWAMI CHIDANANDA PURY**

॥ सा विद्या या विमुक्तये ॥

G. M. KALE, M. A.

SANSKRIT PRACHARINI SABHA

Comunidade Building, Margao-Goa

GOA

After going through the work and mission of Pt. Shri Krishna Vallabhacharya I am convinced that "The Saints are born and not made."

Dated 27–12–75

G. M. KALE

Prof. **ASOKE CHATTERJEE SHASTRI**

M. A., D. Phil., D. Ger., Ph. D., D. Lit.

Department of Sanskrit

University Colleges of Arts & Commerce

Asutosh Building

CALCUTTA

Sri Krishnavallabhācārya is a very well known scholar and saint in India. He has contributed as many as forty four volumes in different languages covering almost all the branches of Indian philosophy. It is a pleasure to know that a college in his name is going to be established at Kunkavav in Gujrat. His Holiness will remain ever alive in the hearts of his innumerable devotees. I deem it a single fortune to associate my name with the institution.

Dated 1-1-76 **ASOKE CHATTERJEE SHASTRI**

H. D. SANKALIA

M. A., LL. B., Ph. D. (London)

Emeritus Professor

Deccan College

Postgraduate and Research Institute

POONA

Svami Krishnavallabhacharyaji's works, the list which is appended by you is indeed impressive. There is no doubt that Svamiji by his example has done everlasting service to Sanskrit.

With my respect to Svamiji,

Dated 29–9–76 **H. D. SANKALIA**

Dr. M. A. MEHENDALE

M. A., Ph. D.

Professor of Sanskrit

Deccan College

POONA

I was very happy to receive your letter and to know that you have undertaken to publish a Felicitation Volume in honour of Svami Shree Krishnavallabhacharya. Svamiji by his numerous writings has no doubt rendered a valuable service to Sanskrit literature in general and to the work of exposition of the philosophical systems in particular. It is therefore quite natural that you should have thought of expressing your appreciation of Svamiji's great work by presenting him with a Felicitation Volume.

I wish you all success.

Yours faithfully

Dated 26-6-76

M. A. MEHENDALE

M. D. BALASUBRAHMANYAM

Kendriya Sanskrit Vidyapeetha

TIRUPATI

A kind reference may be made to your letter asking me to send my opinion on the proposed "Abhinandana Grantha" in honour of Sri Krishna Vallabha Acharya. Accordingly, I am writing a few lines as under.

Sanskritists in India and abroad will feel proud of Svami Sri Krishna Vallabha Acharya, whose contribution to Nyaya, Sankhya, Yoga, Mimamsa and Vedanta is of a high order. His 44 works clearly demonstrate the fact that the learned Svamiji is one of the greatest interpreters of Sanskrit Literature and Culture. The *Śvetāyana Samhitā* (or *Lakshminarayana Samhita*) containing 1,26,000 verses is his *magnum opus*. The Svamiji's life is a dedication to the cause of Sanskrit Muse. He shines like a gem-like-flame in the literary firmament. I wish the felicitation volume all success which it richly deserves.

Yours sincerely

Dated 12–5–76 **M. D. BALASUBRAHMANYAM**

A. M. SHASTRI

Department of Ancient Indian History, Culture & Archaeology

NAGPUR UNIVERSITY

NAGPUR

It is a matter of gratification that a volume to felicitate honourable Swami Krishna Vallabhacharyaji is being published. The social, religious and literary activities of the magnitude of Swamiji's are a matter of pride for any one. I wish all success to this noble venture and wish long life and good health to Swamiji so that he may continue to serve the society for many years to come and pay him my homage.

A. M. SHASTRI

Dr. G. K. PAI

Director

Sukrtindra Oriental research Institute

Alathukutty Road

COCHIN

I am glad to know that an Arts and Commerce College is being started in Kunkavav during this month, to be named after Swami Krishna Vallabhacharyaji. I am also happy to learn that a "commemoration volume" is also to be released shortly in honour of Swami Krishnavallabhacharyaji. I send you my very best wishes for the success of the function and of the new venture.

Yours faithfully

G. K. PAI

S. N. GHOSAL

University Colleges of Arts & Commerce

Asutosh Building

CALCUTTA

I hereby communicate to you my deep regards for Pandit Swami Krishnavallabha Acharya, who is a great scholar of rare merits and eminence. His knowledge extends over multifarious aspects of Indian philosophy—its different branches like Sāṅkhya, Vedānta Nyāya and Mīmānsā philosophies. It is very interesting to note that he has very finely given exposition to the abstruse doctrines of these religious systems and made them interesting to the readers. It is due to his untiring efforts that these thoughts have been clear to the readers who are all appreciators of his uncommon genius and talents. As a poet he has made his mark in his life. It is he who has proved by his uncommon enthusiasm and energy that Sanskrit can still be the language of communication among the people of this land. In fact before the coming of English to this country Sanskrit was the language of communication among the people of the different provinces. Swami Vallabha Acharya has thrown a flood of light on these immense possibilities of the Sanskrit language. The world of scholars appreciates the deep scholarship of Pandit Acharyajee and remains grateful to him for his contribution, that is, beyond calculation.

S. N. GHOSAL

Dr. U. N. DHAL

Department of Sanskrit

Utkal University

Bhubaneswar

VANI VIHAR

Dear Sri Shah,

I came to learn from my Professor Dr. A. C. Swain that you are going to publish the "*Swami Kṛṣṇaballabhācārya Abhinandana Grantha*" and you need research articles to incorporate in it. As directed by my Professor I am going to send my article on "Churning of the Ocean and Goddess Lakṣmī" very soon.

With best regards to Swamiji,

Yours sincerly

U. N. DHAL

Dated 9-7-76

M. A. DHAKY

Research Officer

AMERICAN INSTITUTE OF INDIAN STUDIES

(Incorporated in Delaware 1961)

Chief Court House

RAMANAGAR, VARANASI, U. P.

Thank you for the invitation to contribute to Swamiji Krishnavallabhacharya felicitation volume. The volume is a very laudable thought and a fitting tribute contemplated to a great saint. Unfortunately, my acquaintance with Swamiji and his works is practically negligible and I hardly seem to be the right person for writing anything of value on Swamiji's life and work. You will therefore forgive me for my inability to send the note you intend me to write for the volume, I greatly appreciate though your very kind invitation. I wish you, other editors and contributors a great success.

With greetings and regards,

Yours sincerely

M. A. DHAKY

Dated 24–6–76

K. V. SARMA

ACTING DIRECTOR

Vishveshvaranand Vishva Bandhu Institute

of Sanskrit & Indological Studies.

PUNJAB UNIVERSITY

PUNJAB

Thanks for your invitation to contribute a paper for inclusion in the Svami Krishna Vallabhacharya Abhinandana Grantha and thus extending to me the privilege of paying my homage to the revered Svamiji. I am sending herewith a short paper entitled "Gita as a Guide to conduct in everyday Life" for inclusion in the Abhinandana Grantha. Please acknowledge receipt of the same.

When the said article is being printed, please arrange to take 25 reprints for my use. The reprints might be sent here along with the volume.

Let me also take this occasion to wish all success to your laudable efforts.

With best regards,

Dated 22-5-76

Yours sincerely,

K. V. SARMA

Dr. RAM GOPAL

M. A., Ph. D.

Kālidāsa Professor of Sanskrit and

Head of Sanskrit Department

Punjab University

PUNJAB

It gives me great pleasure to learn from your circular letter that a Felicitation Volume will be shortly brought out to honour the saint scholar Swami Shri Krishna Vallabhacharyaji. It is a befitting recognition of the great services rendered by revered Swamiji to the noble cause of Indian Philosophy and Vaiṣṇava theology. I wish you all success in your holy mission and offer my reverential regards to respected Swamiji on this happy occasion.

Dated 27-5-76

Your faithfully

RAM GOPAL

Dr. KRUSHNA PRASAD MISHRA

Department of Philosophy, Utkal University, Bhubaneswar

ORISSA

I do not know anything of Swami Krushna-Ballava Acharya nor I have read any work written by him. I like the idea of bringing out an Abhinandan Granth on him. That would reveal his greatness to all of us. Would you like to include articles on culture, religion and philosophy in that Abhinandan Granth ? Then I can send an article to you. But on Swamiji, I do not know anything.

Please don't mind for this delay in replying to your letter. I was awfully busy.

Dated 30-5-76

Yours

KRUSHNA PRASAD MISHRA

Dr. V. I. SUBRAMONIAM

M. A., Ph. D.

(IND. U. S. A.)

Prof. and Head of the Department of Linguistics

University of Keral

Kariavattom, Trivandrum

KERALA

Swamy Krishna Vallabhacharya, the well known savant and literator of Gujarat will be ever remembered for his literature and love for language. It is a fitting tribute to that great soul to bring out commemoration volume soon by learned scholars.

Dated 17-5-76

Yours sincerely

V. I. SUBRAMONIAM

Prof. Dr. BISWANATH BANERJEE

Head of the Department of

Sanskrit, Pali & Prakrit

Visva-Bharati, Santiniketan

WEST BENGAL, INDIA

Śṛmat Kṛṣṇavallabhāchārya needs no introduction to scholars of Sanskrit learning and Indian Philosophy. His illuminating commentaries and expositions on the fundamental texts of the different branches of Indian Philosophy and their intricate problems speak of his erudition and wisdom. He seems to be an institution by himself. We are fortunate enough to have him still among us and draw inspiration from his untiring zeal and academic pursuit.

It gives me immense pleasure to learn that an institution has been established through his benevolence and a souvenir will be published in his honour.

Dated 3-1-76 **BISWANATH BANERJEE**

B. SUBBARAYAN

Telugu Bhasha Samiti

71, University Buildings

MADRAS

I am very happy to know from Prof. M. B. Shah that a volume on Srikrishna Vallabhacharya, the great Sanskrit literature of Gujarat, has been planned to be brought out soon as a tribute to his philosophical contributions to Indian thought.

Dated 30-12-75 **B. SUBBARAYAN**

Dr KALI KUMAR DUTTA

M. A., Sastri, D. Phil., Kavyasankhyatirtha

Prof. of Sanskrit Language & Literature

Department of Post-Graduate Training Research

Sanskrit College, Calcutta

CALCUTTA

I am paying hereby my tributes to the great scholar and Saint Srikrishnavallabhacharya of Junagad on the occasion of the publication of a volume in his honour. The saint is well-known in the scholarly world for his erudition and his writings on different branches of Indian philosophy is illuminating. I hope that his honourable place among the saints of India will ever be a source of inspiration to all thoughtful men and women of this ancient country of ours.

Dated 2-1-76 **KALI KUMAR DUTTA**

पू. स्वामी जी नुं जीवन अेक परम भागवत संत नु जीवन छे। सदाचार तो मानो तेमनो जीवनाधार छे। ज्ञान तो तेमना जीवन मां अेटलुं वणाइ गयुं छे। ए मानो स्वयंज्ञाननिधि होय। वैराग्य थी ज तेमनुं आध्यात्मिक तेज चमकी रहयुं छे। माहात्म्य पूर्वक नी प्रेम सहित सेवा, जेने भक्ति कहेवाय छे। ते तो स्वामी जी ना जीवन मां प्राण सम अविरत विराजी रही छे। जेम के प्रातः समये स्नानादि थी निवृत थइ भगवदर्थे चदंन, पुष्प धूप दीपादि, पूजा द्रव्यो ने सम्पादन करवा मां तो अतिशय दास वत् निर्मानी पणां ने आशर्या होय छे।

स्वामी जी अे पोताना शारीरिक सुख ने माटे कोइ पण व्यक्ति नी पासे कोई पण वस्तु नी अपेक्षा जणावी न थी। भगवत्-स्वरूप मां तेमने आकिंचन्य अने अनन्यभाव तो सतत् जाग्रत रहे छे। परमात्मा स्वरूप मां तैल धारावत् अखण्ड वृत्ति राखनारा आवा कल्याण गुणाश्रय श्रीगुरुजी ना श्री चरणो मां आश्रय पामी तेमनी पासे थी सांख्य, योग, वेदान्त अने मीमांसा वगेरे दर्शनो नुं अध्ययन करी ने जे में मारा जीवन ने कांइक अंशे घड्युं छे। ते प. पू. श्री गुरु चरणों मां कोटि-कोटि बार प्रणामुं छुं।

शास्त्री भक्ति प्रिय दासजी

डॉ० महेन्द्र पंड्या

गुजराती प्राध्यापक
रिजनल कालेज ऑव अेज्युकेशन
भोपाल

रा. रा. सद्गुरु विद्वान् गुरुवर्य श्रीकृष्णवल्लभाचार्य जी की साहित्य सेवा सचमुच अद्वितीय है। आपने संस्कृत, गुजराती, हिन्दी साहित्य में विविध ग्रन्थों की रचना कर तुलनात्मक भाषा व साहित्य के क्षेत्र में प्रचंड समीक्षात्मक शक्ति प्राप्त की है। शक्ति प्राप्ति व विशिष्ट सर्जन शक्ति जिससे मैं काफी प्रभावित हूँ।

आपके ग्रन्थ व साहित्य सभी के लिए प्रेरणा का कारण बन सकते हैं।

आपका

दिनांक २४–६–७७ **महेन्द्र पंड्या**

डॉ० अेम० टी० बुच

अेम. अे., पीअेच-डी.
प्रिन्सिपाल
वी. अेम. मेहता म्युनि. आर्टस कामर्स कालेज
जामनगर

स्वामी श्रीकृष्णवल्लभाचार्य जी अभिनन्दन ग्रन्थ का प्रकाशन एक भव्य व प्रशंसनीय कार्य है। इस कार्य में ईश्वर का आशीर्वाद मिलेगा। ऐसे अद्भुत संभव महान विद्वान की सेवा करके हम सब कृतार्थ होंगे।

आपका

एम० टी० बुच

सी० वी० ठकराल

संस्कृत विभाग के अध्यक्ष,

के० अेच० माधवाणी आर्टस अेन्ड

कामर्स कालेज

पोरबंदर

श्रीमान्,

संस्कृत प्रखर पंडित स्वामी कृष्णवल्लभाचार्य जी महाराज का समुचित सम्मान करने के लिए आप "स्वामी कृष्णवल्लभाचार्य जी अभिनन्दन ग्रन्थ" प्रकाशित कर रहे हैं। यह जानकर बहुत खुशी हुई। सौराष्ट्र में ऐसे विद्वान् हों तो वह अपना सद्भाग्य है। उनका सम्मान करके ही हम अपना ही सम्मान करते हैं। ऋषि के लिए ऋण चुकाने का आपका प्रयास सचमुच अभिनन्दन पात्र है। जब अपने पास अपनी खुद की युनिवर्सिटी है तब हम ऐसी अपेक्षा रख सके कि ऐसे विद्वद्वर्य D. Litt. की महान उपाधि अर्पण करके एसा ऋण चुकाने का अवसर स्वीकार ले। अभिनन्दन ग्रन्थ तैयार हो वह प्रशस्य है ही। लेकिन उनके साथ साथ पूज्य स्वामी जी का साहित्य आम जनता तक पहुँचे इसके लिए समुचित तंत्र बने तो यह सारे राष्ट्र के हित में होगा। इस दिशा में यदि मैं जरा भी उपयोगी हो सकूं तो मैं अपने आप को धन्य मानूँगा।

आभार !

सी० वी० ठकराल

मनहरलालजो महाराज

पंडित श्री कृष्ण वल्लभाचार्य जी महाराज सरस्वती के उपासक, साधक, विविध विषयों के मर्मज्ञ मनीषी हैं। उनका हार्दिक अभिनन्दन समग्र संस्कृत विद्वानों का अभिनन्दन है। उनके ग्रन्थों की उत्कृष्टता, स्निग्धता और विद्वत्ता सब को आकर्षित करती है। वह कर्मयोगी, भगवान निष्ठ साधक, सरस्वती के उपासक और अप्रतिम आराधक हैं।

ऐसे ज्ञान कर्म भक्ति के पवित्र त्रिवेणी के संस्पर्श से ही समग्र वातावरण पवित्र हो जाता है। भारतीय विद्वानों के समाज में कमल की तरह पवित्र, सूर्य की तरह तेजस्वी विश्व की यह महान विभूति को हमारी भाव भीनी अंजलि···

मनहरलालजी महाराज

शास्त्री भक्ति प्रियदास

सांख्ययोग वेदान्ततीर्थ साहित्यरत्न
स्वामिनारायण विद्यामन्दिर गढ़पुर

शत शत प्रणाम ! कोटि कोटि प्रणाम !

हमारा भारतवर्ष तत्त्व चिंतकों व ऋषि-मुनियों का देश है। यहाँ पर तत्वज्ञानियों की परम्परा अतिदीर्घ व अविच्छिन्न रूप से चली आ रही है। यह परम्परा यहाँ पर सम्प्रदाय के रूप में भी प्रसिद्ध है। प्रत्येक काल के दार्शनिक व तत्त्वचिंतकों ने जीवनभर ही आराधना अध्ययन व अध्यापन आदि द्वारा अनुभूत ठोस सत्यों में श्रीमुख से ही व्यक्त किया है और भारतीय तत्वज्ञान को समृद्ध किया है।

ऐसे महान तत्वचिंतकों में से एक पूज्यपाद स्वामी श्रीकृष्णवल्लभाचार्य जो आज हमारे समक्ष विद्यमान हैं। स्वामीजी ने बाल्यावस्था में ही गृहपरिजनों का त्याग कर विशुद्ध भागवती दीक्षा ग्रहण की थी। आपने अनेक वर्षों तक काशीवास किया था। इस समय अपने कठोर परिश्रम पूर्वक दर्शनोदधिका मन्थनकर सांख्ययोग, न्याय, वैशेषिक, पूर्वमीमांसा व उत्तरमीमांसा (वेदान्त) रूपी षड्दर्शन पर अनेकविध भाष्य, व्याख्या, विवेचन टीका टिप्पणियाँ लिखकर परवर्ती व्युत्पित्सुओं के मार्ग को सुगम व सरल बनाया।

स्वामीजी ने त्याग व तपस्या से पूर्ण जीवन में भी अध्ययन को स्थान दिया। बाद में अनेक शहरों में असंख्य जिज्ञासुओं की सभा में अनेक शास्त्रों के सिद्धान्तों व साररूप भगवान स्वामिनारायण के भव्यस्वरूप व गरिमा का प्रतिपादन कर स्वामिनारायण सम्प्रदाय का गौरव बढ़ाया है। आपने सम्प्रदाय की परम्परागत प्रणालिकाओं के अनुरूप सर्वधर्म समन्वय भावना को जनता के समझ सुरम्यरूप में व्यक्तकर सम्प्रदाय की विकास योजनाओं को भी सफल बनाया है।

पूज्य स्वामी जी का जीवन एक परम भगवान सन्त का जीवन है। सदाचार तो मानो उनका जीवन आधार है। ज्ञान तो उनके जीवन में इतना समन्वित हो गया है कि मानो वे स्वंय ज्ञान के निधि लगते हैं। वैराग्य से ही उनका आध्यात्मिक तेज चमक रहा है। माहात्म्य पूर्ण भक्ति आपके जीवन में अविरत दृष्टिगत हो रही है।

स्वामीजी ने स्वयं शारीरिक सुख के लिए किसी व्यक्ति के पास किसी वस्तु की अपेक्षा नहीं रखी है। भगवत्स्वरूप में आप अकिंचनभाव तथा अनन्यभाव से सतत जागृत रहते हैं। श्री गुरुजी के चरणों में बैठकर मैंने सांख्ययोग, वेदान्त मीमांसा आदि दर्शनों का अध्ययन किया है। गुरुचरणों में कोटि कोटि प्रणाम।

शास्त्री भक्ति प्रियदास

पू० स्वामी श्री एक भारतीय आत्मा के रूप में

पूजाऽर्हस्वामीश्रीश एकोभारतीयाऽऽत्माभगवदंशः

विद्वज्जनवन्दनशाली

शास्त्राध्यापकः यू० व० जोहानबर्ग–लीडर, विक्टोरिया, मेलबार्न, ऑस्ट्रेलिया

स्वयं ब्रह्मसगुणस्वरूपः स्वामीश्वरः श्रीकृष्णवल्लभाचार्यो भारतीयविभूत्यात्मा भवन्निदानीन्तनयुगे संस्कृतात्मकदेववाणीं निजीयां प्राग्भवीयामेव व्यापारयन् वेदशास्त्रपुराणेतिहासभाष्यादिपारावारमथनालोडनयत्ननिष्पादितपीयूषवर्षणैः समस्तपृथिव्या उपदेशात्मकतत्त्वावेदनात्मकशारदीयसन्ततिसततप्रवाहात्मकनवजीवनात्मकनवनवीनपरिष्करणात्मकसेवां विदधाति, स्वीयमेव स्वस्थापितं स्वरक्षितं स्वपोषितं स्वसमृद्धं सम्पादयतीति भारते भुवि महदुपकारकृज्जनताकृते कृपालुर्यतिः समस्तविद्यासु धन्यतापात्रमस्तीति ।

ब्रह्म हि निर्गुणं निराकारमपि सगुणं साकारं स्वसृष्ट्यर्थं संभवति, श्रीकृष्णादिरूपं वैराजब्रह्मशंभ्वादिरूपं महर्षिरूपं सूर्यचन्द्रेन्द्रादिरूपं साम्प्रदायिकाऽऽचार्यादिरूपं सद्गुरुगुरुविद्यागुर्वादिरूपं सम्पद्यते लोककल्याणार्थम्, अतो ब्रह्मविद्योद्भावकाः सर्वेऽपि विद्वांसो ब्रह्मात्मका ब्रह्मस्थिरा ब्रह्मान्ता भवन्ति, सर्वेऽपि ब्रह्मात्मका अपि आविद्यकावरणवैविध्येन शासकशास्यतावस्थानविवृता विद्योतन्तेऽज्ञानविजृम्भणकवलीकृता अहम्ममत्वपराभूताः स्वस्वरूपभानवर्जिताः अकर्मठा अपि समाहितकर्मठाः सन्तो व्यापारपरायणाः संसारिणो भूत्वा रागद्वेषादि दोषसागरमग्नाः स्वयं संसरन्त्यन्यान् संसारयन्त्यपि, क्रमोऽयं संसारप्रवाहस्य, नत्वसंसारात्मचैतन्यस्य, असंसार्य्यात्मानस्तु सगुणा ईश्वरा नित्याऽविस्मृतविज्ञाना भगप्रपूर्णाः कल्याणकारिणो विपथगस्वसजातीयतत्त्वात्मकान् स्वपथपरान् कर्तुमेव यतन्ते, शुद्धसत्त्वप्रधाना एते सर्वज्ञाः सर्वज्ञकल्पा ब्रह्मेश्वरा 'अहं ब्रह्माऽस्मी'त्युपासनविज्ञानवर्षिणोऽपसृतब्रह्मपथान् समालम्बितपरब्रह्मघण्टापथान् कुर्वन्तीति, त एते साम्प्रदायिकबीजांकुरात्मकाः सम्प्रदायवृक्षापूरकाः संस्कृतवाङ्मयं महासागरमालोडयन्ति महामधुरममृतम् प्रमार्गय्य बद्धान् पाययन्ति, एते उद्धारका भवन्ति, संस्कृतविद्यातत्त्वनिध्युद्गमयिता नूतनतत्त्वनिधिमार्गयिता ज्ञानदुर्बलेभ्यश्च प्रदाता न्यायतर्कसुवर्णमीमांसारजतवेदान्तताम्रव्याकरणधातुवालुकासांख्यपित्तलयोगकांस्यसाहित्यलौहपुराणपारदादिषु शोधकक्षारधीभिः शुद्धिकृत् कारुवरोऽयं सर्वशास्त्रप्रवीणः सर्वशास्त्रीयकलाविज्ञः शास्त्रगर्भपतितप्रामाण्यख्यातिशक्तिवादादिषु प्रवीणतम आविष्कारनिष्णातः परिष्काररमणः स्फुटतादिवाकरः बोधतृप्तिशशधरो विषयविभागतारागणो लेखनविन्यासगणधरोऽध्यापनविधानव्यासप्रकरो व्याख्यानविधानवाचस्पतिर्भाषाविवरणसारस्वतो ग्रन्थप्रबन्धप्रग्रथनमहोशनाद्वैपायनो यज्ञानुष्ठानसुब्रह्मण्यो विज्ञानविस्तारविष्णववतारस्वरूपो वैराग्याधानविश्वेश्वरो भक्तिमूर्ति श्रीस्वरूपो भगवानयं कश्चिदवतारविशेषो भाति विद्यानिधिर्वाङ्मयमहावारिधिः, व्याकरणे काव्ये पुराणे सांख्ये योगे मीमांसायां वेदान्ते न्याये तर्के परिष्कारे शास्त्रार्थे नवोन्मेषे नवाऽऽविष्कारेऽप्रतिहतगतिको भगवानिव भगवान् कश्चिदिति ब्रह्माण्डकृतिभिर्भगवानिव शास्त्रकृतिभिरयं विदेशेऽपि सर्वदेशिकगुरुर्महेश्वरः स्वयमिव विदुषां च मम च प्रतिभाति, प्रमीतश्च तथैवाऽध्यापनसमये तदीयान् ग्रन्थानादायाऽध्यापयामि, वैचित्र्यं तु तत्र स्पष्टीकृतमुपादीयते, सरलतयाऽनुपादानं यत् चिरायते तदपि तदीयपंक्तिवाचनेन स्वयं बुद्धावारोहति स्पष्टं भाति विविच्यते च सम्यग् अवगतं भवति, सम्यक् चिन्तामणिसमा अस्य भगवतो ग्रन्थाः, यः साक्षो स एवाऽयमिति निश्चयो भवति, साक्षिणं विना धीप्रकाशं कः कुर्यात् । तस्मात् भारतभूमौ जगदात्मा सारस्वतात्मा व्यासात्मा देवात्मा भगवदंशो विद्यते श्रीकृष्णवल्लभाचार्यमूर्तिरिति तदर्थमिदं मम कृतिरभिनन्दनमलमिति संस्मृत्य संस्तुत्य नमस्कृत्य प्रक्षमय्याऽऽत्मन्यधिसंस्थाप्य विरमामि ।

द्वैपायनव्यासोत्तर व्यासमूर्ति श्रीस्वामीजी साक्षात् व्यासजी !

पण्डितसूरचैतन्य, न्यायतर्कदर्शनरत्न
गुंटुकल (मद्रास)

संक्षिप्त-तनुक विद्याओं की गहनता को झेलने के पात्र न रहने पर कालबल से जिस प्रकार के पात्र जनता देखी जाती हो उनके लिये मेधानुसार उनसे धारण हो सके उस रूप में उन्हीं प्राचीन विद्याओं का सरल देववाणी में रूपक द्वारा या सरल आनुपूर्वी द्वारा सरल पद्य गद्य द्वारा समझाने का यत्न परायण होना व्यास देवों का कार्य है, वेदमन्त्र सहस्रशाखाओं की अनवगम्य आर्थिक कठिनाईयों को दूर कर सरलता में ग्रथन विभाजन आदि वेदों का चार भाग श्रीकृष्णद्वैपायन पाराशर व्यासजी ने किया, चार शिष्यों को ऋग् यजुः अथर्व साम नाम से पढ़ाये, शिष्यों ने अपनी मेधानुसार भावि शिष्य वर्ग को लक्ष्य में लेकर और विशेष सरलता कर दी, कर्मकाण्ड के मन्त्र शास्त्र रूप में सरल संस्कृत में व्याख्या के साथ एकत्रित किये कल्प सूत्र बनाये काण्डिकाएँ अलक-अलक कर दीं, भगवान् नारायण विष्णु रुद्र इन्द्र देवीयाँ आदिक के स्तोत्र स्तोम साम विभिन्न का भी एक संगठन सामवेद रूप में किया उस पर ऋषिओं ने अनेक स्तोत्र बनाये गाये, शुक्ल यजुर्वेद कृष्ण यजुर्वेद ऋग्वेद भी अलायदे एकत्रित कर दिये, उनका सरल भाष्य प्रचार भी सरलसंस्कृत व्याख्याओं के साथ समयानुसार हुआ, इनका अध्ययन मुख्य था, धीरे-धीरे क्षीणबुद्धि, स्वल्पमेधावी रटनाधार यादगीरी वाले छात्र होने से और सरलताएँ रचनी पड़ी, जो कि आख्यानरूपों में महाभारत बनाया तथा वेदों के रूपक इतिहासों के लिये पुराणसंहिताएँ बनायी गईं, इनके एक और अनेक व्यास हुए हैं, स्मृतिशास्त्रों के मुनि लोग अनेक हुए, दर्शनशास्त्रों के रचयितार अनेक हुए, षट्शास्त्र पर वाचस्पति ने टीकाएँ लिखीं, वेद का पाण्डित्य, अंगों का पाण्डित्य, आगमों का वाण्डित्य, स्मृतिओं का पाण्डित्य, संहिताओं का पाण्डित्य, इतिहासों का पाण्डित्य, पुराणों का पाण्डित्य जिनमें हों, वह एक पण्डित व्यक्ति यदि मिले तो वह व्यासता के योग्य इस युग में है, यह युग विस्तृत विद्यावाला है, वेद की सहस्रशाखाओं से भी अधिकशाखाओं में आज ज्ञान विज्ञानों के विकास हो गये हैं, धनुर्विद्या का विकास इतना हुआ है कि देश विदेश में गुप्त विविध शस्त्र उपजाये जाते हैं, इनका विज्ञान १००, २०० शाखाओं में विस्तृत हो गया जान पड़ता है, यन्त्रविद्याएँ, मशीनरी विद्याएँ, वाहन विद्याएँ जल-स्थल आकाशी वाहन यान विद्याएँ १००, २००, प्रकार की हो गई हैं, रसायन औषध इन्जेक्शन ऑपरेशन शारीर प्रत्येक अंग की विद्याएँ तो २००, ३००, प्रकार से भी अधिक हो गईं जान पड़ती हैं, खेती-बाड़ी की उत्पादन विद्याएँ १००, २००, प्रकार की हो गईं, विद्युद्विद्याएँ उनके विस्तार साधन साध्य वशता प्रकाशता, फोटो लेना यन्त्र चलाना, बड़ाका करना आदि बीजली की विद्याएँ भी १००, २००, प्रकार की हो गई, धातुविद्याएँ, वस्तुविद्याएँ, फरनीचरविद्याएँ, बरबखरीविद्याएँ भी १००, २०० प्रकार की हो गईं, लश्करीविद्याएँ, कलाएँ, कारीगरीयाँ १००, २०० प्रकार की हो गईं, पोस्ट तार, वायरलेस, फोनोग्राफ, आकाशवाणी, रेडियोरीति, टेलीफोन, दूरदर्शन, दूरश्रवण आदिक विद्याएँ भी १००, २०० प्रकार की हो गईं, ट्रान्समिटर, स्टेशनविद्याएँ भी बढ़ती ही जा रही हैं, कोर्ट कायदे राजनीति आदि का तो असंख्य कायदे विद्याएँ हो गई हैं, भौतिकविद्याएँ जादूविद्याएँ तथा कर्मकाण्ड अनुष्ठानविद्याएँ, शास्त्रविद्याएँ

आध्यात्मिकविद्याएँ भी हदपार चली जारही हैं, बड़े-बड़े सेतु पूल आदि विद्याएँ सरघस नाट्यविद्याएँ तथा एनजिनीयरींग शहर नगर भवन प्रासाद गृह मन्दिर महामार्ग बहुलगृह शतभूमिक महाभवन इन्द्रभवन जलयान आदिक विद्याएँ १००, २००, प्रकार की हो गई हैं, रेल्वे विद्याएँ का पार नहीं है, ये सब एक वेद में एकत्रित कर के गीनें तो अयुतशाख या लक्षशाख वेद वर्तमान युग में विद्यमान हो हैं, इनके विकासक व्यासस्थानापन्न हैं, विकासक निष्पादक उद्भावक संयोजक आविष्कारक उत्पादक आदि उनके मूल व्यास कहायँगे। गहने बासण स्टेशनरी करियाणा कापड आदिक के भी महामील हो गये हैं, गेस का जलना बाष्प का उपयोग लेना, वायुविज्ञान, ऋतु विज्ञान, शकुन विज्ञान, स्वाप्न विज्ञान ग्रह नक्षत्र विज्ञान ज्योतिष गति विज्ञान रेखारमलविज्ञान आदि भी असंख्यरीति में चल रहे हैं, इनके वेद भी हजारन शाखा वाले हो गये हैं, अगर देखा जाय सोचा जाय तो वर्तमान समय में व्यासों से दुनिया भर गयी मालूम होती है। मगर वेदव्यास की प्रणाली में आज पाँच हजार वर्ष जाने पर वेद शास्त्र सूत्र पुराण इतिहास स्मृति संहिता आदि का पृथक् ग्रन्थ रचने पर भी एक श्वेतायनव्यासने लक्ष्मीनारायणसंहिता एक लाख छब्बीश हजार श्लोकों का ग्रन्थ एक सभी विद्याओं का खजाना रूप बनाया, जिनकी संस्कृत कलम अविचल चलती ही रहती है, भारत के लिये बड़ा भारी साहित्य दिया, यह देनेवाला दिव्यमूर्ति पुरुषावतार श्वेतायन व्यास है, इनमें कितनी विद्याएँ भरी हैं थाह नहीं मिलता, अनुभव करनेवाले उनके परिचय में आने वाले विद्वान् भी मुक्तकण्ठ से ही कहते हैं ये स्वामीजी श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी तो पूर्वजन्म के विद्वान् व्यास हैं। अधिक क्या लिखें, अन्य व्यास नहीं किन्तु कृष्णद्वैपायन व्यासजी के सच्चे अवतारी व्यास उनकी कोटिके व्यास श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी श्रीश्वेतायन व्यास हैं।

इनके विज्ञान अन्य सभी व्यासों के विज्ञानों को व्याप्त हो कर प्रकाश देते हैं, विजय पाते हैं, स्वयं स्वामीजी भी अंशावतार में दिखते हैं, अवतारों के अंक प्रत्यक्ष पाये जाते हैं। सृष्टि के विज्ञान परमात्मा में, सम्पूर्ण होते ही हैं, उनसे वेद प्राप्त करने पर अपर वासुदेव सृष्टि के प्रथम व्यास हुए, उनसे अनिरुद्ध सृष्टि विज्ञान के व्यास हुए, उसके बाद ब्रह्माजी व्यास हुए, उसके बाद भृगु व्यास हुए, अंगिरा व्यास हुए, श्वेतायन व्यास हुए, कई व्यासों के बाद कृष्णद्वैपायन व्यास हुए, इनके शिष्य ऋषि मुनि आचार्य सद्गुरु सन्त त्यागी गृही अनेक हुए, सभी ने श्रीव्यासजी की परम्परा प्रणाली संभाली है, विद्याओं के लिये व्यास होते हैं, ब्रह्मविद्याओं के व्यास श्रेष्ठ हैं, मोक्ष के लिये तात्पर्य वाले व्यासों के उपदेश प्रथम आरात् उपकारक या सन्निपत्य उपकारक होते ही हैं, अमोक्ष के लिये जो कुछ लोकसंग्राह्यार्थ परोपकार करना लिखना पड़ता है, सो तो मार्ग साफसूफीसा माना जाता है, कृष्णद्वैपायन व्यासजी ने गंगाजी के तीर एकान्त बदरी वन में बैठ कर युक्त रूप में या युञ्जान योगी रूप में अपने को एकाग्रता में स्थिरता करवा के लेखिनी के व्यापार चलाये, कई आख्यान पुराण रच दिये, वायुपुराण में अन्त में थकावट उदासीनता असन्तोष अकृतमिव अपने हृदय में भास ने लगने पर भगवन्मात्र में संयमी होने के लिये दिव्य परमपुरुष से उपदेष्टाद्वारा सत्यतत्त्व प्राप्त किया, और श्रीकृष्णनारायण के ही गुण गाये तब शान्ति हुई, अतः सच्चे व्यास वही माने जाते हैं, अपनीं व्यासता में परमपुरुष के गुणगान से स्व—पर सभी को आत्यन्तिक शान्ति मिले। श्रीलक्ष्मीनारायण संहिता के व्यास श्रीकृष्ण वल्लभाचार्यजी ने श्री नरनारायण श्री लक्ष्मीनारायण श्री कृष्णनारायण श्रीपुरुषोत्तमनारायण के ही संवाद में परमेश्वर मुक्त अवतार अवतारीणीयाँ मुक्तानीयां पार्षद पार्षदानीयाँ ईश्वर ईश्वराणीयाँ ऋषि ऋषियाणींयाँ देव देवानियाँ पितृगण पित्राणीयाँ सन्त साध्वीयाँ भक्त भक्तानीयाँ तीर्थ तीर्थानीयाँ सेवक सेवकानीयाँ गीताएँ सरस्वतीयाँ शारदाएँ ब्राह्मीयां परीयाँ अप्सराएँ त्यागिनीयां योगिनीयाँ वैष्णव शैव वैष्णवानीयाँ शैवीयाँ माताएँ शक्तियाँ कुलदेव कुलदेवीयाँ यज्ञमूर्तियाँ

वंशसृष्टियाँ खगोल भूगोल अन्यगोल तपस्वी तापसियाँ गण गणिकाएँ भृत्य भृत्यानीयाँ बाल-बलिकाएँ प्रतिव्रताएँ माताएँ पिताजन प्रजापति लोकपाल दिक्पाल ग्रह नक्षत्र तारकाएँ मानससृष्टि दृष्टिसृष्टि स्पर्श-सृष्टि संयोगसृष्टियाँ द्रव्य गुण सृष्टियाँ स्वर्ग मर्त्य पातालादि सृष्टियाँ काश्यपी दाक्षी सृष्टियाँ आर्षी पैतृकी सृष्टियाँ चल अचल छूट्टेपैर भूपाद सृष्टियाँ भौतिक जडसृष्टियाँ बन्धनों के मोक्ष के वृत्तान्त देह दैहिक सृष्टियाँ जीवन मुक्त विदेह मुक्त ईशमुक्त ब्रह्ममुक्तस्थितियां उद्भव विकास विलयन की दार्शनिक पद्धतियाँ मानवीय कर्म काण्डों की पद्धतियाँ देवाऽऽवाहनपूजन प्रतिष्ठानादिपद्धतियाँ जाप साधना तहेवार व्रत तप संयम योग की रीतियाँ ज्ञान विज्ञान प्रज्ञान ब्रह्मज्ञान का विवरण अर्थशास्त्र भूस्तरशास्त्र मिश्रण धातवीय शास्त्र सत्य असत्य न्याय नियम पद्धतियाँ शब्दशास्त्र गीतिवाद्य कथा नाट्य शृंगार अलंकार शास्त्र पाकशास्त्र रत्नपरीक्षाशास्त्र देश विदेश रंग बेरंग विभिन्न स्वभाव शास्त्र पशुपक्षि शिक्षणशास्त्र स्वप्न शकुन अपशकुन मंगल विघ्नविज्ञान शास्त्र शक्तिसामर्थ्य करंट गेरंटी शास्त्र हास्यविनोद विहार वैभव भोग विलास गप्प गाली तेहवार उत्सव महोत्सव, मेला सभा मन्त्रणा-व्यूह विघ्ननिवारणशास्त्र, आगमचेती महातीर्थ प्रभुकृपा भगवदंगीकार, भागवती सन्ततिशास्त्र, उपासना भक्ति प्रकार आदिक अनेक विद्याओं का समावेश श्रीलक्ष्मीनारायण संहिता में है, भगवान् का सम्वाद भगवान कर पाते हैं, भगवान् कोई भी अवतार में सर्वज्ञ ही है, सभी ज्ञान-विज्ञान, वृत्तान्त; भूत-वर्तमान, भावी होनारतें लिख सकते हैं, श्रीकृष्ण वल्लभाचार्यजी महाराज में ज्ञान-विज्ञान महासागर भरा है, सर्वज्ञ कल्पता होने से नये या प्राचीनतम व्यास भगवदवतार रूप विद्यमान मालूम होते हैं, प्रतिबिम्ब या कृपावाद में मानवों में अंश कला आवेश विभूति स्वरूप रूप आदिक घटता हो है, विशेषता से विशिष्ट व्यक्तिता मान्य होती है। श्री स्वामीजी एक भारत के लिये देन हैं, संसार के लिये भी देन हैं। अभिनन्दन उनके लिये तो देन ही हैं, प्रतिफल देना ही पड़ेगा, मुझे श्रीस्वामीजी का दर्शन काशीजी में हुआ तभी से दैवी अंश का निश्चय हो गया, इनके अभिनन्दन में आर्टिकल लिखना मिला,-सो मेरा सौभाग्य मानता हूँ।

स्वामी श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी का जीवन दर्शन

पं० रामशरण त्रिवेदी, दर्शनाचार्य

युनिवर्सिटी, बेंगलोर

सभी के जीवन में से बोध पाठ मिलता है, जीवन सात्त्विक राजस तामस तीन प्रकार का है, स्वार्थभरा व परोपकार भरा होता है, स्वार्थभरा संसारिओं का, परोपकारभरा त्यागी सन्तों का जीवन होता है, प्रभु ने वृक्षवल्ली परोपकारार्थ ही सर्जे हैं, चोर डाकू लुटेरे का जीवन स्वार्थ भरा ही होता है, समय पलटने से हृदय पलटने से भी परोपकार भरा हो जाता है, वाल्मीक को वैसा ही हुआ, पहले सभी अहंममतापक्षपातवाले वाल्मीक ही है, पीछे से बोध होने पर सभी कोई सुरध्वज शिबि व हरिश्चन्द्र गोपीचन्द भरथरी बुद्ध तोण्डमान् के समान परोपकारी सन्त हो जाते हैं, ये अपने जीवन में ही अपने को देखने चाहते थे कि मैं अपने लिये नही हूँ परके लिये हूँ ईश्वर के लिये हूँ, वृक्षवल्ली पर के लिये हैं सन्त का जीवन पर के लिये होता है, कल्पना कल्पित चिन्तामणि देता है सुगन्ध चन्दन देता है मेघ वृष्टि देता है सूर्य प्रकाश देता है बड़े लोक आश्वासन देते हैं दानेश्री दान देते हैं ज्ञानेश्री ज्ञान देते हैं भक्तजन सर्व समर्पित करते हैं, दास सब कुछ दे देते हैं, अपना जीवन का यह अनुसन्धान रहना चाहिये—मैं सभी के लिये उपयोगी होउ, परार्थ उपयोग का जीवन दर्शन उत्तम है स्वार्थ का उपयोग जीवन दर्शन नहीं कहाता, यहाँ एक बात सभी को स्पष्ट समझाती है कि—अन्यत्र जो जो निर्व्याज परोपकार ही है वह मेरे में कैसे आवे, मेरे में आना यह स्वार्थ तो है, मगर वह सद्गुणोपार्जन का स्वार्थ है, अगर निज में गुणोपार्जन हो जाय गुण दर्शन हो जाय गुणनिवास देखा जाय, उनका उपयोग परार्थ के लिये किया जाय तो वह प्रथम का स्वार्थ भी परार्थ में पर्यवसित हो जाने से जीवन दर्शन में गीने जाते हैं, बालक का भोजन स्वार्थ के लिये होता है मगर सनकादिक बालको की भिक्षा पर कल्याण के लिये होती है, नारद जी का नारायण जाप स्वार्थ के लिये तो है परन्तु पर कल्याण के लिये ज्यादातर है, राजा का शिक्षण विद्याशिक्षण लश्करीशिक्षण आदि स्वार्थ के लिये तो है किन्तु प्रजा को निज जीवन के अच्छे दर्शन के लिये है, बालक का अभ्यास भविष्य के स्वार्थ के लिये है तो भी निज-परायत जनता के जीवन के अच्छे दर्शन के लिये भी है, सन्त दीक्षा दुःख दूर करने के लिये है किन्तु सभी के दुःख दूर करने के अच्छे दर्शन के लिये है, आचार्यों के पट्टाभिषेक स्वार्थ के रूप में होते हुए भी जनता को सदाचार में स्थान के अच्छे दर्शन के लिये हैं। जिज्ञासुओं की जिज्ञासाएँ स्वार्थ भरी होती हैं किन्तु वे अन्य के प्रति वितरण करने के लिये होती है, व्यास जी ने 'अथाऽतो ब्रह्मजिज्ञासा' लिखी, जैमिनि ने 'अथातो धर्म जिज्ञासा' लिखी, कपिल जी ने 'जिज्ञासा तदभिघातके हेतौ' लिखी 'पतञ्जलि ने—'अथ योगाऽनुशासनं' लिखा, तार्किकोने 'अथातो धर्म व्याख्यास्यामः' लिखा, शाण्डिल्य नारद आदि ने भक्तिजिज्ञासाएँ लिखी, इन लेखों में उनके ज्ञानोपार्जनरूप स्वार्थ सूचित किया, किन्तु ब्रह्म धर्म व्यक्ताऽव्यक्तज्ञविज्ञान अष्टांगयोगसिद्धि पदार्थ विज्ञान अभ्युदय व निःश्रेयस के साधनों का ज्ञान भक्तिस्वरूप प्रकारों के विज्ञान आदि आदि का उपार्जन पश्चात् पर को देने के लिये होते हैं, स्व-स्वेतर के अच्छे दर्शन के लिये हो जाते हैं, अनिष्ट मिटाने के लिये सन्त जन निज व्यक्तित्व के अच्छे दर्शन चाहते हैं, विल्व मंगल ने निज के अच्छे दर्शन के लिये नेत्रों में सूयें परो दियें, भीष्म ने निज के अच्छे दर्शन के लिये लिंग को

काट डाला, शंकर ने निज के अच्छे दर्शन के लिये काम को जला दिया, सती ने अच्छे दर्शन के लिये शरीर जला डाला, गोपिकाओं ने अच्छे दर्शन के लिये श्री कृष्ण को अपना लिया, नरनारायण ने अच्छे दर्शन के लिये शील तप स्वीकारा, प्रह्लाद ने अच्छे दर्शन के लिये नारायण जाप सीख लिया, बलि ने अच्छे दर्शन के लिये सर्वार्पण कर दिया, जनक ने अच्छे दर्शन के लिये सदा प्रति दिन सन्त मुनिओं का सत्संग किया, मीरा ने अच्छे दर्शन के लिये सन्त में भगवान की सेवा की, गरुड नन्दी शेष आदि ने अच्छे दर्शन के लिये आत्मनिवेदन किया, इत्यादि स्वार्थ में फलतः परार्थ ही निज विज्ञान में दृष्ट होता हैं, दैवी चमत्कारी जनों का प्रकट होना ही समझ पूर्वक बड़े भारी कार्य के लिये होता है। समुद्र मथन समय में भगवान् मन्दराचल को धारणार्थ कच्छप हुए, देवों को अमृत पाने के लिये मोहिनी भी हुए, ब्रह्मा भगवान को पहचानने के लिये वत्सग्वाल बालकों का चोर हुआ, शिष्य विद्या प्राप्ति के लिये गुरु शुश्रूषा करते हैं, पत्नी सर्वस्वलाभ के लिये पति सेवा करती है, मुमुक्षुजीव स्वमोक्ष के लिये दीक्षित होते हैं, अज्ञान मिटाने के लिये विद्या पढ़ते हैं, कुसंग मिटाने के लिये सत्संग कराते हैं, दुर्व्यसन मिटाने के लिये उपदेश व आदेश देते हैं, निर्माननिर्मोहादि स्थिति के दर्शनार्थ दीक्षा चिह्न सहित विचरते हैं, परोपकार शिक्षण अनुवर्तन के लिये पालनग्रहणार्थ स्वयं पालते हैं, अन्य से पलवाते हैं, स्वयं निर्लिप्त निरीह रहते हैं अन्य को भी वैसा बनाते हैं। सन्तों का व्यवहार धर्माचरण विद्याचरण सन्न्यासाचरण वनविचरण निर्जननिवसन सज्जनसमागम दुर्जनपरित्यजन दुःस्वभावनिरसन दुष्कर्मपरित्यजन दोषपरिहरण सर्वसद्गुणसमाहरण राजसतामसपरिवर्तन सात्त्विकतासमादरण शमदमतितिक्षोपरमाभिलसन क्लेशद्वेष-विनाशन सुखानन्दविरतिसमरमण आदि आदि सद्गुण में ही होते हैं, सन्त की तनु विशाल ज्ञानमूर्तता में परिणत रहती है, सन्त की क्रियायें निष्काम निर्गुणता में ही होती हैं, सन्त का मानस साक्षि चैतन्य क्षेत्र में ही व्याप्त रहता है, सन्त का अहंभाव ब्रह्म में ही सफल होता रहता है, सन्त का चिन्तनमोक्ष-चिन्तनरूप ही होता है, सन्त की बुद्धि आत्मसन्त में पर्याप्त रहती है, सन्त की आत्मा परमात्मा में जूटी रहती है, सन्त स्वयं परसन्तस्वरूप में अपना दर्शन करते हैं, सभी तत्त्ववेत्ता विद्वान् इस प्रकार आविद्यक सांवरिक मायिक तत्त्वों को निजत्व में से मिटा कर ब्रह्मत्व में सटा देते हैं, मैं नहीं हूँ पर ब्रह्म है, मन नहीं हूँ ब्रह्म है, इन्द्रिय नहीं हूँ आत्मा है, शरीर नही हूँ ईश्वर विभूतियाँ हैं, तुम नहीं हो ओं है, यह वह नहीं हैं सती समष्टि है, बालपने के क्रीडन भाव श्रीकृष्ण में हैं, युवानपने के रमणभाव ब्रह्मशक्तियाँ में है, वृद्धपने के पराश्रय भाव परमात्मा में हैं, और विलीनभाव मुक्ति स्थिति में हैं, इस प्रकार का दर्शन सन्त के जीवन में सुदृढ ही वरतता है, जीवन में ऐसी ही स्थितियों के व फिरती अवस्थाओं के परात्ममिलित दर्शन करते हैं, दुराचारी आत्मा भी अनन्य भाग् होके यदि भगवान् को भजता है तो वह साधु आत्मा ही है क्योंकि साधु को जो करना चाहिए वह कर रहा है, जब आत्म दर्शन के ज्ञाता होके निज को देखने की दृष्टि वाला होता है तब पुण्य पापों को छोड़ कर सर्वत्र दिव्य स्वरूप परमात्मा को देखता हुआ मायिक दृष्टि से छूट गया व ब्रह्म स्वरूप में पहुँचता है। जीवन का फल क्षुद्र कामनाएँ नहीं है, वे कुटुम्ब को वफादार रहना समाज को अनुकूल रहना देश का अभ्युदय करना संस्कारों को यथोचित चलाना धार्मिक प्रणालियों को निभाना परोपकारी कार्य करते रहना निराश्रित दुःखिओं का दुःख मिटाना, अपेक्षित को देना, विद्या पढ़ना कलाएँ सीखना, होशियार होना, समूह को प्रिय होना, नीति को अनुसरना, गरीबों को मदद करना, दैवी कामकाज करना कराना, पाप दृष्टियां जहाँ जहाँ भासे वहाँ सर्वत्र पुण्य दृष्टियों की अनुकूलताएँ सजाना, अतिवृष्टि अनावृष्टि आदि इतियों में आश्रय देके लोगों को बचाना, कमाई में से खैरीयात करना, अनाथों को पोषना, अनाधारों को आधार देना, वचन दान में सत्य पालना, लालचू घूसखोर नहीं होना, परमार्थ में वृत्ति रखना, शोक मोह

ऊर्मिओं को जितना, उद्विग्न नहीं रहना, प्रसन्न मानस में विचरना, कार्यारम्भ में मौन रखना, कार्य फल में वावदूक होना, विभाग करके उपयोग लेना, बुरी वृत्तियों को मारना, अनाचरण में नहीं बहना, सदाचार में झेलना, ईश्वरीय तत्त्वों में आत्मवत् मित्रवत् निजीयवत् रहना, अज्ञान को हटाना, सुख-पुण्यशालि में मित्र दृष्टि करना दुःखी अपुण्य वाले में औदासीन्य या तो सुपुण्यानुग्रह करना, अनुपयुक्त के पीछे नहीं पड़ना। कबीर ने ब्रह्म में वाणी समर्पित किया वैसा करना, रामकृष्णपरमहंस ने ज्ञान समर्पण किया वैसा करना, ईशु ने देह समर्पण किया वैसा करना, श्रवण ने माँ बाप की सेवा की वैसा करना, रामचन्द्र ने पितृ वचन को वेद वाक्य माना वैसा करना, इन्द्रद्युम्न ने जगन्नाथ जी स्थापित किये हृदयमन्दिर में वैसा करना, भीलडी ने बेर दे दिये वैसा करना, रुक्मिणी स्वयं समर्पित हो गयी वैसा करना, सन्त का जीवन उक्त दर्शन में तृप्तिप्रद होना चाहिए। श्रीकृष्णवल्लभाचार्यस्वामी श्री अपने को छोटापन से ही शरीर में अनास्थ रहे, इन्द्रियों के वेग में नहीं बहे, मानस के प्रवाह में नहीं डूबे, अहंममता के संसार में नहीं चपके, अनात्मीयविज्ञान में नहीं घसड़ाये, परमात्मीय प्रकाश में आनन्द मानते थे, समझने लगे उम्मर लायक होने पहिले ही सन्तता ले ली, विरक्तता बढ़ने लगी, विद्या प्रियता उत्कृष्टा होने लगी, आत्मचिन्तन में चित्त नदी चलने लगी, परमात्मभक्तिसागर में श्रीसत्संग में श्रीवृष्टि किम्मती मोती उपजाने लगी, जो कुछ करते थे आध्यात्मिक का लक्ष्य नहीं चूकते थे, कुटुम्ब परिवार आसन अखाड़ा बखेड़ा देश परिचित जन भय सहाय आदि जन्मक्षेत्रीयभूमियों में छोड़कर दूर का काशी क्षेत्र में अविरत निवास किया विद्याएँ प्राप्त की, उजाला कमाया, अन्धेरा हटाया, चिन्तामणि मिलाया, भारत को अनेक ग्रन्थमणि समर्पित किया, जिनके उजाले अनेक संस्कारी चलकते हो जायँगे, श्रीस्वामीजी ने वैष्णव स्थिति होने पर भी अवधूत स्थिति का तिरस्कार नहीं किया है व्यवहार स्थिति में रहते हुए भी पारमार्थिक स्थिति में सदा स्नातक ही रहे हैं, निष्क्रियता गमती बात होने पर भी परोपकारी आत्मोपकारी देशोपकारी लोकोपकारी सक्रियता सतत चालू रखी है। अनेक उपकारों में निज जीवन समर्पित करते समय सार्थक कर लेते हैं, निज व्यक्तित्व साधुत्व योगित्व महापुरुषत्वं दैवित्व दर्शन में समागमी व्यक्तिओं को भी दिव्य कर्तव्य वफादारी जीवन-दर्शन कराते हैं। श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजीमहाराज जीवन दर्शन को भी दर्शनीय सन्त जीवनदर्शन के अभिनन्दन पात्र हैं।

पू० स्वामी श्री भारत के महान् तत्त्वचिन्तक

पं० कुमारदत्त कानडी, वेदमूर्ति महाचार्य

कोलंबो, सीलोन

भारत भूमि आध्यात्मिक तत्त्व चिन्तकों की सागरखनि है, कोने-कोने में तत्त्वचिन्तक जाग्रत रखते आये हैं, भारत में तत्त्वचिन्तक बत्तीस व्यास ईश्वराऽवतार हुए हैं, सभी ने परमेश्वर ईश्वर आत्मा माया तत्त्व सृष्टि ज्ञान साधन व मोक्ष का चिन्तन किया है, वैवस्वतमनु से लेकर आज दिन तक में माहेश्वर योगप्रदर्शित ३२ व्यास तत्त्वचिन्तक हुए हैं, हिमाचल के छागलशिखर में श्वेतायन व्यास हुये, इनके श्वेत शिख श्वेताश्व श्वेतलोहित नाम के वेदपारग चार शिष्य हुए थे। द्वितीय सत्यनामा व्यास प्रजापति के अवतार हुए, उनके दुन्दुभि शतरूप ऋचीक केतुमान् नामक चार शिष्य योगज्ञानी सनातन ब्रह्मज्ञानी हुए थे। तृतीय भार्गव नामक व्यास हुए, उनके विशोक विकेश विशाप शापनाशन नामक चार शिष्य योगी तत्त्व-चिन्तक हुए थे। चतुर्थ अंगिरा नामक व्यास हुए, उनके सुमुख दुर्मुख दुर्दम दुरतिक्रम नामक चार शिष्य हुए थे। पञ्चम सवितानामक व्यास हुए, उनके कंक राज्य में सन सनन्दन सनातन ऋभु सनत्कुमार तत्त्व-चिन्तक पाँच शिष्य हुए थे। षष्ठ लोकाक्षी नामक व्यास हुए, उनके सुधामा विरज शंख पाद्रव चार शिष्य हुए थे। सप्तम शतक्रतु विभुनामक व्यास हुए, जैगीषव्य ऋषि हुआ, और सारस्वत सुमेध वसुवाह सुवाहन चार तत्त्वचिन्तक शिष्य हुए थे। अष्टम वसिष्ठनामक व्यास हुए, तब कपिल आसुरि पञ्चशिख वाग्बली नाम के ध्यानी तत्त्व ज्ञानी शिष्य हुए थे। नवम सारस्वत नामक व्यास हुए, तब ऋषभ के अंश पराशर गार्ग्य भार्गव अंगिरा नाम के वेदपारग तपोबलोत्कृष्ट शापानुग्रहकोविद योगी तपस्वी ध्यानी तत्त्ववेत्ता चार शिष्य हुए थे। दशम त्रिधामा नामक व्यास हुए, भृगुशिखर में हिमगिरि में बलबन्धु निरमित्र केतुशृङ्ग तपोधन नामक ध्यानयोगी तत्त्वचिन्तक चार शिष्य हुए थे। एकादशम गंगाद्वार में तिष्ठद्व्यास हुए, उग्रा महर्षि, और लम्बोदर लम्ब लम्बाक्ष लम्बकेश नामक माहेश्वर तत्त्व योगचिन्तक चार शिष्य हुए थे। द्वादशम शततेजा कवि व्यास हुए, अत्रि महर्षि, तथा हैमकवन में भस्मयोगी सर्वज्ञ समबुद्धि साध्य सर्वज्ञ शिष्य हुए थे। त्रयोदशम धर्म स्वयं नारायण नामक व्यास हुए, वालि ऋषि, तथा गन्धमादन में वालखिल्याश्रम में तपोधन ऊर्ध्वरेता योगी सुधामा काश्यप विसिष्ठ विरजा नामक शिष्य हुए थे। चतुर्दशम सुरक्षपर्याय व्यास हुए, अंगिरावंश में गौतम तत्त्वचिन्तक हुए, गौतम वन में अत्रि उग्रतपा श्रावण स्रविष्ठक नामक शिष्य हुए थे। पञ्चदशम-आरुणि नामक व्यास हुए, तदा पारमेश्वर अस्त्रावतार वेदशिरा महर्षि हिमवत्पृष्ठ में वेदज्ञ महर्षि हुए, सरस्वती शिखर में कुणि कुणिबाहु कुशरीर कुनेत्रक नाम के तपसी शिष्य हुए थे, वे बसिष्ठ ऊर्ध्वरेतस तत्त्वचिन्तक थे। षोडशम संजय नामक व्यास हुए, गोकर्ण महर्षि गोकर्णवन में हुए, उनके काश्यप उशना च्यवन बृहस्पति नामक चार शिष्य तत्त्वचिन्तक हुए थे। सप्तदशम देवकृतञ्जय व्यास हुए, गुहावासी महर्षि हिमालय के महातुंग शिखर में हुए, उसका महालय सिद्धक्षेत्रारण्य नाम हुआ, वहाँ ब्रह्मज्ञ योगी महात्मा उतथ्य वामदेव महाकाल महालय नामक मुख्य तत्त्व-चिन्तक शिष्य हुए, उनके ध्यान साधक शतसाहस्र (एक लाख) ध्यानयुञ्जान योगी महेश्वरकृपापात्र हुए थे। शुद्धबुद्धि होने को महालय में जाने वाला एकईस पेढी को तारेगा। अष्टादशम ऋतञ्जय नामक व्यास हुए, हिमाचल के शिखण्डी शिखर में ऋषिसिद्धि निषेवित शिखण्डी शिखर में शिखण्डी नामक तत्त्व-

वेत्ता महर्षि हुए, उनके वाचस्रवा ऋचीक शावाश्व दृढव्रत नामक वेदपारग चार शिष्य हुए थे। एकोन-विंशम—भरद्वाज व्यास हुए, जटामाली महर्षि जटायुशिखर में हिमाचल में हुए, तब हिरण्यनामा कौशिल्य काक्षीवस कुथुमिनामक ऊर्ध्वरेता योगी ईश्वरशक्ति शिष्य हुए थे। विंशम—वाचःश्रवा व्यास हुए, अट्टहास महर्षि हुए, हिमाद्रिके सिद्धचारणसेवित अट्टहासशिखर में ध्यानी व्रती तत्त्ववेत्ता युक्तयोगी—सुमन्तु बर्बरी विद्वान् सुबन्धु कुशिकन्धर नामक शिष्य हुए थे। एकविंशम—वाचस्पति स्वयं व्यास हुए, देवदारुवन में दारुक महर्षि हुए, उनके प्लक्ष दाक्षायणि दाल्भ्य केतुमाली वक नामक शिष्य हुए थे, वे ऊर्धरेता महात्मा तत्त्वचिन्तक ध्यानी तपस्वी थे। द्वाविंशम—वाराणसी में शुक्लायन व्यास हुए, लांगली भीमक हलायुध वासव देवगण महर्षि हुए, उनके धार्मिक तुल्यार्चि मधुपिंगाक्ष श्वेतकेतु चित्रक आदि शिष्य हुए थे, वे ब्रह्मभूयिष्ठ ध्यानी थे। त्रयोविंशम—तृणबिन्दुनामा व्यास हुए, कालंजर पर्वत में श्वेतनामा महामुनि हुए, तदा ऊसिज बृहदुक्थ्य देवल कवि असित शिष्य हुए थे। चतुर्विंशम—ऋक्षनामक व्यास हुए, तदा नैमि-षारण्य में त्रिशूली ऋषि हुए, तपस्वी शालिहोत्र अग्निवेश्य युवनाश्व शरद्वसु नामक शिष्य हुए थे। पञ्च-विंशम—वासिष्ठ शक्ति व्यास हुए, तदा मुण्डीश्वर दण्डी कोटीश्वर नगर में ऋषि हुए, तब ऊर्ध्वरेतस छगल कुम्भकर्षा कुम्भक प्रवाहुक शिष्य तत्त्वज्ञानी थे। षड्विंशम—पराशर स्वयं व्यास हुए, पुण्य, रुद्रवट में सहिष्णु ऋषि हुए, तब धार्मिक उलूक वैद्युत शर्वक आश्वलायन शिष्य थे। सप्तविंशम—जातूकर्ण्य व्यास हुए, प्रभासक्षेत्र में सोमशर्मा ब्राह्मण तत्त्ववेत्ता हुआ, तदा अक्षपाद कणाद उलूक वत्स विमलबुद्धि तत्त्व-चिन्तक हुए थे। अष्टाविंशम—पराशरसुत स्वयं विष्णु द्वैपायन व्यास हुए, वासुदेव परमपुरुष कृष्ण भगवान् तत्त्ववेत्ता हुए, मेरुगुहा में नकुली महर्षि हुए, लकुली आदि तत्त्ववेत्ता हुए, तदा कायारोहण क्षेत्र में तपस्वी योगी वेदपारग ऊर्ध्वशीली कुशिक गार्ग्य मित्रक रुष्ट आदि महर्षि हुए थे, स्मृति इतिहास के धर्म विभाग कर्ता महर्षि हुए थे। जैमिनि रोमहर्षण पतञ्जलि वैशम्पायन आदि-आदि शिष्य हुए थे। इन्होंने अनेक प्रकार की वेदविद्याएँ प्रकट की थीं, ब्रह्मविद्याएँ प्रकट की थीं, व्यवहार विद्याएँ तथा मोक्ष विद्याएँ आन्वीक्षिकी विद्याएँ भी प्रकट की थीं, कपिल जी ने सांख्यविद्या प्रकट की श्रीविज्ञानभिक्षु वाचस्पति आदिक ने उनपर विचार किये टीकायें भाष्य लिखें, पंचशिख आसुरि ईश्वरकृष्ण आदिक ने षष्टितन्त्र लिखे, श्रीकृष्ण वल्लभाचार्यजी ने सांख्यपर स्वतन्त्र भाष्य लिखा वाचस्पत्यपर किरणावली लिखी माठर भाष्य पर किरण लिखा, महाभारत का सांख्य निराकार अद्वैतभरा है अविद्या मिटाने का बताते हैं, जब कापिलसांख्य मायापुरुष दोनों को बताते हैं साकार सत्ख्याति सत्कार्य बताते हैं, स्वरूप ख्याति कैवल्य साधन है स्वरूप स्थिति कैवल्य बताते हैं। श्रीकृष्ण वल्लभाचार्य जी ने ईश्वराऽसिद्धेः' 'तदसिद्धेः' 'उपा-सात्रैविध्यादि'त्यादि द्वारा सत्साकार प्राप्य ईश्वरसिद्धि तरफ तत्त्वचिन्तन किया है सेश्वरसांख्यवाद स्थापित किया है। योग दर्शन में पतञ्जलि ने अथवा में चित्तवृत्ति निरोध रक्खा, ईश्वरप्रणिधान भी रक्खा, पुरुषविशेष परमगुरु परमेश्वर जरूर रक्खा, सत्ख्याति समाधि तक साधन तत्त्वसाक्षात्कार मायासंयोग से मुकाना मुक्त होना कैवल्य में रहना जरूर लिखा, स्वरूप प्रतिष्ठा चितिशक्ति मोक्षप्रतिष्ठा कहा। श्रीकृष्ण वल्लभाचार्यजी ने परकायप्रवेशहेतु से परमानसप्रवेशहेतु से सर्व भिन्न तत्त्वों में संयमहेतु से सिद्धियाँ सार्वज्ञ्यादि प्राप्ति के सिद्धान्त से संसारप्रदमायासंगत मोटता है तो मायासंयोग की जगह परमेश्वरप्रणिधानसंयोग दाखल होता ही है रहता ही हैं, व्यापक द्रव्य को संयुक्त पने में रहते होने पर भी संसार नहीं हैं हेयं हेयसाधनं हानं हानसाधनं में हानं मोक्ष मील गया तो दुःख का अहेतु ईश्वरप्रणिधान व्याप्त संयोग हेयसाधन तो है नहीं ईश्वर प्राप्ति अहेय में अर्थात समाविष्ट हो जाती है तो कालेन अनवच्छेद्यगुरुत्ववाले ईश्वर सगुण सदा शाश्वत एक तत्त्व स्वीकार ही कर लिया तो योगशास्त्र अन्य आत्माओं में सार्वज्ञ्य होना ईश्वरान्वितता होना कैसे सिद्धान्तित नहीं हो सकता, प्रणिधान में आत्मविशिष्ट ईश्वर होते ही है तो

अनुयोगी प्रतियोगी रूप में दोनों का वैशिष्ट्य कहाँ से हठेगा, अतः आत्माओं को ईश्वरसमर्पण में अन्य उपबृंहणो से सत् सगुण साकार सोपासन सेवा सार्वज्ञ्य ध्यानादि भरी मुक्ति कैसे अस्वीकृत हो ? । जब नित्य सर्वज्ञ सगुण दिव्य परमपुरुष साकार स्वीकृत कर लिया तो उनके प्रणिधान से दृश्यसंयोगत्याग मात्र छोटे फल में क्यों चीपके रहना, बड़े फल में तो पहूँच ही गये । इत्यादि योगदर्शन पर भाष्य में सगुणसाकार दिव्यमूर्ति परमात्मा का धारणा ध्यान समाधि से मुक्ति परमात्म प्राप्ति मुक्ति पर तत्त्व विचार किया है । मीमांसा में कर्मकाण्ड से स्वर्ग शाश्वतस्वर्ग भी प्राप्त करते हैं, देवताओं में फल प्रदाता विष्णु व्यापक भगवान है तो अर्थात् प्रभु की ही कर्मकाण्डी उपासना पर्यवसित हो गई, नारायण बलि अन्य श्राद्ध आदि में परमेश्वर का आधार लेना ही पड़ता है, यज्ञमूर्ति नारायण का पूजन करना ही पड़ता है, शब्दब्रह्म पर-ब्रह्मार्थ का बोधक है, अंगो से अंगी ग्राह्य ही है, तो अंगी में पहूँचना अंगी का उपासन करना अन्ततः शाश्वत स्वर्ग में अंगिपास जाना उत्तम फल सिद्ध हो ही जाता है इस प्रकार तत्त्वचिन्ता स्वामी जी ने मीमांसा के सिद्धान्त यथावत् प्रतिपादन करते हुए मीमांसकीय प्रकट होता मर्मीय तत्त्व सिद्धान्त स्वीय मीमांसा लेखन में किये हैं । वेदान्तों में उपनिषदो में पुराणों में तो परमात्मा भरे पड़े हैं, कोई नहीं हटा सकते । न्याय वैशेषिक में परमात्मा स्वीकृत सर्वज्ञ सर्वकर्ता सर्वकृतिमान सर्वेच्छावान् सर्वेक्षणवान् सगुण साकार स्वीकृत ही हैं, उपबृंहणों से ब्रह्मलोक में ही मानना अन्यत्र शक्त्या वा महत्परिमाणवत्तया स्वीकारना तब सार्वज्ञ्यसहित को सशरीर भी स्वीकार ना स्वीय सावच्छेद्यमूर्ति सर्वान्वयी तथापि व्यतिरेकी स्वतन्त्र मूर्ति स्वीकारना आदि-आदि पर वार-वार बहुत विचार श्रीस्वामी जी ने अपने ग्रन्थों में न्याय आन्वीक्षिकी में तर्क मै किये हैं, अधिक नये-नये ज्ञानविषय उपयुक्त तत्त्व भी विवेचित किये हैं, शक्ति आदि के पर बहुत विचार किया है । अधिक प्रमाण अधिक गुण अधिक ऐश्वर्य आदि-आदि तत्त्व विचार ठीक-ठीक उपयुक्त किया है, एक अच्छे दार्शनिक नैयायिक स्वामीजीने जहाँ-जहां कलम चलायी वहाँ-वहाँ तर्कित पदार्थ विषय में लेके जाति निग्रह भी प्रयुक्त किये हैं, शुद्ध ब्रह्म अविद्या में अज्ञान से ईश्वर जीव रूप मिथ्या अभिलाप्य हुआ तो उपासना से ज्ञान से वाक्य बोध से ब्रह्मस्वरूप खूल गया फिर 'न पुनरा-, वर्तते' इस की नित्यता कैसे रहेगी, फिर से शुद्ध को अविद्या में ईश्वरजीवता मिथ्यात्वपना क्यों न होगा शुद्ध की तरह अशुद्धानन्तर शुद्ध का वही हालत में कोई प्रतिबन्धक तो नहीं होगा, पूर्व सिद्ध में प्रतिबन्धक न रहा तो पश्चात् सिद्ध में कौनसा प्रतिबन्धक रहेगा ? स्वेतर हाजिर रहेगा ?, सिद्ध शिला में भारहीन आत्मा उड़ते ही जायगा तो उड़ते-उड़ते भारहीन शिला को कभी न कभी उल्लंघन करेगा ही तब भारवाली दशा में घूसना ही पड़ेगा, भारहीन को स्थैर्य है नहीं, यदि स्थैर्य है तो सिद्ध शिलावाले उपदेष्टा भी इधर नहीं आने चाहिए, अस्थिरता का साधन वा प्रयोजक वहाँ कोई भी नहीं है, वहाँ नित्यशाश्वत स्थिर वही यहाँ अनित्य अशाश्वत अस्थिर यह विभिन्न पक्ष एक के उपर लगाने से सप्तभंगी सभी को लगती है तो वहाँ सिद्ध शिलावाले को त्रिभंगी नवभंगी अष्टमभंगी वा क्यों न लगेगी, स्वेतर में दूर-दूर में जो भंगी लगासकते हैं वही भंगी अतिदूर में भी लगा सकेंगे, सीमा में जो भंगी का अवरोध करेगा उस पर भी भंगी तो लगेगी, शिव का वरदान भस्मासुर होने का अपने माथे पर भी लग गया, विमलविज्ञानोदय वाले के माथे पर क्या भंगी न लगेगी मुख में लगती है भंगी बोलती है माथे लगने का स्वभाववाली है तो वही परमस्तक पर की तरह वक्ता के मस्तक पर भी लगेगी, सो तो ठीक मगर भंगीन्याय स्वन्याय के मत्थे पर भी लगेगा यदि ऐसा होगा तो सभी निर्भय हो गया, स्थिर नित्य शाश्वत साबीत हो जाता है इत्यादि तत्त्व विचार बहुत से दर्शनों पर किये हैं । इस प्रकार नव्यन्याय में भी तर्क की छूटछाट रहने से खूब टीकाओं में विचार किये हैं, तत्त्वप्रभावली, ब्रह्मरसायन भाष्य, सत्संग भाष्य, सांख्ययोग भाष्य

तत्त्व मुक्तावलीय किरणावली आदि-आदि में श्रीस्वामीजी ने तत्त्वविचार करके भारत के देव बने हुए हैं भारत के सैकड़ों भारतीयविद्वों के विकास के कारीगर भी भारतभाता के सुयोग्य बालक स्वामी श्रीकृष्ण-तत्त्वभावाद्यजी आज धुरन्धर विद्वान् विजय पा रहे हैं। अधिक कहना आस्वाद देना हो है भाषर बुद्धि में विशेष बुद्धि मिलने से शं 'शान्ति विराम स्वयम् आ मिलता है। श्री स्वामीजी सर्वज्ञकार के अभिनन्दन के शोध विद्वान् है, कि कहना ? आप का विजय हो ॥

स्वामीश्री का व्याकरण काव्य धर्मशास्त्र न्याय वेदान्त सांख्य योग मीमांसा पुराण साहित्य आदि में पूर्णपाण्डित्य

वेदगु संस्कृतपालीप्राचार्य लामा—अमिताभचोंखापा चांगसे

चीन

पण्डितवर्य श्रीस्वामिमहोदयमण्डलीश्वराणां ग्रथितप्रबन्धा अवलोक्यन्ते विमृश्यन्ते, वाच्यन्तेऽध्याप्यन्ते चापि, तत्र तत्र तत्तच्छास्त्रीयपदार्थानां नवीनाऽभिनवनव्यानां प्रत्यग्राणां प्राविष्कारा उपलभ्यन्ते, प्रहृष्यामि कारम्बारं विमृश्य तत्तत्त्वानि, सारस्वते सिद्धान्तकौमुद्यां तद्भाष्ये च पूर्णं पाण्डित्यम्, लेखन प्रयोगैर्निश्चितं भवति, अथाऽपि न्यायशास्त्रं तु कवलीकृतं पाचितमिव विलोक्यते, यत्राऽसंख्या आविष्कारा विद्यन्ते, तर्काणां पारो नास्ति, टीकाभाष्यग्रन्थाः स्वामिमहोदयानां सत्तर्कधाराः पूर्वपश्चिमपक्षाश्रया निर्णयेषु विलक्षणसमाधानमूर्तयोऽवलोक्यन्ते, वेदान्तस्य बहव आचार्याः, सर्वेषां सिद्धान्तज्ञा इमे पाण्डित्यसागराः विद्यन्ते, केवलाद्वैतविशिष्टाद्वैतशक्तिविशिष्टाद्वैतविशिष्टब्रह्माऽद्वैतशुद्धाद्वैतद्वैताद्वैतद्वैतसिद्धान्तव्याख्यातारो भवन्ति स्वामिवर्याः, सांख्ये योगे च शास्त्रे भाष्यकर्तारोऽपि च विशदटीकारचयितारो भवन्ति प्रच्छन्नतत्त्वाविष्कारविद्वत्त्वपरिपूर्णाः सन्ति, मीमांसाशास्त्रं वाक्यार्थनिर्णये गहनतममपि स्वामिभिः शाब्दनिष्णातैर्व्याख्याभिः सरलीकृतम्, मीमांसका अपि नूत्नमिव स्वीकुर्वन्ति, काण्डज्ञा मन्त्रज्ञा अनुष्ठानज्ञास्तत्त्वज्ञाश्च वर्तन्ते, धर्मशास्त्राणां बहुविधप्रणालीभिरप्यधीतमिव सर्वं धर्मशास्त्रं श्रीस्वामिभिः क्रोडीकृतम्, श्रीसत्संगभाष्याद्यैरपि विप्रतिपत्तयस्तु जिह्वाग्रनर्तका इव स्वामिमहोदयानां विद्यन्ते, ख्यातयस्तु प्रदीपा इव, प्रामाण्यं तु प्रकाश इव, तत्त्वानि तु शरीरमिवैषां विद्वत्सार्वभौमानां विद्यन्ते, साहित्यविभागे धुरन्धराः, छन्दोभागे रचनेश्वराः, पुराणव्याख्यासु व्यासोत्तमाः नवीना व्यासवतारा महासंहिताकर्तारो नेश्वरन्यूना इति सर्वथा सर्वोत्तमाऽभिनन्दनार्हा भवन्ति, चिरं जीवन्तु शास्त्राणि रचयन्तु, जगदुपकारं कुर्वन्तु, माद्दशानां कल्याणं चिन्तयन्तु, इति सोत्साहमात्मनि संस्मरन्नभिवादयामि।

भारतीय दर्शन के युगप्रतिनिधि-स्वामी श्रीकृष्णवल्लभाचार्य जी

ज्ञानप्रकाशदासशास्त्री, वेदान्ताचार्य एम० ए०

गढडा स्वामिनारायण, जि० भावनगर, (गुजरात)

भारतीय दर्शन के महाकाश में असंख्य ऋषि-मुनि, सूत्रकार, वृत्तिकार, भाष्यकार और व्याख्याता जैसे महान् ज्योतिर्धर महापुरुषों की एक दीर्घ परम्परा देदीप्यमान चली आ रही है। प्रत्येक युग में कोई-न-कोई एक ऐसे महापुरुष का आविर्भाव इस भारतवर्ष में होता ही रहा है, जो कि उज्ज्वल लम्बी परम्परा के वर्तमान प्रतिनिधि माने गये हो। युग के वर्तमान प्रतिनिधि वे ही महापुरुष हैं जो कि अपने पूर्वाचार्यों से प्राप्त ज्ञान के साथ, जीवन भर की आध्यात्मिक साधनाओं के द्वारा अनुभूत विज्ञान को भी उसी परम्परा में अपनी लेखनी के द्वारा प्रकट करते हैं। स्वामी श्रीकृष्णवल्लभाचार्य जी भी आज भारतीय दर्शन के एक ऐसे ही युगप्रतिनिधि महापुरुष हैं।

इन्होंने दर्शन शास्त्र रूप विशाल वटवृक्ष की विद्यमान और विराजमान अनेक महाशाखाओं का लोकभोग्य दृष्टि से सुदृढ़ विकास किया है और उस विकास में ही कई ऐसे प्ररोहों को जन्म भी दिया कि जिनके आधार पर अनेक व्युत्पित्सुओं ने निःसन्देह होकर नयी दिशा प्राप्त की है। ज्ञान वैभव-सम्पन्न गुरुजनों के पास अपने निवास के समय से लेकर आज तक ये जो कुछ भी अपनी प्रज्ञा में प्रकर्ष लाते गये हैं, शीघ्र ही उस प्रकृष्ट प्रज्ञारूप सूर्य की किरणावली को विस्तृत, सरल एवं सुस्पष्ट शास्त्रीय व्याख्याओं के रूप में निबद्ध करके प्रकाशित करते गये हैं। मात्र व्याख्याएँ ही नहीं, अपितु सतत चिन्तन तथा अविरल महान् परिश्रम करके अनुपम, अद्भुत एवं अपूर्व अनेक महान् विशालकाय ग्रन्थ भी इन्होंने लिखे हैं।

इन्होंने न्याय-वैशेषिक, सांख्य-योग और पूर्वोत्तरमीमांसा के अतिरिक्त भगवान् श्रीस्वामिनारायण के वचनामृतों एवं भगवान् श्रीस्वामिनारायण के समकालीन महान् विभूतिस्वरूप सन्तों के उपदेशामृतों को हृदयङ्गम करके उन सभी के रहस्यार्थों को स्वरचित ग्रन्थों में सुस्पष्टतया समझाने का कार्य भी नितान्त प्रशंसनीय किया है और प्रत्येक ग्रन्थ में प्रसङ्ग प्राप्त विषयों के विरेचन के समय अपनी प्रज्ञा से नवीनता की ओर विशेष ध्यान भी खींचते रहे हैं।

इन्होंने साक्षात् या परम्परया, प्रसिद्ध पूर्वाचार्यों के महत्त्वपूर्ण दार्शनिक सिद्धान्तों के अध्ययन द्वारा जो असाधारण विचार प्रकट किये हैं, उनकी ओर दृष्टिपात करते समय सर्वप्रथम हमारा ध्यान न्यायदर्शन की ओर जाता है। न्याय के प्रति सहज पक्षपात होने के कारण इन्होंने न्याय-वैशेषिक दर्शन में प्रविविक्षु छात्रों के हित के लिए तर्क संग्रह और न्यायसिद्धान्त मुक्तावली, दोनों ग्रन्थों की सरल एवं सुस्पष्ट विषयार्थदर्शिनी किरणावली नामक एक सुन्दर टीका लिखी है।

न्यायसिद्धान्त मुक्तावली की किरणावली टीका का सम्पूर्ण तथा अवलोकन करके पठन-पाठन में भी उसको उपयोग में लेनेवाले धुरन्धर नैयायिकों से मुक्तकण्ठ इसकी प्रशंसा सुनी जाती है। उनका कहना है कि मद्रास वाली प्रभा टीका से भी किरणावली में विशेष स्थलों पर नये-नये पूर्वपक्ष और उत्तरपक्ष आदि पदार्थ अतीव बुद्धि-प्रतिभा से प्रतिपादित हुए हैं और न्याय के छात्रों के लिए तो यह किरणावली

वरदान के समान सिद्ध हुई है। काशी के सुप्रसिद्ध विद्वान् सुब्रह्मण्य शास्त्री ने एक सभा प्रसंग में स्वामीजी से कहा था कि यह किरणावली टीका तो पढ़ाते समय विद्वान् अध्यापकों के लिए भी परम उपयोगी सिद्ध हुई है। इसके प्रकाशन के कुछ समय बाद तिरुपति के प्रसिद्ध विद्वान् वीरराघवाचार्यजी ने भी स्वतः एक पत्र लिखकर कहा था कि अत्यन्त अपूर्व रूप से कई विषयों का स्पष्टीकरण करने वाली यह किरणावली अच्छे विद्वानों के लिए भी मनन करने लायक है।

इस किरणावली के कुछ विषयों पर ही यहाँ हम स्वामीजी की नवीन दृष्टि का उल्लेख करेंगे। उनका कहना है कि—'क्षित्यङ्कुरादिकं सकर्तृकम्' इस अनुमान से ईश्वर में सकर्तृकत्व की सिद्धि के लिए यदि हम पक्षरूप में क्षिति, अंकुर और आदि, इन तीनों पदों से एक व्यक्ति का ग्रहण करेंगे तो पक्षतावच्छेदक में और पक्षतावच्छेदकावच्छिन्नमें सिद्ध साधन आदि दोष होंगे, यदि उसकी निवृत्ति के लिए सामान्यतः कार्यकारण भाव को अपेक्षित मानकर इष्ट सिद्ध करेंगे तो कार्यकारणभाव में गौरव, निश्चित प्रमाणाभाव, और अनुकूल तर्कराहित्य आदि दोष उपस्थित होते हैं, अतः इन सब से बचने के लिए वहाँ पर अभिव्यङ्ग्य घटात्मक व्यक्ति विशेष को पक्ष लेकर कुलालरूप में घटसाधक ईश्वरसिद्धि पर विचार किया गया है। और मेघपक्षक अनुमान लेते हुए ईश्वर सिद्धि का अनुसरण किया है। वैसे ही साध्यविषय में ज्ञान, चिकीर्षा, कृति, प्रत्येक के जन्यत्व को प्रसिद्ध रूप से स्फुट किया गया है। हेतु में स्वरूपेण सर्वानुगत कार्यत्व को लेकर साध्यसिद्धि पर फलित अनुमान दर्शाया गया है। विशेष रूप से तो उदयानाचार्य की—'कार्यायोजनधृत्यादेः पदात् प्रत्ययतः श्रुतेः। वाक्यात् संख्याविशेषाच्च साध्यो विश्वविदव्ययः॥ (न्या० कु० ५।१) कर्मर का पर विस्तृत विवेचन करके ईश्वर को प्रमात्मक परिशेषानुमान से प्रमिति विषय किया गया है।'

इसी तरह आत्मवाद में इन्होंने विभिन्न प्रस्थानवादी मतों की ओर संकेत करते हुए विशिष्टाद्वैतानुसारी स्वामिनारायण सम्प्रदाय के सिद्धान्तों को भी उल्लिखित किया है। आगे ज्ञानप्रामाण्य के अवसर पर मतमतान्तरों को खूब चर्चा विषय में लेकर स्वामीजीने न्याय के अभिप्रायों को न्याय सिद्धान्तानुसार किया है।

इसके अतिरिक्त व्यतिरेक व्याप्ति के विषय में स्वामीजी का कहना है कि व्यतिरेक व्याप्ति विपक्ष विषय में स्वयं अन्वयव्याप्ति ही है क्योंकि वह अन्वयव्याप्ति के गर्भ में पदार्थ रूप में अवस्थित है। व्याप्ति ज्ञान स्वयं व्यतिरेकि स्वरूप नहीं है। यह बात भी न्याय सिद्धान्त मुक्तावली किरणावली में ही है।

प्रमाणों की संख्या के विषय में स्वामीजी का कहना है कि दार्शनिकोंने गौरव और लाघव को मुख्य मान कर संख्याविषयक न्यूनाधिक भेदों को अङ्गीकार किया है, किन्तु सभी प्रमाणों से सभी शरीरधारियों के किसी-न-किसी प्रमाण को उपयुक्त मानकर व्यवहार किया जाता है। मूकप्राणी केवल चेष्टा से, बालक को ऐतिह्य आदि से अनभिज्ञ को अनुपपत्ति प्रयोगानन्तर विपरीत सिद्धिरूप अर्थापत्ति आदि से, प्रायः दूरदेशीय वस्तुओं में अनुमान से साजात्य सादृगुण्यादि के सहारे व्यवहार किया जाता है। इसलिए जहाँ जिसकी मुख्य उपस्थिति का बोध होता है वहाँ उसी को मुख्य प्रमाण के रूप में स्वीकार करना चाहिए। अतः इनका कहना है कि सभी प्रमाणों का प्रामाण्य अनिवार्य है। ऐसे अनेक विषय हैं, जिनपर स्वामीजी ने बहुत कुछ लिखा है। अब यहाँ हम ग्रन्थों के नाम के साथ उन विशेष विषयों का परिचय संक्षेप में देने का प्रयत्न करेंगे।

प्रमात्व-प्रमात्व के बारे में भी विशाल विचार धाराएँ बह रही हैं, जिन पर वैज्ञानिक आगे बढ़ रहे हैं। व्यक्ति का ज्ञान परिच्छिन्न होने से अनेक प्रकार के निज ज्ञानों में याथार्थ्य का अवभास नहीं

होता है अथवा ज्ञान पर ज्ञान प्रेरने पर भी पूर्वज्ञान का स्वरूप किसी-न-किसी रूप में अविदित रह जाता है। इस स्थिति में अप्रमात्व को मानना पड़ता है। इस विचार पर स्वामीजी का मन्तव्य है कि अनेक शास्त्रों में स्थित इन विषयों के अध्ययन के बाद जब सभी की ज्ञान के आधार पर प्रमात्व को पकड़कर ही प्रवृत्ति होती है, तो इससे निर्णीत हो जाता है कि ज्ञान में प्रामाण्य तो है ही, विषय की उपलब्धि या अनुपलब्धि ज्ञान के प्रामाण्य को निश्चित करने वाली नहीं है। जितनी भ्रांन्तियाँ, मिथ्याज्ञान, विपर्यय, विकल्प, स्वप्न आदि में तद्रूप होकर चैतन्य को जोड देने पर ज्ञानस्वरूप को जब अवगत करते है तो यावत् अपेक्षित प्रमात्व ही मिलता है इस पर कई दृष्टान्त देते हुए स्वामीजी ने प्रमात्व विमर्शनामक स्वतन्त्र ग्रन्थ ही लिख दिया है।

ख्याति-ज्ञान स्वयं अपने स्वरूप में प्रमात्मक है कि भ्रमात्मक ? इस विचार को जो ख्यापन करता है उसी की दर्शन शास्त्र में ख्याति नाम से प्रसिद्धि है। भारतीय दर्शन में प्रत्येक दार्शनिकों ने अपने-अपने ढंग से ख्याति पर विशेष विचार किया है। स्वामीजी ने तत्त्व प्रभावशाली में ख्याति के स्वरूप का लक्षण परिष्कार करते समय लगभग ३५-४० आचार्यों के सिद्धान्तों को अपने दृष्टि पथ में रखा है। इन ख्यातियों में भगवद्रामानुजाचार्य ने श्रीभाष्य में जो सत्ख्याति नाम से अपने मन्तव्य को भार पूर्वक प्रस्तुत किया है और इस पर परवर्ती आचार्य श्रीवेदान्तदेशिक ने न्याय परिशुद्धि में विवेचन करते हुए जो कहा है कि 'स्वारस्यं त्वन्यथा ख्यातावख्यातौ लाघवं स्थितम्' स्वारस्य अन्यथा ख्याति में है और अख्याति को स्वीकारने में लाघव है, सत्ख्याति, अन्यथा ख्याति और अख्याति इन तीनों को स्वामिनारायण सिद्धान्त में सत्समुच्चयख्याति के रूप में फलित बताया है।

स्वामिनारायण सम्प्रदाय में २६२ तरंगो के वैभव से सम्पन्न श्रीहरिवाक्य सुधासिन्धु नामक एक विशालकाय ग्रन्थ, जो कि भगवान् श्रीस्वामिनारायण का उपदेशामृत रूप है, उसके सारमय रहस्यार्थों को नवनीत की तरह खींचकर के स्वामी जी ने २२५० दो हाजर दो सौ पचास 'परब्रह्म सूत्रों' की रचना की है। ये सूत्र और 'हरिवाक्य सुधासिन्धु' इन दोनों के विवेचन में लगभग ५००० पाँच हजार 'फुलिसकेप' पृष्ठों पर 'ब्रह्म रसायन भाष्य' नामक एक नवीन भाष्य की रचना भी की है, जो कि व्याकरण महाभाष्य की तरह अपने विषय के गौरव को बढ़ा रहा है। यह ग्रन्थ रत्न आध्यात्मिक विचारों का एकमेव अमूल्य निधि है। इसमें विशिष्टाद्वैत तथा विशिष्टब्रह्माद्वैत और सत्ख्याति तथा सत्समुच्चय ख्याति, इन सबको संग्रहीत रूप में लेकर अद्वैत, शुद्धाद्वैत, द्वैत, शब्दब्रह्मवाद, प्रकृतिकारणवाद, ईश्वरीयव्यवस्थावाद, विभिन्न वैष्णवमत, शैव और शाक्त आदि अनेक विचारधाराओं पर समीक्षा करते हुए भगवान् श्रीस्वामिनारायण के श्रीमुख से निःसृत अभिप्रायों को प्रस्फुट किया है। इस महाभाष्य में सर्वत्र प्रत्येक तरङ्गों के प्रामाण्य पर भी विचार किया गया है।

भगवान् स्वामिनारायण के अपने उपदेशों में जीव, ईश्वर, माया, ब्रह्म और परब्रह्म, ये पाँच भेद अनादि हैं ऐसा प्रतिपादन हुआ है। स्वामी जी ने विशिष्टाद्वैत सिद्धान्त को ध्यान में रखते हुए इस पाँच भेद वाले सिद्धान्त की पुष्टि के लिए वेदान्त वाक्यों में इन पाँच तत्त्वों के स्थान को निश्चित करके श्रुतितात्पर्यनिर्णय नामक एक गम्भीर ग्रन्थ की रचना की है, जिसमें ब्रह्म और परब्रह्म तत्त्वों को पृथक् ही दिखाकर विशिष्टब्रह्माद्वैत सिद्धान्त का विशेष रूप से स्वतन्त्रतया स्थापन किया है।

श्रुतितात्पर्य निर्णय की तरह ही विशेष तत्त्वों का प्रतिपादन करने वाला सूत्रात्मक 'स्वामिनारायण दर्शन' नामक एक ग्रन्थ भी स्वामी जी की कृति है। इस दर्शन को षड् दर्शन की तरह ही सातवाँ दर्शन भी कहा जा सकता है। इस पर एक कल्याणी वृत्ति भी स्वामी जी ने ही लिखी है। इसके अतिरिक्त

स्वामी जी ने सर्व साक्षात् और साक्षात्प्रमाणाधीन सर्वसिद्धि को ध्यान में रखकर एक ऐसा सिद्धान्त बताया है कि जिसमें विविध प्रकार के साक्षात् विषयताशून्य कोई भी पदार्थ नहीं है, यह बताया गया है। इस सिद्धान्त से विराजित यह रचना ५० पृष्ठों पर कल्याणीवृत्तिसहित 'साक्षात्कार सूत्राणि' के नाम से है, जो अभी अप्रकाशित ही है। इसमें प्रमाणमात्र को साक्षात् में प्रविष्ट कराते हुए सर्वसाक्षात् भी सिद्धि की गई है।

तत्त्व प्रभावली—स्वामी जी ने नव्यन्याय के आकार ग्रन्थ के रूप मे विख्यात गंगेशोपाध्याय के 'तत्त्वचिन्तामणि' की शैली में एक अद्भुत् और अपूर्व 'तत्त्वप्रभावली नामक महान् ग्रन्थ की रचना अतीव गौरवपूर्ण की है। सात सौ अस्सी कारिकाओं में लिखित इस ग्रन्थ के प्रमेय, प्रमाण, प्रमिति और प्रमाता ये चार खण्ड है और पदार्थ, पदार्थसाधर्म्य, द्रव्य, गुण, तद्गुण, ज्ञान, तर्क, नवप्रमाण, विप्रतिपत्तियाँ अनुमान, शब्द, प्रमिति, प्रमाता तथा पञ्चतत्त्व, इन विषयों के नाम से चौदह परिच्छेद हैं। इस ग्रन्थ में विषयोपन्यास एवं विवेचनशैली इतनी भावगर्भित तथा समृद्ध है कि जिसको देखकर बड़े-बड़े विद्वान् भी आश्चर्यचकित रह जाते हैं। विशिष्टाद्वैत सिद्धान्तानुसारी स्वामिनारायण सम्प्रदाय के पदार्थों का न्याय की दृष्टि से निरूपण इस ग्रन्थ में अत्यन्त नवीन रूप से हुआ है। इसके बारे में जब खुद स्वामी जी से ही पूछा गया तो उन्होंने 'विशिष्टं न्यायदर्शनम्' कहकर के इसका परिचय दिया था। इस तत्त्वप्रभावली ग्रन्थ पर, कारिकावली पर न्यायसिद्धान्त मुक्तावली और तत्त्वमुक्ताकलाय पर सर्वार्थसिद्धि की तरह स्वामी जी की एक सर्वोत्तम स्वोपज्ञ व्याख्या है जो कि इसके महत्त्व को सर्वोच्च शिखर तक पहुंचा देती है।

विप्रतिपत्तियां—अविद्या से व्याप्त इस संसार में स्थित आध्यात्मिक दृष्टि से पहुँचे हुए व्यक्ति भी अविद्या से परे परमेश्वर के स्वरूप का निरूपण करते समय कई बातों में विभ्रान्त जैसे देखे जाते हैं। इसीलिए जब भारतीय मनीषिगण उस भ्रान्तिमय ज्ञान के कालुष्य को दूर करके निर्भ्रान्त, निर्दोष और सत्यस्वरूप ईश्वर तत्त्व को बुद्धिगत करने के लिए परिषद् के रूप में एकत्र होकर अपने-अपने मन्तव्यों को वाक्यबद्ध करके प्रस्तुत करते हैं तब उनके मन्तव्यों में दो पक्ष रहते हैं, एक विधि और दूसरा निषेध। परिषद् के प्रत्येक व्यक्ति उस विधि पक्ष में अपनी-अपनी विप्रतिपत्तियों को रखते हैं। भारतीय प्राचीन वाङ्मय में, खास करके व्याकरण, मीमांसा और न्यायदर्शन में पद, वाक्य और प्रमाणों पर ऐसे अनेक विचार हुए है। इन विचारों के द्वारा निर्दोष एवं परिशुद्ध तत्त्वावगम को प्राप्त करानेवाली परिषदों या शास्त्रार्थसभाओं का होना आवश्यक और प्रसिद्ध राजमार्ग सा हो गया है।

किसी भी विषय के बारे में विप्रतिपत्तियों के उपन्यास के अनन्तर निर्णयार्थ बैठने वाली विद्वत्समिति तात्पर्यनिर्णय के लिए प्रतिज्ञापूर्वक उपक्रमोपसंहारादि विमर्शविषयवों को साधन के रूप में प्रयुक्त करती है। समिति के प्रत्येक व्यक्ति उस विषय से सम्बद्ध अपने-अपने न्यायों का प्रयोग करते हैं और बीच-बीच में प्रत्यवस्थान भी करते हैं। इसी सिलसिले में विद्वान् लोग वादि प्रतिवादियों के प्रश्नोत्तर एवं षट्पक्षीय कथाओं के द्वारा तत्त्वनिर्णय रूप फल को उद्घोषित करके शास्त्रार्थ को समाप्त करते हैं। इसमें विप्रतिपत्तियों के अनन्तर जो पक्ष प्रामाणिक एवं बलवत्तर सिद्ध होता है वही विधि पक्ष माना जाता है और जो पक्ष प्रमाणों से और तर्कों से पराहत होकर विप्रतिपत्तियों का समाधान नहीं दे सकता वही निषेध पक्ष सिद्ध हो जाता है।

इस तत्त्वप्रभावली में भी स्वामी जी ने उपर्युक्त पद्धति से तत्त्वावबोध के लिए दर्शनजात के विचारों को सामने रखकर अनेकत्र बहुविध विप्रतिपत्तियाँ उठायी हैं। उनमें से मात्र उदाहरण के लिए ही कुछ उद्धृत करते हैं।

'इष्टार्थिप्रवर्तकपुरोवर्तिविशेषकज्ञानं केवलरजतत्त्वाऽप्रकारकं न वा ? 'प्रामाण्यं स्वाश्रयधर्म्य-वच्छिन्नसाक्षिदृश्यसद्विषयगोचरं न वा ? ज्ञानं सद्विषययाथार्थ्यप्रयुक्तविषयितावन्न वा ? ज्ञानत्वं विषय-याथार्थ्यप्रयुक्तसमुच्चयितविषयतानिरूपितविषयितावच्छेदकं न वा ? प्रामाण्यं यथावत्समुच्चयिततत्त्व-विषयितावच्छेकव्याप्यं न वा ? दार्शनिकानां यावत्यो ज्ञानप्रामाण्यविप्रतिपत्तयः स्वस्वीययाथार्थ्यावच्छिन्न-विध्याद्याश्रयाः, विपरीतगर्भितभावकोटिकत्वात् , स्वाश्रयत्व–स्वविपरीताश्रयत्वोभयसम्बन्धेन विधेयत्वात्, उभयथा भिन्नलक्ष्यकसिद्धिफलकत्वात्, चित्साक्षिचैतन्यगोचरत्वात्, इत्येवं यथायोग्यं स्थापना ।"
(त० प्र० प्रमितिखण्डे १२ परिच्छेद)

इन विप्रतिपत्तियों के अर्थावबोध के लिए भी ऐसे विद्वान् गुरुजनों के चरणों में दीर्घकाल तक निवास करना पड़ता है। इसी तरह की विप्रतिपत्तियाँ नैयायिकों के प्रामाण्यवाद पर, अद्वैत वेदान्तियों के मिथ्यात्ववाद पर और नास्तिकों के क्षणिकत्व वाद पर भी उठायी जाती है।

विशिष्टाद्वैत सिद्धान्तानुसारी स्वामिनारायण सम्प्रदाय के दार्शनिक सिद्धान्तों को अवगत कराने के लिए स्वामी जी ने एक पदार्थसंग्रहरूप श्रीस्वामिनारायणवेदान्तसार नामक ग्रन्थ की भी रचना की है, जिसको तत्त्व प्रभावली का ही संक्षिप्त रूप माना गया है।

वैष्णव सिद्धान्तों में देखा जाता है कि भौतिक सृष्टि में प्रकट होने वाले भगवान् , उनके भवन, और तत्सम्बन्धि पदार्थों को नित्य और दिव्य आदि शब्दों से अभिहित किया गया है। सर्वनिवासी भगवान् स्वयं दिव्य मूर्ति ही है, प्रयोजनवशात् वे ही वैसे ही स्वस्वरूप में प्रकट होते हैं। बद्ध लोगों की दृष्टि स्थूल एवं मायिक होने से उनको भगवान् स्वदिव्य मूर्ति में स्वशक्ति से मायिक, अदिव्य स्थूल भावों को दिखलाते हैं। भगवत्कृपा अथवा भक्त की उपासना अति उत्कृष्ट होने पर अदिव्य, स्थूल और भौतिक मानव रूप में दिखायी देने वाले भगवान् भी ब्रह्मलोकवासी दिव्यरूप में ही दिखने लगते हैं, जैसे कि अर्जुन आदि को दिखायी दिये थे। इन सब बातों पर ध्यान रखकर स्वामीजी ने सद्गुरु श्रीगोपालानन्द स्वामि विरचित 'श्रीहरिस्वरूपनिर्णय' ग्रन्थपर सत्सङ्ग भाष्य की रचना की है, जिसमें ब्रह्मधामस्थ दिव्यस्वरूप, लौकिक मूर्ति और अवतार स्वरूप, सब एक ही हैं ऐसा युक्तियों और प्रमाणों के बलपर प्रतिपादित किया है और कई विप्रतिपत्तियाँ उठाकर विधि और प्रतिविधि पक्ष का विवरण देते हुए भाष्य नाम को सार्थक किया है।

इसके अलावा स्वामीजी का मन्तव्य यह भी है कि वैष्णव मतों में परमात्मा अपने स्वरूप में सदा सगुण, दिव्य और सदा साकार ही है, अतः अन्तर्यामितया उनके विराजमान रहने से और उनसे व्याप्य होने से चेतनतत्त्व (जीवात्मा) भी अन्तः प्रविष्ट के अनुरूप ही सुमूर्त एवं साकार सिद्ध होता है। यदि ऐसा नहीं होता तो उस चेतन तत्त्व को योगिजन, धर्मराज, मुक्त एवं परमेश्वर देखते कैसे ? इस लिए चेतन तत्त्व का सुमूर्तत्व एवं साकारत्व सोपपन्न है। इस सिद्धान्त की संगतता के लिए स्वामीजी ने सांख्य और योगदर्शन के स्वरचित भाष्यों में बीस व्याप्तियाँ दी हैं।

उपर्युक्त सब नवीन विषयों की गम्भीर विचारणा और स्वपक्ष की दृढ स्थापना के उपरान्त एक महान् आश्चर्यजनक स्वामीजी की रचना 'श्रीलक्ष्मीनारायण संहिता' है जिसकी श्लोक संख्या १,२६००० एक लाख छब्बीस हजार को देखकर कृष्णद्वैपायन व्यास का प्रत्यक्ष स्मरण हो आता है। स्वामीजीने अपने काशीवास के अनन्तर पश्चिम काशी के समान विद्यावैभव से सम्पन्न जामनगर में निवास करके बीस वर्ष तक वेद, वेदाङ्ग, पुराण, महाभारत, धर्मशास्त्र, एवं समस्तदर्शन शास्त्र तथा शिल्प एवं आयुर्वेदादि वाङ्मय का अध्ययन, मनन एवं प्रवचन करने के बाद इस लक्ष्मी नारायण संहिता की रचना

की है। उपर्युक्त भारतीय समग्र वाङ्मय के विषय, ईश्वरीय, मानवीय और दैवीय इतिहास, ब्रह्मविद्याओं के प्रकरण, भक्तों की आश्चर्य कारिणी एवं ऐश्वर्यशालिनी कथाएँ, चतुर्युग की पृथक्-पृथक् स्थितियाँ चौसठ कलाएँ, भूगोल के तीर्थ एवं ब्रह्म आदि, इन सब का इस संहिता में सम्पूर्णतया अतिस्फुट रूप से विशद विवेचन हुआ है।

अन्यदर्शनों की तरह मीमांसादर्शन के प्राथमिक ग्रन्थ अर्थसंग्रह पर स्वामीजी ने सुन्दर किरणावली नामक व्याख्या लिखी है, जिसमें द्रव्य, देवता, कर्म आदि द्वारा विष्णुपद से परमात्मा की उपासना को ही फलप्रदत्वरूप सिद्धान्तित किया है। सभी यज्ञ वाक्यान्तर्गत लिङ्गादि, भावना की विशुद्धता, अङ्गाङ्गित्वादि परिष्कार और वाक्यभेद आदि उपादेय वस्तुओं को इस किरणावली में प्रकाशित किया गया है। साथ ही साथ कवितार्किक केसरी के नाम से प्रसिद्ध श्री वेंकटनाथ सूरि (वेदान्तदेशिक) का तत्त्व मुक्ताकलाप, जो कि विशिष्टाद्वैत सिद्धान्त के संरक्षण में ढाल के समान माना जाता है, उस सम्पूर्ण ग्रन्थ पर भी सान्वय श्लोकार्थ की स्पष्टता करने वाली एक नवीन किरणावली व्याख्या भी लिखी है।

स्वामी जी ने सुदूरदर्शिनी प्रतिभा के द्वारा मात्र दर्शन में ही नहीं किन्तु हरिसम्भव महाकाव्य की भूमिका 'कविकाव्यगौरव' में भी लक्षण ग्रन्थों के प्राचीन सिद्धान्तों को स्वीकार करते हुए अनेकविध नयी बातों का आविष्कार किया है, जैसे कि पृष्ठ २४ पर श्लोक ५४-५५ में समुदायबोधक युग्मादि नामों के अतिरिक्त ग्रामक, देशक, भौमक और सृष्टिक आदि नवीन नामों की समुचित कल्पना की है।

इस तरह स्वामी जी ने दर्शनशास्त्र रूप गहन और गम्भीर महासागर में मात्र अवगाहन ही नहीं किन्तु निर्भीक एवं स्वतन्त्र रूप से अन्तस्तल तक विहार करते हुए प्रसिद्ध तथा अप्रसिद्ध विविध एवं महान्, सिद्धान्त रत्नों को प्राप्त करके उनका परिष्कार किया है। सद्गुरुओं की वार्ताओं के सार का संस्कृत पद्यों में ग्रन्थन, अद्भुत कथा आख्यायिकाओं का संग्रहण और कई हरिवाक्यसुधासिन्धुसारसन्दोहन' जैसे सर्वश्रेष्ठ निबन्धों का लेखन, ये सब स्वामी जी की तत्तद्विषयावगाहिनी सूक्ष्म एवं सशक्त प्रतिभा के प्रत्यक्ष परिचायक है। यहाँ पर इनके ज्ञान वैभव सम्भृत वैदुष्य के विषय में जो कहा गया है, वह तो पल्लवग्राही मात्र है, ऐसे महासागर की गम्भीरता को तो मन्दराचल जैसे कोई महान् विपश्चित् ही जान सकते हैं। हम तो इनको केवल भारतीय दर्शन के युगप्रतिनिधि कह कर के ही विराम करते हैं।

वेदान्तवादी स्वामीजी सर्वविध वेदान्तमूर्ति है

पं० श्रीप्रणवानन्दजी, तर्कवेदान्ततीर्थ

सर्ववेदान्तवारिधि, धर्मारण्यम्

वेदों की अन्तिम विश्रान्ति ब्रह्म में है, ब्रह्म व्यापक व परिच्छिन्न दोनों स्वरूप रूप में है, श्रुतियां स्वरूप रूप का प्रतिपादन करती हैं, श्रुतियों के अवलम्बन करनेवाले स्वरूप रूप व अन्यतर में ही श्रवण मनन निदिध्यासन लगाया करते हैं, अन्तिम अभ्यास लक्ष्य दार्ढ्य को साक्षात्कार अवलम्बित हो जाता हे, श्रीरामानुजाचार्यजी सगुण साकार सशक्त सैश्वर्य परिच्छिन्न मूर्ति परमेश्वर शक्ति ऐश्वर्य गुण आदि द्वारा अपरिच्छिन्न-व्यापकता भी प्रतिपादन करते हैं, ज्ञानशक्तिबलैश्वर्यवीर्यतेजांसि ये छ भगवाले भगवान् नित्यविभूति के नित्यशरीरशरीरी नित्य ही हैं, पार्षद दास-दासियाँ आदि अपृथक्सिद्ध प्रकार सभी है ही, कभी न होना नहीं है, प्रभु समर्थ होने से सभी में शरीरी अन्तर्नियामक भी हैं, साक्षी कर्मफलप्रदाता भी है, प्रकार में प्रकारी परमात्मा है ही, प्रकार प्रकारी में रहता है यह न्याय सभी के घर में है, तो भी रामानुजस्वामी का न्याय प्रकारी प्रकार में रहता है, शरीरी आत्मा शरीर में रहता है यह श्रुतिसिद्ध ही है, देहात्मादर्शन में भी लौकिकसिद्ध भी वैसा ही है। अतः माया भी आत्माएँ चेतनवर्ग भी ब्रह्मविशिष्ट ही हैं, विशिष्टदृष्टि ब्रह्मदृष्टि है, सभी का शरीरी में पर्यवसान होने से नामी शरीरी है उपास्य शरीरी है, साक्षात्कार्य भी शरीरी ही रहेगा, मोक्ष में भी शरीरी से मिल कर ही रहना होगा, इस सिद्धान्त से सभी तत्त्व सत्य रह गये, परमात्मा का वर्चस्व रह गया, साधन साध्य कारणकार्य का निर्वाह भी हो गया, इसमें शान्ति भी मान ली गई, सगुण साकार वाक्य प्रधान हैं, निर्गुण निराकार के वाक्य गौण हैं, निषिद्ध-गुणरहितत्व व दिव्यनिजगुणसहितत्व में तात्पर्य ले के समन्वित शास्त्रार्थ निर्णयरूप मैं फलित होता है। विस्तार तो तर्क के होते हैं, सिद्धान्त का नहीं।

अब श्रीवल्लभाचार्यजी तो कहते हैं कि ब्रह्म में विशिष्ट हीं कारण तथा विशिष्ट ही कार्य रूप में अशुद्धता क्यों लगाना, श्रुतियाँ ब्रह्म को शुद्ध कहती हैं, माया-अमाया विद्या-अविद्या ज्ञान-अज्ञान जब ब्रह्म के शरीर ही हैं तो शक्तियाँ भी हैं, शरीर को शक्तियों में क्यों नहीं गिनना, शक्तियाँ ब्रह्मस्वरूप होती हुई ब्रह्म के संकल्प में अपने रूप दिखलानेवाली जरूर सेविकाएँ बन सकती हैं, कोई वहाँ विरोध नहीं है, आत्माएँ ब्रह्मब्रह्मांश शक्तियाँ भी ब्रह्मब्रह्मांश अनेकाकारता भी ब्रह्मब्रह्मांश तो सर्व ब्रह्मब्रह्मांश सर्वं शुद्धं अद्वैतात्मकं ब्रह्मब्रह्मांश ही है, ब्रह्मब्रह्मांश में ब्रह्म में ब्रह्मसंकल्प में ऐक्य ही है, अतः सृष्टि ब्रह्म से पृथक् नहीं है, ब्रह्म ही है, तब स्वभान ब्रह्म को होना नैसर्गिक है, स्वतदात्मक शक्ति के रंग बदलने से आत्मा आत्मत्व में न भासे या ब्रह्मत्व में न भासे तो अब्रह्मत्वाभास आरूढ हुआ उसको ब्रह्मत्वाभासाभ्यास से दूर करिए इतना ही सूचन श्रुतियों द्वारा है, ब्रह्म मानिये, ब्रह्म उपासिए ब्रह्म देखिए ब्रह्म होइये, यही वेदान्त द्वारा कर्तव्य है। अतः शुद्धब्रह्मरूप में रहना ही उत्तम हैं, रहना मिलाना व बरतना, आनन्द लेते रहना सदा मुक्त होना, सदा ब्रह्म शुद्धब्रह्म होना, यहाँ तक में वेदान्त का अन्त आ गया। सगुण साकार तो ब्रह्म स्वयं है ही, हमें थोड़ा कुछ विषमपना लगा हो तो उसे हटाना यही भक्ति-कर्तव्य से हो जायगा।

निम्बार्काचार्य का अभिप्राय तो जडचेतन अल्पज्ञ सेवक स्वामी भक्तभजनीय व्यवहार यथार्थ रखने पर भी श्रुतिबोध्य ऐक्यसम्पादन कर दिखलाना हो तो ब्रह्म में सभी कुछ होना मानना पड़ता ही

है। इसी सहारे से भेद-अभेद नामक पदार्थ भी सानुयोगिक सप्रतियोगिक संसर्ग-संसर्गीओं का होना मानना कोई भी बाधा डालने वाला नहीं होता, हाथ-पैर, शरीरपिण्ड में अल्प से भिन्न व्याप्य दिखते ही हैं शरीर भी होते ही है, व्याप्य स्थिति से भेद प्रत्यक्ष है तो व्यापक स्थिति से या तादात्म्य व्याप्यव्यापक स्थिति से अभिन्न ही प्रत्यक्ष हैं, यदि भिन्न धर्म वाले अनुभूत होते हैं तो धर्म से भेद धर्मी 'स्वरूप से' अभेद होने में सारल्य है ही, भिन्न होता हुआ भी अभिन्नोपासना कर सकते हैं, भिन्नता के लीनी भाव में अभिन्नता ही रहेगी, संसार में जब भेदाऽभेद कोई भी हानिकारक नहीं हैं प्रत्युत सरल व्यवहार कारक है तो मुक्तता में भी सेवक स्वामी का तथाविध दिव्यव्यवहार शाश्वत है ही, साकारोपासना में ब्रह्मलोक, गोलोक, वैकुण्ठों के सेवक स्वामी व्यवहारों का, शक्तिदासीदास, पार्षद पार्षदानियाँ के व्यवहारों का शाश्वतत्व उपासना में सेवा में पुष्टिकर्ता ही है, जब जगत् ब्रह्म से हुआ ब्रह्म में सम्बन्ध वाला है तो अजगत् ब्रह्मजगत् ब्रह्म में क्यों न रहे, न बसे न उचित हो, सब उचित ही है। सुखसेवा ही भेदाऽभेद की वेदान्ती दशा है। अतः ठीक ही है।

श्रीमन्माध्वाचार्यजी ने तार्किकों के पथ पर रह कर उपनिषदों के पथ को स्वीकारा, जब आत्मा परमात्मा दोनों को श्रुतियाँ आरम्भ में ही बोलती हैं तो अन्त में एक करने को दौडना ही नहीं संभवता, फिर अन्त में एकीभाव में दौड़ने वाले अन्यान्य व्यक्तिओं का वैसा भान कुछ अन्वयाऽग्रह संयोगाऽग्रह दर्शनाऽग्रह सूक्ष्मसमानाभिहारसंग्रह सर्वात्मक होने का लाभ आदि उत्तेजना देते हैं, दो की स्थिति में तो रहे है, एक की स्थिति में तो गये ही नहीं है तदपि परोक्षवाद को बढ़ाते गूंजाते जा रहे हैं, स्वयं उसमें घूसना नहीं चाहते किन्तु स्वयं वही बनना चाहते हैं, तो जो वह नहीं है वह कैसे वह हो सकेगा, अतः यहाँ वहाँ सर्वत्र जड परमाणुवाद मायावाद आत्मवाद परमात्मवाद मुक्तवाद सखीसखावाद धाम अधाम वाद सेवावाद सभी कुछ दो ही हैं, द्वित्व सदा के लिये हैं मैं ब्रह्म हूँ भक्तब्रह्म हूं, तुम वह ये सब भक्तब्रह्म हैं भगवान् ब्रह्म एक है यह एक अनेक के साथ है सच्चिदानन्द सदा सभी है स्वरूपैक्य उनमें है नहीं, होता भी नहीं, फिर भी ब्रह्मत्वेन ब्रह्म तत्त्वत्वेन तत्त्व सामान्यतया एक व्यवहार्य में हानि नहीं है, वन अरण्य कहने में कोई हानि नहीं है, उपासक बड़े की उपासना करे तो बड़े की समृद्धि पावे। धाम मिले आनन्दसागर मिले ब्रह्मानन्द मिले, ब्रह्म मिले, ब्रह्म का मिलना ब्रह्मैक्य है।

शंकरस्वामी की दृष्टि इनसे विदेश में ही चली गई, यहाँ के सब विनाशी है, जाग्रत् विनाशी स्वप्न संस्कार विनाशी ज्ञान विनाशी पुण्य विनाशी कृत विनाशी नजर विनाशी अहं भी विनाशी त्वं भी विनाशी सर्व विनाशी दिखता है, तो अविनाशी कौन !, श्रुति कहें सो अविनाशी, दो का संयोग वियोग होगा, एक का नहीं, एक ही सत्य, अन्यत् सब ससत्य है, स्वरूप से दृश्य होने पर भी आत्यन्तिक स्वरूप मे है न ही अतः सब मिथ्या है, मिथ्यात्व को कहने वाला तो अहं त्वं है तो मरने पर या आत्यन्तिक मरण के बाद त्वम् अहं मिथ्या यदि होगा तो ज्ञानकूटना निष्फल रहेगा, सफलता तो तद्रूप में सत्य रूप में अमिथ्यारूप में मिलेगी, अमिथ्या एक है तो हम अमिथ्या रूप में क्यों स्व को न सामेल करें, अतः ब्रह्मपना ही ब्रह्म ही सत्य है, उसमें यहाँ के दृश्य कोई भी नाटक नहीं है न तो रचना है, मत रचिए, एकमेवाऽद्वितीयम् एकोऽहं ही ठीक है, इस मार्ग को दृढ बनाया, जिससे कहीं भी स्मृद्ध लोचापोचा न रह जावे, पर वेदान्त यदि अभी ही मूर्तरूप में लागू पड़ने लगे तब तो सब उस वेदान्त को युगान्तर के लिये रखने लग जायँ, प्रत्यक्ष में सभी विलय को कोई नहीं चाहता, ज्ञान में चाहेंगे मगर व्यवहार में नहीं चाहेंगे, तब ऐक्य का वेदान्त अनाश्रितसा बनकर असंसार में लब्धप्रतिष्ठ हो के विजय पाता रहेगा, परोक्ष बात श्रुतियाँ को प्रिय लगती है, तब उनके पढने वाले को भी प्रिय लगे इसमें क्या कहना, मगर एक बात यह

उत्कृष्ट हो आती है कि भावनानुसार स्वरूप दर्शन होगा, ब्रह्मदर्शन ब्रह्मात्म का ब्रह्मता ब्रह्म जरूर होगा, यह सिद्धान्त कम नहीं है।

पाशुपतादि शैवों ने ब्रह्म ही शिव-शिव ही ब्रह्म माना शक्ति ही शिव-शिव ही शक्ति माना, शिव ही संसार-संसार ही शिव माना तब संसार शिव व ब्रह्म अभिन्न हुए, संसार में भी अभिन्न में खप गया, भिन्न कहाँ से रहूँ, शक्तिविशिष्टाद्वैत शिवविशिष्टाद्वैत लिंगाद्वैत रसाद्वैत सर्वाकार शिव, शिव ही ब्रह्म है मैं भी ब्रह्म हूँ इस प्रकार वेदान्त ब्रह्म में आप को पहुँचाता है!

शक्तिओं द्वारा सृष्टि होने से शक्त्यद्वैत भी होना संभवित ही है, शक्तिभरे हम शक्त्यन्वित में शक्ति के साथ में पहुँचेगे ही, प्रतिबिम्ब साकार वाद में तो कहना ही क्या है? आधार मिटा प्रतिबिम्ब मिटा बिम्ब रह गया, वेदान्त विम्ब तक पहुँचता है, शाक्तसम्प्रदाय आगमिक सम्प्रदाय शिव में या ब्रह्म में कर्म उपासना भक्ति विज्ञान अर्पित करके उनके साथ अपने ज्ञानी भी अर्पित हो जाते हैं, अन्य देश विदेशों में भी यही हालत प्रस्थान है, 'सब उसमें जायँगे मिलेंगे'। यह है उनके एक या अनेक जन्मवादों के सार। केवलकर्मवाद केवलनिराकारवाद जो कुछ हो हमारा उनका सम्बन्ध वर्णित करता है, उनमें अन्दर या समीप में पहुँचाते हैं, पहुँचाना घोषित करते रहते हैं। घोषित कुछ भी हो, मानव विद्वत् समाज उन वादों को अपनाते हैं, थक जाने पर तो 'अत्रैव ब्रह्म समश्नुते' का आश्रय ले लेते हैं, ये सभी वेदान्त ही हैं, गौतम का, कपिल का, जैमिनि का वेदान्त भी 'एकमेवाऽद्वितीय' हि 'सोऽश्नुते सर्वान् कामान्' देनेवाले का आश्रय बतलाते हैं। श्रीकृष्णवल्लभाचार्य जी महाराज के सभी ये वेदान्त निजमूर्ति में बसे हैं, वे स्वामी जी ही वेदान्तों की पिण्डमूर्ति हैं, उनके शास्त्रों में से सगुण निर्गुण वेदान्त स्वरूप ही ज्ञात हो आते हैं, यह अनुभूत विषय हैं। वेदान्तमूर्तिर्विजयते।

भारतीय गौरवमूर्ति सन्तरूप में

विद्वद्विधेय-स्वामी मीनाक्षी भास्कराचार्य

चिदम्बरम्, कर्नाटक, मद्रासराज्य

भारत एक ऐसी पवित्रभूमि है जिसमें कल्याणकारी अनेक सन्त प्रकट होते आये हैं, जनकल्याण-कारी धर्ममूर्तिरूप स्वयं भारत में विचरते हैं, समग्र पृथ्वी में भारत का गौरव चमत्कारी आकर्षक सन्त द्वारा हैं, तारणहार सन्तों के स्मरण भी निष्पाप करा के स्मर्ताओं को कैवल्य पद में पहुँचाता है, उत्तम गतियाँ होती हैं, नैष्कर्म्य बना रहता है, भगवन्मूर्ति सन्तस्मरण द्वारा परागति प्राप्ति होती है, श्रीहरि के भक्त शंकर के, विष्णु के या माता जी के भक्त हों, सूर्य अग्नि गणेश हनुमान जी भैरव आदि कोई भी देव के भक्त हों, महर्षि ग्रह तीर्थ आदि के जापक उपासक हों, ये सब सन्त सद्गुणी होने से भारत के गौरव बढ़ाने वाले हैं, अन्य देशो में भी यही बात है, माता-पिता जनता देश के सेवकों से भी उन भूमियों के गोरव बढ़ते आये हैं, पातिव्रत्य शीलव्रत आदि से भी देशों के गौरव काव्यों द्वारा गाये जाते हैं, सती शंकर ने अवधूत योगी स्वरूप में शिवगौरी शिखर में निवास करके हिमालय व भारत का गौरव बढ़ाया, इनके पीछे अनेक अवधूत होते आते हैं, ब्रह्मा जी ने पुष्करराज में, विष्णु भगवान् ने वेंकटाचल में तपश्चर्या तथा भक्त पर कृपा करके भारत का गौरव बढाया, बुद्ध ने अरण्य में, अर्हन् ने अद्रियो में, कपिल ने सिद्ध स्वरूप में सिद्धपुर व कपीलधारा में, दत्तात्रेय ने अवधूत स्वरूप में रैवताचल में, ऋषभ ने तीर्थभूमिओं में, वामन ने बलिखातभूमि में त्रिविक्रमस्वरूप में, पर्शुराम ने मांडला अरण्य में तथा अर्बुदाचल में, श्रीराम ने दक्षिण में पंचवटी आदि में, श्रीकृष्ण ने अनेक भूमिओं में विचरण व निवास करके भारत का गौरव बढ़ाया, अंश कला आवेशावतारों ने भारत में अगणित कल्याणकारी कार्यं किये, विद्वान अवतारों ने शास्त्र बनाये, व्यासजी ने ब्रह्मविद्याएँ प्रकट की, ऋषियों द्वारा उपनिषद् विद्याएँ कल्याणप्रद विकसित हुई, श्रीशंकराचार्य श्रीरामानुजाचार्य श्रीवल्लभाचार्य श्रीमाध्वाचार्य श्रीनिम्बार्काचार्य श्रीस्वामिनारायणाचार्य श्रीरामानन्दाचार्य आदि आदि ने भगवान की भक्ति करवा के भारत में बड़े-बड़े सम्प्रदाय स्थापित किये, अवतारों के मन्दिर बनवाये, इष्टदेवों की प्रतिमा प्रतिष्ठापित कीं, धोरी भक्तिमार्ग चालू किया, ईश्वरीय गौरव फैलाया, प्रजा में भक्ति का गौरव बढाया, अनेक प्रकार से मोक्षमार्ग चालू करवाये, अनन्त अगम्य विद्याओं का प्रचार करके ज्ञान कर्म धर्म प्रपुष्ट किये, सदाचारवाली प्रजा सुरक्षित की, गुरु परम्पराएँ सतत शृङ्खलाबद्ध बनायीं, अद्वैत एक परमेश्वर के लिये चकनाचूरपने में जीवन अर्पित कर दिया, वेद शास्त्र पुराण इतिहासों की घोषणाएँ कायमी चालू रख दी गई, यज्ञ हवन पूजा अनुष्ठान कायमी हर एक प्रजा में चालू किया, स्नान सन्ध्या जप होम स्वाध्याय पितृतर्पणादि सत्कर्म सतत करने को बताया, ऐसी भारत की गौरवभरी सत् प्रवृत्तियाँ-उन-उन प्रकट अवतारी सन्तों द्वारा होती आयी हैं, भारत में सन्तों द्वारा सर्वत्र पवित्रता अहिंसा परोपकारिता-शुद्धि देवार्हणा वृद्धपूजा स्वामिसतीसत्कार तीर्थव्रतदान होते आये हैं व होते हैं, श्रीलक्ष्मीनारायण श्वेतायन संहिता में पृथ्वीपर के भूतकालीन चमत्कारी प्रताप प्रायशो महाभारत से भी ज्यादे निरूपित हैं, जिनश्रवण से भारत का प्राचीन नवीनगौरव जाने जाते हैं, श्रीकृष्णवल्लभाचार्य स्वामीजी के गौरवभर चमत्कार भारत के लिये गौरवस्वरूप हैं, केवल सौराष्ट्र या महागुजरात में ही नहीं किन्तु भारत में और अन्य-अन्य देशों में पवित्र ये सन्त प्रातः संभारे जाते हैं, पूजे जाते हैं, इनकी

पवित्र संगमरमर की बैठी माला जपती मूर्ति तीन फूट से अधिक ऊंचाई में श्रीकुंकावाव नगरी में राष्ट्रीय प्रासार में सुप्रतिष्ठित जनता द्वारा स्थापित की गई है, वहाँ तीर्थभूमि बनी है, प्रतिमा के सम्मुख आराधना करने वाले के इष्ट संकल्प पूर्ण होते हैं, ये परचे चमत्कार होते रहते ही हैं, भगवान के अवतारों से अवतारी परमपुरुषों के प्रकट होने से भारत को महागौरव है, विद्वान् सन्तों द्वारा प्रकट हुई विद्याओं द्वारा भारत का बड़ाभारी गौरव है, जिन विद्याओं को समग्र पृथ्वी के प्रदेश विदेश स्वीकारने लगे हैं, श्रीस्वामीजीने अनेक आधिदैविक आध्यात्मिकविद्याएँ प्रकट की हैं लिखी हैं भारत को प्रदान की हैं, विद्याओं के सम्प्रदाय चालू अविच्छिन्न रखे हैं, यह एक भारत का केवल नहीं समग्र पृथ्वी के लिये देन हैं। व्यासों ने जो कुछ भारत को दिया है वह उसके लिये देन है, दक्षिण में आलवार सन्तों ने जो कुछ कर बताया है वह भारत के लिये देन है, वैसे ही पेरी आलवार कुलशेखर विप्रनारायण मुनिवाहन पोयगे भूतत्ता पेयालवार मधुर कवि नम्मालवार आदि भारत के गौरव बढ़ानेवाले औतार हो गये। रेणुकाचार्य दारुकाचार्य एकोरामाराध्य पण्डिताराध्य विश्वाराध्य निजगुणशिवयोगी सिद्धलिंगशिवाचार्य औतारस्वरूप भारत के गौरव बढ़ाने वाले हैं, नाथमुनि विठ्ठलजी चैतन्यमहाप्रभु महावीर ज्ञानेश्वर नामदेव रांकाबांका कबीर पीपा नरसिंहस्वामी तुलसीदास हिताचार्यमहाप्रभु जगन्नाथदास गुरुनानक गोविन्दसिंहजी श्रीचन्द्रजी शंकरदेवस्वामी सन्त दादूजी समर्थ गुरुरामदास सन्त तुकाराम निजानन्दाचार्य प्राणनाथस्वामी दरियासाहेब डींगाराम राम कृष्ण परमहंस राजा राममोहनराय दयानन्दसरस्वती राधास्वामी अगस्तीन् लूई पोल जरथूस्त्र मोहम्मद मेब्रील एजिला पद्मसंभव मत्स्येन्द्रनाथ गोरखनाथ श्रीगुणातीतमुनि श्रीगोपालमुनि तुलाधार आदि-आदि बड़े-बड़े अवतारी पुरुष भारत में हो गये हैं। ये जीवात्माएँ नहीं थे परमपुरुष के औतार उतरे थे, यज्ञनारायण ऋषभदेव हुए थे, स्वायम्भुव मनुका दशरथ वसुदेव तथा विष्णुशर्मा होना, उनके घर क्रमशः श्रीराम श्रीकृष्ण श्रीकलंकी भगवान् का होना बताया है। ध्रुव के वंशज बेन की भुजाओं के मथन द्वारा विप्रों ने विष्णु व लक्ष्मी के अवतार स्वरूप पृथुराजा व अर्चि देवी को प्रकट किये थे : कर्दम ऋषि से देवहुती में कपिलदेव भगवान् अंशावतार सांख्यज्ञ प्रकट हुए थे। श्रीमहादेवजी के अवतार भृगु दशम द्वापर में हुए, उनके घर लक्ष्मीजी पुत्री हुई, भार्गवी का भगवान से व्याह हुआ। ब्रह्मा विष्णु चन्द्रमा तीन देव दत्तात्रेय हुए थे। कश्यप के घर वामनजी प्रकट हुए थे वामनजी गिरनारपर्वत की तराई में दामोदरस्वरूप से विराजते हैं। अंगिरा ऋषि के घर अग्नि देव ने अवतार लिया वह बृहस्पति कहलाया। अत्रि के घर शंकर दुर्वासारूप में प्रकट हुए थे। मरीचि अंशावतार है। हनुमानजी शंकर के अवतार है, जाम्बवान् ब्रह्मा का अंशाऽवतार था, विदुरजी यमराज का अंशावतार कहा गया है। पेरी आलवार गरुड का अवतार था, इनकी पुत्री आण्डाल श्रीरंगनाथ भगवान से व्याही थी भगवान के साथ दिव्य बनकर चली गई। कुलशेखर केरलराजकुमार कौस्तुभमणि का अवतार था, विप्रनारायण ब्राह्मण वनमाला का अवतार था। मुनिवाहन धान्य की खेत में पड़े बालक रूप में एक अन्त्यज को मिले थे, मुनिवाहन श्रीवत्स का अवतार माना गया है। पोयगे पांचजन्यशंख का अवतार माना गया है। भूतत्ता को भगवान की कौमुद की गदा का अवतार माना गया है। पेयालवार खड्ग का अवतार था। मधुर कवि गरुण का अवतार था। नम्मालवार विश्वक्सेन पार्षद का अवतार था। श्रीगणेशजी श्रीकृष्णनारायण का अवतार है। रेणुकाचार्य कल्पवाकक्षेत्रस्थ सोमेश्वरलिंग द्वारा प्रकट हुए थे। दारुकाचार्य सिद्धेश्वरलिंग से प्रकट हुए थे। श्रीएकोरामाराध्य रामनाथलिंग से प्रकट हुए थे। श्रीपण्डिताराध्य मल्लिकार्जुनलिंग से प्रकट हुए थे। श्रीविश्वाराध्य काशीविश्वनाथलिंग से प्रकट हुए थे। श्रीनिजगुणशिवयोगी तथा सिद्धलिंगशिवाचार्य श्रीशंकर के अवतार हुए थे। रामानुजाचार्य शेषनारायण लक्ष्मणजी के

अवतार थे। निम्बार्काचार्य सूर्य या सुदर्शन का अवतार माना गया है। मध्वाचार्य वासुदेव का अवतार है। वल्लभाचार्य तैलंगी स्वयं भगवान् एकसो यज्ञों के पुण्यपिण्ड एकत्रित रूप में प्रकट हुए। अग्नि के अवतार भी कहाते थे। विट्ठलजी स्वयं भगवदवतार थे। चैतन्यमहाप्रभु श्रीराधाशक्ति के अवतार गीने गये हैं, पूर्णब्रह्म भी कहाते है। रामानन्दाचार्य विभवावतार लिखा है। ज्ञानेश्वर विष्णु का अवतार है। नामदेव श्रीविठ्ठलनाथ का अवतार है। पंढरपुर में रांकाबांका श्रीविष्णुलक्ष्मी के अवतार हैं। कबीर योगी द्वारा प्रतीचिदेवांगना में प्रल्लाद का अवतार प्रकट हुआ है। नरसिंह स्वामी माधव से अम्बा में दत्तात्रेय का अवतार हुआ। तुलसीदास सरयूपारीण ब्राह्मण में वाल्मीक के अवतार रूप थे। श्रीहिताचार्यमहाप्रभु भगवान की बंशी का अवतार था। जगन्नाथदास राधा तथा दुर्गा का अवतार था। जयदुर्गा अर्धकाली परमेश्वरी का अवतार थी। शंकरदेवस्वामी वैष्णव आसाम में शंकर का अवतार हुआ। समर्थगुरुरामदास सूर्यवरदान से प्रकट हुए थे। निजानन्दाचार्य देवचंदजी ब्रह्माऽद्वैत की वासना अवतार है। प्राणनाथजी मेहदी मसीहा या कल्की अवतार थे। एजिला सशरीर स्वर्ग में चला गया था। मार्कण्डेय स्वयं नारायणावतार कहा है। परशुराम आवेशाऽवतार हुआ। श्रीगोपालानन्द स्वामी श्रीकृष्णाऽवतार माने जाते हैं। श्रीगुणातीतानन्द स्वामी अक्षरब्रह्म के अवतार माने जाते हैं। श्रीराधिकाजी श्रीकृष्ण की बंशी का अवतार स्वरूप है। गोपियाँ देवताएँ थीं। श्रीकृष्णवल्लभाचार्य स्वामी श्रीश्वेतायन व्यास के अवतार अनादि श्रीकृष्णनारायण के स्वरूप माने जाते हैं। इनके भक्तों के सत्संगसे तथा प्रत्यक्ष दर्शन से तथा इष्टसिद्धि चमत्कार से इनका भगवान्पना मुझे निश्चित ही मानने में आया है, मुझे निद्रा में चतुर्भुज नारायण स्वरूप में समुकुट तेजस्वी दर्शन हुआ, ध्यान करने बैठता हूँ तब कई बार इन्हें नारायणस्वरूप में देखता हूँ यह मेरा प्रत्यक्ष प्रमाण है। मद्रास में बड़े उत्सव पर गया मगर इन प्रभुस्वरूप विद्वान का दर्शन वहाँ नहीं हुआ, सभी विद्वान लोग इनके दर्शनार्थ दत्तदृष्टि हो रहे थे, सभाकार्य में दूसरों की हाजरी थी इससे विद्वानों को परमसन्तोष मिलना अपूर्ण ही रह गया, पश्चिम काशी के एक नामधारी जगद्वन्द्य आसमुद्रान्त प्रख्यात नैयायिक धुरन्धर महायति सन्त दक्षिण विभाग के अच्छे-अच्छे वैष्णव व शैव विद्वानों को हार्दिक आराध्य है, इन महाबृहस्पति स्वरूप के न्यायवेदान्तसांख्ययोग मीमांसा आदि के ग्रन्थ पठन-पाठन में उपयोग लेने वाले को परिष्कार व तत्त्वनिर्णयों में बड़ा आश्चर्य पूर्वक सुसन्तोष मिलता है, दक्षिण में द्राविड तेलगु कर्णाटक मद्रास माईसोर मधुरा रामेश्वरम् आदि-आदि नगरों में संस्कृतविभागों में वहाँ वहीं की युनीवर्सीटियों में श्रीकृष्णवल्लभाचार्यन्यायाचार्यजी के दार्शनिक ग्रन्थ पठन पाठन में अतीवोपयोगिक हो रहे हैं, मुक्तबानी से इनका कीर्तिब्यान फैला है, मायावरं नागपट्टं तान्जोर त्रावनकोर मलय गूटकल आरकोणम् कुंभकोणम् त्रिचिनापल्ली त्रिवेन्द्रम् आदि-आदि स्थलों में युनीवर्सिटीओं के संस्कृत विभागों में इन प्रकाण्ड पण्डितवर्य के ग्रन्थ उत्तम पढ़ाई में उपयुक्त हो रहे हैं। जिनकी प्रशंसा एक कण्ठ से कहाँतक हो सके। कोलम्बा से आये हुए एक म० म० विरुद स्वामी महाचार्य ने किरणावली मेरे पास से ले ली, वे और भी इन महाविद्वान के पुस्तकों के परिचित थे। वे कहते थे कोई गौतमावतार स्वामी श्री हैं, या तो श्रीनिवासावतार स्वरूप में भी असन्दिग्धता है।

संस्कृत साहित्य में स्वामीजी का स्थान

पं० शान्तानन्दजी दर्शनाचार्य तर्कतीर्थ

नदीयाशान्ति

संस्कृत साहित्य विशाल है, परमात्मा ने ब्रह्मा द्वारा वेद प्रकट किये, वे सभी शास्त्रों के साहित्य के मूलभूत हुए। वेद की सहस्र शाखाएँ ऋषि महर्षिओं में व्याप्त थीं, विशाल भूमण्डल में दूर-दूर निवासी ऋषिसन्ततियाँ देशकालादि वैपरीत्य के कारणों से उत्तम मध्यम हीन कर्मठ होने लगीं, मेधाह्रास होने लगा, धारणशक्ति में मान्द्य होने लगा, शाखाएँ अनवधृत होने लगीं, दीर्घकाल से कई शाखाएँ लीनसी हो गयीं, उच्छिन्न-प्रच्छन्नवाद लागू पड़ गया, यज्ञकाण्ड प्रतिष्ठान स्तुतियाँ वाली शाखाएँ जहाँ-जहाँ ताजी होती रहीं, उपयुक्त होने से बचाव पाने लगीं, वे रह गयीं, ज्यादातर शुक्लकृष्ण यजुर्वेद, कुछ ऋग्वेद, देवताओं से जरूरत वाला सामवेद, उपयुक्त मन्त्रात्मक अथर्ववेद, उनके अधिकारीओं में टीक गयें, अनधिकारिओं में से हठगाया, अनाश्रय अनुपयोग अनभ्यास कारण बन गये लुप्तता व्याप्त होने लगी, अब तो कागज पर जीवन रह गया। आनेवाले घोर कलि में कागज भी नहीं मिलेंगे, कर्मकाण्ड भी निर्जीवन होगा शशवत् मानव जंगली बन जायँगे, छठवाँ वर्ष युवानपना लायेगा, बारहवाँ बूढ़ापा लायेगा, उसके आसपास मृत्यु नजर दौड़ायेगा, यह हालत सभी के ह्रास की पुराणों में लिखी हैं। वैसे ह्रास कई बार होते आये हैं, नये शास्त्राविष्कार भी होते आये हैं, वेदों के लिये नैरुक्तशास्त्र रचा गया, शुद्धयर्थं व्याकरणं शिक्षा रचे गये, वैदिकानुष्ठान वैशद्यार्थं कल्पसूत्र रचे गये, मात्रादि परिचयार्थं छन्दःशास्त्र रचा गया, वैदिकसृष्टि के परस्पर सम्बन्ध असर फल स्थिति गति सामयिक आकस्मिक होनारतों जानने जनाने के लिये ज्योतिःशास्त्र रचा गया, जड़चेतन सृष्टि विज्ञान के लिये पाशुपत शास्त्र रचा गया, ईश्वरीय विभूतियाँ के लिये नारदागम पंचरात्र रचा गया, भौतिक विज्ञान के लिये बार्हस्पत्यशास्त्र रचा गया, राज्य नियमनादि के लिये प्राजापत्य व मानवशास्त्र रचे गये, विविध धर्मों के लिये आंगिरसशास्त्र रचा गया, आवरदा रसायन चिकित्सा आदि के लिये आयुर्वेद हायग्रीवशास्त्र रचा गया, लड़ाईयों के ज्ञान के लिये धनुर्वेदशास्त्र रचा गया, व्यवहार के लिये कलाशास्त्र रचे गये, देवताओं के दैवत शक्तियाँ जानने के लिये तन्त्रशास्त्र रचे गये, पराभव साधना आदि के लिये मन्त्रशास्त्र रचे गये, सृष्टियों के वृत्तान्तों के लिये संहिताशास्त्र रचे गये, रूपक आख्यानों के लिये पुराण रचे गये, ऐतिहासिक संग्रह के लिये महाभारतादि रचे गये, आध्यात्मिक विज्ञान के लिये दर्शन शास्त्र रचे गयें, परब्रह्म की उपासना के लिये ब्रह्मविद्याएँ एकत्रित की गई, वे उपनिषत् स्वरूप में प्रसृत हुयीं, नीति के लिये औशनसशास्त्र रचा गया, मोक्ष के लिये भक्तिशास्त्र रचे गये, सेवा के लिये उपासनाशास्त्र रचे गये, स्वर्गादि के लिये दानशास्त्र रचे गये, मुक्ति के लिये शरणागतिशास्त्र रचे गये। सभी शास्त्रों में तत्त्वनिर्णयार्थ आन्वीक्षिकी न्याय-विद्यामय गौतमीयशास्त्र रचा गया, अलंकार उत्सव महोत्सव महानन्द शृंगार आदि के लिये काव्य साहित्यशास्त्र रचा गया, ये सब शास्त्र जगद्भर के जनों को सहारा देने वाले हैं, जो सहारा देता है, सह साथ रहता है, वह साहित्यनाम से कहा जाता है, अनेक कलाविदों को कलाएँ कलाओं के विज्ञान कलामय कारिगरीयाँ साहित्य स्वरूप होती हैं, भौतिक विज्ञानीओं के लिये भौतिकविकास साहित्य होता है, रासायनिक धातवीय वायवीय औत्पातिक विज्ञानिओं के लिये रसायन धातु वायु प्रवहण अकस्मात् निमित्त आदि साहित्य होते हैं, जो जिनके लक्ष्य में फल में प्राप्य में आकर्षण हो वह उनके साहित्य होते

हैं, राजाओं को लश्करी साधन लड़ाईयाँ साहित्य होता है, ऋषिमुनि यति योगि संन्यासी त्यागिओं को उपासना संयम त्याग भक्ति ज्ञान वैराग्य आदि साहित्य होते हैं, स्वर्गार्थीओं को धर्म परोपकार आदि साहित्य है, वासनिक को इष्ट पदार्थ साहित्य होता है। भगवदवतारों ने जिस काम के लिये प्राकट्य स्वीकारा उसी साहित्य को अपना करके वे जगदुपकार करते हैं, प्रायशः श्रीस्वामीजी ने देशी भाषा का शिक्षण कौटुम्बिक रहन सहन का शिक्षण विद्याभ्यास का शिक्षण शास्त्रलेखन तत्त्वज्ञान का शिक्षण गुरुवर्यों से लिया, काव्यों में न्याय में वैशेषिक में वेदान्त में सांख्य में योग में मीमांसा में नीति में उपदेश में इतिहासों में छन्दों निरुक्त व्याकरण आदि में धर्मशास्त्रों में ब्रह्मशीलता आध्यात्मिक स्थिरता लोकोपकारिता व निर्लेपता तथा बड़े-बड़े संहिता ग्रन्थ लिख के जगदुपकारिता आदि किये, इन सभी प्रकार के साहित्य में आप का स्थान प्रत्यक्ष दीखता है, आपने त्याग तप में उपश्रद्धा उत्साह सहनशीलता आदि-आदि कौटुम्बिक गुणरूप में निज में बसाये हैं, काशीजी में क्विन्स कालेज के विद्यार्थी समुदाय ने निज आचार्य पद से बाहरी परीक्ष्य विद्यार्थीओं को न्यून उपाधि होने मिलने के लिये चार हजार लगभग हस्ताक्षर किये, श्रीस्वामीजी के पास जब हस्ताक्षर करने को वह समूहित पत्र आया, तब श्रीस्वामीजी ने विमर्श करके कहा-सभी के समान लाभ में निजभिन्नों को निम्न लाभ कराने के लिये ये हस्ताक्षर हो रहे हैं, मैं सोचता हूँ कि गवर्नमेन्ट संस्कृत क्विन्स कालेज के उत्तीर्ण विद्यार्थीओं को व बाहरले परीक्ष्य विद्यार्थीओं को टाईटल उपाधि पत्र में 'आचार्य' उपाधि गवर्नमेन्ट से समान ही मिलता है, तो हम तो वैसे ही रह जावें और अन्य को निम्न दशा की उपाधि में डालने का यत्न कर रहे हैं, यह नुकशानी कराना अपना काम नहीं है, वैसा करिए की बाहरले विद्यार्थीओं को 'आचार्य' टाइटल ठीक ही है, मगर कालेज के उत्तीर्ण गवर्नमेन्ट के विद्यार्थीओं को 'महाचार्य' 'महोत्तमाचार्य' 'पोष्टाचार्य' आदि ऊँचा उपाधि मिले। इस प्रकार माँगना अच्छा है, निम्न कराना अच्छा नहीं है। इस परोपकारी उदार बात के अच्छे विद्यार्थी गण समझ गये, तुरन्त सहीवाले कागज केन्सल रद्द कर दिये गये, व पोष्टाचार्य या महाचार्य के लिये नया लखान हुआ और नयी सहीयाँ हुयीं, उस पर पोष्टाचार्य शास्त्राचार्य आदि निर्माण हुआ, इस प्रकार सभी विद्वानों के लिये साहित्यिक दृष्टिवाले स्वामीजी सभी शास्त्रों में निष्णात ४४ ग्रन्थों को लिखने वाले आज भारतीय व विदेशीय बड़े-बड़े विद्वानों से अभिनन्दन ले रहे हैं, विद्वान् लोक श्रीकृष्णवल्लभाचार्य स्वामीजी को हर एक प्रकार के अभिनन्दन पात्र मान कर सम्मान दे रहे हैं, यह भारतमाता के विद्वानों के लिये अति उत्तम काम है, भारत माता का भारतीय दार्शनिक विद्याओं का तथा भारतीय विद्वानों का सदा के लिये उत्कर्ष विजय पाता रहेगा। स्वामी श्रीपश्चिम काशी में रहे हैं, तो भी मध्यमहा काशी को अपने में तदात्मक भाव से बसा कर ही वहाँ रहे हैं, काशीजी के सभी प्रकार के साहित्य में सभी विद्याओं में आपने लेखिनी चलाई रक्खी है, नूतन आविष्कृत पुस्तक दान देते रहते हैं। श्रीहरिसंभव काव्य का महाकाव्यनिबन्ध का ग्रन्थ जो सौराष्ट्र में लिखा गया था उसको मध्यमहा काशीजी में मुद्रित करवा के अनेक पण्डितों को अर्पण किये हैं दान में दिये हैं, न्याय सांख्यकिरणावली मीमांसाकिरणावली आदि-आदि काशी में ही प्रकाशित करवा के विद्यानिधियों के अन्तेवासिओं के लिये उपकार कर रहे हैं। श्रीलक्ष्मीनारायणसंहिता में तो काव्यसाहित्यदर्शन आदि जो-जो विद्याविभाग हैं वे सभी प्रविष्ट हो गये हैं। साहित्य में ओतप्रोत होके आज स्वामीजी श्वेतायन व्यासस्वरूप में विराजित हैं। भगवान् अभी भी दीर्घायु बनावें, एकहत्तर वर्षों से आगे शतक पर्यन्त पहूँचे और भारतभूमि को तथा सभी विदेशों को भी उपकार करते रहे। शम्।

पू० स्वामीश्री एक तेजस्वी स्कोलर प्रतिभाशाली विद्वान्

पं० कृष्णकेशव शास्त्री, न्यायाचार्य

वृत्तालय

श्रीस्वामिनारायण वैष्णव सम्प्रदाय के नैष्ठिक व्रतशाली त्यागी आचार्यवर्य श्रीकृष्णवल्लभाचार्य शास्त्रीजी बचपन से ही कोई दैवी चमत्कारी परमपुरुषनिभ है, गीताजी में वर्णित योगिजन योगसूत्र में कथित जन्मान्तर सिद्ध पुराण में प्रदर्शित महातपस्वी संहिताओं में निरूपित ईश्वरीय सम्बन्धी ऐश्वर्यशील विद्वान् सन्त महात्माओं की जीवनी में लक्ष्यीकृत दिव्यलौकिक अलौकिक सर्वज्ञांश मोक्षीयपुरुषों की कोटि के हैं, बालपने में भी इनकी प्रज्ञा में तर्क ही विशेष स्थान लेते थे, सिद्धान्त पर आकृष्ट रहते थे, उपदेश प्राप्त होने पर सार ग्रहण करते थे, और निर्णय भी यथार्थ देते थे, आत्मा परमात्मा के ब्यान में रस लेते थे, भंभा भट्टों की कथित महाभारत की कथायें सुना करते थे, उपदेष्टा सन्तजन की वाणी सुनते ये, भागवत रामायण आदि की प्राचीन कथाएँ देवमन्दिर में सुना करते थे, पुरुषोत्तम मास तथा एकादशी आदि कथापान किया करते थे, दो दिन के व्रतों पर विप्रवर्य से खुलासा माँगते थे, उस पर स्वयं व्रत की सीमा का विवेचन लेके कहते थे कि—जब से दिनमान शुरू हो तब से दिनमान उतरते तक का एकही व्रत सबके लिये क्यों न किया जाय ?, जब विन्ध्याचल का सूर्य चन्द्र नक्षत्र के रथमार्गों तक लाख दो लाख कोश पर्यन्त बढ़ते जाने की बात होती थी उस पर कहते थे कि एक दो ही माईल के घेरावे में शरीरयष्टि वाला विन्ध्याचल विच में ही अपने वजन से या ग्रहों के आघात से क्यों भाँग नहीं गया, इसका पैर पृथ्वी में कौनसी जगह रक्खा होगा, जब ग्रहण की कथा आती थी चार प्रहर भोजन वर्ज्य के लिये वेध निमित्त बतलाया जाता है उसमें वेध सूर्य चन्द्र को लगे व भोजनबंधी मानव को क्यों लगाना ?, एकादशी भगवान की पुत्री उसी की पत्नी क्यों लिखी गई, दिनान्त में सत्यव्रत जहाज में बैठा सबेरे तक बीजों की रक्षा करके सृष्टि में बोने लगा, सोलह मन्वन्तर जितनी उसका आयु बनाया इससे तो भगवान् संकल्प से नये बीज बनाते यही सरल पड़ता, कोई परमाणु से चैतन्य से शून्य से माया से अज्ञान से स्वरूप से वा सृष्टियाँ लिखते हैं तो वे क्या सर्वज्ञ ही से निर्णीत करके एक सिद्धान्त क्यों नहीं लिख गये, कर्मवाद में या निर्लेपवाद में एक में ही रहना था सभी वादों को क्यों अज्ञानिओं के आगे धर दिये, ?, इत्यादि तर्कित विचार रजू करते थे तथा आप्तजनों ने कहे सिद्धान्त को स्वीकारते थे आस्तिकता से हठते नहीं थे, व्यक्ति का कर्तव्य है कि सीखने के लिये अभ्यस्त व्यक्ति का आधार लेवें, स्वयं विचार मनन समाधान भी किया करते थे, जब शास्त्राध्ययन करने लगे तब एक परमाणु में दूसरा परमाणु घूस ही जाय तो द्वयणुक कद में विपुल कैसे बनेगा ?, कोई भी शब्द कखग राम कृष्णओं आदि व्यंजन स्वर एकक्षण में बोले ही नहीं जाते क्रम ही लगता है तो शब्दसिद्धि ही नही होता तो अर्थबोधकता मानना भूल क्यों नहीं है, अवकाश तो शून्य है उसमें शब्द गुण मानना इससे तो शब्द द्रव्य ही सूक्ष्म अवकाश नाम से क्यों न पूकारा जाय ?, एक प्रकृति में तीन गुण घूसा दिये एक आत्मा में तीन सच्चिदानन्द अंश घूसा दिये तो वह एकतत्त्व नित्य कैसे हो सकता है ? ब्रह्म से ही पाँचभूत व भूतों के गुण कर्म विकार मानना व सूक्ष्म कल्पित तत्त्वों को न मानना क्यों श्रेष्ठ नही गिना गया ?, एक ही तत्त्व चेतनाऽचेतन बने तो क्या हरज खड़ा होता है ?, ब्रह्माण्ड में ज्यादा माल है ?, और नेत्र में न्यून है, यह विपरीत क्यों न माना जाय, उष्णता को ही

आत्मा क्यों न माना जाय, दस-दस वर्ष पर एक नियामक देवदूत आकाशमार्ग से आकार सभी को विपरीत पथगामित्व से रोके वैसी व्यवस्था क्यों नहीं बनायो, और याम्यदण्ड दुरस्त बनाने का प्रयत्न किया, ?, इत्यादि-इत्यादि तर्कसंभृत विचार में आरूढ़ हो जाते थे और वृद्धों से इनके समाधान भी ले लेते थे, पण्डित होने पर कई ग्रंथ लिखे हैं, उनमें, सर्वं साकार, सर्वं साक्षात्, सर्वं विशिष्टब्रह्माऽद्वैतं, सर्वं साऽवस्थं, सर्वं सापेक्षं, सर्वं सत्समुच्चयख्यातं, सर्वं यथार्थं, इत्यादिविचारवाद भी अपनी लेखिनी के विषय बनाये हैं, सांख्ययोग वेदान्त आदि भाष्य रचना में प्रसंगोपात्त पदार्थों पर कारणकार्य पर संसार पर इसके अनादि प्रवाह पर सन्ततिपरम्परा पर मुक्ति स्थिति पर लोक-अलोक पर विभिन्न प्रस्थान पर न्यायतर्कादि युक्तियाँ पर भी विविध विचार चलाये हैं तात्पर्य खींचे है सिद्धान्तित प्रकाश में धरे हैं व सुज्ञ प्रातिभ मानव मंडल के लिये खूब-खूब ज्ञानोपकार किये हैं, इनके रचित शास्त्र बांचने से आश्चर्य होता है जगह जगह में नये अविष्कार देखने में आते हैं, स एषः पूर्वेषामपि गुरु की तरह इनकी बुद्धि का थाह पाना मुश्किल सा लगता है। प्रशंसा का नाम अर्थवाद है अपि तु वहाँ भी कोई न कोई परम्परया निजार्थ भी व्यञ्जित हो आता है, यही विलक्षणता है कि अर्थवादों के स्वरूपों को कहीं-कहीं अवस्थान्तर में धर लेते हैं, प्रतिव्यूह में दाखल कर देते हैं, इनके अध्ययन समय से ही मेरा अनुभव विकास में दौड़ने का स्वभाव बाला हो गया, जिससे मुझे सत्य की खोज करना सहज सा लगता था, परमात्मा ने या सरस्वती ने बृहस्पति ने या पुण्यपति ने श्रीस्वामीजी स्वरूप एक विद्यामूर्ति महादिव्यशक्ति भारत को प्रदान की है, जिसने श्रीकृष्णद्वैपायन व्यासजी के समय के उत्तर में जगत् को शास्त्रीय परिष्कृत शुद्ध घन साहित्य रूप में समर्पित किया है, पढना पढाना लिखना बांचना उपदेशना पालना पलवाना कल्याण में लगाना निःश्रेयस में पहूँचाना इत्यादि श्रेष्ठतम स्कोलर फिलोसोफर रीडर राईटर स्पीकर थोटर न्युसर्जक ज्ञप्ति क्रियेटर आदि-आदि निजतेजस्विता भरपूर प्रतिभापूर्ण विज्ञान के मूर्तस्वरूप जगत् को दिये हैं। यह भारत व भारतीयों के लिये अधिक गौरव है। सहवास से चमत्कृतियाँ अवगत होती हैं, शास्त्र सहवास से कृतिदर्शन से कीर्ति श्रवण से शान्तिप्रदवातावरण से कथन के पडछंदों से अन्तेवासी प्रणाली से प्रति-स्पर्धिपक्षगामीओं से भी व्यक्ति का व्यक्तित्व गगन में गाजता है जगत् में प्रसरता है हृदयों में बसता है फल देके विरमित भी होता है। आज मैंने अवसर पाके अभिनन्दनार्थं वास्तविक स्कोलरशीप स्वरूप में या सेवादक्षिणास्वरूप में अनुभूत विज्ञप्ति धन समर्पित किया है। इनमें का अंश भी लेने से आध्यात्मिक धनाढ्यता जरूर मिलेगी। इनकी दिव्य कृपा जगत् के साथ-साथ मेरे पर भी विशेष हो, इस प्रार्थना के साथ विरमता हूँ ॥

श्रीस्वामाजी की भक्ति व तप

काव्यपुराणतीर्थ योगिराज भगवत्प्रपन्नाचार्य

सीमला, हिमगिरि, पंजाब

पूर्वजन्मीय भक्ति व तपवाली आत्माएँ कर्म द्वारा आवागमन नहीं करती, अपने इष्ट स्वामी परमात्मा की इच्छा पालन के लिये आवागमन करती है, वैसी व्यक्ति धाम के मुक्त ही है, भगवदिच्छा से गोकुल माथुर प्रदेश में श्री राधाजी विरजा सरस्वती गंगाजी सुदामा उद्धवजी अक्रूरजी गोप-गोपिकाएँ हुए, वैसे ही श्री स्वामिनारायण प्रभु के साथ उनके अक्षर ब्रह्म असंख्य मुक्त असंख्य मुक्तानिकाएँ ऐश्वर्य इत्यादि साथ में आये प्रकट हुए, श्री वासुदेव के साथ उनका चतुर्व्यूह, श्री शंकर ब्रह्म के साथ उनका चतुर्व्यूह शिष्य, श्री रामचन्द्रजी के साथ उनका चतुर्व्यूह, ब्रह्माजी के साथ उनका सनकादिक चतुर्व्यूह, श्रीकृष्णचैतन्य के साथ उनके चतुर्व्यूह, अनादि श्रीकृष्णनारायण के साथ उनके असंख्य व्यूह श्रीबुद्धभगवान के साथ उनके नव नाथ चोरासी सिद्ध व्यूह, श्रीअर्हन् सुगत के साथ उनके चोबीस व्यूह, श्रीनारायण के साथ इनके पार्षद व्यूह, श्रीवेदव्यास के साथ इनके अनेक व्यूह, श्रीविष्णु के साथ अनेक उपयोगी व्यूह, श्रीमन्वन्तर के साथ उनके व्यूह, देवी शक्ति माताजी लक्ष्मीजी के साथ उनके व्यूह, ये सब आज्ञा से साथ-साथ समान समय में प्रकट होते हैं, भगवान् के औतारों के साथ उनके आयुध वाहन सेवक सभी भगवदिच्छा से ही प्रकट होते हैं, निज सृष्टि में भक्तों के कई कार्य कराने के बाद अपने व्यूह में से योग्य को गद्दी पर बैठाकर बाकी के सबके सब निज शाश्वत भवन में चले जाते हैं, शाश्वत भवन की भक्ति सेवा लौकिक भवन में भी यहाँ करते रहते हैं, ये भक्तियाँ विविध रुचि से विविध प्रकार की होती हैं, अर्जुन बलदेव लक्ष्मण उद्धव अक्रूर सुदामा विभीषण अम्बरीष नारद इत्यादि भक्तिमार्ग प्रवरतावने वाले लोक कल्याण करते रहते हैं, जिस प्रकार के शरणागत उस प्रकार की भक्ति करवा के ब्रह्मधाम में भेज देते हैं। राधिकाजी गोपियाँ आदिक रतिविलास की भक्ति से भगवत्सेवा बजाती हैं, बलदेव नर लक्ष्मण आदिक सखा के रूप में आज्ञाभक्ति करते रहते थे, पृथुराजा की श्रवणभक्ति प्रसिद्ध हुई, कीर्तनकारों की कीर्तन-भक्ति, धारणाध्यानवालों की स्मरणभक्ति, दासियों की चरणसेवाभक्ति, पुजारियों की अर्चनभक्ति, महिमा-वाले दुःखी शरणागतों की वन्दनभक्ति, सर्वस्वार्पित भक्तों की वचन में रहना आदिक दास्यभक्ति, विनोद के लिये सख्यभक्ति, सभी के लिये अन्तिम दशा में आत्मनिवेदन भक्ति तो है ही, सभी में रसभक्ति होनी चाहिए, प्रभु में मिष्ट मधुर रस का आस्वाद आने लगे, पराकाष्ठा में पहुँचने लगे, वैरी होते-होते प्रभुमूर्ति में द्रवितता से मिलने लगे ऐकात्म्यानन्द पाने लगे तब भक्ति विधि का अवधि आया नैसर्गिक बन जाता है। प्रभु स्वयं भक्तिरस के ज्ञाता है। स्वामी को जिस प्रकार की सेवा भक्ति रुचिकर है प्रिय है यह पहले तो स्वामी ही जानते हैं, स्वामी के अभिप्राय से सेवक भक्ति प्रयोग करता है, दिव्यमूर्ति परमात्मा आनन्द घन स्वयं वाच्यरस वाचकरस है, ब्रह्मरस कामरस अलंकाररस वेषरस भूषारस 'रसो वैसः' सर्वानन्दवर्षी है, अनावरणभक्तिरस सर्वोत्तम है निरवच्छिन्नानन्द आस्वादनीय परमेश्वर महारसोत्तमरस है, प्रियरस रमणरस सोऽहंरस योगरस सामरस्यरस द्रवरस परमात्मा है, मधुरचिद्रस अमृतरस, वात्सल्यरस कारुण्य रस अनुकम्पारस साक्षात्साँकेतिकरस परमात्मा है, प्रेमरस आकर्षणरस पिण्डरस प्रसारस आह्लादरस परमात्मा है, परानुरक्तिरस प्रपत्तिपुष्टिरस लीलारस समर्पणरस विनोदरस स्रावस्रोतःरस स्वविस्मृत-

भगवन्मात्रस्मृतिकपूर्णब्रह्मकामरस भक्तिरस सच्चिद्रस भगवान ही है, भगवान को कोई भी भक्ति अनजानी नहीं है, सभी प्रकार की भक्तियाँ वैष्णवसन्त में रहती हैं, श्री कृष्णवल्लभाचार्य स्वामी जी बालपन से अनाविल भक्ति भरे थे,दर्शन भक्ति कीर्तन भक्ति वन्दन भक्ति करते थे, योग्यतानुसार श्रवणभक्ति करते थे, संस्कृतादिभाषा का वांचन सीखने पर कथा कीर्तन भक्ति कायमी किया करते थे, प्राप्त वेदों के पुराणों के महाभारत रामायण इतिहासों के पारायण किया करते थे, स्वामी जी आख्यान कथाओं के भी महासागर शेवधि हैं, आध्यात्मिक कथा व्याख्यानें करते ही रहते हैं, कोई भी दिन विना कथाकीर्तनवन्दनस्मरण अर्चन आदि का बांझ नहीं गया, आत्मनिवेदनयें है ही, भगवन्निवेदित अन्न फल जल दल कण रस आदि लेना, अनिवेदित हो तो निवेदित करके लेना, जब कुछ भी लेते हैं प्रसाद करके लेते हैं वस्त्र पुष्पहार आदि कुछ भी प्रभु को अर्पण करके लेते हैं, विधिनिषेध मानव के धर्मों में भक्ति में अपराधों में लिखे जो कुछ मानव-स्वरूप में अग्राह्य त्याज्य अस्पृश्य अनादेय परिहरणीय विसर्जनीय प्रक्षेपणीय दूरीकरणीय आदि हैं उन्हें प्रभु को अनर्पण में शास्त्र प्रमाण होने से भक्ति में न करने का नहीं भी करते हैं। फिर भी भगवान् में तादात्म्य-भाव से बरतने पर जो भगवन्मूर्तिग्राह्य है उनका समर्पण करते हैं, जो भगवन्मूर्तित्याज्य है उनका समर्पण नहीं करते। अग्नि पकाने को ग्राह्य है, अन्दर पड़ने को ग्राह्य नहीं है, हीरा रत्नमणि आभूषारूप में ग्राह्य है, चूसने को ग्राह्य नहीं, भृत्ति का मञ्जन के लिये ग्राह्य है, खाने के लिये नहीं, आसन बैठने को ग्राह्य है सरपर धरने को नहीं, नव द्वारों के मल त्याज्य हैं ग्राह्य नहीं, शर्करा ग्राह्य है, जहर नहीं, सामने के दर्शन उत्तम है अन्य नहीं, दिव्यता ग्राह्य है मलिनता नहीं, भक्ति कर्तव्य है, अभक्ति नहीं, सेवा कर्तव्य है असेवा नहीं, प्रसन्नता होनी चाहिए क्रूरता नहीं, मक्खन घी खाने योग्य है उनका मेल नहीं, मधु शहद ग्राह्य है मक्खी के अण्डे या मधुपुट नहीं, भगवान की मरजी के सब ग्राह्य है मरजी विरोधी नहीं, भगवान् जो जो जानते होंगे उनके भक्त भी जानते हैं, श्री वल्लभाचार्य जो श्री विट्ठलेशजी श्री माध्वाचार्यजी श्री निम्बार्काचार्यजी श्री शंकराचार्यजी भी जो जो भक्त्यंश जानते हैं वे ब्रह्म हें सब कुछ जानते हैं, श्री कृष्णवल्लभाचार्यजी उतना तो जानते ही हैं, यह अनुभव की बात हैं। कपिल भगवान के पास अश्वशिरा राजा गया और पूछने लगा, आप ब्रह्मदर्शन करते हैं ? कपिल जो ने कहाँ तुम प्रत्यक्ष कर लो तो संदेह न रहें प्रश्न हल हो जाय। राजाध्यान में बैठा अन्तश्चक्षु से देखने लगा, तब कपिल जी की मूर्ति में विष्णु चतुर्भुज देखने लगा, राजा ने कहा यहाँतक तो मैं भी सर्वत्र देखता हूँ। तब कपिल जी ने वैराज स्वरूप दिखलाया, राजा ने कहा यहाँ तक तो मैं भी देखता हूँ, तब कपिल जो ने महाविष्णु महानारायण तक दिखलाया, तब राजा ने कहा यहाँ तक तो मैं भी देखता हूँ, तब कपिल जी ने कहा—अब एक ही पूर्ण रूप बाकी है, देख लो राजन्, सर्वसृष्टिमय परमात्मा मेरे में हैं, तब राजा चकित हुआ, राजा ने अनन्त अवतार असंख्यसृष्टियां असंख्य मुक्त असंख्य ईश्वर असंख्य संकर्षण प्रद्युम्न अनिरुद्ध वासुदेव अनन्त नारायण अनन्त ब्रह्मसृष्टियाँ को देखा, परमपुरुष मूल दिव्यमूर्ति अवतारी परमात्मा बाकी रह गये, तब राजा ने कहा; आपका मूलस्वरूप परमपुरुष परब्रह्म का दर्शन कराइये, तब कपिल जी ने कहा—बिना योग्यता बिना कृपा वह दर्शन नहीं होगा, वैसा साधु बनो तब वह दर्शन होगा, राजा निवृत्त हो गया वैसा साधु होने का यत्न पर जिज्ञासु हुआ, कपिल जी ने कहा पराभक्ति एकरसमयी तादात्म्यमयी होने का अभ्यास करो। राजा अभ्यास करने लगा, वैसा होके दर्शन करके परमपुरुष के चरण में उनकी मूर्ति में समर्पित हो गया, 'ब्रह्माऽस्मि' भी उसी का प्रकार है, आत्मनिवेदित्वं भी उसी का प्रकार है, श्रीकृष्णवल्लभाचार्य स्वामीश्री कही रसमक्ति में तो पहुँचे ही हैं, वहाँ तक पहुँचना भी तपश्चर्याओं से होता है, सबीज तपश्चर्या उस स्थिति के लिये काम करती है, वस्तु पदार्थार्पण देह में, देहाऽर्पण सूक्ष्म तन्मात्राओं में, तन्मात्रार्पण

तन्मात्रार्पण इन्द्रिय वृत्तियों का अर्पण भी मन में, मनोऽर्पण अहं में, अहमार्पण बुद्धि में, बुद्ध्यर्पण पुरुषरूप आत्मा में, आत्मार्पण साक्षी ब्रह्म में, ब्रह्मार्पण परब्रह्म में प्रतिलोम रीति से करता रहे तो परमपुरुष का साक्षात्कार होता है, जीवन में परमपुरुष की आज्ञा से ही जगत् के प्रति अनुलोम होता रहने पर भी यह अनुलोमपना भगवान् के हुकुम से होता है अतः भगवान् में प्रतिलोमपना ही है, इस प्रकार की भक्ति श्रीस्वामीजी में पवनता सम्मुख है। इस स्थिति में जो कुछ उनमें व्यावहारिकता दीखती हो वह अपनी दृष्टि को दीखती है, उनकी दृष्टि में परमपुरुष की ही सेवा है, 'सर्वं खलु इदं ब्रह्म नेह नानाऽस्ति किञ्चन' 'यस्य सर्वं आत्मैव अभूत्' यह बात हुई हो, उनके लिये सभी कोई तपस्या की दृष्टि करते हैं, 'यस्य ज्ञानमयं तपः' 'जिसको ज्ञानमय सर्वात्मदर्शनमय महातप है, उसका 'तत्परं परमपुरुषख्यातिः तपः' कहाता है। स्वामीजी का तप अनाहार अल्पाहार तप संकोच संयम तप सात्त्विक तप ब्रह्मशील तप तो समग्र जीवन में व्याप्त ही है, बड़े तप का फल पवित्रता भक्तिमत्ता शास्त्रदर्शिता परमपुरुषदर्शिता ब्रह्मसत्तास्थितिमत्ता रूप में तो है ही, परमपुरुषात्मकता होना ब्रह्म होना अवशेष दीखता है। इनके लिये अभिनन्दन एक भगवान् के अवतार के प्रति अभिनन्दन है। अधिक क्या कहना। प्रभु अपने को चरणों में रखने की कृपा करें।

श्रीहरिः शरणं मम

अभिनन्दन

वेलजी रवजी चौहाण

श्रीहरि शरणागति मंडल के प्रमुख, मु० पूना

सभी विद्याएँ मानवों के नेत्र हैं, उपर्ले नेत्रों द्वारा व्यवहार पर्याप्त हो सकता है, आन्तर नेत्रों द्वारा आध्यात्मिक सिद्धियाँ लब्ध होती हैं, विद्याएँ सभी के लिए फलप्रद हैं, जनता विद्यालयों द्वारा सभी विद्याओं का उपार्जन करके आत्मीय राष्ट्रीय अभ्युदय व निःश्रेयस को मिला सकती है, जो जो लोग विद्याओं के लिए पुष्टि में सहायभूत होते हैं और विद्याओं के सुमूर्त स्वरूप में तन्मय रहते हैं, उन दोनों को विद्यातत्त्वज्ञों की ओर से अभिनन्दन दिया जाता है, ऐसे ही प्रसंग जनता में भगवत्कृपा से पुण्यबल से हार्दिक प्रसन्नता द्वारा आशीर्वादों से और सत्कार्यों से सुघटित होते हैं।

यह उपमा ठीक है कि—विद्वान् सन्त सूर्य-चन्द्र समान प्रकाश और शीतलता करते हैं, जहाँ कहीं भी वैसी योग्य व्यक्ति से उजाला होता ही है, उजाला को सतत निभाने व बढ़ाने के लिए योग्य व्यक्ति का वसवाट सर्वेष्ट होता ही है, गाँव, नगर राजधानियाँ भी विद्वानों से उजली रहती हैं, राष्ट्र विद्वानों से प्रकाशित रहता है, विद्वानों के सत्कार से विद्वद्भूमि भी प्रकाशित रहती है। विशेष प्रकाश को फैलाती हैं।

अभिनन्दन-ग्रन्थ-स्वरूप में उक्त हकीकतें समाविष्ट ही है, शब्द कायमी है मगर आकाश में लीनसा भासता है, ग्रन्थ की अक्षर शब्द वाक्य रेखायें बार-बार शब्दों को व्यक्तवाणी द्वारा गजाती रहती हैं, अभिनन्दन में विद्वान् लोग विद्वत्प्रेमी लोग रात्यप्रातिभलोग और उन्नति की आकांक्षावाले सभी लोग एकत्रित हो सकते हैं, अभिनन्दन में विद्वान् आदि वर्ग अपने-अपने आभ्युदयिक अभिप्राय देकर देश नगर ग्राम आदि को साथ में ही रखकर अभिनन्दनार्थ सत्पात्र व्यक्ति का सत्कार करते हैं, देश में वैसे दिगन्त-कीर्ति पुरुषों को प्रकटाने के लिये उत्साह शक्ति को जाहेर में प्रसराते हैं. इसके द्वारा अन्य कई विशिष्ट दैवी पुरुष भी पुण्य प्रयत्न ईश्वरेच्छा जनसमुदाय के आशींर्वादों के सहारे से प्रकट हो आते हैं, जिससे देश सदैव सुप्रकाशित होता रहता है।

परमेश्वर ने जगत्कल्याण के लिये ब्रह्माजी को वेद दिये, वेदों का विज्ञान ऋषि मुनिओं ने जनता को दिया, व्यासाऽवतारों ने विस्तारपूर्वक आध्यात्मिक विद्याओं का विकास किया, आचार्यों ने उन विद्याओं का भगवान् के साथ सम्बन्ध बतलाकर उपासनामार्ग विकसित किया, विद्वान् महापुरुषों ने उन्हीं निगूढ रही विद्याओं का तत्त्वविमर्श के रूप में दर्शन शास्त्रों की प्रणाली प्रकट की, श्रेयः प्रेयः सुमूर्त विद्याओं का लाभ उपनिषदों द्वारा मिलता हो रहता है, उनके तात्पर्य सिद्धान्तों का प्रदर्शन आचार्यों ने भाष्यों द्वारा सुस्पष्ट कराया, जनता इसपर आत्मा में आनन्द लेने लगी, बुद्ध भगवान् ने जगन्मय तत्त्वों का क्षणिकत्व ही कहकर वैराग्य उपजाया, गौतम मुनि ने तत्त्वों पर गहन विचार कर न्याय शास्त्र रूप में तत्त्वनिर्णायक विद्या का गहन स्वरूप भी सरल बनाया, कणाद ऋषि ने दृष्ट अदृष्ट सभी तत्त्वों का न्याय रीति से स्वरूप व लक्षण आदि विवेचित करके जगत् की चीजों का वर्णन किया, कपिल भगवान ने

अनेक विद्वानों को आकृष्ट करके पूर्वीय अभिनन्दनों की तरह समग्र भौगोलिक प्रजाजनों के आन्तर नेत्र खोलवाकर अवर्णनीय उपकार किया है, भारत की कोणे रही हुई विभूतिओं को प्रकाश में रख दिया है।

भगवत्स्वरूप श्री कृष्णवल्लभाचार्य स्वामी जी ने श्री स्वामिनारायणसम्प्रदाय के बड़े-बड़े मन्दिर सभामण्डप नये बनाये हैं, सौराष्ट्र में राजकूट राजधानी में श्रीलक्ष्मीनारायण भगवान् का बड़ा भव्य मंदिर बनवाया है, सौराष्ट्रीय जाम नगर में बड़ा मन्दिर-सभामण्डप आदि बनवाये हैं, जूनागढ राजधानी में लाखों रूपये लगाकर महाप्रसाद-दिव्यभवन बनवाया है, इन स्वामी जी का काशीनिवास के फलरूप में श्रीवृत्तालय द्वारा मच्छोदरी में महादिव्य प्रासाद श्रीस्वामिनारायण मन्दिर हुआ है, कई स्थलों में छोटे मन्दिर भी होंते रहते हैं, साम्प्रदायिक शास्त्रों का हिन्दी भाषान्तर करके भारत में जनता के लिये ज्ञान दान दिया है, संस्कृत-फिलासाफी के नव्यन्यायशास्त्रादि के दोहन रूप कई नये ग्रंथों मे सुप्रतिष्ठित 'तत्त्वप्रभावली' नामक ग्रन्थ, जो 'श्वैतायनीयं विशिष्टं नव्यं न्यायशास्त्रम्,—नाम से प्रख्यात हुआ है, सचमुच पाण्डित्य भरपूर इस ग्रन्थ में अच्छे-अच्छे पण्डितों के भी मेधापुट खूलते रहते हैं, महाभारत की रचना के बाद पांचहजार वर्ष जानेपर संस्कृत पद्यात्मक काव्य श्रीलक्ष्मीनारायणसंहितानामक ग्रन्थ श्वेतायनसंहिता रूप में चतुर्युगों के ऐतिहासिक बड़ाभारी सुमूर्तरूप काव्य कुशल श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी ने अपनी आगमनिगम की आगमीय अलौकिक अप्रतिहत विज्ञानशक्ति से अपरोक्षसाक्षात्कार वृत्तिरूप चैतन्य में से निकालकर प्रकट किया है, इसमें सारी सृष्टि के मुद्दे भरे पड़े हैं, वैसे कविवर्य श्रीस्वामीजी महाराज एकहत्तर वर्षों से ऊपर चली जा रही उम्मर में भी अखण्डित अविरत लेखनी चलाये रखते हैं, ये जरूर श्वेतायन व्यास जी का स्मरण कराते हैं, इनमें पठन पाठन लेखन संकलन कवन प्रवचन प्रकल्पन समन्वयीकरण आदि अनेक शक्तियाँ निवास कर रही हैं, अतर्क्य देवपुरुष की तरह जनता को अपने में आकर्षित कर लेते हैं, ये जरूर पृथिवी पर वर्तमान में एक महान् दैवी परम पुरुष विद्यमान हैं, इनके शरीरपिण्ड में सामुद्रिक शास्त्रानुसार दैवाऽवतारीय रेखाएँ हैं, कई स्पष्ट चिह्न दिखते हैं, संकल्पसिद्ध इन महापुरुष के आशीर्वादों से अर्धायु बीते सकाम भक्तों को पुत्रप्राप्ति संकडो कुटुम्बो में विद्यमान है, शास्त्रों में लिखे हुए दिव्यपुरुष अपने स्वरूप में विद्यमानता का स्मरण कराते हैं, इनके प्राकट्य-जयन्ती-महोत्सव ग्राम-नगरो में मनाये जाते हैं, जन्मजयन्ती गुजराती आश्विन कृष्णाष्टमी हिन्दी कार्तिककृष्णाष्टमी काशी व बम्बई आदि पंचांगपत्रों में स्वल्पप्रतिमासहित प्रसिद्ध मुद्रित होती है, इन परमपुरुष के द्वारा अनेक परोपकारी पुण्यकार्य होते रहते हैं, इनके नाम से कुंकावाव नगरी में महाविद्यालय आर्ट्स सायन्स कोमर्स कालिज संस्था हो रही है, यह जनता के लिये बड़ाभारी परोपकार हो रहा है, इनके प्रभाव से विद्यालय के लिये दान-प्रवाह चालू है, कुंकावाव नगरी की जनता और सौराष्ट्र प्रदेश की जनता जो इस विद्यालय में सहाय करेंगे उनके लिये भावी स्वर्ग व निःश्रेयस नक्की ही रहेगा, इन महात्मा ने अनेक जनों के दुःख दूर किये, चोट झपट मिटायें पराभव हठायें रोगनाश किये निकृष्टयोनि की आत्माओं के कल्याण उपजाये, योगस्थित में सात्त्विक प्रकर्ष भी प्राप्त कराये, वर्तमान में भी शास्त्रचिन्तन व ब्रह्मचिन्तन में ही प्रायशः समयसार्थक कर रहे हैं, दर्शनाभिलाषी लोगों को रोकटोक नहीं है, यथायोग्य ज्ञानवार्ता भक्तिमिश्रित श्रवण कराते हैं, इन्होंने हजारन ग्राम नगर शहरों में विचरण से जनता को आत्मीय श्रेयः के लिये साधन समझाये हैं, इनके भाषा ग्रंथ कई स्थलों में बांचे जाते हैं, इनके निमित्त पवित्र दिनों में भक्तजन भजन कीर्तन सत्संग आदि करते हैं, प्रकृतिवर्ग से दूर ही दूर रहते हैं, यज्ञादिकर्म काण्डों के द्वारा सभी देवताओं के पूजारी हैं, गौमाता आदि के लिये सेवक हैं, ये सभी वृत्तान्त दृष्टिगोचर किये ही यथार्थ लिखे हैं।

लिये ग्रन्थवितरण करते रहते हैं, स्वामीजी में ज्ञान विज्ञान होने पर भी मुनिव्रत, शक्तियाँ होने पर भी क्षमाव्रत, त्यागशीलता होने पर भी अप्रशंसा, सम्मानों में रहने पर भी निर्मानव्रत, आजीवन प्रथमाश्रमी शीलव्रत, सन्तस्थिति, भगवद्भक्ति, अनेक प्रकार के अपमानों का पी जाना, निश्चिन्त ब्रह्मस्मरण में समय सार्थकता, ग्रन्थपरिशीलन, भजन कीर्तन नियमरक्षण, दोषों से अपराभव, गाम्भीर्य, तर्कवितर्कों का समाधान, परोपकार आदि अनेक सद्गुण इन महापुरुष में मिलते हैं, भगवान् की कृपा से पण्डितों के आशीर्वादों से सरस्वती की उपासना से माता पिता के पुण्य से महान् सन्त पुरुषों की प्रसन्नता से वर्तमान समय में दिगन्तयशस्वी श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी महाराज चमक रहे हैं।

इनके लिये भारत व अन्यदेशों के बड़े-बड़े विद्वान् लोग अभिनन्दन दे रहे हैं, यह एक भारतमाता को उसके साथ काशीनगरी को तथा सरस्वती माता को भी अभिनन्दन है, श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी महाराज तो निमित्त मात्र है, इन भगवान् की जन्मभूमि महागुजरात के सौराष्ट्र विभाग में रैवताचल पर्वत से पूर्वदिशा में स्थित कुंकुमवापी-कुंकावाव नगरी है, जहाँ लोमश ऋषि का क्षेत्र है, उससे दक्षिण में बकडालव ऋषि का आश्रम प्रसिद्ध है, इस भूमिक्षेत्र के दक्षिण भाग में एक सो कोशो में विस्तीर्ण सपर्व-ताऽरण्यात्मक गहन वन में नरसिंह भगवान् के वंशजों के Lion सिंहारण्य प्रसिद्ध है, जिस भूमि में सप्त द्वारिकाएँ सागर किनार पर भिन्न विभागों में हो चूकी हैं, जिस देश में सोमनाथ ज्योतिर्लिंग तीर्थ है, श्रीकृष्ण भगवान् का स्वधामगमन का प्राचीनपिप्पल नामक तीर्थ है, वामनभगवान् ने बलि राजा को १०१ संख्याक आखिरी यज्ञ में रसातल पहूँचाया था, उन त्रिविक्रम वामन-दामोदर की विशाल प्रतिमा सहित तीर्थभूमि गिरनार की क्षीण में हैं, आनर्त रुक्मांगद धर्मांगद रहूगण आदि राजाएँ इस देश के राज्याधिप हो गये हैं, नरसिंह महेता जलारामबापा इस सौराष्ट्र में हुए हैं, राणकदेवी आदि सतीयाँ हो चूकी हैं, वैसी इस सौराष्ट्रीय कुंकुमवापी-कुंकावाव की भूमि में श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी महाराज का सुमूर्तस्वरूप श्वेत संगमरमर की प्रतिमा 'श्रीकृष्णवल्लभाऽऽचार्यराष्ट्रीय स्मृति भवन में सुप्रतिष्ठाविधि से संस्थापित की है, जिसकी पूजा हो रही है, वहाँ मेला लगता है तथा बाधा मानताएँ मानी जा रही हैं, बाधा रखनेवालें के मनोरथ पूर्ण हो रहे हैं, वहाँ प्रतिदिन भजन मंडली भजन करती है, इस लोमश क्षेत्र की पवित्र भूमि में श्रीकृष्णवल्लभाचार्यकालिज स्थापित की है, वैसे विद्वान् सन्त की स्मृति में अभिनन्दनों के द्वारा अनेक प्रजाजन विद्वान् भक्त होयेंगे, वे देश के हित में ही तैयार रहेंगे, सौराष्ट्र देश, श्रीसूक्तकथित 'उपेतु मां देवसखः कीर्तिश्च मणिना सह। प्रादुर्भूतः सुराष्ट्रेऽस्मिन् कीर्तिम् ऋद्धिं ददातु मे' ॥ ७ ॥ मन्त्रानुसार श्रीकृष्णभगवान् के गोलोकीय मुकुट का दिव्यमणि, जो सौराष्ट्रदेशस्वरूप में प्रकट हुआ है वह कीर्ति के साथ-साथ स्मृद्धियाँ देते रहो, ऐसी भूमि के सुपुत्र एक सन्त पुरुष के लिये बड़ाभारी अभिनन्दन सुमूर्त स्वरूप में हो रहा है, इसके फलरूप दूनिया के महाविद्यालयों में कुंकुमवापी नगर-महाविद्यालय गणना-स्थान ले रहा है, कुंकावावनगरी पृथिवी में अपने बालक सन्त को प्रकट करती हुई दिगन्त प्रख्यात हो रही है, यह एक बड़ा अभिनन्दन ही है, ३०० से अधिक धुरन्धर विद्वान् महामहो पाध्याय पद्मविभूषण पोष्टाचार्य आचार्य शास्त्री तीर्थ वाचस्पति केसरी पंचानन सार्वभौम राज रत्न निष्णात उपाध्याय विशारद कुलपति अलंकार वाइसचान्सलर लीडर लेक्चरर लीटरेचर डाइरेक्टर प्रिन्सिपाल जनरल सेक्रेटरी, M. B. B. S. D. P. H, M. A. A. M. S., M. A. Phd, Eplitt, D-Lit, D. Phill, आदि बड़े-बड़े लोग अभिनन्दन दे रहे हैं, ये इन दैवी परम पुरुष के लिये योग्य हैं, आप के आर्टिकल्स उपदेश लेख आशीर्वाद मननीय हैं, जगत् को बड़े उपकार करनेवाले हैं, विद्वान् लोग अपने उपदेश द्वारा असंख्य जीवों का उद्धार कर देते हैं, इस अभिनन्दन की समितिस्थ पूजनीय विद्वान् पुरुषों ने

अनेक विद्वानों को आकृष्ट करके पूर्वीय अभिनन्दनों की तरह समग्र भौगोलिक प्रजाजनों के आन्तर नेत्र खोलवाकर अवर्णनीय उपकार किया है, भारत की कोणे रही हुई विभूतिओं को प्रकाश में रख दिया है।

भगवत्स्वरूप श्री कृष्णवल्लभाचार्य स्वामी जी ने श्री स्वामिनारायणसम्प्रदाय के बड़े-बड़े मन्दिर सभामण्डप नये बनाये हैं, सौराष्ट्र में राजकूट राजधानी में श्रीलक्ष्मीनारायण भगवान् का बड़ा भव्य मंदिर बनवाया है, सौराष्ट्रीय जाम नगर में बड़ा मन्दिर-सभामण्डप आदि बनवाये हैं, जूनागढ राजधानी में लाखों रूपये लगाकर महाप्रसाद-दिव्यभवन बनवाया है, इन स्वामी जी का काशीनिवास के फलरूप में श्रीवृत्तालय द्वारा मच्छोदरी में महादिव्य प्रासाद श्रीस्वामिनारायण मन्दिर हुआ है, कई स्थलों में छोटे मन्दिर भी होंते रहते हैं, साम्प्रदायिक शास्त्रों का हिन्दी भाषान्तर करके भारत में जनता के लिये ज्ञान दान दिया है, संस्कृत-फिलासाफो के नव्यन्यायशास्त्रादि के दोहन रूप कई नये ग्रंथों मे सुप्रतिष्ठित 'तत्त्वप्रभावली' नामक ग्रन्थ, जो 'श्वेतायनीयं विशिष्टं नव्यं न्यायशास्त्रम्,—नाम से प्रख्यात हुआ है, सचमुच पाण्डित्य भरपूर इस ग्रन्थ में अच्छे-अच्छे पण्डितों के भी मेधापुट खूलते रहते हैं, महाभारत की रचना के बाद पांचहजार वर्ष जानेपर संस्कृत पद्यात्मक काव्य श्रीलक्ष्मीनारायणसंहितानामक ग्रन्थ श्वेतायनसंहिता रूप में चतुर्युगों के ऐतिहासिक बड़ाभारी सुमूर्तरूप काव्य कुशल श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी ने अपनी आगमनिगम की आगमीय अलौकिक अप्रतिहत विज्ञानशक्ति से अपरोक्षसाक्षात्कार वृत्तिरूप चैतन्य में से निकालकर प्रकट किया है, इसमें सारी सृष्टि के मुद्दे भरे पड़े हैं, वैसे कविवर्य श्रीस्वामीजी महाराज एकहत्तर वर्षों से ऊपर चली जा रही उम्मर में भी अखण्डित अविरत लेखनी चलाये रखते हैं, ये जरूर श्वेतायन व्यास जी का स्मरण कराते हैं, इनमें पठन पाठन लेखन संकलन कवन प्रवचन प्रकल्पन समन्वयीकरण आदि अनेक शक्तियाँ निवास कर रही हैं, अतर्क्य देवपुरुष की तरह जनता को अपने में आकर्षित कर लेते हैं, ये जरूर पृथिवी पर वर्तमान में एक महान् दैवी परम पुरुष विद्यमान हैं, इनके शरीरपिण्ड में सामुद्रिक शास्त्रानुसार दैवाऽवतारीय रेखाएँ हैं, कई स्पष्ट चिह्न दिखते हैं, संकल्पसिद्ध इन महापुरुष के आशीर्वादों से अर्धायु बीते सकाम भक्तों को पुत्रप्राप्ति संकडो कुटुम्बो में विद्यमान है, शास्त्रों में लिखे हुए दिव्यपुरुष अपने स्वरूप में विद्यमानता का स्मरण कराते हैं, इनके प्राकट्य-जयन्ती-महोत्सव ग्राम-नगरो में मनाये जाते हैं, जन्मजयन्ती गुजराती आश्विन कृष्णाष्टमी हिन्दी कार्तिककृष्णाष्टमी काशी व बम्बई आदि पंचांगपत्रों में स्वल्पप्रतिमासहित प्रसिद्ध मुद्रित होती है, इन परमपुरुष के द्वारा अनेक परोपकारी पुण्यकार्य होते रहते हैं, इनके नाम से कुंकावाव नगरी में महाविद्यालय आर्ट्स सायन्स कोमर्स कालिज संस्था हो रही है, यह जनता के लिये बड़ाभारी परोपकार हो रहा है, इनके प्रभाव से विद्यालय के लिये दान-प्रवाह चालू है, कुंकावाव नगरी की जनता और सौराष्ट्र प्रदेश की जनता जो इस विद्यालय में सहाय करेंगे उनके लिये भावी स्वर्ग व निःश्रेयस नक्की ही रहेगा, इन महात्मा ने अनेक जनों के दुःख दूर जिये, चोट झपट मिटायें पराभव हठायें रोगनाश किये निकृष्टयोनि की आत्माओं के कल्याण उपजाये, योगस्थित में सात्त्विक प्रकर्ष भी प्राप्त कराये, वर्तमान में भी शास्त्रचिन्तन व ब्रह्मचिन्तन में ही प्रायशः समयसार्थक कर रहे हैं, दर्शनाभिलाषी लोगों को रोकटोक नहीं है, यथायोग्य ज्ञानवार्ता भक्तिमिश्रित श्रवण कराते हैं, इन्होंने हजारन ग्राम नगर शहरों में विचरण से जनता को आत्मीय श्रेयः के लिये साधन समझाये हैं, इनके भाषा ग्रंथ कई स्थलों में बांचे जाते हैं, इनके निमित्त पवित्र दिनों में भक्तजन भजन कीर्तन सत्संग आदि करते हैं, प्रकृतिवर्ग से दूर ही दूर रहते हैं, यज्ञादिकर्म काण्डों के द्वारा सभी देवताओं के पूजारी हैं, गौमाता आदि के लिये सेवक हैं, ये सभी वृत्तान्त दृष्टिगोचर किये ही यथार्थ लिखे हैं।

इनको ऐश्वर्य चमत्कार माहात्म्य को कई लोग स्वरुचि के अनुसार निगूढ ही रखवाना चाहते हैं, उन लोगों की तुष्टि के लिये आप की सुरुचि से ही निगूढरूप में रखना अति उत्तम समझकर वैसे ही वर्ताव रखते हैं, फल फूल छाया से तरुवर की तरह सन्तवर्य दैवी गुणों से आश्रय लेने लायक होते हैं, वैसे इन स्वामीजी के अपरोक्ष साक्षात्कार किये वृत्तान्तों के वर्णन में सत्याश्रयी हृदय अति आनन्द अनुभवता है, अरुचिवाले शरीरिओं के प्रति स्वामीजी महाराज स्वयं उनके सन्तोष के लिये रुचि का उद्भावन ही नहीं होने देते.हैं, द्वादशवार्षिक कुम्भमहोत्सवों में हरिद्वार प्रयाग नाशिक उज्जैन काशी हरिहरक्षेत्र कपिलधारा आदि स्थलों में शास्त्रार्थ के तम्बू तान कर महिने-महिने तक विद्वन्मंडली में शास्त्रार्थ गीर्वाण दर्शन मतों में जाहेर बोर्ड से चालू रखते थे, श्री भागवतानन्दस्वामी परमानन्दस्वामी हरिसिंह स्वामी महेशानन्दस्वामी ब्रह्मानन्दस्वामी श्रीकृष्णवल्लभस्वामी आदि बड़े बड़े नैयायिक वेदान्तिक दार्शनिक विद्वानों का मण्डल गीर्वाण तत्त्वार्थ शास्त्रार्थों के लिये सुसज्ज ही रहता था, इनमें श्री स्वामीजी ने अनेक बार सुसत्कार पाये थे, फिर भी सभी विकृतियों के आश्रय आकाश की तरह निर्लिप्त जीवन बीताते हैं।

श्रीस्वामिनारायण सम्प्रदाय की वैष्णवी दीक्षा होने से सम्प्रदाय के लिये उपयुक्त विद्वानों के लिये ग्राह्य—१-श्री स्वामिनारायणदर्शनन्, २-तत्त्वप्रभावली न्याय, ३-श्रुतितात्पर्यनिर्णय वेदान्त, ४-ख्यातिविमर्श, ५-प्रमात्वविमर्श, ६-सुधासिन्धु ब्रह्मरसायन भाष्य, ७-श्रीहरिस्वरूपरूप निर्णय-सत्संग भाष्य, ८-सांख्य भाष्य, ९-योग भाष्य, १०-साकारत्व विमर्श आदि कई ग्रन्थ लिखकर मजबूत पाये बना दिये हैं, और भी कई किरणावली आदि टीकाएँ लिखी हैं, ये जो जो विषय वर्णित किये हैं, सभी अभिनन्दन रूप में सुमूर्त ही हैं, दिव्य सन्त पुरुषों के गुण वर्णन भी प्रेयः श्रेयः के लिये सत्फलित होता है, इन महापुरुष के नाम से कुंकावाव कालिज की तरह और भी विद्यालय होंगे, सनातन धार्मिक विद्याएँ पोषण प्राप्त करेगी, वर्तमान समय में समुदायों के समुदाय विद्वान होते जा रहे हैं, उन्हें आत्मसाधन में सन्तपुरुष के अभिनन्दन आनन्दित रक्खेंगे, सुमार्गपर ही रक्खेंगे, आश्रित भक्तों को ब्रह्मलोक के सुख में वर्तायेंगे, सौराष्ट्र में बड़ी-बड़ी भूगोल प्रख्यात विभूतियाँ हो चुकी हैं, इन अवतारी परमपुरुष के अभिनन्दन उन पूर्वज पुरुषों को भी प्राप्त होगा ही, इन सन्तस्वरूप महाविद्वान् अवतारी परमपुरुष भगवान् श्री कृष्ण-वल्लभाचार्यजी महाराज को सर्वस्वार्पण करता हूँ, मेरी भावनानुसार भक्ति सफल होने के आशीर्वाद माँगता हूँ, अधिक न्यून आप क्षमा करेंगे।

प्र० स्वामी श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी के जीवन के अनुभव तथा गुणग्राहिता

पं० हरिहराचार्य वेदान्तद्वय शिरोमणि

संस्कृत महाविद्यालय, अमरावती

सभी को अच्छा होना प्रिय है, पहले अपनी आत्मा में देखते रहना चाहिए, अपने ही परीक्षक बनकर अच्छे होने के साधन-नम्बर संग्रहित करने चाहिए। दूसरे की उन्नति देखके ज्वलन के स्वभाववाला जलता ही रहेगा कभी ठण्ढक नहीं पावेगा, उसको शान्ति ही नहीं मिलती, वह सद्गुणी कभी नहीं बनता, अपने दुर्गुण तजने का यत्न ही नहीं करता है, चलन-स्वभाव के पराधीन है, अतः महत्त्वाकांक्षी को परोन्नतिप्रियता होनी ही चाहिए, जो जो पराया भला चाहता है पर की भलाई के गुणग्राहक बनता है भलाई में आनन्द लेना चाहता है वह सभी में पर की उन्नति उत्कर्ष महत्ता सम्मानिता को देख के खुशी होने का स्वमाव सीखे, बड़े सन्त महात्मा परोपकारी लोग तन मन धन से सेवा करने लग जाते हैं, गौ विप्र सन्त गुरु पितृजन अनाथ अनाधार अपंग स्वाश्रित स्वाधीन आदि को स्ववत् स्वबालवत् सेवनेवाला पुण्यशाली होता है, पुण्य से आत्मा निर्मल सात्त्विक प्रकर्षवाली होती है, ईश्वर साक्षी की प्रसन्नता रहती है, सेव्य लोक भी मीठी दृष्टि से सेवक को देखते हैं, अतः अपने में सेवकता का अनुभव को स्थान सतत देना चाहिए, स्वामी श्री ने अपना जीवन सेवाश्रम में समर्पिप कर दिया है, सेवा नामक बड़ा भारी गुण स्वामी जी में हैं।

बालपने में गुण बसाने की शक्ति जोर नहीं करती हैं किन्तु सभी नयी-नयी स्कूल शिक्षा गृह-शिक्षा समाज शिक्षा पडोश शिक्षा कामकाज शिक्षा परिचय शिक्षा सभी शिक्षण के अनुकरण की शिक्षा के लिए सभी शक्तियां जोर करती हैं, मातृभाषा शिक्षा तीन चार वर्ष में हो जाती है, अहं ममता का पूरा शिक्षण भाषा शिक्षण में से ही आरब्ध हो जाता है, हर्षशोक के शिक्षण के साथ पक्षपात का बड़ा भारी शिक्षण रूढ होते चलता है, इससे भरण-पोषण के स्वीयत्त्व बीज बीये जाते हैं। महापुरुषों को इसी अवस्था में पारमार्थिक जीवन का आना पक्षपाती जीवन का बदलना किसी न किसी निमित्त से हो जाता है, श्रीरामचन्द्रजी, श्रीकृष्ण भगवान्, कपिलजी, कबीरजी, शंकरस्वामी, स्वामीनारायण आदि भगवानों का जीवन-पलटा 'समग्र सृष्टि मेरे में ओतप्रोत होने का स्वरूप उद्भूत हुआ, जगत् के कल्याणार्थ घर से ही उद्यम में लग गये, उसी कार्य के लिए निकल पड़े, श्रीकृष्णवल्लभाचार्य स्वामी जी का ज्येष्ठ की भीमएकादशी का व्रत महोत्सव पर जूनागढ़ जाने से हृदय पलट गया, वहीं सन्त आश्रम में रहना स्वीकार लिया, संसार का खारा मीठा का भान सत्संग से होने लगा, जन्मभूमि जन्मगृह जन्मकुटुम्बी से विमुक्तता में गुरुद्वारा सन्त सत्संग देवभक्त्याश्रम में संयुक्तता में जीवन बीतने लगा, अभ्यास से विद्या का मूल्य भी भासने लगा, अभ्यास के नये संस्कार बलवान् बनते गये, त्यागी दीक्षा ले ली, बड़ौदा के महामहोपाध्याय न्यायव्याकरणादि के विद्वान् श्री बदरीनाथ शास्त्री का जूनागढ़ आने पर दर्शन करके फिर पलटा खाया—'अच्छे विद्वान् होना चाहिए।' जीवन त्यागी तो था, मगर विद्या की तरफ विशेष रूप से पलट गया, त्याग रखते हुए विद्या अच्छी तरह उपार्जित होगी, प्रभु इच्छा से यह निश्चित हुआ, काठियावाड में सौराष्ट्र

समस्त देश में एक महामारी का रोग एकदम गरमी में फैल पड़ा, एक-एक गांव में पाँच पचीस मृत्यु प्रत्येक दिन होने लगा, इससे यह भी वैराग्य बढ़ा कि मर जाते तो मानव जीवन पशुसम निष्फल हो जाता, इससे बच गये तो जरूर अच्छा उपार्जन कर लेना, ज्ञानोपार्जन से सत्यावलम्बित होके तैर जायेंगे, इस प्रकार का जीवन पलटा, मोक्ष के लिये बरतने लगा, स्वदेश भी छोड़ के बड़ौदा होकर मध्य प्रान्त में काशी नगरी पहुँच गये, बिलकुल जीवन हिन्दुस्तानी हो गया, अनेक नयी शिक्षा लेना आवश्यक हो गया, विशाल कोटि के विद्वानों में विद्या की कामना अतिशय बढ़ गयी, गुरुसेवा देवोपासना तीर्थसेवन विद्या-अध्ययन शारीर ऐन्द्रियक मानसिक तप आदि आदि में जीवन बीतने लगा, अनेक महान्तों के मठ गद्दियां महत्ता स्मृद्धि देखने में आये, ये गौरव बढ़ाने में टेका नहीं दे सके, दादूपन्थ के महान्तको तथा निर्मले पंथ के महान्त को किसी ने काट-काट कर टुकड़े सन्दूक में भरकर गटर में फेंक दिये, इत्यादिक अनिष्ट ने महान्ताई मठाधिपतित्व समूहस्मृद्धयधिपतित्व में भी निरास्था ऊपजा दिया और परमेश्वर की मेहरबानी से साधु आश्रम ही प्रियतम हो गया, सभी विद्याएँ पढ़ने में आयीं, विद्वानों के धन आत्मीय होते हैं, उनका उपयोग पढ़ाना शास्त्र रचना उपदेश करना भक्ति करते रहना, सात्त्विक समझ से द्वन्द्व तथा इतियों के दुःखों की असर न होने देना अलमस्ताना रहना परमेश्वर में ज्यादा समर्पित रहना, इस प्रकार का निष्कामस्थिति सन्यासस्थिति का अनुभव हृदय में आत्मा में होने लगा, इन्द्रिया अन्तःकरण शान्त ही हो गये थे, शारीर कष्ट सुखमय हो चुका था, पाण्डित्य की कली खिल गयी थी, आचार्य के अभ्यास में आगल बढ़े, दर्शनों के सभी प्रकार के विमर्शों से ब्राह्मी स्थिति के अंश जीवन में जीवनमुक्ति रूप में ही होने लगा, विदेह मुक्ति आधा तो आया-जाया करती थी, संसार को पचास टका नहीं अपनाना सावधानपने से निश्चित कर हो लिया, विद्योपार्जन के साथ-साथ भारत के तीर्थाटन हो गये, बड़ी पवित्र आत्मा ने अनेक विषय के ग्रन्थ लिखके पढ़ाई की सेवा किया, फिर सम्प्रदाय का ऋण उतारने का हृदय-सम्बलन देश में रहने की चाहना ऊपजाने लगा, विचार कर लिया आधा जीवन सात्त्विक उपार्जन में बीता, अब निर्गुण जीवन बिताना चाहिये पुनरागमन कर्म द्वारा न होने का स्वरूप तन्मय होना चाहिए, इस डोर को पकड़ कर निज सम्प्रदाय के स्वगुरु द्वारा जूनागढ़ में रहना पसन्द किया, पश्चिम काशी जामनगर में वहाँ की जनता के अनुरोध से बीसों वर्ष उसी चमत्कार नगर में मुक्ति सम्बद्ध जीवन बिताया, अभी गिरनार की छाया में जीवन बीत रहा है, विद्वानों की तरफ से अभिनन्दन आशीर्वाद आ रहे हैं, सरकार की तरफ से सम्मान आ रहे हैं, जनता की तरफ से तृप्ति आशिष आ रही हैं, जड चेतनों की तरफ से प्रशस्तियाँ आ रही हैं, धर्मराजा की तरफ से रूपक-दूत भी आ रहे हैं, भगवान् की तरफ से आतिवाहिक नजदीक में पहुँचे हैं, ब्रह्मलोक के लिए तैयारी में बरतते हैं। प्रायशः माया अविद्या अज्ञान कर्म स्व के मरने में सम्मुख हो रहे हैं, वे मरे हुए ही स्वामी जी को दिखाते है, उनका कर्जा उतर गया, वे ले चुके हैं, स्वामी जी पर किसी का कर्जा नहीं है, जो कुछ रहा होगा वे सब ब्रह्मार्पण से निवृत्त हो जायेंगे, काषायाम्बर अग्निवर्ण धारने से आत्मा दिव्य अग्नि ब्रह्मतेजमय हो ही गया है, वृत्तियाँ साक्षो से मिलाकर साक्षिचैतन्यप्रकाश में प्रस्थाना कर रही हैं। उपास्य अन्तर्यामी सर्वनियामक परब्रह्म के आदेशानुसार भक्तात्मा के लि रहना-सहना होता ही है, उनके इष्ट में स्वामीजी का वास है। ये उत्तम जीवन के अनुभव हैं।

विद्यार्थियों में से गरीबाई रखना विनय सीखना अभ्यास में सावधान रहना गुण लिये गये थे। पण्डितों में से वफादारी सीखना परोपकार करना सादा ज्ञानी जीवन बिताना गुण लिये थे, देसीय जनों से निर्बन्धन रहना, विदेशियों से एषणारहित होना तीर्थों में से निष्पाप बनना, शास्त्रों में से स्पष्ट अर्थ

उदारार्थ कहना, ये गुण लिये थे। साधु सन्यासियों से अग्नि स्वरूप होना, समुदायों में से विनीत होना अपमानों से सहनशक्ति रखना, सन्मानों से खुशीपने की जमावट नहीं होने देना, इत्यादि गुण लिये थे।

मानवों में स्वार्थी या तो विरोधी स्टाफ ज्यादातर झपटते हैं, इनका प्रसंग बिना माँगे मिलता रहता है, पशु की तरह मारने दौड़ते हैं, पशुओं से दूर चलने का गुण, विरोधियों से भी झपट में नहीं आ जाने का शिक्षण ले लेना चाहिए, स्वार्थी लोग दे के फुसला के उपकार दिखला के तब गड्ढे में डालते हैं, उनसे गुण लेना—अप्रसंग रखना, विश्वास में नहीं पड़ना, सन्त लोग संसारियों का विश्वास न करे, करे तो कुछ न कुछ निम्न दशा में पड़ना पड़ेगा, सन्त सन्त में विश्वास करे वहाँ कोई स्वार्थ नहीं होगा, स्वामी जी ने इन बातों पर खूब ध्यान दिया है, कई वैसे जनों से दूर रहते हैं, किसी से स्नेह तो करते ही नहीं, आदर सत्कार योग्य करके भी दूर रहते हैं, बन्धन से दूर रहना ही सन्त की शोभा है, लालचू बनना ही नहीं, शारीर निर्वाह योग्य प्रसंग भिक्षा आदिक स्वीकारना, तृष्णा नहीं रखना, पूर्णकाम होना, सदा तृप्ति रखना, इन्द्रियों में भाईबँधाई नहीं करना, आसन सिद्ध होना, समूह से निर्लेप रहना, भक्ति में ज्ञान में समय आयुः सार्थक करना, परोपकारी होना, कमा के धर्मार्थ लगाना, त्याग से शान्ति तथा उन्नति है, निष्फिकर होने से फकीराई श्रेष्ठ होती है। प्रभु की फिकर रखना, प्रभु सन्त की फिकर करते ही हैं। श्री स्वामी ने इस प्रकार अपने जीवन के अनुभव में रहते हुए सद्गुण प्राप्त किये, ज्ञानदान भक्तिदान मोक्षदान दे रहे हैं, शरणागतों के लिए शरण्य हैं, लालचूओं के लिये अरण्य हैं, प्रभु के नजदीक पहुँचे जीवन में पसार हो रहे हैं, परमेश्वर के अवतार की सेवा समान इनकी सेवा में हजारन लोक हाजर रहते हैं, स्वामी श्री आत्मसत्ता में परमात्म समर्पण विधि में ही बरतते हैं, भारत भूमि के कल्याणार्थ श्रीकृष्णवल्लभाचार्य जी का जीवन है।

पण्डितवर्य स्वामीजी एक दैवी पुरुष, उनके सद्गुण आदि

एम्. बी शाह, एम्. ए. एम्. ए. एम्. जी. डी.

प्रिन्सिपल के. वी. हायर सेकण्डरी, कुंकावाव

श्रीकृष्णवल्लभाचार्य स्वामीजी एक दैवी पुरुष हैं नैसर्गिक दैवीमहापुरुषों के गुण श्रीस्वामीजी में अनुभूत होते हैं, स्वामीजी, आवाल ब्रह्मचारी हैं, किशोर अवस्था से ही त्यागी वैष्णव सन्त की भागवती दीक्षा प्राप्त करके अपने प्राग्भवीय नैसर्गिक चमत्कार भरे सद्गुणों से अर्हणीय महासमर्थ सन्त स्थिति में सदा बर्तते आये हैं, परिचय आश्रय व सत्संग में आये सभी जनों को इनके स्वभाव सिद्ध दिव्य सद्गुण-गण प्रत्यक्ष दीखने में आते हैं, शिशुपन में ही भगवान की मूर्ति के सामने बैठकर तालियाँ बजाकर भजन धुन्य करते थे, जन्मभवन में ही प्रभु की आराधने में ज्यादेतर रहा करते थे, माता-पिताजी प्रभु पूजन में बैठे तब बगल में बैठकर प्रभु को छवी में ध्यान लगाते थे, प्रणाम करते थे, माला हाथ में लेके मणि को स्वींचते थे, नारायण-नारायण बोलते थे, प्रभुप्रसाद नैवेद्य मीलने पर भोजन करते थे, प्रभु को जल पिलाते थे, फूल चढाते थे, पांच वर्ष बीतने पर स्नान नियम से करके स्वतन्त्र पूजा करते थे, चित्रमूर्ति को स्थापना, खड़ी मिश्रि जिमाना, नमन प्रदक्षिणा दंडवत् करना, मूर्तिस्पर्श करके हाथों को मस्तक पर व नेत्रों पर छूवाना, पूजाविसर्जन करना, अन्य-अन्य पूजक वर्ग को भो नमना तथा देवदर्शन करना, कथा भी सुनना सायंकाल देवदर्शन को जाना आदि-आदि भगवन्मय कार्य करते थे, सभी लोक इनको दैवी आत्मा कहते थे, एकादशी के व्रत रहते थे, माताजी ने व्रत में दूध के मावे की बरफी फलाहार के लिये दिया, तब माताजी से कहा—यह तो गेहूँ के आटे वाली हो तो मेरा व्रत भांग जाय, तब माताजी ने कहा यह तो दूध के मावे से बनी है इसमें आटा नहीं है, तब फलाहार में खाया, इस प्रकार भागवतधर्म वाली तपयुक्त भक्ति में मग्न रहते थे। इस प्रकार के दैवी पुरुष में दया परोपकार विभाग दान आदि-आदि अनेक सद्गुण बालपन से ही देखे जाते थे, कोई पूर्वजन्म के महायोगी की कल्पना कराते थे, भगवान के उनचालीस गुण भगवान के यथार्थ स्वरूपनिश्चयोपासना वाले सन्त में आते हैं, श्रीस्वामीजी में ये प्रभु के गुण मिलते हैं, १ **गुण**–सत्य, वाणी से सत्य बोलना, मन में सत्य का ही संकल्प करना, कर्म भी सत्य ही शुभ ही करना, ये तीनों दैवी पुरुष में होते हैं। २–**शौचम्**—शरीर से स्नान आदि से शुद्धि, वाणी में सत्य द्वारा पवित्रता, मन से बूरे संकल्प ही नहीं करना स्वामीजी को इन तीनों प्रकार के सत्य का पालन कायमी था। ३–**दया**—किसी भी जीव को दुःख नहीं देना, पर के दुःख का सहन भी नहीं होना, पर दुःख मिटाने के लिये प्रयत्न करना, स्वामीजी कभी भी किसी तृण को भी उखाड़ते नहीं थे, किसी जन्तु को मारते भी नहीं थे, शरीर में काटने वाले जन्तुओं को भी उडाडते नहीं थे। ४–**क्षान्तिः**—अपराध सहन करना, छोटे बड़े कोई भी दुःख दे रहे हों या दोष दे रहे हों या पीछे पड़ गए हों, सारी जिन्दगी द्वेष कर रहे हों तो भी उनके सामने न बोलना, न उनका सामना करना, सहन करके क्षमा करके नम्रता से हट जाना साधुवृत्ति से सब कुछ सहन कर लेना ये दाखले स्वामी जी के लिए बड़े-बड़े उपद्रवों में भी पृथ्वीसमानक्षमा रखने का स्वभाव लाखों आदमियों में प्रसिद्ध हैं, द्वेषी उपद्रवियों को भी समय

पर बचाये हैं। ५—**त्यागः**—सर्वस्वदाता, पास में हाजिर होने से कोई माँगे तो दे देवे, असंग्रह नामक गुण, यह स्वामी जी में जीवन्तपर्यन्त देखा गया है। ६—**सन्तोषः**—सभी प्रकार की अच्छी तरह पूर्णतृप्ति, अतृप्ति का अंश भी नहीं, इससे बड़ा सुखीपना रहता है, कायम स्वामी जी की आत्मा सुख में पड़ी ही मालूम होती है। ७—**आर्जवम्**—बाल युवा वृद्ध सद्गुणी अगुणी शिक्षित अशिक्षित सभी के प्रति सरलपना रखना, यह बड़ा गुण स्वामी जी में देखा जाता है। ८—**शमः**—मानस निग्रह या शान्त मन रहना, स्वामी जी का मानस सदा शान्त रहता है, कई प्रकार के विक्षेप आसपास में पसार होते हैं, तो भी स्वामी जी उस दिशा में स्वल्प भी चंचलता को नहीं जनाते। ९—**दमः**—इन्द्रियों के वेगों का विषयों के प्रति लगना ही नहीं, देखना-सुनना ग्रादि आदि निरर्थक कुछ भी नहीं करना, यह दमन जीवन भर के ब्रह्मचारी स्वामी जी में है। १०—**तपः**—शास्त्रविधि के अनुसार धर्म पालना ज्ञानपूर्वक संकोच रखना भोग तजना, ईश्वरेच्छा से प्राप्त पर निर्वाह करना, क्षुधातृषा सहना शीत ताप सहना आदि आदि तपस्या करना, जीवनभर श्रीस्वामी जी इस रीति से वर्तते देखे गये हैं, जीवनभर भोजनादि कुछ भी अलायदा नहीं कराते हैं, पञ्च के रसोडो में से जो मिले उसमें जो पथ्य हो उससे निर्वाह कर लेते हैं। ११—**साम्यम्**—आत्मा छोड़कर बाकी के तत्त्वों को यथार्थ समझने से उनसे मित्रता नहीं तथा शत्रुता भी नहीं, शत्रुमित्रभावरहित वर्तना, स्वामी जी कहते हैं कि—'शेर से दूर भागते हो तो कुत्ते को काही को मारने जाते हो, सबल से भागते हो तो निर्बल से भी दूर रहना' अर्थात् नहीं पीडा करना, इस प्रकार की साम्य दृष्टि रखना। १२—**तितिक्षा**—शरीरेन्द्रियाऽन्तःकरणद्वारा कोई हर्षशोक आया करे उन द्वन्द्वों में नहीं घुसना, शरीरादि में तत्त्वों के झगडने से तूफान हो तो उसे मिटाते रहना उसमें सहमेल नहीं करना, पर स्वभाव स्वामी जी में बराबर देखा गया है। १३—**उपरतिः**—निष्फल अयोग्य अघटित अनुपकारी अशास्त्रीय सुफत के व्यापार उद्योग क्रियमाण प्रवर्तन से निवृत्त रहना, रति प्रीति नहीं करना, विरत रहना, यह गुण विचारशील स्वामी जी में है। १४—**श्रुतम्**—जीवन में अधिकार के अनुसार सत् शास्त्र आदि आदि का श्रवण करके शब्द प्रमाणसिद्ध शाब्दज्ञान प्राप्त करना, वेद शास्त्र संहिता पुराण इतिहास अलंकार ज्ञान आदि आदि का अध्ययन द्वारा भी लौकिक अलौकिक यथार्थ ज्ञानवाला होना, स्वामी जी इस युग में व्यासस्वरूप ज्ञानी विज्ञानी प्रातिभज्ञानी हैं। १५—**ज्ञानम्**—तत्त्वों का ज्ञान आत्मा परमात्मा के अधिकाधिक ज्ञान सम्प्रज्ञात असम्प्रज्ञात सविकल्पक निर्विकल्पक पौरुषेयबोध साक्षिचैतन्य प्रकाश आदि आदि उच्च कोटि तक की समज्ञप्तियां, प्रमाण प्रमेय प्रमाता प्रमितियों के विशद विज्ञान स्वामी जी में हैं। १६—**विरक्तिः**—राग गृध्ना ग्राह्याऽऽग्रह न होना, वैराग्य होना, तजने का यत्न करना, नहीं तजने को भी तजने को अनुसन्धान करना, मानस में ही भासनेवाले को भी तजना, आत्मा में जाने ही नहीं देना, इस स्थिति से बरतना, सभी को मिथ्या जानने से सत्यभावना से रक्तता का नहीं होना, श्री स्वामी जी ने लाखों की शालाएँ प्रासाद बनवायें तज भी दिये। १७—**ऐश्वर्यम्**—देवों के समान ऐश्वर्य होना, ज्ञानविज्ञान में वाक्सिद्धि में सत्य संकल्पत्व में तेज में अप्रधृष्यता में आत्मबल में शारीरस्वास्थ्य में अनेक प्रकार की सिद्धिओं में इष्ट फलप्राप्ति करना, यह स्वामीजी में बलवान् ऐश्वर्य देखा गया है, छ प्रकार के ऐश्वर्य में से कहीं-कहीं कोई-कोई ऐश्वर्य प्रयुक्त किये हैं इनके प्रताप से प्रसन्नता पात्र लोक प्रभुसम दैवी पुरुष मानते हैं, कई जनों को वार्धक्य में भी पुत्र फल दिये हैं, भूत प्रेत पिशाच डाकिनी शाकिनी योगिनी वेतालनी आदि के उपद्रवों से कई शरणागतों की रक्षा की है, इस प्रकार के अनेक दाखले प्रसिद्ध हैं, कई जनों के रोग महारोग मिटाये हैं, माया का महारोग भी मिटाया है, कई प्राणयात्री को आतिवाहिक देवता सन्त स्वरूप में दर्शन दे के दिव्यस्वरूप में मोक्ष में ले गये हैं, कई भक्तों

को स्वप्न में भगवत्स्वरूप दर्शन होते हैं, कई लोक को सूर्य प्रकाश में भी दूसरे स्वरूप से दर्शन मिले हैं, ये ऐश्वर्य प्रभुपने का भान कराते हैं। १८-**शौर्यम्**—किसी से डरना नहीं, निर्भय रहना, आश्रित को निर्भय करना स्वामी श्रीमें बड़ा गुण है, आपत में फँसे जीवों को शूरता से छुड़ाये हैं। १९-**तेजः**—सभासमाज समूह महोत्सवादिक में तेजस्वी प्रभाववाले दीखते हैं। २०-**बलम्**-प्राणायाम रोकना, अस्मितावृत्ति से दूसरे स्वरूप ग्रहण करके बल से नियमन करना, नियमन बल वापरना। २१-**स्मृतिः**—यथा समय मानवस्वरूप में झटिति योग्य को संभारना, शास्त्रार्थ में गंगाजी का प्रवाह समान स्मृतिधाराएँ बहना। २२-**स्वातन्त्र्यम्**—किसी भी काम में अन्य सहायक की परतन्त्रता नहीं है, स्वरूच्यनुसार कार्य कर बताते हैं। २३-**कौशलम्**—अडसढ कलाओं में निपुणता, स्वामीजी में कारीगरी की कई कलाएँ प्रत्यक्ष हुई हैं। २४-**कान्तिः**—चन्द्रसमान शरीरमूर्ति में उज्ज्वलता, निरतिशय प्रदीप्ति होना, श्वेतायन व्यास रूप में शोभते हैं। २५-**धैर्यम्**—कहीं भी पीछे हट नहीं करना, हारजाना नहीं, पर्वत समान धैर्य रखना, बड़े बड़े झंझावातों में मानवों ने खड़े किये समरांगण में भी रोम भी नहीं फरकना, छाती में धड़क-धड़क नहीं होना, यह गुण बराबर परीक्षित किया हुआ भी है। २६-**मार्दवम्**—किसी के प्रति क्रूरता नहीं करना अतिकोमल रहना यह सन्त गुण है। २७-**प्रागल्भ्यम्**—बड़े सभा सम्मेलनों में कार्यवाहीओं में व्याख्यानों में पारायणों में प्रश्न उत्तर में प्रत्युत्पन्न मति द्वारा प्रतिभानयुक्तता, आपूरक प्रतिभा वाले स्वामीजी हैं। २८-**प्रश्रयः**—बड़ों के सामने नम्रभाव, आत्मा के प्रति आदरपूर्वक विनीतता स्वामीजी में हैं, अपने आसन पर कोई भी आ जाय उनके प्रति नम्रभावना, दर्शन करके चले जाय, नमन करे उनको नमें, दण्डवत् करे उन्हें भी आशिष देवें, बालक को भी हँसकर बुलावे, दुग्ध पायी शिशु अर्भक को भी कंठी मन्त्र देवें तब हँसकर अति कोमल सौम्य रूप से अपनावे शर्करा का कण मुख में देवें इत्यादि विनय करें। २९—**शीलम्**—व्रत रखना कामना को पोषण नहीं देना, सुस्वभाव, मिलनहार स्वभाव होना। ३०—**सहः**—प्राण का नियमन सामर्थ्य, अच्छा बुरा जो कुछ आ पड़े उस लाभ नुकसान को सभी प्रकार से अपनाना सह लेना भोग लेना यह बड़ा सामर्थ्य है। ३१—**ओजः**—अन्न जल वस्त्र वाहन धन ज्ञान देने का सामर्थ्य होना, उपदेश का बड़ा सामर्थ्य भी स्वामी जी में हैं। ३२—**सुबलम्**—तत्त्वों को धारने का सामर्थ्य, मेधा का सामर्थ्य, ग्रन्थि-उकेल का सामर्थ्य स्वामी जी में हैं। ३३—**भगः**—ज्ञान शक्ति बल वीर्य ओज क्रिया आदि प्रतापरूप में होते रहना बढ़ते रहना कमी न होना इस प्रकार के उत्कर्षयुक्त श्रीस्वामी जी है। भगवाले भगवान् कहाते है। ३४—**गाम्भीर्यम्**—अभिप्रायों में कार्यों में अगाधता, तल हाथ न लगे वैसा गहरापन स्वामी जी में है। ३५—**स्थैर्यम्**—क्रोध द्वेष उद्वेग औदासीन्य आदि प्रसंग उपस्थित होने पर भी उनके विकार न होने देना, क्रोधादिक का सदा के लिये लय रखना यह गुण स्वामी जी में है। ३६-**आस्तिक्यम्**—शास्त्रप्रदर्शित अर्थों में भी विश्वास, पुण्य-पाप स्वर्ग-नरक देव-ईश्वर मोक्ष आदि में तथा ब्रह्मलोक परब्रह्म उनके अवतार आदि-आदि में तथा व्रत तप भक्ति के फलों में भी सत्यता का विश्वास, होने की मति, यह आस्तिकता बड़ा गुण श्री स्वामी जी में हैं। ३७-**कीर्तिः**—जगत् भर में कीर्ति होना, यश फैलाना, लोक में अच्छा बखान होना, यह स्वामी जी का गुण है। ३८-**मानः**—योग्य स्वरूप में रहना मगर सभीं को सन्मान देना, मधुरता से व्यवहार करना, स्वयं निर्मानी रहना, यह गुण स्वामीश्री में है। ३९-**अनहंकृतिः**—स्वत्व का भी अहंपना रूप दोष स्वामी जी में नहीं है। देह का भवन का ज्ञान का पाण्डित्य का कोई भी प्रकार का अहम्पना ममपना नहीं है। ये ३९ उनचालीस गुण प्रभु के जिनमें आये हों ऊपजे हों दीखते हों वह भी प्रभुतुल्य है। भगवान के सम्बन्धवाले में भगवान के गुण बसते हैं। प्रदीप के सम्बन्ध से नेत्र में प्रकाश साक्षात्कार आदि गुण आते हैं, अन्धेरा भागता है,

नेत्र भी प्रदीप आदि या सूर्य सम अर्थ प्रकाश करता है, वैसे सन्त भी भगवान् के गुण आने से भगवान् के सम निर्बन्धन है, चाहे सो करने को समर्थ होते हैं। इस प्रकार श्रीकृष्णवल्लभाचार्य स्वामीश्री दैवी तो है भगवत्पुरुष भी है, परमपुरुष है। भारतभूमि का बड़ा भाग्य है जो भारत में एक प्राग्भवीय विद्वद्धुरन्धर सन्त भारत की गोद में रमते हैं, भारत के विद्वानों के अभिनन्दन इन भागवती पुरुष के लिये योग्य है। ये स्वामी जी कोई प्रकार का भारत का देन चुकाने आये हैं, मगर भारत इनका देनदार भी है। जो भारत की सेवा अनेक प्रकार से यथाशक्ति यथालब्धि यथासाधन यथासम्पत् यथायोग्य कर रहे हैं। श्रीस्वामीजी के करकमलों में मत्स्य त्रिशूल धनुष ध्वज स्वस्तिक पद्म के चिह्न हैं, अंगुलियों में आठ चक्र हैं, दो कम्बु के चिह्न हैं, दोनों चरणों से पूरती लम्बी ऊर्ध्वरेखाएँ हैं, तथा पद्म का कमल चिह्न हैं, तीन-तीन घूँटियाँ पैरों में बहिर्भाग में है इत्यादि से प्रभुता स्मरण होती है। सामुद्रिक शास्त्र में दर्शाये गये और भी चिह्नरेखाएँ हैं।

श्रीस्वामीजी द्वारा संस्कृत-हिन्दी-गुजराती-साहित्यसेवा

नव्यन्यायतर्कादिवाचस्पति स्वामिहरिसिंहजी (पंजाबी)

काशी

श्री स्वामीजी की गहन तलस्पर्शी विद्वत्ता निगूढ नहीं रहसकी, जो प्रकट हो के सुमूर्त रूप में पढाई की सेवा में उपस्थित हुई है। प्रथम ही जब तर्क संग्रह सटीक पढ़ाते थे तभी से विद्यार्थीओं को सरलता से अभ्यासार्थ अपेक्षित उपर्ले पदार्थ लिखा देते थे, जो पाठ के बाद स्वल्पमेधावाले को देख बाँच कर समझे पदार्थों को अवगतार्थ जिह्वापर चढ़ाने के लिये मददगार होता था, विद्यार्थी लोग कण्ठस्थ करके उन पदार्थों को उचित यथावत् घटाते थे, स्वामीजी सुनकर लिखाए पदार्थों की पंक्तियाँ को टिप्पनीरूप में स्वतन्त्र कापी में उतार लेते थे, उनपर नम्बरचिह्न लगा देते थे, न्यायबोधिनी व पदकृत्य के उपर न्याय के पदार्थों को स्पष्ट कर संग्रहित किये, उस कापी को प्रकाशित करवाया, वह विद्यार्थीओं को अतीव उपयोगी होने लगा, इनके अनेक मुद्रण हो गये, तब गिरींशशुक्लन्यायाचार्य के अनुरोध से दीपिका की स्पष्ट असंकुचित टीका लिखना शुरु किया, मेरी धारणा से भी अधिक उत्कृष्ट पदार्थ विशदता लेख में देखी, तब दीपिका किरणावली को गुरुराज श्री वामाचरण भट्टाचार्यजी के आशीर्वाद के स्वतन्त्र मुद्रित करने को कहा गया, श्री स्वामीजी ने श्री भट्टाचार्यजी के चरणों में लिखित कापी रक्खी, गुरुराज ने आश्चर्य से देखी, प्रसन्नता से कठिन गहन स्थान देख लिये, बिलकुल स्पष्ट यथार्थ व अधिक विवेचित किया देख के आशीर्वाद के साथ छपवाने को कहा, प्रकाशित होते ही दीपिका किरणावली अतिमूल्यवालो यशस्वी कीर्तिकारिणी टीका हो चली, और सभी तर्कसंग्रह एक पार्श्व रह गये, दीपिका किरणावली मूर्धन्य बन गयी, इसके अनन्तर स्वामीजी ने न्याय सिद्धान्तमुक्तावली पर सुविस्तृत शास्त्रार्थ भरी उचित अधिक सरल व गहन सभी न्यायरीतियाँ से भरी टीका स्वयं लिखकर तैयार किया व मास्टरखेलाड़ी लाल द्वारा प्रकाशित किया, लेखन प्रूफ संशोधन मुद्रण में सतत जातमेहनत लेते थे, यह टीका प्रसिद्ध होने से विद्यार्थी व पण्डितलोग सभी उपयोग लेने लगे, किरणावली के आगे दिनकरी रामरुद्री प्रभा आदि टीकाएँ निम्न नम्बर की हो गई, इसका दूसरा एडीशन चौखम्भा प्रेस ने किया, यह टीका सब से उत्तम जगत्प्रसिद्ध हो गयी है, पञ्चलक्षणी सिंहव्याघ्रलक्षण आदि ग्रन्थों पर विवृत्तिनामक श्रीभट्टाचार्य जी कृत टीका का प्रूफसंशोधन करना तैयार फार्मा गुरुजी से दे आना आदि-आदि सेवा किया करते थे, न्याय में तर्क में पढ़ने पढ़ाने में निष्णात श्री कृष्णवल्लभाचार्यजी उस समय सतीर्थ्यों में मानपात्र बढ़गये सतीर्थ्यों के शास्त्रार्थ में भी वादविवाद में तत्त्वनिर्णय तर्कपरिष्कारादि में बढ़कर बुद्धिमान बखनाते थे, मैं सरस्वती गली वाली-संगत पाठशाला में पढ़ाता था, सभी नव्य न्याय पढ़ाता था, मैंने पंचलक्षणी माथुरी पर टिप्पनी किया था मूलमुक्तावली पर टिप्पनी किया था, फिर भी मेरे विद्यार्थी भी श्रीस्वामीजी की टीकावाले ग्रन्थ लेके पढ़ने आते थे। यही आनन्द की बात है जो अपनी गुरु-परम्परा प्रणाली में अच्छे अन्तेवासी प्रकट हो आए, मैं जहाँ सभा व शास्त्रार्थ हो वहाँ बुलाने को श्री स्वामीजी के प्रति सायकल द्वारा कोटवाल के पत्र में का नम्बर देकर विद्यार्थी को दौड़ाता था, श्री शास्त्री स्वामीजी ब्रह्मचारीजी तुरन्त आते थे पूर्वपक्ष या उत्तरपक्ष लेके बैठ जाते थे शास्त्रार्थ अच्छा जमता था। स्वामीजी ने सांख्यपर किरणावली किरण तथा भाष्य लिखे हैं, योग पर किरण व भाष्य लिखे हैं, मीमांसा वर किरणावली व

परिष्कार लिखे हैं, हितोपदेश मित्रलाभ पर सरल टीका लिखी है, जिसके पचास के उपर एडीशन हो गये हैं, वेदान्त के ग्रन्थ लिखे हैं, श्री लक्ष्मीनारायणसंहिता सागरसमा ग्रन्थ लिखा है, छपा है सभी पृथ्वी में पहूँच गया है, पण्डित लोग इसका आश्चर्य मानते हैं, स्वामीजी की कलम व मेधा तथा एकाग्रता छन्दो ग्रथन गणेशजी की तरह होते जाता है, काटकूट नहीं करना पड़ता, एकलाख छब्बीशहजार श्लोकों की संहिता यह श्वेतायनसंहिता है। और स्वामीजी ने तत्त्वमुक्ताकलाप पर किरणावली लिखा है, आध्यात्मिक आर्षभाव से गुणातीतब्रह्मोपनिषत् ब्रह्मविद्यासंभृत लिखा है, ५४ ग्रन्थ लिख के संस्कृत हिन्दी गूजराती ग्रन्थ रूप में संस्कृत आदि की सेवा की है, ग्रन्थों के नाम यहाँ देने उचित हैं—

१ न्यायसिद्धान्तमुक्तावलीकिरणावली	संस्कृतम्
२ तर्कसंग्रह दीपिका किरणावली	,,
३ न्यायबोधिनीपदकृत्ययोष्टिप्पनी	,,
४ सांख्यकारिकायाः श्रीस्वामिनारायणभाष्यम्	,,
५ सांख्यतत्त्वकौमुद्याः किरणावली	,,
६ सांख्यकारिका गौड़पादभाष्यस्य किरणम्	,,
७ योगसूत्राणां श्रीस्वामिनारायणभाष्यम्	,,
८ योगसूत्रभोजवृत्तेः किरणम्	,,
९ श्रीस्वामिनारायण वेदान्तसारः	,,
१० हितोपदेशे मित्रलाभस्य किरणावली	संस्कृत-हिन्दी
११ शिक्षापत्र्याः किरणावली	संस्कृत-गूजराती
१२ श्रीगुणातीतानन्दस्वामिवार्ता ग्रन्थः	संस्कृतपद्य-हिन्दी
१३ श्रीगोपालानन्दस्वामिवार्ता ग्रन्थः	संस्कृतपद्य-हिन्दी
१४ श्रीस्वामिनारायणवचनामृतानि	हिन्दी
१५ शिक्षापत्री	हिन्दी
१६ अखिलभूमण्डलीय साम्प्रदायिक मुक्तिव्यवस्था	संस्कृत-हिन्दी
१७ तत्त्वप्रभावली विशिष्टं न्यायशास्त्रं प्रमेयप्रमाणप्रमिति-प्रमातृखण्डचतुष्टयात्मकम्	संस्कृतम्
१८ श्रीगुणातीतब्रह्मोपनिषत्	संस्कृतम्
१९ विशिष्टाद्वैतेऽपि विशिष्ट ब्रह्माऽद्वैतत्वम्	संस्कृतम्
२० ख्यातिविमर्शः	,,
२१ प्रमात्वविमर्शः	,,
२२ जातिविमर्शः	,,
२३ वचनामृतानां प्रामाण्यहेतवः, २२५१ सूत्राणि च	,,
२४ श्रुतितात्पर्यनिर्णयः	,,
२५ साकारत्वविमर्शः	,,
२६ श्रीहरिस्वरूपनिर्णयस्य सत्संगभाष्यम्	,,
२७ श्रीसुधासिन्धोः ब्रह्मरसायनभाष्यम् ४००० पृष्ठानि	,,
२८ अवताराऽवतारित्वे पुराणादिवचनानि	,,
२९ पंचतत्त्वनिर्णयः	,,

३० चित्सुखीटिप्पनी ,,
३१ कविकाव्यगौरवम् ,,
३२ श्रीस्वामिनारायणदर्शनम् , दर्शनशास्त्रम् ,,
३३ श्रीसत्संगिजीवनस्य पारायणी सारबोधिनी टीका ,,
३४ भगवतो विविधस्तोत्राणि ,,
३५ तत्त्वमुक्ताकलापस्य पञ्चसराणां किरणावली ,,
३६ हनुमदादीनां स्तोत्राणि ,,
३७ मीमांसाया अर्थसंग्रहस्य किरणावली ,,
३८ मीमांसायाम् अंगत्वादि परिष्कृतिः ,,
३९ सुधासिन्धुसारसन्दोहनम् ,,
४० दर्शनतत्त्वसारः ,,
४१ भक्तिरससरित् ,,
४२ सामान्यनिरुक्तिगादाधरीक्रोडपत्रम् ,,
४३ अनेका विप्रतिपत्तयः ,,
४४ श्वेतायनसंहिता (श्रीलक्ष्मीनारायण संहिता १ लाख २६ हजार श्लोकाः) ,,
५४ दस ग्रन्थ और भी लिखे हैं। ,,

श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी महाराज प्राचीन नवीन न्याय के सभी ग्रन्थ तथा दर्शनों के सभी ग्रन्थ पढ़ाते थे, तथा लिखते भी रहते थे, हम सतीर्थ्यलोक कायम श्रीभट्टाचार्यजी के पास पढ़ने जाते थे, अन्य छात्रों को पढ़ाते भी थे, शास्त्रार्थ में मिलते थे, बड़ा रंग जमता था, आनन्द आता था, संस्कृत-हिन्दी-गूजराती साहित्य की सेवा श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी महाराज ने खूब-खूब की है। इस सेवा के लिये इन धुरन्धर सतीर्थ्य पण्डित को मेरा बार-बार अभिनन्दन है। कुंभ के स्नान पर जाते थे तब हरिद्वार प्रयागराज नाशिक आदि स्थलो में बड़े तम्बू में विद्वान् सन्तों की मण्डली शास्त्रार्थ के आनन्द के लिये ही प्रसिद्ध बोर्ड तम्बू पर लगा कर घोषणा करती थी, 'किसी भी विषय में शास्त्रार्थ करने का आमन्त्रण है' 'आईए' 'दक्षिणा पाईए'। इत्यादि ॥ इति शम् ॥

श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी एक बड़े तपस्वी हैं

महामण्डलेश्वर न्यायवेदान्ताचार्य बुद्धिप्रकाशस्वामी

उदासीन विद्यालय, देहरादून

तपश्चर्या सभी की शुद्धि व अभ्युदय के लिये है, सभी देशों में उनकी प्रणालीयों के अनुसार तपश्चर्या अधिक या न्यून होती है, भिषक्शास्त्र भक्ष्य-पेयादि में ध्यान खींचते हैं, देश समय वातावरण शीतउष्ण ऋत्वनुसार अवस्था स्वरूप लक्ष्य में रखकर संकोच आधिक्य मिश्रण गरम-नरम पथ्य अपथ्य व्यायाम अधिक वर्णित करके मानवों को पोषणरीति व्यवस्थित करते हैं, आयुर्वेद समस्त शारीररक्षणार्थ हितकर दिखलाता है' अहितकर तजाता है, सर्वान्तर्यामी नारायण ने जाठराग्नि स्वरूप में रहकर व्यक्तियों के प्राणनियमन के साथ रुचिकर या अरुचिकर पदार्थों के प्रति ग्राह्याऽग्राह्यत्वका बोधपाठ सभी को सीखलाया है, स्मृतिशास्त्रों ने भोग का संकोच प्रतिपादित किया है, शरीर व इन्द्रियों का ऐक्य होने पर भोग बढ़ जाता है, भोगे रोगभयं हो आता है, शरीर व इन्द्रियों के व्यापारों को पृथक् रखने से तपश्चर्या को जरूर स्थान मिलता है, दोनों के बेमेल से अधिक तूफान रुक जाते हैं, भय का आगमन नहीं होता, शरीर ऐन्द्रियक व मानस के यदि अति मेल होने लगे तब तो चेष्टाओं की संख्या ही हाथ में नहीं रहती, अनेक अनाचरण बढ़ते हैं, जिन्दगी बरबाद हो जाती है परलोक भी बिगड़ता है, चौराशीयोनियाँ में रखड़ना पड़ता है याम्यकष्टों को प्रसह्य सहना गुजारना पड़ता है। यदि ज्ञान विज्ञान विवेक द्वार तीनों का मिश्रण न होने देवे, तब शरीर से नियमित इन्द्रियों से संयमित मन से उदासीन ज्ञान से निर्लेप यथावश्यक ग्राह्यक होता हुआ बड़ा सुखी होता है, व्रती यति मुनि धार्मिक मर्यादित जीवन से अभ्युदय अनापत्ति-आनन्द व प्रेयः श्रेयः के पात्र अधिकारी होते हैं, शारीर ऐन्द्रियक व मानस तप सभी दुनिया के नर नारियाँ इष्टसिद्धि के लिये सकामतः यद्वानिष्कामतः करते ही हैं, वृद्धों की तपश्चर्या के दृष्टान्त से अवृद्धों की तपश्चर्याएँ बराबर चली आती हैं, चातुर्मास के उपवास नवरात्र के व्रत श्रावण के जागरण व्रत सोमवार के शनिवार के सूर्यवार के व्रत अन्यान्य तहेवारों के व्रत एकभोजन नक्तभोजन फलग्रास पेयमात्र निर्वाह अनिद्रवर्तन ब्रह्मशील में रहना निष्कामव्रत रसत्यागव्रत शुष्क वा आर्द्रपत्रमात्र भोजन रूक्षकणादन वांष्पाहार स्वल्पाहार शीतउष्ण सहन अनावरणवास गह्वरवास पर्वतनिवास निर्जननिवास तीर्थाटन सेवाकरण आदि आदि शारीर तप हैं, सततनिषदन सततखडा रहना ऊँचा हाथ रखना लिंगशिथिलीकरण पञ्चधुनी तापन धारणापारणा उपवास कृच्छ्रचान्द्रायणादिकरण दिवसोपवास एकाकीशयन भूमिशयन भिक्षाहार आदि आदि शारीरतप यथाभावना तथा अभ्युदय निःश्रेयसप्रद होते हैं, मानवों से शारीर तपश्चर्या भावना श्रद्धासहित होने से इष्टसिद्धि देती ही है, थोड़े या ज्यादे वर्षों की विकास तपश्चर्या ने माउन्ट एवरेस्ट तथा चन्द्रमा की भूमि का स्पर्श भी करा दिया, अर्जुन इन्द्रकील में तपश्चर्या करके इन्द्र के पास पहूँचा था, पार्वती ने हिमालय में तपस्या करके शंकर को प्राप्त किया, काली में से गौरीपना प्राप्त भी किया, विश्वामित्र ने नये नक्षत्र बनाये, ब्रह्मा ने तपः से वेद प्राप्त किये, भीष्म ने ब्रह्मव्रत से काल को हठाया, शारीरनिग्रह से इन्द्रियनिग्रह भी हो सकता है, रस व भोग का निग्रह बड़ा तप है, तप द्वारा हनुमान यति हो गये, सतीयाँ शील से पूज्य देवियाँ हो गई हैं, अहिंसा सत्य अस्तेय ब्रह्मचर्य अपरिग्रह शौच सन्तोष तपः स्वाध्याय ईशप्रणिधान सुखकर आसनाभ्यास प्राणायाम प्रत्याहार इन्द्रियवृत्तियों का निरोध

एक धारणासा एक ध्यान एक समाधि आत्मसत्ता ने वर्तना सदा ही तत्त्वविचार ब्रह्मजिसा में रहना आन्तरवृत्ति प्रतिलोमस्थिति सर्वार्पण ब्रह्मार्पण आत्मरूप सर्वदर्शन संकल्पाऽनुत्थान एकाग्रता निरोध आदि-आदि बड़ी-बड़ी तपश्चर्यायें हैं, वे पुण्यतत्त्व भावनावृद्धि सात्त्विक प्रकर्ष के साथ धर्ममेघ में स्थित हो के व्यापक साक्षिचैतन्य में तादात्म्यापन्नता से सभी प्रकार की सिद्धियाँ को करआमलकवत् हस्तगत कर लेते हैं, बलिष्ठ या निर्वजन शुद्ध आत्मा उपासक या भक्त आत्मा सेवक शरणागत आत्मा केवल या स्वस्वरूप आत्मा व्यापक या उपास्य महातत्त्व परमात्मा में समन्वित होते हैं। प्रति व्यक्ति पढ़ना कामकाज सीखना क्रिया करना उद्यम निभाना समूहित जीवन खपाना ज्ञान में तत्स्नातक होना आदि-आदि तपश्चर्याओं के अधिकारी है।

ज्यादातर सन्त लोग अधिक तपश्चर्या करते हैं, विकारों का सामना करते हैं, मान-सम्मान आदर सत्कार में बहते नहीं है, विस्मय भाव आने देते नहीं है, अहन्ता ममता को समय ही नहीं देते हैं, ईशसंकलित अवस्था निभाते बीताते हैं, सर्वत्र ब्रह्मदृष्टि से हितकारक परोपकारक समर्पण में ही गूजरते जाते हैं।

श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी प्राग्भवीय तपस्वी सिद्धयोगी ही हैं, बालपन में ही तपव्रत करते थे, देवार्पण पूजन भजन विशेष करते थे, अभ्यास में भी प्रह्लादजी की तरह भगवन्नाम भजन मालावर्तन तीर्थस्नान श्रावणस्नान अधिकमासस्नान जपपूजनभजन आदि किया करते बे, कथास्थल में जाके श्रवण किया करते थे, गीता आदि बांचते थे महाभारत की कथाएँ सुनते थे, वार्षिक सभी व्रत करते थे निर्जला व्रत करते थे जागरण करते थे, सन्तदीक्षा में सन्त की स्थिति के व्रत बराबर करते थे, आप पढ़ने में सरकारी इलेक्ट्रीक बत्ती के प्रकाश में बैठकर पढ़ते थे, आधी रात बीतने पर हरिणी नक्षत्र शिर पर आजाने पर जमीन में ही सोते थे, वाणी में अति संयमित थे, आहार में भी संयमित थे, ऋषि मुनियों के आख्यान श्रवण के संस्कार से तपश्चर्या को विशेषतः पसंद करते थे, बीछाने में भीण्डी के बोरे रखते थे शिर के नीचे ईंटा रखते थे, चटाई में ही बैठते लेटते थे सादे वस्त्र पहनते थे, काशी में अन्नसत्र में आहार लेते थे गंगा में त्रिकाल स्नान करते थे श्रीविश्वनाथजी आदि के दर्शन करते थे, मुख से भजन करते थे, कालिज को जाते समय मार्ग में ग्रन्थावलोकन व यादगीरी करते जाते थे, सांयंकाल का भोजन सदा अनियमित अनावश्यक ही था, पर्णाद ऋषि के व अपर्णा सती के वृत्तान्त पर अतिश्रद्धा से स्वयं स्वामीजी ने काशीजी में ही चार दिनों के उपवास सप्ताह के उपवास द्वादशदिनों के जलपानाधार व्रत मासिक फलाहार आदि-आदि व्रत दुग्धमात्र व्रत दधि-मात्रव्रत दधिभातमात्र चातुर्मासव्रत करते थे, संवत् १९९२-९३ में सालभर अन्नभिन्न आहार पर रहने का व्रत लिया, प्रथम के मास में 'नहीं मागने पर मिले सो खा लेना' ऐसा व्रत चालू किया, उसे साल भर निभाया, दूसरी वार नहीं मांगने का व्रत रक्खा, यह तो कायमी व्रत रूप अभ्यस्त ही हो गया दो चार कवल कमती रहने से जलपूर्ति तक्रपूर्ति से निभाव लेना अभ्यस्त ही रक्खा जो जिन्दगी भर यह व्रत चालू ही है। अपने लिये अलायदा कुछ भी नहीं पकाना पंच के रसोडे से जो पथ्य पड़े सो जिम्नेका भी व्रत रक्खा यह भी प्रसिद्ध ही है। दीक्षा में विशेष कर एक गोल काष्ठपात्र में चीजें लेकर परोसी चीजों को मिलाके भोजन लेना, जल तुम्बी पात्र से पीना इस व्रत को बीस वर्ष तक रक्खा, अभी तक काष्ठपात्र व तुम्बी कलश स्वामीजी के पास मौजूद हैं, जो पवित्र पात्र माने गये हैं। संवत् १९९२ के द्वितीयभाद्र से वार्षिक तपोव्रत किया था; भाद्रमास एक मास सुवापालव की कच्ची भाजी बीस रूपये भार दिन में एक बार खाके रहे थे, आश्विन में कच्चे शकरकंद २० भार खाके रहते थे, १९९३ में कार्तिक में कच्चे शींघाड़े खा कर रहे थे, मागशीर्ष में कुटू के (मोथ) के चावल पानी में चूरवा के खाते थे, पौष में शींघाड़े के

आटे के परोठे खाते थे, माघ में कलकत्ता गये थे राजगरा के आटे की पूड़ी खाते थे। फाल्गुन में तीनी के चावुल खाते थे, चैत्र में पानी में बाफे हुए आलु खाते थे, बैशाख में मटर खाते थे, ज्येष्ठ में आम्रफल खाते थे, अषाढ़ में नेत्रों में तेज कम हो गया अन्धेरा का घेराव चोतरफ दूर घूमता भासता था, तब एक गूजराती लाईब्रेरी के अध्यक्ष ने कहा—आप का शरीर अन्नकणों वाला है, अन्न तजने से आँख को हानि पहूँचेगी, उपमन्यु आदि के अन्धेपन का दाखला है, अतः धीरे-धीरे अन्न चालू करिए, तभी से भात दहीं खाना चालू किया, फिर तो रोटी चने दाल आदिक पाचन होने लगे, आँखों में तेज पूरता आ गया, दस महीना उक्तरीति से तपश्चर्या किया दो महीने भात दहीं भोजन लिया, वर्ष की टेक पूरी हुई, उस तप को अयाचित प्राप्त में पलटाकर चालू ही रक्खा था, तब से बड़ा लाभ तो यह हुआ, कोई भी चीज डकार आते तक खा लेने से तृप्ति हो जाय, फल हो रस जो कुछ एक भी चीज पर तृप्ति हो जाने लगी, यह बड़ी सिद्धि प्राप्ति हुई, कुछ भी कभी भी खा लेने से दिन रात निकल जाते हैं, तप के बाद शरीर विशेष स्वस्थ निरोगी हो गया, समग्र जीवन में कभी ज्वर भी नहीं आया, अन्य कोई रोग नहीं हुए, मानस शान्ति हो गई, यतिपना सुखद हुआ ज्ञानिपना बढ़ा, बुद्धि में विशेष प्रकाश हुआ राजस तामस वेग निर्बल से हो गये, शान्त स्वरूप बढ़ने लगा, मेधा बढी पाण्डित्य बढा थकावट उड़ गयी असन्तोष मीट गया, शान्ति से ब्रह्म में ज्यादा समय देना, शास्त्रलेखन में तथा अन्य कामों में बाकी के समय देना आदि-आदि के नियम बराबर सुसिद्ध हो गये, कई बार साथ में रहने से इन बातों के अनुभव किये हैं, मैंने द्वारिका तीर्थ करने गया, मार्ग में नवा नगर आया, वहाँ स्वामीजी विराजते थे, वहाँ भी उपरली सभी हकीकते अनुभूत हुयीं, बाद में गिरनार व सोमनाथ तीर्थ करने गया था वहाँ भी इनकी तपश्चर्या उसी प्रकार की बढ़कर अनुभूत हुयी, सूर्योदय से सूर्यास्त पर्यन्त अपनी कूटियाँ-रूप गुफा से बाहर ही नहीं निकलते, शास्त्र भगवान् व आत्मपरमात्मभजन में ही जीवन तन्मय है, यह तपश्चर्या बड़ी भारी है। देहातों में जाते हैं तो वहीं भी अपनी तपश्चर्या चालू ही रखते हैं, ब्रह्ममग्न ऐसे सत्पुरुष की तपश्चर्या लोककल्याणार्थ है इनको मेरे अनेक अभिनन्द हैं।

श्रीस्वामीजीमहाराज की दृष्टि में अन्य धर्म

सौगत संस्कृतशास्त्राध्ययनाध्यक्ष परिमल सतीश भट्टाचार्य

देहरादून, हांगकांग, जापान

भगवान् परब्रह्म एक है, ब्रह्मधाम के वतनी है सर्वत्र भी रहे हैं, मानवमात्र उस तत्त्वमूर्ति की उपासना करते हैं, यथाबुद्धि उपासते हैं, बुद्धि आत्म चैतन्य है, अवस्थाओं में परिवर्तनशील है, विषयग्रहण होने से बुद्धि का होने से बुद्धि का अस्तित्व रहता है, यह सविषय अस्तित्व है, स्वरूप से ज्ञान की नित्यता तो है ही, तथापि विषय बुद्धचारूढ होने से विषयान्तर से रूपान्तर कहाता है, बिना बुद्धि उपासना नहीं होती, उपासना समीप की चीज में बुद्धि का आसन जमना, निराकार में भी आसन तो जमता है, कार्यवश स्वरूप रूप में तो आसन जमता ही है, एक में ही सभी दुनिया के उपासकों की बुद्धि का आसन बिना समीपता कैसे कहाँ जमेगा, अतः सर्वत्र अस्तित्व परमात्मा का है, उपनिषत् इस बात के मुख्य दैवी प्रमाण हैं, जगत् के सभी मानव काफलों के प्राचीन अर्वाचीन शास्त्र अपने अपने मुख्य प्रमाणरूप हैं, उनसे निराकार का भी सर्वत्र रहना सभी के प्रति रहना मानव को नक्की मनाता है, सर्वत्र है तो आत्मा में भी है, वहाँ उपासना उत्तम हैं, अतः आत्मा में अन्तर्यामी या शुद्ध ब्रह्म उपासा जाय, यह सबके लिये नियम ही है, ईश्वर देव ऋषि पितृ दैत्य नाग आदि ज्ञातृ सृष्टियाँ आत्मा में निदिध्यासन करती हैं, इसके अनधिकारी के लिए बाह्य में स्थित की उपासना हितकरों ने चलायी है, मूर्तियों में उपासना की जाती हैं, विधि से प्रतिष्ठित में श्रद्धा जमती है उपासना भी होती है, अतिस्थूलधी प्रजा को सुमूर्त प्रतिमा में सुरूपसुशृंगारित में ध्यानोपासना होती है, कोई उपासना वैसी है कि जडचेतन दोनों में प्रभु है इसका निदिध्यासन करना, कोई सूर्य इन्द्र वरुण अग्नि सन्त गुरु गौमाता पवित्र वृक्ष बाल सती योगी आदिक में प्रभु को विशेष उपासते हैं, देशजाति के उपदेष्टा में भी ब्रह्म की उपासना होती है, हनुमान् गणेश शिव विष्णुनारायण अर्हन् जिन अल्लाह ईसा गॉड इत्यादि किसी भी प्रतिक में ब्रह्म की उपासना पारम्परिक प्रवाह से भी होती है, ब्रह्म सर्वत्र है, अतः चाहे जहाँ उन्हें सर्वार्पण कर सकते हैं, यह सर्वत्र ब्रह्म की मानिनता सभी का एक धर्म है, प्रत्येक व्यक्ति के अन्तरात्मा ब्रह्म है, यह सभी की प्रतिस्विक अनन्त असंख्य ब्रह्म की मानिनता है, इन दोनों से न्यारी मानिनता बीच कोटिकी रह गई, यह काफले के लिये है, विप्रकाफले शिव में क्षत्रिय काफले सूर्य में वैष्णव काफले विष्णु में कोई ईशान में कोई अल्लाह में कोई अकाल में कोई भाग्य में कोई कर्म में ब्रह्मता के आरोप से उपासना करते हैं, उपास्य की मूर्तियाँ प्रतिमाएँ अनेक प्रकार की प्रतिष्ठापित करते हैं, पवित्र मन्दिर देवालय पुण्यतीर्थ करवाते हैं, वहाँ विशेषता से आराध्य ब्रह्म उपासित निदिध्यासित हो सकता है, इसका स्थूल नाम है सम्प्रदाय, सूक्ष्म रूप है उसका विज्ञान, कारणात्मक तो एक ही है। सात्त्विक राजस तामस मानवादिकों ने स्वनिसर्गतानुकूल देवादि-समर्चनोपासना चलायी है, उनकी पुष्टि के लिए विभागीय ग्रन्थ रचे जाते है, विभिन्न देशों के मानवों का एकसा रीतिरीवाज होना असम्भवित है, अतः एक सी प्रतिमाएँ एकसी पूजोपासनाएँ एकसी गतियाँ भी असम्भवित हैं, इन बातों का मेल नहीं होता, किन्तु सभी को संसार से छूटना व ब्रह्म के नजदीक मुक्ति में जाना, इस बात का मेल बन सकता है, इस दृष्टि से मोक्षधर्म एक है, उपासना प्रवाह एक है, भागवत

धर्मानुष्ठान सर्वार्पण निष्कामसाधन आत्मनिवेदन एक प्रकार का है, उत्तम मध्यम कनिष्ठ भले हों, परन्तु एकजातीय एकस्वरूपीय वह साधन है, अद्वैत की एक मुक्ति है, द्वैतियों की अनेक मुक्तियाँ हैं, अन्त में एक में समावेश करना पड़ेगा, एक में समाविष्ट होना पड़ेगा, महाप्रलय में एक के बाहर कोई नहीं रह सकते, खण्डप्रलयों की बातें न्यारी हैं, इन सबसे आगे आगे क्या होगा ?, इसकी शान्ति ब्रह्म होने में ही है, इस प्रकार एकधर्मता आ गयी ही, जबतक शरीर है शरीरस्थ आत्मा हैं आँखों के अधीन देखता है तो अन्य अन्य पन्थ धर्म उपस्थित होते ही रहते हैं, क्रिया गतिशील जगत् में एक के बाद दूसरे का स्थान होता ही है, अन्य अन्य देखने में आयेगा भी, चिरंजीवीओं को अन्य अन्य दीखता ही जाता है, विज्ञानीजीवियों को अन्य अन्य का बाध होता रहता है अबाधित एक का दर्शन सतत अविच्छिन्न चलता ही रहता है, अतः सभी परिवर्तनशील धर्मों में भी नित्यशाश्वतधर्मता तो एक ही दीखती है, शरीरीओं को मरना पड़ेगा—यह एक तो शाश्वत धर्म है, सभी को एक ही वह है, दुःख से छूटना सभी को यह भी एक है, सुख में जाना यह भी एक है, सुखद में अर्पण होना यह भी एक, ये सभी एक पिण्ड बन जाते हैं वह मुक्तिपिण्ड कहाता है यह भी एक है, श्रीकृष्णवल्लभाचार्य स्वामी जी के ग्रन्थों में आध्यात्मिक विषयों में यह एक धर्म सर्वत्र सारांश रूप निकल आता है। ब्रह्मप्राप्ति सर्वसामान्य भागवत प्राप्तिरूप सिद्धान्त तात्पर्यविषय हो मिलता है।

अब बात आयी मानव व्यवहार धर्म की, जैसा देश जिस प्रकार की प्रजा, जिस तरफ वलन, जो उपदेष्टा मिला, उसमें जो जैसी श्रद्धा, तदनुसार व्यवहारु धर्म स्थान लेता है, ये धर्म विभिन्न हैं, कृत्रिम हैं, काफले पलटने से पलटते हैं, पूर्व में या पश्चिम में नमन करिए, पृथिवी में या ऊपर नमिए, सब दिशाएँ एक ही है, व्यापक ब्रह्म पूर्व में पश्चिम में उत्तर में दक्षिण में ऊपर में नीचे में आसपास अन्दर बाहर सर्वत्र है, अन्य धर्मों की विभिन्न दृष्टियाँ श्री स्वामी जी की एक दृष्टि है, संस्कार विभिन्न हैं शरीर विभिन्न हैं शरीरी संस्कार्य नित्य संस्कृत एक है—स्वामी जी की यह दृष्टि है, स्वप्रियतावत् सभी में देखना एक धर्मदृष्टि है, रागद्वेष तजना अज्ञान अविद्या अन्धेरा माया आदि का तजना विद्या विज्ञान भक्ति का होना सभी के लिए एक दृष्टि है, ब्रह्मरूप होये बिना ब्रह्म में मिलना नहीं होगा, नाम भिन्न होना भी भिन्न नहीं है, जाने का प्रदेश सृष्टि से त्रिगुणित विशाल है, जहां राह रास्ता पाया वहाँ जाना अपनाया, आगे बड़े त्रिगुणित में पहुँचना ही होगा, यह धर्म एक है, इस युग में रीतरिवाज एक सा करने का आदरभाव समयानुसार सूझ पड़ा है, तब भी वह भाव खण्डित सा तो रहेगा ही, प्रलय तक रहेगा, क्योंकि स्वार्थ से भरा जगत् है, स्वार्थ स्वयं परार्थ से भिन्न बरतेगा, जिसने स्वार्थ तजा वह ब्रह्म दृष्टिवाले परिपक्वज्ञानी ब्रह्मशील एकार्थवृत्ति होके ब्रह्म में हुत हो ही जायेंगे, उनके लिए एक ही धर्म फलित हुआ, अब वैष्णव शैव जैन बौद्ध शाक्त आदि कोई भी समूह एकार्थवृत्ति होयेगा तो जरूर एक धर्मी होके ब्रह्म में पहुँचेगा। श्रीकृष्णवल्लभाचार्य जी महाराज ने अपने ग्रन्थों में आध्यात्मिक रीति से तथा अखिल भूमण्डलीय साम्प्रदायिकमुक्तिव्यवस्था नामक ग्रन्थ में साम्प्रदायिक रीति से एक धर्म को लक्ष्य करके जानेवाले विभिन्न विश्रान्ति स्थानों में ठहरेंगे—इस बात का अच्छी तरह से सविस्तार उल्लेख किया है, किन्तु सभी को परब्रह्म तक पहुँचाये हैं। श्री स्वामी जी की दृष्टि ब्रह्मदृष्टि है स्वयं ब्रह्म है, इनके प्रति अन्याऽन्य धर्म भी एक ही धर्म है। औपाधिक व्यावहारिक धर्म तो यहीं रह जाते है पारमार्थिक सत्य ब्रह्म धर्म ही आत्म ब्रह्म के साथ चलेंगे, अमेरिका आस्ट्रेलिया एशिया अन्तर्गत विभागों में भी शास्त्र द्वारा एकधर्मविज्ञान पाने लगे हैं, एकोपासना होने लगी है, निष्काम कर्म एक आत्मार्पण साधन होने लगा है, जो कि परमेश्वर के ज्ञान में है, यति योगी अवतारों के ज्ञान में है, श्रीकृष्णवल्लभाचार्य स्वामी के ज्ञान में

भी वही एकता है, वैसे ये महान् यतिवर्य भारत के विद्वान् सभी के लिये परमार्थचिन्तन करनेवाले हैं, परमेश्वर की तरह अभिनन्दन के पात्र ही हैं सभी विद्वानों के अभिनन्दन इस परम पुरुष के लिए योग्य ही हैं, श्रीवेदव्यास जी के विज्ञानाऽवतारानन्तर श्रीकृष्णवल्लभाचार्य श्वेतायनव्यासाऽवतार वर्तमान में जगत् को एकात्मधर्म विज्ञान देने के लिए प्रकट हुए हैं, रैवताचल की गह्वर में विराजते हैं, श्रीदत्तात्रेय भगवान् जिस रैवताचल के शिखर में विराजे थे, जहाँ रैवताचल की द्रोणी में वामन भगवान् त्रिविक्रम जी बलि राजा के लिए आये थे, जिस रेवताचल की उपत्यका तथा अधित्यकाओं में श्रीकृष्ण नारायण बलदेव जी विहरे खेले हैं, जहाँ सभी देवाताएं सिद्धपुरुष तीर्थ साधु सतीयाँ गिरनार की प्रदक्षिणा में प्रदक्षिणावाले तैर्थिकों को फल देने के लिये हाजिर रहते हैं। यह भी ब्रह्मावतार श्रीकृष्णवल्लभाचार्य की समक्षता का प्रदक्षिणारूप एक धर्म हैं, तमाम सम्प्रदाय मतपन्थवाले आते हैं तीर्थ करते हैं फल पाते हैं एकमेक से बरतते हैं, ब्रह्मानन्द में विशेष तो मिलते हैं मोक्ष में भी जाते हैं। यह भारतभूमि सौराष्ट्र भूमि रैवताचल भूमि, कुंकुमवापी भूमि भी अभिनन्दन पात्र हैं, मैं भी मेरा पूरा अभिनन्दन पाठवता हूँ, भूमि पर श्रीकृष्णवल्लभाचार्य जी अधिक जीवें, इसके समान सन्त अवतार होते रहें, विद्याविज्ञानमन्दिर बनते रहें॥ शान्तिः॥



नित्य प्रातः पूजन में दर्शनार्थ भक्तों ने स्वीकृत श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी महाराज-चित्र प्रतिमा

भारतीय विद्यालयों को श्रीस्वामीश्वर की देन

विदुषी शिष्या डॉ० सुषमा सक्सेना पी० एच० डी०

प्रयागराज

प्रकृष्ट विद्वान् में श्रीसरस्वतीशारदासती लक्ष्मीगायत्री सावित्री ब्रह्मविद्यागीतागंगायमुनागार्गी संज्ञामहेश्वरी भूदेवी महाशक्तियाँ सभी सिद्धियाँ सुसाकारा निवास करती हैं, ये देवीयाँ चैतन्यशक्तियाँ हैं प्रतिभाएँ ज्ञप्तिएँ प्रमाएँ ब्राह्मीयाँ विविध विद्यायँ कलाएँ अविनाभाव सम्बन्ध से विश्वविभूत्यात्मक महाविद्वान् में विराजती हैं, शीलव्रत की साधुता जहाँ हैं वहाँ ये शक्तियाँ निर्भय निर्ह्रासिता से तदात्मीय होकर सेविकाएँ होती हैं, स्वामी के लिये यश कीर्ति विजय सुख सम्मानादि प्रदान का आयोजन खोजती रहती हैं, अच्छे विद्याव्रत सुपति को प्राप्त करके पातिव्रत्य में से कभी चूकती नहीं हैं, मैंने श्रीकाशीजी में संस्कृत आचार्य तक पढ़कर P. H. D. के लिये कविवर श्रीअचिन्त्यानन्दजी के काव्य पर निबन्ध लिखना शुरु किया, तब उस समय में स्वामीजी के ग्रन्थ देखकर आश्चर्य हुआ, कोई ईश्वरीय अंशाऽवतार भूमिपर विराजते हैं, इनके विद्वत्ताभरे परिष्कृत पदार्थों से सुशृंगारित ग्रन्थों में अच्छे उत्तम विद्वान् भी आनन्दपूर्ण हो जाते हैं, मैंने श्रीस्वामीश्वर का कविकाव्यगौरव बाँचा और अन्य भी शंका के लिये पूछा सभी पूर्ण समाधान मिल गया, श्रीस्वामीजी के प्रत्युत्तर से मुझे अग्रे-अग्रे प्रकाश हुआ, मैं जब-जब याद करती हूँ मेरी आत्मा में अधिकतम प्रकाश होता है, मेरे अच्छे भाग्य हैं ऐसे यतिमुनि के गुणगान के लिये सौभाग्य प्राप्त हुआ है। भारत में ऐसे प्रकाण्ड विद्वान् ने वर्तमान समय में विद्यालयों के लिये तथा विद्यार्थीओं के लिये पैंतालीश ग्रन्थ लिखकर दिये हैं, विद्वानों के लिये भी उपयोगी हैं, यह भारत पर विद्याविभाग पर श्रीबृहस्पतिब्रह्ममूर्ति श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी महाराज का देन है, इन गुरुस्वरूप हरि का विजयझंडा फरकता रहे, इनके लिये मेरा हार्दिक अभिनन्दन है, उनके आशीर्वाद प्राप्त होते रहने की प्रार्थना है।

अभिनन्दन

भरतकुमार रतिलालभाई कामदार

दिग्विजय सॉल्ट वर्क्स, वेडीबन्दर, जामनगर

१७. **तत्त्वप्रभावली**—महाकठिन तत्त्वसंभृत नवीन विशिष्ट न्यायशास्त्र, सुपरिष्कृत रचना में है, ७०० से अधिक कारिकाओं में ग्रथित है, इसका तत्त्वप्रभावलीरूप में जटिल विवेचन भी स्वकृत ही है। यह **श्वैतायनीयं विशिष्ट न्याय शास्त्रं नाम** से भी प्रकाश में रक्खा है, श्वेतायनव्यास स्वयं स्वामीजी ही हैं। इनके १ प्रमेय, २ प्रमाण, ३ प्रमिति, ४ प्रमाता, चार खण्ड हैं, उनमें चौदह परिच्छेद हैं, १ पदार्थ-निरूपणम् २ पदार्थसाधर्म्यम्, ३ द्रव्यनिरूपणम्, ४ गुणनिरूपणम्, ५ तत्तद्गुणनिरूपणम्, ६ ज्ञान-निरूपणम्, ७ तर्कनिरूपणम्, ८ नव प्रमाणनिरूपणम्, ९ विविधविप्रतिपत्तिप्रदर्शनम्, १० अनुमान परिच्छेदः, ११ शब्द परिच्छेदः, १२ प्रमितिविविधता परिच्छेदः, १३ प्रमातृविविधतापरिच्छेदः, १४ पञ्च तत्त्व परिच्छेदः। इस विशालकाय ग्रन्थ में कहे हुए परिच्छेदों के पदार्थों पर दार्शनिक प्राचीन नवीन सिद्धान्त दर्शाये हैं, यह नव्यन्याय का विशिष्ट तत्त्वों का तत्त्वज्ञान का खजाना है।

विषय विवेचन—इष्टता हेतुता आदि बाईस संगतियाँ दिखलायी हैं। परमात्मसिद्धि के नये ही अनुमान कहे हैं। द्रव्य गुण कर्म शक्ति संसर्ग धर्म विशेष अभाव नामक अष्टपदार्थसिद्धि, तथा अन्य पदार्थों के प्रश्नोत्तर दर्शाये हैं। वसुन्धरादि तमः सहित दश द्रव्यों की परीक्षा, अहंकारादिकों का अन्तर्भाव आदि बताये हैं। गन्धरूप रसादि पैंतीस गुण कहे हैं, अधिक न्यून की परीक्षा भी की है। क्रिया कर्म सोलह प्रकार से वर्णित किया गया है, चेष्टा का विशद रूप में वर्णन किया है। सांसिद्धि की नैमित्तिकी वैकृतिकी त्रिविधा शक्ति कही है। भक्तों में, सायन्स में, पदार्थमिश्रण में, इन्द्रजाल खेल में, योगाभ्यास में औषध में, स्वेदजादि में, मन्त्रों में, प्रोक्षण में, पदों में, देवप्रतिष्ठा में, ऐश्वर्यसिद्धि में, संकरीकृत बीज में, शुद्धि में, मेधा में, मद्यादि में, इत्यादि में शक्तियाँ निरूपित की गई हैं। समवाय स्वरूप तादात्म्य कालिक पर्याप्ति, और अधिक भी संसर्ग माने गये हैं। जाति उपाधिरूप धर्म व्याप्यव्यापकता, जातिविघटकता, उपाधित्व प्रयोजकता, कही है। विशेष पदार्थ की आवश्यकता पर विचार किया गया है। नञर्थाऽभाव की पञ्चविधता कही है, भाव में अभाव में तद्रूपता भी वर्णित की है। अभावों का विरोध, अतिरिक्तत्व आदि सिद्ध किये हैं।

सभी पदार्थों का नव आठ सात छः पाँच चार तीन दो का साधर्म्य वैधर्म्यादि विचार किया है। द्रव्यों का समस्त और व्यस्त रूप से भी साधर्म्य वैधर्म्य कहा है। समवायि असमवायि निमित्त त्रिविध कारण की परीक्षा की है। पञ्चधा अन्ययासिद्धियाँ लक्षित की हैं। पृथ्वी की परीक्षा, पृथ्वी के गुण, नित्यानित्य भेद, क्षणिकवादखण्डन, पुंजवादखण्डन, अवयवसिद्धिः, पार्थिव शरीर इन्द्रिय विषय, योनिजादि देह, हीरक सुवर्णादिविचार, रेडियम-प्लेटिनमविचार जल इसके गुण, चित्ररस, रूपादिकथन। नित्य अनित्य जल। शरीर इन्द्रिय विषय के भेदकथन। तेजस्तत्त्व इसके गुण, लक्षण, त्रिविधता, अयोनिज देह, चक्षुः, विषयचतुर्धा, कथन। वायु का लक्षण, प्रत्यक्षसिद्धता, अनुमेयता, वायु के देह इन्द्रिय विषय विविध-

वायुवर्णन । शब्दानुमेय आकाशः, गगन प्रत्यक्ष भी, अवकाश प्रत्यक्ष है । ईश्वरकालादि में शब्दसमवायित्व-निरास । श्रोत्र आकाश है । कालतत्त्व, सर्व कार्यों का निमित्त कारण है । कालिक संसर्ग से पदार्थों का आश्रय है । अतीतादि व्यवहार क्षणादि व्यवहार, प्रलयादि व्यवहार, बताया है । दिशाओं की सिद्धि । आत्मा परमात्मा, इनमें प्रत्यक्ष अनुमानादि प्रयोग, स्वरूप, लक्षण आदि । शरीरात्मनिरास, इन्द्रियप्राणमन माया के आत्मत्वनिरास । क्षकिक ज्ञानाद्यात्मपक्षनिरास, सगुणता, नित्य विज्ञानरूपतानिरास, अद्वैती, भाट्ट, प्राभाकर, माध्यमिक, मिथ्यावादी, सांख्य, प्रतिबिम्ब, विभु, आविद्यक, भेदाऽभेद, प्रातिभासिक, आदिपक्षप्रदर्शन, यथायोग्य निरासः । परमात्मसिद्धिः, एकधा बहुधा सर्वनिन्दाधार पुरुषोत्तम, दिव्यपुरुष, मूर्तिवर्णन, आदि । तमो द्रव्यं, प्रतीतियाँ, त्रिविधता । माया भी त्रिविध गुणवाली, महत्तत्त्वादिकार्यवाली । मनः, इसमें मीमांसक मत, माया में अविद्यादिमतनिरास ।

गुणनिरूपण, सर्वद्रव्यवृत्तिगुण, तत्तद्द्रव्यगुण, मूर्तवृत्तिगुण, अमूर्तवृत्तिगुण, अनेकवृत्तिगुण, एकैक-वृत्तिगुण, विशेषगुण, सामान्यगुण, द्वीन्द्रियगोचरगुण, एकैकेन्द्रियगोचरगुण, अतीन्द्रियगुण, अवयवगुणाऽजन्य-गुण, असामवायिकारणगुण, माया और आत्मा के गुण, असमवायिहेतुगुण, निमित्तहेतुगुण, द्विविधहेतुगुण, क्रियाजन्यगुण, व्याप्यवृत्तिगुण, अव्याप्यवृत्तिगुण, पाकजगुण, ज्ञानापेक्षोत्पत्तिकगुण, अस्वसमानजातीयारम्भकगुण, स्वसमानाऽसमानजात्यारम्भकगुण, सविषयकगुण भी वर्णित किये गये हैं ।

गन्धवैविध्यम्, रसवैविध्यं, रूपवैविध्यं, स्पर्शवैविध्यम्, पाकजाऽपाकजगुण, नित्याऽनित्यव्यवस्था, नवक्षण तथा पन्द्रह क्षण तक पाकजोत्पत्ति, क्षणप्रक्रिया, पिठरपाक, परमाणुपाक, शब्दवैविध्य, संख्या, अपेक्षाबुद्धि, परिमाणविभाग, पृथक्त्वविवेचन, संयोग, विभाग, अव्याप्यवृत्तिता, विभागजविभाग, दैशिक तथा कालिक परत्व अपरत्व, आश्रयनाशप्रयोज्यनाश, सूर्यक्रियाजन्यज्येष्ठत्वादि, गुरुत्व, लघुत्व, स्वच्छत्व, द्रवता, स्नेह, रूक्षता, रजः, सत्त्वं, तमः, पुण्यं, अपुण्यम् , पुद्गलादिनिरास, सुख, दुःख, द्वेष, प्रयत्न, चिकीर्षा, विध्यर्थ, तर्कत्वादिविचार, इष्टसाधनतादि, फलविचार, नञर्थान्वय, हिंसनस्वरूप, प्रवर्तना-प्रयोजकता, निवर्तनाप्रयोजकता, इच्छा, निद्रा, कामना, चतुर्धा संस्कारः, भावना, वेग, स्थितिस्थापक, भय, मोह, शौर्य, ज्ञानम्, ज्ञानविभाग, स्मृति, प्रमा, अप्रमा, दोष, गुण, स्वतोग्राह्यत्व, निर्विकल्पज्ञानम्, स्वतोग्राह्यत्वे परतोग्राह्यत्वे च न्यायसाख्यमीमांसकसौगतमतप्रदर्शन, तत्र विशेषविचार, प्राभाकर की अख्याति, विप्रतिपत्तिस्वरूप, निम्बार्कमत, अन्यथाख्याति, भ्रम, सत्ख्याति, स्वामिनारायणमत, वल्लभमत, शांकरमत, उदयनमत, योगाचारमत, आत्मख्याति, वैभाषिक सौत्रान्तिकमत, माध्यमिकाऽसत्ख्यातिमत, कुमारिलमत, असत्संसर्गख्याति, वाचस्पतिमत, जैन सांख्य विज्ञानभिक्षुसदसत्ख्यातिमत, प्रमाणलक्षण, दशप्रमाण, निर्विकल्पक सविकल्पक अनुभव, अप्रमा, प्रमा, संशय, विपर्यय, स्वाप्न, तर्क, निश्चय, आहार्य-ज्ञान, तर्क के भेद, आत्माश्रय, अन्योन्याश्रय, चक्रक, अनवस्था, अन्यबाधप्रसंग, इष्टापत्त्यादि, दोषत्रय, आशंकारूप, लाघव, गौरव, विनिगमना, उत्सर्ग, नवधा अनुभव, सप्तविध प्रत्यक्ष, दोषाभाव में भी प्रत्य-क्षादिकारणता, सन्निकर्षनिष्ठकारणता, ज्ञानसामान्यकारणता, ज्ञाततताविचारः, अलौकिकसंसर्ग, सिद्धि-संसर्ग, निदिध्यासनादिसंसर्ग, उपमाने विचारः, गंगेशमतम्, अर्थापत्तिभेदस्वरूपम्, अनुपलब्धिभेदस्वरूपम्, सम्भवप्रमाणता, ऐतिह्यप्रमाणता, चेष्टाप्रमाणता, ख्यातिस्वरूपज्ञानाऽऽवश्यकता, ज्ञानयाथार्थ्यबोधाऽऽवश्य-कता, ज्ञान में आनन्द में मूर्तत्व में साकारत्व में माया में ईश्वरों में, जीवों में तत्त्वों में भक्ति में विप्रति-पत्तिस्वरूप । अनुमितिः, लिंगपरामर्श, व्याप्तिज्ञान, व्याप्तियों के स्वरूप, विविधपरिष्कार, अवच्छेदकत्व-स्वरूप, विशेषाभाव सामान्याभाव की पृथक्ता, विशेषव्याप्ति, उपाधिस्वरूपम्, व्याप्तिग्रहोपाय, तर्क-स्वरूप, आत्माश्रयादि, शंकास्वरूप, व्याघात, अनुगम, सामान्यलक्षणा, उपाधिस्वरूप, अनौपाधिकता,

केवलान्वयि केवलव्यतिरेकि अन्वयव्यतिरेकि, अन्वयव्याप्तिप्रकार, अर्थापत्तिका पृथक्मानताविचारः, पञ्चावयवन्याय, न्याय-प्रतिज्ञाहेतु उदाहरण उपनय निगमन स्वरूप, हेत्वाभास, व्यभिचार, विरोध, सत्प्रतिपक्ष, असिद्धि, बाध, उपाधि, असाधकत्वसाधकता, वादादिकथा, षट्पक्षी, जल्पवितण्डा, छल, जातिदूषण, निग्रह पराभव, विविधसिद्धान्त, दृष्टान्त, प्रयोजन, धीत्रिक्षणतादिविचार, विषयतादिविचार, अभावविचार, विविध अभाव, नञर्थविचार, विविधपर्याप्तिस्वरूप, भेदसिद्धिः, जीवेश्वरब्रह्मपरब्रह्म की षड्विधतात्पर्यविषयता, विशिष्टेतात्पर्यनिर्णय, अपृथक्सिद्धतादात्म्य में तात्पर्य, पन्द्रह भेद के स्वरूप, परमात्मनिरूपण, सशरीरत्व, इस पर गहनविचार, असंख्याशक्तिमत्ता, स्वरूपसतीशक्तिः, प्रोक्षण से शक्तिसिद्धि, सहजादिशक्तिविविधता, साक्षात् तथा दिव्यशक्तिरूपण, विविध मोक्ष के स्वरूप के विविध विचार, तथा मोक्षकारणविचार, शब्दप्रमाण, कर्तरिकर्मणिभावे, विविधशक्तिलभ्य शाब्दबोध, शक्तिग्राहकप्रदर्शन, योग, रूढ, योगरूढ, यौगिकरूढ, शाब्दबोध में भिन्न-भिन्न कारण, वाच्यत्वज्ञानं वाचकत्वज्ञानं संसर्गज्ञानं संकेतज्ञानादिरूपं कारणम्, वाच्यत्वदाचकत्वपरिष्कार, आप्तोक्तिनिश्चय कारण, स्वरूपसती आकांक्षा कारण, श्रुतिप्रमाणता, साक्षिप्रमाणता, लक्षणाऽलंकारगुणदोषरीतिध्वनिरस कारण, प्रकृति स्वार्थ में शक्त है, सुप् आदि कर्मत्वकर्तृत्वादि में शक्त है, तिङ् आदि इष्टसाधनत्वादि में शक्त हैं, निपात समुच्चयादि में शक्त हैं, विकरण प्रत्यय, वसादि आदेश अन्याधीनवृत्तिक हैं, लट् आदि वर्तमान आदि में शक्त है, सप्तविभक्तियों की शक्ति, मीमांसक नैयायिकों के शक्ति में मत, गंगेश, रत्नकोशकार के, मत, प्रक्रियाप्रत्यय अनेकार्थ शक्त होते हैं, स्त्रीत्व में टाप् ङीष् ङीप् आदि शक्त्यर्थ, इवादि के अर्थ, आङ् आदि अव्ययों के अर्थ, लक्षणावृत्तिनिरूपण, प्रवृत्तिनिमित्तत्व, नानार्थतः, किंपदशक्ति, कुञ्जाशक्तिमीमांसकमत । मण्डनमिश्रमत । धर्माऽधर्मस्वरूप । पुद्गलखण्डन, विधिः, अर्थवादः, वैदिकवाक्यस्थपदार्थ, अर्थवादविभिन्नता, इनके उदाहरण, याज्ञिकशब्दशक्ति आदि । शब्दार्थ, उपस्थिति आदि को कारणता, भेदसम्बन्ध से बोध, वैदिकमखकाण्डोयशब्दार्थस्फुटता । विभक्तिकृत् तद्धित प्रत्ययों को शक्ति, व्युत्पत्ति, शाब्दबोधों के प्रकार, क्रियाजन्यफलशालि कर्म, इसके विविध शाब्दबोध, द्वितीयादिलक्षण, इसके अर्थ, सत्प्रत्ययार्थ, कृत्यर्थकधातुयोगे द्वितीयार्थ, तृतीया के अर्थ शाब्दबोध, चतुर्थी के अर्थ शाब्दबोध, पञ्चमी के अर्थ शाब्दबोध, षष्ठी के अर्थ शाब्दबोध, सप्तमी के अर्थ शाब्दबोध, सम्बोधन के अर्थ शाब्दबोध, तद्धितप्रत्ययार्थ, धातुप्रकृतिकप्रत्ययार्थ, नैयायिकमीमांसामत, आख्यातादि की शक्ति, लट् आदि की कालविशेष में शक्ति, वैदिकवाक्यविविधता, विध्यर्थ इष्टसाधनता, तिङो की शक्ति, तकारादौ लिङर्थ, धातु के अवयवरूपप्रत्ययार्थ, अपत्याद्यर्थकप्रत्यय । सप्तविध समास, महावाक्यता, तत्पुरुष, द्विगु, अव्ययीभाव, बहुव्रीहि, द्वन्द्व, उपपद, एकशेष, समासाश्रयविधि, लक्षणा, लक्षकपद, लक्षितलक्षणा, गौणी, साध्यवसानिका, निरूढा, व्यञ्जना, मीमांसक मत में वाक्यमपि लक्षक है, बहुव्रीहि, तत्पुरुष, सादृश्यम्, कर्मधारय, उपस्थिति, आसत्ति, स्फोट विवेचन, शाब्दी आर्थी भावना, प्राभाकरमत, नैयायिकमत, मानसबोध, योग्यता, आकांक्षाज्ञानम्, तात्पर्यज्ञानम्, बुद्धिस्वरूपलक्षणभेदादि, धर्मभूतज्ञान, स्वप्रकाशता, नित्यज्ञप्तिता, प्रत्यक्त्वमज्ञप्तिः, संविदवस्था, यथार्थसन्ततिप्रमा, अव्याप्तित्वं त्व प्रमोपचारः । स्वरूपसतीधीः । प्रवृत्तिनिवृत्तिव्यवहारविशदता, सत्त्वं प्रवर्तकम्, प्रतिभास में ज्ञानं सत्यम् अर्थः सत्यः, साक्षिप्रकाश्यत्व, ज्ञानक्षणिकतानिरास, विधिसत्यता, निषेधसत्यता, संवृतिनिरास, आत्मा स्वप्रकाश, वृत्ति ख्याति सतीस्वप्रकाशा, सहोपलम्भतानिरास, बाह्यार्थाऽनुपपत्ति, क्षणाधिक्यसाधनम्, सर्वज्ञानयाथार्थ्य, तत्र दृढप्रयोजकता, बीज में पीठर में फल में समुच्चयख्याति, सर्वत्र सत्यताविनियोगः विशदविवेचनम्, प्रमात्व, साक्षिग्राह्यत्वम्, चिच्चैतन्यसत्यत्वम्, अहमर्थसत्यता, विशिष्टादिज्ञानसत्यता, भ्रान्तत्वोपचारता, स्वतःप्रमात्वपरिष्कृति, ज्ञानप्रामाण्यं स्वाश्रयधर्म्यवच्छिन्नसाक्षाद्-

द्रष्टृदृष्टिचिच्चैतन्यजन्यसाक्षात्कारातिरिक्तज्ञानविषयं न वा, विप्रतिपत्ति, प्रामाण्यग्राहक अन्य की अनुपपत्ति। भ्रमनिरास प्रयोग, निष्प्रकारकत्वाऽसम्भव, परप्रकाशकत्वनिरास, भ्रमप्रयोगों का निरास, प्रमात्व के परिष्कार, सविषयता पक्ष में प्रयोग, परतस्त्वनिरास, समुच्चयित ज्ञानादिविशदता, विप्रतिपत्तियाँ, अनिर्वचनीयतादि की अनुपपत्तिः, विविध विप्रतिपत्तियाँ, सत्समुच्चयितदार्ढ्य, प्रमाणप्रामाण्य में विप्रतिपत्तियाँ, अध्यासस्वरूप, विशेषविज्ञान प्रामाण्यविप्रतिपत्तियाँ, क्षणिकज्ञानादिनिषेध, असत्तादात्म्यविषयकज्ञान मे विप्रतिपत्ति शून्यवादिओं के स्यातिप्रकार, असत्संसर्गख्याति, कुमारिलमत, आर्हतमत, सदसत्ख्याति, योगाचार, प्राभाकर, विप्रतिपत्ति, सांकर्यख्याति, सदसत्ख्याति, विधिनिषेधपक्ष, और भी विविध ख्यातियां, मीमांसक का साकारख्यापनम्, रजतज्ञान में शब्दाभिलाप्याभाव, सत्ख्यातिमत, समुच्चयितख्यापनविप्रतिपत्तिः, विशालविवेचन, वस्तुत्वप्रदर्शन, प्रामाण्य में अन्य भी ख्यातियाँ, ख्यातियाँ के ३४ मतमतान्तरनिर्देश। विशिष्टवादिओं के ज्ञातसत्यत्व में विमर्श। प्रामाण्य में चार पक्ष, १ प्रामाण्य अप्रामाण्य परतः। २ दोनों स्वतः। ३ प्रामाण्यं परतः अप्रामाण्यं स्वतः, ४ प्रामाण्यं स्वतः अप्रामाण्यं परतः। इतरपक्षों की अनुपपत्तियाँ। याथार्थ्यसिद्धिः, वेदान्तार्थसत्यत्व, त्रिकुटिज्ञानं सत्यम्, विशिष्टत्वविशदता, विशिष्टब्रह्माऽद्वैतज्ञान में तात्पर्यम्। विप्रतिपत्तिपक्षक विप्रतिपत्तिः। परमात्मा प्रमाता, आत्मा प्रमाता जीवात्मा चेतन, मायावादिनिरास, क्षणिकसंवृतिवादिनिरास, कालसंविन्निरास, ब्राह्मी अनिर्वाच्या का निरास। शक्त्यंशे ब्रह्मांशेऽपि विकल्पा, अंशनिरास। मुक्त ब्रह्म परब्रह्मों का प्रमातृत्व। जीव ईश्वर के स्वाभाविकज्ञान परमेशो सर्वज्ञ साकार सगुण सुदर्शनीय है। इसमें वैदिकमन्त्र प्रमाण। वैकुण्ठादि प्रामाणिक। विराट हरण्यगर्भादिक प्रामाणिक। ईश्वर जीव नित्य है, मिथ्यात्वनिरास, अक्षरब्रह्म साक्षि फलप्रदाता है। श्रुतियाँ प्रमाण हैं। ब्रह्मरूप मुक्तगण में श्रुतियां प्रमाण हैं। साकारता शाश्वती है। सर्व प्रमाता परमात्मा सच्चिदानन्दघनसुमूर्ति है, उसका प्रकाश ब्रह्म है, धामरूप है, सुमूर्त भी हैं। जीव ज्ञानघन असंख्य है। ईश्वर ऐश्वर्यघन असंख्य हैं, माया तमोघना रजोघना २४ तत्त्वमयी है। ब्रह्म प्रकाशघनं अमूर्तधाम सुमूर्त सेवक इत्येवं दो रूप में हैं। पुरुषोत्तम परब्रह्म सर्वनियामक सगुण साकार सर्वात्मा आनन्दघनमूर्ति है। इस प्रकार यह ग्रन्थ तत्त्वज्ञान से भरा हुआ उपादेय है॥

१८. **श्रीगुणातीत ब्रह्मोपनिषत्**—इसके संस्कृतरचयिता संकलयिता श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी हैं, इसमें चार अध्याय हैं, सोलह पाद हैं, प्रथम पाद में ब्रह्मविद्या की परम्परा, द्वितीय में दिव्यमूर्ति परमात्मा का स्वरूप, तृतीय पाद में अपारमहिमाकथन, चतुर्थपाद में दिव्यमूर्ति का वर्णन, पंचम पाद में सदृष्टान्त कारणताकथन, षष्ठ पाद में सृष्टि में परमात्मा की व्यापकताकथन; सप्तम पाद में आत्मा में प्रभु की नियामकताकथन, अष्टम पाद में भगवदुपासना का फल कथन- नवम पाद में अक्षरब्रह्म का निरूपण, दशम पाद में ब्रह्म की अनेक नाम से ज्ञान उपासनादि कथन, एकादश पाद में विज्ञानभक्तिलभ्यताकथन, द्वादशपाद में परा अपरा विद्या का कथन, त्रयोदश पाद में सृष्टिरचना तथा तदात्मभाव का कथन, चतुर्दश पाद में महावाक्य का कथन, पञ्चदश पाद में अर्चि मार्ग आवागमन, गुणाष्टक सुमूर्तिविभावादि, षोडश पाद में सगुणनिर्गुण की एकीकरणताकासार॥

१९. **विशिष्टाद्वैतेऽपि विशिष्टब्रह्माऽद्वैतत्वम्**—इस ग्रन्थ में जीव माया ईश्वर की विशिष्ट स्थिति कह कर जीव ईश्वर माया ब्रह्म परब्रह्म पाँच तत्त्वों के सिद्धान्त पर जीव ईश्वर मायाविशिष्ट-साक्षि ब्रह्म, इसकी विशिष्ठता परब्रह्म अद्वैत में दिखाया है, यह स्वामिनारायण सम्प्रदाय का मुख्य सिद्धान्त का दोहन है। हिन्दुविश्वविद्यालय काशी सारस्वतीं सुषमा में यह ग्रन्थ प्रकाशित हुआ है।

२०. **ख्यातिविमर्शः**—इस ग्रन्थ में 'शुक्ताविदं रजतमि'त्यादि भ्रमस्थल में १ नैयायिकों की

अन्यथाख्याति, २ मीमांसकों की सत्ख्याति, ३ स्वामिनारायण की सत्समुच्चयख्याति, ४ रामानुज की सत्ख्याति, ५ आयुर्वेद की सत्ख्याति, ६ प्राभाकरों की अख्याति. ७ कुमारिल भट्ट की सत्ख्याति, ८ मुरारि-मिश्र की सत्ख्याति, ९ सांख्य-योग की अख्याति सत्कार्यख्याति, १० केवल योग की असत्ख्याति, ११ योगाचार की आत्मख्याति, १२ सौत्रान्तिक वैभाषिकों की आत्मख्याति, १३ माध्यमिकों की असत्ख्याति, १४ जैनों की अनैकान्तिकता ख्याति, १५ चार्वाकों की साक्षात् ख्याति, १६ माध्वों की विकल्पना ख्याति क्रमानैक्यख्याति सारूप्यख्याति, १७ वाल्लभों की अन्यथारूपख्याति आभाससुख्याति, लीलाख्याति, १८ निम्बार्कों की भेदाऽभेदख्याति ज्ञानाऽज्ञानख्याति, सत्याऽसत्यख्याति, दृश्याऽदृश्यख्याति दृष्टिसृष्टिख्याति अधिष्ठेयाऽभिन्नभिन्नख्याति, १९ शांकरो की अनिर्वचनीया ख्याति, २० शाब्दिकों की शक्तिवैवर्तिकख्याति, २१ प्रत्यभिज्ञानियों की प्रत्यभिज्ञाख्याति:, २२ पाशुपतों की विषयता ख्याति, २३ सिद्धान्तिशैवों की वैरूप्य ख्याति:, २४ लाकुलीशशैवों की भिन्नाऽभिन्नचाकचक्यख्याति:, २५ विशिष्टाद्वैतिशैवों की संसर्गता-ख्याति, २६ वीरशैवों की स्फूर्तिवैवर्त्यख्याति, २७ नन्दिकेशशैवों की आभासवृत्त्यात्मख्याति, २८ रसेश्वर-शैवों की सिद्धचसिद्धिख्याति असिद्धिसिद्धिख्याति, २९ कालीक्रमशैवों को क्रमवैकल्पिकी ख्याति, ३० कौल शैवों की लीलाख्याति, ३१ ऐन्द्रजालिकों की मान्त्रिकशक्तिख्याति, ३२ परमसर्वज्ञ की सत्यतादात्म्यख्याति, ३३ गंगेशोपाध्याय की अभिनवधर्माऽन्यथाख्याति ।। इत्यादि विस्तृत सुवर्णित हैं।

२१. **प्रमात्वविमर्शः**—इस ग्रन्थ में सभी ज्ञानों में किसी न किसी अंश में प्रमात्व सिद्धि दिखलाया है, हरेक अन्याभिमत न्यायाभिमत अप्रमाज्ञानों में स्वीयविचार दिखलाया है, इसमें प्रमात्व के परिष्कार, नैयायिकों के प्रामाण्य अप्रामाण्य परतोग्राह्य, सांख्ययोगों का स्वतोग्राह्य, बौद्धों का प्रामाण्य परतोग्राह्य अप्रामाण्य स्वतोग्राह्य, मीमांसकों का प्रामाण्य स्वतोग्राह्य अप्रामाण्य परतोग्राह्य, जैनों का अप्रामाण्य स्वतः प्रामाण्य परतोग्राह्य, वेदान्तियों का प्रामाण्य स्वतोग्राह्य अप्रामाण्य परतोग्राह्य; रामानुजादि वैष्णवों को भी प्रामाण्य स्वतोग्राह्य अप्रामाण्य परतोग्राह्य सम्मत है, विशिष्ट ब्रह्माद्वैतवादियों को प्रामाण्य अप्रामाण्य साक्षिभास्य है। नकुलीश पाशुपतादिशैवों की भी उक्त सम्मत सा है। आगमिक स्फोटवादी नैगमिकों को प्रामाण्य अप्रामाण्य स्वतः परतः अपि उभय अग्राह्य, आर्थवादिकों को ऐतिह्यवादिकों भी परतो ग्राह्य अग्राह्य है, सार्वज्ञ्योदयवादियों को प्रामाण्यं स्वतो ग्राह्यम्, बार्हस्पत्यों को स्वतः प्रामाण्य से अप्रामाण्यग्रह, वैतण्डियों को किसी में स्थिरता नहीं। इस विषय पर नैयायिक सांख्ययोग विशिष्टवादी ब्रह्मशक्तिवादी हैरण्यगर्भिक, अहं ब्रह्माऽस्मीतिवादी, औपनिषदवादी भेदाऽभेदवादी उपाधिवादी ब्रह्मवादी पुराणसंहितावादी दिग्भ्रान्त ऐन्द्रजालिक पिशाचावेशवादी नाटकारूढी आभिचारिक स्फोटवादी अस्फोटवादी आलंकारिक सौगत आर्हत निर्गुणवेदान्ती पाशुपत सिद्धान्ती लकुलीश विशिष्ट नन्दिकेश रसेश प्रत्यभिज्ञानी कारुणिक कापालिक आदिकों के मतों का विवेचन ठीक-ठीक है।

निर्विकल्पक प्रत्यक्ष में प्रमाण अप्रमाण अन्यतर कोटि में, श्रीकुमारिलभट्ट, प्राभाकर, मुरारिमिश्र नैयायिक आदि दर्शनविद्वानों के मत। स्वतोग्राहक प्रकाश पर विवेचन, स्वामिनारायणविमर्श, ध्यानवृत्त्या प्रामाण्य अप्रामाण्य ग्राहिका। अविद्या आन्ध्यं व्याघात शंका तर्कभेद प्रतिबन्दी उभयतःपाश साधनाभास हेत्वाभास छल मौनश्लोक चेष्टा घात्युत्तर निग्रहस्थान, आदि प्रयोगों में ज्ञानों में प्रमात्व अप्रमात्व के स्वतोग्रहण परतोग्रहण आदि पर तलस्पर्शी विचार किया गया है। यह ग्रन्थ आदित्यनाथझा अभिनन्दन संस्कृत दील्ही से छपा है।।

२२. **जातिविमर्शः**—ब्राह्मणत्व घटत्व आदि धर्म जातियाँ गिनी जाती हैं, वे नित्य हैं न्याय का मत, अनित्य है व्यक्तिवादि का मत, इस ग्रन्थ में गुण कर्मानुसार जाति कल्पना का विचार किया है,

वैदिकमन्त्र भी गुणकर्मानुसार जाति की उद्घोषणा करता है, शब्दों को त्वप्रत्ययलगाने से जातिवाचकत्व होती है, श्रीरामभगवान ने कैवर्तकों चित्तपावन ब्राह्मण बनाये, भिल्लब्राह्मण आभीरब्राह्मण, गुर्जरे तैलिकब्राह्मण, पर्शुराम ने नम्पूतिरिब्राह्मण बनाये, कायस्थ भाट नागर ब्राह्मण हुए, इस पर अनेक ऋषि मुनि अवतारों के दृष्टान्त हैं। महाराष्ट्र में जावालकाष्ठ ब्राह्मण, आन्ध्र में आराध्य ब्राह्मण, गुर्जर में कण्डोल ब्राह्मण, राजस्थान में पुष्करण ब्राह्मण, प्रतापगढ़ में अहीर ब्राह्मण, गोरखपुर में पाण्डेयशुक्लमिश्र ब्राह्मण, ग्रामनाडा के पाठक, द्रविड के ओझा, बिहार के भूमिहार, पंजाब के गुज्जर, कर्णाटक में मत्ति, नागमाचो, भोद्री तम्बल, सौराष्ट्र में खेडावाल, गुजरात में भाट, महाराष्ट्र में सेनव्य, कर्णाटक में हैग, उडीसा में मस्ताना, भोजक सारस्वत डकोता गरोडा युगी पटवेगरा अय्यरा गणक हुसेनी मालाकार कोलभिल्ल मुशहर मलिच्छामय सतलखे वैठ कंनोजिया, ये सब आगन्तुक ब्राह्मण वर्णित किये हैं। इस प्रकार विशाल प्रामाणिक वर्णन है।

२३. **वचनामृत प्रामाण्यहेतवः सूत्राणि च**—श्रीस्वामिनारायण के २६२ वचनामृतों के पृथक्-पृथक् प्रामाण्य प्रयोजकता का विवेचन तथा २२५० सूत्रों का ग्रथन है। यह ग्रन्थ कार्यकारणभाव प्रतिबध्य प्रतिवन्धकभाव स्वरूप धर्म ज्ञान आदि से तथा पुरुषार्थों से भरा हुआ दर्शनों के सिद्धान्त पर विवेचन करने वाला आध्यात्मिक महासागरसमा ग्रन्थ है, इस पर यह रचना है॥

२४. **श्रुतितात्पर्यनिर्णय**—इसमें श्रुतियों का तात्पर्य उपक्रम उपसंहार अभ्यास अपूर्वता फल अर्थवादादि के अनुसार विशिष्ट ब्रह्माद्वैतसिद्धान्त में उपनिषदों का तात्पर्यपरायण तलस्पर्शि वेदान्तग्रन्थ है। जिस पर मैथिल पण्डित व्रजकान्तझा ने भूमिका लिखी है। तीन भाग में है, प्रथमभाग विशिष्टवैशद्य-में भक्तितरंगों का प्रतिपादन श्रुतिवाक्योपबृंहण कारणकार्यावस्था विशिष्टावस्था आत्मपरमात्मभेदबोधक श्रुतिवाक्य विशिष्टब्रह्माऽद्वैतपरक है। द्वितीयभाग में परब्रह्मस्वरूपनिर्णय साकारवाद शक्तिनिरूपणादि किया है। तृतीयभाग में ज्ञान प्रामाण्यं स्वतः परतो वेति दीर्घशेमुषी से विचारितम्। दार्शनिकों के मत। स्वमत मैं साक्षिभास्य प्रामाण्य अप्रामाण्य दर्शाया है॥

२५. **साकारत्ववाद**—इस ग्रन्थ में बीस व्याप्तियाँ साकारत्वसाधिका हैं, सर्व पदार्थों का साकारत्व सिद्ध किया है, अति बुद्धिगम्य परिष्कृतपदार्थाऽभ्यासवालीधीगम्य यह तत्त्व है॥

२६. **श्रीहरिस्वरूपनिर्णयस्य सत्संगभाष्यम्**—इस ग्रन्थ में साकारोपासकों के लिये ब्रह्मलोक में जो परमेश्वर है वे ही अवतार रूप में यहीं है, यहीं मानवादिरूप में जो अवतरित हैं वही ब्रह्मधाम में हैं, एक है तदात्मक है वही है यही है यही है वही है परमाणुमात्र भी विषमता नहीं है इस बात को बड़े गम्भीर स्वरूप भाष्य से प्रतिपादित किया है। इसमें विप्रतिपत्तियों को स्थान दिया है, जैसे कि अनादि नित्यसिद्धदिव्याकृतित्वं न वा ?, अनादिनित्यसिद्धादिव्याऽकृतिभिन्नाऽऽकृतित्वं न वा ?, मायाकृतिभिन्न-विभूत्याकृतित्वाभाववान् वा ?, ऐसी कई प्रकार की विप्रतिपत्तियाँ रचकर उनके पर विस्तृत विचार किया है, सभी वैष्णवों को उपयोगी विद्वत्तापूर्ण ग्रन्थ है, उपनिषदों के प्रमाण ले के साकारता एकता प्रतिपादित की है। यह विशाल भाष्य विद्वत्तापूर्ण चमकता है।

२७. **सुधासिन्धोः ब्रह्मरसायनभाष्यम्**—२६२ संस्कृत तरंगों में नव हजार श्लोकों पर ६२५० सूत्रों के साथ यह भाष्य महासागर समान विशालकाय है। इसमें व्यावहारिक तथा आध्यात्मिक तथा मोक्षीय कोई भी साध्य साधन तत्त्व ऐसा नहीं है जो न लिया गया हो, जिस पर न विचार किया गया हो। हरेक दर्शनों के साकार निराकार वादों में नित्य अनित्य वादों में, प्रमाण अप्रमाणवादों में, शरीरे-

न्द्रियान्तःकरणात्मवादों में अवतार अवतारि परमात्मवादों में, न्याय सत् असत् शून्य आदि वादों में। नास्तिक आस्तिक सभी वादों में तलस्पर्शी प्रविष्ट ब्रह्मरसायन भाष्य, पूर्वपक्षवाद सिद्धान्त पक्ष दिखलाता है। ब्रह्मवाद मायावाद ईश्वरवाद ज्ञानात्मवाद द्रव्यात्मवाद, योग सांख्य शैव आगम निगम शाक्त वेद संहिता पुराण धर्मशास्त्र महापुरुषचर्या नियम संयम गुणधर्म शक्ति वन्धन मोक्ष भक्ति शरणागति प्रपत्ति सात्त्विक राजस तामस सृष्टिस्वभाव देवदैत्यसुरपितृऋषिवर्तन दुर्गुणनाशक साधन सद्गुणार्जन प्रयत्न समाधि स्फोट परापश्यन्त्यादिवाणी जाग्रदादि अवस्थाएँ, प्रमाणविपर्ययादि वृत्तियाँ, द्रव्यगुणादि पदार्थ, धर्म ज्ञान वैराग्य भक्ति उपासना आज्ञा सदाचार विविध यज्ञ काण्ड दैवाचार मुक्ताचार, अनिर्वचनीय आविद्यक मायिकवाद, बिम्बप्रतिबिम्बवाद, शक्तिसामर्थ्यवाद, योगांगवाद, सन्न्यासादि सर्व आश्रम, विद्या ब्रह्मविद्या आदि, धाम स्थान आदि खगोल भूगोल, नवधा भक्ति में कीर्तन गायन नृत्य आत्मनिवेदिता बाधितानुवृत्ति सन्तता भक्तता ब्रह्मदशापन्नता जीवन्मुक्तता, विदेहमुक्तता दिव्यदृष्टिता आदि अनेक तत्त्वों पर आरपार विचार विचार किये गये हैं, सभी जगत् के भाष्यों से अत्यधिक मूर्धन्य यह भाष्य लगभग पाण्डुलिपि में पाँच हजार पेजों में है। श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी ने श्वेतायन व्यासस्वरूप में तदात्मक भाव से यह आविष्कृत किया है। यह अगाध सागर है॥

२८. **अवताराऽवतारित्वे पुराणादिवचनानि**—इस ग्रन्थ में पृथ्वी पर सभी देशों में ईश्वर परमेश्वर महापुरुष देवपुरुष मुक्तपुरुष आभूषण आयुध संकल्प गुण आदि परमेश्वर की आज्ञा से किसी न किसी कार्य के लिये प्राकट्य ग्रहण करते हैं, पर व्यूह विभव अर्चा अन्तर्यामी स्वरूप स्वयं अवतार या अवतारी सभी प्रजा में प्रकट होते हैं इसके पर वेद आगम निगम संहिता शास्त्र सूत्र अर्णव पुराण स्मृति इतिहास आचार्यविजय तत्त्वग्रन्थ आदि सभी में स्वीकृत प्रदिपादित है, इस पर एकत्रित किये प्रमाणों का यह ग्रन्थ है। सप्रमाण है॥

२९. **स्तोत्राणि**—भगवान् के शंकर के अवतारों के लक्ष्मी आदि सतीयों के सूर्य आदि के हनुमान गणेश देवी आदि के स्तोत्रमय यह ग्रन्थ है। व्यस्तरूप में है, एकत्रित मुद्रित नहीं है। अलग-अलग ग्रन्थों में मुद्रित है।

३०. **चित्सुखी टिप्पनी**—यह ग्रन्थ अद्वैत वेदान्त का जगन्मिथ्यात्वपरक है, इसका दूसरा नाम तत्त्वप्रदीपिका है, इसके मूल पर तथा टीका पर कठिन गहन स्थलों में सरल टिप्पनी लिखी है। जो सहायदा है।

३१. **कविकाव्यगौरवम्**—यह साहित्य के विद्वानों को नेत्र खोल देने वाला निबन्ध है, इसमें कविवर अचित्यानन्दवर्णी का संक्षिप्त जीवन सतर्कोज्ज्वल सचमत्कार वर्णित है, कवियों को ऋग्वेद ने ऋतुसदन ब्रह्म कहा है, अमूर्तों को कवि लोग मूर्त बना देते हैं, कवियों को वित्ति में साम्राज्यसा होता है, कवि शेमुषी में विश्व त्रिकालीन दीखता ही है, कवि लोग योगियों की समाधि को भी उल्लंघ जाते हैं। कवियों का कवित्व सृष्टिदृष्टिकवित्व सुमूर्त होके झलकता है। परमेश्वर में योजित काव्य चतुःपुरुषार्थ साधक होता है, काव्य रसोद्वेलनाकर सृष्टिमोहक होता है। रससंभृतान्तरोर्वरितवाक्यस्वरूपं काव्यम्, वाक्यं रसात्मकं काव्यम्, ध्वनिर्नामोत्तमं काव्यम्, शब्दार्थशरीरं काव्यम्, सहृदयहृदयाऽऽह्लादिशब्दार्थमयत्वं काव्यत्वम्, रसालंकारसंभृतसन्दर्भत्वं काव्यत्वम्, शब्दों में अनुप्रासादि रहते हैं, अर्थों में उपमादि रहते हैं, रसविशिष्टमूर्तालापविषयस्वरूपयोग्यत्वं काव्यत्वम्, वर्णसंघटना धर्मा रसाः, कविप्रतिभोल्लिखितत्वं काव्यत्वम्, उक्तिवैचित्र्यजीवित्वं काव्यत्वम्, न्यग्भावितशब्दार्थस्वरूपकविकर्मत्वं काव्यत्वम्, शब्दा-

र्थोक्तिसत्त्वप्रयुक्तलक्ष्यगुम्फनत्वं काव्यत्वम् , इष्टानुपूर्वीघटनास्वरूपत्वं काव्यत्वं, इस प्रकार काव्य के लक्षण दर्शाये हैं। काव्य के भेद उत्तम लक्षण, मध्यम निकृष्ट काव्य, बताये हैं, काव्य के गुण फल आदि बताये हैं, विविध पूज्य काव्य के स्वरूप बताये हैं, काव्यविषय स्थान बताये हैं, काव्य का गौरव, रस, गुण, सर्ग, कथासूचन, पारमार्थिक वर्णनवाला उत्तम काव्य कहा गया है। काव्य में युग्मक त्रैतानिक कलापक कुलक ग्रामक देशक भौमक सृष्टक सर्वक आदि समाविष्ट विषय होते हैं। उत्तमता के प्रकार भी दिखलाये हैं। भाव काव्य में रसप्रद होता है, रसव्यक्तता में व्यंजना स्वादरूप व्यापार है। रस का भोग होता है। सुख दुःखात्मक रस है, करुण शृंगार वीर हास्य शान्त वत्सल रौद्र अद्भुत भयानक तो है ही मगर रतिरस दशवाँ है, करुण में द्रुति है, शृंगार मे मधुरता है, वीर में ओजस्विता है, वीरबिभत्सकरुण में भी ओजस्विता अधिक है, हास्य में साश्चर्य प्रसन्नता है, शान्त में शीतद्रुति है, वत्सल में स्नेहातिशयिता है। रसों के बोध में व्यञ्जनावृत्तिः कवि में रहती है। यह नानार्थद्योतक वाचिक अभिनय कहाता है। अलंकार वर्ग सादृश्य से विरोध से काव्यन्याय से लोकन्याय से तर्कन्याय से गूढार्थ प्रतीति से हाजरी लेता है। अनुप्रासादि अलंकार भी उद्दिष्ट हैं। भाँति-भाँति के विचित्र प्रबन्ध कमल चक्र छत्रादि में निविष्ट ग्रथित उद्दिष्ट हैं। वृत्त भी बताये हैं। नायक-नायिका भेद चेष्टा भेद हाव-भाव विभावादि भी वर्णित हैं। अनुबन्ध चतुष्टय भी उचित कहे हैं। कवि के वर्णनप्रबन्ध किस प्रकार होने चाहिए यह भी इसमें कोई अनेरी रचना दिखलायी है। कविकाव्यगौरव को अवगत करने से भी कवित्व में प्रवृत्त उमदा झलकवाला हो जाता है।

३२. **श्रीस्वामिनारायणदर्शनं दर्शनशास्त्रम्**—छ दर्शनों के समान यह एक सातवाँ दर्शनशास्त्र रचा गया है। जिसमें पाण्डुलिपि में लगभग ४०० पृष्ठ हैं, तथा १–औपनिषदश्रौतप्रकरण, २–सुधासिन्धुपरावाक्-प्रकरण, ३–दार्शनिकप्रातिभप्रकरण, ४–पदार्थतत्त्वप्रकरण नाम से चार प्रकरण हैं। प्रथम प्रकरण में २१ अधिकण हैं। द्वितीय में ६९ अधिकरण हैं। तृतीय में ३४ अधिकरण है। चतुर्थ में ५९ अधिकरण है। समग्र ग्रन्थ के ३३१ सूत्र संख्या है। 'अथ परब्रह्मोपासीत' (१।१।१) सूत्र से लेकर 'परब्रह्मण उपास्त्या तादृगाप्तिस्तादृगाप्तिः' (४।११५।३३१) अन्तिम सूत्र है। इसमें पर ब्रह्मोपासना, मुक्तों के धर्म, विभूत्य-नवकाश, अन्वयिसाक्षित्व, स्वरूपाविर्भाव, दिव्यत्वशाश्वतता, आत्मान्तर्मूर्तता, ब्रह्मप्रकाशव्याप्तता, वास्त-विकसत्त्व, विशिष्टैककारणता, सर्वं सत् , सत्समुच्चयख्याति, साकारत्व, ब्रह्मप्रेरणा, महामाया, देवता-शक्ति, वृत्तिताद्रूप्य, तत्प्रसन्नता, कल्याण, प्रीणन, अवतरण, धाममुक्तसाहित्य, सेवा, भगवत्संसर्गिदिव्यता, ब्रह्मरूपता, चैतन्यप्रकाश, भावना, समागम, ब्रह्मदर्शन, लीला, साधर्म्य, स्वरूपनिष्ठा, भगवतीतनु, यथा-वकाशसेवन, उपास्ति, प्रतीकब्रह्मता, साधन, प्रताप, स्नेहप्रवेश, माहात्म्य, निष्कामभक्ति, निश्चय, कृपा, प्रेमलक्षणा, समाधि, सत्संग, योग, निर्वासन, अन्तर्दृष्टि, योगनिद्रा, आज्ञा, ज्ञानप्रलय, विक्षेपभयनिवृत्ति, आनन्दघनता, सुषुम्णामार्ग, परावाणी, विवेक, कारणत्व, शारीरित्व, अन्वयित्व, व्यतिरेकित्व, विश्व, धाम, देवता, उपदेश, विशिष्टोपादेयत्व, प्रयोजन, रसभक्ति, श्रुतितर्क, शक्य, लक्ष्य, विधि, केवलप्रकृत्यनु-पादनता, शब्दब्रह्म, शक्तिपारतन्त्र्य, प्रत्यभिज्ञा, ब्रह्मसम्बन्ध, पाशवत्त्व, शून्यत्व, कर्ममात्र, विशिष्टशिव, विशिष्टब्रह्माऽद्वैत. व्यूह, पदार्थ, अन्तःकरण, सूक्ष्मभूत, महाकाल, दिक् , तम, त्रिगुण, ज्ञान, चमत्कार, अदृष्ट, आकर्षण, रूपादिगुण, तादात्म्य, विशेष, अभाव, संशय, दृष्टान्त, सिद्धान्त, पक्षादि, अवयवपंचक, हेत्वाभास, तर्क, कथा, छलस्वरूप, जाति, निगहस्थान, मोक्ष आदि दार्शनिक विषयों के पूर्वोत्तरपक्षादि स्वरूप यह दार्शनिक नूतन ही ग्रन्थ है। इसमें बुद्धिकौशल्य व्यासजी के समान दिखता है।

३३. **श्रीसत्संगिजीवन पारायणी टीका**—अठारह हजार श्लोकों का यह भागवतसमान ग्रन्थ पाँच प्रकरणों में है, इसका धर्मशास्त्र नाम है, परं श्रीस्वामिनारायणभगवान का प्राकट्य होने में हेतु स्वरूप कलिकाल प्रावल्यादि निवारणार्थ नरनारायणभगवान् द्वारा परब्रह्म का पृथ्वी में प्राकट्य, छपिया में बाल्यावस्था, किशोर में वनवास तीर्थभ्रमण योगसाधन चमत्कार यौवन सौराष्ट्र में निवास सम्प्रदाय-स्थापन उपदेशार्थविचरण मन्दिरनिर्माण ग्रन्थनिर्माण धर्मज्ञानवैराग्यभक्त्यादि यज्ञयागादि विधापन व्रत उत्सव महोत्सवादिकरण, सामान्य विशेषधर्मों का कथन सांख्य योग वेदान्त मीमांसा तत्त्वज्ञानादि दर्शनों के सिद्धान्तों का संकलन, पुराण इतिहासादि सार ग्रहण, आदि तथा दर्शनशास्त्रीय वैष्णवादि सिद्धान्तग्रहण कौलनास्तिकादि निरास, शास्त्रचिन्तन, आदि अनेक प्रकारविधियां वर्णित हैं। इसका सप्ताह पारायण सारल्य के लिये चूर्णिका-समान पारायणी टीका सारबोधिनी स्वरूप में लिखी गई है।। हजारन स्थलों में इस ग्रन्थ के पारायणों का महोत्सव समारोह हुआ ही करता है। श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजीने १५ वर्षानन्तर ६५ वर्ष तक इसके कई पारायण कई शहरनगर ग्रामों में किये हैं।

३४. तत्त्वप्रभावली नामक विशिष्ट न्यायशास्त्र में अधिकसमावेश **'साक्षात्कार सूत्राणि'** ग्रन्थ का किया गया है। प्रत्यक्षप्रमाणप्राबल्यं को लेते हुए अनुमानादि नव प्रमाणों की उपस्थिति भी प्रत्यक्ष से ही होती है, अतः सभी पदार्थ कोई न कोई पुरुष का साक्षात्कृत है, परमेश्वर ब्रह्म मुक्त सगुणेश्वर व्यूह साक्षी ब्रह्म अन्तर्यामी अवतार ईश्वरलोग देवलोग ऋषि महर्षि योगिजन धर्मराज सूर्यनारायणादि को व्यक्त अव्यक्त आवृत अनावृत सूक्ष्म स्थूल सभी तत्त्वों का प्रत्यक्ष ही है, अतः **'सर्वं साक्षात्'** इस सिद्धान्त पर यह ग्रन्थ लिखा गया है, साक्षात्कार सूत्रों के पर कल्याणी वृत्तिनामक टीका भी लिखी गई है, जो दार्शनिक विद्वानों को नवीन नैयायिक तार्किकों के लिये भी सुतरां दार्शनिक विचारों में प्रामाण्यविषय के लिये उपयुक्त है। यह सभी प्रमाण प्रामाण्य रखता हुआ साक्षात्प्रत्यक्षप्रामाण्य को सभी में लगाता हुआ विचित्र ग्रन्थ है।

३५. **तत्त्वमुक्ताकलाप-किरणावली**—रामानुजसम्प्रदाय का यह ग्रन्थ दार्शनिक तत्त्वों पर विचार करता हुआ गम्भीर अर्थों का निर्णय दीखलाता है, फलतः तत्त्वचिन्तन का भक्ति में परिणाम लेके मोक्षरूप मुख्य है। तत्त्वशोधन सभी को इष्ट है, लाघवगौरव अन्यथासिद्धयादि युक्तियाँ काम देती हैं, न्याय सांख्य बौद्धवेदान्तियाज्ञिकशैवशाक्तादि विचारित तत्त्वों को याथार्थ्यविषय करना विद्वानों का बगीचा है, इस ग्रन्थ में द्रव्य अद्रव्व विभक्त करके पदार्थों पर विचार चला है। प्रथमसर में द्रव्य सिद्धि और प्रकृति आदि पर विचार किये हैं। विरुद्धमतों का निरास किया है, द्वितीय जीवसर में जोव विवेचित किये हैं, तृतीय नायकसर में ईश्वर विवेचित किया है। चतुर्थ बुद्धिसर में ज्ञानपर गम्भीर विचार किये गये हैं। पञ्चम अद्रव्यसर में गुणादि विवेचित हैं। प्रकृति, काल, जीव, ईश्वर, नित्यविभूति, धर्मभूतज्ञान येछ द्रव्य, और सत्त्वरजतम शब्दस्पर्शरूपरसगन्ध संयोग शक्ति दश गुण वर्णित हैं अन्य का निरास हैं तत्त्वज्ञान का प्रयोजन, द्रव्यलक्षण, प्राकृतिक सृष्टिप्रकार, ईश्वराधिष्ठिततत्त्वों में कार्यकारित्व, न्यायमतीयकारणतानुपपत्ति अवयवित्वनिरास, सत्कार्यवादनिरास, क्षणभंगवादनिरास, चार्वाकमत खण्डन इन्द्रियविचार, मनोविचार, आकाश दिक् वायु तेज पृथिवी तम आदि पर विचार, पञ्चीकरणप्रकार, आकाशप्रत्यक्षता, अभावप्रत्यक्षता, काल आदि विवेचित किये हैं। आत्मविचार स्वयंप्रकाशता कर्तृता, आत्मा एक अनेक क्षणिक नित्य परिच्छिन्न विभु मध्यमकद आदि पर विशद विचार, भक्तिस्वरूप विद्याविभाग वर्णादिधर्म ब्रह्मविद्या वाक्यार्थज्ञान महावाक्यस्वारस्य प्रिय अप्रिय आतिवाहिकक्रम मुक्तसत्यकामता सेवा प्रतिबिम्ब-

निरास, परमेशसिद्धि, सर्ववाङ्मय की नारायणपरायणता, विशिष्टेवाच्यता, विष्णु भगवान् आदि परक प्रमाण अयुक्तानुमानादिनिरास, जगन्निमित्तोपादान ईश्वर, लीलापरिणामाऽनुपपत्ति उपाधिब्रह्मजीवतादि-निरास, विवर्त आविद्यक अज्ञानादि अनुपपत्ति, मिथ्यात्वनिरास, प्रपंचमिथ्यात्वनिरास, नित्यविभूति, भगवतो विग्रहवत्त्व, भगवान के वस्त्र आभूषादि दिव्यत्व, षाड्गुण्य, व्यूहसमालोचना, प्राविर्भावोपपत्ति, सार्वज्ञ्यम्, स्वप्रकाशत्व, धीस्वरूप, ज्ञानद्रव्यत्व, प्रमाण अप्रमाण विवेचन, यथार्थख्याति, अख्यातियथार्थ-ख्यातिस्वरूप, अन्यथाख्याति अनिर्वचनीयख्याति असत्ख्याति आत्मख्याति निरधिष्ठान ख्याति निर्विषय-ख्याति का निरास, विशिष्टविषयकनिर्विकल्प, अनुमानप्रामाण्य, तर्क, उपाधिव्याप्ति असद्धेतु केवलान्वयि प्रतिज्ञादि कथा निग्रहस्थान षट्पक्षी आगमप्रमाण संकेत विधि विशिष्टवाचिता शब्दों की शरीरिपर्यन्त बोधकता, शरीर, विश्वकी ईश्वरशरीरता, शब्दों का परमात्मपर्यन्तता स्कोटवादभंग अन्विताभिधान अभिहितान्वय निर्विशेषताभंग, वेदप्रमाणता, स्वतःप्रामाण्य, वेदनित्यता, स्मृत्यादि की वैदिकता, पुराणादि की बलाबलता, स्मृति, अद्रव्य, धर्मधर्मिभाव, अनेकान्ततामंग, सप्तभंगीभंग, शब्द, पुद्गलता-भंगः, पाकज अपाकज गुण, सांसिद्धिकत्व, ब्रह्म में परममहत्त्व, संयोगवैचित्र्य विषयविषयिभाव योगिधी मुक्तबुद्धि, ज्ञाततानुपपत्ति, इच्छादि की ज्ञानविशेषता, अदृष्ट, देवताप्रीतिधर्म, पुण्य भगवत्प्रीति, भावना, कृतिसाध्यता, लिङर्थ, संस्कार, कर्म, जाति, सादृश्य, विशेष, समवाय, अभाव आदि पर अनुपपत्ति उपपत्ति सिद्धान्तादि विशद विचार, सभी के पदार्थों पर सभी के न्यायादि युक्तियाँ लगालगाकर पाण्डित्य पूर्ण विचार किया गया है। इस ग्रन्थ के पद्यों के अन्वयार्थ तथा सरल गहन अधिक उपयोजन आवाप उद्वाप जटिल पदार्थों पर अवर्जनीय तार्किक विचार हेत्वाभास छल जाति निग्रहस्थानों का योजन आदि तथा विशिष्टाद्वैतीय पदार्थों का पूर्ण प्रकाशकरनेवाली किरणावली टीका अभ्यास के लिये अतीव उपयुक्त मानी गई है। सभी दर्शनों के सभी पदार्थों के पूर्वपक्ष उत्तरपक्ष निरास सिद्धान्त स्थापनादि इस किरणावली टीका में बहुत सरल विशाल हृदय खोलकर विवेचित है। वर्तमानयुग में न्यायसिद्धान्त-मुक्तावली किरणावली, सांख्यतत्त्वकौमुदी किरणावली तत्त्वमुक्ताकलापकिरणावली, तर्कसंग्रहदीपिका किरणावली, मीमांसा—अर्थसंग्रह जिरणावली सबसे बढ़कर विजय पा रही हैं।

३६. **छूटकस्तोत्र हैं**—हनुमानजी के स्तोत्र छपे हैं। भूतावेश को भगाते हैं।

३७. **अर्थसंग्रह-किरणावली**—यह मीमांसा के पदार्थों का प्रक्रियाग्रन्थ है, वैदिकानुष्ठान प्रतिपादक वाक्यों के अर्थनिर्णयार्थक मीमांसाशास्त्र बडाकाय रचा गया है, उसमें प्रवेश के लिये पदार्थ प्रमाण तत्त्वसंकलन साधनसमुदाय अर्थनिर्णायक युक्तियाँ प्रकृति-प्रत्ययादिवाच्यार्थ प्रेरणा भावनादिबोध अर्थवाद यथार्थवाद विध्यर्थ निषेधार्थ आदि का स्वरूपज्ञान कर्मकाण्ड के अंग प्रत्यंगों का ज्ञान आवश्यक हैं, इन सब प्रकारों को यह अर्थसंग्रह बुद्धिगम्य कराता है, किरणावली टीका सरल कठिन सभी पदार्थों का विशद विवेचन सपरीक्षण करती है, टूचकाओं को तत्तत्स्थल में गहनता को खोल-खोलकर घटाती है। यह अच्छी उपयुक्त टीका हुइ है। इसमें याग देवता द्रव्य क्रिया अदृष्ट फल आदि में अन्ततः परमात्मा की प्रसन्नता में पर्यवसान दिखाया है सेश्वरमीमांसा सूत्रों से ही साबीत किया है।

३८. **मीमांसायाम् अंगत्वादि परिष्कृतिः**—नव्यतार्किकरीति से मीमांसा के पदार्थों का जहाँ जो परिष्कार करना उचित हो वहाँ-वहाँ मीमांसित अच्छे-अच्छे परिष्कृत पदार्थों को दिखलाने वाला यह ग्रन्थ है, जो विद्वानों के लिये उपयोगी है। नव्यतार्किकपरिष्कृति का यह मीमांसकीय ग्रन्थ है, परिष्कारों

के गौरवों से झलकता है। शास्त्र दीपिका तत्त्वप्रभावली, तत्त्वचिन्तामणि अद्वैतसिद्धि दूनिया में अजोड ग्रन्थ हैं।

३९. **सुधासिन्धु सारसन्दोहनम्**—इस ग्रन्थ में २६२ तरंगों के ग्रन्थ सुधासिन्धु के तमाम सिद्धान्तित सार दर्शनप्रणालियों से विशदरूप में संकलित किये हैं, जो स्वामिनारायणसम्प्रदाय में मान्य द्रव्यगुणादिपदार्थ, प्रत्यक्षादि प्रमाण, ज्ञान प्रामाण्य, ज्ञानस्वतःप्रकाशत्व, ज्ञानसत्यत्व, सत्समुच्चयख्याति, आदि का विशेष निर्णायक यह ग्रन्थ है। लेखक पंडितजी ने जीवनभर अभ्यास में लेके श्रीस्वामिनारायण-भगवन्मुख से वर्णित पदार्थ उठा-उठा कर पकड़ के उस पर संकलन किया यह ग्रन्थ है, विशिष्ट ब्रह्माद्वैत का निर्णायक है। पर ब्रह्म, ब्रह्म, माया, ईश्वर, जीव, ये पाञ्च तत्त्व, तथा पर ब्रह्म आनन्दघन सगुणसाकार दिव्यमूर्ति, ब्रह्मलोक अमूर्त प्रकाश और सुमूर्त सेवास्थ व्याप्य स्वतन्त्र प्रकाशघन तत्त्व, मुक्तमण्डल तत्त्व, त्रिगुणिमाया तत्त्व, चतुर्विंशति महत्तत्त्वादि तत्त्व, रजोघनतत्त्व, तथा ऐश्वर्यघन साकार ईश्वरतत्त्व, तथा ज्ञानघन सच्चिदानन्द जीवात्मतत्त्व, इनके आकार गुण परिमाण स्वरूप सामर्थ्य आभूषा हेति उपकरण आदि दिव्यरूप में प्रतिपादित किये हैं, अवतारवाद आविर्भावरूप में स्वीकृत है, धर्मज्ञान वैराग्य भक्ति प्रपत्ति शरणागति कृपा मोक्ष के साधन माने गये बतलाये है। सन्त मन्दिरादि सेवा साधन सत्संग द्वारा सेवा स्नेहसेवा मुक्ति बतलायी है। विशिष्ट ब्रह्माऽद्वैत सिद्धान्त स्थिर किया है, सत्समुच्चय-ख्याति बीजरूप से यहाँ ही प्रकट की है, इस पर संक्षिप्त तथा विशेष विशाल विवेचन यहाँ तथा तत्त्व प्रभावली के प्रमिति खण्ड में किया है, यहाँ पदार्थ प्रमाण ज्ञानविभाग साधन फल वाक्यविभाग आदि सार रूप से प्राथमिक बोधार्थ एकत्रित कर सुधासिन्धु महाग्रन्थ में से खींच कर रख दिये हैं। पञ्चरात्रादि मान्य अर्चिमार्गमान्य औपनिषदीय ब्रह्मविद्यामान्य वेदान्तसूत्रमान्य दिखलाये हैं, दीक्षा प्रकार बतलाया है। पदार्थ तत्त्व-द्रव्य, द्रव्यगुण, गुण, क्रिया, जाति, विशेष, सम्बन्ध, अभाव, सांख्ययोगनिष्ठा ब्रह्मनिष्ठा, चतुर्विधपुरुषार्थ, प्रमाणादि वृत्तियाँ, अवस्थाएँ, बन्ध, गुण दोष प्रकार, प्रतिज्ञादिप्रयोग, इस प्रकार तत्त्वसारविवेचन किया गया है, सभी विशाल प्रक्रियाएँ इस पर अवलम्बित रहेगी। इसमें शंका कृपा उत्तर प्रेरक समाधान यथार्थ विप्रतिपत्ति लाक्षणिक शक्तिमत् अलंकार रस विधिमन्त्रादि स्फोट शास्त्रीय-वाक्यों से विहँचनाएँ की गयी है। बहुविध प्रामाण्य हेतु उदाहृत है, श्रेष्ठ-श्रेष्ठ मुक्ति समय के सिद्धान्त भी दिये हैं। महावाक्यों का बोध मुक्तों के साक्षात्कार मुक्तिसाक्षात्त्व प्रकार वर्णित हैं। निश्चय तत्त्वज्ञान आदि में विश्रान्ति लेनेवाला यह ग्रन्थ सभी को परिशीलन करने योग्य है।

४०. **दर्शनतत्त्वसार**—इस ग्रन्थ में श्रीस्वामिनारायणदर्शन नामक सप्तम दर्शन के विषयविभाग उनके वर्णन, सन्निपत्योपकारक आरादुपकारक साधन, परब्रह्मदिव्यदर्शन फल, भक्तिमान् ब्रह्मधाम में जाके रहता है, परमात्मा के स्वेतर सर्वशरीर है, भगवत्कृपा से साधुजन कृपा से जल्दी मुक्ति मिलती हे। मूर्ति में भगवान् साक्षात् विराजित रहते हैं, सभी प्रमाण सभी दर्शन भगवद्दर्शन प्राप्ति पर्यन्त प्रवृत्तिवाले हैं, उसके बाद निवृत्त हो जाते हैं, साकार सगुण परमपुरुष में श्रुति और अनुमानादि उपयुक्त हैं। निर्गुण निराकार वाक्य सभी निर्बल ही हैं। विशिष्टब्रह्माऽद्वैत में श्रुतियों का तात्पर्य है। श्रुति विरुद्ध मान प्रमाणाभास में गिने जाते हैं। इस परदर्शनकारों के विविध मतमतान्तर दिये गये हैं। आत्मा का ब्रह्म साम्य या विषमत्व पर विचार, कपिल पातंजल केवल तार्किक वैशेषिकों के मत से वैदिकत्व पर विचार, इस पर श्रीस्वामिनारायणमत के विचार, न्याय वैशेषिक प्राभाकरों की ज्ञानशून्य जड मुक्ति है, भाट्ट के मत में अंशेन जडता कही है, शैव सांख्यपातंजल वेदान्ति लोग ज्ञानस्वरूप आत्मा को कहते हैं, द्वैत रामानुज नैयायिक वैशेषिक आत्मा को सगुण कहते हैं, बौद्ध को आत्मपरिमाण अनिश्चित है, रामानुज

माध्ववल्लभ अणु कहते है, चार्वाक माध्यमिक जैन मध्यम कहते हैं, न्याय सांख्य वेदान्त पातंजल वैशेषिक महान् कहते हैं, न्याय वैशेषिक सत्य कर्तृत्व मानते हैं, रामानुज माध्व नैमित्तिक मानते हैं, अद्वैती औपाधिक कहते हैं, सांख्य पातंजलों का प्रकृति में कर्तृत्व है, आत्मा में भोक्तृत्व नैमित्तिक है, परमाणु विषय में कारणता में ख्याति में कार्यता में प्रतिविम्ब में भ्रमस्थल में आविर्भाव में कारक व्यापार में साक्षात्कार में भी कई दर्शनकारों के मत दिखलाये हैं, नकुलीशपाशुपत शैव रसेश्वर मीमाँसक पाणिनीय मायावादी द्वैती आदि के मत जीव ईश्वर शक्ति साक्षी आदि में दिखलाये हैं। अन्धकार में भाट्ट अद्वैती विशिष्टवादी माध्व माहेश्वर तार्किक चार्वाक बौद्ध सांख्य के मत तथा कालतत्त्व में विचार दिखलाया है। अभाव पदार्थ पर विवेचन किया है, वन्ध में स्वतः परतः प्रामाण्य में अप्रामाण्य में मोक्षस्थिति स्वरूप में महान् विचार दर्शाया है, श्रीस्वामिनारायण तत्त्व के विमर्श उन्हीं तत्त्वों पर दिखलाये हैं, स्फूर्ति वृत्ति दृक्शक्ति चैतन्यशक्ति आदि पर सभी के मत कहे हैं, पदार्थों पर दर्शनकारों के मतमतान्तर स्पष्ट किये हैं। हरएक तत्त्वों पर सिद्धान्त पर द्रव्य गुण धर्म धर्मिक्षणिक शाश्वत साधन साध्य भ्रम निश्चयादि पर इस ग्रन्थ में विशाल संग्रहित स्पष्ट विचार किया गया है, जो अन्यत्र मिलना दुर्लभ है। संसार द्वार मोक्ष उनके स्वरूप में भी श्रीस्वामिनारायणसिद्धान्त को लेके आखिर स्पष्टता की है। यह ग्रन्थ दार्शनिक विद्वानों को उपादेय है।

४१. **भक्तिरससरित**—इसमें भक्ति के स्वरूप, भक्ति में रसों के स्वरूप, भगवान् में सभीरसों के समावेश है, भोजन में भोग में उत्सव में विवाह में काव्य में लक्ष्यवेध में विद्या में प्रीति में जो-जो रस हैं वे श्रीहरि में हैं, रसमय मूर्ति में १९४ रसों का दिग्दर्शन कराया है। भक्तों को गम्य हैं। यह, रस में रससमूह में रसविकास में अपूर्व ग्रन्थ है। काव्यों में दर्शित रस इन रसों के आगे धूली-सा हो जाते हैं।

४२. **सामान्यनिरुक्तिगादाधरीक्रोडम्**—'यद्विषयकत्वेन ज्ञानस्य अनुमितितत्करणान्यतरप्रतिबन्धकत्वं तत्त्वं हैत्वाभासत्वं, सव्यभिचार, विरुद्ध, सत्प्रतिपक्ष, असिद्ध, बाधित, ये पाँच हेत्वाभास हैं, इनका वह एक ही लक्षण गमक है, इस पर गंगेशोपाध्याय रघुनाथशिरोमणि गदाधरभट्टाचार्य मथुरानाथतर्कवागीश जगदीशभट्टाचार्य आदि के परिष्कृत ग्रन्थ हैं, बच्चा झा का तत्त्वालोक बड़ा विशाल परिष्कृत ग्रन्थ है। वामाचरणभट्टाचार्यजी के कई टीकाग्रन्थ हैं। नव्यन्यायाचार्यों को पढ़ना शास्त्रार्थ में जितना आदि के लिये पाण्डित्य का खजानारूप यह ग्रन्थ है, महामहोपाध्याय धुरन्धर न्याय के पण्डित श्रीवामाचरणभट्टाचार्यजी के समय जो कुछ ग्रन्थों पर आकाशवृत्तीय छोटे-छोटे शंका समाधानों में शास्त्रार्थ के लिये क्रोडपत्र के रूप में शिख लिये जाते थे वे शास्त्रार्थ विषय के अंश परिष्कार रूप क्रोडपत्र यह ग्रन्थ है। नव्यन्यायाचार्य की चाँच इसमें स्पर्श कर सकती है, इसका अविलय जीवन के लिये स्वामीजो ने प्रकाशित कर दिया है। पूना-महामहोपाध्याय श्रीपाण्डुरंग शास्त्री, कलकत्ता-महामहोपाध्याय श्रीमधुसूदन शास्त्री आदि सहाध्यायी लोग एक साथ में ही गुरुजी से पढ़ते समय विशेष विचार लिख लेते थे, सो यह गुरुप्रसादीरूप क्रोड है। विवृत्तिटीका भी प्रख्यात है।

४३. **श्वेतायनसंहिता सम्पादनम्**—यह ग्रन्थ महाभारत के समान महामहा काव्यरूप है महामहा इतिहासरूप है। एक लाख छब्बीस हजार श्लोकों में श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी ने ६० से ७० तक के दशक काल में लिखकर चौखंभा प्रेस काशी को देके प्रकाशित किया हैं, इनके चार खण्ड कृतयुगसन्तान, त्रेतायुगसन्तान, द्वापरयुगसन्तान, तिष्ययुगसन्तान हैं। श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी ने अपना ही श्वेतायन व्यास नाम रख के (श्वेतायनीयसंहिता) श्रीलक्ष्मीनारायणसंहिता नाम से लिखकर सम्पादकरूप से जाहेर

किया है। इस ग्रन्थ पर कई चर्चाएँ हुई हैं होती हैं, परीक्षक लोग P. H. D. लोग इसका अन्तरयाह नहीं ले सके, इसमें श्रीकृष्णवल्लभ आचार्यजी के ऐहिक दैविक पारमार्थिक जीवन भी कहीं-कहीं सामेल है, श्वेतायनीय व्यासावतार श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी ने इस ग्रन्थ में—चारों युगों के धर्म, अवतार मन्वन्तर महर्षि पितृगण देवगण इन्द्रादि परिवर्तन व्यासों का परिवर्तन भगवान् का प्राविर्भाव शक्तियों का प्राविर्भाव सृष्टि के प्रकरण खगोल भूगोल के इतिहास पृथ्वी पर तमाम प्रजाओं के प्राविर्भावों में भगवत्सम्बन्ध हरेक देशों में यज्ञ याग पर्वत नदियाँ अरण्य तीर्थ खात अखात स्थल जल अन्तरिक्ष के आख्यान, तीर्थ व्रत धर्म दान पुण्य युद्ध इतियाँ महासंग्राम आदि से भरा हुआ यह ग्रन्थ है, इसमें वैदिक प्राचीन अर्वाचीन होनारतें रूपक कथाएँ अघटित घटनाएँ परमेश्वर की ब्रह्मसृष्टि से सम्बन्धवाली कथाएँ ६८ कलाएँ, मन्त्र तन्त्र यन्त्र सूत्र शास्त्र वंश विभूतियाँ वर्ण आश्रम लय प्रलय स्थिरता काल युग विभिन्न धर्मपरिवर्तन प्रजा-परिवर्तन शिल्पविकास देवालय प्रतिष्ठाविकास गायनगान्धर्वविकास यागकाण्डविकास वेषभूषानृत्यादि-विकास समर युद्ध मन्त्र शस्त्रास्त्रविकास राज्य नगर नगरीग्रामादिविकास, ब्रह्मा विष्णु महेश रुद्र इन्द्र चन्द्र वरुण अग्नि वायु देवता देवियाँ योगिनियाँ कामधेनु रत्न चतुर्दश भुवनों के सम्बन्ध चरित्र चमत्कार ऐश्वर्य आदि के वर्णन, काश्यपी दाक्षी चान्द्री सौरी प्रजाओं के वंशविस्तार अमरीपरी भूतनाथी पिशंगी चिन्ही ब्राह्मी गौरी काष्णी आदि प्रजाओं के वंशविस्तार खण्डों के विभाग देवों के आविर्भाव आदि मूल-स्पर्शी वर्णन है, चार प्रकार की प्रजा, व्यवहार तत्त्वज्ञान तपश्चर्याएँ आयुष्य वाणी ब्रह्माण्डभवन वैराज महाविष्णु वैकुण्ठ गोलोक ब्रह्मधाम माया तत्त्वादि के विशाल विमर्श किये गये हैं। भगवान् के आविर्भाव उनके कुटुम्ब भक्त भक्तानी का समूह, फल प्रयोजन कार्य ज्ञान भक्ति आदि महामुख्य विषय लिये हैं। **प्रथम कृतयुग सन्तान में**—५९० अध्याय हैं, प्रायशः ५५००० हजार श्लोक है, दो वोल्युम में जिल्द है।

वैकुण्ठ में श्रीलक्ष्मीनारायण की भक्तसभा में नारदजी का कीर्तनभक्तिद्वारा द्रवितभाव तथा लीनभाव, ब्रह्मलोक में वैकुण्ठ गोलोक आदि में भी द्रवितभावी भक्ति। ईश्वरसृष्टि। ब्रह्मा विष्णु महेशों का आविर्भाव। दिव्यलिंग तेजःप्रवाहादि कथा। कालव्यवस्था, मानससृष्टि, देव देवी सती साध्वी विद्या जयन्त्यादि राधा आराधनादि सृष्टि, पतिव्रता तथा पत्नीव्रत दिव्य सृष्टि। ऋणानुबन्धी सृष्टि, सोमनाथ में चन्द्र तपश्चर्या, क्षयव्याधि परिहार, विश्वरूप, वृत्र, इन्द्र, वाराहावतार, हिरण्याक्ष, रैवतनृप, अश्वपट्ट-सरोवर तीर्थ, खट्वांग, लक्ष्मीनारायण आविर्भाव, वर्हिषांगद, व्यास, धारणा, ध्यान, विभूतियाँ, सर्पसत्र, सूर्य-संज्ञा, यमराज यमुना मनु, यमस्थान, कर्मफल, कमलालक्षण, प्रेतकर्मकाण्ड, दानफल, मुक्तिसाधन, नारायणबलि, धन्वन्तरि, चन्द्रवंश, काशीस्थ दिवोदास, योगिनियाँ, गण गणेश, शकुनादि, सप्ताहकथा, उर्वशीकथा, दुर्वासःकथा, समुद्रमथन, मोहिनी, शंकरोदित पुत्रव्रत, कार्तिकेय, तारकासुर, गणेश, हस्ति-मस्तकता, क्षेम लाभ, नरनारायण, शीलव्रत, बदरिकाश्रम, वैष्णवता, षोडशविध भक्ति, शरणागति, अक्षरब्रह्मधाम, गोलोकरचना, महावैकुण्ठरचना, श्वेतद्वीप, क्षीरसागर, वैष्णव शैव धर्म, हयग्रीव, मत्स्या-वतार, जयविजय, सनकादि, हिरण्यकशिपु, प्रह्लाद, माताको, नारदोपदेश, नरसिंहाविर्भाव, रेवताचल, दामोदर, बलिराजा, वामन, यज्ञ, त्रिपादभूमियाचना, निग्रह, इन्द्र को स्वर्गदान, पयोव्रत, स्वर्णरेखा नदी, योगिनी, शकुन, दान, कुच्छ्र, इन्द्रेश्वर, रेवताचल आगमन, देवतीर्थागमन, तुलसी, हरिवासर, लक्ष्मी-निवास, रेवती, आनर्त, पितृगण, पत्नीव्रतविप्रतीर्थयात्रा, नारायणह्रद में श्राद्ध, मोहिनी, मधुकैटभ, रम्भासुर, महिषासुर, महाकाली, अष्टमहर्षि, शुम्भनिशुम्भ, कौशिकी, चण्डमुण्ड, विभावरी देवियों के सैन्य, ब्रह्मैक्यबोध, गोप गोपी पार्वती शिवा, सती जयन्ती, कैलास, शिव, सती शंभु उद्वाह, दिव्यता, दक्ष यज्ञ, सतीलय, वीरभद्र, मेना धन्या कलावती, शिवा सिता राधा, स्तुतियाँ चमत्कारादि, मंगलग्रह,

टीकाकार के रूप में, मौलिक, सर्जक, आलोचक व विवेचक के रूप में संस्कृतसाहित्यजगत के महान आधुनिक वेदव्यासजी के अवतार हैं।

स्वामि श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी परमसात्विक, वचनसिद्ध, चमत्कारिक महानयोगी पुरुष हैं। भारत के दो सौ विद्वानों में से ३० विद्वानों की एक समिति आपके अभिनंदन की तैयारी कर रही है। महा-पुरुषों की शताब्दियों में अनेक नगरों में आमंत्रित किये जाने पर वहाँ पधारकर आपने अनेक विषयों पर विविध विषयों में व्याख्यान दिये। छड़ी छत्र सहित सोनेचाँदी के रथ में विराजमान होकर राज्य का गौरवमय सम्मान प्राप्त किया।

स्वामि ने अपने जीवन में संहिताएँ, शास्त्र, पुराण, इतिहास, सूत्र, भक्ति व धर्मशास्त्रों को मिलकर १०८ पारायण सम्पूर्ण किये।

आपने कुरान, बाइबल, गुरुग्रन्थसहाब, विश्वपट दर्शन, जैन तत्त्वप्रकाश का गहन अध्ययन कर उस पर व्याख्यान दिये। कई तपस्वी अनुष्ठान किये।

भारत में कई स्वामिनारायण मंदिर व संस्कृत पाठशालाओं तथा तपभवनों का निर्माण करवाया। स्वामिजी ज्ञानविज्ञान के प्रखर ज्ञाता होने पर भी मुनिव्रत, शक्तियों के होते हुवे भी क्षमाव्रत, त्यागशील होने पर भी प्रशंसा से दूर, सम्मानों में रहते हुवे भी निर्मानव्रत, आजीवन प्रथमाश्रमीशीलव्रत, संतस्थिति भागवद्भक्ति, ग्रन्थ परिशीलन, भजनकीर्तन नियमरक्षक तथा परोपकारी जीवनात्मता हैं।

भगवान की कृपा से, पंडितों के आशीर्वाद से, सरस्वती की उपासना से, माता-पिता के पुण्य से, महान सन्तों की प्रसन्नता से वर्तमान समय में दिगन्तयशस्वी श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी महाराज भारत में चमक रहे हैं।

स्वामी श्रीकृष्णवल्लभचार्यजी के विषय में विद्वानों के कुछ अभिप्राय :—

"श्रीस्वामिजी द्वारा लिखित मौलिक पुस्तकों एवं प्राचीन पुस्तकों की टीकाओं की सूची के अवलोकन से यह स्पष्ट हो जाता है कि उन्होंने शिक्षा जगत में उल्लेखनीय कार्य किया है"।

डॉ० रामनाथ वेदालंकार
उपकुलपति
गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार, गुरुकुल काँगड़ी

"भारत के इस महान संस्कृत विद्वान को हमारा अभिनन्दन"। **स्व० डॉ० जाकिर हुसेन**
भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति

श्रीकृष्णवल्लभाचार्यः सदाचारसमन्वितः। विश्रुतः कृतिभिर्लोके मानवानां हिते रतःज्ञाप्त्या विभूषितः कृष्णः सदाराधनतत्परः। सरस्वतीनिधिः पुष्यन् शोभत शिष्यवन्दितः॥ **डॉ० अमरनाथ पांडे**
M.A., D. Phil.

"संस्कृत के महान विद्वान को मेरा अभिनन्दन।" **डॉ० टी० एम० पी० महादेवन,**
मद्रास युनिवर्सिटी।

"श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी केवल पण्डित सार्वभौम ही नहीं सहृदय शिरोमणि और सदाचार की प्रतिमूर्ति भी हैं।"

डॉ० रामनरेश वर्मा
वाराणसी।

द्वितीय त्रेतायुग खण्ड में—हिरण्यकोश के अण्ड के कूर्चों से हिरण्यकूर्च और हिरण्याक्ष की उत्पत्ति, संकर्षणद्वारा नाश, मेरु से दक्षिण पाषाणात्मक पृथ्वीपरिरूप, भगवान का लोमशक्षेत्र में प्राकट्य, जयन्त्युत्सवदानादि, षष्ठीदेवीकृतरक्षा, सूतकपुरुषः, नामकरण, साणासुरनाश, प्रेंखारोहण, तलाजा-राक्षसीनाश, दुग्धपानोत्सव, गोरूपराक्षसीनाश, गृहनिष्क्रमण, चन्द्रदर्शन, भूम्युपवेशन, चमत्कार, कर्णवेध, अश्विनीकुमारतीर्थ, अन्नप्राशन, वनदेवता, वस्तुग्रह, दमनकदैत्यनाश, राक्षसणीयुद्ध, शरणागति, एकादशी पातिव्रत्य सेवा, शत्रुंजयस्थ कंकतालयुद्ध, पितृतर्पण, द्वितीय महोत्सव नारकिमोक्ष, जयन्त्युत्सव, प्रह्लाद नारायण युद्ध, चौलसंस्कार, पुष्पदोलमह, सालमालासुरनाश, यज्ञसूत्रोत्सव, सुकेशि, अशून्यशयनव्रत, शिवपुण्यकव्रत, तृतीयमहोत्सव। स्वस्तिक मोक्ष, चतुर्थमहोत्सव। शावदीनाकाली को बालबलि अर्पण से रक्षा, देवीपशुबलि, रक्षा, सहरि लोमशाश्रमागमन। पयोव्रत, श्वेतकेतुमर्यादा, उतथ्य बृहस्पतिभार्या, बालग्रहपूजा, वल्लीव्याघ्रासुरनाश, पञ्चममहोत्सव; गान्धर्वसमाज, दाल्भ्यबक चमत्कार, अर्धनारीश्वर नाट्य, विद्यारंभ, वराटकदैत्यनाश, डक्करनाश, राक्षसयोनि से ऋषिओं का उद्धार, शंकरलिंगपातकथा, षष्ठमहोत्सव, देवायनचाण्डालोद्धार। उर्जव्रतकथा दर्शन तीर्थादि। कंथाधर, हुड्डकायिनीकथा, उद्धार, रणंगमयज्ञ, सप्तम महोत्सवः, लक्ष्मणार्य मात्रागस्कर राक्षस, माजांबिकादेवी, रक्षण, सुषुम्णादि, शुक्र विश्वकर्मादि कथा। अब्रिक्त में ब्रह्मविमानेन युद्ध, विवेकाऽविवेकज्ञान, दैत्यनारीयुद्ध, कल्पवल्लिकाः, मृतोद्धार, मरुद्देवोत्पत्ति, यमराज, अरबदूत, बकदानरक्षा, अरववंशः, रक्तबीजासुर, प्रेतमुक्ति, धीरवीर-सरोवर, वृष्टिरक्षण, स्तम्भखान, पूर से मानवसंघातरक्षा, सोमनाथादिभ्रमण, रक्षास्तोत्र, रुग्णरक्षा, अष्टममहोत्सव, नर्मदा में वसुमेधरक्षा, गोपनाथतीर्थ, यज्ञोपवीत, पराविद्योपदेश, दिव्यदर्शन, पूर्वस्वभाव, ज्यामघ, ज्ञानम्, सुधनाभक्तमोक्ष, व्यष्टकाऽन्त्यजमुक्ति, षट्शतविप्रबालरक्षा, हिरण्यकेशी, तापी, घोरप्रतिग्रह में रक्षा, अश्विनीकुमार आगमन, कपिलभगवान्, दशम महोत्सव, बलेश्वर जयध्वज, विश्वामित्रोपदेश, नारायणसर, पुलस्त्योक्त युगधर्म, अक्षरक्षेत्रमाहात्म्य, सह्याद्रि, अधर्मजीव, सनत्कुमारोक्त अश्वपट्टसर माहात्म्य, ग्यारहवाँ महोत्सव, बदरिकाश्रम, महामारी, रक्षा, वासुदेवगीता, विशिष्टाद्वैताऽद्वैतविज्ञान, विभूति, व्यूह, स्वयंप्रकाशतीर्थ, उष्णालयरक्षा, हेमशालरक्षा, चक्रवाकी मार्जारी वृत्तान्त, मार्जारिका के बालकरक्षण, गण्डकी, मातामहिमा, महावैकुण्ठ धेनुपाल कृष्णादि आविर्भाव, नोपदेशे शिवादि प्राकट्य, तप, चक्रवाकी को शिखरपर जलपान, वरणानदी, काशीविश्वनाथ, अन्नपूर्णा, उष्णालय तीर्थ, बारहवाँ महोत्सव, पितृकन्यकाः, किम्पुरुषखण्ड, राक्षसोपद्रव, युद्ध, प्राग्ज्योतिष यज्ञ, दैत्यसमूह-नाश, ऋषिव्यवस्था, अर्यमा, ब्रह्मपुत्रिका, तीर्थीकरण, यज्ञभूमि लाशहापुरी, भक्ति, आत्मबोध, भूतासन, नग्नपर्वत, सुन्दरवन, पुष्पदोल महोत्सव, तेरहवाँ महोत्सव, शरभमोक्ष, दत्तात्रेयतीर्थ, पवमान, चौरहवाँ महोत्सव, यमपुर, देवायतनमहर्षि, याम्य मोक्षणम्। किंपुरुषखण्ड में राशियान प्रदेश में देवायतनादि बारहमहर्षिगमन, मन्त्रदान, बालकृष्णसरोवरतट में द्वितीय यज्ञ, शिबिदेवराज्य, उपदेश, तृतीय यज्ञप्रस्ताव, थर्कूटस्थराज्य में द्विकलसरोवरतट में द्वितीययाग, मन्त्रोपदेशादि, प्रेतोद्धार, राजनीति उपदेश, वीरजारनृपराज्य में ओबी रात्रीशा संगमबीच तृतीय विष्णुयाग, शक्त्यक्षिनृपराज्य में चतुर्थ विष्णुयाग, अवभृथा मन्त्रदान, पञ्चमयज्ञार्थ कालिमाब्धि प्रतिगमनम्, पिशाचिनीमोक्ष, कालिमेशराज्य में पञ्चमयज्ञ किया, अनेक द्वीपों में भ्रमण, साधुलालासन आदि पञ्चसहस्रों को साधु दीक्षा, लालासन-का उत्तर कुरु में जाना, शूरजारदम्पतीमोक्ष, भगवान् का अश्वपट्टसरोवर को आना, देवायतन का देवालयरूप में होना, मन्दिरों के प्रासाद मूल से ध्वज तक रचना, देवमूर्तियाँ प्रतिष्ठाविधि, वास्तुपुरुष, आचार्यादि वरण, कलशस्थापनादि, श्राद्धादि, कर्मकाण्ड, दक्षिणा, संभार, त्रिसूत्रीवेष्टन, ६४ योगिनियाँ

५० क्षेत्रपाल, स्तम्भ तोरण आदि के देवता पूजन, ग्रहलोकपाल द्वारपालादि पूजन, आहुतियाँ, होम, बलि, यूप, प्रतिमाएँ, नेत्रांजन, दान पूर्णाहुति चरुप्रसादि, सिंहासन, नीराजन स्वस्ति शान्ति आशिष अवभृथ विदाय। जीर्णोद्धारादि। धनमेद का मोक्ष, वोढुको कपिलदर्शन, द्युविश्राम का सिंह से रक्षण, नीलकर्ण का पूर से रक्षण, केतुमाल में जाना, गांगेयों का उद्भव, यज्ञोद्घोषणा, मण्डपादि, भगवान का विमान से जाना, यज्ञपूर्ण विधि से किया, माहात्म्य, अवभृथकुमार प्रत्यक्ष, तृप्तिकुमारी, कुमारी को कुमारदान्, उरलकेतुराजधानी मोक्षिका में भगवान् का जाना, सम्प्रदाय ज्ञानदान, क्रथकराजधानी ओंकारेष्टा में जाना, शुभकालादि वर्णन। नक्षत्रादिबल। योगमुहूर्तादि पंचांग उपांग विवेचन, ज्योतिर्विज्ञान, ग्रह, युति, लग्नादि। पृथुराजधानी जरस्थलो में जाना, उपदेश, २६ नृपों के पूर्वजन्म ऋषि मनु सूर्यादि। उष्ट्रायराष्ट्र में आगमन, हंकार जयकाष्ठल नृप के राज्यों में विमान से फिर कर तीराणराजधानी में आना। तीराणपुरी में विघसाशित्वोपदेश, अल्मीनरराज्य में जाना, अर्थश्रीनगरी में राक्षस की मुक्ति करके जिनवर्धिनृप की राजधानी में जाना, रामपुरी को पावन करके, अपिनायाद्रि में जाना। वहाँ राक्षसों का नाश, सुदर्शन से पर्वत को जलाना, संगमरमर का होना, मृतों का जिन्दा करना, रवि-माहात्म्य, अल्पकेतुनृप की जीवनी नगरी में जाना। स्वेष्टजरर्षिप्रदेशों में जयकृष्णव नृप की वरणानगरी में जाना, पूजा लेके फेरुनरदेशों में परीशाननृपराज्य में परीशाना नगरी में राजसौध में पधारना। उपदेश। परीजराष्ट्र में जाना, इन्दुरायराष्ट्र में वायुनानगरी में पधारना, इन्दिरानदी में स्नान, मुद्राण्डराष्ट्र में जाना, मद्रिटानगरी में पधारना, उपदेश, शैवालनगरी में पधारकर पूर्तगण्डर्षिप्रदेशों में गण्डराज के लीशावनपत्तन में पधारना, लीशवना में भ्रमण कर, लीनोर्णराष्ट्र में वारुणी नगरी में घूमना, तब बृहच्छरनृप के राज्य में जाना, धीवरा नगरी में पधारना, तब अंगराज की मिलिन्दानगरी में पधारना, बाद में बललीननृपराष्ट्र में जाना, श्रीहरि का वालीना नगरी में पधारना, उसके बाद वालीशा नगरी में जाना, वरसिंहनृप से पूजा प्राप्त करके रायगामलराष्ट्र में जाना, वहाँ रिगा नगरी में पूजन प्राप्त करके फेनतन्तुनृपराज्य में त्रिनया नगरी में उतरना, उपदेश पूजन के बाद स्तोकहोम के राज्य में उमानगरी में पधारना, तब काष्ठयाननृप के राष्ट्र में जाना, तुन्नवायापुरी में उपदेशादि देकर कोलकनृप के राष्ट्र में पधारना, मुरमाषा नगरी में भ्रमण करके पूजोत्तर गांगेय कन्या नदियों में स्नान के बाद दिनमानार्कनृप के खण्ड में गरिमादेश की अपरानाविकापुरी में उतरना, विमान से भ्रमण करके केनाटक प्रदेशों में विनिपार सरोवर तट में उतरना, केनाटकों में यज्ञार्थ मंगलपत्रिका भेजना, दश भूपों ने सम्मान करके मण्डप साधन सामग्री एकत्रित करना, मणिसेवापुरी में यज्ञपत्तन में विश्राम लेना, रायकिन्नटनृपकृत सुवर्णमूर्ति देखना, रायरोकीश्वरनृप के राष्ट्र में स्फूर्तिनारीनगरी में पधारना, उस देश में फिरकर यज्ञ भूमि में पधारना, हर्यश स्वप्रकाश प्रभु का सर्वद्रष्टृत्व, महीयानों का आना, भगवान् का पधारना, देव स्थापना, ऋषिकृत देवपूजा, देहशुद्धि, अग्निस्थापना, आहुति देना, दक्षिणा। तब रायरणजित् के राष्ट्र-में पधारना, मीनार्ककृष्णनगरी में पूजा स्वीकारना, तब रायवाकक्षनृप के राष्ट्र में जाना, द्विनस्क में तथा मिल्विल में उपदेश देकर यज्ञभूमि में आना, रायमारीष राष्ट्र में आलीस्मर द्वीप में जाना, ऋद्धीशा-पुरी में भ्रमण कर काशीम द्विवाम मीलवील आदि द्वीपों को पावन करके मख भूमि में आना। तब रायबालेश्वर नृप के राष्ट्र में द्वैपायनद्वीप में वायुफेनापुरी में पूजा स्वीकारना तथा उपदेश करना, महापूर्णाहुति, तृप्ति, परिहार, आशीर्वाद, अवभृथ, पारितोषिक, तब रायलम्बारनृप के राष्ट्र में पधारना किमुवक्रानगरी में घूमना, बाद में यज्ञस्थली में पधार कर सभा में आशीर्वादादि के बाद विदाय लेना। तब रायनवार्कभूप के राष्ट्र में चिंचागोपूरि का नगरी में घूमना, तब स्वर्लतिकापुरी में भी पधारना,

उसके बाद रायहण्डेश्वरनृप के राष्ट्र में माक्षिका नगरी में भ्रमना, उपदेश देना, उसके बाद रायकूपेशनृप के राष्ट्र में पधारना, हवाना नगरी में पूजन प्राप्त करके कालीमण्डलीननृप की विगोष्ठिका नगरी में विश्रान्ति लेना। तब वनज्वालाराष्ट्र में पधारना, सानुज्योष्ट्रीनगरी में पूजन प्राप्त करके गतैनस राष्ट्र में पधारना, कायनी नगरी में सत्कार लेके राजालय में उपदेश देके कोटीश्वरनृप की पेयिस्थानगरी में जाना, सत्कार के बाद पारुपराष्ट्र में संचालानगरी में विश्राम लेके फान्कलाशीनगरी में उपदेश के बाद, आंडजरानृपराष्ट्र में पधारना, आन्तःप्रागस्थानगरी में पधारना, उपदेश देना, सत्कारप्राप्त करना, तब भगवान् का बाल्यरजोनृप के राष्ट्र में मन्त्रिणांगानगरी में पधारना, बाद में रायसोमननृप के राष्ट्र में वायुमानानगरी में पधारना, स्वागत लेके राजारायपति के राज्य में घूमकर, आर्षजतनुराज्य में तथा उरोगमनराष्ट्र में जाना, उरुगवाक्षनृपकृत सम्मान के बाद, रायग्रामानगरी में घूमना, उपदेश के बाद परांगवृतनृप के पारावातराज्य में पधारना, आशासनानगरी में घूमकर उपदेश के बाद ब्राह्मील राष्ट्र में यज्ञस्थली में जाना। यज्ञकार्य करना, दान देना, परिहार के बाद उपदेश, सर्वात्मकत्व का भान कराना, उत्सव करना, यज्ञपूर्णता के बाद आम्रजान्यादि सप्त सरिताओं में अवभृथ, तीर्थ करना; तब राजारायपति के राष्ट्र में व्येनोजराशापुरी में जाना, पितृपिण्ड जलदान, बाद में लापलात्रोपुरी में जाना, विद्युन्मणि की रक्षा, नवजीव द्वीप में दैत्यों का नाश करना, कामनायकगण को राज्य देना, द्विनेदिष्ठपुर को पावन करके उष्णालय में त्रासमान द्वीप में वृन्दारुका में जाकर, सिंहल द्वीप में जाके, तब पम्पासर हो के कुंकुमवापी में पधारना, शरत्पूर्णिमा का रासमण्डल खेलना, पंद्रहवाँ जयन्त्युत्सव करना, तामसाक्षिचण्डाल का मोक्ष, धनलक्ष्मीपूजन, बर्बूर नृप का वृक्षावतार से मोक्ष, शंकरपूजन, दीपोत्सव, शारदापूजन, महामारीरोग से जनता को रक्षा, दत्तात्रेयतीर्थ, अन्नकूटोत्सव, पुण्डरीक नृप को हंसरूपदर्शन, हंसतीर्थ, चोलराजको नृसिंहदर्शन नृसिंहतीर्थ, वीतिहोत्र योगेश्वर को ऋषभरूप से दर्शन, ऋषभ तीर्थ, पतञ्जलि चमस वैवस्वत संकर्षण शेषादि के मन्दिर व तीर्थ। पंकिल ऋषि, वामनपादांगुष्ठस्पर्श, वामन तीर्थ। हैमकल्पि नृप को परशुरामदर्शन परशुराम तीर्थ। अश्वपाटल नृप का सोमयाग, लोमश उपदेश। प्रवर्ग्य हवन, उद्यापन, प्रातःसवनादि, पूर्णाहुति अवभृथम्॥ **लोमशगीता** में श्रद्धोपदेश, त्यागमार्ग, त्रिवर्ग, पुण्य पाप मोक्ष दोषनाश, अक्षरगति, साधन, गार्हस्थ्य, संन्यास, सर्ग, श्रेयः, अभ्युदय, तोषण, विवेक, उपासना, योग, धर्म, बलाबल, क्षराऽक्षर, धामगतियाँ। देहनिष्क्रान्ति, संन्यासविचार, आनर्त कुशला सम्वाद। सन्तसमागम, त्रिविक्रम को अनादि श्रीकृष्णनारायण की प्राप्ति, योगिजन, सत्कार्यफल, देवभागदान, भगवद्बोधदान, परब्रह्मपरायणता, रामादित्यतीर्थ, भाणवीर्यभक्त, ऊर्जव्रत कायस्थ का कुष्ठरोगनाश, सूर्यतीर्थ। मूक विप्र का मूकतानाश, शार्ङ्गधरसंहिता। अश्वसरतीर्थ। अजापाल का क्षयरोगनाश, नारदतीर्थ। अर्कपुरी नृप का सर्पयोनि से उद्धार, विप्रसर्पविषहरण जीवनदान, सतीतीर्थ। सौराष्ट्र में स्वर्णपत्तन में रक्षांगारक राणिका की रक्षा अश्वपटसर में सती तीर्थ। अमोहाक्ष नृप को परब्रह्मप्राप्ति बुद्धतीर्थ। अभयाक्ष नृप की त्यागी दीक्षा, लक्ष्मीतीर्थ नारायणतीर्थ। देवानीक कर्षुक की जल से रक्षा, विष्णुतीर्थ। ब्रह्मस्तम्ब विप्र को पुरुषोत्तम प्राप्ति पुरुषोत्तमतीर्थ। अमरी देवी को महाविष्णुप्राप्ति महाविष्णुतीर्थ। कूप्यवाल की गज से रक्षा, सनत्कुमारतीर्थ। कुंकुमेश्वरतीर्थ, सतीशातीर्थ दुर्गातीर्थ धनेश्वरीतीर्थ चैत्यतीर्थ. शालग्रामतीर्थ। नरनारायणतीर्थ माणिक्यातीर्थ अश्वपाटलवृत्तान्त, साधुदीक्षादि। मन्त्र दीक्षा ज्ञान, शिवराजपत्र, बृहस्पति नारद लोमश गोपालकृष्ण, शिवा लक्ष्मी महिमा, रहस्यधर्म, मंगल, मंडप महामुक्तस्वरूप, उत्सव, देवपूजन, बालकृष्णप्रभु का दर्शन, शृंगार, विमानादिभ्रमण, वाजित्रोत्सव, शिवनगरी जानकीनगरी कैलास, शंकरसम्मान, कुलदेवतार्हण, मण्डप, चन्द्रशाला, ऋग्मन्त्रोच्चारण

जय, भगवान् में वृत्ति, मधुपर्कादि सत्कार, दानलक्ष्मी, अग्निहवन, धर्मोपदेश, गंगातीर्थ, मन्त्रग्रहण। गृहधर्म, लोमशोपदेश, सोलहवाँ महोत्सव, उत्तरायणदान, त्रेताधर्म, भागवतधर्मादि पालन।

द्वापर सन्तान में—नारायणीस्तुति, सृष्टिकालगणना, ब्रह्मा के बावन वर्षों के नाम, अन्तिम ४० कल्प, विभूति आदि, अनादि श्रीद्युनारायण ने स्वर्ग रक्षा की, अनादि श्रीमेरुनारायण ने मेरु धारण किया, अनादि श्रीविष्णुनारायण ने रवि का शातन किया। अनादि श्रीदेवनारायण ने चन्द्ररक्षा की, अनादि श्रीयज्ञनारायण ने अब्धररक्षा की। अनादि श्रीब्रह्मनारायण ने रुद्रों का शासन किया, अनादि श्रीआदित्यनारायण ने देवों की गद्दियाँ नियमित बना दी। अनादि श्रीगरुत्मन्नारायण ने सर्पशासन किया। अनादि आर्षनारायण ने ध्रुवदेवस्थैर्य किया, अनादि प्राज्ञनारायण ने थुरानन्द को शासन किया, अनादि प्राज्ञनारायण को ज्योत्स्नाकृत मालाद्यर्पण, महायुद्ध। अनादि श्रीनैष्ठिक वीरनारायण ने साधुधर्म स्थापित किया। अनादि भद्रनारायण ने दग्ध प्रेतों का मोक्ष किया। अनादि श्रीहरिनारायण ने तुंगभद्रा का सूर्य-गतिनिरोध मिटाया। अनादि श्रीबीजनारायण ने कोशस्तेन राक्षस को मार कर बीजरक्षा की। धर्मव्रत-भवन में श्रीवरनारायण का प्राकट्य। सुदर्शनीशाप से स्त्रीरूप में परिणत की रक्षा के लिये अनादि स्त्रीपुंनारायण का प्राकट्य। अनादि श्रीजलनारायण ने माकरादिदैत्य नाश किया। अनादि श्रीशील-नारायण ने सन्तशील स्थापना की। अनादि श्रीवार्धिनारायण ने व्याघ्रानल का नाश किया। अनादि श्री-शीलचतुर्मुखनारायण ने सृष्टिरचना की। श्रीपुरुषोत्तमनारायण ने पुण्यव्रात की मनोकामना पूर्ण किया। अनादि श्रीतीर्थनारायण ने तीर्थ किये। अनादि श्रीजीवनारायण ने भक्तिप्रवर्तन किया। अनाद्यर्धश्रीश-नारायण ने अर्धश्रीश्वर दिखलाया, अनाद्यर्धपितृनारायण ने पितरलोक तृप्त किया। अनादि श्रीप्लक्ष-नारायण ने पिप्पलपूजन चलाया। अनादि श्रीपुंनारायण ने नरमेध में भक्तरक्षा की। अनादि श्रीश्याम-नारायण ने वटश्री प्रकट किया। अनादि श्रीराजनारायण ने मायूरकासुर नाश किया। अनादि श्रीब्रह्मचारि-नारायण ने नैष्ठिक व्रत चलाया। अनादि श्रीशिवनारायण ने हल्लकासुर नाश किया। अनादि श्रीस्वर्ण-नारायण ने कुबेर को सजीवन किया। अनादि श्रीस्वामिनारायण ने ज्वालामुखी से प्रजा रक्षा किया। अनादि श्रीसाधननारायण ने निर्वाणिका के घर पुत्रता लिया। अनादि श्रीसाधुनारायण ने अंशुक्रमथ नृप का पुत्रपना लिया। अनादि श्रीभक्तनारायण ने वर्णिशाल मनु को जीवाया। अनादि श्रीमेघनारायण ने अश्व-योनि से वर्मधर नृप का मोक्ष किया। अनादि श्रीवह्निनारायण ने आनलाद को मारा। अनादि श्रीरस-नारायण ने इलोदर को मारा। अनादि श्रीचक्रनारायण ने दैत्य नाश किया। अनादि श्रीसत्यनारायण ने सत्युगधर्म स्थापन किया। अनादि श्रीहिरण्यनारायण ने पर्वतों को स्थिर किये। अनादि श्रीनैरंजनी-नारायण ने भक्तरक्षा किया। अनादि श्रीपुण्यनारायण ने पुण्यवती का शाप निवारण किया। अनादि श्रीबृहद्ब्रह्मनारायण ने अप्सराओं की कामना पूर्ण की। अनादि श्री गुरुनारायण ने ब्रह्मविद्या दिया। अनादि श्रीआचार्यनारायण ने साध्वी महादीक्षा प्रवृत्त किया। अनादि श्रीमहाविद्युन्नारायण ने विद्युत्स्रावि राक्षसों का नाश किया। अनादि श्रीमधुनारायण ने मधुभक्षी असुरों का नाश किया। अनादि श्रीनारायण ने धेनुहन् राक्षसों का नाश किया। अनादि श्रीविभुनारायण ने सुवर्णोत्सव में प्राकट्य किया। अनादि श्रीमोक्षनारायण ने मुक्तिश्री का विस्तार किया। अनादि श्रीकृष्णनारायण ने वाङ्मय सुमूर्त किया। बदरिकाश्रम में महर्षियों को परब्रह्मदर्शन, वधूगीता में गृहिणीकर्तव्योपदेश, वधूटीधर्म, सदाचार, मर्यादा, सतीसामर्थ्य, निर्गुणभक्ति, पुरुषोत्तमयोग, परब्रह्मयोग, तादात्म्ययोग, लक्ष्मीनारायणव्रत, गुरुतीर्थ, दिव्या-देवीमोक्ष, गुरुचरण महातीर्थ, पुण्यदिन, ग्रहशान्त्यादि, लक्षकोटि जप होम, इनके फल, महालक्ष्मीनाम-स्तोत्र, प्रतिमा, पितृकन्यका, सौभाग्यशयनव्रत, घटलक्ष्मीव्रत, मांगल्यव्रत, सांख्ययोगीव्रत, रसव्रत,

आर्द्रानन्दव्रत, शारदेयव्रत, कमलाव्रत, लालनव्रत, चक्रवर्तिचिह्न, ६१ व्रत वर्णन। लोमशतीर्थ में मोक्ष, काल मृत्यु जय, मन्त्रजप, द्वापरधर्म, परिवर्तन, गीति में स्वर ग्राम मूर्छना आदि। उत्पात शान्ति। दुष्टस्वप्नादि शान्ति। शुभशकुन स्वप्नादि। हनुमत्प्रतिष्ठा, धनविनियोग, धर्मवंश अधर्मवंश दुःसहवंश, शुभनक्षत्रादिकों का फल। सरोजिनी को सतीश्वरी सेवा से दिव्यता। अष्ट मनु कथा। तेरह तक मनु कथा। रुचिप्रजापति, चौदहवाँ मनु। ब्रह्मप्रियाओं के साथ भगवान् का हिमालय प्रवास, भारावीक्षण, लोमशाश्रम में आगमन, रत्नोत्पत्ति, विभिन्न मणिश्रैष्ठ्य, भगवान् के १४ अवतार प्रयोजन, जीवत् श्राद्धविधि, संसारविषय निवृत्त्युपाय, आपत्व्यपोहनस्तोत्र, कृष्णार्पण, संन्यास, मृत्युकारण, मुक्तिधर्म, संवाद, देहप्राप्ति त्याग का कारण, मायालय, धामप्रापण, नैष्कर्म्य, शुभाऽशुभयोग, सारूप्यादिलाभ, तरणोपाय, अध्यात्मादि-निरूपण, श्रीहर्यर्पणक्रिया, अनाथा का मोक्ष। सुवर्णचोर का मोक्ष, चारण का ग्रामयाजक का विरालका रोगनाश मोक्ष। पृथ्वीधरपुत्र जन्मान्ध को नेत्र देना, सागरशूद्रक पंगु को पग देना, वृक्षणदेव की वक्षणता नाश करना, उन्मत्त पाशुपतेश का मोक्ष। मधुकार का सन्तसंगति से मोक्ष। चर्मकार को धेनुरक्षणफल, शंकुधर चौर का मोक्ष, महासौराष्ट्रीयसंघ की लुण्टकवृन्द से रक्षा, स्तोत्र। युद्धपुर नृपति का वारांगना-दोषनाश मुक्ति। ब्रह्मघ्न राजा राक्षस का कुन्दनदेवी भक्ति द्वारा मोक्ष। देवविश्राम अमात्य का स्त्रीहत्या निवारण। हर्षुलापुत्र मर गया साधु ने जीवाया, शाणधर कर्षुक का रोग नाश। निम्बदेव को वृषभहत्या से मोक्ष। भक्तों के ऐश्वर्य। कालीन्दर भाण्ड का मोक्ष। रायणदेव नर्तक का गर्भ में ही विज्ञान। व्रतर्दि गायक भक्त के द्वारा पुण्ड्रवर्म नृप का मोक्ष। तूलवायि का भक्ति द्वारा मोक्ष। मंगल काष्ठहार को साधुरूप भगवान् प्राप्त। वात्सल्यधीर, तिलकरंग, नाञ्ज, सागरकिरात, सारंगहूण, यज्ञराध पुष्कस, कपिक्षय-चाण्डाल, नालीकर लोहकार, मंगलदीन चर्मकार, हरिदास रथकार, शिलाहार, शिल्पि संजयदेव, चित्रकार संभरदेव, मौक्तिकेशि खनिकार आदि को आपत्तियों से रक्षण और मोक्षण। चक्रधर लुब्धक, पिशुनखवास वाटधर, प्रासादशिल्पी शिवजय, जालकारी संगरयादस्क, उद्यमश्री भरवाट, उष्ट्रपाल दीर्घ-रवा, रासभपाल रत्नप्रभ, गदार्दनेश वैद्य, कीशपाल देश्यावन, हर्षधर्मनापित, रुद्राणकी धीवरी, मत्स्यमार धीरपर्वा, शूलीप्रद तारादर्श, अंगारी ज्वालाप्रसाद, गरद लवायन, शस्त्रधारी विखण्डल, कृषीकार जीर्णभव का भगवान् ने स्वभक्ति द्वारा साधुसमागम द्वारा निष्पाप करके मोक्ष किया। अनादि श्रीकृष्णनारायण का सत्तारहवाँ महोत्सव। द्वापर कथा।

तिष्यसन्तान में—श्रीनरनारायण, बदरी, आदि का माहात्म्य, बदरराजाने बदरिकाश्रम नाम रक्खा, चन्द्रप्रदत्त शीतमणि रखने से शीतवार्धि में हिमालय का होना। हेमानल के उपद्रव, राक्षसनाशार्थ श्रीमाणिक्या का बदरीपना, तीर्थरूपता। बदरनृप की भक्तिद्वारा रसरूपता। देवों का बदरफलरूपता, नरको बोजरूपता, प्रेतरूप से सुशीलविप्र का उद्धार, दारभाग्यनृप का विशाला में मोक्ष, ब्रह्मदेव विप्रको दो बदरफलों से पुत्र पुत्री लाभ। बालयोगिनीगीता में सुरेश्वरी को बालयोगिनी पुत्री कृत उपदेश। दास्य, भागवतधर्म, बालयोगधर्म, वैष्णवीत्व, परब्रह्म प्रेमरस, नाग्नमुखी चारणीका मोक्ष, विनोदिनी देवलकी का सन्तद्वारा मोक्ष। बाहुलक-लीलावती के चमत्कार। भगवान् का योग। मल्लिका मालिनी का मोक्ष। श्रीकृष्णकान्तोपासना। शाश्वतबालधर्म। बालयोगिनी का द्वितीयाश्रम। भगवान् की प्राप्ति। निकामदेव का मोक्ष। विशिष्टाद्वैताद्वैत परब्रह्म योग निरूपण। निर्भययोगोपदेश। स्तवन, सर्वधामदर्शन, निगडभ्रम कैवर्तों का मोक्ष। कुथली सगरानी का राजयक्ष्म रोग नाश मोक्ष। वन्ध्यित्री विषलाणी का सन्तसेवा से मोक्ष, कटकर्त्री गंगांजना का तथा रमांजना का सत्संग से मोक्ष। रणस्तम्बकुंभकार का चन्द्रजन्म। हेमसुधा स्वर्णकारिणी का भक्तिद्वारा अखूट अन्नसत्र। भगवान् का अठारहवाँ महोत्सव।

विष्टिनारी विद्रुमिणी का भक्तिसत्संग से मोक्ष। चाण्डाली मालवानी का धर्मसेवाबल से मोक्ष। कारेलिका शूद्राणी को परीक्षा तथा मोक्ष। भगवान् का उन्नीसवाँ महोत्सव। यन्त्रकर्त्री गोमती को सन्तसेवा से क्षयनाश मोक्ष। चामठी कनकांगदा का साधुरूप में भगवान् का मिलना, मोक्ष। सिन्धुनदीतीर द्यूत खेलते भाणवाणी रायहरि राजाओं की उन्मत्तता, श्रीलक्ष्मीनारायण कथाश्रवणेन मोक्ष। भगवान् का बीसवाँ जयन्त्युत्सव। शर्करानगर में संहिता कथासमारोह में सर्वलोक वासिओं का आना, श्रीहरि का उपदेश। उत्सव, साधुत्व विवेचन। लोमशक्षेत्र में भी दिव्यरूप से एक बीसवाँ महोत्सव। लोमश का उपदेश। कच्छ के माधवरायने भगवान् को नारायणसर तथा देश में पधरावना। लोमशक्षेत्र में दिव्यरूप से आना तथा रहना। विद्योतानामक कंसारिणी का कथा द्वारा मोक्ष, तथा नटराज कुंभकार का, स्वर्णकारिणी अम्बालिका का, धातुघ्मा विनोदिनी का, नट रंजनकोविद का, कदर्य रामसुन्दर का भी मोक्ष। क्षीरोदवीरनृप, सोमिकागणिका, मद्यप मिष्टासव, लुण्टकवृन्द, चक्रि यास्कवाद, निन्दक द्विर्वदन्ती, हत्याकार, सुरप्रसादविप्र, देवद्रोही नागविक्रम क्षत्रिय, देवजीविकाहारक शालमित्र नृप, विषपीडित युद्धराजकुटुम्ब, व्यवायी अनंगवल्ली, षण्ढमण्डल, हत्याकार यवसन्ध, भण्डशील भाण्ड, त्रिगालव भवायन, क्षुपद नाट्यकारी, हरिवीर्यादि मल्ल, हर्षलालादि मृगयू, कीरवणादि व्याध, नागादन वादीट, सारहासमण्डल, लुञ्चादन विलासदेव, दुरितघोष प्रधान, धर्मभर अमात्य, मुकुन्दसावित्र न्यायाधीश, लेखक विशालरेख, करण कायस्थ, शाहविलायन क्षत्रिय, दण्डारणि कौलिक, गृध्र, आदि का कथाश्रवण से साधु प्रसादीभोजन से मुक्ति। धेनुपाल गोपाल का मार्जारयोनि से, ठठ्ठोलवणिक का शृगालयोनि से, अजापाल भरवाट का श्येन जन्म से, सार्थवाटों का कपोत योनि से, कंकजातीयों का काकयोनि से, नाणकी खवासणी का गृहगोधायोनि से, संघवाट शूद्रों का मूषक योनि से मोक्ष, तथा सागरदान वारुट का, कीरतार भाट का कथाश्रवण सन्तप्रसादिभोजन से मुक्ति। अर्धज्योति देवगतीश का, बन्दिजन जयमान का, वज्रविक्रमनृप का, सर्पदष्ट सप्ताब्धिसिंह का, कथाश्रवण नामधुन्य प्रसादिभोजनादि से मोक्ष। श्रीहरि ने हर्षनयन मागध को, योगिदास को, सौरभसावित्र तम्बोली को, रंगिल नामक रंगकार को, डमरूक वाद्यकार को, चिह्नराय भावसार को मोक्ष में भेज दिये, तथा विद्याधर, गन्धर्व, किन्नर, किंपुरुष, चारण, सिद्ध, जो कोई कथा में आये भक्ति भरपूर हुए, उन्हें मोक्ष दिया। समाप्ति में आये जनसंघ का उपदा अर्पण। पधरामणीयाँ। प्रतिष्ठान, समाप्ति महोत्सव, लोमश क्षेत्राऽऽगमन, नागविक्रमनृप का सर्वमेध यज्ञ, दिलावरीनृप से नागविक्रम का महायुद्ध। अतिरणसंग्राम होना। सेनानाश, नागविक्रम के प्रति शरणागति, विमानीयुद्ध, भगवान ने नागविक्रम को दिलावरी साम्राज्य दिया, गृहगीता में दिलावरी राणीका सतीत्व, मोक्ष, श्रेष्ठता, कनिष्ठता, त्याग, उत्कृष्टता, मोक्षोपाय, गुण, दोष, विधि, आज्ञा, बन्धन, निर्बन्धन, गोसेवन मोक्षकृत् है, साधुसंगति मोक्षदा, भगवान् का बाईसवाँ महोत्सव। वर्धमानपुर के नृप को स्वप्न में नरकभोग, बाद में मोक्ष। भगवान् का विमान से सत्यलोक में पहुँचना, वहाँ से वापस तपोलोक, जनलोक, महर्लोक, स्वर्ग, भुवर्लोक में आना, पूजादि सत्कार ग्रहण करके लोमशाश्रम में आना। भगवान् का तेईसवाँ उत्सव। सातपाताल क्षीरसागर, श्वेतद्वीप, बदरिकाश्रम में आना, चौबीसवाँ महोत्सव लोमशक्षेत्र में करना। जम्बूप्लक्षादि सप्त द्वीपों में जाना। पचीसवाँ महोत्सव कुंकुमवापी में करना। वैराजादि ईश्वरलोक में जाना, पुनः लोमशक्षेत्र में पधारना। छब्बीसवाँ महोत्सव करना। सौराष्ट्र के नदनदी पर्वत अरण्य खात अखात रण खाडी ऊपर विमान से घूमना, भगवान् की शक्तियाँ सुमूर्त होके प्रजेच्छा करने लगीं, भगवान् ने संकल्प बल से सभी के मनोरथ पूर्ण

किये, युगल अपत्य वर्गों का युगलभाव बल तिष्यस्वभावादि। कलिदोष, सेवा गुण, मायापालनृप को याम्यदण्ड के बाद सनत्कुमार कृत रक्षण तथा मोक्ष। कलिधर्मवर्णन। सेवा अर्पण भक्ति ध्यान दान कीर्तन ये छ मोक्ष के साधन। कल्पान्त में रात्रि, कल्पादि में भगवत्प्राविर्भाव, ब्रह्मसृष्टि, राजनिर्माण, दिलावरीश नागविक्रम का कुंकुमवापी में तीर्थ करके मोक्ष। उसका पुत्र मुकुन्दविक्रम का राज्याभिषेक। भगवत्परायणता। भगवान् की सतियों को अक्षरधाम दर्शन, वैभव अवलोकन, परमधाम में सत्ताईसवाँ महामहोत्सव। अष्टमदुर्ग के अन्दर परब्रह्म महोल सिंहासन सभा मुक्तमण्डलादि दर्शन। अनादि श्रीकृष्ण-नारायण स्वरूप में तादात्म्य सृष्टि, लोमशक्षेत्र में आगमन, महादान, अठ्ठाईसवाँ महामहोत्सव करना। वानप्रस्थता, साधुदीक्षण, शक्तियों की सूक्ष्मावस्थाएँ। भगवान् का साधुयतिरूप से तीर्थों में विचरना। लोमशक्षेत्र में आना, ऊनतीसवाँ महामहोत्सव करना। इस इतिहास का पुरश्चरणविधान। सार्वभौम महादान। संहिता धारणा का महाफल। भगवान् श्रीनारायण, श्रीकृष्णनारायण, श्रीपुरुषोतमनारायण, श्रीनरनारायण, स्वरूपों का कन्यारूप संहिता को वरदान। कथाश्रवणफलादि॥ समाप्ति॥

यह लक्ष्मीनारायण संहिता श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी ने स्वयं लिखा है, सन्तवृत्ति से अनंकुर प्रिय होने के कारण लेखक नाम न देकर निज का सम्पादक मात्र नाम दिया है। लक्ष्मीनारायणसंहिता का द्वितीय नाम श्वेतायनसंहिता है, भारत में देश विदेश में विद्वानों में यह महासागर समान ग्रन्थ आश्चर्य पूर्वक प्रसिद्ध हो जाने से, सभी की ओर से अन्वेषण होने पर लेखकनाम संहिता में से ही मिलता है 'श्रीकृष्णवल्लभाचार्यः' जीवनसम्बन्ध भी इस ग्रन्थ में मिला है। अनेक उपबृंहणों से उक्तबात निश्चित है। प्रत्यक्ष प्रमाण ही प्रबल है। जगत्पर बड़ाभारी उपकार तो बड़े गहन-गहन ५५ नम्बर तक के ग्रन्थ लिखकर किया है। अच्छे धुरन्धर पण्डितों को आनन्द उपजाने वाले ये ग्रन्थ विद्याप्रेमियों को फिलोसोफरों को तलस्पर्शी विद्वानों को बड़े उपयोगी हैं। इन ग्रन्थों में नये-नये पदार्थ विकसाये हैं। सचमुच श्रीकृष्ण-वल्लभाचार्यजी में सरस्वती का व्यासों का बृहस्पति का वास है। श्वेतायन व्यासावतार स्वरूप कहने में अनुचितता नहीं है। इनके लिये यही मेरा अभिनन्दन है। पश्चिमभारत में इतना धुरन्धर सभी शास्त्रों का लेखक वाचक पाठक दर्शक विवेचक सभासद ऐसा महापण्डित महागुजरात सौराष्ट्र के शोभारूप है। यह कह कर विराम लेता हूँ।

पण्डित रामनन्दन झा, संस्कृत प्रोफेसर,
व्याकरणाचार्य, साहित्यरत्न, आयुर्वेद-उत्तमा,
सरकारी आयुर्वेद कालेज, सदर बाग, जुनागढ़

स्वामी श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी का संक्षिप्त परिचय

श्री एम. जी. शाह M. A. (Hin.), M. A. (Eng.), M. Ed., Ph. D. (Stu.)

(१) नाम :—स्वामि कृष्णवल्लभाचार्यजी

(२) पता :—स्वामि कृष्णवल्लभाचार्यजी भंडारके मेडा पर, स्वामिनारायण मंदिर, जुनागढ, जि० जुनागढ, गुजरात राज्य।

(३) स्वामिजी की उम्र :—७५ वर्ष की है।

(४) स्थान :—जुनागढ के स्वामिनारायण मंदिर में स्थायी रहे हैं।

(५) शैक्षणिक योग्यता :—महामहोपाध्याय वैष्णवविद्वत्सार्वभौम, दार्शनिकपञ्चानन, षड्दर्शनाचार्य, नव्यन्यायाचार्य, सांख्ययोग वेदान्त मीमांसा तीर्थ काव्यकुशलः साहित्यमनीषी, M. A., D. Litt. D. Phit. Ph. D.

(६) कार्यपरिचयः—कुल ५५ ग्रन्थ १९७६ तक प्रकाशित (१० हजार पेज का एक ग्रन्थ तैयार हो रहा है।)

(१) मौलिक सर्जन, आलोचनात्मक टीकायें, प्रभावशाली संपादन व लाक्षणिक कृतियाँ।

(७) स्वामिजी के ग्रन्थ प्रकाशन व प्राप्ति स्थान का स्थायी पता :—

(१) चौखम्भा ओरियन्टालिया, गोपालमन्दिर के पास, वाराणसी।

(८) स्वाजी के अधिकांश ग्रन्थ इंग्लैण्ड, जर्मनी, फ्रांस, ईटली, अमेरिका, जापान, सिलोन के संस्कृत विभागों में व विश्व की प्रसिद्ध लायब्रेरियों में भेजे गये हैं। आक्सफोर्ड, केम्ब्रिज युनिवर्सिटी में स्वामिजी की टीकाएँ ख्याति प्राप्त कर चुकी हैं।

(९) स्वामिजी के बहुचर्चित ग्रन्थ :—न्यायसिद्धान्तमुक्तावल्याः किरणावली, तर्कसंग्रहदीपिकायाः किरणावली, न्यायबोधिनीपद्कृत्ययोष्टिप्पणी, सांख्यतत्त्वकौमुद्याः किरणावली, योगसूत्र भोजवृतेः किरणम् तत्त्वप्रभावली, ख्यातिविमर्श, प्रमात्वविमर्श, श्रुतितात्पर्यनिर्णय, ब्रह्मरसायनभाष्यम्, कविकाव्यगौरवम्, तत्त्वप्रभावली, तत्त्वमुक्ताकलाप, किरणावली, दर्शनतत्त्वसार, श्वेतायनसंहिता, श्रीस्वामिनारायणदर्शनम्।

(१०) लक्ष्मीनारायणसंहिता (श्वेतायनसंहिता) एक लाख छब्बीस हजार श्लोक। १२६००० श्लोक।

लक्ष्मीनारायणसंहिता (१२६००० श्लोक) श्लोकों की संख्या की दृष्टि से महाभारत से भी आकार व श्लोकों की दृष्टि से बड़ा है। इसे श्रीस्वामि कृष्णवल्लभाचार्यजी ने स्वयं ही ८ वर्षों में ५ भागों में लिखा है। भारतीय दर्शन, तत्त्वज्ञान, चिन्तन, मनन, अध्ययन, तर्क, वेद, न्याय, सांख्य, योग, उपनिषद, भारतीय संस्कृति व राष्ट्रीयता के गुणों से सम्पन्न संस्कृत का अद्भुत एक ऐसा महाकाव्य है जो गत ५००० वर्षों में प्रथमबार प्रकाशित हुआ है। यह भारत की प्राच्यसंस्कृति, धर्म, विज्ञान, इतिहास, नीति, कर्म व साहित्य के सभी लक्षणों से सम्पन्न विशालकाय अत्यन्त प्रभावशाली ग्रन्थ है। श्री वेदव्यासजी के बाद गत ५००० वर्षों में विश्व का सर्वोच्चकोटि का काव्य व साहित्य के नियमों के अनुसार लिखा गया अत्यन्त महत्त्वपूर्ण व उपयोगी ग्रन्थ है।

स्वामि श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी संस्कृत के एक प्रतिभाशाली लेखक के रूप में

स्वामि श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी संस्कृत साहित्य, संस्कृत भाषा व काव्य के प्रखर विद्वान, प्रतिभाशाली लेखक, महान पंडित, गौरवशाली संत व भारतीय संस्कृति के परमपवित्र महात्मा हैं।

आप संस्कृत साहित्य, व्याकरण, शास्त्र, काव्य, धर्म, न्याय, योग तर्क व वेद के अविवादास्पद तेजस्वी व महान स्कोलर है।

आप की गणना विश्व के प्रथम कोटि के विद्वानों, महान तपस्वी व संस्कृत के प्रखर पंडितों में होती है। आप संस्कृत साहित्य के विश्व के प्रथम कोटि के विद्वान व महान लेखक हैं।

संस्कृत साहित्य में आपने न्याय, सांख्य, योग, वेद, धर्म, काव्य सभी विषयों पर अपने प्रभावशाली ग्रन्थ मौलिकरूप में लिखें हैं। आपकी लेखनी विविध विषयों पर गंभीर, विशद चिन्तनपूर्ण, आलोचनात्मक, टीकात्मक, सैद्धान्तिक व्याख्यात्मक विषयविवेचन व प्रतिपादन में आपके गहनज्ञान व सर्वथा मौलिक अभिव्यक्ति को व्यक्त करने में सर्वथा सफल रही है। स्वामि काशी विश्वविद्यालय, सम्पूर्णानन्द संस्कृत युनिवर्सिटी, बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय में आपकी गणना प्रथम कोटि के विद्वानों में होती है।

काशी के २०० पंडितों व विद्वानों ने आप को वैष्णव विद्त्सार्वभौम की सर्वोच्च उपाधि से सम्मानित किया है।

आपने संस्कृत विषय का अध्ययन, अध्यापन, लेखन बड़ी कुशलतापूर्वक किया है। आपने हमेशा कठिन से कठिन विषयों को अपनी कुशलता से सर्वसामान्य के लिए प्रभावशाली ढंग से सर्वसुलभ बनाया है।

आप महानयोगी, गहनचिन्तक, सिद्ध, पवित्र तपस्वी, निस्वार्थ सेवक, प्रतिभाशाली लेखक, प्रबल समाज सुधारक, महान धार्मिक नेता, स्वामिनारायण संप्रदाय के परम आदरणीय गुरु, महानमुनि, तेजस्वी पंडित, आत्मीय साधुपुरुष, विद्या के साक्षात अवतार व भारत के दैवी पुरुष हैं।

आपके नाम पर आपके जन्मस्थली कुंकावाव, जि० अमरेली, गुजरात में श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी आर्ट्स् कॉलेज का जून ७६ से प्रारंभ हो रहा है।

कुंकावाव में आपका राष्ट्रीय स्मारक भी १९७५ में बनाया गया है। आप संस्कृत के महान लेखक होने से तथा अपने महत्त्वपूर्ण ग्रन्थों के कारण विदेशों में भी काफी आदर प्राप्त कर चुके हैं।

न्यायसिद्धान्त मुक्तावल्याः किरणावलि तथा तर्कसंग्रहदीपिकायाः किरणावलि जैसे न्याय के अत्यन्त महत्त्वपूर्ण ग्रन्थों की टीकाओं ने आपको विश्वप्रसिद्ध विद्वानों की प्रशंसा का भागी बनाया। आपकी टीकाओं ने विद्वानों को इन ग्रन्थों को समझने के लिए काफी सरलता प्रदान की। आपका न्याय पर किया गया यह कार्य अलौकिक व असाधारण है।

आपके ग्रन्थ इतने उच्चकोटि के हैं कि सामान्य विद्वानों की पहोंच वहाँ तक नहीं है। केवल स्कोलर ही इसका अध्ययन कर कामान्वित हो सकते हैं।

भारत के दो सौ विद्वानों ने आपकी व आपके कृतियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की है।

स्वामि श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी संस्कृत के स्कोलर के रूप में, प्रखर लेखक के रूप ये, महान पंडित के रूप में, महान सन्त के रूप में, विश्व के प्रथम कोटि के विद्वान के रूप में, कठिनतम ग्रन्थों के

टीकाकार के रूप में, मौलिक, सर्जक, आलोचक व विवेचक के रूप में संस्कृतसाहित्यजगत के महान आधुनिक वेदव्यासजी के अवतार हैं।

स्वामि श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी परमसात्विक, वचनसिद्ध, चमत्कारिक महानयोगी पुरुष हैं। भारत के दो सौ विद्वानों में से ३० विद्वानों की एक समिति आपके अभिनंदन की तैयारी कर रही है। महा-पुरुषों की शताब्दियों में अनेक नगरों में आमंत्रित किये जाने पर वहाँ पधारकर आपने अनेक विषयों पर विविध विषयों में व्याख्यान दिये। छड़ी छत्र सहित सोनेचाँदी के रथ में विराजमान होकर राज्य का गौरवमय सम्मान प्राप्त किया।

स्वामि ने अपने जीवन में संहिताएँ, शास्त्र, पुराण, इतिहास, सूत्र, भक्ति व धर्मशास्त्रों को मिलकर १०८ पारायण सम्पूर्ण किये।

आपने कुरान, बाइबल, गुरुग्रन्थसहाब, विश्वपट दर्शन, जैन तत्त्वप्रकाश का गहन अध्ययन कर उस पर व्याख्यान दिये। कई तपस्वी अनुष्ठान किये।

भारत में कई स्वामिनारायण मंदिर व संस्कृत पाठशालाओं तथा तपभवनों का निर्माण करवाया। स्वामिजी ज्ञानविज्ञान के प्रखर ज्ञाता होने पर भी मुनिव्रत, शक्तियों के होते हुवे भी क्षमाव्रत, त्यागशील होने पर भी प्रशंसा से दूर, सम्मानों में रहते हुवे भी निर्मानव्रत, आजीवन प्रथमाश्रमीशीलव्रत, संतस्थिति भागवद्भक्ति, ग्रन्थ परिशीलन, भजनकीर्तन नियमरक्षक तथा परोपकारी जीवनात्मता हैं।

भगवान की कृपा से, पंडितों के आशीर्वाद से, सरस्वती की उपासना से, माता-पिता के पुण्य से, महान सन्तों की प्रसन्नता से वर्तमान समय में दिगन्तयशस्वी श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी महाराज भारत में चमक रहे हैं।

स्वामी श्रीकृष्णवल्लभचार्यजी के विषय में विद्वानों के कुछ अभिप्राय :—

"श्रीस्वामिजी द्वारा लिखित मौलिक पुस्तकों एवं प्राचीन पुस्तकों की टीकाओं की सूची के अवलोकन से यह स्पष्ट हो जाता है कि उन्होंने शिक्षा जगत में उल्लेखनीय कार्य किया है"।

डॉ० रामनाथ वेदालंकार
उपकुलपति
गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार, गुरुकुल काँगड़ी

"भारत के इस महान संस्कृत विद्वान को हमारा अभिनन्दन"। **स्व० डॉ० जाकिर हुसेन**
भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति

श्रीकृष्णवल्लभाचार्यः सदाचारसमन्वितः। विश्रुतः कृतिभिर्लोके मानवानां हिते रतःज्ञाप्त्या विभूषितः कृष्णः सदाराधनतत्परः। सरस्वतीनिधिः पुष्यन् शोभत शिष्यवन्दितः॥ **डॉ० अमरनाथ पांडे**
M.A., D. Phil.

"संस्कृत के महान विद्वान को मेरा अभिनन्दन।" **डॉ० टी० एम० पी० महादेवन,**
मद्रास युनिवर्सिटी।

"श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी केवल पण्डित सार्वभौम ही नहीं सहृदय शिरोमणि और सदाचार की प्रतिमूर्ति भी हैं।"

डॉ० रामनरेश वर्मा
वाराणसी।

"स्वामिजी का जीवन तप त्याग व प्रेरणामय जीवन का पवित्र दृष्टान्त है।"

डॉ० विनोदचन्द्र सिन्हा
डाइरेक्टर, पुरातत्व संग्रहालय, हरिद्वार।

"वल्लभाचार्यजी ने भक्ति ज्ञान व श्रद्धा की त्रिवेणी बहाकर भारतीय जनमानस को शांति व सुख प्रदान किया है।"

डॉ० रमेशकुमार शर्मा
श्रीनगर (कश्मीर)।

"स्वामिजी की न्यायकिरणावलि भारतीय गौरवपूर्ण साहित्य को महान देन है।"

डॉ० सामव्रतसिंह
लखनऊ विश्वविद्यालय।

"स्वामिजी की कृतियाँ समृद्ध व चिरस्थायी हैं—भारत का गौरव है।" **डॉ० ईश्वरलाल दवे**
राजकोट।

"Swami Shri Krishnavallabhacharyaji is not only a saint and spiritual leader but an admittedly great scholar, philosopher and darashanacharya of a high order. To honour such a great soul, a Swami and Acharya, a learned scholar of repute, is not and should not be the concern of limited body of his followers, but of all Indians for whom he is a symbol of all round greatness, as a spiritual guide and teacher."

Dr. J. L. K. Jalali
President
All India Saraswat Cultural Organisation,
Jammu-Kashmir.

"But Acharyaji is also a holy teacher and his life and works provide illumination for the religious and spiritual guidance of mankind. To honour and worship such a great Guru, a Holy person, and a Benevolent Guide, is our worthy Obligation. My humble pranams."

Dr. G. K. Bbat
Director, P.G.T. Centre, Poona.

"Dr. Shri Krishnavallabhacharyaji is a great Sanskrit scholar and Mahatma, and to have his blessings and guidance is a rare privilege that you have.

Dr. S. A. Upadhyaya
Jt. Director, Bhartiya Vidya Bhavan, Bombay.

"It is an honour and a pleasure to pay my tribute to Pandit Shree Krishnavallabhacharya who has contributed so much to Sanskrit learning and thereby inspired others. His life is an example to others. I humbly wish him well."

George Gardona
Depart. of Linguistics, University of Pennsylvania,
Philadelphia (U. S. A.)

Vallabhacharyaji saved Hinduism in its most dire need and kept it living. We worship his greatness.

Ramesh Betai
प्रिन्सिपल, द्वारका कोलेज।
Dwarka College.

I wish you all success in the enterprises you hove undertaken. **V. V. Giri**
Late President of India.

"आचार्यजी में संस्कृत साहित्य और भारतीय संस्कृत के अभ्युदय और संवर्धन के लिए असाधारण प्रतिभा प्राप्त है।"

डॉ० रामजी उपाध्याय
सागर विश्वविद्यालय, सागर।

"स्वामि कृष्णवल्लभाचार्यजी के ग्रन्थ भारतीय संस्कृत साहित्य को अमूल्य देन है।"

डॉ० उपेन्द्र ठाकुर
मगध युनिवर्सिटी, गया।

"I wish you all success and pray for long life to Panditji to continue his useful service to Sanskrit.

Dr. Venkitasubramonia
Kerala University, Trivandram.

प्रभु से प्रार्थना ऐसे मनीषी की छत्रछाया सुदीर्घ काल तक बनी रहे जिससे वे संस्कृतज्ञों तथा अन्य जनों का मार्गदर्शन कर सकें।

डॉ० कृष्णकान्त चतुर्वेदी

मैं लक्ष्मीनारायण संहिता के महत्त्वपूर्ण प्रकाशनकार्य से अतिशय प्रभावित हूँ और अनेक महत्त्वपूर्ण संस्कृत ग्रन्थों के उद्धार की आशा रखता हूँ।

डॉ० बाबूलालजी शुक्ल
इन्दोर।

"श्रीमतां पंडितवर्यस्वामिश्रीकृष्णवल्लभाचार्याणां विद्वत्सार्वभौमपदभूषितानां दर्शनशास्त्र-पांडित्यं न केवल विविधोपाधिभिः अपितु तैः प्रणीतैः विद्वत्परितोषसाधकैः ग्रन्थरत्नैः स्वयं स्फुटम्। सुकुमारवस्तुनि साहित्ये दृढन्यायग्रहग्रन्थिमये तर्के च येषां भारती समलोकायते तेषु विश्वविश्वेषु विशेष-विद्वत्सु प्राचीन—पण्डितपरिपाटी रक्षत्सु श्रीमतां नाम सुप्रतिष्ठितं भ्राति। **डॉ० के० रा० जोशी**
नागपुर युनिवर्सिटी, नागपुर।

"सांख्ययोग, तर्क, भक्ति, मीमांसा इत्यादि गहन विषयों पर ही नहीं, अपितु भक्तिधारा में भी आचार्यजी की वाणी माधुर्योपदेश परिप्लुत है। संस्कृत, हिन्दी, गुजराती भाषाओं में प्रधारावाहिनी किया गया यह वैचारिक स्रोत पावन एवं बोधमय है।

Dr. S. Dange
Bombay University

"स्वामि श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी अंधश्रद्धा के अंधकार में आज सात्विक श्रद्धा के दीप प्रज्वलित करने का जो प्रयत्न कर रहे हैं वह सचमुच स्तुत्य है।

डॉ० कावटेकर इन्दौर, विश्वविद्यालय

भारत के महान ऋषि व संस्कृत की पवित्र आत्मा को मेरा प्रणाम।

डॉ० सत्यव्रत
दिल्ली युनिवर्सिटी।

"स्वामि श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी ने दर्शन, साहित्य, अध्यात्म भक्ति आदि विविध व गम्भीर विषयों पर एक साथ व्याख्या विवेचना किस तरह से की ! उन्होंने सरल और सुबोध संस्कृत में उपन्यस्त-कर ज्ञान का क्षेत्र बढ़ाया है।"

डॉ० विजयेन्द्रस्नातक
दिल्ली विश्वविद्यालय।

संस्कृति, संस्कार व संस्कृत साहित्य के पुजारी स्वामि श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी को मेरा प्रणाम।

डॉ० वर्णेकर
नागपुर युनिवर्सिटी।

श्री कृष्णवल्लभाचार्यजी की न्यायमुक्तावलि किरणावलि संस्कृत साहित्य की अमूल्य निधि है।

करपात्रीजी महाराज

स्वामि के भारतीय दर्शन के विविध ग्रन्थ भारतीय संस्कृति के दर्शन के दर्पण है।

डॉ० गोपिकामोहन
कुरुक्षेत्र युनिवर्सिटी।

स्वामिजी को मेरी तरफ से उत्कृष्ट ग्रन्थों की रचना के लिए हार्दिक बधाई। **पं० सुखलालजी**
अहमदाबाद।

श्री कृष्णवल्लभाचार्यजी ने जिन विद्याओं को पढ़कर इतना उच्च व्यक्तित्व प्राप्त किया है उसी विद्या की सेवा उनके द्वारा होनी चाहिए। **जगतगुरु शंकराचार्य**
पुरी।

स्वामि श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी, इस संत का मैं अभिनन्दन करता हूँ।

के० के० विश्वनाथन्
राज्यपाल, गुजरात।

संस्कृत के प्रखर विद्वान प्रतिभाशाली लेखक व भारत के इस महान संत को मेरा प्रणाम।

डॉ० प्रभाकर कौंगरे
बड़ोदा।

स्वामि श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी सरस्वती के सरस साधक और विविध विषयों में मर्मज्ञ मनीषी हैं।

पद्मविभूषण डॉ० सू० ना० व्यास

स्वामि श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी का अभिनन्दन भारतीय वाङ्मय का अभिनन्दन है। राष्ट्र उनके मेधावी व्यक्तित्व से गौरवान्वित हो सका है।

डॉ० शिवमंगलसिंह सुमन
कुलपति, विक्रम युनिवर्सिटी, उज्जैन।

श्री स्वामि श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी की कृतियों का संक्षिप्त परिचय :—स्वामिकृष्णवल्लभाचार्यजी ने कुल ५५ ग्रन्थ लिखे हैं। जिनमें से लक्ष्मीनारायण संहिता (१,२६,००० श्लोक) सभी कृतियों में अलौकिक ग्रन्थ हैं। अन्य ग्रन्थों का परिचय निम्नलिखित है।

(१) न्यायसिद्धान्त मुक्तावल्याः किरणावलिः—इसमें न्यायदर्शन के प्रमाणप्रमेय, संशयप्रयोजन, दृष्टान्त, सिद्धान्त, अवयव, तर्क निर्णय, वाद, जल्प वितण्डा, हेत्वाभास, निग्रहस्थान नामों से परिचित सोलह पदार्थ और वैशेषिक दर्शन द्रव्य, गुण, कर्म वगेरे सप्त पदार्थ, नव्य न्याय के अनेक परिचित

पदार्थों के स्वरूपों पर प्रकाश डाला गया है। इसमें मंगळवाद, ईश्वरवाद, पदार्थों का साधर्म्य, पदार्थों के लक्षण, आत्मतत्त्वस्वरूप का चार्वाक वेदान्ती, बौद्ध वैष्णव ऋषियों के मन्तव्य तथा योगशक्तियों, स्मृतिसंस्कार—कार्यकारणभाव, वाक्य विभाग, शुद्धि अशुद्धि संगतियों पर प्राचीन व नवीन दर्शन के विषयों को तत्त्व ग्रन्थों के नियमों के अनुसार स्वामिजी ने स्वयं अथाह प्रयत्नों के द्वारा विवेचन कर तत्त्वज्ञान के इस खजाने को प्रस्तुत किया है।

(३) तर्कसंग्रहदीपिका किरणावलि न्यायबोधिनी पदकृत्य टिप्पणी :—न्याय शास्त्र में विषय प्रवेश के लिए संक्षिप्त रूप में न्याय के पदार्थों को तथा वैशेषिक के पदार्थों का स्पष्ट करनेवाला प्राथमिक ग्रन्थ है। इसकी दीपिका टीका और अधिक पदार्थों को ग्रहण करती हुई मूलार्थ अन्यार्थ गूढार्थ उत्कृष्टार्थों को भी स्वरूप में समाविष्ट करती गंभीर टीका है। किरणावली रचना का हेतु विषय को विविध स्वरूपों में सरल व स्पष्ट बनाना है। इसमें द्रव्य, गुण, कर्म, सामान्य, विशेष, सम्बन्ध, अभाव, सप्तपदार्थ तथा नव द्रव्यों का विवेचन है।

(४) सांख्यकारिकायाः स्वामिनारायणभाष्यम् :—इस ग्रन्थ में (भाष्य में) विशाल रूप में माया, माया के २४ तत्त्व, तत्त्वों की सिद्धि, उनके लिए प्रमाण, दार्शनिकों के मत-मतान्तर, प्रमाणों का स्वरूप, स्थूल व सूक्ष्म तत्त्वों का विद्वत्तापूर्ण विवेचन, आत्माओं का स्वरूप, गुणों का स्वरूप, पंचभूत तथा उसके लक्षण, बुद्धिभोग्य प्रतिबिम्बवाद, दर्शनों के सिद्धान्त, सूक्ष्म शरीर के आठ भाव, भावपदार्थों का विवेचन, बन्धन के भेद, मोक्षमार्ग इत्यादि गहन विषयों को सरलतापूर्वक समझाया गया है।

(५) सांख्यतत्त्व कौमुद्याः किरणावलि—सांख्यकारिका गौड़पाद भाष्यस्य किरणम् :—इन दोनों ग्रन्थों में किरणावलि सांख्यदर्शन के तथा नव्य तर्कप्रणाली से तमाम तत्त्वों को स्फुट किया गया है। ये दोनों ग्रन्थ सांख्यशास्त्र के विषयों का अत्युत्तम प्रक्रियाओं से प्रतिपादन करते हैं। अध्यापन में मुक्त कंठ से प्रशंसित हुए हैं।

(६) योगसूत्राणां स्वामिनारायण भाष्यम् :—इस ग्रन्थ में मोक्ष का, योग के पदार्थों का प्रतिपादन कर, मोक्ष का स्वरूप, योग की परम्परा, चार साधन, जीवनमुक्ति, वैदिक तत्त्वविचार, चार अनुबन्ध, छब्बीस पदार्थ, तत्त्वज्ञान, वैराग्य के भेद, शुद्धाद्वैत, विशिष्टाद्वैतवाद, प्रमाण व्यासमत, सृष्टि-प्रक्रिया, विषयों का सुन्दर विवेचन किया गया है।

(७) योगसूत्र भोजवृत्ति किरणम् :—इसमें सूत्रार्थ पर भोजवृत्ति के काठिन्यार्थ पर विशद् रूप से किरण नामक विवेचन किया गया है। यह ग्रन्थ शोधपूर्ण नवीन विचारों से पूर्ण है।

(८) श्री स्वामिनारायण वेदान्तसार :—इस ग्रन्थ में वेदान्त की प्रक्रियाएँ, मूल प्रकृति, उसके तत्त्व, काल, जीव ईश्वर, ब्रह्म परब्रह्म, ज्ञान, शक्ति आदि द्रव्य तथा रूपरसादि गुण तथा ज्ञान के विभाग, प्रमाणों के भेद, तथा वाक्य विभाग सुरुचिपूर्ण रीति से निरूपित किया गया है। इस ग्रन्थ में प्रमेय तथा प्रमाणों का विशाल विवेचन है।

(९) हितोपदेश मित्रलाभ किरणावली :—यह प्राथमिक विद्यार्थिओं के लिए अन्वय, कर्तरि, कर्मणि, वाच्यस्वरूप के हिन्दी में अर्थ सहित किरणावलीटीका युक्त आदि स्वरूपों में प्रचलित है।

(१०) शिक्षापत्र्याः किरणावली :—भगवान् स्वामिनारायण द्वारा लिखे गये धर्म, ज्ञान, भक्ति व व्यवहार सम्बन्धी विषयों पर संस्कृत गुजराती की नवीनतम उपयोगी टीका है।

(११) श्री गुणातीतानन्द स्वामि वार्ता :—यह ग्रन्थ संस्कृत श्लोकों में उपदेश के रूप में भगवत्सन्त महिमा, भगवान् का निश्चय, सन्त समागम, भगवान् के ऐश्वर्य चमत्कार, सर्वदेशीय समझ के विषयों को लेकर ६,००० श्लोकों में रचा गया है।

(१२) श्री गोपालानन्द स्वामि वार्ता :—संस्कृत में विरचित यह ग्रन्थ ४,७५० श्लोकों में ३ प्रकरणों में विभाजित है। इसके विषय हैं : भगवत्महिमासमझाना, भगवन्निश्चयसमज्ञाप्ति इत्यादि।

(१३) स्वामिनारायण वचनामृतानि :—२६२ तरंगों का प्रश्नोत्तररूप में दार्शनिक तत्त्वों व आध्यात्मिक उपदेशों से भरा सुन्दर ग्रन्थ है।

(१४) शिक्षापत्री :—यह २१२ श्लोकों का धर्मशास्त्र है। इस पर स्मृति आदि के प्रमाण लेकर टीका लिखी गई है। इसका सार वाक्यर्थविचार श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी ने किया है।

(१५) अखिलभूमण्डलीय साम्प्रदायिक मुक्तिव्यवस्था :—इसके मूळ रचियता स्वामि श्रीकृष्ण-वल्लभाचार्यजी स्वयं हैं। इसमें अवतार भेद, मोक्ष में मतमतान्तर, आत्मा के विभिन्न मत, अवतार प्रयोजन, भूगोळ वर्णन, युगप्रलयनिर्देश, ८४ सिद्ध, ब्रह्मलोक, चार शरीर पचतत्त्वनिर्णय, भगवान् के चिह्नों को बड़े ही सुन्दर ढंग से वर्णित किया गया है।

(१६) तत्त्वप्रभावली :—यह ग्रन्थ अति कठिन तत्त्व संभृत नवीन विशिष्ट न्यायशास्त्र, सुपरिष्कृत कृति है। ७०० से अधिक कारिकाओं में ग्रन्थित यह ग्रन्थ श्वैतायनीय विशिष्टन्यायशास्त्रं नाम से भी प्रकाशित हुआ है। श्वेतायन व्यास स्वयं स्वामिजी ही हैं। इनके प्रमेय, प्रमाण, प्रमिति, प्रमाता चार खण्ड हैं। इनमें चौदह परिच्छेद हैं :—(१) पदार्थ-निरूपणम्, पदार्थसाधर्म्यम् द्रव्यनिरूपण, गुण-निरूपण, ज्ञाननिरूपण, तर्कनिरूपण, विविधविप्रतिपत्तिप्रदर्शनम्, अनुमान परिच्छेद, शब्दपरिच्छेद। इस विशालकाय ग्रन्थ में पदार्थों पर दार्शनिक, प्राचीन व नवीन सिद्धान्तों का विवेचन है। यह रचना नवन्याय के विशिष्ट तत्त्वों के तत्त्वज्ञान का खजाना है।

(१७) श्री गुणातीत ब्रह्मोपनिषत् :—स्वामि श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी विरचित इस ग्रन्थ में ४ अध्याय १६ पाद हैं। जिसमें ब्रह्मविद्याओं की परम्परा, परमात्मा का स्वरूप, अपार महिमा कथन, दिव्यमूर्ति का वर्णन, सदृष्टान्त कारण कथन, परमात्मा की व्यापकता, इत्यादि गहन विषयों का बड़ा ही सुन्दर प्रतिपादन किया गया है।

(१८) विशिष्टाद्वैतेऽपि विशिष्टब्रह्माण्डद्वैतत्त्वम् :—इस ग्रन्थ में जीव, माया, ईश्वर की विशिष्ट स्थिति तथा जीव ईश्वर माया विशिष्टसाक्षी ब्रह्म व विशिष्टता पर ब्रह्म अद्वैत में दिखाया है। यह ग्रन्थ स्वामिनारायण सम्प्रदाय का मुख्य सिद्धान्तदोहन है।

(१९) ख्याति विमर्श :—इस ग्रन्थ में शुक्ताविदं रजतमित्यादि भ्रमस्थल में नैयायिकों की अन्यथा ख्याति, मीमांसकों की सत्ख्याति, स्वामिनारायण की सत्समुच्चयख्याति, रामानुज की सत्ख्याति, आयुर्वेद की सत् ख्याति, सांख्ययोग की अख्याति, चार्वाकों की साक्षात ख्याति, विशिष्टाद्वैत शैवों की संसर्गताख्याति इत्यादि विषय सुवर्णित है।

(२०) प्रमात्वविमर्श :—इस ग्रन्थ में सभी ज्ञानों में किसी न किसी अंश में प्रमात्व सिद्धि दिखलाया है। इसमें हरेक अन्याभिमत न्यायाभिमत, अप्रमाज्ञानों में स्वीयविचार दिखलाये गये हैं। इसमें प्रमात्व के परिष्कार, नैयायिकों के प्रामाण्य अप्रामाण्य परतोग्राह्य, सांख्ययोगों का स्वतोग्राह्य, बौद्धों

का प्रमाण्य परतोग्राह्य, जैनों का स्वतोग्राह्य, रामानुजादिक वैष्णवों के प्रमात्व स्वतोग्राह्य अप्रामाण्य आदि का सुन्दर विवेचन है। तत्त्वज्ञान की दृष्टि से यह ग्रंथ अत्यन्त कीमती है। यह ग्रन्थ आदित्यनाथ झा अभिनंदन संस्कृत दिल्ली से छपा है।

(२१) जातिविमर्श :—इस ग्रन्थ में गुण कर्मानुसार जाति कल्पना का विचार किया गया है। वैदिक मन्त्र भी गुणकर्मानुसार जाति की उद्घोषणा करता है। यह विशाल प्रामाणिक ग्रन्थ है।

(२२) वचनामृत प्रमाण्यहेतत्वः सूत्राणि च :—श्री स्वामिनारायण के २६२ वचनामृतों के पृथक पृथक प्रामाण्य प्रयोजकता व विवेचन तथा २,२५० सूत्रों का ग्रन्थन है। यह ग्रन्थ कार्यकारणभाव व प्रतिबध्य प्रतिबन्धक भाव स्वरूप धर्मज्ञान आदि से तथा पुरुषार्थों से भरा हुआ दर्शनों के सिद्धान्त पर विवेचन करनेवाला आध्यात्मिक महासागर समा ग्रंथ है।

(२३) श्रुतितात्पर्य निर्णय :—इस ग्रन्थ में श्रुतियों का तात्पर्य उपक्रम उपसंहार, अभ्यास अपूर्वता फल अर्थवादादि के अनुसार विशिष्ट साहैल सिद्धान्त में उपनिषदों का तात्पर्य परायण तलस्पर्शी का विवेचन बड़े ही सुरुचिपूर्ण ढंग से किया है।

(२४) साकारत्ववाद :—इस ग्रन्थ में बीस व्याप्तियाँ साकारत्व साधिका हैं। सर्व पदार्थों का साकारत्व सिद्ध किया है। अति बुद्धिगम्य परिष्कृत पदार्थाऽभ्यास वालीधीगम्य यह तत्त्व है।

(२५) श्री हरिस्वरूप निर्णयस्य सत्संगभाष्यम् :—इस ग्रन्थ में साकारोपासना, ब्रह्म, जीव, अवतारवाद, माया, मोक्ष, कर्म, भक्ति, ज्ञान, उपनिषदों के प्रमाण पर आधारित है। वैष्णवों व विद्वानों के लिए अत्यन्त उपयोगी है।

(२६) सुधासिन्धोः ब्रह्मरसायन भाष्यम् :—२६२ संस्कृत तरंगों में नव हजार श्लोकों पर २२५० सूत्रों के साथ यह ग्रन्थ महासागर के समान विशाल है। इसमें व्यावहारिक तथा आध्यात्मिक तथा मोक्षीय तथा हरेक दर्शनों के साकार निराकारवादों में, नित्य अनित्य वादों में; प्रमाण अप्रमाणवादों में, शरीरेन्द्रियान्त, कारणान्तवादों में अवतार अवतारि परमात्मवादों में, न्यायसत्, असत् शून्य आदि वादों में, नास्तिक आस्तिक, सभी वादों में तलस्पर्शी प्रविष्ट ब्रह्मरसायन भाष्य पूर्वपक्ष वाद, सिद्धान्तपक्ष पर बड़ा ही सुन्दर विवेचन किया गया है। स्वामि श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी ने श्वेतायन व्यासस्वरूप में तदात्मक भाव से यह ग्रन्थ आविष्कृत किया है।

(२७) अवताराऽवतारित्वे पुराणादिवचनानि :—इस ग्रन्थ मे पृथ्वी पर सभी देशों में ईश्वर परमेश्वर महापुरुष, देवस्वरूप, मुक्तपुरुष, आभूषण आयुध संकल्प गुण आदि परमेश्वर की आज्ञा से किसी न किसी कार्य के लिए प्राकट्य ग्रहण करते हैं। पर व्यूह विभव अन्तर्यामी स्वरूप स्वयं अवतार या अवतारी सभी प्रजा में प्रकट होते हैं। इसमें वेद आगम निगम संहिता शास्त्र सूत्र अर्णव, पुराण, स्मृति, इतिहास-आचार्य विजय तत्त्वग्रन्थ आदि सभी में स्वीकृत प्रतिपादित किया है, इस पर एकत्रित किये प्रमाणों का सप्रमाण यह ग्रन्थ है।

(२८) स्तोत्राणि :—भगवान शंकर के अवतारों के, लक्ष्मी आदि सतियों के सूर्य आदि के हनुमान गणेश देवदेवियों आदि के सम्बन्धी स्तोत्र हैं।

(२९) चित्सुखी-टिप्पनी :—यह ग्रन्थ अद्वैतवेदान्त का जगन्मिथ्यात्वपरक है। इसका दूसरा नाम तत्त्वप्रदीपिका है। इसके मूल स्थान पर तथा टीका पर कठिन स्थळों में सरल टिप्पनी लिखी है।

(३०) कविकाव्यगौरवम् :—यह साहित्य के विद्वानों के नेत्र खोल देनेवाला ग्रन्थ है। इसमें कविवर अचित्यानन्द वर्णी का संक्षिप्त जीवन सत्य ज्जवल वर्णित है। कवियों को ऋग्वेद ने ऋतसरन ब्रह्म कहा है, अमूर्तों को कवि लोग मूर्त बना देते हैं, कवियों को चित्त में साम्राज्यसा होता है कवियों की कवित्व सृष्टि दृष्टि कवित्व सुमूर्त होके झलकता है। कवि के वर्णन प्रबन्ध किस प्रकार होने चाहिये इस बात को इस ग्रन्थ में स्पष्ट किया गया है।

(३१) श्री स्वामिनारायणदर्शनम् :—छ दर्शनों के समान पर एक सातवाँ दर्शन रचा गया है। इसमें औपनिषद् श्रौत प्रकरण, सुधासिन्धु वाक्य प्रकरण, दार्शनिक प्रकरण, पदार्थतत्व प्रकरण इत्यादि महत्त्वपूर्ण प्रकरण इस ग्रन्थ में हैं। इस ग्रन्थ का बौद्धिक कौशल्य व्यासजी की तरह ही है।

(३२) श्री सत्संगि जीवन परायणी टीका :—यह ग्रन्थ १८ हजार श्लोकों का पाँच प्रकरणों में विभाजित है। भागवत के समान विशाल ग्रन्थ है। इस ग्रन्थ में भगवान् स्वामिनारायण का जन्म, परब्रह्मप्राप्ति, भ्रमण-सम्प्रदाय इत्यादि बातों को बड़े ही सरस ढंग से उपस्थित किया गया है। दार्शनिकों व नैयायिकों के लिए महत्त्वपूर्ण उपयोगी ग्रन्थ है।

(३३) साक्षात्कार सूत्राणि :—इस ग्रन्थ में इस बात की चर्चा है कि सभी पदार्थ कोई न कोई पुरुष का साक्षात्कृत है। परमेश्वर, ब्रह्ममुक्त सगुणेश्वर व्यूह साक्षी ब्रह्म अन्तर्यामी-अवतार ईश्वरलोग, देवलोग-ऋषि, महर्षि योगिजन धर्मराज सूर्यनारायणादि को व्यक्त अव्यक्त सभी तत्त्वों को विवेचित करता है।

(३४) तत्त्वमुक्ताकलाप-किरणावलि :—रामानुज सम्प्रदाय का यह ग्रन्थ दार्शनिक तत्त्वों पर विचार करता हुआ गम्भीर अर्थों का निर्णय दिखलाता है। फलतः तत्त्वचिन्तन का भक्ति में परिणाम ले के मोक्ष रूप में मुख्य है। तत्त्वशोधन सभी को इष्ट है। यह स्वामिजी का गौरवमय अत्यन्त महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है।

(३५) हनुमतश्च स्तोत्राणि :—इसमें हनुमानजी की स्तुति छपी है।

(३६) अर्थसंग्रह किरणावलि :—यह मीमांसा के पदार्थों का प्रक्रिया ग्रन्थ है। वैदिक अनुष्ठान प्रतिपादक वाक्यों के अर्थ-निर्णयार्थक मीमांसाशास्त्र विशाल स्वरूप में रचा गया है। यह महत्त्वपूर्ण टीका त्याग, देवता, द्रव्य क्रिया अदृष्ट भाव आदि में अन्ततः परमात्मा की प्रसन्नता में पर्यवसान दिखाया गया है।

(३७) मीमांसायाम् अंगत्वादि परिष्कृति :—नव्य तार्किक रीति से मीमाँसा के पदार्थों का जहाँ जो परिष्कार करना है वहाँ मीमांसित अच्छे-अच्छे परिष्कृत पदार्थों को दिखलानेवाला यह ग्रन्थ है। मीमांसकीय यह ग्रन्थ परिष्कारों के गौरव से झलकता है।

(३८) सुधासिन्धु सारसन्दोहनम् :—स्वामिजी ने सम्पूर्ण जीवनभर अभ्यास कर स्वामिनारायण भगवन्मुखसे वर्णित पदार्थ कड़ी मेहनत से संकलित किये हैं। इस ग्रन्थ में २६२ तरंगों में तमाम सिद्धान्त सार दर्शन प्रणालियों से विशद् रूप में संकलित किये गये हैं।

(३९) दर्शनतत्त्वसार :—इस ग्रन्थ में श्री स्वामिनारायणदर्शन नामक सकल दर्शन के विषय विभाग, उनके वर्णन, सन्निपत्योपकारक साधन, परब्रह्म दिव्यदर्शन फल भक्तिमान ब्रह्मधाम में पहुँच जाते हैं। यह ग्रन्थ संसार द्वारा मोक्ष उनके स्वरूपों में भी श्री स्वामिनारायण सिद्धान्त को ले के आखिर स्पष्टता करता है। यह ग्रन्थ दार्शनिक विद्वानों को उपदेय है।

(४०) भक्तिरस सरित् :—इसमें भक्ति के स्वरूप, भक्ति में रसों के स्वरूप, भगवान में सभी रसों का समावेश है। भोजन में योग में, उत्सव में, गायन में नृत्य में जो रस है वही श्रीहरि में हैं।

(४१) सामान्य निरुक्तिगादाधरी क्रोडम् :—महापण्डितों के लिए यह ग्रन्थ रत्नकोष है। महामहोपाध्यायाय धुरन्धर न्याय के पण्डित श्री वामाचरण भट्टाचार्यजी के पास अध्ययन के समय जो कुछ ग्रन्थों पर आकाशवृत्तीय छोटे-छोटे शंका समाधानों में शास्त्रार्थ के लिए क्रोड पत्र के रूप में सीख लिए जाते थे वे शास्त्रार्थ विषय के अंश परिष्कार रूप क्रोडपत्र यह ग्रन्थ है। केवल नव्यन्यायाचार्य ही इसका आस्वादन कर सकते हैं।

(४२) श्वेतायन संहिता सम्पादनम् :—यह ग्रन्थ महाभारत के समान महाकाव्य के रूप में लिखा गया है। यह ग्रन्थ भारतीय संस्कृति का महान् इतिहास है। एक लाख छब्बीस हजार श्लोकों में श्री कृष्णवल्लभाचार्यजी ने ६० से ७० वर्ष की आयु में इस ग्रन्थ की रचना की। यह ग्रन्थ चौखम्बा ओरियन्टालिया को छपने के लिए दिया गया। इस ग्रन्थ में चार खण्ड हैं। (१) कृतयुग सन्तान (२) त्रेतायुग सन्तान (३) द्वापरयुग सन्तान और (४) तिष्ययुग सन्तान है। श्री कृष्णवल्लभाचार्यजी ने ही स्वयं श्वेतायन व्यास उपनाम से इस ग्रन्थ की स्वयं रचना की है। श्वेतायनीय संहिता का दूसरा नाम श्री लक्ष्मीनारायण संहिता भी है। श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी ने अनेक कारणों से अपना नाम प्रगट नहीं किया किन्तु वे स्वयं ही इस महान् ग्रन्थ के तेजस्वी लेखक हैं।

स्वामिजी का यह भव्य ग्रन्थ काफी चर्चास्पद ही रहा है। सामान्य विद्वानों के लिए इसका थाह पाना कठिन है। इसमें कहीं-कहीं स्वामिजो के जीवन अंशों के दर्शन हो जाते हैं। श्वेतायनीय व्यासावतार श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी ने इन ग्रन्थों में चारों युगों में धर्म अवतार मन्वन्तर महर्षि पितृगणदेवगण इन्द्रादि का परिवर्तन, व्यासों का परिवर्तन, भगवान् का प्राविर्भाव–सृष्टि के प्रकरण पृथ्वी, तत्त्व, इतिहास, भूगोळ, जळ, थल, आंतरिक्ष, आख्यान, तीर्थ, व्रत, धर्म, दान, पुण्य, युद्ध इत्यादि प्रत्येक विषय का उद्भव व विकास की बात इस ग्रन्थ में हैं। इसमें वैदिक प्राचीन अर्वाचीन होनारतें, रूपक कथाएं, अघटित घटनायें, परमेश्वर की ब्रह्मसृष्टि शास्त्र, वंश विभूतियाँ, वर्णाश्रम लय, प्रलय स्थिरता, काळयुग विभिन्न धर्म परिवर्तन, प्रजापरिवर्तन, शिल्पविकास, देवालय प्रतिष्ठा-विकास, गायन गान्धर्व-विकास, समरयुद्ध मन्त्रशास्त्र विकास, ब्रह्मा, विष्णु, महेश, रुद्र, इन्द्र, चन्द्र, वरुण, अग्नि, वायु, देव, देवताओं, कामधेनु, रत्न, चतुर्दश भुवनों के सम्बन्ध में चरित्र, चमत्कार, ऐश्वर्य आदि का वर्णन है। भारत व विश्व के संस्कृत साहित्य को स्वामि व श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी की यह अद्भुत, दिव्य, महान तथा भव्य देन है। स्वामिजी को केवल एक यही ग्रन्थ इस महान विश्व में अमरत्व प्रदान करने के लिए काफी है।

भगवान् महर्षि श्वेतायनव्यास

स्वामि हरिप्रकाशजी ऋग्वेदशास्त्री, शास्त्राचार्य एम्. ए.

गांधीनगर

इस संसार में बहुत ही समय के बाद कभी-कभी कोई एकाद ऐसे महापुरुष अवतीर्ण होते हैं कि जो वे अपने स्वतः सिद्ध दिव्यज्ञान के आलोक के द्वारा सारे संसार को प्रकाशित करके युगों तक अपना प्रभाव छोड़ जाते हैं। ऐसे महापुरुषों का सुयोग मिल जाना महान् सद्भाग्य का सूचक है।

हम लोग वाल्मीकिमहर्षि एवं भगवान वेदव्यास के गुणों का गुणगान अद्यावधि करते हैं किन्तु उसी कोटि के महापुरुष आज भी हम सब के बीच विद्यमान है। जब मैं काशी में था तब भगवान महर्षि श्वेतायन व्यास विरचिता एक लाख छब्बीस हजार श्लोकात्मक श्रीलक्ष्मीनारायण संहिता का प्रकाशन चौखम्बा संस्कृत सीरिज ने किया तब कई विद्वानों ने एक पण्डित सभा में प्रश्न किया कि भगवान महर्षि श्वेतायन व्यास कब हो गये तब मैंने कहा कि हम सब लोग पण्डिप्रवर विद्वत्सार्वभौम पण्डित स्वामी श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी का नाम जानते हैं। वे ही इस संहिता के रचयिता भगवान महर्षि श्वेतायन व्यास हैं। एवं उनके द्वारा अनेक महत्त्वपूर्ण ग्रन्थों की रचना की गई है उन सब मिल कर के सात लाख श्लोक के आसपास होते है।

ऐसे महापुरुष का अभिनन्दन करने के लिये मेरे पास इतना बड़ा विद्यावैभव नहीं है किन्तु अभिनन्दन ग्रन्थ का आयोजन करनेवाले का उत्साह बढ़ाने के लिये एवं इस आयोजन को सफल बनाने के उद्देश्य से ही यह छोटासा प्रसंग लिख रहा हूँ। ऐसे तो जब कभी मैं इस महापुरुष के दर्शन के लिये उनके पास जाता हूँ तब वे अपना लेखनकार्य छोड़ करके शास्त्रों के गूढ़ तत्त्वों का विश्लेषण करके तत्त्वार्थ को स्पष्ट करते हैं यदि उन तात्विक सिद्धान्तों का संग्रह किया जाय तब तो कई पुस्तकें लिखनी पड़ेगी एवं उनके लिखे हुये ग्रन्थों पर शोधप्रबन्ध लिख करके कोई भी छात्र डॉक्टरेट डेगरी प्राप्त कर सकता है।

स्वामि श्रीकृष्णवल्लभाचार्यश्च तेषां प्रदानम्

शास्त्री बळवन्तराय चुनीलाल द्विवेदी Date.

भावनगर

समग्रेऽस्मिन् भूमण्डले श्रेष्ठोऽयं भारताख्यो भूभागः तत्रदेवा अपि स्व जननं स्यादिति अभिलषन्ति इदं हि चतुर्वर्गसाधकं नारायण क्षेत्रमिति पुराणे प्रसिद्धम् अत्र निर्गुणोऽपि नारायणः धर्मस्थापनाय च अधमापहाराय सगुणोभूत्वा अवतारचर्याः चरति, अतः एव भगवान् मनुः "यस्यदेश प्रसूतस्य सकाशादग्र-जन्मनः स्वं स्वं चरितम्, शिक्षेरन् पृथिव्याम् सर्वमानवाः इतिवचनेन तत्रस्थितानां जनानां वैशिष्ठ्यम् दर्शयामास, एतादृशे परम पवित्र प्रदेशे पश्चिमजलधिप्रांतस्थितो भूभागः पूर्वकाल आर्नत संज्ञां अधारयन् सोऽधुना सौराष्ट्रेति निगद्यते ।

भारतमातुः मेखलावर्तभावासिधेनुका तुल्योऽयं प्रदेशः रमणीयो तेजस्वी च वर्तते तस्य स्वाभाविकं माधुर्य वर्तते अत अस्मिन्नेव प्रदेशे भगवान् श्री कृष्णः अपि यमुना तटं विहाय वासं चक्रे । अत्रैव द्विजराजस्सोमः सोमेश्वरं शिवमुपास्य क्षयीः अपि अक्षयी बभूव ।

अत्रहि जगत्प्रसिद्धे सोमनाथ द्वारावती संज्ञके द्वे धामनी वर्तेते एतादृशे वैशिष्टचपूर्णेऽस्मिन् प्रदेशे भक्तिः ज्ञानं वैराग्यं शौर्य सतीत्वादि भावपूर्णाः अनेका नरनार्यः स्वश्रेष्ठाचरणेन गौरवं लभन्ते अस्मिन् नरसिंहसदृशैरनेक भक्तजनैः भगवतः साक्षात्कारः कृतः । अत्रैव बहवः शूराः स्वप्राणैः स्वधर्मरक्षां स्वदेश रक्षां च चक्रुः भारतीय स्वातंत्र्य संग्रामधुरावाहक महात्मागान्धिरपि अत्रत्य एव, भगवता स्वामिनारायणे-नाऽपि सरयूतटं त्यक्त्वा अत्रैव निवासं विधाय बहुजनोद्धारः कृतः ।

एवं वैशिष्टच पूर्णेऽस्मिन् प्रदेशे वर्तमान "कुंकावाव, इति संज्ञके ग्रामे कृषिकर्मरते पवित्र वैश्य कुले स्वामिपादानां जन्म संजातः मातुः पितुः पवित्र संस्कार बलेन बाल्यतः एव संस्कार संपन्नः शुचिः च आसीत्, सत्संगप्रभावतः अल्पे वयसि—सुयोग्यं सत्व संपन्नं गुरुजनं संप्राप्य उद्धवसंप्रदायानुसारिणी भागवती दीक्षा समधिगता ।

प्राथमिक अध्ययनानंतर विशेष विद्योपार्जनाय वाराणसीं गत्वा तत्र विविध शास्त्राणामध्ययनं कृतम् ।

स्वतीव्र बुद्धिवैभवेन उत्कृष्टप्रतिभाबलेन षट्दर्शन नव्यन्याय, व्याकरण सांख्ययोग पुराण साहित्यादि शास्त्रेषु प्रावीण्यं लब्ध्वा विभिन्नेषु विषयेषु आचार्य पदवीं प्राप्तवान् ।

समग्रविद्वत्समाजेऽपि सिद्धान्तविशिष्ट शास्त्र नैपुण्य ताबलात् गौरवास्पदं स्थानं संजातं अनेक-शास्त्राणां शास्त्रार्थे विजयं प्राप्य "दार्शनिकपञ्चानन" इतिपदवीम् अधिगतवान् परं च—"विद्वत्सार्वभौम" रति उच्चतमं "बिरुदं" प्राप्तवान् तथापि 'मानमदरहिताः सरलाः सत्वपूर्णाः' इति स्वामिनः परिचयः स्वान्ते स्वाभाविकात्मीयतांस्थापयति अनेक शास्त्राध्यन पूर्णाः अपि ग्रामिणहरिभक्तानां बालानाञ्चसमीपे सरल-शब्द वचन विन्यासद्वारा वार्तां कुर्वन्तः तेषां मनसि भक्तिभावं जनयन्ति न केवले शास्त्राभ्यासे वा ग्रन्थनिर्माणे किन्तु व्यवहारे अपि तेषां कार्यकुशलता बहु स्थले बहुजनद्वारा एव ।

जामनगर राजदुर्ग जीर्णदुर्गादि स्थले मन्दिरे महत्त्वपूर्ण स्थानं गृहीत्वा समग्र व्यवहार संचालनमपि सुचारुरूपेणविधाय तेषां आयव्यय साधनानि सुदृढानि कृतानि, उपदेश द्वारा अनेकजीवनेषु धर्म श्रद्धा, सत्संगनिष्ठा रोपिता पोषिता वर्धिताश्च, बहुवारं अनेकस्थल संचरण द्वारा ग्रामेषु नगरेषु, गत्वा सत्संग समाजस्य दृढता आपादिता, भगवतः स्वामिनारायणस्य सिद्धान्ताः परोक्षे जनसमाजेऽपिप्रस्थापिता एवं सर्वतोमुखीप्रतिभा द्वारा सत्संगे वर्तमानं "सद्गुरु" पदं सार्थकं कृतम् ।

स्वभावोक्तेरुपयोगो यावद् वर्तमानवस्तुनो वर्णनं क्रियतेऽतीतानागतयोस्तु साक्षात्करणाय भाविकमुपयुज्यते। तत्र वर्णयितुरागवृत्तेसन्मिश्रता विशेषेणाऽपेक्ष्यते तद्-द्वारेणैव तथात्वबुद्धेरुत्थानात्। यथा—

---

१. संभवन् वस्तुसम्बन्धोऽसंभवन् वाऽपि कुत्रचित्।
यत्र बिम्बानुबिम्बत्वं बोधयेत् सा निदर्शना॥—साहि० १०, ५१-५२

२. शिशुपालवधे ११,४७

३. स्वभावोक्तिस्तु डिम्भादेः स्वक्रियारूपवर्णनम्।—काव्यप्र० १०,१११

४. कुमारसंभवे ३,७०

५. न खलु वस्तुस्वरूपमात्रवर्णनमलङ्कारस्तत्त्वे सर्वत्राऽलङ्कारप्रसङ्गात्। सूक्ष्मः कविमात्रगोचरो यो वस्तुनः सन् विद्यमानो भावः परिस्पन्दविशेषस्तस्यवर्णनं 'सुधासोदरयागिरा प्रकाशनं सा पुनः स्वभावोक्तिः। इयं च संस्थानाऽवस्थानवेषव्यापारादिभिः स्वरूपैर्मुग्धाङ्गनाडिम्भतिर्यङ्नीचादिभिराश्रमैर्देशकालशक्तिसाधनादिभिश्चहेतुभिरनेकधा भिद्यते। यथा-सदक्षिणा० इत्यादिः। अत्र धनुर्धरसंस्थानमीदृगेव स्यादिति।—अलङ्कारमहोदधौ ४,४२

इच्छया क्रियतामद्य प्रतिकर्म तवोत्तमम् ।
संप्रभाण्यवसज्जन्तां तवाङ्गे भूषणानि च ॥
साधु पश्यामि ते रूपं संयुक्तं प्रतिकर्मणा ॥[1]

इयं सीतामभिलषतो रावणस्य तां प्रत्यनुनयोक्तिः । तेनाऽभीप्सितं तस्याः प्रतिकर्म प्रस्तुतेऽक्रियमाणमपि भावदृष्ट्या कृतमिव लक्ष्यते ।

समासोक्तिरप्रस्तुतप्रशंसा, उत्प्रेक्षा, अतिशयोक्तिः सूक्ष्मं चाऽन्येऽलङ्कारा वर्ण्यस्य बिम्बग्रहणाय सुतरामुपयुज्यन्ते । अन्यैः संसृष्टाः स्वतन्त्रा वा ते सर्वेऽपि वर्णनीयं वस्तु प्रत्यक्षकल्पं विदधति । यथा—

रुद्धापाङ्गप्रसरमलकैरञ्जनस्नेहशून्यं
प्रत्यादेशादपि च मधुनो विस्मृत भ्रूविलासम् ।
त्वय्यासन्ने नयनमुपरिस्पन्दि शङ्के मृगाक्ष्या
मीनक्षोभाच्चलकुवलय श्रीतुलामेष्यतीति ॥[2]

अस्मिन् पद्ये स्वभावोक्त्या संसृष्टोत्प्रेक्षा चतुर्थे चरणे स्थितयोपमया संवलिता च । अत्र विरहिण्या यक्षिण्या मेघाऽऽसन्नीभाव शुभसूचकशकुनवशाद् भ्रुवि विस्फुरणम् उत्प्रेक्ष्यते । एवं तस्या नयनदशा यथावर्णितं बिम्बरूपेण श्रोतुःप्रतीतिपथमवतरति ।

अतिशयोक्तेरलङ्कारस्य भेदेऽप्यभेदोक्तिरूपः प्रकारो रूपकातिशयोक्तिरिति[3] व्यपदिष्टोऽपि वर्ण्यवस्तूनां बिम्बस्य प्रस्तवने प्रयुज्यते । प्रतीकानां प्रयोगे एवालङ्कारः साधीयान् भवतीति न खलु भूयोवक्तव्यम् । अप्रकृतबिम्बसामान्येन तेन प्रकृतबिम्बं तत्प्रतिबिम्बभूतं प्रस्तूयते तथा चोपमायामिव तत्राऽपि बिम्बद्वयं प्रत्यक्षतामायाति । यथा—

स्मृताऽपि तरुणातपं करुणया हरन्ती नृणा-
मभङ्गुरततनुत्विषां वलयिता शतैर्विद्युताम्
कलिन्दगिरिनन्दिनी तिटसुरद्रुमालम्बिनी
मदीय-मतिचुम्बिनी भवतु काऽपि कादम्बिनी ॥[4]

अत्र पण्डितराजो जगन्नाथः स्व-रसगङ्गाधरं प्रणिणीषु स्तदादौ मङ्गलकामो भगवच्छ्रीकृष्णरूपामात्मन इष्टदेवतां ध्यायन् कादम्बिनीत्वेन प्रस्तौति, श्रीकृष्णस्य श्यामवर्णत्वेन प्रसिद्धिरिति वर्णसामान्येव तदीया तनुः कादम्बिनीत्वेनाऽध्यवसीयते । आतपतप्तानां ताप-हरणं चपल-चपलावलयितत्वं नेघमालाया लोकसिद्धमेव । भगवानपि करुणदृष्ट्या जनानां त्रिविधतापहारी विद्युद्द्युतिसमानरुचां गोपिकानां मण्डलेन परिवृतो यमुनाकूलस्थ कदम्बभूरुहतलस्थित इत्युभयोः साम्यमाश्रित्य भगवद्रूपं कादम्बिनीत्वेनाध्यवसितम् । अत्र प्रथमं कादम्बिन्याः स्वरूपं श्रोतुर्मतिपथमायाति ततश्च भगवद्-रूपमिति कादम्बिनी भगवतोः प्रतीकत्वेन प्रस्तुता ।

नहि तावदेतावदेव, संस्कृतकाव्यशास्त्रिभिर्व्यापाराणां मूर्तकिरणमभिलक्ष्य वक्तृ-वाच्याद्यौचित्यमभिलक्ष्य यमकानुप्रासादीनां शब्दालङ्काराणां वृत्तिशय्यादीनां च स्वरूपं लक्षितम् । एतर्हि वर्ण्य-पदार्थस्य

---

१. वाल्मीकिरामायणे ५,२०,२१–२२

२. मेघदूते २,३२

३. रूपकातिशयोक्तिः स्यात्तिरोधिर्यध्यवसानतः ।—कुवलयानन्दे ३६

४. रसगङ्गाधरे १,१

तद्व्यापारस्य च ध्वनिचित्र-निर्माणं सुकरं सम्पद्यते। अत एव कोमल-ध्वनि-समूहस्यावृत्त्या कङ्कणादिशब्द-स्यानुकारः परुषवर्णावृत्त्या कर्कशध्वनेरनुकरणं क्रियते। तेषु २ स्थलेषु तत्तद्गुणव्यञ्जकध्वनिकृत एवानुप्रासः प्रशस्तः। तथाहि—

जराजर्जरितैः पर्णैः शीर्णकेसरकर्णिकैः।
नालशेषैर्हिमध्वस्तैर्न भान्ति कमलाकराः॥[1]

इति पद्ये रेफसंयोगावृत्त्या शुष्ककमलपत्राणां मर्मरध्वनिरनुकृतः। अन्यत्र तु सुकुमारवर्णप्रयुक्तानु-प्रासेन तादृशकुसुमस्रजः स्पर्शस्याऽपि व्यञ्जनं कृतम्। यथा—

अप्येणपत्न्युपगतः प्रिययेहगात्रैस्तन्वन् दृशां सखि! सुनिर्वृतिमुच्यतो वः।
कान्ताङ्गसङ्गकुचकुङ्कुमरञ्जितायाः वन्यस्रजः कुलपतेरिहवाति गन्धः॥[2]

अस्मिन् पद्ये न्त-ङ्ग-ङ्कु-ञ्ज सदृश मधुरध्वनीनां प्रयोगेण कोमलाया वन्यस्रजः श्रीकृष्णः वक्षसा गाढ-संसर्गं समासोक्त्या च नायिकत्वेन व्यवहृतायास्तस्या प्रिय-गात्रगाढाश्लेषां ध्वन्यते।

इत्थं दिङ्मात्रेण प्रस्तूयमानेऽत्र विषये सारतो वक्तव्यमिदं भवति यथा भारतीय-काव्यशास्त्रा-चार्याणाम् एकान्ततोऽयं राद्धान्तो यथा काव्ये वर्ण्यमानं वस्तु केवलं वर्णनत्वेन न प्रस्तूयते। तथात्वे तस्येति हासादे र्न कोऽपि विशेषः स्यादितिवृत्तमात्रत्वात्। किं वा तत्र कवेर्नैपुण्यं स्यादुभयत्राऽविशेषात्। यथा नानाऽऽकृति भाण्डसमूहनिर्माणेन प्रजापतिपदवाच्यात् कुम्भकाराद् वेधसो महानयं विशेषो यत् तत्सृष्टाः प्रजाश्चेतनाचेतनात्मिका मतिविद्यादिसमन्विता भवपरिस्पन्द सम्पन्नाश्च। तथैव लोकतः कवेरयं महान् विशेषो यत् स स्व-प्रतिभा परिस्पन्दवशात् स्थूलजगति वर्तमानमवर्तमानमपि वा पदार्थं कल्पनावैचित्र्येण यथेच्छं पुरःस्फुरन्तमिव प्रस्तौति। तदीयेच्छैव वस्तुनश्चेतनाचेतनत्वस्य निर्णायिका। यदुक्तम्—

भावानचेतनान्यपि चेतनवच्चेतनान्यचेतनवत्।
व्यवहारयति यथेष्टं सुकविः काव्ये स्वतन्त्रतया॥[3]

एवमचेतनाश्चेतना वा सर्वेऽपि पदार्थास्तदीयभावविद्युत्स्पर्शेन तरङ्गिता रसयितुः पुरः स्फुरन्त इव भासन्ते। तत्रैव तस्येति कर्तव्यता निहिता। इति।

●

---

५. मूर्धिनवर्गान्त्यवर्णेन मुक्ताष्टठडढान् विना।
रणौ लघू च तद्व्यक्तौ वर्णाः कारणतां गताः॥
अवृत्तिरल्पवृत्तिर्वा मधुरा रचना तथा॥ साहि० ८,३-४
अत्र रसगङ्गाधरकृतं विवेचनं विशेषेण प्रमाणम्। १ आननम्।

६. वाल्मीकिरामायणे ३,१६,२४

७. श्रीमद्भागवते १०,३०,११

८. ध्वन्यालोके पृ० ४६८

पञ्चरात्राऽऽगम-रामानन्द व कबीर-सम्प्रदाय

पं० दूलेराम वेदान्ती बाबा वेदान्ताचार्य

फैजाबाद

रामानन्द—कबीर, सन्यासी, उदासीन, निर्मला, दादू, तुलसीदास, सूफी, ईशा, नानक, कानफट्टे गेबी, ओंबाबा, आदिक कई ज्ञात अज्ञात सम्प्रदाय अद्वैतवाद में निर्भर है। बात बात में निरञ्जन निराकार कहते रहते हैं, श्रुतिवाक्यों के आधार पर यह कहना अनुचित नहीं हैं, विद्वानों के लिखे शास्त्रों के आधार पर दृढ़ हुई बात को कहते ही रहेंगे, इतमें जल्दी से एकत्वदृष्टि समत्वदृष्टि अविभक्त-त्वदृष्टि सर्वमीश्वरमयदृष्टि व्यापृत होती रहती है। रागद्वेषादिनिवृत्ति तो शमदम उपरति तितिक्षा सन्तोष सद्गुरुसेवन विषयदोषदर्शन तत्त्वशास्त्रवाँचन आदि से वेदान्तवाक्यपरिशीलन से जरूर हो जाती है, उपनिषत् गीता व वेदान्तसूत्र अति उपयोगी हैं, उनके अभ्यास से अभ्यासी पावन हो जाता है, अपरविद्याएँ बहुत काम करती हैं, परब्रह्म अक्षरधाम प्राप्ति के लिये तो पराविद्या हि मुख्यसाधन है। पराविद्या के वाक्यों में से द्वैत, द्वैताऽद्वैत, विशिष्टाद्वैत, शुद्धाऽद्वैत, केवलाऽद्वैत, आचार्यों ने खींचे हैं, दृष्टिसृष्टि, सृष्टिदृष्टि, अजातदृष्टि, मिथ्यात्वदृष्टि, व्यावहारिकदृष्टि, सत्यदृष्टि, आदि निर्गलितार्थ बताये हैं। रामानुजाचार्य तथा रामानन्दाचार्य ने विशिष्टाद्वैतवाद् वर्णित किया है।

अयोध्यावासी श्रीरामानन्दाचार्य जीव माया ईश्वर तीन तत्त्व मानते हैं, भगवत्कृपा से तीन तत्व की समझ आती है। वेद और आगम-नारदागम इनको प्रमाण ही हैं। रामानन्दमते पंचीकरणप्रक्रिया से सर्वत्र भूतभौतिक होने से जहीं जो कुछ आछा-पतला ज्ञान होता है सभी सत्य है, रामानन्दस्वामी ने ब्रह्मसूत्रपर आनन्दभाष्य लिखा, रामानन्दभाष्य में भगवान् रामचन्द्रजी को पर तत्त्व परब्रह्म कहे हैं। सर्व सर्वात्मक है इसमें व्यासजी की सम्मति रक्खी है। पदार्थों में रामानुजाचार्यवत् रामानन्दाचार्य निर्भर हैं, भोक्ता जीव, भोग्य माया, ये दो ब्रह्म के शेष हैं, ब्रह्म शेषी श्रीराम हैं शेषी से शेष अलग नहीं पड़ते, विशिष्ट हो रहते हैं, तीनों की सत्ता कायमी है, श्रीराम ही चेतन अचेतन के अधिपति नियामक है, वही जगत् का उपादाननिमित्तकारण शेषद्वारा है, सीतापति श्रीरामचन्द्र विशिष्टाद्वैत परब्रह्म है, उपनिष-द्विद्याः श्रीसीता रामचरणों में वाचक होके सेवा करती हैं, रामचन्द्रजी साकेतधामाधिपति हैं, रामस्वरूप ध्येय है। श्रीरामतापनी उपनिषद् में श्रीराम को परब्रह्म करके गाये हैं, योगिजन जिसमें रमते हैं वह राम है, निर्विकल्प समाधि राम में लेते हैं, परमेश्वर का त्रिपात् नित्यविभूति आनन्दलोक अयोध्याधाम साकेतधाम आदि नाम से हैं ये अप्राकृतदिव्यविभूति के लोक हैं, सभीचीजें दिव्यविभूति की नित्य है, वह शुद्धसत्त्वमय है, विरजानदी के पार वह धाम है, उसमें अपराजिता पुरी है, अनेक प्रकार से सर्वत्र शृङ्गारित तेजस्वी रहती है, वहाँ बुद्धिनिर्मल सर्वप्रकाशा स्वप्रकाशा ही रहती है, इसका अयोध्यानाम है, अपराजिता नाम है वैकुण्ठ भी नाम है। अथर्ववेद में ब्रह्मपुरी अयोध्या कही है। वहाँ द्वारपाल दिव्यपार्षद दिव्यपार्षदानीयाँ हैं, श्रीशोभित दिव्यमहामण्डप है, उसमें सिंहासन है, उसमें सभी दिव्य साज-समाज-सामग्रीयाँ आयुध आभूषण आदि हैं, सीतोपनिषद में श्रीभूनीला सीतारूप देवीयाँ हैं, अनेकरूप धारिणी सीता है। भगवान् श्रीराम जग में आवें तब उनके सेवकवर्ग वैकुंठ भी भूमि पर आते हैं सेवते हैं,

साथ में चले भी जाते हैं। लक्ष्मण शेष है, भरत चक्रावतार है, शत्रुघ्न शंखावतार है, नित्यमुक्त भी आते आते हैं सेवते हैं, इस मत में भी मर्यादापुरुषोत्तम श्रीरामचन्द्रजी हैं, वासुदेव संकर्षण अनिरुद्ध प्रद्युम्न यह चतुर्व्यूह राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न नाम से प्रकट हैं, ज्ञानबल ऐश्वर्यवीर्य तेज शक्ति वाले हैं। राम में छ हैं, तीन में दो-दो हैं, भगवान् के कूर्म वाराह नृसिंह मत्स्य वामन आदि विभवावतार होते हैं। मर्यादा राम श्रीराम माने गये हैं, पशु राम आवेश माना गया है, साधु सभी स्वरूप माने गये हैं, हनुमानजी आदि नैष्ठिक यति अवतार शीलावतार माने गये हैं, तुलसीदास रामानन्दीय रामभक्त थे, उपासनानुसार मुक्ति प्राप्ति मानी है। अर्चावतार गाँव-गाव में चौरे में श्रीराममन्दिर में समग्र भारत में प्रतिष्ठित सीतारामलक्षण हैं, रामानन्दस्वामी साकार उपासक रामानन्दी बापु सब साकार उपासक हैं। अन्तर्यामी भगवान् राम है, उपद्रवों से रक्षक हनुमानजी हैं, अन्तर्यामी फलप्रदाता श्रीराम है। सीताजी स्वयं महामाया दिव्या है। भक्तों को मोक्षप्रदा है, बद्धजीव गुरुमन्त्र से कृपा से मुक्त होते हैं, मुक्त में से नित्यमुक्त में मिल जाते हैं। श्रीराम ने विभीषण को अभयदान दिया था, योगिजन सुषुम्णाद्वारा देवलोक तथा ब्रह्मलोक में जाते हैं। विरजा को पार कर श्रीराम की दिव्यसभा में जाते हैं, रामानन्द व कबीर के शिष्य हंस होके अविनाशी लोक में अनन्तकाल श्रीराम का आनन्द लूटते हैं, वहाँ आनन्द के अब्धि हैं, वहाँ दिव्य देहवाले अनन्तस्वरूपधारनेवाले हंस नित्य मुक्त हैं, ये नित्यमुक्ता भगवत्संकल्प के साथ निज-संकल्प मिलाकर सेवते हैं। धाम में काल प्रभु नहीं होता, लीलाजगत् में असर करता है, जगत् माया के २४ तत्त्व वाला है। माया जड़ है जगत् में माया के शरीर हैं, धाम में शुद्ध सत्त्वमय शरीर हैं। कारण विशिष्ट राम है कार्य भी विशिष्ट राम है, कारण कार्य एक है सभी राममय है, इस प्रकार समझने से भक्ति बढ़ती है मोक्ष में जाना होता है, रामानन्द का विशिष्टाद्वैत है, रामानन्दीया निजसम्प्रदाय को श्रीसम्प्रदाय कहते हैं। गुरुपरम्परा सीतानाथ से रामानन्दाचार्यद्वारा मानते हैं। मन्त्र स्वतन्त्र हैं। श्रीरामायनमः, श्रीरामचरणं शरणं प्रपद्ये आदिक विभिन्न है॥

कबीर साहब तो श्रीराम में सुरति लगाने पर भाव भगति करने को कहते हैं, रामनामसिद्धि योग से राम योग होगा, षट्चक्र वेधोगे तो ब्रह्म योग होगा, उलटे पवन द्वारा षट्चक्रवेधन करके मेरुदण्ड का सिरा में सुन्नि में प्रवेशने से सारा आकाश पुष्पित सुगन्धित हो उठता है, परमज्योति के प्रकाश में अनन्ततारों और बिजली की चमककासा अनुभव होता है, अनहद नाद सुनाता है, तब बेहद में जाना होता है, उस प्रकाश को अनन्त परब्रह्म का तेज कहा है, उस निराकार में मन अमनस्क हो जाता है, आतमराम प्रेमभक्ति में झूलता है, अमृतरसपीता है शाश्वत आनन्द मीलता है, वासना मिटती है, आन्तर ज्योत से जगत् समग्र प्रकाशमय दीखता है, सहजहरिलीला प्रत्यक्ष दीखती है, कबीर साहब ने कहा है—यह अवस्था अखण्डित राम के आतमलीन की सहजसमाधि है।

इस समाधि मिलाने के लिये भगत लोग जग्याएँ में भक्ति करते हैं सारे भारत में रामानन्दीय श्रीराम की व कबीर की जग्याएँ हैं, राम की मूर्तियाँ हैं, साकार उपासना है। सखी भक्ति की उपासना ज्यादातर है, परमेश्वर एक पुरुष हैं, बाकी सब आतमाएँ सखीयाँ हैं, सखी भक्ति से अपार प्रेम होता है, प्रेम से सोऽहं हंस हो जाता है। परब्रह्म की सुरता शबल ब्रह्म में आती है उसकी सुरता जहाँ-जहाँ आती है वहाँ-वहाँ भगत सखीयाँ बनबन कर उनका पति ब्रह्म की सेवा करके निराकार निरंजन ब्रह्मलोक में पहुँचना हो जाता है। देशभेद से सगुण साकार श्रीसीताराम के भक्त, निर्गुण निरंजन निराकार में जाने का वायदा करते हैं। रामानन्दजी का जो श्रीसम्प्रदाय साकार प्राप्ति का है, वह कबीर की शाखाओं

में रामसखीयाँ होते-होते आत्मा सो परमात्मा में लीनता का अन्त में पहूँचते हैं। बाहर की रामसेवा भक्ति, अन्दर की आत्मभगति सुरता, तब ऊर्ध्व जाते ब्रह्मरन्ध्र से प्रकाश में जाना ब्रह्मप्रकाश में ब्रह्मानन्द में तल्लीन हो जाना पर्यवसान माना है, यह सभी ने माना ऐसा नहीं है, जहाँ जिस काफले का ज्ञान मिलने लगा वहाँ बिभिन्न मत से साकार से निराकार में सखा से सखी रूप में एकता से अद्वैतरूप में हो जाने के प्रसंग खड़े हो गये हैं। जैसी उपासना वैसी प्राप्ति, इस प्रकार से एक ही मत में अनेक पन्थ निकल पड़े हैं। किन्तु साकार जैसा सुख नहीं है। इस प्रकार सम्प्रदाय के अंगों के परिवर्तन हो जाते हैं॥ उपासक को सोचकर भजना चाहिए, जिसमें प्रीति उसे भजना॥ भावनानुसार भगवान् पाये जायँगे॥

पञ्चरात्रागम-रामानुज सम्प्रदाय

पं० रामशरणशास्त्री वेदान्तभूषण

द्रविडी, बेंकाक

आत्मा माया ईश्वर तत्त्वत्रय तो अनादिकाल से है ही, श्रुतियाँ तीनों का प्रतिपादन नित्यत्वेन करती हैं, 'सर्वं खल्विदं ब्रह्म' इसके अनुसार माया तथा आत्माओं की ईश्वरसत्ताधीन व्याप्य सत्ता है, ब्रह्म में दोनों आश्रित है, शरीर हैं, पराधीन हैं, श्रुतिमूलक तर्क प्रमाण है, अन्यथा नहीं, माया प्रकृति है माया नियन्ता परमात्मा है, माया परमात्मा की शक्ति भी है, ब्रह्म में रहे माया व आत्मा में अवस्थाएँ बदलती हैं, परिणामाऽवस्था हुआ करेगी, ब्रह्म का अचिदंश माया विशिष्टस्वरूपा जगद्रूप से होती है, सत्कार्य है। ईश्वर सर्वशक्तिमान् हैं अघटित घटना समर्थ है, उसमें दोष कोई नहीं होता, गुणरूप ही होता है। ब्रह्म में सजातीय समान का भेद, विजातीय विषय का भेद नहीं है, स्वागतभेद तो है ही, सगुण है। रामानुज मत में जगत् तथा ईश्वर दोनों सत्य है, सगुण साकार ब्रह्म उपास्य है, शक्तिमत् है, व्यापक है, स्वेच्छा से नानाविध संसार को सर्जता है, चिज्जीवात्मा, अचिन्माया दोनों से सम्बद्ध विशिष्ट सजातीय विजातीय भेदरहितं विशिष्टं ब्रह्म विशिष्टाद्वैत कहाता है, नानात्व निषेध तो विषयों की स्वतन्त्र स्थिति का है, अतः सर्वमेव ज्ञानं सत्यमिति रामानुज सिद्धान्त से सत्ख्याति भी प्रसिद्ध है। रज्जुसर्पज्ञान में भी तेज जल पृथिवी अन्धकार तत्त्वों की वहाँ हाजरी है वे स्वरूप से ही दीखते हैं। निर्गुणत्व वर्णन तो मायिक गुणरहित तत्त्वपरक समझना। शरीर के विकार जीव को नहीं हैं वैसे माया व जीवात्मा की अवस्थाएँ शरीरी में नहीं है, शरीरी निर्विकारी है, नियामक अन्तर्यामी साक्षी है, वास्तविक स्वरूप ब्रह्म अपरिणामी है, विक्रिया रहित है। जीव ईश्वर माया के भेद तथा तत्त्वों के भेद कायमी हैं। रामानुजमते अभेद मुख्य है भेद गौण है, आत्माऽणु है, ज्ञाता आत्मा चिद्रूप है, ज्ञान तो आत्मधर्म है, अणुजीव ज्ञानशक्ति से शरीर को चेतता है, कर्मज्ञान से भक्ति उदय होता है, निष्काम कर्मद्वारा बोध से भक्ति ततः मुक्ति होती है। भक्ति व प्रपत्ति से प्रसन्न परमात्मा मोक्ष में रखते हैं, मुक्ति में परमात्मा के समान होता है सब आनन्द भोगता है सशरीरी दिव्यशरीरी होता है, परमात्मा में नियामकपना ही अधिक है। मायावी को स्वमाया पराभव नहीं करती, माया ब्रह्म को पराभूत नहीं करती, त्रिगुणमयी है, वह भक्तिवाले के पास निर्गुणा भी बन जाती है, उसको अत्यर्थप्रीति दर्शन समानाकार निरन्तर स्मरणरूप भक्ति से मुक्ति मिलती है, माया अमाया हो जाती है। पंचीकरण प्रक्रिया से सर्वत्र सर्वांश भूतांश होने से ज्ञान भी यथार्थ ही होता है। रामानुजभाष्ये नारायणस्य वैशिष्ट्यं वासुदेवस्य विष्णोरिति चाऽस्ति। सर्व सर्वात्मक होने से सत्ख्याति मुख्य है। धर्मि द्रव्य प्रधान है, अद्रव्य जो सत्त्व रजः तमः शब्द स्पर्श रूप रस गन्ध शक्ति व संयोग का आधार द्रव्य है। बुद्धिः सात्त्विकी, प्रकृति काल जडद्रव्य है, पराक् चेतन द्रव्य नित्य विभूति और धर्मभूत ज्ञान है, प्रत्यक् चेतन भी जीव ईश्वर है, भोक्ता भोग्यं प्रेरिता च तीनों द्रव्य नित्य संयुक्त हैं, परमेश्वर निमित्त उपादान कारण है, साकार विविध शक्तिशाली समाभ्यधिक रहित सर्वगत सर्वज्ञ त्रिविध परिच्छेदरहित सर्वाराध्य चेतनाऽचेतनशरीरी भवति, स नारायण विष्णु वासुदेव है। नित्यविभूतिः त्रिपाद्

विभूति अप्राकृतलोकः वैकुण्ठ लोक उसके धाम के नाम हैं। प्रकृति से पर है, प्रकृति ब्रह्मलोक के मध्य विरजा नहीं है, उसे तैर के भगवल्लोक में जाना होता है, वैकुण्ठ लोक में वैकुण्ठपुरी है, उसमें महामण्डप है, सिंहासन है, शेषपर्यंक है, पर्यंक में भगवान् नारायण श्री भूलीला देवीसहित विराजते हैं। उपकरण—कौस्तुभ श्रीवत्स गदा पाञ्चजन्य शार्ङ्गधनुः कौमोदकी तदावरक चक्र शर वनमाला ये सब क्रमशः पुरुष प्रकृति महत् सात्त्विकाहंकार ज्ञान अज्ञान मन दशेन्द्रिय श्रीनारायण को सेवते हैं। परम पुरुष देवी आभूषण आयुध सहित अवतरते हैं, धामगमनक्षणे साथ ले जाते हैं। वैकुण्ठ अवतरता है मुक्तों भी अवतरते हैं।

भगवान्—पर, व्यूह, विभव, अन्तर्यामी, अर्चा, अवतार होते हैं। वही परवासुदेव अपरवासुदेव-रूपद्वारा ऐश्वर्यवीर्यगुणयुक्त मन के अधिष्ठाता प्रद्युम्न होते हैं, तथा शक्तितेजगुणयुक्त अहंकार के अधिष्ठाता अनिरुद्ध होते हैं, तथा ज्ञानबलगुणयुक्त जीव के अधिष्ठाता संकर्षण होते हैं, तीन कीं उपासना ऊपर वासुदेव में होती है, तब परवासुदेव की प्राप्ति होती है। परब्रह्म परमात्मा पर है। छः गुण मुख्य—गौण सभी में हैं॥

व्यूह—वासुदेव प्रद्युम्न संकर्षण अनिरुद्ध ये चार व्यूह हैं।

विभव—सजातीय प्राकट्यवाले विभवावतार कहाते हैं, कूर्म, वराह, नृसिंह, वामन, परशुराम श्रीराम बलभद्र श्रीकृष्ण आदि विभव हैं। इनमें मर्यादापुरुषोत्तम श्रीराम है, लीलापुरुषोत्तम श्रीकृष्ण है। जैसी ध्यान उपासना भक्ति वैसी प्राप्ति होती है। वृन्दावनादि धाम में भी दिव्य है। भाष्यकार सभी विभवभक्त हैं वे उपास्य इष्टभगवान में श्रुतियों के समन्वय करते हैं।

अन्तर्यामी—सभी के अन्तः स्थित हो के शासक स्वरूप है, भगवान् भक्त जीव को कर्मानुसार ध्यान में हृदय में साक्षिरूप में रहकर सुखदुःखादि अनुभव कराते हैं, भगवान् निर्लेप हैं। अन्तर्यामी सभी में है मूर्तियाँ में भी वही है, श्रीरामानुजाचार्यजी अन्तर्यामी को पुण्डरीकाक्ष कहते हैं, बोधायनवृत्ति श्रीरामानुजभाष्य विशिष्टाद्वैतपरायण है।

अर्चाऽवतारः—प्रतिष्ठित प्रतिमा स्वरूप है, कल्याणदेवस्य सन्निधौ अर्चावतारो बलभद्रोऽभूत्, प्राणप्रतिष्ठा भक्तैकाग्रता भगवन्निवास कराते हैं। मूर्तिका आभिरूप्य होना चाहिए।

आवेशाऽवतार भी कहीं पशुराम आदि को आचार्य को गुरु सद्गुरु को कहें हैं।

स्वरूपाऽवतार—सभी सन्त को कहे हैं, इनके सम्प्रदाय हैं।

सम्प्रदाय—उपदेश आचार्य सद्गुरु मन्त्र शिष्य समुदाय दीक्षा मन्दिर मूर्तियाँ शास्त्र उपासना व्रत नियम नियतवेष जयन्ती उत्सव कथापारायण दैहिक आध्यात्मिक समर्पण शरणागति प्रपत्ति पुण्ड्रादि चिह्न यम नियम ध्यान मनन सत्संग ताजीकरण में जोन्दा रहता है तथा बढ़ता जाता है। वर्तमानसमय में तो ज्यादेतर मानव मन्दिर धन साधुवंश पर महत्ताको गौरवता को विशालता को भजता है। संघ में शक्ति सम्प्रदायशक्ति है।

जीवात्मा भोक्ता है—नित्य ज्ञाता ज्ञानाश्रय कर्ता भगवच्छरीर भगवदधीन स्वप्रकाश अणु प्रतिशरीरभिन्न असंख्य हैं। जीव में तीन प्रकार लगाये है। १ नित्यमुक्त, २ बद्ध, ३ मुक्त। नित्यमुक्त दिव्य हैं भगवत्संकल्पमय हैं धामवासी नित्यसूरि हैं भगवदिच्छा से अवतरते हैं। कर्मबन्धनवाले संसारी बद्ध हैं। पुनर्जन्म में न आवें वे मुक्त कहाते हैं। आतिवाहित देवताएँ मुक्तों का सम्मान करती हैं। भगवान् के अंक में बैठते ही गुणाष्टकवाले होके दिव्यसारूप्य में यथेष्ट स्वरूपधारी सर्वकाम परिपूर्ण भोगते हैं। आनन्द रस धारा को भोगते हैं।

परिदृश्यमान जगत् जड है भोग्य है मायिक तत्त्वमय है, बद्धजीव भोगता है। काल भगवान् की शक्ति है नित्य द्रव्य है, भगवान् का नाम भी काल है, भगवान् की लीला का साधन है, लीलाविभूति में कालनामक शक्ति को आगे रख के भगवान् लीला करते रहते हैं। काल जागता रहता है। धाम में काल नहीं काम करता। १ माया, २ महत्तत्त्व, ३ अहंकार, ४ मनः, ५ श्रोत्र, ६ त्वक्, ७ चक्षु, ८ रसना, ९ घ्राण, १० वाक्, ११ हाथ, १२ पग, १३ पायु, १४ उपस्थ योनि, १५ शब्दतन्मात्रा, १६ स्पर्श, १७ रूप, १८ रस, १९ गन्ध, २० आकाश, २१ वायु, २२ तेज, २३ जल, २४ पृथिवी, २५ जीवात्मा, २६ परमात्मा, इतने तत्त्व हैं, काल प्रकृति आदि गीने हैं, गुण भी गीने हैं। इनकी भी गिनती अधिक हैं। काल, तीन गुण संयोग शक्ति, शब्दादि गुण मानने चाहिए। प्राण भी तत्त्व मानना ही होगा, प्रसिद्ध है। बुद्धि की अवस्थाएँ इच्छा आदि हैं।

सूक्ष्म चित् अचित् विशिष्ट ब्रह्म कारण है, स्थूल चित् अचित् विशिष्ट ब्रह्म कार्य है, दोंनों ब्रह्म एक हैं, विशिष्टाद्वैत एक है। भगवान् संकल्प से निमित्त कारण हैं, शेषों से उपादान कारण हैं, काल से सहकारी भी बनते हैं, श्रीं नारायण ने श्री लक्ष्मी से विशिष्ट अद्वैत स्वरूप का उपदेश दिया; अनादि सृष्टि से यह उपदेश चला आता है, श्री रामानुजाचार्य आदिक इसकी ताजगी करते हैं॥ सब शब्द शरीर विशिष्ट परमात्मवाचक हैं, सब विशिष्टाऽद्वैत रूप से 'एकमेवाऽद्वितीयं ब्रह्म' है। 'अहं ब्रह्मास्मि' ब्रह्मतनु अस्मि ज्ञान मोक्षोपयोगी है, भक्ति से प्रपत्ति आरात् उपकारक हैं। पार्षद या पार्षदानी बनने में भगवदिच्छा सहित स्वेच्छा या स्वेच्छा सहित भगवदिच्छा हेतु है। सेवा से भगवान् का दिव्य आनन्द लेते रहना मुक्ति है। अनेक रूप धारना बड़ा सायर्थ्य है।

सामवेद, पंचरात्रागम, श्रीस्वामिनारायणसम्प्रदाय

पं० हरिशरण द्विवेदी शास्त्राचार्य, वेदान्तशास्त्री

पटना

सभी सम्प्रदाय वेद आगम आदि से प्रकट हुए माने जाते हैं, परब्रह्म अवतारी के अवतार से अनन्य भक्त का उपदेश मिलने में विशिष्टाद्वैत शुद्धाद्वैत द्वैताऽद्वैत द्वैत व अद्वैत-केवलाऽद्वैत संक्षिप्त परिचायक शब्द समग्र सृष्टिरूप कार्य में कारणमय प्रभु के ज्ञान का फैलावा से सम्प्रदाय परिचित होता है, ज्ञान में अज्ञान के स्वरूप विवेचन से भी सत् ख्याति असत्ख्याति अन्यथाख्यति अनिर्वचनीय मिथ्यात्व-ख्याति आत्मख्याति शून्यत्व परिचिति क्षणिकत्वादि परिचितियाँ भी विद्वानों ने संक्षिप्त में कह कर उन पर सिद्धान्ती ग्रन्थ रचे हैं।

श्री स्वामिनारायण सम्प्रदाय को, सरयूपारीण पाण्डे विप्र धर्मशर्मा के घर भक्तिदेवी में अवतारी परब्रह्म स्वयं प्रकट होके वनवास के बाद सौराष्ट्र महागूजरात में स्थापित करनेवाले हैं, उन्होंने सामवेद की मीलती संहिताएँ नारदपंचरात्र की प्राप्त संहिताएँ श्री मद्भागवत गीता ब्रह्मसूत्र आदि के तात्पर्यानुसार पारम्परिक विशिष्टाद्वैत ज्ञान को ही मुख्य आधार में रख कर तथा वैष्णव रीतियों को पोषण देके साम्प्रदायिक धर्म कर्म दीक्षा आचार्य जाप यज्ञ मन्दिर २४ अवतारों की पूजा शंकर ब्रह्मा विष्णु हनुमान् गणपति पार्वती सती लक्ष्मी महालक्ष्मी गायत्री सावित्री सूर्य आदि को मन्दिरों में प्रतिष्ठा-पित करके त्रिवर्ण में ब्रह्मचारी सन्त शीलव्रत की दीक्षा त्यागाश्रम प्रवर्तायें हैं, वर्ण आश्रम के धर्म योग के अष्टांग सांख्य का ज्ञान जैमिनि का यज्ञ यागादि वेदान्त का व्याससूत्र उपनिषदादि तथा महाभारत रामायण १८ पुराण २१ स्मृतिशास्त्र और भी लोकहितकर प्रवर्तित किये हैं, स्नान सन्ध्यादि षट्कर्म चालू रक्खे हैं, आत्मनिवेदीभक्ति चातुर्मास्य के नियम व्रत उत्सव महोत्सव जयन्ती आदि आदि प्रपोषित किये हैं, साकार सगुण स्वयं दिव्य सुमूर्त ही भगवान् आनन्दघन मूर्ति ब्रह्मलोक में है, अनन्त मुक्त सेवा में है, ब्रह्मधाम भी व्यापक प्रकाशरूप में ब्रह्मलोक तथा सुमूर्त स्वरूप में अक्षर ब्रह्मधाम सेवकरूप में वहाँ है, अनन्त शक्तियाँ भगवान् की सेवा में हैं, असंख्य आयुध उपकरण गुण ऐश्वर्य सभी सुमूर्त प्रकाशधर्म पुरुष पुरुषोत्तम की सेवा में हैं।

जब पृथिवी में पधारते हैं तब स्वयं स्वधाम स्वपार्षद स्वैश्वर्यादि स्वशक्तियों सहित पधारते हैं, तब ईश्वरसमूह ऐश्वर्यघन तथा जीव योगि यति मुनि समूह ज्ञानघन सुमूर्त सेवा के लिये पितृ ऋषि देव मानव आदि पधारते हैं।

ब्रह्मा की आवरदा के ३३ के वर्ष में ज्वालारुणाचल के वह्निरसों से दंदह्यमान स्वामीनगर व प्रजा की रक्षा के लिये अनादि श्री स्वामिनीसहित, अनादि श्री स्वामिनारायण नाम के अवतारी परब्रह्म का प्राकट्य हुआ था, उसके बाद वाराहकल्प में सप्त मन्वन्तर के २८ तम कलि में पाँच हजार वर्ष बीतने पर धर्मपुत्र श्री स्वामिनारायण अवतारी महापुरुषोत्तम ब्रह्मशील पुरुषोत्तम प्रकट हुए हैं, इन्होंने श्री नरनारायण भगवान् द्वारा प्राकट्य लिया। विशिष्टाद्वैत स्वीकार किया, किन्तु जीव माया ईश्वर को



श्री[कृष्णवल्लभाचार्यजो महाराज ने आजीवन भक्ति के लिये प्रतिष्ठापित सभी अवतार पञ्चायतन देवदेवीयाँ चतुर्व्यूह सृष्टीश्वर दिक्पाल गायत्री सरस्वतो आदि के अवतारो मंडल की सेवा में निज समर्पित स्थिति ॥

स्वीकार करते हुए भी जीव ईश्वर माया ब्रह्म परब्रह्म पाँच तत्त्व स्वीकार किये, जीवात्माएँ ज्ञानघन स्वरूप हैं, ईश्वर वैराजादि ऐश्वर्यघन प्रधानपुरुष पर्यन्त हैं। माया तमोघन आश्चर्यकरी तीन गुणवाली (तमोघन) या रजोघन है। माया के २४ तत्त्व हैं। ब्रह्म स्वयं अक्षर ब्रह्म तथा वहाँ के मुक्त प्रकाशघन हैं। परब्रह्म आनन्दघन हैं। ये तत्त्व मुख्य हैं। दर्शनशास्त्र की प्रक्रियानुसार, द्रव्याणि परब्रह्म, ब्रह्म, मुक्त, अवतार, धाम माया ईश्वर जीव प्रधान महत्तत्त्व चित्त अहंकार मन ५ तन्मात्राएँ दश इन्द्रियाँ दस या पाँच प्राण पाँच भूत, ये द्रव्य में लिये हैं। द्रव्यगुण पदार्थ—सत्त्व रज तम ज्ञान कामना चमत्कार धर्म अधर्म प्रीति आकर्षण उपासना आदिक लिये हैं। केवल गुणों में—रूप रस गन्ध स्पर्श संख्या परिमाण पृथक्त्व संयोग तादात्म्य विभाग परत्व अपरत्व गुरुत्व द्रवत्व स्निग्धत्व शब्द सुख दुःख इच्छा द्वेष प्रयत्न संस्कार शक्ति स्थैर्य गीने हैं। कर्म—क्रिया—स्पन्द कम्प गति आस्फोटनलीनीकरण आदि हैं। जाति—साजात्य वैजात्य सामान्य अवान्तर उपाधि आदिक माने हैं। विशेष—सौलक्षण्यं वैलक्षण्यं व्यावर्तकत्व तत्त्वत्व हैं। सम्बन्ध—तादात्म्य सुयोज्यत्व संसिद्धत्व वृत्तित्व स्वरूप वैशिष्ट्य समवाय पर्याप्ति ये सब हैं। अभाव—प्रागभाव प्रध्वंसाभाव अन्योन्याभाव अत्यन्ताभाव अचिराभाव हैं ये पदार्थ निजमुखसे कहीं कहीं सुधासिन्धु में लिये हैं। यहाँ एकत्रित किये हैं।

एकान्तिकता—आत्मनिष्ठा धर्मनिष्ठा ज्ञाननिष्ठा भक्तिनिष्ठा स्वरूपनिष्ठा साधननिष्ठा तपोनिष्ठा स्वाध्यायनिष्ठा गुरूपसत्तिनिष्ठा सांख्यनिष्ठा योगनिष्ठा ब्रह्मनिष्ठा आदि प्रतिपादित हैं। धर्म अर्थ काम मोक्ष चार पुरुषार्थ कहे हैं। प्रमाण-विपर्यय विकल्प निद्रा स्मृति ये वृत्तियाँ भी कही हैं। सूक्ष्म मध्यम स्थूलाऽवस्था कही हैं। विक्षेप विघ्न उपाधि भी कहे हैं। प्राकृत वैकृत दानदक्षिणा ये तीन बन्धन भी कहे हैं। ऊर्ध्वगति अधोगति कही हैं। साम दान भेद दण्ड उपाय कहे हैं। कर्म प्रारब्ध सञ्चित क्रियमाण तीन कहे हैं। चार आश्रम चार वर्ण उनके सदाचार कहे हैं। शुद्धि मिथ्यात्व जन्म मरण विकार परिणाम विवर्त काल दिग् दुर्गुण दोष गुण भी कहे हैं। यथार्थज्ञान अयथार्थज्ञान प्रत्यक्ष अनुमान उपमान शाब्दबोध अर्थापत्ति अनुपलब्धि संभव ऐतिह्य चेष्टा सामान्यज्ञान प्रमा अप्रमा भ्रम तर्क स्मरण अन्वय व्यतिरेक व्याप्ति सद्धेतु फल, कथा वाद सिद्धान्त कामना चमत्कार अनुष्ठान दृष्टान्त प्रतिज्ञा हेतु उदाहरण उपनयन निगमन निग्रहस्थान जातिस्थान भी कहे हैं। मानवस्वरूप अवतारस्वरूप के मूल पुरुषोत्तम का स्वरूप दिव्य जो आत्मतत्त्व आनन्दघन शक्तिसंभृत एक ही तत्त्व दिव्य मूर्ति है, मुक्तों की प्रकाशघन ईश्वरों की ऐश्वर्यघन मूर्तियाँ हैं, विभूतिघन की आवश्यकता नहीं रहती, अक्षरधाम में सारूप्यमुक्ति कही है। प्रेमसेवा प्रपत्ति साधन हैं। अक्षरधाम में भगवत्समान दिव्यसरूपाकारा विद्यन्ते। श्रीस्वामिनारायण सम्प्रदाय के हार्दज्ञान के लिये, नित्यानन्दपण्डितरचित श्रीहरिदिग्विजय ग्रन्थ में तथा शतानन्दरचित हरिवाक्यसुधासिन्धु ग्रन्थ में तथा शुकानन्दरचित सत्संगिजीवन व शिक्षापत्री ग्रन्थ में पूर्ण मिलेंगे। वर्तमान समय में श्रीकृष्णवल्लभाचार्यजी के ग्रन्थ तत्त्वमुक्तावली-न्याय, ब्रह्मरसायनभाष्य-वेदान्त, श्रुतितात्पर्य-निर्णय-सिद्धान्त, सुधासिन्धुसारसन्दोहन, आदि आदि मार्मिक ग्रन्थ साम्प्रदायिक रहस्य जानने के लिये खूब उपयोगी है। मुक्ति के लिए 'अखिलभूमण्डलीयसाम्प्रदायिकमुक्तिव्यवस्था' 'गुणातीतब्रह्मोपनिषत्' 'प्रमात्वविमर्श' 'ख्यातिविमर्श' 'साकारत्वविमर्श' 'श्रीहरिस्वरूपनिर्णय' का सत्संगभाष्य अवलोकनार्ह है। पण्डितों को उपयोगी हैं।

ज्ञान भक्ति उपासना ध्यान स्मृति सेवानुसन्धान एक ही साधन पदार्थ में प्रयुक्त होते हैं, उपासना दर्शनसमानाकार प्रेमस्मरणसन्तान होते रहना चाहिए, स्वप्न में भी होना चाहिए, सगुणसाकार सुरूप दिव्य मूर्ति की उपासना ही करना, आतिवाहिक देवताएँ भी अक्षरमुक्त आते हैं धाम में ले जाते हैं।

अनादि श्रीकृष्णनारायण परब्रह्मपुरुषोत्तम के शरण में चरणों में रहना सेवना मुक्ति ही है। स्वरूपाविर्भाव आत्मचेतन ही भगवन्मूर्ति में प्रवेश करके समान सरूप हो जाता है, मुक्त अक्षर व परब्रह्म के स्वरूपों में एकमात्रामात्र भी विषमता नहीं हैं यह मुख्य सिद्धान्त है। भक्ति मुख्य साधन हैं मोक्ष में विरोधी को हठाती हैं स्वयं में मूर्ति बनती है भक्त को निरावरण सेवा में पहुँचाती है। विद्वद् दृष्टि से ब्रह्मसूत्र उपनिषद् गीता आदि पर भाष्य हैं, उपयोग लेने से खुलता हृदय हाथ में लगता है। काशीजी में श्रीस्वामिनारायण मन्दिर है विद्वान् गण इससे मार्क्स कर सकते हैं, संस्कृत ग्रन्थ भी विद्याविलास प्रेस औरियन्टलिया में मिलते हैं। उस पर से भी वैदिक सम्प्रदायपना का सार खींच सकते हैं। बहुत मर्म-विवेचन सम्प्रदाय पिण्ड में प्राप्त होगा।

इनके तत्त्वों के अनुसार जीव ईश्वर मायाविशिष्ट ब्रह्म है, ब्रह्म विशिष्ट परब्रह्म है इस प्रकार विशिष्ट ब्रह्माद्वैत या सर्व विशिष्ट ब्रह्म और ब्रह्म विशिष्ट परब्रह्म यह बात अर्थात् स्वीकारना पड़ता है। शुक्ति रजतवृत्ति मिलने से सत्समुच्चय ख्याति लग जाती है। आत्मा में परमात्मा सूक्ष्म साकार मूर्ति होने से आत्मा भी तदनुरूप साकार ही रहता है। मुक्ति में भी साकार ही है।

वेद-उपनिषत्-शांकरसम्प्रदाय

श्री धर्मानन्द स्वामी न्यायव्याकरणाचार्य, वेदान्ताचार्य

डिब्रूगढ, आसाम

वेदों में निराकार निर्गुण निर्धर्मक सत् सत्तामात्र नित्यज्ञान द्रव्य व्यापक एक ब्रह्म ही कहा है। ब्रह्म से अतिरिक आविद्यक संसार ईश्वर मायाजीव जड़ात्मक मिथ्या है, त्रिकाल में बाध्य है, ब्रह्मभिन्न सभी बाध्य होने से उनकी ज्ञप्ति उपासना गीनती आदि कुछ मत करना, निराकार में से शुद्धसत्त्वग्रहण करके हिरण्यगर्भ ईश्वर प्रथम साकार सगुण हुआ, वैराज़नारायण नरनारायण लक्ष्मीनारायण श्रीकृष्ण-नारायण सभी सगुण हुए वे सृष्टि के अन्त में निर्गुण निराकार मे चले जायँगे, इनको भज के सगुण मोक्ष में जाके तब निर्गुण मोक्ष में जाना, शम दम उपरति तितिक्षा 'अहं ब्रह्माऽस्मि' उपासना 'ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या' 'जीवो ब्रह्मैव' आदि ज्ञान से मोक्ष होगा, सगुण की भक्ति है अतः भक्ति ज्ञान का अंग है, मैं ब्रह्म हूँ यह ज्ञान ही आपको ब्रह्म बनायेगा, सगुणसृष्टि में सगुण नियम तो पालना ही पड़ेगा, निर्गुण ब्रह्म होने के लिये ज्ञान से अलावा कोई नियम नहीं है। ईश अवतार देव गुरु जीव शास्त्र विधि निषेध अविद्या के तत्त्व शरीर भोग्य स्वर्ग नरक धर्म अधर्म सभी मिथ्या है, ब्रह्म एक सत्य है 'ब्रह्माऽस्मि' ज्ञान से वे मिथ्या सब उड़ जायँगे, आत्मा ब्रह्म आविर्भूत होगा, यही मुक्ति है, उसको न धाम है न सेवा है न सुख लेने का है, आकाश की तरह चिदाकाश ब्रह्म है उसमें मिल जाना मोक्ष है, बाकी तो प्रधान पुरुष तक सगुण वासुदेव या नारायण तक सभी अनित्य है। ईश्वरों की अवतारों की भावना अर्चा आदि करना, उनके पास जाने की उत्कंठा नहीं रखना, ब्रह्म होने की उत्कण्ठा रखना। नित्य शुद्ध बुद्ध मुक्तस्वभाव नित्यज्ञान प्रकाशात्मक ब्रह्म है, दोरडी में सर्प दीखता है वह ज्ञान का विवर्त है संसार दीखता है विवर्त है, ब्रह्म सत्यज्ञान होने से विवर्त उड़ जायगा, दीखती चीजें भी लीन हो जायगी, प्रतिजीव अविद्या अन्तःकरण एक-एक है, विद्या उपजने से अविद्या अन्तःकरण मिट जायँगे। यदि सगुणब्रह्म उपासेंगे तो स्वर्गादि उत्तर स्थलों में जाना होगा, निर्गुण सगुण दोनों उपासेंगे तो विदेह कैवल्य लेके ब्रह्म होना होगा, निर्गुण ब्रह्ममात्र उपासेंगे तो तुरन्त ब्रह्म होना होगा। अविद्याकृत देहादि सगुणाऽध्यास समाप्त होते ही विद्यावृत्ति फल को ब्रह्म को दीखला के लीन होयेगी आत्मा ब्रह्म है यही मुक्ति है। तेरा मत ठीक नहीं, मेरा मत ठीक है, इसमें तो शब्द संग्राम में जींदगी चली जाती हैं, ब्रह्म होना बाकी रह जाता है। प्रत्यग् आत्मा ब्रह्म है, 'अब्रह्मदृष्टिर्नाशनीया ब्रह्मदृष्टिः कर्तव्या' यह वेदान्त का सारार्थ है। संसारी जगत् संसारो व्यवहार के लिये सत् है। माया सत् नहीं है क्योंकि अन्त में बाधित होती है, माया असत् नहीं है क्योंकि हाल में सत्य उपयोग होता है। माया सत् असत् मिश्रित नहीं हैं, एकत्र दोनों विरोधी मिलने पर मूलतत्त्व उड़ जाता है। अत अनिर्वचनीय है, यह एक परिचायक नया नाम लगाया, ब्रह्म का अविद्या में प्रतिबिम्ब ईश्वर जीव हैं अविद्या उड़ जाने से प्रतिबिम्ब उड़ गया, बिम्ब ही ब्रह्म रह गया, वही मैं हूँ, ऐसा शांकरमत से समझना। जीव के विषय में 'परब्रह्म प्रतिबिम्ब जीव है, शुद्धसत्त्वमाया में चित्प्रतिबिम्ब ईश्वर है, मलिनाऽविद्या में चित्प्रतिबिम्ब जीव है, किम्वा आविद्योपाधिक जीव है, कार्योपाधि जीव है कारणोपाधि ईश्वर है, किम्वा बिम्ब ईश्वर है तो प्रतिबिम्ब जीव है तो बिम्बप्रतिबिम्बरहित ब्रह्म निर्गुण

निराकार है, घटाकाश भवनाकाश भूताकाश एक है तो देह चेतन ब्रह्माण्ड चेतन चिदाकाश ब्रह्म एक है। ब्रह्मात्मा अहंकारावच्छिन्नो जीव है, अज्ञानाश्रित चैतन्यं जीव है, सगुण ईश्वर जगदुपादान है, जीव तो कर्मभोक्ता है, अविद्या दोष है निमित्त है, माया ब्रह्म शक्ति है मगर ब्रह्मस्वरूप नहीं है, जगत् अविद्याद्वारा ब्रह्म का विवर्त है तो ब्रह्म शुद्ध हो बच जाते हैं। ब्रह्म सजातीय विजातीय स्वगत भेद रहित है, देवोपासना नास्तिक्य नहीं आने के लिये है, तुरीयावस्थं तुरीयातीतं च ब्रह्म, जीव ब्रह्मतदात्मक है भेद तो अज्ञानकृत है। विद्याद्वारा अविद्यालये ब्रह्मीभाव मुक्ति है। सच्चिदानन्दस्वरूप ब्रह्म है, नित्यं विज्ञानं ब्रह्म है, ज्ञानं मूल तत्त्व है, सत् स्वरूप आनन्द स्वरूप है स्वयंप्रकाश है सर्वप्रकाशक है, सर्वकल्पनाऽधिष्ठानभूता सर्व-विशेषरहित निर्गुण है अद्वितीय है, मुक्ति में आनन्दाभिव्यक्ति लोकोत्तर है, वेद पारमार्थिक सत्य नहीं है तो भी पारमार्थिक सत्यवस्तु को सूचित कर सकता है, वेदवाक्य प्रवाहरूप से नित्य है, वेद पूर्वसर्ग में थे उन्हें सगुण ईश्वर सम्भार कर ब्रह्मा आदिक को देते हैं, वेद से अतिसूक्ष्म तत्त्व की प्राप्ति होती है, अज्ञान जगत्प्रपंच का मूल है, अज्ञान चैतन्य से साक्षात् प्रकाशित होता है। 'अहं ब्रह्माऽस्मि' ज्ञान होने से 'अहं न ब्रह्माऽस्मि' यह अज्ञान निवृत्त होता है, सम्बन्ध भी निवृत्त होता है, जीव ईश्वर की उपाधि नष्ट होती है। जीव ब्रह्माऽभिन्न है यह सिद्धान्त आदर लेता है, ब्रह्मदर्शनं सर्वत्र समदर्शनं भेददर्शनतिरोधानं साक्षात्कार रूप है, परमपुरुषार्थो मोक्षो ब्रह्म सिद्ध ही हैं।

संन्यास के धर्म सभी त्याग भिक्षान्तभोजन मठ अरण्य में वास ब्रह्म में मग्नता स्थान के अबन्धन काषाय अंचल धारण लंगोट रखना विद्याचिन्तन ब्रह्मचिन्तन करना आश्रमवास करके उपदेश देना रागद्वेष शून्य रहना बसति का प्रसंग नहीं रखना भारत में विशेषकर सभी को शीलव्रत दिया है लिखाया भी है पलाया भी है अतः शील रखना नारीवर्ग का सहवास प्रसंग व्यवहार में नहीं रहना आदि-आदि धर्म ब्रह्मप्राप्ति में मददगार कहे हैं, वे पालते रहे तो मुक्ति में चले जाते हैं। त्यागी गृही की स्मृद्धि समान नहीं है। त्यागी की ऊर्ध्वगति है, गृही की निम्नगति है, गृही के लिये अनेक जन्म है, त्यागी के लिये अन्तिम जन्म है यह सोचना विचारना स्वकल्याण करना पर कल्याण करते जाना। हरिः ओं ब्रह्माऽस्मि जपते रहना। सभी सन्न्यास में सत् ब्रह्म में निज का न्यास दे देना मुख्य है॥

शैवागम—पाशुपतमत

श्री गुरुलिंगस्वामि न्यायाचार्य

जंगमवाडी, काशी

१. शैवागम-पाशुपत मत। १।

परब्रह्म शिवरूप में है, शिवजी के प्रतिपादक शास्त्र आगम है, वेदों के अर्थों का आगमन जिनमें हैं, वेदों के ज्ञान के लिये जिनकी प्रवृत्ति हुई है, वे आगम हैं, वेद स्वयं निःशेष ज्ञानमय है अतः निगम कहाता है, निगम आगम का ऐक्य है, परन्तु शिव परब्रह्म के लिये प्रधानतम होने से वे शैवागम कहे गये। शैवागम अट्ठाइस तमिल देश में प्रचलित थे, चालू युग में सर्वत्र प्रसिद्ध हैं। वे—'कामिक, योगज, चिन्त्य, कारण, अजित, दीप्त, सूक्ष्म, सहस्र, सुप्रभ, अंशुमत्, विजय, निश्वास, स्वायम्भुव, अनल, मार, रौरव, मकुट, विमल, चन्द्रज्ञान, बिम्ब, ललित, प्रोद्गीत, सिद्ध, सन्तान, सर्वोक्त, पारमेश्वर, किरण, वातूल' नाम से मुख्य हैं।

ये, शिव, जीव व माया को ले के प्रवृत्त हैं। शिव—परब्रह्म है। जीव पशु है। माया पाश बन्धन है। शिव की ज्ञक्ति भक्ति से बन्धन से छूट कर जीव मोक्ष में जाता है, जीव ही शिव हो जाता है। शिव पशुपति है।

इनका विस्तार छत्तीस पदार्थों में पर्याप्त गीना है। एक परब्रह्म शिव छत्तीस से परे सैंतीसवे हैं।

१-शुद्ध परब्रह्म शिव, २-अपरब्रह्म शिव, ३-शक्ति, ४-सदाशिव, ५-ईश्वर, ६-शुद्ध विद्या माया, ७-कला, ८-विद्या, ९-राग, १०-काल, ११-नियति, १२-पुरुष जीव, १३-प्रकृति, १४-महत्तत्त्व, १५-अहंकार, १६—चित्त, १७-मन, १८-श्रोत्र, १९-त्वक्, २०-चक्षु, २१-रसना २२-घ्राण, २३-वाक्, २४-हाथ, २५-पैर, २६-पायु, २७-उपस्थ-लिंग-भग, २८-शब्द, २९-स्पर्श, ३०-रूप. ३१-रस, ३२-गन्ध, तन्मात्राएँ, ३३-आकाश, ३४-वायु, ३५-तेज ३६-जल, ३७-पृथिवी ॥

ये सब मिलकर सृष्टिस्वरूप हैं। एक एक व्यक्ति में ३७ तत्त्व हैं। इनके गुण कर्म धर्म सम्बन्ध परिणाम आदि असंख्य हैं।

सर्जनकाल में परब्रह्मसे,-कौन, कैसे, क्यों, कीदृश, किससे, किमात्मक, कहाँतक हुए ?, इन विषयों पर विद्वान् अधिक से अधिक सप्रमाण प्रविष्ट हुए हैं।

इनमें १ पाशुपत दर्शन, २ सिद्धान्तशैवदर्शन, ये दो द्वैतवादी हुए। तीसरा ३ वीरशैवदर्शन—भेदाऽभेदवादी हुआ। चौथा ४ शैव विशिष्टाद्वैतदर्शन शक्तिविशिष्टाद्वैतवादी हुआ। पांचवाँ ५ लकुलीश-पाशुपत-दर्शन-द्वैताऽद्वैतवादी हुआ।

छठवाँ ६ नन्दिकेश्वरदर्शन
सातवाँ ७ रसेश्वरदर्शन
आठवाँ ८ प्रत्यभिज्ञान-कौलदर्शन

} ये तीन अद्वैतवादी हुए।

नववाँ ९ ब्रह्मेतरमिथ्यात्ववादी शांकरवेदान्त दर्शन केवलाद्वैतवादी हुआ। दशवाँ १० शाक्त-दर्शन—कालीवादी शक्त्यद्वैतवादी हुआ। वीरशैवदर्शन का अभिप्राय लिंगायत मत में प्रचलित हुआ है।

पाशुपत मत में—पति, पशु, और पाश, ये तीन होने से त्रैतवादी भी कहना अनुचित नहीं है। शिव और जीव भिन्न है, जीव शिव होता है तब अभेद है, क्योंकि शिव एक की सत्ता है, इस विचार से भेदाऽभेद कहना अनुचित नहीं है, जब शिवतादात्म्य मोक्ष माना जाय तब अभेद है, जब शिवसमानता मोक्ष माना जाय तब भेद है, अतः भेदाऽभेद भी कहा जा सकता है। पति, पशु और माया सृष्टिक्रम में भी हैं प्रलयक्रम में भी हैं।

पतिः—शिव पति है, ज्ञान क्रिया वाला है, नित्यमुक्त है, जीवों को लेके तत्त्वसहित मायाशक्ति शिव में अविभक्त समाविष्ट हो जाती है, वह परमशिव सिसृक्षासे तत्त्वों का प्राविर्भाव करता है। प्राणियों के कर्मानुसार भोग तथा मोक्ष के लिये वह सृष्टि, स्थिति, संहार, तिरोभाव, तथा अनुग्रह क्रिया करता है। वह व्यापक भी है, नित्य है, अखिलतत्त्वकारण भी है, ज्ञानक्रिया स्वभानवाला भी है, केवल पूर्णानन्दस्वभाव परमशिव है, इसका सिसृक्षा के लिये पहला स्पन्द ही इच्छाशक्तितत्त्व है, अहमिति उल्लसित है, इस इच्छाशक्ति में अनन्त अवभास विशेष चित्र विचित्र जगत् रहता है। वह शिव की ज्ञानशक्ति में स्थित है, शिव का बहुस्वरूपत्वमपि ज्ञानशक्ति द्वारा है। शक्ति अविनाभाव सम्बन्ध से रहती है, विश्व शिवशक्तिसमुद्भूत है, शिव, सर्वज्ञता तृप्ति अनादिबोध स्वतन्त्रता अलुप्तशक्तिता अनन्तशक्तिता, ये छ भगों के आश्रय है। इनके अनुग्रह से मोक्ष सालोक्य सार्ष्टि सारूप्य सायुज्य सामीप्यादि भावनानुसार होता है। शिव शाक्त शरीर से दिव्यसाकार है।

ईशानमस्तकः तत्पुरुषवक्त्रः अघोरहृदयः वामदेवगुह्यः सद्योजातपादः ईश्वरः साकार इति ॥

पशुः—पशु आत्मा जीव अनेक हैं, अनाद्यविद्यामल पाश है, जीव सब शिव में हैं, वे अग्नि के विस्फुलिङ्गों की तरह शिवांश हैं चैतन्यमय हैं वे मलावृत होने से संसारी बनता है, गुरुप्रदत्तशिवदीक्षा द्वारा निर्मल होके शिवात्मक बनता है, मुक्त होता है।

पाशः—पाश से बद्ध जीवात्मा पशु है, पशु के निग्रह अनुग्रह में समर्थ शिव पशुपति है, पाश-मल-बन्धन जीवों के अवरोधक हैं, मल-कर्म-तथा माया ये तीन मल हैं, बन्धन करते हैं फांसे में रखते हैं, किसी को एक है, किसी को दो हैं, किसी को तीनों हैं, क्रमशः विज्ञानकल प्रलयकल सकल तीन भेद के बद्ध जीवों को अनुग्रह से पति दीक्षित करके श्रवण मनन निदिध्यासन का अवसर देते है, **विज्ञानकल**वाले को विद्येश्वर पद में पहूँचाते हैं, **प्रलयकल** जीवों को भुवनाधीश या गणाधीश मन्त्रेश्वर भी बनाते हैं, **सकल** जीवों को देवता आदि में रखते हैं, उत्तरोत्तर उत्तम गति में भी जाते हैं। एक शिवशक्ति सूक्ष्मतमा तिरोधान शक्ति नामक शक्ति तीन मलों की प्रेरक है, वह भी सूक्ष्म पाश में मानी है। यह सूक्ष्मपाश, जीवात्मा को अज्ञात निजस्वरूप करता है, रज्जु पाश से आणव मायीय कार्मज भी बनता है, आणव मल से इच्छाशक्ति संकोच, मायीय मल से ज्ञानशक्ति संकोच, कार्मज मल से क्रियाशक्ति संकोच होते हैं, इससे शिवतदात्मक जीवात्माएँ अपूर्णता अल्पज्ञता कुण्ठितकर्तृता मानने लगते हैं। गुरुप्रदत्त शिवदीक्षा द्वारा जीव नदीसमुद्रन्याय से शिव होता है। स्वरूपद्वैत होने पर भी शिवता में वर्तता है। यह पाशुपत दर्शन का सिद्धान्तसार कहा।

२. **सिद्धान्तशैव दर्शन का अभिप्राय**—

यह पाशुपत द्वैतवादी है, किन्तु सिद्धान्त में पहला तत्त्व जो १—शुद्ध परब्रह्मशिव कहा है वह नित्य शुद्धबुद्धमुक्त स्वभाव है, लिंग रूप और अवस्थाओं से पर है, छत्तीस तत्त्वों से पर वह परब्रह्मावस्था है, प्रलय होने पर माया के तत्त्व विलीन होने पर शक्ति भी अविभक्तरूप से विलीन हो जाती है, यह परमशिव की दशा है। सिसृक्षा में स्वयं निमित्त कारण बनकर शुद्ध माया या बिन्दु को उपादान बनाकर अपर शिव आदि तत्त्वों का प्राविर्भाव करते हैं, परम शिव के अनुग्रह से पति शिव अनादि मुक्त होता है और जीव मुक्त होते हैं।

क्रमशः पति, पशु और पाश को शम्भु पुरुष और माया, यद्वा शिव शक्ति और बिन्दु भी वर्णित हैं, शिव बन्ध मोक्ष से पर अवस्था में तत्त्वातीत हैं, ३६ तत्त्वों से परे हैं। यह अवस्था परमशिव की दशा है। इस परमशिव के पञ्च मन्त्र ही शरीर हैं, मन्त्र वाणी शब्द है, १—नाद, २—बिन्दु, ३—वर्ण, ४—पद, ५—वाक्य, ये पांच मन्त्र शरीर शिव है। अथवा ब्रह्म विमर्श बिन्दुनाद ध्वनिरूप में पंचविधता है। अथवा ब्रह्म परा पश्यन्ती मध्यमा बैखरी रूप में पंचविधता है। अथवा छन्दः शरीर है, १—उष्णिक्छन्द लोम, २—गायत्रीत्वक्, ३—त्रिष्टुप् मांस, ४—अनुष्टुप् स्नायु, ५—जगती अस्थि, पंक्ति मज्जा, बृहती प्राण है। अथवा १ ओं, २ ऋक्, ३ यजुः, ४ साम, ५ अथर्व, पांच शरीर हैं अथवा १ बीज, २ बिन्दु, ३ नाद, ४ शक्ति, ५ शान्तकला, ये पंचात्मकप्रणव शिवशरीर है। और भी १ ईशानशिरः, २ तत्पुरुषमुख, ३ अघोर हृदय, ४ वामदेव गुह्यांग, ५ सद्योजात चरण हैं। ये मन्त्र शिव तनु है, मन्त्रेश्वर शिव है, जीव साधना द्वारा मलों को क्षीण करके विद्येश्वर तक पहुँचता है। मन्त्र महेश्वर सदाशिव निर्गुण हैं। ब्रह्मा विष्णु रुद्र सगुण हैं। इस सिद्धान्त दर्शन में प्रकृति अपने ज्ञानगुणतत्त्व से अभिव्यक्त होती हुई अपना ज्ञान कराती है। यह प्रकृति मायाजन्य है। सिद्धान्त शैवदर्शन में पुरुष कर्ता भोक्ता द्रष्टा सभी कुछ है। पुरुष पशु तत्त्व में का है। शिव में दो शक्तियाँ हैं, १ बन्धकारिणी, २ मोचिका। शिव के अनुग्रह से शिव ही गुरुमूर्ति दीक्षा देके शिवसाम्य मोक्ष करता है। इसमें एक प्रक्रिया यह है कि—शिव कृपा करके जीवों को कर्मानुसार सुख-दुःखों के भोग कराते हैं, जीव कुछ भी प्रयास नहीं करता है। किन्तु भोक्ता ही बनता रहता है। प्रलय आने पर शिवजी उन्हें मुक्ति दे देते हैं। यद्वा जीव, स्वचर्या क्रिया योगसाधना आदि से योग्य होता है तब उसे शिव ज्ञान गुरु रूप में मिलते है, दीक्षा भी मिलती है, पञ्च मन्त्रादि द्वारा समाधिपूर्णता होने से आत्मस्वरूप का ज्ञानी जीव जीवनमुक्ति में वर्तता है, बाद में विदेहमुक्ति स्थिति आ जाती है। तदनन्तर **सिद्धान्तशैव** दर्शन में—मुक्ति मिलना कहा है, यह भी द्वैतवादिनी है। शिव व पुरुष की पृथक्ता बनी रहती है, पुरुष शिव नहीं होता है। शिव समान हो जाता है। भगवान् शिव के चरणों में पहुँचना ही मुक्ति है, इसमें शिवस्वरूप का अनुभव साक्षात्कार होता है, शिव के दिव्य सुख का आस्वादन होता है, सिद्धान्ती शिवदर्शन जीव को शिवभोग शिवाऽऽस्वादन कराता है।

३. **वीरशैव दर्शन का अभिप्राय**—

सिद्धान्तमहातन्त्र में—कामिकतन्त्र में शिवजी ने ही वीरशैवमत कहा है। वीरशैवदर्शनं महा-पाशुपतदर्शनं लिंगायतदर्शनं चेत्यनर्थान्तरं तात्पर्य में एकार्थता है। वीरमाहेश्वरतन्त्र, वीरशैवागम, वीरशैवागमप्राकार, वीरशैवागमोक्तचिन्हांकित गुरुलिंगजंगम भी प्रसिद्ध हैं।

शैव को सूक्ष्मतन्त्र में सातशैव कहे हैं, १ अनादिशैव, २ आदिशैव, ३ महाशैव, ४ अनुशैव, ५ अवान्तरशैव, ६ अन्त्यशैव, ७ वीरशैव, १ अनादिशिव परमशिव परब्रह्मशिव है। २ आदिशैवो दीक्षित

ऋषियों, ३ लोकपूज्य महान्त महाशैव, ४ क्षत्रियवैश्या अनुशैव, तथा ५ अवान्तरशैव। ६ अन्य सब अन्त्यशैव। ७ योगी ज्ञानी शैव वीरशैव हैं।

शिवागमानुसार महादेव के लिंग को त्रिकाल पूजे, भस्म रुद्राक्ष धारणकरे वे पाशुपतशैव कहाते हैं। लेकिन जो निगमागमानुसन्धान से शैवदीक्षालेके शिवलिंग को सर्वदा कर कण्ठ या हृदय में धारण करे तथा त्रिकाल पूजा करे वे महापाशुपतशैव कहाते हैं। महापाशुपतागम को वीरशैवागम कहते हैं, वीरशैवों के उपास्य सेव्य गुरुलिङ्गजंगमशैव हैं। लौकिक व पारमार्थिकता में विशिष्ट गुणयुक्त **वीर** कहाता है, शिव सम्बन्ध हो जाने से **शैव** कहाता है, वह वीरशैव है। वीरलिंगपूजक सर्वलोकक्षेमाभिलाषी वीरशैव कहाता है। वी—जीवशिवैक्यबोधिका विद्या, इस विद्या में रमने वाले वीरशैव कहाते हैं। रण में वीर वैराग्य से भी वीर स्वामिभक्त वीरशैव कहाता है। वीरशैव के तीन भेद कहे हैं—१ सामान्यवीरशैव, २ विशेषवीरशैव, ३ शिवोऽहमिति सर्वं शिवमयं इति ध्याता निराभारिशिवयोगी कथित है॥ 'लिंगायत-शैव—प्रथम **स्वगुरुदत्त इष्टलिंग में भक्ति** करता है व गुरुलिंग—जंगम की सेवा करता है। दूसरा एकोत्तर शतस्थलों का रहस्य गुरुमुख से जानकर विशेषधर्मानुष्ठान में रहता है। तीसरा शिवमयजगत् तथा निज को देखता है। तीसरा संसारसुख त्याग के शिव में चित्त के लय करता रहता है। दण्ड कौपीन काषाय जटा वल्कल धारता है। या तो मुण्डी रहता है मृगचर्मादि धारता है मिताशी नियताहार निराभारी कहाता है। यह शिवपूजा में सत्यात्मक पुष्प चढ़ाता है, क्षमा-माला देता है, किसी को पीडता नहीं है, परोपकार करता है, सभी में शिव की भावना करता है, रागद्वेषरहित होता है। यह कर में मोक्ष रखता है, अवधूत संन्यासी योगी पाशुपत शिव लिंगी वीर वीरशैव महामाहेश्वर यति नाम से भी कहाता है।

इस वीरशैव दर्शन को भेदाऽभेदवादी भी कहा गया है, शिव से जीव भिन्न भी है, मोक्ष में अभिन्न भी है। विद्याशक्तिविशिष्टाद्वैत भी वह है, विशेषाऽद्वैत, द्वैताद्वैत भी कहाता है, अपरशिव परमशिव में अद्वैत रूप से है अतः शिवाऽद्वैत भी कहाता है॥

भेदप्रतिपादकाः शिवाः, भेदाऽभेदप्रतिपादका रुद्राः, अभेदप्रतिपादका भैरवाः, इत्यपि शैवागमे विभागः। इसमें शाक्त, शैव, वैष्णव, पाशुपत, का पालिक भी भेद हैं। शाक्त में ६४ तन्त्र हैं। काश्मीर में १-ईश्वराद्वयम्, २-वीरशैवं शिवाद्वैतं शक्तिविशिष्टाद्वैतं, ३-शैव सिद्धान्तो द्वैतं, विशिष्टाद्वैतं च॥

४ शैवविशिष्टाद्वैत-दर्शन का अभिप्राय-शक्तिविशिष्टाद्वैत-दर्शन—

अपरशिवे मायाशक्तिः प्रलये लीना सृष्टौ स्थूलाऽऽवरणात्मिका शिवज्ञानावरणात्मिका शिवभानम् अभानमिव कारयति, परमशिवस्वरूप तो स्वतः प्रकाशस्वरूप ब्रह्म है, इस ब्रह्म में चेतनाऽचेतनात्मक विश्व का प्रादुर्भाव तथा लय होता है। निःशून्य लिंग में ओंकाररूप शक्ति का स्फुरण होता है, तब महालिंगपर्यन्त विकास होता है। सानन्द प्रपञ्चाकार परिणाम होता है, परब्रह्म अनादिस्वरूप स्वतः सिद्ध है, नित्य निरञ्जन है, आणवादि मलसम्बन्ध रहित है। इस ब्रह्म का लक्षण—**अनन्तशक्तिविशिष्टजगतका** निमित्त तथा उपादान कारण पशुओं के पाश का नियामक, तथा सकल निष्कल स्थूल व सूक्ष्म जो चित् तथा अचित् इनका प्रकाशरूप सत्य ज्ञानरूप तथा अनन्त कल्याणगुणाश्रय वह ब्रह्म है। वह ब्रह्म ही परब्रह्म समझना।

परब्रह्म महदादितत्त्वों का स्थल है, चराऽचर जगत् का अधिष्ठान है, वीर शैव सिद्धान्तानुसार-स्थलम्-स्थ स्थानं, ल लयः, यत्र सृष्टिस्थिति प्रलयाः श्रयन्ते, समस्त तत्त्व के उद्भव तिरोभाव वाला,

विश्व के प्रति निमित्त उपादान कारण है, वह स्थलपदवाच्य परात्पर परब्रह्म है। इसका नाम है सर्व-शून्यनिरालम्बलिंगम्, विश्वस्वरूप है वही विश्वातीत है। विश्वोत्पत्तिलय का केन्द्र है। तत्त्वों का आधार है, स्थल, ब्रह्म सच्चिदानन्द है, प्रकाशस्वरूप है, स्व में स्वविनोदार्थ निज को आविर्भावित व तिरोभावित करते हैं। यह शुद्ध सत्तास्वरूप है। सर्वतत्त्वाश्रय तत्त्व परिणत रूप है तो भी तत्त्वातीत है। आध्यात्मिकाऽनुभूतिगम्य है। लीलासृष्टि मुख्य है।

सृष्टिस्तु तल्लीलामात्रम्, परमात्मा निज विनोद के लिये नाना रूप में मोद प्राप्त करता है, मोद भी लीला मात्र है, शुद्धाऽशुद्ध सृष्टि परब्रह्म की लीला है। वीरशैव दर्शन में लिंगं शून्यं निरालम्बं सूक्ष्मतमं शुद्ध सत्त्वस्वरूप है। यह शुद्धोन्मेष से प्राक्तन अवस्था है, शुद्धोन्मेष महासंकल्प है, १-सर्वशून्य निरालम्बलिंगावस्था, २-निःशून्यलिंगावस्था, ३-शून्यलिंगावस्था, ये ब्रह्म की सूक्ष्मावस्थाएँ हैं, पहली महासत्ता, दूसरी ओंकारशक्ति शून्यस्मारिकाऽवस्था, तीसरी महाचित्तावस्था। निष्फलचित्तावस्थासे चिन्नाद चिद्बिन्दु चित्कलाएँ ऊपजती हैं। एषा घृतकाठिन्यवत् मूर्तिः सच्चिदानन्दलक्षणाब्रह्म। समष्टिमूर्तिः द्वितीयम्। तृतीये अकार उकार मकारों का प्रस्फोट होता है। समष्टिः महालिंग है, केन्द्र महाचित्त है॥ इस प्रकार वीरशैव सिद्धान्त वर्णित है॥

शिवः प्रकाशस्वरूपः है, शक्ति विमर्शरूपिणी है, स्वतन्त्रा है, इसकी शुद्धाऽशुद्धसृष्टि होती है, सृष्टि आभासरूप है, आभास द्वैत का है, वह अद्वैत में हुआ; सृष्टि परशिव से भिन्न नहीं है। परमशिव स्वानन्द के लिये परिणमन पाते हैं, वीरशैवदर्शनमें शैवविशिष्टाद्वैतमें ओंकारशक्ति है। प्रत्यभिज्ञान-सिद्धान्तिविशिष्टाद्वैत में विमर्शिणी शक्ति है। दोनों विलक्षण हैं। स्वातन्त्र्येण विमर्शिणी सदाशिव ईश्वर विद्या व तत्त्वरूपों में परिणत होती है, यह शक्ति विशिष्टाद्वैत है। ओंकार रूप में शब्दविशिष्टाद्वैत है।

शिवकी आत्मविषयक अहं स्फुरणा है, वह विमर्शिनी है। शक्ति विना शिव निःसार पाषाणनिभ है, शिव विना शक्ति अकिञ्चित्करी होती है। १-शिव स्वप्रकाश है। २-विमर्शिनी शक्ति अहंप्रकाशा, यह शिव का चैतन्य स्वातन्त्र्यं कर्तृत्व विज्ञातृत्व स्फुरत्ता सार हृदयस्पन्द आदि कहाती है। स्वाश्रय शिव में द्वैतत्व कराती है। अद्वैतता को ढाँपती है। शिवशक्ति दोनों होने से द्वैतत्व है, अद्वैत में द्वैतत्व होने से द्वैताऽद्वैतत्व है। शक्तिविशिष्ट शिव होने से शक्तिविशिष्टाद्वैतत्व भी है। परमशिव में अपरशिवका शिव विशिष्टाद्वैतत्व भी है।

३. ज्ञान क्रिया निमेष ही सदाशिवनामक तृतीय तत्त्व होता है, अहमांश आच्छादित होता है, इदमांश स्फुर ने लगता है। बाह्यसत्ता लगने से सत् सदा शिव नाम बनता है।

४. बाह्य निमेषावस्था से विषय स्फूट होने से विषयप्रधान विमर्श चलता है उनके ईश शिव ईश्वरावस्थ कहाते हैं।

५. अहमिदमंशों की शिव में सर्वमहं विमर्श विद्यातत्त्व पंचम कहाता है।

६. द्वैत ही स्फुट दिखता है जिससे, यहाँ मायात्मक परिणाम छठवाँ हुआ, सर्वानुस्यूतता का संकोच हो गया। शरीरेन्द्रिय सम्बन्धी अल्पज्ञ हो गया, नित्यतृप्त्यभाव नित्यत्वाऽभाव स्वातन्त्र्याऽभाव लग गये।

इस प्रकार १-परब्रह्मशिव, २-अपरशिव, ३-विमर्शिणी, सदाशिव, ४-ईश्वरबाह्यनिमेष, ५-सम विद्यातत्त्व, ६-मायातत्त्व, ७-कला ८-विद्या, राग, ९-काल, १०-नियति, ११-जीवात्मा होना, १२-१३-जडविषयरूपता, प्रकृतितत्त्वम्, १४-महत्तत्त्व, १५-अहंकार, १६-चित्त, १७-मन, २७ दश

विश्व के प्रति निमित्त उपादान कारण है, वह स्थलपदवाच्य परात्पर परब्रह्म है। इसका नाम है सर्व-शून्यनिरालम्बलिंगम्, विश्वस्वरूप है वही विश्वातीत है। विश्वोत्पत्तिलय का केन्द्र है। तत्त्वों का आधार है, स्थल, ब्रह्म सच्चिदानन्द है, प्रकाशस्वरूप है, स्व में स्वविनोदार्थ निज को आविर्भावित व तिरोभावित करते हैं। यह शुद्ध सत्तास्वरूप है। सर्वतत्त्वाश्रय तत्त्व परिणत रूप है तो भी तत्त्वातीत है। आध्यात्मिकाऽनुभूतिगम्य है। लीलासृष्टि मुख्य है।

सृष्टिस्तु तल्लीलामात्रम्, परमात्मा निज विनोद के लिये नाना रूप में मोद प्राप्त करता है, मोद भी लीला मात्र है, शुद्धाऽशुद्ध सृष्टि परब्रह्म की लीला है। वीरशैव दर्शन में लिंगं शून्यं निरालम्बं सूक्ष्मतमं शुद्ध सत्त्वस्वरूप है। यह शुद्धोन्मेष से प्राक्तन अवस्था है, शुद्धोन्मेष महासंकल्प है, १-सर्वशून्य निरालम्बलिंगावस्था, २-निःशून्यलिंगावस्था, ३-शून्यलिंगावस्था, ये ब्रह्म की सूक्ष्मावस्थाएँ हैं, पहली महासत्ता, दूसरी ओंकारशक्ति शून्यस्मारिकाऽवस्था, तीसरी महाचित्तावस्था। निष्फलचित्तावस्थासे चिन्नाद चिद्बिन्दु चित्कलाएँ ऊपजती हैं। एषा घृतकाठिन्यवत् मूर्तिः सच्चिदानन्दलक्षणाब्रह्म। समष्टिमूर्तिः द्वितीयम्। तृतीये अकार उकार मकारों का प्रस्फोट होता है। समष्टिः महालिंग है, केन्द्र महाचित्त है॥ इस प्रकार वीरशैव सिद्धान्त वर्णित है॥

शिवः प्रकाशस्वरूपः है, शक्ति विमर्शरूपिणी है, स्वतन्त्रा है, इसकी शुद्धाऽशुद्धसृष्टि होती है, सृष्टि आभासरूप है, आभास द्वैत का है, वह अद्वैत में हुआ; सृष्टि परशिव से भिन्न नहीं है। परमशिव स्वानन्द के लिये परिणमन पाते हैं, वीरशैवदर्शनमें शैवविशिष्टाद्वैतमें ओंकारशक्ति है। प्रत्यभिज्ञान-सिद्धान्तिविशिष्टाद्वैत में विमर्शिणी शक्ति है। दोनों विलक्षण हैं। स्वातन्त्र्येण विमर्शिणी सदाशिव ईश्वर विद्या व तत्त्वरूपों में परिणत होती है, यह शक्ति विशिष्टाद्वैत है। ओंकार रूप में शब्दविशिष्टाद्वैत है।

शिवकी आत्मविषयक अहं स्फुरणा है, वह विमर्शिनी है। शक्ति विना शिव निःसार पाषाणनिभ है, शिव विना शक्ति अकिञ्चित्करी होती है। १-शिव स्वप्रकाश है। २-विमर्शिनी शक्ति अहंप्रकाशा, यह शिव का चैतन्य स्वातन्त्र्यं कर्तृत्व विज्ञातृत्व स्फुरत्ता सार हृदयस्पन्द आदि कहाती है। स्वाश्रय शिव में द्वैतत्व कराती है। अद्वैतता को ढाँपती है। शिवशक्ति दोनों होने से द्वैतत्व है, अद्वैत में द्वैतत्व होने से द्वैताऽद्वैतत्व है। शक्तिविशिष्ट शिव होने से शक्तिविशिष्टाद्वैतत्व भी है। परमशिव में अपरशिवका शिव विशिष्टाद्वैतत्व भी है।

३. ज्ञान क्रिया निमेष ही सदाशिवनामक तृतीय तत्त्व होता है, अहमांश आच्छादित होता है, इदमांश स्फुर ने लगता है। बाह्यसत्ता लगने से सत् सदा शिव नाम बनता है।

४. बाह्य निमेषावस्था से विषय स्फूट होने से विषयप्रधान विमर्श चलता है उनके ईश शिव ईश्वरावस्थ कहाते हैं।

५. अहमिदमंशों की शिव में सर्वमहं विमर्श विद्यातत्त्व पंचम कहाता है।

६. द्वैत ही स्फुट दिखता है जिससे, यहाँ मायात्मक परिणाम छठवाँ हुआ, सर्वानुस्यूतता का संकोच हो गया। शरीरेन्द्रिय सम्बन्धी अल्पज्ञ हो गया, नित्यतृप्त्यभाव नित्यत्वाऽभाव स्वातन्त्र्याऽभाव लग गये।

इस प्रकार १-परब्रह्मशिव, २-अपरशिव, ३-विमर्शिणी, सदाशिव, ४-ईश्वरबाह्यनिमेष, ५-सम विद्यातत्त्व, ६-मायातत्त्व, ७-कला ८-विद्या, राग, ९-काल, १०-नियति, ११-जीवात्मा होना, १२-१३-जडविषयरूपता, प्रकृतितत्त्वम्, १४-महत्तत्त्व, १५-अहंकार, १६-चित्त, १७-मन, २७ दश

शिवगुणगाना, इत्यादि करते रहना, जिसमें लोकविघ्न न करें। गुरुद्वारा शिवस्वरूप हो जाना॥ लकुलीश-पाशुपतदर्शन द्वैताऽद्वैतवादी है शिव ही द्वैत हो के फिर अद्वैत हो जात हैं, लीलाभोग के लिये द्वैत होते हैं। दुःखों की परम्पराएँ हाजिर होने से सुख की असंख्यमूल्यता होती है, इस अभिप्राय से संसारी स्वयं बनकर असंसारी हो जाते हैं।

७. रसेश्वर शैवदर्शन का अभिप्राय—

प्रत्यक्ष शरीर में रसों का ओषधियों का जड़ीबुट्टीओं का प्रयोग किया करिए, जिससे कामानन्द असीम मिलेगा। संसार का पार देनेवाला पारद कहाता है, शिव शरीर से धातु पारद हुआ, वह शिव-स्वरूप है, ओषधिस्वरूप में उपयोग करने से जीवन्मुक्ति का सुख मिलता है। रस और रसायनों से शरीर की रक्षा करना, दिव्य शरीर बनाना, रस हरज है अभ्रक गौरीज है, उनके उपयोग से षाट्कोशिक तनु का दिव्यत्व दार्ढ्य होता है। मृत्युभय मिटता है। मृत्यु दारिद्र्य नाश होता है, महेशादि देव, काव्य काव्य आदि दैत्य, बालखिल्यादि मुनिजन, सोमेश्वरादि नृप, कपिल, कापालि, आदि आदि रसौषधि पान करके जीवन्मुक्त विचरते हैं, रस स्वयं व्याधि हरता है, मृत को जीवाता है, देह को देवताई बनाता है। रस तथा अभ्रक दोनों स्वेदन मर्दन मूर्छन स्थापन पातन निरोध नियम दीपन भोजन जरणा नाशन गर्भद्रुति बाह्यद्रुति क्षारण रागसारण क्रामण वेध आदि आदि फल ऊपजाते हैं। दृढयुवा मुक्त्यर्हः, मुक्तौ षोडशवर्षस्वरूपवत्त्वात्। विष्णुस्वामि प्रभृति ने मुक्ति में नवयुवशरीरवत्त्व मुक्ति कही हैं, अजर अमर कराने में समर्थ रस ही है। रससत्कार से सभी शिवलिंग तृप्त होते हैं। रस से दिव्य देह बनाना, योगाभ्यास से परम पद में चले जाना। यहाँ कहीं महा आनन्द में रहना परम पद है। ब्रह्मत्व प्राप्त कर सदा विचरण करता है। अद्वैतवादी है।

चार्वाकों की नास्तिक प्रथा है, उससे यह आस्तिक प्रथा प्रशंसनीय है। ग्राह्यत्व में अनास्था ही है, अनित्य होने से।

७. नन्दिकेश्वर शिवाद्वैतवाद का तात्पर्य—

सालंकायनस्य पुत्रः शिलादः, शिलादयस्य नन्दिकेशः, अयं शिवब्रह्मपरायणः शम्भुप्रसादेन दिव्य-वाहनतां प्राप्तः, नित्यमुक्तो वर्तते, तेन शिव एव परब्रह्म आराधितः, शिव एव स्वशक्त्या चिद्भागे विश्व-मुन्मीलयति, स्वेच्छया विश्व बनाता है। कामी कामः काम्यम्, शंभु संकल्प से इष्ट जगत् बनाता है, काश्मीर में कामकदर्शन स्वीकृत है। 'अइउण ऋलृक् १४ सूत्रों पर जगत् रचना कही है। षट्त्रिंशत् तत्त्व माने हैं। नन्दिकेश ने पञ्चप्राण तीन गुण माने हैं।

अइउण्—अः=परमेश्वर निर्गुण, इ-माया शक्ति से, उ-व्यापक सगुण, ण्-हुए थे। **ऋलृक्**—ऋ-परमेश्वरः, लृ-माया मनोवृत्ति, क्-दिखलाते भये। **ए ओंग्**—ए-प्रज्ञान स्वरूप प्रज्ञानात्मा, ओंग्-प्रणय स्वरूप है। **ऐ औच्**—ऐ-मध्याशक्तिसबलित सगुण, औच्-निर्गुण भी है। **हयवरलण्**—पंचभूत-सृष्टिः। **ञमङणनम्**—शब्दादि पञ्चगुण। **झभञ् घढधष्**—पञ्चकर्मेन्द्रिय। **जबगडदश्**—पञ्चज्ञानेन्द्रिय। **खफछ् ठथचटतव्**—पञ्चप्राण तीन अन्तःकरण। **कपय्**—प्रकृति पुरुष। **शषसर्**—तीन सत्त्वरजस्तमः। **हल्**—शंभुः-अविद्याहन्ता।

इस प्रकार इसमें चौदह सूत्रों के ३७ तत्त्वपदार्थ परायण शब्द ब्रह्माद्वैत शिवाद्वैतवाद नन्दिकेश्वर दर्शन का तात्पर्य है। सूत्रसमाम्नाय में परब्रह्म की उपासना से मोक्ष होगा। यह **क्रमदर्शन** व्याकरणदर्शन में मिलित है। पृथक्तया शैवदर्शन कराया है।

८. काली-कौला-गम-दर्शनम् —

काली, 'जन्माऽऽद्यस्य यतः' जिस काली से आद्य ब्रह्म का प्राकट्यादि हुआ, वह ब्रह्माणी पर-ब्रह्माणी माँ, ब्रह्म की माँ शिव की माँ सभी की माँ परतत्त्व है, आत्मा सभी अपर तत्त्व है, परतत्त्व काली माँ दो स्वरूप धारण करती है, भोग्य व भोक्तृ, **भोग्या** शक्ति विद्या माया अविद्या अनन्तस्वरूपा होती है, **भोक्ता** चेतना चैतन्यं प्रकाश साक्षि परब्रह्म ब्रह्म पति पशु पुरुष प्रकृति तत्त्वाधिष्ठाता आदि आदि चैतन्यस्वरूपा स्वयं होती है, स्वयं युगलस्वरूप होती है। जडचेतनात्मिका कालीस्वरूपोद्भवा सृष्टिः, काली की उपासना करके काली में प्रवेश करते हैं। प्रलय में भी काली में प्रवेश करते हैं। ब्रह्मलोक भी काली का प्रकाश है, वहाँ ब्रह्म कालीस्वरूप है, भगवान् कालीपुत्रः, नारायणो नाराजात कालीसुत है।

काली स्व में का भाव बाहर फेंकती है, बाहर के भावों को अन्दर में खींचती है। काली से शिव हुआ भैरव हुआ, भैरवी हुई, भैरवीयोगचक्र कामरूप पीठ में मच्छन्द नामक महात्मा द्वारा प्रसृत हुआ, त्र्यम्बकवंशीयो सोमानन्द सोमशैव हुआ, मच्छन्द कुलदर्शन करनेवाला हुआ। कौलदर्शन शिवागम में गीना गया।

कुल के अर्थ—स्थूल सूक्ष्म पर प्राण इन्द्रियादि समूह कार्यकारण।

कुल—बोधस्वातन्त्र्यम्।

कुल—परमेश्वर का भैरवभानु के किरणचक्र भासा।

कुल—जिसमें विश्व ऊपजता है लीन होता है ब्राह्मी।

कुल—प्रसृत जगत्।

कुल—पारमेशी शक्ति सामर्थ्य स्वतन्त्रता ओज बलवीर्य।

कुल—शिवा शक्ति।

कुल—पृथिव्यादि तत्त्व।

कुल—निर्गुण निराकार परम माताजी।

ऐसे कुलवाली कौलशक्ति कौलशैवमतप्रतिपादिता काली महामाता परमा माता है, माता सबसे बड़ी है, पिता उसके उदर में गर्भ में हृदय में समा जाता है। यह कौल दर्शन अद्वैत दर्शन है, इसमें दक्षिण-वाम-मार्ग गर्भित हो जाते हैं। पञ्चमकारी का शक्ति प्राधान्य मत है, दक्षिण मार्ग में शिव प्राधान्य मत है। दोनों मत कालीकौलदर्शन में समाविष्ट है। इसमें भोग से मोक्ष माना गया है। इसमें छत्तीस तत्त्व हैं, परं तत्त्वं महा माता है वह ३७वाँ है। माता स्वयं इच्छा ज्ञान क्रिया शक्तियों की ईक्षिका है।

९. अघोरमत, कापालिकमत-शाक्तमत-भैरवीमत—

घोर है पाप, निष्पाप शिव अघोर है। कपाल खोपड़ी रखनेवाले महाकाल शंकर है। शक्ति सभी शंकर की मूर्तियाँ हैं, अर्धनारीश्वर में रहती हैं। अघोर, कपाल और शक्ति को मुख्य लेके, भैरव शंकर का रूप है। ललाट का पुत्र है, भैरवी मुद्रा को मुख्य लेके, कई उपासक अंग-उपासक बन गए हैं।

कोई भैरव, कोई महाकाल, कोई शक्ति, कोई काली, कोई माया, कोई प्रकृति, कोई शिव, कोई ब्रह्म, कोई परब्रह्म को आगमों द्वारा शैव दर्शनों के आधार पर उपासते हैं, सभी का ध्येय मोक्ष है, शिव होना या शिव में रहना, शक्ति में समर्पित होना, या निर्गुण निराकार में मिलना, जिस किसी प्रकार से मोक्ष में जाने का आगमों में अनुसन्धान है। निर्मल भावना से तरेगा, भोगभावना से डूबेगा, शास्त्र गुरु मन्त्र एक तरफ ही रह जायगा। निर्मल भावनावाले के लिये ये सब उपयोगी हैं॥

अथर्ववेद और उसकी रहस्यमयी शक्ति

क्षीरस्वामी देवदत्त शास्त्री

सर्वशास्त्र निष्णान्त, अल्हाबाद

वैदेह जनक के बहुदक्षिणयज्ञ के अवसरपर कुरुपाञ्चालदेश के ब्रह्मविद्, वेदविद् ब्राह्मणों की सभा में विदग्ध शाकल्यने याज्ञवल्क्य से प्रश्न किया—

कतिदेवा याज्ञवल्क्य इति

महर्षि याज्ञवल्क्य ने क्रमशः ३००३, ३३, ६, २, १½ देवों का विवरण देते हुए अन्ततोगत्वा सर्वमूलक एक देवस्वरूप का विवरण ब्रह्म (ऋषि समाज) में प्रस्तुत किया—

कतम एकदेव इति । प्राण इति । स ब्रह्म तदित्याचक्षते ।—बृ० उ०

—वह एकदेव कौन है ? वह प्राण है, उसे ही ब्रह्म कहा जाता है। महर्षि याज्ञवल्क्य द्वारा एकदेव (प्राण) का जो सिद्धान्त स्थिर किया गया, उसी को आगे चलकर अनेक ऋषियों, महर्षियों ने विभिन्न स्थलों पर प्रतिपादित किया है। चारों वेदों, समस्त उपनिषदों, ब्राह्मणों, आरण्यकों, संहिताओं में प्राण की महिमा का स्तवन किया गया है।

शतपथ ब्राह्मण (४।४।१।१५) का कथन है कि प्राण ही सब देवों में ज्येष्ठ, श्रेष्ठ और वरिष्ठ है। प्राण के स्थित रहने पर अन्य सब देव इसी ब्रह्मपुरी में (शरीर में) निवास करते हैं। प्राण ही इस शरीररूपी नौका का प्रतिष्ठान है—

प्राणो वै सुशर्मा सुप्रतिष्ठानः

अथर्ववेद के प्राणसूक्त (११।५) में विविध प्रकार से प्राण की महिमा का यशोगान किया गया है। तथा अथर्ववेद (७।५३) में प्राण और अपान को देवताओं का वैद्य अश्विनीकुमार कहा गया है, और उनसे प्रार्थना की गई है कि—

हे अश्विनीकुमारो, मृत्यु से हमें दूर करो तुम देवों के भिषक हो।

हे प्राण और अपान, तुम इस शरीर को मत छोड़ो। तुम दोनों सयुज (संयुक्तसखा) बनकर यहीं बसो, जिससे यह मनुष्य शतायु हो।

प्राचीन ऋषिगण सोम्य, मधु तथा दुग्ध पान करके ब्रह्मवर्चस्व तथा अमृतत्त्व प्राप्त करते थे। वे प्राणविद्या की सतत उपासना करते थे। सनातन योग विद्या का दूसरानाम 'प्राणविद्या' है। प्राण के रहस्य का ज्ञान प्राप्त करना ही योग-सम्प्राप्ति है। प्राणायाम के द्वारा आरोग्यता का सम्पादन, दीर्घायुष्य प्राप्त करने की विधि को अथर्ववेद 'दैवीचिकित्सा' कहता है। प्राण और अपान इन दो अश्विकुमारों को भलीभाँति रोक रखने से सुस्वास्थ्य, दीर्घजीवन, नवयौवन प्राप्त किया जा सकता है। प्राणायाम करने से शरीरस्थ रस पुनः यविष्ठ बनते हैं। प्राणविद्या का रहस्यबोध प्राप्त करने के पश्चात् ऋषियों ने योग-विद्या का आविष्कार किया जो अमृतत्त्व प्रदान करती है।

अथर्ववेद में ऋग्वेद, यजुर्वेद के समान जो ऋचाएँ हैं उनके अतिरिक्त इस वेद में अनेक विध ऐसी क्रियाएँ हैं जो लाभ कारक भेषज हैं। ब्रह्मविद्या, आत्मविद्या और योग विद्या से संबंध रखने वाले अधिसंख्यक सूक्त और ऋचाएँ अथर्ववेद में हैं। अथर्ववेद यह नाम ही चित्तवृत्तियों के निरोध एवं स्थित प्रज्ञता का अर्थ रखता है। इन विषयों का विशद वर्णन अथर्ववेद में है। 'अथर्वा' शब्द का निर्वचन करने से स्पष्ट ज्ञात होता है कि—

थर्वतिश्चरतिकर्मा तत्प्रतिषेधः

अर्थात् चंचलता, चित्तवृत्तियों का निरोध एवं स्थित प्रज्ञता की अवस्था और साधनों का प्रतिपादक वेद अथर्ववेद है। इस वेद में आध्यात्मिक, आधिदैविक, आधिभौतिक सभी प्रकार की कर्मज-व्याधियों एवं भवव्याधियों के निवारण सम्बन्धी सूक्त एवं मन्त्र हैं। यही कारण है कि अथर्ववेद के लिए अथर्ववेद में 'भेषजा' का प्रयोग हुआ है—

ऋचः सामानि भेषजा मंजूषि—११।६।१४

गोपथ पूर्वार्द्ध में (३।४)—

योऽथर्वाणस्तद् भेषजं तदमृतम्
यदमृतं तद् ब्रह्म।

इस उल्लिखित अनुवाद से यह प्रमाणित होता है कि अथर्ववेद में सभी प्रकार के शारीरिक, मालिक आदि रोगों की निवृत्ति के उपायों का प्रातिपादन हुआ है। ताण्ड्यब्राह्मण (१२।९।१०) का कथन है कि अथर्ववेद के सूक्त आधि-व्याधि के निवारण से सम्बन्ध रखते हैं—

भेषजं वा आथर्वणानि

तथा वही (१६।१०।१०) यह भी कहता है कि अथर्वा ऋषि द्वारा दृष्ट अथर्ववेद के मन्त्र देवों के लिए भेषजप्रतिपादक हैं, जिनसे आरोग्य की प्राप्ति होती है—

भेषजं वै देवानामाथर्वणः भैषज्यायैवारिष्ट्यै।

भेषज प्रधान होने से अथर्ववेद आयुर्वेद का उद्गमस्थल माना जाता है—

इह खल्वायुर्वेदो नाम यदुपाङ्गमथर्ववेदस्य—(सुश्रुत सूत्रस्थान अ० १०)

अथर्ववेद में पदार्थविज्ञान, मनोविज्ञान, अक्षरविज्ञान, कर्मजव्याधिविज्ञान, आयुर्विज्ञान, चिकित्साविज्ञान, प्राकृतिकविज्ञान का विवेचन तथा आधियों, व्याधियों को दूर करने के लिए अनेक प्रयोग विशदरूप से निहित हैं।

आयुर्वेदविषयक नौसूक्त, विविध औषधि भैषज्य विषयक पच्चीस सूक्त, रोगादि निवारण विषयक बत्तीस सूक्त, विषनाशनविषयक—जिनमें विष, विषदूषण निवारण सम्बन्धी सभी प्रकार के प्रयोगों के सात सूक्त हैं। जितने भी प्रकार के कृमि, कीटाणु होते हैं और जो शरीर में प्रविष्ट होकर अनेक प्रकार की व्याधियाँ उत्पन्न करते हैं उनको दूर करने के विविध उपाय तीन सूक्तों में हैं। असुर-प्रभाव, कृत्यादूषण, पिशाच प्रभाव, दस्युपीडा, ईर्ष्या, अलक्ष्मी आदि नाना प्रकार के जो अरिष्ट होते हैं, उनसब को दूर करने के उपाय और प्रयोग बारह सूक्तों में बताए गए हैं।

अथर्ववेद में उल्लिखित मन्त्र विद्या का यदि वर्गिकरण किया जाए तो उसके पाँच प्रकार होते हैं—

१. संकल्प, आवेश

२. अभिर्श, आर्जन

३. आदेश

४. मणिबन्धन

५. कृत्या, अभिचारकर्म

१. दुरित, दुष्पापों, दुष्प्रवृत्तियों और दुःस्वप्नों को दूर करने के लिए 'संकल्प' अथवा 'आवेश' मन्त्रों का प्रयोग किया जाता है—

परोऽपेहि मनस्पाप किमशस्तानि शंससि।
परेहि न त्वा कामये वृक्षां वनानि संचरगृहेषु गोसु मे मनः॥—अथर्व० ६।४५।१

दुःस्वप्ननाशन सूक्त के तीन मन्त्रों में से यह पहला मन्त्र है। कुशा और अपामार्ग (रवि-पुष्प योग में उत्पादित) द्वारा जल से अभिसेचन करते हुए इस मन्त्र को पढ़ा जाता है।

कायिक, वाचिक, मानसिक पापजन्य व्याधियों को दूर करने के लिए रोगी के शिर पर केवल हाथ रखकर उपर्युक्त सूक्त के तीनों मन्त्रों को पढ़ते हुए रोगी को रोग मुक्त होने का संकल्प करने मात्र से रोगी आधि-व्याधि से मुक्त हो जाता है।

यदि कोई व्यक्ति निरन्तर श्रम करते रहने पर भी अपने कार्य-व्यापार में सफलता नहीं प्राप्त कर पाता है अथवा धूर्तों, ठगों, दुष्टों द्वारा उसका बना बनाया काम बिगाड़ दिया जाता है, तो सफलता प्राप्त करने के लिए अथर्ववेद (६।४५।१) के मन्त्र से संकल्प कर कार्य करने से निश्चय ही सफलता मिलती है।

विभिन्न प्रकार की आधियों-व्याधियों या रोगों को दूर करने के लिए संकल्प द्वारा अथवा शक्ति संपात् द्वारा सिर्फ एक ही मन्त्र अमोघ है—

अवेहि मनस्पतेऽपक्राम पुरश्चर।
परो निर्ऋत्या आचक्ष्व बहुधा जीवतोमनः॥—२०।९६।२४

इस मन्त्र से या तो रोगी पर शक्ति संपात् किया जाए या उसके शिर पर हाथ रखकर संकल्प किया जाए निश्चय ही रोगी रोग मुक्त हो जाता है।

जो व्यक्ति कायर, कुटिल, कामी और कमजोर हो उसे तेजस्वी, वर्चस्वी और बलवान बनाने के लिए अथर्ववेद के तीसरे काण्ड के २२वें सूक्त के छह मन्त्रों द्वारा संकल्प किया जाए।

२. अभिमर्श का तात्पर्य शरीर के अंगों को शिर से पाँव तक हथेलियों द्वारा स्पर्श करना है। अभिमर्शन से शारीरिक और मानसिकरोग दूर होते हैं। अभिमर्श विद्या के मूल मन्त्र ये हैं—

अयं मे हस्तो भगवानयं मे भगवत्तरः।
अयं मे विश्वभेषजोऽयं शिवाभिमर्शनः॥
हस्ताभ्यां दशशाखाभ्यां जिह्वा वाचा पुरोगवी।
अनामयित्नुभ्यां हस्ताभ्यां ताभ्यां त्वाभिमृशामसि॥—४।१३।६-७

दोनों हाथों की हथेलियों और दसों अंगुलियों से रोगी के सर्वांग शरीर को स्पर्श करते हुए यह मन्त्र जब पढ़ा जाता है तो रोगी के शरीर में रोमांच, कम्पन और सनसनाहट पैदा होती है। केवल एक सप्ताह में ही रोगी स्वस्थ हो जाता है।

३. मन और मस्तिष्क के विकार दूर करने के लिए 'आदेश' मन्त्रों का प्रयोग किया जाता है।

'आदेश' को संवशीकरण भी कहा जाता है। मन्त्रों की भावना के द्वारा विकार दूर करने की यह आथर्वण प्रक्रिया है—

यदि वो मनः परागतं यद् बद्ध मिह वेह वा।
तद् आवर्तयामसि मयि वो रमतां मनः॥

इस मन्त्र से आदेश किया जाए तो मानसिक विकार दूर होते हैं चंचल चित्त, अव्यवस्थित व्यक्ति एक काम को छोड़ कर दूसरा, तीसरा करते हैं और सफल नहीं हुआ करते हैं। अथवा जो व्यक्ति लापरवाह, काम के प्रति उदासीन, असमीक्ष्यकारी, दुर्विनीत, अर्द्धविक्षिप्त, सन की होते हैं—उन व्यक्तियों पर निम्नांकित आदेश मन्त्र का प्रयोग करने से तुरन्त लाभ होता है—

अहं गृभ्णामि मनसा मनांसि मम चित्तमनु चित्तेभिरेत।
मम वशेषु हृदयानि वः कृणोमि मम यातमनुवर्त्मनि एत॥

प्रयोक्ता रोगी को सम्बोधित करते हुए उक्त मन्त्र से आदेश देता रहे तो चोर, डाकू, उद्दंड, ठग, हत्यारे, अनाचारी, उन्मादी, चिन्तित आलसी, कामचोर, अनुशासनहीन, ईर्ष्यालु व्यक्ति प्रयोक्ता के अनुगत हो जाते हैं। अनुगत हो जाने के बाद प्रयोक्ता निम्नांकित मंत्र का प्रयोग उस पर करे—

अग्निष्टे निशमयतु यदि ते मन उद्युतम्।
कृणोमि विद्वान् भेषजं यथानुन्मदितोऽसति॥

इस मन्त्र की प्रयोगविधि इस प्रकार है—

आम की लकड़ी में अग्नि प्रज्वलित कर कपूर, चन्दन और तुलसी के बीज से उपर्युक्त मन्त्र पढ़ते हुए आहुति दे। जिस पर प्रयोग किया जाए उसे हवन करते समय सामने बैठा लिया जाए फिर हवन के धुएँ से उस व्यक्ति का अभिमर्शन वही उक्त मन्त्र पढ़ते हुए करना चाहिए।

आदेश विद्या के अनेकानेक मन्त्र अथर्ववेद में हैं—जीर्ण ज्वर, पीत ज्वर, मन्थर ज्वर, आन्त्रिक ज्वर, एकान्तरा, तिजारी, चौथिया, राजयक्ष्मा ज्वर, स्नायुदौर्बल्य, हृदयदौर्बल्य, पक्षाघात आदि रोगों को दूर करने के लिए अथर्ववेद (५।३०।८-९) मंत्रों का विधिवत् प्रयोग करना चाहिए। उन्नत जीवन, यशस्वी जीवन और पदोन्नति के लिए अथर्ववेद के ८।१।६ मंत्रादेश का प्रयोग करना चाहिए।

४. मणिबन्धन का प्रयोग रोग-दोष, पाप, शाप, बाधा, संकट को दूर करने के साथ युद्ध में विजय प्राप्त करने में किया जाता है। अथर्ववेद में अञ्जनमणि (४।९) शंखमणि (४।१०) अभीवर्तमणि (१।२९), प्रतिसरमणि (८।५), वरणमणि (१०।३), जङ्गिडमणि (२।४ तथा १९ और ३४-३५), पर्णमणि (३।५). शतवारमणि (१९।३६), स्राक्त्यमणि (२।११ और ८।५) और औदुम्बरमणि (१९।३१) उल्लिखित हैं।

मणि का तात्पर्य कवच या ताबीज है। वनस्पतियों की जड़, पुष्प, पत्ते आदि अभिमंत्रित करके बाँधे जाते हैं। उपर्युक्त बताई गईं मणियाँ वानस्पतिक हैं। रत्न या मणि नहीं।

५. कृत्या दूषण को दूर करने के लिए तथा अभिचार कर्मों के प्रभाव को शमन करने के लिए अथर्ववेद (१०।१।१-३२) के ३२ मंत्रों द्वारा हवन, अभिसेचन किया जाता है। कृत्यः परिहरण के लिए अथर्ववेद के ५।१४ सूक्त के १३ मंत्रों का प्रयोग किया जाता है। कृत्या और अभिचारकर्म का परिगणक अरिष्ट में किया गया है।

इनके अतिरिक्त अथर्ववेद में राज्यशासन, विजयसाधन, राजराष्ट्रसाधन, संग्राम, शत्रुनाशन, सुखसम्पत्प्राप्ति, पशुसंरक्षण, उद्योग-व्यापार, अधिदैवत प्रकरण, गृहस्थ प्रकरण, ब्रह्मचर्यप्रकरण, वानप्रस्थ, संन्यास प्रकरण और अध्यात्म प्रकरण हैं।

श्रुतितात्पर्यनिर्णय-समीक्षणम्

पं० ब्रजकान्त झा

व्याकरण साहित्याचार्य न्यायोत्तमोत्तीर्ण, अल्हाबाद

यदि नामेयं श्रुतिर्न स्यात् तदा परात्पर परमेश्वर परमात्मपरमेष्ठिपरब्रह्मादिपदप्रतिपाद्यस्य मोहान्धकारनिकरनिवृत्ति परायणाऽनन्तज्ञानैश्वर्यविरतिमतः कर्मसापेक्षशर्माऽशर्मदायकजगदुत्पत्तिस्थितिप्रलयविधायकस्वाश्रितसंसृतिनिवारकसकलविघ्नविघातकस्वर्गाऽपवर्गकारकसकलाऽमंगलहारकचराऽचरव्यापकस्य सर्वकर्माणि कुर्वतोऽपि तत्राऽलिप्तस्य दिव्यवसनभूषणवनमालिनो दिव्यलोकनिवासिनो दिव्यवृन्दावनविहारिणो दिव्यविग्रहधारिणो दिव्यव्यवहारचक्रचूडामणेस्तस्य परनारायणस्य संकल्पादुत्पद्यमानमपि जगदिदम्परस्परसंकीर्णतामुपदधद् विनाशमियात्। सा च श्रुतिः सुखदुःखस्वरूपप्रियाऽप्रियकरेऽस्मिन् संसारसागरे सर्वेषां सर्वत्र सर्वदा सर्वथा व्यवहारकारणीभूतसर्वविषयकज्ञानाय सर्वस्मै व्यवहाराय चोत्पत्तिमभिव्यक्तिं वा नीतेषु प्रत्यक्षादि प्रमाणानां मूर्धन्यतामासादयत्सु शब्देषु दिनकरकरनिकरायमाणेषु सर्वतः प्रथमा सर्वेषु प्रधाना सर्वेषामाराध्या पूज्या प्रातःस्मरणीया चाऽस्तीति नाऽविदितं विद्याविनोदभाजां विदुषाम्। तदुक्तं वाक्यपदीयकृता भर्तृहरिणा 'न सोऽस्ति प्रत्ययो लोके यः शब्दानुगमादृते। अनुविद्धमिव ज्ञानं सर्वं शब्देन भासते'। अपरत्रोक्तम्—'वेदशब्देभ्य एवाऽऽदौ पृथक्संस्थाश्च निर्ममे'। इदमत्राऽऽकूतं यदादौ सृष्टेरुत्पत्त्यव्यवहितोत्तरक्षणे श्रुत्यैव सकला व्यवस्थाः—'अयं ब्राह्मणोऽयं क्षत्रियोऽयं वैश्योऽयं शूद्रः' 'अयं ब्रह्मचर्याश्रमोऽयं गृहस्थाश्रमोऽयं वानप्रस्थाश्रमोऽयं सन्न्यासाश्रम' इत्याद्याश्चाऽसंकीर्णतामादधानाः प्रादुरभूवन्, तथा चाह—पुरुषसूक्तम्—'ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीद् बाहू राजन्यः कृतः। उरू तदस्य तद्वैश्यः पद्भ्यां शूद्रोऽजायते'त्यादि। एवमेव प्रविभक्तानां ब्राह्मणादिवर्णानां कर्मविभागोऽपि कृतो यथा 'अध्ययनाऽध्यापनयजनयाजनदानतद्ग्रहणानि षट्कर्माणि ब्राह्मणानां विहितानि, क्षत्रियाणां च सहवेदाऽध्ययनेन राष्ट्ररक्षणादीनि, वैश्यानां पुनर्वेदाऽध्ययनसहितकृषिगोरक्षावाणिज्यादीनि, शूद्राणां च वेदाध्ययनरहितानि सेवादीनि। तदेवं स्वस्वकर्माणि कुर्वाणा लोका ऐहिकाऽऽमुष्मिकशर्मसिद्धिं लभेरन्। तथा चाऽऽह श्रुतिः 'यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवास्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन्। ते ह नाकं महिमानः सचन्त यत्र पूर्वे साध्याः सन्ति देवाः'। 'कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतं समाः'। प्रस्थानत्रयघटकश्रीमद्गीताऽपि तमेवार्थमनुवदति—'स्वे स्वे कर्मण्यभिरतः संसिद्धिं लभते नरः'। 'कर्मणैव हि संसिद्धिमास्थिता जनकादयः'। एवमादिगुणगुणाऽलंकृता श्रुतिस्त्रिपथगेव कर्मादित्रिकमार्गगामिनी सकलेष्टफलसाधनभूता सकललोकहिताय कर्मकाण्डं भक्तिकाण्डं ज्ञानकाण्डमिति काण्डत्रयमुपदिशति। प्रतिदिनं स्वपाठकर्तृभ्योजनेभ्यः स्वर्गाऽपवर्गादिफलं दिशति, पुनः सा 'उत्तिष्ठत जाग्रत वरान्निबोधते'त्यादिवाक्यकदम्बेन प्रमादादिमहादोषनिद्रानिद्रिताञ्जनानजस्रं जागरयतीत्यलमत्रातिपल्लवितेन।

अथ लौकिकवैदिकसकलशब्दा 'सर्वेसर्वार्थबाधकाः' इति योगिदृष्ट्या, नानार्थकस्थले चास्मद्दृष्ट्या तात्पर्यं विना मूकाऽन्धपंगुवदखिलनिजकार्यसम्पादनायाऽलं नैव स्युः, तद् यथा 'सैन्धवमानये'त्युक्ते तात्पर्यं विना भोजनकालेऽपि सैन्धवपदप्रतिपाद्याऽश्वमानयेत्, अथ च संग्रामकाले लवणं समानयेत्, इत्थमेव कदाचित् कश्चित् कथयति—'नेपालादागतोऽयं नवकम्बलवानि'त्यादौ तात्पर्याऽनभिज्ञः कश्चिदेवमपि वदेत्—

श्रुतितात्पर्यनिर्णय-समीक्षणम्

पं० ब्रजकान्त झा

व्याकरण साहित्याचार्य न्यायोत्तमोत्तीर्ण, अलहाबाद

यदि नामेयं श्रुतिर्न स्यात् तदा परात्पर परमेश्वर परमात्मपरमेष्ठिपरब्रह्मादिपदप्रतिपाद्यस्य मोहान्धकारनिकरनिवृत्ति परायणाऽनन्तज्ञानैश्वर्यविरतिमतः कर्मसापेक्षशर्माऽशर्मदायकजगदुत्पत्तिस्थितिप्रलयविधायकस्वाश्रितसंसृतिनिवारकसकलविघ्नविघातकस्वर्गाऽपवर्गकारकसकलाऽमंगलहारकचराऽचरव्यापकस्य सर्वकर्माणि कुर्वतोऽपि तत्राऽलिप्तस्य दिव्यवसनभूषणवनमालिनो दिव्यलोकनिवासिनो दिव्यवृन्दावनविहारिणो दिव्यविग्रहधारिणो दिव्यव्यवहारचक्रचूडामणेस्तस्य परनारायणस्य संकल्पादुत्पद्यमानमपि जगदिदम्परस्परसंकीर्णतामुपदधद् विनाशमियात्। सा च श्रुतिः सुखदुःखस्वरूपप्रियाऽप्रियकरेऽस्मिन् संसारसागरे सर्वेषां सर्वत्र सर्वदा सर्वथा व्यवहारकारणीभूतसर्वविषयकज्ञानाय सर्वस्मै व्यवहाराय चोत्पत्तिमभिव्यक्तिं वा नीतेषु प्रत्यक्षादि प्रमाणानां मूर्धन्यतामासादयत्सु शब्देषु दिनकरकरनिकरायमाणेषु सर्वतः प्रथमा सर्वेषु प्रधाना सर्वेषामाराध्या पूज्या प्रातःस्मरणीया चाऽस्तीति नाऽविदितं विद्याविनोदभाजां विदुषाम्। तदुक्तं वाक्यपदीयकृता भर्तृहरिणा 'न सोऽस्ति प्रत्ययो लोके यः शब्दानुगमादृते। अनुविद्धमिव ज्ञानं सर्वं शब्देन भासते'। अपरत्रोक्तम्—'वेदशब्देभ्य एवाऽऽदौ पृथक्संस्थाश्च निर्ममे'। इदमत्राऽकूतं यदादौ सृष्टेरुत्पत्त्यव्यवहितोत्तरक्षणे श्रुत्यैव सकला व्यवस्थाः—'अयं ब्राह्मणोऽयं क्षत्रियोऽयं वैश्योऽयं शूद्रः' 'अयं ब्रह्मचर्याश्रमोऽयं गृहस्थाश्रमोऽयं वानप्रस्थाश्रमोऽयं सन्न्यासाश्रम' इत्याद्याश्चाऽसंकीर्णतामादधानाः प्रादुरभूवन्, तथा चाह—पुरुषसूक्तम्—'ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीद् बाहू राजन्यः कृतः। उरू तदस्य तद्वैश्यः पद्भ्यां शूद्रोऽजायते'त्यादि। एवमेव प्रविभक्तानां ब्राह्मणादिवर्णानां कर्मविभागोऽपि कृतो यथा 'अध्ययनाऽध्यापनयजनयाजनदानतद्ग्रहणानि षट्कर्माणि ब्राह्मणानां विहितानि, क्षत्रियाणां च सहवेदाऽध्ययनेन राष्ट्ररक्षणादीनि, वैश्यानां पुनर्वेदाऽध्ययनसहितकृषिगोरक्षावाणिज्यादीनि, शूद्राणां च वेदाध्ययनरहितानि सेवादीनि। तदेवं स्वस्वकर्माणि कुर्वाणा लोका ऐहिकाऽऽमुष्मिकशर्मसिद्धिं लभेरन्। तथा चाऽऽह श्रुतिः 'यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवास्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन्। ते ह नाकं महिमानः सचन्त यत्र पूर्वे साध्याः सन्ति देवाः'। 'कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतं समाः'। प्रस्थानत्रयघटकश्रीमद्गीताऽपि तमेवाऽर्थमनुवदति—'स्वे स्वे कर्मण्यभिरतः संसिद्धिं लभते नरः'। 'कर्मणैव हि संसिद्धिमास्थिता जनकादयः'। एवमादिगुणगुणाऽलंकृता श्रुतिस्त्रिपथगेव कर्मादित्रिकमार्गगामिनी सकलेष्टफलसाधनभूता सकललोकहिताय कर्मकाण्डं भक्तिकाण्डं ज्ञानकाण्डमिति काण्डत्रयमुपदिशति। प्रतिदिनं स्वपाठकर्तृभ्योजनेभ्यः स्वर्गाऽपवर्गादिफलं दिशति, पुनः सा 'उत्तिष्ठत जाग्रत वरान्निबोधते'त्यादिवाक्यकदम्बेन प्रमादादिमहादोषनिद्रानिद्रिताञ्जनानजस्रं जागरयतीत्यलमत्रातिपल्लवितेन।

अथ लौकिकवैदिकसकलशब्दा 'सर्वेसर्वार्थबोधकाः' इति योगिदृष्ट्या, नानार्थकस्थले चास्मद्दृष्ट्या तात्पर्यं विना मूकाऽन्धपंगुवदखिलनिजकार्यसम्पादनायाऽलं नैव स्युः, तद् यथा 'सैन्धवमानये'त्युक्ते तात्पर्यं विना भोजनकालेऽपि सैन्धवपदप्रतिपाद्याऽश्वमानयेत्, अथ च संग्रामकाले लवणं समानयेत्, इत्थमेव कदाचित् कश्चित् कथयति—'नेपालादागतोऽयं नवकम्बलवानि'त्यादौ तात्पर्याऽनभिज्ञः कश्चिदेवमपि वदेत्—

भक्तिरसपानातुराणां स्वाभीष्टदायको ज्ञानातुराणां च निरवद्यज्ञानविज्ञानप्रापकश्चाऽध्येतृणां विविधव्युत्पत्त्याधायकोऽस्तीति मन्ये ।

ग्रन्थेऽस्मिन् त्रयो भागाः सन्ति, तत्र प्रथमभागे विशिष्टवैशद्याख्ये सकलजगत्प्रख्यातवेदविहिताऽसाधारणसाधनभक्तेस्तदंगभूतानां ज्ञानधर्मवैराग्याणां च पल्लवितभाषया प्रामाणिकसुरगिरा च समुपबृंहणं चकास्ति, तत्र च परमाया भक्तेर्मोक्षकारणत्वमिति द्वितीयपृष्ठपर्यन्तं प्रतिपादितमस्ति, तद्धि 'तमेतं वेदाऽनुवचनेन ब्राह्मणा विविदिषन्ति यज्ञेन दानेन तपसाऽनाशकेने'त्यारभ्य 'अमृतस्य नाऽऽशाऽस्ति वित्तने'त्यन्तश्रुतिवाक्यानां तात्पर्यम्—आत्मनिष्ठस्थाश्रयप्रकारतासम्बन्धावच्छिन्नविशिष्टीयाऽनन्दात्मकमोक्षं प्रति स्वस्नेहीयविशेष्यताकप्रकारताकत्वसंसर्गावच्छिन्नसेवायाः कारणत्वमित्यत्राऽस्तीति निरूपितम् । तदनन्तरम्—अथ द्वितीयं साधनं ज्ञानं तच्च जडचेतनविवेकरूपमित्यादिना ज्ञानस्य तदन्तरितनिर्विकल्पकसविकल्पकप्रत्यक्षस्य विशदतया निरूपणम् । तदनन्तरं—कारणकार्यात्मकसाकारसगुणदिव्यविशिष्टपरब्रह्मणो निरूपणं द्वाविंशतमे पृष्ठे 'एतैः कारणवाक्यैः कारणं सत् सूक्ष्मावस्थापन्नं सूक्ष्मावस्थापन्नजडचेतनशरीरकमित्यादिना कृतम् । ततः परब्रह्म व्यापकत्वबोधकानि श्रुतिवाक्यानि नानात्वनिषेधबोधकानि श्रुतिवाक्यानि आत्मपरमात्मभेदाऽबोधकानि वेदावाक्यानि मोक्षसाधनश्रुतिवाक्यानि गुरूपासनाबोधकवाक्यानि वैराग्यादिबोधकश्रुतिवाक्यानि परमावश्यकजीवात्ममायेश्वरब्रह्मपरब्रह्मणां साधुविचारो विशिष्टब्रह्माऽद्वैतपरको निरूपितोऽस्ति ।

ग्रन्थस्याऽस्य द्वितीयभागे परब्रह्मणो व्युत्पत्त्यर्थं विधायाऽस्य स्वरूपनिर्णयाय वेदपुराणादितः प्रमाणभूतानि वाक्यानि समुद्धृत्य तदर्थं विविच्य चतुर्दशभुवनविवरवर्तिवस्तुजातानां साकारत्वं प्रदर्श्य परब्रह्मणोऽपि साकारत्वं न्यायसिद्धमिति प्रतिपाद्य निराकरत्वं निरस्तम् , तत एव १६५ तमे पृष्ठे ग्रन्थकृता श्रीमच्छ्रीवल्लभाचार्येण प्ररूपितं यद्विचित्राऽनेकशक्त्याश्रयत्वं साकारत्वं, प्रकृतौ जीवात्मनि बन्धनाऽनुकूला परमेशे मोक्षानुकूलाऽन्तर्यामिणि नियामकत्वानुकूला सुशुद्धसत्त्वानुकूला साक्षित्वात्मिकेति स्वरूपाऽऽधाराऽऽकारनिबन्धना, प्राविर्भावतिरोभावाऽवस्थाश्रयं साकारं सूक्ष्मतन्मात्रेन्द्रियाऽहंकारविज्ञानात्मकपरमात्मतद्गुणसामर्थ्यैश्वर्यशक्तिचमत्कारादि सर्वमपि साकारमिति निराकारत्वं सर्वथाऽनैकान्तिकमिति ।

तृतीयभागे ग्रन्थकृता सर्वव्यवहारहेतूनां ज्ञानानां प्रामाण्यं स्वतः परतो वा गृह्यत इति एतद्विषयमाश्रित्य सर्वदार्शनिकविचारः प्रदर्श्यते यथा नैयायिकानां मते प्रमात्वमप्रमात्वं वा परतो गृह्यते, सांख्ययोगानां मते स्वतो गृह्यते बौद्धानां मते प्रमात्वं स्वतो गृह्यतेऽप्रमात्वं च परतो गृह्यते, आर्हतानां मतेऽप्रमात्वं तु परतः वेदान्तिनां मते प्रमात्वं स्वतोऽप्रमात्वं तु परतो गृह्यते, रामानुजादिवैष्णवानामप्येतदेव सम्मतम् विशिष्टब्रह्माऽद्वैतवादिनां तु प्रामाण्याऽप्रामाण्ये साक्षिभास्ये इति नूतनः पन्था आद्रियते । नकुलीशपाशुपतशैवादिनामप्येतत्स्मृतिसमानाभिहारित्वमिति फलतः समापतति, आगमिकानां स्फुटिताऽर्थिनां निगमाभिसन्पन्नानां प्रामाण्याऽप्रामाण्ये स्वतः परश्चेत्युभयथा गृह्येते न त्वेकान्तत इति, आर्थवादिकानामैतिह्यजुष्टानां चैते परतो ग्राह्याऽग्राह्ये न तु स्वतः, सत्त्वप्रकर्षितात्मनां तु सार्वज्ञ्योदये सर्वथा प्रमात्वं स्वत एव गृह्यते नेतरदितिसुतरां परमेशस्य स्वप्रामाण्यं शाश्वतिकमिति नाऽस्मिन् ग्राह्याऽग्राह्यत्वप्रस्थानमत्यंकुरोऽपि परमात्मज्ञानं प्रामाण्यवदिति बार्हस्पत्यानां मते प्रमात्वाऽप्रमात्वे स्वतः एव गृह्येते, वैतण्डिकानां तु नैकं नोभयं नाऽन्यतरं वेति संक्षेपतः संगृह्य, ततः १६७ पृष्ठादारभ्य २१० पृष्ठान्तं विस्तरतस्तत्तन्मतविषयकविमर्शः प्रदर्शितः ।

ततश्चदार्शनिकक्षेत्रे परमप्रसिद्धानां ख्यातीनां विचारः कृतः, तद्यथा—'रंगे—इदं रजतमिति ज्ञानं सर्वेषां ख्यातं विमतिस्थानम् । एतद्वैमत्यं तज्ज्ञानालम्बनकम्, अत्र ज्ञाने विषयः सन् वाऽसन् वा सदसन्

वाऽनिर्वाच्यो वाऽन्यथारूपो वाऽभिनवो वाऽन्यथारूपो वा विवर्तविषयो वा परिणतो वांऽशतो द्वेधा वा शक्तितादात्म्यो वा बाह्यात्मको वा कारणकूटो वा मृदुपचयो वाऽवस्तुरूपो वा निरूपाख्य इति वा विमर्शमात्रं वा शाश्वतो वा क्षणिको वा समनियतो वाऽसमनियतो वा समकालो वाऽसमकालो वेत्यादीन् सम्भवितविकल्पानुदाहृत्य तत्तद्दार्शनिकमते तथा तथा ख्यातिरिति विस्तरतो निरूपितम्, तत्र जैनमतसिद्धं प्रत्यक्षं प्रमाणं सेन्द्रियप्रत्यक्षं निरिन्द्रियप्रत्यक्षं च निरूपयता ग्रन्थकृता निरिन्द्रियप्रत्यक्षभेदभिन्नानां मतिज्ञानश्रुतज्ञानाऽवधिज्ञानमनःपर्ययज्ञान केवलज्ञानानां पल्लवितविचारं विधायाऽनुमानोपमानाऽगमप्रमाणानि विविच्य जैनमतसिद्धपुण्याऽपुण्याऽऽस्रवसंवरनिर्जरबन्धमोक्षाणां सुचारुतया विचारप्रसारं विधायसूक्ष्मेक्षिकया सकलदार्शनिकमतविचारप्रचारः प्रदर्शितोऽस्ति ।

अथ पाण्डित्योदधिवैष्णवविद्वत्सार्वभौमपण्डितपण्डितेन श्रीकृष्णवल्लभाचार्येण जातिवैशद्यनिरूपणे—अथ केयं जातिरिति प्रश्नवाक्यादारभ्याऽव्याप्त्यतिव्याप्त्यसंभवरूपदोषभयरहितजातिलक्षणं लक्षयता तदन्तःपातिब्राह्मणक्षत्रियवैश्यशूद्राणां स्वरूपाणि प्रदर्शितानि, तद्यथा—'जातकर्मादिभिर्यस्तु संस्कारैः संस्कृतः शुचिः । वेदाऽध्ययनसम्पन्नः षट्सु कर्मस्ववस्थितः ॥ शौचाचारस्थितः सम्यग्विघसाशी गुरुप्रियः । नित्यव्रती सत्यपरः स वै ब्राह्मण उच्यते ॥ सत्यं दानमथाऽद्रोह आनृशंस्यं दया घृणा । तपश्च दृश्यते यत्र स वै ब्राह्मण संस्मृतः ॥ क्षत्रजं सेवते कर्म वेदाध्ययनसंगतः । दानाऽदानरतिर्यस्तु स वै क्षत्रिय उच्यते ॥ वाणिज्या पशुरक्षा च कृष्यादानरतिः शुचिः । वेदाध्ययनसम्पन्नः स वैश्य—इति संज्ञितः ॥ सर्वभक्षरतिर्नित्यं सर्वकर्मकरोऽशुचिः । त्यक्तवेदस्त्वनाचारः स वै शूद्र—इति स्मृतः' ॥ इत्यादिभिर्बहुभिः प्रामाणिकवाक्यैः ब्राह्मणादयो निरूपिताः ।

अथ ३०० पृष्ठतः ३०५ तत्रपृष्ठान्तं भक्तिरसविचारः कृतः, तत्र समासभेदादर्थभेदोऽर्थभेदाद्विचारभेदः, तथाहि—भक्तिरेव रसो भक्तिरसस्तस्यविचारः, भक्त्या साधनरूपया बोध्यः प्राप्य आस्वाद्यश्च यः परमात्मरूपो रसः स भक्तिरसस्तस्य विचारः, अथ च भक्तिश्च रसश्चेतिर्भक्तरसौ तयोर्विचारो भक्तिरसविचारस्तत्र भक्तिर्यद्यपि भगवन्नामोच्चारणरूपा भगवत्स्मरणरूपा भगवदर्चनरूपा भगवच्चरित्र श्रवणरूपा भगवता सह गुह्यभाषणरूपा भगवच्चरणकमलवन्दनरूपा भगवद्दास्यरूपा भगवद्विषयकप्रेमरूपेत्यादिरस्ति, तास्तत्र प्रेमरूपा सेवारूपा च समुपवर्णिता मुख्या ।

रसः क इति प्रश्ने, स द्विविधो वाच्यरूपो वाचकरूपश्च, तत्र वाच्यरूपो रसः एकरसानन्दघनचैतन्यमूर्तिः, वाचकरसो ब्रह्मरसः कामरसोऽलंकाररसो वेषरसो भोगरसः प्रेमरसो रसो वै सः सर्वरसः सर्वानन्दवर्ती रसो भगवान् श्रीहरिकृष्णः । यद्यपि काव्यविदाम्मते यथा दुग्धमेवाऽम्लसंयोगाद्दधिसम्पद्यते तथा विभावाऽनुभावसंचारिभावसंयोगाद् रत्यादिस्थायिभावो रसः सम्पद्यते, स चाऽखण्डानन्दचिन्मयो वेद्यान्तरस्पर्शरहितो ब्रह्मानन्दसहोदरो लोकोत्तरचमत्कारप्राणः स्वाकारवदभेदेनभासमान आस्वाद्यते, स च पुनः शृंगारादिभेदेन नवविधोऽपि लोके विद्वद्गोष्ठीषु च काव्यशास्त्रेषु च परमप्रसिद्धिमागतस्तथापि तथाविधस्य तस्य तदनुवर्तमानत्वं ज्ञेयमिति ।

ततः ३१४ पृष्ठपर्यन्तम् परमात्मनि शास्त्रवाक्यानि 'स्वामिनारायणोऽस्माकमास्ते'इत्यारभ्य 'तस्यांऽशो वासुदेवस्तु कर्मणोऽन्ते विवेश हे'त्यन्तानि समुल्लिखितानि । ततः ३१९ पृष्ठान्तं भगवतश्चित्तबोधकपुराणोपपुराणवाक्यानि 'हस्ते तुदक्षिणे चक्रं दृष्ट्वा तस्य पितामहः' इत्यादीनि 'ब्रह्मणो जुह्वतो वह्नि यावद्देशस्थितं सुरै'रित्यन्तानिसन्ति ।

अथ 'काणादं पाणिनीयं च सर्वशास्त्रोपकारकमि'तिवस्तुतः काणादं न्यायशास्त्रं सर्वेषु शास्त्रेषु सर्वासु भाषासु सर्वेषु वचनेषु चोपकृतिं चमत्कृतिं च जनयतीति सर्वलोकेषु प्रसिद्धमस्तीति किमत्राऽनल्पकल्पनेन, तच्च न्यायशास्त्रं नव्यप्राचीनभेदेन द्विधा भिन्नमिति न्यायपदमत्र वैशिषिकस्याऽप्युपलक्षकम्, तत्पुनः पदार्थविवेचने वादिनः प्रतिवादिनो वा विजये पार्थस्यगाण्डीवमिव रामस्य बाणमिवाऽमोघमस्ति, पुरा किल मन्थराविहितचञ्चलमतिकैकेयीप्रार्थितवरदानाऽधीनदशरथाऽऽज्ञप्तवनवासाय श्रीरामचन्द्रोऽनुजलक्ष्मणजनकतनयासमेतो गौतममुनेराश्रमं जगाम तत्र न्यायमधीयानः कश्चिदन्तेवासी श्रीरामचन्द्रमभिधत्ते—यद्भवान् पितुराज्ञया वनवासाय इयद्दूरमागतस्तन्निरर्थकम्, यतो वने वासो वनवासः, स च वनत्वावच्छेदेन वासो वनवासोऽथ च वनत्वसामानाधिकरण्येन वासो वनवासस्तद्यदि प्रथमपक्षस्तदाऽसंभवश्चतुर्दशभुवनविवरवर्तीनि यानि वनानि सन्ति तत्र सर्वत्र वासाऽसंभवात्, यद्युत्तरपक्षस्तर्हि—अयोध्यासमीपतरवर्तिवनवासेन कृतार्थः स्यादिति तत्रोत्तरमकुर्वन् शपनवचनमाह 'गौतमीविद्यः शृगालो भवे'ति, तदिदं शपनमुखकृपावाक्यम्—सृगः सृमतौ, प्रतिपक्षिप्रक्षेपसाधनरूपः, अतिमतिगतिमान्, तथा आलः—अलभूषणादौ, आलयति, ला आदाने, आलाति भूषणलाभः, अतिमतिर्गतिभूषणलाभो भवेति तात्पर्याऽर्थ आशीर्वादस्तं प्राह रामः, इत्येवं नैयायिका ब्रह्मविद्यावन्तोदार्शनिका भगवत्कृपया दिगन्तविजयिनो भवन्ति पण्डितमण्डलमूर्धन्या वर्तन्ते सर्वभूमिष्वद्यापीति ।

नव्यन्यायस्यमूलकर्ता मिथिलादेशमुकुटायमान—भङ्गरौनी—ग्रामवास्तव्यगंगेशोपाध्यायः पण्डितमण्डलमण्डनोऽन्तेवासिनिकरसंसेव्यमानपादारविन्दो विद्याभासुरभूसुरसमूहतोष्टूयमानगुणगणाऽलंकृतश्चक्रवर्तिचूडामणिचुम्बितचरणयुगलो निजविद्योपहसिताऽमरगुरुर्जगद्गुरुरासीत् । तस्यैव विदुषोऽन्तेवासिपरम्परायां रघुनाथमथुरानाथजगदीशगदाधरादयः समभूवन्, ते च नव्यन्यायशास्त्रं प्रसारयामासुः । तत्र च व्याप्तिविचारो हेतुविचारो हेत्वाभासविचारश्चाऽधिकप्रसिद्धिं निनाय । तत्र हेतुरिति लिङ्गम्, लीनं प्रत्यक्षाऽविषयमर्थं गमयत्यवबोधयति व्याप्तिवशादिति लिङ्गमनुमितौ साधनम्, हेतौ त्रयोधर्मा नित्यमपेक्षितास्ते च पक्षवृत्तित्वसपक्षसत्त्वविपक्षाऽवृत्तित्वरूपाः, अपेक्षितधर्माणां त्रिविधत्वात् हेतोस्त्रैविध्यम्, केवलान्वयिकेवलव्यतिरेक्यन्वयव्यतिरेकिभेदात्, हेत्वाभासे तु पुनः पक्षाऽसत्त्व सपक्षाऽवृत्तित्वविपक्षसत्त्वसत्प्रतिपक्षितत्वबाधितत्वरूपा पंचाऽन्यतमधर्मा अपेक्षितास्तत एव हेत्वाभासस्य पञ्चविधत्वमवसेयमिति व्यभिचारिविरुद्धाऽसिद्धसत्प्रतिपक्षितबाधिताः पञ्चहेत्वाऽभासाः असद्धेतवो व्यवह्रियन्ते ।

तत्त्वबुभुत्सुकथा वादः, विजिगीषुकथा जल्पः, स्वपक्षसाधनाहीनकथा वितण्डेति तिस्रः कथा वादजल्पवितण्डान्यायशास्त्रे परमप्रसिद्धिमापन्नास्तत्र जल्पकथायां वितण्डाकथायां च हेत्वाभासोऽधिकतयाऽपेक्ष्यते, यतश्च शास्त्रार्थकालेवादी प्रतिवादी वा निजप्रतिभावलेन परहेतुं हेत्वाभासतां नयति निजहेत्वाभासमपि सद्धेतुतां गमयतीत्युक्तम्—'विरुद्धं हेतुमुद्भाव्य वादिनं जयतीतरः' इत्यादि । एतादृशमपि नव्यन्यायशास्त्रं साम्प्रतं शक्तिवादव्युत्पत्तिवादख्यातिवादप्रामाण्यवादविधिवादव्याप्तिवादहेत्वाभासवादादिभिश्छात्राणामसाम्प्रतमित्येव नहि किन्तु तन्नामश्रवणान्मृगाधिराजस्य शब्दं श्रुत्वा मृगा इवाऽन्तेवासिनो दूरतः पलायन्ते, तस्मादत्र ग्रन्थे ग्रन्थकृता श्रीमता पण्डितश्रीकृष्णवल्लभाचार्येण 'कथाछलेन बालानां नीतिस्तदिह कथ्यते' इति वत्तेषामत्र तत्र प्रवेशाय निबद्धं नव्यन्यायस्य तत्त्वचिन्तामणेः सामान्यनिरुक्तिदीधितिगादाधर्याः क्रोडम्, क्रोडमिदं येन क्रोडेकृतं स्यात् तस्य कदापि पदार्थविवेचने बुद्धिरवकुण्ठिता न स्यादिति, ततो यावद्ग्रन्थसमाप्तिर्विशिष्टाद्वैतरामानन्दमतशैवतविशिष्टाद्वैतशक्तिविशिष्टाद्वैतविशिष्टब्रह्माऽद्वैतानां सारूप्यवैरूप्ययोर्निरूपणं कृतम् ।

नात्यनल्पीयसि श्रुतितात्पर्यनिर्णयनामकेऽस्मिन् ग्रन्थे ग्रन्थकृताऽगाधधीमता श्रीकृष्णवल्लभाचार्येण स्वामिधर्मेण वेदानुपवेदानितिहासान् पुराणान्युपपुराणानि न्यायवैशेषिकसांख्ययोगमीमांसाविविधवेदान्तशास्त्राणि जैनबौद्धचार्वाकशास्त्राणि शैवपाशुपतलिंगायतरसेश्वरशाक्तशास्त्राणि काव्यशास्त्राणि च समालोड्य भक्तिज्ञानकर्मवैराग्याणां विचारो भक्तेः प्राधान्यविमर्श आत्मपरमात्मविचारस्तत्तद्दार्शनिकमतविचारो मोक्षविचारोऽपूर्वतत्त्वविचारः ख्यातिविचारः प्रामाण्यविचारो जातिविचारो भक्तिरसविचारो भगवतश्चिह्नानि चाऽन्यवस्तून्यपि सुचारुतया सुभाषया सन्दृब्धानि, तदस्य ग्रन्थस्य कस्याञ्चिद्विश्वविद्यालयीयपरीक्षायाम्प्रवेशः स्यात् तदाविद्यार्थीनां सहचमत्कारेण महानुपकारो भवेत्, ग्रन्थो ग्रन्थकर्तुः परिश्रमश्च सफलतां भजेत ।

पुनः सोऽयं ग्रन्थः सफलशुभगुणगरिष्ठो व्युत्पत्तये वरिष्ठः सुकृतीनां विदुषां चेतस्सु चमत्कृतिकरो रुचिकरश्च पिपठिषूणामन्तेवासिनां च सद्बुद्धि प्रदस्त्वरितं सर्वदिग्देशगामी यथा स्यात्तथाऽऽशास्य भगवन्तं सकलसद्गुणनिलयं श्रीस्वामिनारायणपरमात्मानमभ्यर्थ्य च विरमामि नमामि भजामिचेति शम् ।

आचार्याणां समतायोगः

प्रजाराज्य विज्ञानालय

वेदान्ताचार्य, न्यायाचार्य, सोल्थोट-रे-मीनर, मोस्को, एशिया

सर्वेऽपि भवन्तु राज्याऽऽचार्याः, न तु देवाचार्याः, परलोकाचार्याश्च, यत् अत्र तत् सत्यम्, लोकौन्नत्यं सत्यम्, देवपरलोकाऽवलम्बनं तु मानसमात्रम्, न तु शारीरं बाह्यं वा, तथा सति अनौन्नत्य-प्रसंगात्, विषमत्वे नैजाऽर्थकत्वम्, एतत्स्वार्थात्मकम् तत् परस्याऽनिष्टकरम्, अवरोधात्, यत् अनवरोधं तत् समानग्राह्यं, समानेऽविषमाधीः सुखकर्त्री शान्तिपरा गृध्नारहिता, ममाऽधिकमिति तृष्णारहिता, सा श्रेयःकरी, तथाविधाः संस्काराः कर्तव्या विद्वद्भिः, सर्वैरपि ते कर्तव्याः, प्रसह्य तु राज्ये न कारणीयाः, दशोऽनन्नो न भवेत्, मानवोऽनुद्यमो न भवेत्, नार्योऽव्यापृता न स्युः, कुटुम्बं भारभूतमुपाधिकृत् मा स्यात्, अन्नपानाऽम्बरभवनार्थं चिन्तनं मा दह्यात्, मानवा निष्कर्माणो निरालम्बना उदासीना मा भवेयुः, यथासह्यकर्मारूढा यथावश्यकफलस्मृद्धाः सुखनिद्राः सुखजागरणाः सम्पद्येयुः राज्येतराऽर्थिनो मा स्युः, पृथिवी राजकीया, मानवा राजकीयाः, आयोव्यय उद्योगाः सर्वे राजकीयाः, राजा च जनतागतो न्यायो नीतिः समतावृत्तिरिति। दत्तवृत्तिकाः प्रजाः चौरा न स्युः, कार्यालसा न स्युः, संग्रहदोषिता न स्युः, क्लेशव्याकुला न स्युः, अनास्था अरक्षिण्यश्च न भवेयुः, व्यक्तिः स्वयं स्वस्यराजा, राजा च राज्यम्, राज्यं च जनता, जनता च व्यक्तयः, ऐक्ये न स्वाश्रयो दोषः, उत्पत्त्यविषयत्वात्, स्वाश्रयः परस्पराश्रयोऽपि च राज्यात्मको राज्याश्रयो गुणः, सुखसाधनत्वात् गुणत्वम्, कर्तव्यं धर्मः, राज्यादेशस्य कर्तव्यं धर्मः, राज्यस्य स्वाराज्यत्वात् स्वात्मकत्वात्। यद्यपि प्रजाराज्ये स्वयं राजा, तथापि यः प्रबलः स राजा, प्रबलस्य शासनम् निर्बलस्य न शासनम्, तर्हि निर्बलः पीड्यते बलिना, सत्यम्, बली तु राजनीतिः, राज्यनियमो बली, न व्यक्तिर्बली, राज्यनियमस्य स्वाराज्यत्वात्, नियमाः सर्वैः पाल्याः, यथापात्रं च नियमाऽऽरोहः पात्रता तु विभिन्ना, राज्यांऽगानि बहूनि, यदंगे यत्पात्रता उपयुक्ता भवति, तत्र तन्नियोजनम्, अयोग्ये नियोजनं न योग्ये योजनम्, यदि जाड्यधीः, जाड्यकार्यनियुक्तिः, काष्ठहारस्य काष्ठोपार्जने, पशुपालस्य पशुपालने, कृषीश्वरस्य कृषिकर्मणि, उद्यानपालस्योद्याने, गृहनिर्मातुर्गृहनिर्माणे अम्बरवयकस्य वस्त्रवयने नीतिज्ञस्य न्यायालये क्रूरस्य सीमरक्षायां, ओषधिज्ञस्य भिषक्त्वे, पण्डितस्य विद्यालये, खण्डितस्य खण्डितालये, प्रमदानां रासायन्यादिषु, विदुषीणामध्यापने, जडानां पात्रशुद्ध्यादौ, निर्युक्तिः योग्या नियुक्तिः, उद्यमवत्त्वे राज्यकृता नियुक्तिः, समानाऽपि सा योग्यतानुसारिणी, शास्यशासकताऽपि निर्देशादि-मात्रा, उपकरणं परिकरणं सर्वं राजकीयम्, तदपि चिन्ताशून्यम्, दासदास्यो राज्यदत्ताः, तत्रापि ममता-शून्यत्वं साम्यम्, दायादत्वमेव राज्यस्य, न तु प्रजायाः, प्रजाया दायादं राज्यं, साधनानि राज्यस्य, नाणकं राज्यस्य, कणा अपि राज्यस्य, भोजनादि राज्याऽनुमतमेव अथ व्यक्तीनामेवं समानता, तर्हि विषमता कुत्राऽप्यस्ति न वा ?, अस्ति शरीरविषमत्वे विषमता, नार्याः मुख्यं नारीमात्र कार्यं गर्भधारणं, पुरुषस्य कार्यं बीजप्रदानम्, तद् वैजात्ये न समानम्, किन्तु युगलस्य विषममेव, विषममपि समं कर्तुं यथाशक्ति यतितव्यम्, अयत्ने सयत्नेऽप्यसिद्धे तत् त्यक्तव्यम्। इत्येवं समता त्यागिनां चापि भवति, श्रीकृष्ण-वल्लभाचार्यो महाराजस्त्यागाश्रमी, अपरिग्रहः सर्वसमः विद्यापरिग्रहः सर्वसमः, आत्मवत् सर्वभूतेषु पश्यन् समतावान् तत्रसः, इत्येवं स्वजीवने श्रीकृष्णवल्लभाचार्यस्वामिमहोदयस्य प्रगल्भं पाण्डित्यं सर्वान्प्रति समं, अध्यापने समभावनां ज्ञापयतीति, बालनारीधेन्वनाथादिषु समतावानिति भारतीयो भाग्यवान् विद्वद्धौरेयोऽयं निष्पक्षपातेन सर्वशास्त्रव्याख्याता वर्तते समतमः। सोऽयं समताविद्यायां विजयवान् भवत्विति ममाऽभ्यभिनन्दनम्।

शब्दब्रह्म-पाणिनीय का मत

पं० रमानाथ वैष्णव

साहित्याचार्य, व्याकरणाचार्य, हुई-इण्डोनेशिया

दर्शनों ने ब्रह्म को नित्यविज्ञान, नित्य आनन्द, नित्यप्रकाश, नित्यद्रव्य, नित्यचैतन्य, नित्यशब्द, नित्यशक्ति, इत्यादि रूप में या स्वरूप में वर्णित किये हैं। बुद्धिभिन्नता से भिन्ननाम भिन्न कारणता भिन्न प्रक्रिया आदि लगाये हैं। परब्रह्म ब्रह्म दो नाम से ज्यादा परिचय है। पतञ्जलि भाष्यकार का प्रथम वाक्य है 'अथ शब्दानुशासनम्' शब्दब्रह्म आकाश है आकाश ही शब्दब्रह्म है, परा दिव्या ब्रह्ममूर्ति शब्दब्रह्म है व्यापक है कारण है उसकी पहली अवस्था पश्यन्ती देखती वाणी सूक्ष्मा ज्ञान है, दूसरी अवस्था मध्यमा प्राणरूप परिणाम सूक्ष्म प्राण है. तीसरी अवस्था वैखरी स्वर आवाज शब्द स्थूल शब्दरूप है, वैखरी में शब्द परिणाम परा का परिणाम अर्थ है, वे अर्थ जगत् रूप पदार्थ बन गये, परा से उत्पन्न होके वैखरी पदार्थ तक आये फिर प्रलय में परा में प्रविष्ट हो जायंगे' यह हुआ एक मत।

दूसरा मत—व्यापक सूक्ष्म निराकार शब्द ब्रह्म है, ब्रह्म की दूसरी अवस्था शक्ति अवस्था विमर्श विचार विज्ञान है, ब्रह्म की तीसरी अवस्था प्राणरूप बिन्दु सक्रिय है, यहाँ ओं का बीज उद्भूत हुआ, तब चौथी अवस्था में नाद सूक्ष्मझणकार चालू हुआ, तब पाँचवी अवस्था में नाद में से ध्वनियाँ नीकल पड़ीं, हल सब दो प्रकार की ध्वनियाँ मिल कर शब्दरूप में हुई, शब्द व्यापक है।

यहाँ विचार करिए, अनुभव करिए बोलकर तपास करिए, दो अक्षर भी एक साथ में बोला ही नहीं जाता है, एक अक्षर बोल के तब सटासट दूसरा अक्षर उमटता है लग पड़ता है तब तीसरा तब चौथा, राम शब्द में **र आ म अ** एक के बाद दूसरा उठेगा, एक क्षण में दो भी नहीं मिलता, तो शब्द कहाँ से बनेगा, एक क्षण में एक शब्द कभी नहीं बनता, न तो बनेगा, पहला अक्षर बोला गया उसमें लगा स्वर या व्यंजन दूसरा अक्षर उठाओगे तब क्षण में पहला नष्ट भी हो जाता है, दूसरा बोला नष्ट हुआ तब तीसरा अक्षर उठता है, कभी दो वर्ण दो अक्षर दो स्वर एक क्षण में एक स्वरूप में उच्चरित नहीं होते। अतः अनुच्चरित जो कोई एक अवस्था वह ब्रह्म है 'अ' ब्रह्म है, उससे आ दो मात्रा क्रमित हो गई, वैसे सभी क्रमित है द्विक्षणिक है एक क्षणिक नहीं है, द्विक्षणिक जगत् है एक क्षणिक या एक तत्त्व ही ब्रह्म है, एक शब्द का विकार जगत् है, जगत् में बाल्यस्थिति में अक्षर के बाद अक्षर मिलाने की स्कूल सीखना पड़ता है, सभी लोग अक्षर समाम्नाय को सीखते हैं, शब्द बने हैं बनाये हैं बनते हैं उसके क्रम का अभ्यास करते हैं, तभी भाषायें होती हैं पढी जाती हैं, क्रम आनुपूर्वी अव्यवहित पूर्व उत्तर वर्णस्थापना सभी सीखना ही पड़ता है, **राम, र** बोला लीन हुआ, श्रवण से **र** संस्कार समझ ज्ञानकोटडी में गया, वह वहाँ पहुँचा उतने में तो **आ म** बोला गया, उनके संस्कार ज्ञान भी पहुँचा, ज्ञान कोठरी से मिला क्रम लगकर ज्ञान मर गया क्रम संस्कार रह गया, उसका अभ्यास ही **राम राम राम** है, इस प्रकार शब्द जगत्मय है जगत् शब्दमय है, शब्द ज्ञानमय है ज्ञान ब्रह्म है।

इस रीति से पाणिनि या अन्य शब्द शास्त्रों ने एक-एक वर्ण पकड़कर एक दूसरे में मिलाये हैं, प्रकृति पद धातु प्रत्यय आदि नाम रखकर मिलाये हैं तब भाषा बनी है, भाषा व पदार्थ वाग् व अर्थ

शब्द व ब्रह्म एक है 'एकमेवाद्वितीय ब्रह्म है। अ कंठ से अवाज हुआ वह कण्ठ के ऊपर प्राण के साथ आया, प्राण मुख में कई जगह में ठकराया, वहाँ-वहाँ अ का विकार स्वरूप आगे-आगे बढ़कर इ उ ए ऐ ह ए क ख ग घ आदि अ के विकार हुए, सारी भाषाएँ अ में से हुई हैं। अ ब्रह्म है सभी सृष्टि का सूक्ष्म निराकार प्रथम कारण है, तब साकार कारण व कार्य होता है, एक ही अ अक्षर शब्द है, उनमें अभ्यास से देशदेशान्तर के ध्वनि एक ही क्षण में स्थूल होते हैं सुने जाते हैं सूक्ष्म में परिवर्तित होने का चालू भाषा में व्याख्यान में बखत ही नहीं मिलता, इसलिये समग्र सृष्टि शब्द ब्रह्ममयी है। शब्दानुशासन में वाक्यपदीयदर्शन में—'शब्दानुशिष्टि संस्कारवेदनीया' बताते हैं। वेद की सुरक्षा के लिये व्याकरण का महेनत है, वेद के शब्द ठीक बनाये गये हैं, उनके फेरफार नहीं करना, बाकी के लिये जिम्मा नहीं लेते। यही पढाई है, पढाइ में फेरफार है ही, नक्की बनाया, श्रुति ने बना के रख दिया—

"चत्वारि शृंगा त्रयो अस्य पादा द्वे शीर्षे सप्त हस्तास्ते अस्य।
त्रिधा बद्धो वृषभो रोरवीति महोदेवो मत्याँन् आविवेश"॥

(म० ना० १०।१)

शब्द में नाम, आख्यात, उपसर्ग, निपात, ये चार शिखर शृंग शींग माने गये हैं। इनके भूत भविष्य वर्तमान तीन काल के लिये लडादि बनाये हैं, तीन काल पैर हैं। शब्द को दो मस्तक हैं, शब्द नित्य है कार्य भी है। सात हाथ— तिङ के सहित सात सूबे विभक्तियाँ हैं, तीन स्थान में उरस कण्ठ शिर: में तीन स्थलों में बद्ध है। इसको वृषभ कहा है, इन उक्त स्वरूप में तैयार होके मुख से बाहर वर्षता है अत: वृषभ कहा है, ज्ञान के अनुसार बरसता है, ज्ञान ब्रह्म है ज्ञान कारण है, ब्रह्म में से ज्ञान द्वारा शब्द बरसता है। रोरवी-होता है रागरागिणी बनता है। महो महान् देव: व्यापक परमात्मा महादेव शब्द बन कर मर्त्यों में प्राणसहित प्राणिओं में प्रविष्ट होके रहता है। इस प्रकार जगत् ब्रह्म की एकता कही है।

पातञ्जल महाभाष्य में शब्द व ब्रह्म एक करके गाया है, शब्द में स्फोट है अर्थ को फोड़ता है वह स्फोट भी ब्रह्म है, शब्द फूटता है अर्थ में लगता है अर्थ भान कराता है, जगत्कारण स्फोटनामक निरवयव ब्रह्म शब्द रूप में होता है। वर्णों से अभिव्यंग्य स्फोट है, नादाभिव्यंग्य स्फोट वाचक वाक्यपदीय दर्शन में कहा है। वर्णों से माला बनती हैं स्फोट भी विस्तृत अवस्था में होता है, शब्द द्रव्य है स्फोट द्रव्य है ब्रह्म भी द्रव्य है, शब्दार्थ ब्रह्म ही है, शब्द ब्रह्म में निष्णात होगा वह परम ब्रह्म को पायेगा, भक्ति करने से नामरटन से प्रभु प्राप्ति होगी।

वेदान्तों के विचार में से पृथक् हुए न्यायदर्शन

पं० नेमचन्द्र सूरि
सप्ततीर्थ, भामो

गौतम मुनि ने प्रमाणों से प्रमेय की सिद्धि के मार्ग में विघ्नरूप या उपकरण रूप ज्ञान के विभिन्न भाग, संशय तर्क विपर्यय अप्रमा आदि को बतलाये, शब्दों से वाद-विवाद होने में उपयोगी प्रयोजन दृष्टान्त सिद्धान्त अवयव निर्णय वाद जल्प वितण्डा हेत्वाभास छल जाति निग्रहस्थान आदि विस्तार से वर्णित किये, प्रत्यक्ष अनुमान उपमान शब्द प्रमाणों को उनके उपयोगी सभी गुण धर्म सन्निकर्ष व्यापार ग्राहक व्यावर्तक साधक भी वर्णित किये, शक्ति लक्षणा आसत्ति योग्यता सन्निधि अर्थतात्पर्य आदि विवेचित किये, गुण कर्म धर्म जाति आदि पदार्थ विवेचित किये, इनके नाम लक्षण परीक्षाएँ लिख लिख के ठीक न्याय निष्कर्ष कर बताया। इनकी रचना का मुद्दा तो यह था कि वेद में आत्मा परमात्मा मोक्ष उनके स्वरूप व साधन यथार्थ जानना, ये वेदान्त की चीजें हैं, सामना करनेवाले बौद्ध जैन चार्वाक-परमात्मा कोई स्थायी एक है नहीं, आत्माएँ सभी ज्ञान या भौतिक विकार है, क्षण क्षण में बदलते रहते हैं अनित्य हैं मोक्ष की तो बात ही क्या, परलोक के लिये झूठे गप्पे हैं, धर्म कर्म स्वभाव यहीं है, मरा तो भूत भौतिक क्षणिक हो गया, गया सो गया, न आता है न जाता है। इत्यादि उटपटांग बातों को खण्डित करके पुनर्जन्म मोक्ष कर्मफलप्रद परमात्मा साक्षी, पदार्थ तत्त्वज्ञान आदि आदि का विवेचन खूब किया, इस पर बड़े-बड़े नैयायिक हुए न्यायशास्त्र सूक्ष्म कठिन विशाल बना दिया, वर्तमान युग में न्यायशास्त्र आन्वीक्षिकी विद्या सभी शास्त्रों में पैठ गयी हैं, बौद्धों ने क्षणिकता ज्ञानधारात्मकता आत्मस्वलक्षणता शून्यात्मकता पर जोर दिया, पकड़ी बात नहीं छोड़ते, उनके विचार उनकी प्रणाली पर तिब्बत सिक्यांग चीन इन्डोचाईना जापान में सीयाम बर्मा में प्रचलित हैं। हिन्दुस्थान ईश्वरोपासक अवतार प्रति श्रद्धा-वाला वेदान्ताश्रित है। जो ईश्वर से विरुद्ध है, वे अन्य देश में स्थिरतावाले हुए हैं। इन्होंने यह बात मुख्य रक्खी 'जो सत् दीखता है वह सब क्षणिक है जैसी बदलियाँ' वैसे ज्ञान स्मरण स्वप्न सब क्षणिक है वह ज्ञानात्मा भी क्षणिक है। दीप की ज्योत निकलती रहती है भिन्न ही हैं मगर एक सी दीखती है, उसी प्रकार सभी चीजें बदलती रहती हैं वे एक नहीं हैं भिन्न धाराएँ हैं सजातीय का ग्रहण होता है, घर की चीजें आदि सूक्ष्म रूप में बदलती ही रहती हैं, ज्ञानधारा संस्कारधारा पुण्यधारा जीवनधारा ये सभी चलती रहती हैं, कठिन संस्थान होने से पित्तल का घड़ा पत्थर आदि एक से भासते हैं, किन्तु सभी का कठिन सा भी परिवर्तन होता है। सभी चीजें परमाणुओं के पुञ्जरूप हैं।

जब नैयायिकों ने परमाणु नित्य है ईश्वरेच्छा से द्वयगुणक त्र्यगुणक चतुरणुक रज कंकड़ पिण्ड बड़ी चीजें बनती हैं, अवयवों से अवयवी बनते हैं, लम्बे काल रहते हैं। आत्मा परमात्मा परमाणु नित्य हैं अतः सृष्टि प्रवाह नित्य ही चला आता है। आत्मज्ञान करके परमात्मोपासना से तीन दुःखों का नाश या सच्चिदानन्द स्वरूप में रहना अथवा प्रभु के चरणों में रहना मोक्ष कहा है, इस प्रकार का वेदान्त न्यायरूप में लड़ने में व ज्ञानरूप में मोक्ष में उपयोगी रचा गया, इनका न्यायशास्त्र मुख्य नाम प्रसिद्ध हुआ, आस्तिक दर्शन शास्त्र भया।

अब कणाद ऋषि ने निज बुद्धि से वस्तु की गिनती कर ग्रन्थ लिखा, जिसमें प्रत्यक्ष दीखती चीजों को क्रमशः समझने लगे, द्रव्य गुण कर्म सामान्य विशेष समवाय अभाव नाम के पदार्थ स्वीकृत करके विवेचित किये, पृथिवी जल तेज वायु आकाश काल दिग् आत्मा मन, द्रव्य माने गये, इनके गुण रूप रस स्पर्श संख्या परिमाण पृथक्त्व संयोग विभाग परत्व अपरत्व गुरुत्व द्रवत्व स्नेह बुद्धि सुख दुःख इच्छा द्वेष प्रयत्न धर्म अधर्म संस्कार गुण माने गये, द्रव्यों में रहने की व्यवस्था किया, क्रियायें जातियाँ

उपाधियाँ, भी सूत्रों में परीक्षित किये, अभाव तो अर्थात् सिद्ध मान लिया, परमाणुओं के सूक्ष्मपना होने से उनके भेद के लिये विशेष नामक तत्त्व स्वीकार किया, इस पर वैशेषिक न्याय कहलाया, इतने पदार्थों के तात्त्विक ज्ञान से अज्ञान मिटता है प्रमाज्ञान होता है साधन साध्यज्ञान होता है, आत्मा परमात्मा नित्य है मोक्ष में जाना है, इस पर वेदान्त ही यह लिखा गया वह निज नाम से वैशेषिक व न्याय में मिश्रित हो जाने से न्यायशास्त्र प्रसिद्ध हो आया। इस पर न्याय पदार्थ सीखने में बड़ी सुभीता हुई, इसके पर कई ग्रन्थ लिखे गये वे परीक्षाओं में न्यायवैशेषिक एक ही रूप में रक्खे गये। इन्होंने—

जैनों का मत का खण्डन किया, ज्ञान को दो तीन चार क्षण तक स्थायी मान लिया, द्रव्यों से द्रव्यगुणकर्म की उत्पत्ति मानी, जैनों ने जो 'घट है' 'नहीं है' 'शब्द वाच्य है' 'अवाच्य भी है' 'है नहीं है' तो फिर अभाव पदार्थ में आखीर चला जायगा, अतः सभी शून्य है अभाव है, बीज के दो दल बाष्प से छूटे होने पर अंकुर निकलता है, बीज से अंकुर नहीं हुआ, बीज ध्वंस से हुआ, अभाव से भाव पदार्थ होते हैं, सभी कारण उपमर्दित होने से कार्य निकलता है, अतः अभावकारणक सृष्टि, पुद्गल आत्मा में द्रव्य में गुण में सभी में जहाँ लगे हैं धर्म अधर्म पुद्गलों को भोगने के लिये मध्यम परिमाण मध्यम परिणामी शरीर मान लिया जीव का छोटा बड़ापना सच्छिद्रपना मान लिया, संवर निर्जर के बाद कर्म भाररहित होके अपने से उपर्ली सिद्ध शिला में पहोंचेगा विमल विज्ञान उदित होगा, वहाँ स्थिरता होगी, इत्यादि स्वीकृत किया, सभी जन्तुमय होने से अदृश्य दृश्य हिंसा नहीं होनी चाहिए, अहिंसा प्रधान रक्खी, जल का उपयोग कम रक्खा, ईश्वराऽऽराधना को मोक्ष में कारण नहीं माना, कर्मभार मिटाने के व्रत गच्छ करते रहना, वृत्तियाँ शुद्ध करना ऊँची भूमि के वायुमण्डल पवित्र होते हैं वहाँ वास करना, अन्न जल भिक्षा से लेना, निर्वाह करना, जीवों को भागवती दीक्षा देना उन्हें तारना स्वयं तर जाना, कर्म अपने करें अपने भोगें और फलप्रदाता ईश्वर को बीच में रखना यह बात झूठी है, ईश्वर ही नहीं है, मोक्ष में आलोकाकाश में जायेंगे सभी ईश्वर ही है। इसके कर्म पर प्रमाण पर ग्रन्थों के ग्रन्थ लिखे गये हैं।

न्यायवैशेषिक दर्शनों ने जैमिनि दर्शन ने वेदान्त ने उनका खण्डन किया, परमेश्वर साक्षी कर्मफलप्रदाता है मोक्ष में ब्रह्मलोक में आत्मा जाता है, व्यापक होने से सभी जगह है। सांख्य योग न्याय वैशेषिकों ने आत्मा व्यापक माना है मन छोटा परिच्छिन्न है जहाँ योग होगा वहाँ सुखदुःखादि होता रहेगा यह तर्कशान्ति किया है। विद्वान् ज्यादे होने से नये तर्क से लिखने पर साहित्य बढ़ जाता है, इस युग में सभी के साहित्य बढ़ गये हैं।

सांख्य ने बुद्धियोग से आत्मा में संसार माना है तत्त्व ज्ञान से पौरुषेय बोध होने से योग मिट जाता है तब आत्मा निर्गुण निराकार व्यापक रह जाता है माया हट जाती है यही मोक्ष मान लिया है, यह वेदान्त की प्रक्रिया थी मगर ब्रह्म को छोड़ देने से वेदान्त में गिनती मिट गई, सांख्य का स्वतन्त्र झण्डा ऊठा। योग में वही मिलती है किन्तु परमेश्वर का भक्ति ध्यान उपासना रक्खी है, अतः योगशास्त्र सांख्य से उत्तम गीना गया, मीमांसकों ने यज्ञ याग में देवताओं की उपासना वर्णित किया, सर्वत्र अन्तर्यामी विष्णुनारायण फलप्रद भी माना गया, अतः मीमांसा योग न्याय वैशेषिक वेदान्त ये सेश्वर माने गये, सांख्य को भी सेश्वर में ले लेने के लिये यत्न किये गये हैं। मगर चार्वाक जैन बौद्ध का शास्त्रवाद सेश्वर में नहीं है अतः इन्हें पृथक् कर दिये। भारत के कोई भी सम्प्रदाय सद्गुरु द्वारा स्थापित है गुरुरूप हरि और परमेश्वर हरि को भजते हैं, तब भी क्षणिकवादी अभाववादी भी स्थापकों को तो मानते भजते ही हैं। अतः शरणागति बिना उद्धार नहीं है यह सारांश है।

वेद-उपनिषद् भागवताधार-वैष्णव सम्प्रदाय

पं० श्री वल्लभचरण वेदान्ताचार्य

मथुरा, वृन्दावन

सभी वैष्णव साकार दिव्यमूर्ति परब्रह्म के उपासक हैं परब्रह्मद्वारा सृष्टि है, भगवान ने अनेक रूप धारण किये हैं अनादिश्रीकृष्णनारायण ने श्रीकृष्णस्वरूपधारण किया, श्रीकृष्णभगवान ने स्वमूर्ति में से राधिका आदिक शक्तियाँ को प्रकट किया, उनका यथेष्ट आनन्दविहार सेवा के लिये गोलोक धाम बसाया, असंख्य मुक्त मुक्तानीयाँ गोप गोपिका रूप में भगवान् की सेवा के लिये गोलोक में बसने लगे। भगवान् श्रीकृष्ण शुद्ध परमब्रह्म ही एक है अद्वैत हैं, उनकी मूर्ति में से विद्याशक्ति अविद्याशक्ति भी प्रकट हुयीं, आत्माएँ सभी प्रकट हुएँ, स्वलीला में सभी का भगवदिच्छा से पार्थक्य दीखने लगा, अतः शुद्ध अद्वैत ही सभी कुछ है, उनसे प्रेम करके शुद्ध अद्वैतस्वरूप समझ के उनके गोलोक में जाना तथा उनके साथ परमब्रह्मलोक में चलेजाना आत्यन्ति की मुक्ति है। जीव अपने साधनों से शरीर मन सम्पत्ति से गुण क्रिया लीला भावना से भगवान् को सेवे। साम्प्रदायिक ज्ञानभक्ति से भगवान् को पावें।

१. **श्रीवल्लभाचार्य** सम्प्रदाय रुद्रसम्प्रदाय कहाता है, श्रीमान् नारायण ने शंकर-रुद्र को उपदेश दिया, उसने अपान्तर्तमा को उपदेश दिया, उसने विष्णुस्वामी को उपदेश दिया, यह शुद्धाद्वैत उपदेश श्रीवल्लभाचार्यजीने भागवतकथाएँ द्वारा प्रसृतकिया।

२. **श्रीमाध्वाचार्य का** ब्रह्मसम्प्रदाय कहाता है, श्रीमान् नारायण ने ब्रह्माजी को उपदेश दिया, ब्रह्माजी ने नारद को उपदेश दिया, नारदजी ने व्यास को उपदेश दिया, व्यासजी ने मध्वाचार्य को द्वैत उपदेश दिया, आनन्दतीर्थ ने इस उपदेश का प्रचार किया।

३. **श्रीरामानुजाचार्य का** श्रीसम्प्रदाय है, श्रीमन्नारायण ने लक्ष्मीजी को उपदेश दिया, लक्ष्मीजी ने विश्वक्सेन को उपदेश दिया, विश्वक्सेन ने पराशर को उपदेश दिया, पराशर ने पूर्णकांची को उपदेश दिया, पूर्णकांची ने वरवरमुनि को उपदेश दिया, वरवरमुनि ने श्रीरामानुज को उपदेश दिया, श्रीरामानुज-मुनि ने विशिष्टाद्वैत उपदेश प्रसृत किया।

४. **श्रीनिम्बार्काचार्य का** द्वैताऽद्वैत सम्प्रदाय है, श्रीमान् नारायण ने सनकादिकों से उपदेश दिया, सनकादिकों ने नारदजी से उपदेश दिया, नारदजी ने गर्ग ऋषि को उपदेश दिया, गर्ग ऋषि ने निम्बादित्य को उपदेश दिया, निम्बार्काचार्य ने द्वैताऽद्वैत उपदेश का प्रचार किया।

श्रीवल्लभाचार्यजी का रुद्रसम्प्रदाय, श्रीमाध्वाचार्यजी का ब्रह्मसम्प्रदाय, श्रीरामानुजाचार्यजी का श्रीसम्प्रदाय, श्रीनिम्बार्काचार्यजी का सनकादिसम्प्रदाय कहाता है। श्रीरामानन्दाचार्यजी का श्रीसंप्रदाय कहाता है, रामानुजाचार्य व रामानन्दाचार्य में उपासना वैष्णवता ज्ञान भक्ति इष्टता आदि मीलते झूलते हैं।

५. **श्रीशंकराचार्यजी का** सम्प्रदाय शांकरसन्याससम्प्रदाय कहाता है, अद्वैतब्रह्म में से सगुणब्रह्म सगुण ईश्वर हिरण्यगर्भ हुए, उससे विराट् हुआ, विराट से शिव हुए, शिवजी ने पार्वतीजी को ज्ञान

दिव्या, पार्वतीजी में माण्डुक्यादि महर्षिओं को ज्ञान दिया उन महर्षिओं की ज्ञानपरम्परा में से श्रीशंकराचार्यजी ने निर्गुणनिराकार अमूर्त व्यापक नित्यविज्ञानब्रह्म का उपदेश शास्त्र द्वारा फैलाया।

६. श्रीस्वामिनारायण सम्प्रदाय उद्धवीय वैष्णव सम्प्रदाय लिखा गया है। परब्रह्म स्वयं स्वामिनारायण अवतारी परमात्मा ने अक्षरब्रह्म वहाँ के मुक्त आदि को साथ ले के पृथ्वी में प्रकट हुए, उन्होंने विशिष्टाद्वैत ज्ञान प्रकृतिपुरुष को दिया था, प्रकृतिपुरुषने प्रधानपुरुष को दिया था, प्रधानपुरुष ने महाविष्णु को दिया था, महाविष्णुते वैराजपुरुष को दिया था, वैराजपुरुष ने श्रीविष्णु को दिया था श्रीविष्णु ने श्रीरामानुजमुनि को दिया था श्रीरामानुजमुनि ने श्री रामानन्दस्वामी को दिया था श्रीरामानन्दस्वामी ने श्रीस्वामिनारायणवर्णी द्वारा ज्ञान को फैलाया इसमें जीव ईश्वर माया ब्रह्म परब्रह्म पाँच तत्त्वों को पहले ही प्रकट किया, पाँच तत्त्वों का ज्ञान चार विशिष्ट परब्रह्म है, तीन से विशिष्ट ब्रह्म है ब्रह्म से विशिष्ट परब्रह्म है, यह ब्रह्म का साक्षिपना व्यापकपना प्रकाशपना अपना किरणपना आदि-आदि उपदेश में कहे हैं, जिनका समन्वय विशिष्टब्रह्माद्वैत में होता है, अतः श्रीस्वामिनारायण-सम्प्रदाय श्रीस्वामिनारायण नामपर उद्धवाऽवतार श्रीरामानन्दस्वामि का सम्प्रदाय का परिवर्तन हो गया, श्रीस्वामिनारायण के प्रवर्तित ज्ञानभक्ति धर्म वैराग्य उपासना व्रत नियम दीक्षा आचार सेवा मन्दिर आचार्य पञ्चायतन देव यज्ञ याग कर्मकाण्ड वैष्णवचिह्न वेष हरिभक्त त्यागीवर्ग सांख्ययोगीनारी-त्यागीवर्ग ग्रन्थ उत्सव महोत्सव सभी प्रवृत्त है, इस सम्प्रदाय में सभी वैष्णवसम्प्रदायों का समन्वय हैं, तो भी सम्प्रदायों में शाखान्तर होना संभव है, सभी में मानव समुदायाऽधीन शाखाएँ नीकलती हैं, गुरु नानक सम्प्रदाय में अकाली शिक्स निर्मले आदि शाखाएँ हुई हैं, अद्वैत सम्प्रदाय में शैव शाक्त शांकर आर्य आदि शाखाएँ हुई हैं। शाखाएँ खुलती हैं किसी अभिनिवेश के बल से, मानवों को नया प्रिय होता है, प्राचीन का संस्कार नहीं है, समझानेवाला नया मीलता है, कोई खामी निकाल के नया उठाव ले लेते हैं स्वतन्त्रता सब को प्रिय है, अभिमति भी प्रिय हैं, अहंममता काम कर जाती है, ये नये पन्थ के हेतु हैं। होते ही रहेंगे।

७. वल्लभ सम्प्रदाय शुद्धाद्वैत प्रसिद्ध है, वल्लभाचार्यजी अनलाऽवतार है, उन्होंने ब्रह्मसूत्र पर अणुभाष्यलिखा है, निर्गुणभक्ति व ब्रह्मज्ञान को स्वीकारा है, वे पुष्टि सम्प्रदाय कह के अनुग्रह में अर्थ घटाते हैं, अनुग्रह ही कृपामार्ग है, सालोक्य सार्ष्टि सामीप्य सारूप्य एकत्व आदि को नहीं इच्छता केवल सेवा को चाहता भक्त आत्यन्तिक भक्तिवाला है। स्थायी शृंगाररस प्रधान रखना, स्वामिनी बनना, प्रभु ही कामस्वरूप है, वह भक्त के भोक्ता है, प्रीतिसेवा से गूढ कामात्मा भगवान् को सेवना, भक्ति से वश करना। आत्मा अणु है ब्रह्माऽभिन्न है ब्रह्मांश है, शुद्ध संसारी मुक्त उसकी अवस्थाएँ हैं, जीवात्मा सच्चिदानन्दात्मकब्रह्म में से नीकलता है, तब आनन्दांशतिरोभूत होता है, जीव में विद्यासम्बन्ध मीटता है तब शुद्ध भी कहाता है, वैराग्यसांख्ययोगतपभक्तिद्वारा सन्तसमागम से मुक्ति में जायगा, ज्ञानगुणशरीर में व्याप्त होता रहता है। प्रवाही जीव विषयासक्त संस्कारहीन आसुरी कोटिका होता है, भक्तिनियमवाला परमेशपूजापरायण कर्मज्ञान की मर्यादावाला मर्यादी कहाता है। गोपांगनासमान 'श्रीकृष्णः शरणं मम' जाप परायण श्रीपुरुषोत्तमपरायण रहे वह पुष्टि कहाता है, श्रीकल्याणरायजी ने दश प्रकार जीवों के कहे हैं—१—केवलप्रवाह—भगवदिच्छा से जायमान जीव। २—केवल मर्यादा जीव—प्रजापरायण फलासक्त मोक्षेच्छुकजीव। ३—पुष्टिप्रवाहजीव—भगवत्स्वरूपाऽनभिज्ञभक्ति उपासनावाला श्रुतदेवसमान जीव। ४—पुष्टिमर्यादाभक्त—स्वरूपाऽनभिज्ञ भगवद्गुणज्ञ श्रवणमननवाला जीव अर्जुनसमान। ५—मर्यादा पुष्टिजीव—विधिमर्यादापालक भगवदनुग्रहवाला अम्बरीषसमान जीव। ६—पुष्टि-पुष्टि भक्तः—

भगवत्स्वरूपगुणगानपरक लीलारहस्यज्ञ विशेषानुग्रहवाला नारदप्रल्हादजी समान जीव। ७—शुद्ध पुष्टि जीव—प्रभुप्रेमसंभृत साधनहीन सर्वस्वार्पक गोपीसमान जीव। ८—प्रवाहस्थ पुष्टिमिश्रित जीव—भगवद्भजनानुकूलकर्मकर्ता। ९—प्रवाहस्थमर्यादामिश्रित जीव—केवल सत्कर्मकर्ता। १०—प्रवाहस्थ प्रवाहमिश्रित जीव—लौकिककार्यपरायण हिंसक आसुर जीव।

पुष्टि शरीर से आनन्द से अभिन्न है, आनन्दब्रह्म से नरनारी दोनों हुए, सृष्टि भी आनन्दरूप ही है, कारण कार्य अभिन्न है, अक्षरब्रह्म मर्यादा सृष्टि का उपादान कारण है, भगवल्लीलामय सृष्टि भगवद्रूप ही है। भक्तगण भी ऐश्वर्य वीर्य यश श्री ज्ञान वैराग्य आदि गुणवाले हैं, ध्वजवज्रधनुश्चक्र स्वस्तिक आदि चिह्नवाले भी हैं। भगवान् प्रकट हो के घर पर जाके भक्तों के मनोवाञ्छित पूरते हैं, भगवान ने गोपीयों का तामसभाव मिटा दिया, भगवान् भजनीय है, नियामक स्नेह है, भगवान् हृदय में विशेष आविर्भूत है, वासना नाश करते हैं, गुणगान करते रहना, असमर्पित वस्तु का त्याग पालना, अर्पण होने से शुद्धि होती है, ब्रह्मसम्बन्ध लेना, अपने स्वामी को अर्पित प्रसादी ग्राह्य है वह दान नहीं कहाता। भगवान् को न अर्पण करे तो अनन्याश्रय नहीं कहाता। आत्मनिवेदन से सभी दोष निवृत्त होते हैं। ज्ञान से भक्ति श्रेष्ठ है, ब्रह्मसम्बन्ध बिना वस्तु निर्दोष व पावन नहीं होती, भगवान् की कृपा से पात्रता होती है तब प्रेमावस्था आसक्ति भक्ति का व्यसन होना, भगवान् में क्रीडन करना ही निरोध है श्रीकृष्ण में निरोध समाधिवाले मुक्ति में पहुँचते हैं। भगवल्लीला भी निरोधावस्था है, भगवान में आसक्ति जीवधर्म है। सत्त्वनिवृत्ति होने से नित्यलाला में प्रवेशते हैं आश्रयप्राप्ति ही सर्वस्व है।

८. **माध्वाचार्य** श्रीचैतन्यमहाप्रभु से गौडीयसम्प्रदाय प्रचार हुआ, भगवन्नामगुणकीर्तन मुख्य करना, नेत्रों में अश्रुधारा बहे, गदगद कण्ठ हो जाय, सर्वांग पुलकित हो जाय। 'हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे। हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे' भजन कीर्तन करना। ब्रह्म में भेद नहीं है, उनकी शक्तियाँ नीकल आती हैं, संधिनी संवित् आह्लादिनी, सन्धिनी स्थिति शक्ति है संवित् ज्ञानशक्ति है आह्लादिनी आनन्दशक्ति हैं। दृढ़ प्रेम से भगवद्भक्ति करना, निष्काम कर्म से चित्तशुद्धि करना, आत्मसमर्पण बड़ा साधन है, भगवान् की अचिन्त्या शक्ति माया है उसे तैरना प्रेमभक्ति करना सानुराग भक्ति करना गोविन्दाकारचित्तवृत्ति करना, प्रेम से सेवना, श्रवण कीर्तन स्मरण चरणसेवन अर्चन वन्दन दास्य सख्य आत्मनिवेदन आदि विधान है, प्रेम तो बिना विधान भी अनहद होता है, विधि से सुराग प्रेम पराभक्ति होते हैं, शंकर ने पार्वतीजी से कहावज्र अंकुश कमल ध्वजादि चिह्नित भूमि में भरत लेटने लगा था। वल्लभाचार्य व चैतन्यगोस्वामी ने भक्तिज्ञान वैराग्य से प्रेमभक्त्या भगवत्प्राप्ति कही है। प्रेमभक्ति श्वपाक को भी पावन करती है। भगवान में शक्ति अभिन्न है अद्वैत है, शक्तिमत् पर तत्त्व है, सत्संग सन्तकृपा तो मुख्य चाहिए, सन्त सेवा, सन्त कृपा, सन्तधर्मश्रद्धा, सन्तकथाश्रवण, भगवत् रति, विवेकज्ञान आत्मभान, भक्तिदृढता, भगवत्तात्त्विकस्वरूपज्ञान, इनसे भगवद्गुणों का आविर्भाव, आनन्दाविर्भाव होता है, पितृभक्ति मातृभक्ति पतिभक्ति स्वामिभक्ति ब्रह्म की प्रसन्नता के लिये सभी श्रेष्ठ हैं, सकामा भक्ति से निष्कामा भगवत्प्रसन्नता कामा सर्वोत्तम है। श्रीकृष्णानुकूलशीलन बड़ी भक्ति है, यही गौडीयवैष्णवों का परमपुरुषार्थ है। परमाणु से सृष्टि होती है, भगवान् कर्ता है, अतः भेदवाद है।

९. **श्रीनिम्बार्काचार्य** द्वैताद्वैत को मानते थे, भेदाऽभेद भिन्नाऽभिन्न पर ध्यान देते थे 'द्वा सुपर्णा' श्रुति में जीवब्रह्म का भेद कहा ही हैं, 'सर्वं खल्विदं ब्रह्म' में अभेद भी कहा है, भेदाऽभेद समबलक है, वाक्यो में अभेद भेदनिषेध व भेद तीनों मिलते हैं, सत्ता स्वतन्त्रा व परतन्त्रा दो ही हैं, स्वतन्त्र परब्रह्म है,

प्रकृति व जीव परतन्त्र हैं, स्वतन्त्र में अभेदवाक्य ठीक है, भेदनिषेधक तो प्रकृति व जीव की स्वतन्त्रसत्ता निषेधक हैं, भेदप्रतिपादक का परतन्त्रसत्ताबोधकत्व है, सभी स्वार्थ में प्रामाणिक हैं। कर्म ज्ञान भक्ति का समुच्चय कर बताया है। सुदर्शन चक्र को आज्ञा मिली वह निम्बार्काचार्य रूप में प्रकटित है, प्राचीनतमो वैष्णवसम्प्रदायो निम्बार्कसम्प्रदायः, इसके उपास्य प्राणप्रिय राधामाधव हैं, राधामोहन श्रीकृष्ण ही है, सर्वज्ञ सेक्षणसाकार जगत्कर्ता गोपीजन वल्लभ द्विभुज वंशीधर मुकुटधारी पीताम्बरधारी नटवरवेष श्यामसुन्दर राधावल्लभ नन्दनन्दन श्रीकृष्ण परब्रह्म है, ज्ञानावतार व्यास कहते है 'कृष्णस्तु भगवान् स्वयम' है अन्य श्रीरामनृसिंह विष्णुवामनादि सायुध हैं वे प्रेमरस के अपोषक हैं, श्रीकृष्ण प्रेमरस के पोषक हैं, वे अवतार तो अंश कला आदि होते हैं, भागवदुक्त श्रीकृष्ण एव ब्रह्म सूत्र भाष्यविषय हैं, उपनिषत् ब्रह्मसूत्र भागवत एकविषय कृष्णविषयक हैं, द्विभुज श्रीकृष्ण को गायत्री भर्गशब्द से, कहती है, भर्ग विष्णु श्रीकृष्ण राधाकृष्ण सहस्रशीर्षा क्षराऽक्षरातीत पुरुषोत्तम ही प्रतिपादित है, सर्वज्ञ सर्वशक्तिमत् अनन्तगुणवान् सौन्दर्य माधुर्य लावण्य सोकुमार्य सौगन्ध्य सौवर्ण्य सौस्वर्य गोपीजनवल्लभ श्रीवृन्दावनचन्द्र नित्यनवघनश्याम परमेश्र सर्वात्मा जगदभिन्ननिमित्तोपादानकारणरूप प्रणववाच्य जगद्बीज ईशेश प्रेम सर्वात्म सर्वरस सर्वभूम सर्वाधिकप्रियतम परमात्मा श्रीकृष्ण का ध्यान करना श्रीनिम्बार्काचार्य ने कहा है, श्री आह्लादिनीशक्ति राधा है, परमविष्णुश्रीकृष्ण का वामभागात्मिका भगवदभिन्नैव कथिता राधा मोहन युगलोपासन करना, आह्लादिनी राधा है, ऐश्वर्यशक्ति लक्ष्मी श्री हैं, नित्यदाम्पत्य इनके हैं, श्रीराधामाधव युगलं तत्त्वं सर्वविद्या वेद्य हैं, युगलोपासना अज्ञाननाशिका है, न केवल कृष्ण न केवल राधा उपासनीय है, युगल ही उपासनीय है, युग्मरूप ही परब्रह्म है, जप ध्यान कीर्तन युगल का करना, राधेश्याम राधेश्याम श्याम श्याम राधे राधे, राधेकृष्ण राधेकृष्ण कृष्ण कृष्ण राधे राधे। यह जप मन्त्र कहा। 'जय राधे जय राधे राधे जय राधे जय श्रीराधे। जय कृष्ण जय कृष्ण कृष्ण जय कृष्ण जय श्रीकृष्ण'। यह कीर्तन मन्त्र है। राधा माधवौ समानप्रिय है, राधा में आत्मता राधेश में आत्मेशता करना प्राणात्मा प्राणेशात्मा वे ही हैं। स्वतन्त्र तत्त्व परमात्मा है, स्वामी से सेवक भिन्न ही है, ऋक् यजुः साम भारत पांचरात्र मूल रामायण शास्त्र है, वे तो स्वामिशक्ति को स्वामिस्वरूप ही कहते हैं, माधुर्यज्ञान राधा को है, मुग्धता आशंका से विस्मयरस ऊपजता है, लोलतामन्दता से स्मरावह वक्षावक्षी आनन्द होता है, तन्द्रा खेद से सेवा आनन्द बढ़ता है, मात्सर्य क्रोध हिंसा से सत्य की रक्षा होती है, भ्रमता लोलता से कौतुककारिता होती है, असत्य से कोपादिरस उद्भवता है, विश्वविभ्रम से जीवमात्र पर अनुग्रह होता है, विषमता पराधीनता आकांक्षाओं से भक्तानुग्रह होता है, मौग्ध्यादिगुण लीलावत् अभिन्न है, दृप्त जीव अर्चिमार्ग द्वारा जाता है, आर्त जीव कृपार्द्र होके गरुडादि द्वारा जाते हैं, रुचिभक्त तो भगवान् में प्रवेश पा जाते हैं, कृत्स्न शक्ति व्यंजी पुरुषोत्तम होते हैं, अकृत्स्नशक्तिव्यंजो विलास अंश कला कहाते हैं, जैसी उपासना उसमें पैठ जाते हैं, कार्यत्व कारणत्व तदुभयरूपत्व राधाजी तीनमय है, वैकुण्ठ नित्य है ब्रह्मात्मक है, उस पर द्वारवतीपुरी है, उस पर मधुपुरी है, उस पर गोकुल भगवद्धाम है, भगवान ने की हुई चित्शक्ति लीला सनातनी है, प्रकृति कालद्वारा लीला तो दैत्यवधादिरूपा कभी कभी की है, पूर्णाऽऽविर्भाव से भगवान्, अपूर्ण आविर्भाव से विलास अंश कहाते हैं। विधि से भक्ति साधन है, रुचि से भक्ति साध्य है, तमःशब्दित सूक्ष्मशक्तिकपुरुष से ब्रह्माण्ड होता है, उसमें सहस्रशीर्षावपुष से भगवान् आते है, भगवान् परम कारण है सर्वान्तर्यामी भी है, उससे ब्रह्मा रुद्र होते हैं, विष्णु तो सर्वकार्यार्थ देवों में प्रवेश करता है, उसका स्वेच्छा से अभिव्यक्ति है, विष्णु साक्षात् दिव्य सर्वेश्वर है, सर्ववेद वाच्य हरि है, निर्गुण का अर्थ है प्रकृति के गुणरहित। कृष्ण का अर्थ है विभुचैतन्य, जीवप्रकृति काल तो चिज्जड है।

ज्ञानस्वरूप ज्ञाता आत्मा कर्ता है, जीव भी ईश्वर भी। विभु परमात्मा स्वद्वारा जगत्कर्ता, स्वायत्तवृत्तिकप्रकृतिद्वारा जगदुपादान है, प्रकृति जीवात्मक प्रपञ्च से तदाश्रय ईश्वरभिन्न हैं, जगज्जन्मादि-हेतुत्वं स्वरूपलक्षण है, जगत्परमार्थ सत् है, जीव अणु है, अनेक है, ज्ञानस्वरूपजीव में ज्ञानगुण भी है ज्ञान गुण नित्य है, तथापि स्वरूप सामर्थ्य से अल्प है, ब्रह्मभिन्न हैं किन्तु ब्रह्मांश हैं, अंशी भगवान् है, इनके सामने माया लीन होती है, तब स्वरूप साक्षात्कार होता है, सत्संग से ज्ञानानन्दात्मक भगवत्सम्बन्ध द्योतन होता है, अविद्याध्वंस मोक्ष है, दुःखहानि सुखलाभ मोक्ष है। जडजीव से भगवान् का भेद है, अभेदवाक्य विश्व का तदायत्ततदात्मकता कहता है। शक्ति शक्तिमान् का अभेद कहता है, भगवदाविर्भावों में स्वगत भेद का निवारण भी करता है। भक्ति ज्ञान कर्म तीन मुक्तिप्रापक प्रस्थान हैं। समप्रधानता भी है, समुच्चय भी है। भक्ति भी कर्मरूप है, भेद तो है ही, किन्तु राघावत् अभेद भी हो जाना, तब फिर भेदाऽभेद कहना उचित है। जगत् प्रकृति द्वारा भिन्न होता हुआ भी ब्रह्मप्रकृति अभिन्न होने से अभिन्न भी है। इसलिये भेदाऽभेद ठीक है।

पुष्टिमार्गीय भक्ति

डॉ० गोवर्धननाथ शुक्ल

अध्यक्ष, हिन्दी विभाग, अलीगढ़ विश्वविद्यालय, अलीगढ़

पुष्टिमार्ग आचार्य वल्लभ से उद्भावित एक भक्ति मार्ग है, जिसका स्रोत भी अन्य भक्तिमार्गों की भाँति श्रीमद्भागवत ही है। आचार्य ने अपने भक्तिमार्ग के लिए प्रस्थान चतुष्टय माने हैं। उनमें श्रीमद्भागवत की गणना अन्तिम है और इसकी चर्चा समाधि भाषा के रूप में की गई है।[1] जिज्ञासु एवं भक्तिसाधनारत व्यक्ति के लिए श्रीमद्भागवत ही ऐसा ग्रन्थ है जो उसकी समस्त जिज्ञासाओं का समाधान करता हुआ भगवत् तत्त्व का साक्षात्कार करा देता है। आचार्य ने मानव जीवन का चरम लक्ष्य भगवद् भक्ति को ही माना है उन्होंने स्पष्ट कहा है—"पूर्णानन्दो हरिस्तस्माज्जीवैः सेव्यः सुखार्थिभिः।"[2] अर्थात् पूर्ण आनन्द स्वरूप श्रीहरिः ही हैं इसलिए सुख चाहने वाले जीव को सदैव उनकी (श्रीहरि की) ही सेवा करनी चाहिए। क्योंकि ज्ञानमार्ग भ्रान्तिमूलक है अतः बुद्धिमान् सदैव कृष्ण का ही भजन करे।[3] कृष्ण तत्व ही श्रीमद्भागवत का प्रतिपाद्य 'भगवान्' है। गीता उपनिषदादि वेदान्त ग्रन्थों में ब्रह्म एवं स्मृतियों में परमात्मा कहा गया है। ब्रह्म अथवा परमात्मा का चिन्तन ही सम्भव है। चिन्तन में जब रसात्मक अनुभूति का समावेश हो जाता है तब ब्रह्म अथवा परमात्मा का 'भगवान्' रूप भक्त अथवा साधक के समक्ष प्रत्यक्ष होता है। यह प्रत्यक्षानुभूति एक रसदशा है। जो मोक्ष दशा से अनन्त गुनी आनन्द विधायिनी है। आचार्य ने कहा है, "मोक्षाधिक रसस्तु।" अर्थात् मोक्ष से रस दशा ऊँची है। अतः ब्रह्मानन्द से ऊपर उठाकर भजनानन्द में लगाने के लिए ही श्रीमद्भागवत ग्रन्थ और उसमें प्रतिपादित दशविध लीलाओं का और उनमें भी निरोध लीला का मुख्य प्रयोजन है। निरोध लीला का साक्षात् अनुभव अथवा योग साधना एक ही मत है। पातंजल योगसूत्र में चित्तवृत्तियों के निरोध को ही 'योग' कहा है।[5] इस निरोध तत्त्व की सिद्धि भगवदनुग्रह अथवा भगवान् की कृपा के बल से ही होती है। कृपा अथवा अनुग्रह भगवान् का परमधर्म है। इसलिए इसको श्रीमद्भागवत में 'पोषण' लीला नाम दिया गया है।[6] 'पोषण' अर्थात् अनुग्रह। 'पुष्टि' शब्द इसी पोषण का स्त्रीलिङ्ग 'क्तिन्' प्रत्यय लगकर बना है। 'पुष्टिमार्ग' अर्थात् अनुग्रह मार्ग। इस मार्ग में वैदिक लौकिक साधनों से भगवत्प्राप्ति नहीं मानी गई, अपितु भगवान् की कृपा से ही उनके अनुग्रह से ही उनकी प्राप्ति है। वे जिसका कृपापूर्वक वरण करें–

---

१. वेदाः श्रीकृष्णवाक्यानि व्याससूत्राणि चैव हि।
समाधिभाषाव्यासस्य प्रमाणं तच्चतुष्टयम्॥ तत्वदीप, नि० ७ शा० प्र०

२. श्रुतिगीता ७

३. ज्ञानमार्गो भ्रान्तिमूलस्ततः कृष्णं भजेत् बुधः॥ श्रुति ११

४. वेदान्ते च स्मृतौ ब्रह्म लिंगं भागवते तथा।
ब्रह्मेति परमात्मेति भगवानिति शब्द्यते॥ शा० प्र० ६

५. योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः॥ पातं० योग० सू०

६. पोषणं तदनुग्रहः॥ श्रीमद्भागवत २।१०।४

चाहे वही उनको प्राप्त कर सकता है। श्रुति ने भी इस तथ्य का समर्थन किया है।[1] अतः आचार्य साधना बल स्वीकार नहीं करते साध्य अर्थात् भगवान् का कृपा बल ही साधक का बल है। भगवान् की कृपा विशुद्ध भगवान् की मर्जी पर ही है। तदर्थ भगवान् के प्रति निश्छल प्रेम चरम दैन्य और तीव्र इच्छा यही अपेक्षित है। जप, तप, तीर्थाटन, ज्ञान साधना अथवा इष्टापूर्ति आदि अन्यान्यसाधन सब व्यर्थ है। निष्केवल प्रेम ही भगवान् को पाने के लिए अपेक्षित है। साधक उस प्रेम को ही घनीभूत करे। एक मात्र भाव पुष्ट प्रेम की प्रधानता से आचार्य वल्लभ के मत में यह मार्ग लौकिक वैदिक आदि भगवत्प्राप्ति के मार्गों की अपेक्षा पुष्टि मार्ग उत्कृष्ट है। इसीलिए आचार्य अपने भक्ति मार्ग को 'स्वतन्त्र भक्ति मार्ग' मानते हैं। उत्कृष्ट प्रेम में विधि और निषेध नियामक नहीं होते। विधि और निषेधों का संगठन वेदों अथवा शास्त्रों का काम है। विधि निषेध मर्यादा के विधायक होते हैं। अतः मर्यादा मार्ग में ही इनकी अपेक्षा है। अतः आचार्य ने पुष्टि प्रवाह मर्यादा भेद ग्रन्थ में इनका अन्तर स्पष्ट कर दिया है। वे कहते हैं 'जब मैं भक्ति मार्ग कहता हूँ तो मेरा तात्पर्य पुष्टिमार्ग से ही होता है।[3] और वेदों के अनुसरण करने से मर्यादा का तात्पर्य होता है।[4] सबसे अधिक उत्कर्ष भक्ति अथवा पुष्टि का ही है यह निश्चित है।[5] वैदिक धर्म विधि निषेधात्मक है और कृतियों से ही साध्य है, भगवान् अविकृत एवं अव्यय हैं वे कृतियों अर्थात् धर्म कृतियों से साध्य नहीं, वे अप्रमेय हैं अतः ज्ञान से भी साध्य नहीं, वे निर्गुण हैं अतः भजन, दान, जपादि देह धर्म होने से वे भजनादि से भी साध्य नहीं। वे एक मात्र स्नेह से ही साध्य हैं। स्नेह भाव पुष्ट होता है। भगवान् भाव रूप हैं अतः भाव से ही साध्य हैं, सुबोधिनी में आचार्य श्री ने स्पष्ट लिखा है 'स्नेह एवमयि न तु कृति' मुझमें (भगवान् में) स्नेह ही अपेक्षित है। मुझे 'कृति' (बाह्य साधनों) की अपेक्षा नहीं। मुझसे सम्बन्धित समग्र जीव समूह स्वयं सहज ही प्रीतिमयता को प्राप्त होता है।[6] "इसीलिए पुष्टिमार्ग में विधि निषेधात्मक कर्म मार्ग की तथा पूर्व सिद्ध ज्ञान एवं भक्ति की लेश मात्र भी उपयोगिता नहीं।[7] तात्पर्य इतना ही कि वैदिक धर्म और पुष्टि धर्म पृथक् हैं।

इसी प्रकार पुष्टिमार्ग अन्य भक्ति मार्गों से भिन्न है। ज्ञान मार्ग भ्रान्तिमूलक है।[8] धर्म साधना विधि प्रधान है। आत्म ज्ञान से मानसिक शान्ति अवश्य प्राप्त होती है किन्तु परमानंद की नहीं।[9] धर्म साधना से प्राप्त होने वाले स्वर्गादि फल नाशवान् हैं। धर्म साधना जनित पुण्यों के क्षीण होने पर गीता के अनुसार "क्षीणेपुण्ये मृत्युलोकं विशन्ति" मृत्युलोक में पुनः आना पड़ता है।

इस प्रकार सभी प्रकार की धर्म साधनाएँ कृति-साध्य, क्लेशदायक, दुराराध्य एवं महज्जन संपादनीय हैं, वेदविद् विप्र से लेकर स्त्री शूद्रादि पर्यन्त सभी के लिए समान रूप से समाराधनीय,

---

१. यमेवैषवृणुते तेन लभ्यः ॥ कठो०
२. लौकिकवैदिक मार्गापेक्षया पुष्टिमार्ग उत्कृष्टः ॥ सुबो०
३. भक्तिमार्गस्य कथनात् पुष्टिरस्तीति निश्चयः ॥ पु० प्र० म० भेद श्लोक २
४. वेदस्यविद्यमानत्वान्मर्यादापि व्यवस्थिता ॥ वही श्लोक ३
५. सर्वत्रोत्कर्षकथनात्पुष्टिरस्तीति निश्चयः ॥ पु० प्र० म० भेद ४
६. मम सम्बन्धिन। सर्व एव जन्तवः स्वयमेव प्रीताः भवन्ति ॥ सुबोधिनी
७. पूर्वसिद्ध ज्ञान भक्त्योर्नात्रोपयोगः ॥ सुबो०
८. ज्ञानमार्गोभ्रान्तिमूलः ॥ सुबो०
९. आत्मज्ञानेऽपि शान्तता परं न परमानन्दः ॥ सुबो०

श्रेयस्कर एवं सुलभ यदि कोई भक्तिमार्ग ही है। क्योंकि इस भक्ति मार्ग में साधन और साध्य का भेद नहीं,[1]। यही इस मार्ग की विलक्षणता है। इस मार्ग में भगवत्प्रेम ही साधन है और वही साध्य है। प्रेम करने वाले को भगवान् सत्वर अंगीकार कर लेते हैं, फिर उसकी पात्रता पर विचार नहीं करते। यही अंगीकार ही उनकी अनुकम्पा है जिसका श्रीमद्भागवद्गीता में स्पष्ट संकेत है। "तेषा मेवानुकम्पार्थं" अर्थात् उनके ऊपर अनुकम्पा करने के लिए ही "इस अनुकम्पा अथवा अनुग्रह से ही साधक को लौकिक वैदिक सभी प्रकार की सिद्धियाँ प्राप्त हो जाती हैं।[2] भगवान् के इस अगीकार में भक्त की योग्यता का विचार नहीं। पुष्टि भक्ति की यह भी एक प्रचण्ड विलक्षता है। अन्यथा दूसरे भक्ति मार्गों में भक्त की पात्रता, साधना सभी के अनुरूप फल की प्राप्ति कही गई है। परन्तु पुष्टि पथ में ऐसी कोई बात नहीं। केवल प्रभु निष्ठा ही वहाँ सर्वस्व है। इस प्रभुनिष्ठा के समक्ष पुष्टिमार्ग में धर्मनिष्ठा को भी हेय कर दिया गया है।[3] क्योंकि समस्त धर्मों का तात्पर्य तो भगवान् ही हैं, पुष्टि भक्त उन सबका समावेश भगवान् में ही जानकर धर्म निष्ठा के पीछे दौड़ कर प्रभु प्रेम में मतवाला बनकर उनके प्रेम के लिए ही प्रयत्नशील होता है। इसी को लक्ष्य में रखकर अर्जुन जैसे भक्त को भगवान् ने श्रीमद्भगवद्गीता में सीख दी थी—"सर्व धर्मान् परित्यज्यमामेकं शरणं व्रज।"

अर्थात्—"हे अर्जुन! तू सब धर्मों का परित्याग कर केवल मुझ एक ही की शरण में जा।"

धर्मनिष्ठा के परित्याग की स्थिति में भक्त में अपने प्रभु के सुख की सापेक्षता जग जाती है। और लोक वेद की सापेक्षता का शमन स्वयमेव हो जाता है।[4] भक्त की कोई इच्छा नहीं रह जाती। भगवान् ही अपनी इच्छा से उसका वरण कर लेते हैं। उस भगवत्कृत भक्त वरण में अणुमात्र भी कोई हेतु नहीं होता। केवल भगवदिच्छा ही प्रधान होती है।[5] इस प्रकार पुष्टि भक्ति में दैन्य और निस्साधनता ही मुख्य है। भक्त में दैन्य और निस्साधनता ही मुख्य है। भक्त में दैन्य का आविर्भाव उसके हृदय में भगवान् का ही आविर्भाव समझा जाता है। इस प्रकार के भगवद् आविर्भाव से भक्त की अशेष लौकिक इच्छाओं का विसर्जन स्वयमेव हो जाता है उसके लिए केवल एक ही कर्तव्य रह जाता है—भाव पोषण। भाव पोषण ही उसके भजन का एक मात्र लक्ष्य होता है। इसके विनिमय में वह भगवान् से रंचमात्र भी किसी प्रकार की वासना या इच्छा नहीं रखता।[6] पुष्टि भक्ति में भगवान् से वणिक् वृत्ति रखना ही सबसे बड़ी भूल है। भक्त के लिए सर्वाधिक हेय यही वस्तु है। जबकि अन्य भक्ति मार्गों में भक्ति के साथ लौकिक वासनाएँ एवं दैन्य शून्य दंभ अनजाने में लिपटे चले आते हैं।

---

१. सर्वसाधनराहित्यं फलाप्तौयत्र साधनम्।
फलं वा साधनं यत्र पुष्टिमार्गः स कथ्यते॥ पुष्टि० मा० ल० १

१. अनुग्रहेणैवसिद्धि लौकिकी यत्र वैदिकी॥ पुष्टि० मा० ल० २

२. धर्मनिष्ठा यत्रनैव पुष्टिमार्गः स कथ्यते॥ ,, ४

३. न लोक वेद सापेक्ष्यं सर्वथायत्रवर्तते।
सापेक्षतास्वामिसुखे पुष्टिमार्गः स कथ्यते॥ पु० ल० ६

४. वरणे दृश्यते यत्र हेतुर्नायुरपि स्वतः।
वरणं च निजेच्छातः पुष्टिमार्गः स कथ्यते॥ वही ७

५. भजने यत्र सेव्यस्य तोषकारकृतिः क्वचित्।
पोषणं भावमात्रस्य पुष्टिमार्ग स कथ्यते॥ वही १३

पुष्टि भक्ति के उपर्युक्त स्वरूप निरूपण के पश्चात् इस भक्ति के आलम्बन पर भी विचार कर लेना समीचीन होगा। जैसाकि कहा जा चुका है पुष्टि भक्ति में साधन एवं साध्य की भिन्नता नहीं है। पुष्टि भक्ति में लक्ष्य सीधे भगवान् न होकर भगवत्प्रेम ही एक मात्र लक्ष्य या उद्देश्य होता है। भक्त का रागात्मक हृदय जो भाव भावित है वही प्रभु स्थानीय है। वहीं प्रभु का आविर्भाव माना गया है। भगवदाविर्भाव ही भक्ति मार्ग में परम फल माना गया है। अनुभवगम्य भगवान् परमानंद स्वरूप है। परमानंदत्व अनुभूति की वस्तु है। जीव को "परमानंद" का अभाव है यही जीव का जीवत्व है। अभाव की ही पुष्टि भक्ति में विरह की संज्ञा दी गई है। और इस प्रकार परमानंदस्वरूप भगवान् से भक्त का "भाव-सम्बन्ध" पुष्टि पथ में स्थापित किया गया है। इसे लौकिक उदाहरण द्वारा प्रभुचरण हरिराय जी ने स्पष्ट किया है कि जिस प्रकार कोई कन्या साग्रह अपने पतिदेव को अपना सर्वस्व समर्पित करके उसके (पति के) परोक्ष में उसके विरहजन्य क्लेश को स्वीकार करती है उसी प्रकार भक्त भी भगवान् का विप्रयोगात्मक भावरूप क्लेश स्वीकार करता है। विरह अथवा विप्रयोग रस राज शृंगार का एक रूप है। इसलिए पुष्टिमार्ग में भगवान् को रसात्मक कहा गया है। हरिराय जी ने स्पष्ट घोषणा की है :—

रसात्मकः श्रुतिशिरः सिद्धः स पुरुषोत्तमः।
रस शृंगार एवास्ति नाट्य सिद्धान्त सम्मतः॥[1]

उपनिषदों में जिस पुरुषोत्तम की चर्चा की गई है वह रस रूप है और वह रस तथा शृंगार एक ही तत्त्व है। यही नाट्यशास्त्र का भी सिद्धान्त है। नाट्यशास्त्र के प्रणेता भरतादि आचार्यों ने शृंगार के अतिरिक्त किसी को रसराज माना भी नहीं है। सभी अन्य रस शृंगार के साथ सम्बन्ध रखते हैं। यदि उनका सम्बन्ध शृंगार के साथ नहीं है तो वे "रस" नहीं कहे जा सकते। जिस प्रकार स्वर्ण बड़ों के अथवा बड़े काम में आने के कारण ही स्वर्ण है उसी प्रकार अन्य रस यदि शृंगार के उपकारी हैं तब तो रस हैं, अन्यथा व्यर्थ हैं। अथवा कुछ और हैं—रस नहीं।[2] शृंगाररस संयोग एवं वियोग इस प्रकार द्विदलात्मक है। संयोग शृंगार रसशास्त्रीय क्रिया प्रधान है विप्रयोग भाव प्रधान। अतः संगोगात्मक भगवान् लोक वेद प्रथित चतुर्व्यूहात्मक पुरुषोत्तम है तथा विप्रयोगात्मक भाव गूढ़ केवल भक्तों के अनुभव गम्य हैं। ये अनन्त कोटि लीला नायक नित्य नूतन है।[3] वासुदेव संकर्षण, प्रद्युम्न अनिरुद्धादि व्यूहात्मक भगवान् का कार्य भूभार हरण, पूतनादि दैत्यों की मुक्ति प्रदान है जबकि भावात्मक शुद्ध सत्त्वात्मक भगवान् अपने निज भक्तों के लिए वसुदेव अथवा कृष्ण रूप में "दिव्यतत्व" ग्रहण कर लेते हैं।[4] वही मूल रूप पुरुषोत्तम नन्दगृह में कृष्ण रूप में प्रकट हुए। संक्षेप में पुष्टि भक्ति के आराध्य और सेव्य नन्दात्मज कृष्ण हैं। यही चराचर के आश्रय और श्रीमद्भागवत महापुराण के प्रतिपाद्य हैं।

---

१. श्री पुरुषोत्तमस्वरूपाविर्भाव निर्णयः—श्लोक २
२. यथैवोपकृतिः सर्वा महतां स्वर्ण निर्मिता।
शृंगारस्य तथा कार्ये रसाएवोपयोगिनः॥ वही ४
३. अनुभूति प्रमाणैकवेद्योमानान्तरातिगः।
अनन्तकोटिलीलानामाश्रयो नित्यनूतनः॥ श्री पुरू० स्व० ११
४. वासुदेरस्तुभवतानामन्तः करण मूर्तिमान्।
तमादौस्वामिश्री कृत्यभावात्माव्यक्ततांगतः॥ वही २३

तस्मादेकेन मनसा भगवान् सात्वतां पतिः।
श्रोतव्यः कीर्तितव्यश्च ध्येयः पूज्यश्च नित्यदा॥ १-२-१४

समस्त वेद उन्हीं का गान करते हैं। समस्त यज्ञ उन्हीं के लिए हैं। समस्त योग उन्हीं का उद्देश्य रखते हैं, समस्त धर्म क्रियाएँ उन्हीं के लिए होती हैं। समस्त ज्ञान उन्हीं का स्वरूप है। समस्त तप उन्हीं के लिए किये जाते हैं। समस्त धर्मों के वही लक्ष्य हैं। वे ही चराचर की गति हैं।

वासुदेव परा वेदा वासुदेव परा मखाः।
वासुदेव परा योगा वासुदेव पराः क्रियाः।
वासुदेव परं ज्ञानं वासुदेव परं तपः।
वासुदेव परो धर्मो वासुदेवपरागतिः॥ श्रीमद्भाग० १।२।२८-२९

इन्हीं भगवान् वासुदेव ने सृष्टि रचना की इच्छा से षोडश कलापूर्ण होकर "पौरुष रूप" को ग्रहण किया।[1] यही "कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" है। आचार्य वल्लभ ने इन्हीं "परम तत्त्व" को एक मात्र भजनीय बताया। इनके अतिरिक्त किसी अन्य को यदि कोई भगवान् कहता है तो विद्वान् उसे ही असुर पुकारते हैं—

जानीत परमं तत्वं यशोदोत्संग लालितम्।
तदन्यदिति ये प्राहुरासुरांस्तानहो बुधाः॥

आचार्य के मत में 'ब्रह्म' यही यशोदोत्संग लालित श्रीकृष्ण हैं। ये हीं भगवान् श्रीकृष्ण पुष्टिमार्ग में निर्दोष पूर्ण-गुण-विग्रह पुरुषोत्तम हैं। वे ही सबका नियमन करते है। अशेष गुण समूहों के एक मात्र आश्रय होकर भी वे गुणातीत हैं। अलौकिक धर्मो से युक्त हैं अतः सगुण हैं। प्राकृत धर्मों से परे हैं अतः निर्गुण हैं। आनन्द मात्र कर पाद मुखोदरादि होने से विग्रहवान् अथवा साकार हैं। प्राकृत अवयवों से रहित होने के कारण निराकार भी हैं। इस प्रकार वे निर्दोष पूर्ण गुण विग्रह भगवान् हैं। उन्हें पूर्ण ब्रह्मत्व घटता है। वे श्रीकृष्ण सर्व रूप होकर भी सबसे बढ़कर हैं—'यतो भगवान् सर्वरूपोपि सर्वस्मादतिरिच्यते।' इनकी सेवा ही पुष्टिमार्गी भक्ति है। यह पुष्टिमार्गीय भक्ति सायुज्य मोक्षदात्री है। तं भजन् निर्गुणोभवेत् इतिवाक्यात् कृष्ण सायुज्यमेव निर्गुणा मुक्तिः। अतः फल के तारतम्य से यह निर्गुण भक्ति सगुण भक्ति से भिन्न है। नृसिंह वामनादि अन्य अवतारों की भक्ति सगुण भक्ति है। देवी गणेश, शिव, सूर्यादि भगवान् के विभूति रूपों की श्रद्धाभाव से की गई पूजा अर्चा पूजा मार्ग है। तथा इन देवताओं की प्रसन्नता के उद्देश्य से लिये गए जपादि 'उपासना' कहे गये हैं। उपासनायां मंत्र एव प्रधानम् 'अतः लौकिक कामनाओं की पूर्ति को उत्तेजना देने के कारण आचार्य वल्लभ इसे दोषावह बताते हैं। यह उपासना मार्ग भी पुष्टि भक्ति से भिन्न है। ज्ञान मार्ग क्लेशदायक है। अतः भक्ति समन्वित ज्ञान को ही आचार्य श्रेष्ठ बतलाते हैं। 'ज्ञानीचेत् भजते कृष्णं तस्माज्ज्ञास्त्यधिकः परः' ज्ञान संवलित भक्ति को आचार्य ने मर्यादा अथवा शास्त्रीय भक्ति कहा है।

श्रवण, कीर्तन, स्मरण, पाद सेवन, अर्चन, वंदन, दास्य, सख्य एवं आत्म निवेदनात्मक नवधा भक्ति साधना रूपा भक्ति पुकारी गई है, क्योंकि यह भक्ति साधनसापेक्ष है। यह साधन रूपा-भक्ति भी भागवत प्रतिपादित है। इसे ही शास्त्रीया, मर्यादा, विहिता (वैधी) अथवा जीव-साध्यादि नामों से पुकारा गया है।

---

१. जग्राह पौरुषं रूपं भगवान् महदादिभिः॥ १।३।६

आचार्य वल्लभोपदिष्ट भक्ति साधन निरपेक्ष होने के कारण फलरूपा कहलाती है। इसमें भक्ति अथवा प्रेम का फल भक्ति अथवा प्रेम ही है। यह साधन भक्ति से मूलतः भिन्न है। अतः इसे 'स्वतन्त्र भक्ति' की संज्ञा दी गई है। यह परम दुर्लभ महद् विमृग्य है। यही अविहिता अथवा प्रेम लक्षणा पुष्टि-भक्ति है। इसमें श्रवणादि प्रेम के परिणाम स्वरूप स्वयमेव आ घुसते हैं। श्रवणादि नवधा भक्ति से प्रेम का उदय नहीं अपितु नवधा ही प्रेम के परिणामी हो जाती है।[1] दूसरे शब्दों में फलरूपा भक्ति और कुछ नहीं शुद्ध प्रेम ही है। यह भक्ति नितान्त निरपेक्ष और स्वतन्त्र है। इसके आगे समस्त साधन निष्प्रयोजन हैं। सांग साधन भक्ति से सायुज्य मोक्ष मिलता है। फलरूपाभक्ति का लक्ष्य विशुद्ध भजनानंद है। आचार्य कहते हैं :

"यो भजनानंद : स तुब्रह्मानंदतः शास्त्रीयभक्त्या नंदतश्च कोटि गुणाधिकः, अनिर्वचनीयश्च।" यही महानन्द है। 'अयं महा नंदः। एत्फलंज्ञानमार्गेपि दुर्लभम्।[2]"

'सेवा' इसी भक्ति योग का दूसरा नाम है। 'भज्' धातु प्रकृत्यर्थ ही सेवा या सेवन है। इसलिए आचार्य ने स्पष्ट कहा है कि इस मार्ग में भजन ही सेवा है।[3] इसीलिए पुष्टिमार्ग को 'सेवामार्ग' भी कहा गया है। सेवा तभी सम्पादनीय होती है जब आन्तर प्रेम हो। इस प्रकार भक्ति तत्व के निरूपण में आचार्य गूढ़ से निगूढ़ होते चले गये हैं।

पुष्टि भक्ति को आचार्य ने निर्गुणा भक्ति भी कहा है। वे कहते हैं 'अस्मत् प्रतिपादितश्च नैर्गुण्यः[4]' इस निर्गुण भक्ति योग का स्रोत भी श्रीमद्भागवत है। जिस प्रकार गङ्गा का जल प्रवाह, निर्बाध, प्रतिबन्धरहित पर्वतों का भी भेदन कर निरन्तर समुद्र की ओर ही रहता है उसी प्रकार मेरे गुणों के श्रवण मात्र से समस्त प्राणियों के हृदयों में स्थित मुझमें लोक वेद के बन्धनों से अनवरुद्ध मन अनवरत रूप से लगा रहता है। इसी को निरन्तर भक्ति योग' कहते हैं।[5] काल तथा कर्म के प्रतिबन्ध से अनवरुद्ध यह भक्ति योग बिना किसी फलाशा के सहज भाव से उदय होता है। और एक बार उदय हो जाने पर फिर यह कभी निवृत्त नहीं होता। संक्षेप में श्री वल्लभाचार्य प्रतिपादित भक्ति का तात्पर्य है—केवल पुरुषोत्तम भगवान् श्रीकृष्ण की प्रेममय सेवा। फलाशा रहित सेवा ही 'अहैतुकी सेवा कही जाती है। 'सेवा' सेवा के लिए ही हो और रस लक्ष्यान्विता हो तो वही आत्यंति की भक्ति है। रस ही इस भक्ति का परम फल है।[6]

भगवान् कहते हैं कि इस प्रकार की रसमयी भक्ति प्राप्त कर लेने पर भक्त सालोक्य, सार्ष्टि (समान ऐश्वर्य), सामीप्य, सारूप्यादि मुक्ति देने पर भी वह इन्हें नहीं चाहता क्योंकि वह मेरी परम

---

१. प्रेमैवतस्मिन्नवधोक्त भक्तिस्तत्रोपयोगो खिलसाधनानाम्।

२. सुबोधिनी

३. अस्मिन् भजनं सेवैव। सुबो०

४. सुबोधिनी।

५. मद्गुणश्रुतिमात्रेण मयि सर्वगुहाशये। मनो गति रविच्छिन्ना यथागंगाम्भ्यासोऽम्बुधौ॥
लक्षणं भक्तियोगस्य निर्गुणस्य ह्युदाहृतम्।
अहैतुक्य व्यवहिता सा भक्तिः पुरुषोत्तमे॥—श्रीमद्भागवत ३।२९।११

६. "सेवाऽऽत्यन्तिकी या स्वतो रस भावं प्राप्ता,
सेवनान्यत् फलमंगीकारयति॥—सुबोधिनी

फल रूपा सेवा या फलात्मिका निर्गुण भक्ति से वह विमुख नहीं होना चाहता।[1] इसी को लक्ष्य कर गोस्वामी तुलसीदास ने कहा है :

अस बिचारि ते तज्ञ सयाने। मुकुति निरादरि भगति लुभाने॥[2]

व्रज भक्तों ने कहा है—'एक व्रज रज चो मुक्ति वारुं रे।' गुजराती नरसी कहते हैं-'मुक्ति छै एमनी दासी रे।' क्योंकि मोक्ष के ब्रह्मानन्द से भजन का महानन्द अधिक बड़ा है—'ब्रह्मानन्दात् महानन्दो भजने वर्तते स्फुटम्।[3]' यह भक्ति योग स्वतन्त्र कहा गया है। क्योंकि यह भी भगवान् की तरह अपने प्रमेय बल से स्वतः सिद्ध है। यही पुष्टि भक्ति है। इसे ही स्नेहात्मिका सेवा कहा गया है। यह फल रूपा है। सेवा भी भगवत्कृपा या अनुग्रह से ही लभ्य है। आचार्य वल्लभ ने कहा है, "सेवा च पुष्टि मार्गे सस्नेहा कृपा फलं चैतत्" अर्थात् स्नेहात्मिका सेवाप्रभु की कृपा से लभ्य है। अतः इस भगवदनुग्रह का अनुष्ठान गुरु कृपा से ही सम्भव है। आचार्य से उद्भावित इस मार्ग से भगवत्सेवा का अधिकार उसी को है जिसने विधिवत् आचार्य वंशज गोस्वामी बालक से विधिवत् दीक्षा ले ली है। गोस्वामीविट्ठल नाथ जी ने अपने सर्वोत्तम स्तोत्र में यह घोषणा कर रखी है 'पृथ्वी पर भक्ति प्रचार के लिए ही आपने (आचार्य वल्लभ ने) अपने वंश की स्थापना की और उस वंश में अपनी भक्ति का अशेष माहात्म्य भी स्थापित कर दिया।[4] अतः सेवा दीक्षा वल्लभ वंशज से ही लेने से सेवाधिकार प्राप्त होता है। यह दीक्षा पुष्टिमार्ग में 'ब्रह्म सम्बन्ध कही जाती है। इसमें तीन तत्त्व समाहित है—१-भगवान् से भक्त का सम्बन्ध, २-सर्वस्व समर्पण तथा ३-भगवान् की शरण में गमन। इसीलिए इसे 'आत्म निवेदन' भी कहा गया है। दीक्षा विधि और आचार्य द्वारा भक्त के सम्पूर्ण आत्म निवेदन को पुष्टिमार्ग में कन्या के विवाह और उसको वर को समर्पण करने के समान कहा गया है। विवाह के उपरान्त ही कन्या को अपने पति की सेवा का अधिकार होता इसी प्रकार ब्रह्म सम्बन्ध अथवा आत्म निवेदन के उपरान्त ही भक्त को भगवत्सेवा का भी अधिकार होता है। अतः अधिकार प्राप्ति अत्यावश्यक है।

दीक्षा में भक्त अपनी रुचि के अनुकूल अपने भाव जगत् में भगवान् से सम्बन्ध स्थापित करने में स्वतन्त्र है। वह चाहे तो दास्य भाव प्रभु आराधना करे चाहे कान्ता भाव से, चाहे पुत्र भाव से। सम्बन्ध भावना सेवा से दृढ़ दृढ़तर होती जाती है। आत्म निवेदन दूसरा तत्व सर्वस्व समर्पण है। अपने आराध्य प्रभु से भक्त कुछ भी बचा नहीं रखता। बिना समर्पित किये कुछ भी ग्रहण नहीं करता। असमर्पित वस्तु का त्याग उसका दृढ़ नियम होता है 'सामि भुक्त' अथवा अर्ध भुक्त वस्तु के समर्पण को वह अपराध मानता है। समर्पित के ग्रहण और असमर्पित के त्याग के कठोर नियम के पालन के परिणाम स्वरूप उसमें 'अन्यता' आ जाती है। वह किसी अन्य देवता का आराधक नहीं होता न स्वतः वहाँ गमन ही करता है। न वह अपने आराध्य से किसी वस्तु की प्रार्थना या याचना करता है।[5] क्योंकि ऐसा

---

१. सालोक्य सार्ष्टि सामीप्य सारूप्यैकत्व मप्युत।
दीयमानं न गृह्णन्ति विनामत्सेवनं जनाः॥

२. उत्तरकाण्ड—मानस

३. सुबोधिनी।

४. भुवि भक्ति प्रचारैक कृते स्वान्वयकृत्पिता।
स्ववंशे स्थापिताशेषस्तमाहात्म्यः समयाबहः॥—सर्वोत्तम स्तोत्र २२

५. अन्यस्य भजनं तत्र स्वतो गमनमेव च।
प्रार्थना कार्यमात्रेऽपि ततोऽन्यत्र विवर्जयेत्॥ विवेकधैर्या-१४

करने से उसके प्रभु के अन्तर्यामित्व को बाधा पहुँचती है। इस प्रकार वह अनन्यता और समर्पण के दो चक्रों वाले पुष्टि रथ पर सवार होकर वह जीवन के सुख दुःख के मार्ग को अनायास तय करता चलता है। 'आत्म निवेदन' के तीसरे तत्व शरण गमन से भक्त को निश्चिन्तता प्राप्त हो जाती है। उसे जागतिक योगक्षेम की तनिक भी चिन्ता नहीं रहती। उसका विश्वास होता है भगवान् उसके लिए सब कुछ स्वयं ही करेंगे।[1] उसके लिए उसके प्रभु या आराध्य की प्रतिज्ञा होती है :

अनन्याश्चिंतयतो मां ये जनाः पर्युपासते।
तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम् ॥[2]

योग क्षेम से निश्चिन्त हो जाने से भक्त में अपने एकमात्र आश्रय (भगवान्) के प्रति भावना दृढ़ होकर उसमें विवेक जग जाता है। विवेक की व्याख्या करते हुए आचार्य ने कहा है—भगवान् सब कुछ मेरे (भक्त के) हित में ही करेंगे ऐसा विश्वास ही विवेक है।[3]

इस प्रकार के विवेक को पुष्ट करते रहने से साधक अथवा भक्त को प्रत्येक स्थिति में भगवान् का विश्वास रहता है और वह उत्तरोत्तर भक्ति साधना में अग्रसर होता जाता है। दीक्षा अथवा ब्रह्म सम्बन्ध लेने के उपरान्त भक्त अपना सारा समय भगवत् सेवा में ही व्यतीत करता है। सेवा का फल सेवा ही है। पुष्टि भक्त सेवा से कभी पराङ्मुख नहीं होता। सेवा से उसके बीज भाव को पोषण मिलता है। यह सेवा तीन प्रकार की कही गई है। —तनुजा २-वित्तजा ३-मानसी। इनमें भी "मानसी सेवा" सर्वोत्तम है।[4] भगवान् में साधक के चित्त प्रवणता ही सेवा है।[5] भगवान् में चित्त की प्रवणता से संसार के दुःखों से निवृत्ति होती है और ब्रह्म का बोध होता है।[6] यही पुष्टि भक्ति का चरम लक्ष्य है। "मानसी सेवा का यही तात्पर्य है। इस सेवा की साधना में तीन विघ्न हैं—१-उद्वेग २-प्रतिबन्ध तथा ३-भोग। उद्वेग चित्त की अस्थिरता अथवा घबराहट है। प्रतिबन्ध लौकिक बन्धन, जीविका का बन्धन अथवा समय का अभाव है। भोग इन्द्रियों की तृप्ति लालसा है। इन तीन कारणों से सेवा अथवा भगवान् में चित्त की प्रवणता नहीं हो पाती। एतदर्थ गुरु से दीक्षा[7] शास्त्र चिन्तन एवं सत्संग आदि अनेक उपाय हैं। इन सबके लिए धैर्य और विश्वास की आवश्यकता होती है। कठोर सगुण साकारवादी आचार्य वल्लभ ने इसी दृष्टि से भगवान् की स्वरूप सेवा पर बल दिया है। स्वरूप सेवा भी वे व्यक्तिगत रूप से करने का ही आग्रह करते हैं। इसीलिए अपने दीक्षित भगवत्सेवकों (शिष्यों) को उन्होंने सेवाधिकार देते हुए किन्हीं किन्हीं को भगवत्स्वरूप भी दिये। वार्ताओं में आया है "अमुक के माथे भगवान् पधराये" से तात्पर्य भगवान् का स्वरूप सौंपना है। पुष्टिमार्ग में भगवत्स्वरूप निजी निधि के रूप प्राणाधिक प्रिय और जीवनसर्वस्व होता है। उसे "पुष्टिमार्ग" की पद्धति (प्रणालिका) के अनुसार राग, भोग, शृंगार,

---

१. एव सदा स्म कर्तव्यं स्वयमेव करिष्यति।
प्रभुः सर्व समर्थो हि ततो निश्चिन्ततां व्रजेत् ॥ चतु० श्लोक० २

२. श्रीमद्भगवद्गीता ९।२२

३. विवेकस्तु हरिः सर्वं निजेच्छातः करिष्यति ॥—विवेकधैर्य—१

४. कृष्णसेवासदाकार्या मानसी सा परामता। सि० मु० १

५. चेतस्तत्प्रवणं सेवा। सि० मु० २

६. ततः संसारदुःखस्य निवृत्तिर्ब्रह्मबोधनम् ॥ सि० मु० वही

७. सेवाकृतिर्गुरोराज्ञा—नवरत्न—७

त्रिविध रूप से अष्टयाम सेवा करते रहने से मन की चिन्ता, चंचलता, उद्वेग, प्रतिबन्ध आदि सभी क्रमशः नष्ट होते चले जाते हैं।

सूरादि अष्टछापी कवियों का संपूर्ण कीर्तन साहित्य सूरसागर, परमानंद सागर, कृष्ण सागर, कुंभनदास कीर्तन संग्रहादि—राग सेवा के ही अन्तर्गत है। प्रातःकाल मंगल दर्शन से लेकर संध्या की आरती और शयन तक भगवान् की अष्टयाम चर्चा के आधार नित्य सेवा का पद-साहित्य उद्भूत हुआ और इस प्रकार पुष्टिमार्गीय वर्ष जन्माष्टमी से लेकर भाद्रपद कृष्ण सप्तमी तक के समूचे वर्ष के उत्सवों पर गाये गये उत्सव कीर्तन वर्षोत्सव के नाम से ही अभिहित हुए।

पुष्टिमार्ग की राग सेवा ने ही व्रज भाषा साहित्य के भंडार को विपुल भावमणियों एवं रत्नों से भर दिया। अष्टछापी कवियों के अतिरिक्त पुष्टिमार्ग के शतशः भक्त कवियों ने राग सेवा के अन्तर्गत अनंत पदों की रचना की है। इन पदों का लालित्य और माधुर्य अनुपम और अनूठा है। ये पद व्यक्तिगत अनुभूति और कल्पना के आधार पर तो हैं ही इनका मूल स्रोत श्रीमद्भागवत महापुराण का दशम स्कन्ध है। श्रीकृष्ण का अनन्त लीला "क्षीराब्धि" ही इस समस्त पद साहित्य स्रोत है।

इसी प्रकार भगवान् के स्वरूप में साक्षात् पुरुषोत्तम की भावना को पुष्ट करते हुए उत्तमोत्तम भोज्य पदार्थों को स्वयं तैयार करके प्रभु को निवेदन करना भोग सेवा है। इसमें नित्य भोग तथा ऋतु अनुसारी वर्षोत्सवों के भोग सभी आ जाते हैं। दूध दही आदि गोरस एवं उससे बने पदार्थ, फल तथा पोषण देने वाले अन्यान्य अनेक प्रकार के पक्वान्न दिन में छः या आठ बार भगवान् को निवेदित करना भोग सेवा है।

इसी प्रकार सेव्य स्वरूप को नित्य अनेक प्रकार से शृंगार करना मुकुट, काछनी, टिपारा, मोरपंख, कुण्डल, चिबुक बेसरादि से भगवद् विग्रह का शृंगार करना तथा वर्ष के विभिन्न उत्सवों पर विशिष्ट शृंगार करना, शृंगार सेवा है। इस प्रकार पुष्टिमार्गीय भक्त भगवत्सेवा के ही माध्यम से जगत् के भोगों के संपर्क में आता है और भगवान् को निवेदित अथवा समर्पित करके ही प्रसाद रूप में उनका ग्रहण करता है। अन्यथा नहीं। बिना समर्पण के सिद्धान्त रहस्य में कहे गए पाँचों प्रकार के दोषों की निवृत्ति नहीं होती। अतः भगवान् की असमर्पित वस्तुओं का वर्जन पुष्टि भक्ति का प्रमुख सिद्धान्त है।[1] जागतिक भोगों का रसास्वादन स्वदेह अथवा अपनी इन्द्रियों की तृप्ति के लिए न कर उसे भगवत् स्वरूप जीव मात्र को वितरित कर अपना भाग ही ग्रहण करना पुष्टि भक्ति का उपनिषद् प्रतिपादित मुख्य सिद्धान्त है।[2]

पुष्टिमार्गीय राग, भोग शृंगारात्मक त्रिविध सेवा सेवक की भक्ति साधना को बल देती है। साथ ही उसे निश्चिन्ति बनाकर क्रमशः स्वरूपानंद की प्राप्ति करती है। स्वरूप के साथ तादात्म्य ही सायुज्य मुक्ति है। इसे ही अलौकिक दान कहा गया है। इसे पाकर भक्त सदैव तुष्ट और भगवद् गुणगान में रत रहता है। गुण चिन्तन और गुण कथन से भक्त को भौतिक दुःख अथवा क्लेश नहीं होते।

---

१. अन्यथा सर्वदोषाणां न निवृत्तिः कथचन।
असमर्पितवस्तूनां तस्माद्वर्जनमाचरेत्॥ सि० रह० ४।९

२. ईशावास्यमिदं सर्वयत् किंच जगत्यां जगत्।
तेनत्यक्तेन भुंजीथाः मा गृधः कंस्य स्विद् धनम्॥ ईशा० १

आचार्य जी ने घोषणा की है : "गुणैर्हरेः सुखस्पर्शात्र दुःखंभाति कर्हिचित्। इसीलिए भगवद् गुणगान रसिक भक्त ज्ञान मार्ग का अवलम्बन नहीं लेता। श्रीहरि का कीर्तन ही उसको वरणीय है। इस फलरूपा पुष्टि भक्ति के लिए सर्वात्म भाव से आत्म समर्पण एवं आराध्य के प्रति अनन्य भाव ही अपेक्षित है। इस भक्ति की परम अधिष्ठात्री व्रजांगनाएँ ही मानी गई हैं, क्योंकि भक्ति की परम रसानुभूति चरम विरहवेदना एवं तन्मयता उनमें ही मानी गई है। इनको ही लक्ष्य कर भगवान् ने कहा है—ताः मन्मनस्कामत्प्राणामदर्थेत्यक्तदैहिकाः। ये गोपियाँ तीनों प्रकार की आसक्तियों, स्वरूपासक्ति, लीलासक्ति, भावासक्ति की अधिष्ठानभूता थीं।

भारतीय सन्त

महामहोपाध्याय पं० रामकृष्ण शर्मा शास्त्री 'अव्यय'

संस्कृत अनु० केंद्र रघुनाथ मन्दिर, जम्मू

आर्यसंस्कृति के विशाल साहित्य-भण्डार में संतों की अपनी एक विशेष परम्परा है। मुख्यतया संत-जीवन को हम दो श्रेणियों में बँटा पाते हैं। एक में प्राकृत-संत और दूसरी में लौकिक-संत। प्रकारान्तर से इन्हें स्वयंसिद्ध और शास्त्रसिद्ध भी कहा जा सकता है। साधना अथवा अभ्यास-क्रिया का सतत संयोग तो प्रायः दोनों अवस्थाओं में मौलिक उपादान समझा जायगा। यह साधना एक या अनेक जन्मों की धरोहर के रूप में भी प्राप्त होती देखी जाती है। आप किसी भी युग का इतिहास पढ़ लीजिये, सब में संत-जीवन के अनेक उत्कृष्ट उदाहरण दृष्टिगोचर या श्रवणगोचर हो सकते हैं। संसार में ऐसा कोई देश नहीं है, जहाँ किसी न किसी रूप में संतों का आविर्भाव न हुआ हो। विश्व इतिहास में हम निष्पक्षतया इस बात को सुपरीक्षित प्रयोग के तौर पर परखने की क्षमता रखते हैं।

इस पर भी भारतवर्ष को तो संतों का घर ही समझना चाहिये। आर्यशास्त्रों में समन्वय-दृष्टि से अगर हम देखें तो यह रहस्य खुल जाता है कि संतों की परम्परा में श्री भगवान् (सगुण-रूप) को ही सर्वादिम संत मानने में हम बाध्य न होंगे। तब इसमें शंका को कोई स्थान नहीं कि संतों की परम्परा का आदिस्रोत कौन या कहाँ से निकला है। एक सत् ही संतों का सम्मत उपास्य है।

यह बात दूसरी है कि इस परम्परा को कहीं भक्त, कहीं गुरु, कहीं आचार्य आदि की परम्परा की संज्ञा दे दी गई है। किन्तु मूलतः संतों के लक्षण इन पर्यायों में यथानुरूप अन्तर्निहित हैं। यद्यपि भारतीय सत्साहित्य के विशाल भण्डार में यत्र तत्र सर्वत्र संतों के लक्षणवाक्यों को बहुधा दोहराया गया है, किन्तु सूक्ष्मदर्शन से उन सब में तालमेल है।

संक्षेप रूप में संत-लक्षणों में सर्वत्र यह वर्णन मिलता है कि संत-पुरुष रजोगुण, तमोगुण से रहित तथा सत्त्वशील होते हैं। वे जन्म, जरा तथा मृत्यु के दुःखों को नहीं गिनते। किसी से द्वेष नहीं करते। वैसे ही किसी पर राग भी नहीं रखते, और न कभी मायिक प्रेम में बँधते है। वे प्रकृति और निवृत्ति की इच्छा नहीं करत। उनको प्रकाश और प्रवृत्ति का मोह नहीं होता। वे उदासीन के समान संसार में विचरण करते हैं। कभी सत्त्वादिक गुणों से चलायमान नहीं होते। उन्हें कोई प्रिय या अप्रिय नहीं होता। वे पत्थर तथा काँचन को समान गिनते हैं। स्तुति या निन्दा की स्पृहा नहीं करते। मान-अपमान में समान बुद्धि रखते हैं। मित्र तथा शत्रु को समानता से देखते हैं। अव्यभिचारिणी भक्ति करके परब्रह्म की उपासना करते हैं। एकान्त का सेवन करते हैं। किसी तरह के सांसारिक-प्रापंचिक कार्यों का आरम्भ नहीं करते। इन्द्रियों के विषयों पर वैराग्य रखते हैं। मन को नियम में रखते हैं। संकल्प का संन्यास करते हैं। बस, ये ही सच्चे संत हैं।

परन्तु बनावटी संत रजोगुण, तमोगुण से भरपूर होते हैं। उनको न शान्ति है और न तत्त्व का विनिश्चय। वे तो जगत् के जंजाली जीव ही हैं। संसार में विचरते हुए वे द्वेष, क्लेश, मानभंग और निन्दा के ही भोगी होते हैं। दर्शन करते ही वे जीव, चित्त तथा वित्त के हरने वाले ही हैं, किन्तु संसार में फँसे हुए जीवों को सदुपदेश देनेवाले नहीं।

शुद्ध, सात्त्विक संत जहाँ प्रेम, वीरता, ब्रह्मभाव, धर्मप्रियता, दयालुता तथा सुशिक्षादान से श्रेय प्राप्त करके यम, नियम, आसन, दम, स्वाध्याय, तप, आर्जव, अहिंसा, अक्रोध, शान्ति, क्षमा, अद्रोह के भोगी हैं, वहाँ संसारी संत दम्भ दर्प, घमण्ड, पारुष्य, अज्ञान के भोगी हैं। भगवान् श्रीकृष्णचन्द्र जी ने स्पष्ट (गीता में) कहा है, कि प्रथम दैवी तथा दूसरी आसुरी संपद् है। दैवी संपत्तिवाले तो यथार्थ संत ही हैं। उन संतों का संग ही सत्संग है। भिन्नता-द्वैत का परित्याग करके एकनिष्ठा से संत-सेवा करनी चाहिये। यह संत-सेवा ही जीव को सन्मार्ग में चलाकर चिदानन्द के ध्यान में मग्न-मस्त बनाया करती है, आदि-आदि।

इन लक्षणों से यह स्पष्ट है कि सत् की जो-जो विशेषताएँ हैं, वे सभी संतों में भी प्रकट हो जाती हैं। शास्त्र भेद से यद्यपि कोई ज्ञानी-संत, कोई भक्त-संत और कोई कर्मयोगी-संत कहलाता है, परन्तु सत् का सारभूत सामर्थ्य सब में अन्तरंग हो बैठा है। केवल बहिरंग-दर्शन से इन संतों को विभिन्न या विचित्र गति का कोई अनुमान लगाना, अपने आप में एक भारी भूल हो सकती है। शान्त, महान्, वसन्त की तरह लोकहितसाधक, भयंकर भवसागर से स्वयं तरे हुए और केवल करुणा से ही दूसरों को तारने वाले सत्पुरुष (संत) बड़े विलक्षण होते है।

"सत्", एक है, संत भी तदनुसार एकत्व के प्रमाण हैं। स्रष्टा और सृष्टि में एकता एवं अनेकता का व्यावहारिक भेद-दर्शन स्वयं इस तथ्य का समुद्बोधक है कि "एक से अनेक और अनेक से फिर एक" यही उत्सर्जन-उपसंहार अर्थात् आविर्भाव-तिरोभाव को प्राकृत-लीला है। सर्वेश्वर के अतिरिक्त इस लीला का सशक्त वर्णन करने में संतों का ही सामर्थ्य दृष्टिगोचर हो सकता है।

यदि वेद ईश्वरीय वाणी हैं, तो दर्शन-शास्त्र संतों की वाणी हैं। एक "सत्" की अनेकता से व्याख्या करने वाले संत ही हैं। ब्रह्मवाद, जीववाद और मायावाद की यह त्रिपुटी ही भारतीय दर्शन की आधारभूमि है। निर्गुण या सगुण ब्रह्म का ज्ञान योग, भक्ति, निष्काम कर्म आदि साधन-प्रक्रियाओं से साक्षात्कार करने वाले भी संत ही हैं। वास्तव में संत-महिमा का बखान करना कोई आसान काम नहीं है। इतने पर भी लोकशिक्षा, स्वाध्याय-क्षुधा-निवृत्ति, धर्मतत्व जिज्ञासा प्रभृति सत्कामनाओं की परिपूर्णता के लिये कुछ न कुछ कहना-कहाना, सुनना-सुनाना, लिखना-लिखाना भी शास्त्रीय अभ्यास में गिना जाता है। अपने-अपने समय के अनुभवपूर्ण प्रवचन, सदुपदेश और लेखों की स्वयं या शिष्यों द्वारा संग्रहीत करके संतों ने भावी पीढ़ियों के लिये शास्त्रीय-ऐतिहासिक पद्धति को चालू रखा है। धर्मप्राण या ज्ञानप्रधान प्राचीन वैदिक युग से लेकर स्वार्थप्राण या विज्ञानप्रधान नवीन वैज्ञानिक युग तक यह प्रणाली प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रगतिशील है। हाँ, यहाँ इतना अवश्य कहना पड़ेगा, कि आज जिस सम्मान या प्रभाव से "नेता" शब्द सर्वोपरि मान लिया गया है, प्राचीन भारत में "संत" शब्द भी कहीं इससे कम आदर नहीं पाता था। यदि हम सावधान होकर इस शब्द की खोज करें, तो कोई आश्चर्य नहीं कि इसकी सत्ता और महत्ता सार्वभौम ही प्रतीत होगी।

मर्त्य को अमरत्व की ओर ले जानेवाली सत्प्रेरणा देना भी संतों का ही एक परोपकारी स्वभाव है। अपने नैसर्गिक सत्स्वभाव से संत-जन सदा सर्वकल्याण की सद्भावना से ही सब काम करते हैं। गतिशील काल के गुणधर्मों को आत्मसात् करते हुए संत लोग सर्वदा अपने चिरन्तन ध्येय की ओर निर्भय एवं निश्चल भाव से अग्रेसर रहते हैं। संतों में यद्यपि स्थूलमान से विविधता की रीति प्रचलित पाई जाती है, किन्तु मूलतः अपनी और दूसरों की अभ्युदय तथा निःश्रेयस की साधना को बढ़ावा देने में उनकी एकनिष्ठा में कोई अन्तर नहीं पड़ता। प्रस्थानभेद से ही संतों का विभाग-सा हुआ चला आ रहा है। कोई एक वैष्णव संत, दूसरा शैव संत, तीसरा शाक्त संत और फिर उनमें भी अन्यान्य मत-मतान्तरों या संप्रदायों में अनेक बँटवारे "पंथ" नाम से हो गये हैं।

एक ही "सत् तत्त्व" की संप्राप्ति के लिये स्वाधिकार या योग्यताशक्ति से साधना करने वाले संतों में पृथक्-पृथक् दीक्षाक्रम भी विद्यमान हैं। श्रुत, अधीत एवं स्वानुभूत समुपलब्धियों का लोकोपकार के लिये अथवा अस्ति नास्ति के झगड़ों को निपटाने के लिये संतों ने देश काल या समाज की आवश्यकतानुसार भी शिक्षाक्रम को जारी रखा है। हमारे इतिहास में मौनी संत बहुत कम हुए हैं। अधिकतर तो ऐसे ही हुए हैं कि जिन्होंने शास्त्रचर्चा को प्रमुख मान कर उसके प्रचार-प्रसार के आजीवन प्रयत्न किये और कुछेक अपवादों को छोड़ कर, वे सदा अपने ईश्वरीय-साक्षात्कार के सदुद्देश्य में सफल होकर, अपने अनुयायियों को भी कृतार्थ करते रहे। सत्संग में संत-समागम और सत्-शास्त्र (श्रेष्ठ ग्रन्थ) का एक जैसा महत्त्व है।

इस कथन में कोई अतिशयोक्ति नहीं है कि अगर संत न हों, तो यह संसार हमेशा अग्निज्वाला की तरह जलता ही रहे। संतवाणी को संजीवनी-सुधा कहा जाता है। साहित्य के क्षेत्र में भी सत्साहित्य का विपुल भण्डार संतों की ही देन है। भारतीय दर्शन में जिस सूक्ष्मतम वस्तुतत्त्व को विविधता से संतों ने समझाने की चेष्टा की है, उसके अन्तरङ्ग एवं बहुरङ्ग अस्तित्व को स्वीकारने में किन्हीं हठवादियों को छोड़ कर प्रायः समस्त विश्व के तत्त्वदर्शियों ने सराहनीय समर्थन प्रदान किया है।

अगर आज विश्व के किन्हीं विज्ञानप्रधान देशों को एकमात्र विज्ञान पर ही गर्व है, तो हम भी यह कहने में कोई संकोच नहीं करेंगे कि भारत-संतानों को अपने पूर्वज, प्रकृति के सौम्य-संतों की परम्परा से संप्राप्त, ज्ञानप्रधान विज्ञान पर ही अपना अटूट विश्वास है और इस विश्वास का अतीत, वर्तमान एवं भविष्य में भी और अधिक सुदृढ़ता प्रदान करने में भारतीय संतों का बहुत बड़ा योगदान समझा जायगा। भौतिक शक्ति को ही सर्वस्व मानने वाले महानुभाव, यदि कहीं मानवता की अशान्त भटकन को समाप्त करने (शान्ति देने) में समर्थ होते, तो यह काम कभी का पूरा हो चुका होता। मगर ऐसा हुआ नहीं। कोई हठवादी माने या न माने, किन्तु यह एक स्थिर सत्य है कि मानवता केवल भौतिक विभूतियों से ही पूर्णता को नहीं पा सकती। इसके लिए अवश्यमेव हमें औपनिषद् मार्ग के संप्रवर्तक, तत्त्वदर्शी संतों के अमर उपदेशों पर आधारित, सर्वकल्याणकारी, एकतामूलक, समन्वयवादी दृष्टिकोण के प्रचार-प्रसार करने वाले सत्साहित्य को अपनाना ही होगा।

इस संदर्भ में यह चर्चा भी अपने लाभ की है कि आज आजाद हिन्दुस्थान के नवनिर्माण में जुटे हम लोग पुरानी और नयी अच्छाईयों को हृदयंगम करने और बुराईयों को दूर हटाने के लिए कटिबद्ध हैं। सर्वतोमुखी प्रगति के लिये, जैसा कि मैंने पहले निवेदन किया है, ज्ञान और विज्ञान को स्वानुकूल दिशा में सम्मिलित करके चलने से अपना और दूसरों का कल्याणपथ संप्रदर्शित हो सकता है।

इस भव्य समायोजन के लिये संतों की आदर्श परम्परानुसार सत्साहित्य-निर्माता, अपनी शती के महान् संत स्वामी श्रीकृष्णवल्लाभाचार्य जो तो बधाई के पात्र हैं ही। क्योंकि ये संतों में विद्वान् और विद्वानों में संत हैं। लेकिन वर्तमान की सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक आवश्यकताओं के अनुकूल भावात्मक एकता के समर्थक पूज्य स्वामी जो के सम्मान में अभिनन्दन-ग्रन्थ का संपादन करने वाले संत-सेवक सज्जन भी धन्य हैं, जिन्होंने विशाल भारत के अभिन्न-अंग गुजरातराज्य में एकजुट होकर इस परम शुभ कार्य को संपन्न करने का दृढ़ संकल्प कर लिया है।

मैं समझता हूँ कि इस प्रकार के पवित्र एवं संप्रेरणाप्रद समायोजनों से संत परम्परा के भारतीय संतों का आमूल ऐतिहासिक महत्त्व सर्वसमक्ष होकर अपना प्रभावी उत्कर्ष बढ़ाने में सफल होगा।

❀ जय भारत भारती ❀

नाट्य-प्रयोक्ता

पं० सीताराम चतुर्वेदी M. A. M. A. M. A. I. T.

बेनियाबाग, वाराणसी

नाटक दृश्य-काव्य है इसलिये वह चारों प्रकार के अभिनयों के द्वारा लोक के समक्ष उपस्थित किया जाना चाहिए। अभिनव-नाट्यशास्त्र में नाटक या रूपक की यह परिभाषा दी गई है—

नाट्यकार-कृत-प्रसिद्ध-कल्पित-कथाधार-ग्रथित-रचनानुसारतः रंगपीठे प्रयोक्तृ-शिक्षितनटाभिनय-संबादसंगीतादिजन्यरस-द्वारा प्रेक्षकाणां विनोदविश्रान्त्युपदेशजनकं कार्यं नाटकं रूपकं था।'

[किसी प्रसिद्ध या कल्पित कथा के आधार पर नाट्यकार-द्वारा रचित रचना के अनुसार नाट्यप्रयोक्ता-द्वारा सिखाए हुए नट जब रंगमंच पर अभिनय तथा संगीतादि के द्वारा रस उत्पन्न करके प्रेक्षकों का विनोद करते, उन्हें उपदेश देते और मनःशान्ति प्रदान करते हैं, उस प्रयोग को नाटक या रूपक कहते हैं।]

नाट्यकार-द्वारा रचित रूपक के लिये नटों को शिक्षा देनेवाला नाट्यप्रयोक्ता कैसा हो, कौन हो, उसमें क्या गुण हों, वह किस प्रकार नटों को चुने, उन्हें कैसे शिक्षा दे तथा अभिनय और संगीतादि के द्वारा रंगपीठ पर नाटक का प्रयोग कराकर प्रेक्षकों के हृदय में कैसे रसोत्पादन करके उनका मनोविनोद करता हुआ उन्हें उपदेश और शान्ति प्रदान करे ? यह विचारणीय प्रश्न है।

भरत ने अपने नाट्यशास्त्र के पैंतीसवें अध्याय में प्रयोक्ताओं के साथ सूत्रधार, पारिपार्श्विक, विट, शकार, विदूषक और चेट की गणना की है और इनके लक्षण भी विस्तार से बताए हैं। शारदातनय ने अपने 'भावप्रकाशन' के दशम अधिकार में जहाँ सूत्रधार, पारिपार्श्विक आदि की व्याख्या की है वहाँ उन्होंने इनका वर्णन करते हुए—'संगीतशास्त्रस्य च प्रयोक्तृणां लक्षणं व' कहकर इनका विवरण दिया है।

नाट्य-प्रयोक्ता वह व्यक्ति है जो विशेष पर्व के योग्य खेलने के लिये नाटक चुने, उसके लिये उचित अभिनेता या नट चुने, चुनकर नाटक की भूमिका वितरित करे, वितरण करके उन्हें चारों प्रकार के अभिनय (आंगिक, वाचिक, आहार्य, सात्त्विक) की शिक्षा दे, संगीत सिखावे और नाटक की शिक्षा पूरी होने पर उस नाटक को यथा—विधि रंगमंच पर प्रयोग करावे। इतनी बातें जो कर सके वही हमारी परिभाषा के अनुसार नाट्य-प्रयोक्ता हो सकता है। भरत ने अपने सूत्रधार के ये ही लक्षण बताए हैं—

गानस्य च वाद्यस्य पाठ्यस्याप्यजभावविहितस्य।
शास्त्रोपदेशयोगात्सूत्रज्ञः सूत्रधारस्तु॥

(सूत्रधार वह है जो नाटक के गीत, वाद्य और पाठ्य के उचित संयोग को नाट्यशास्त्र के उपदेशानुसार ठीक-ठीक प्रयोग करने की कला जानता हो।)

उसका लक्षण भरत ने यह बताया है—

तत्र सूत्रधारगुणान् वक्ष्यामः।
पुण्याभिधानमेव तल्लक्षमभिमतवाक्यसंस्काराः।
तालविधानज्ञता, स्वरवादित्रतत्त्ववेदनं च॥

चतुरातोद्यकुशलः शास्त्रकर्मसु शिक्षितः ।
नानापाखण्डकार्यज्ञो नीतिशास्त्रार्थतत्त्ववित् ॥
वेश्योपचारनिपुणः कामशास्त्रविचक्षणः ।
नानागीतप्रचारज्ञो रसभावविशारदः ॥
नाट्यप्रयोगकुशलो नानाशिल्पसमन्वितः ।
पादच्छन्दोविधानज्ञः सर्वशास्त्रविचक्षणः ॥
ग्रहनक्षत्रतत्त्वज्ञो देशव्यापारपण्डितः ।
पृथिवीद्वीपवर्षाणां पर्वतानां जनस्य च ॥
प्रमाणचरितज्ञश्च राजवंशप्रसूतिवान् ।
श्रोता शास्त्रार्थकाराणां श्रुत्वा चैवावधारकः ॥
अवधार्य प्रवक्ता च शक्तश्चैवोपदर्शने ।
एवंगुणस्तथाचार्यः सूत्रधारो विधीयते ॥

(अब हम सूत्रधार के गुण बताते हैं—उसके गुण सब शुभ ही शुभ होते हैं। जो सब अवसरों के उपयुक्त वाणी का प्रयोग करना जानता हो, तालों के प्रयोग की विधियाँ जानता हो, चारों प्रकार के बाजे बजाने में कुशल हो, नाट्यशास्त्र के सब कर्मों में कुशल हो, अनेक प्रकार के पाखंड रच सकता हो, नीतिशास्त्र के तत्त्व (अर्थात् उचित-अनुचित) को भली-भाँति समझता हो, वेश्याओं साथ व्यवहार करने में (अनेक प्रकार का वेश बनाने में) तथा कामशास्त्र में चतुर हो, अनेक प्रकार के गीतों का प्रचार अर्थात् विधान जानता हो, कला और भाव का पंडित हो, नाट्य का प्रयोग करने में कुशल हो, अनेक प्रकार के शिल्प जानता हो, पिंगल और छन्दों के विधान जानता हो, सब शास्त्रों का ज्ञाता हो, ग्रहनक्षत्रों के तत्त्व समझता हो, शरीर की सब चेष्टाओं को भली भाँति जानता हो, पृथ्वी, द्वीप, वर्ष, पर्वत और जनता का प्रामाणिक जीवनचरित जानता हो, राजवंश में उत्पन्न हुआ हो, शास्त्र के अर्थ बतलानेवालों की बात भली-भाँति सुनता हो, सुनकर समझता हो, समझकर उसका प्रवचन करता हो तथा उसका प्रयोग करने में समर्थ हो वही आचार्य सूत्रधार कहलाता है।)

आगे सूत्रधार के स्वाभाविक लक्षणों का वर्णन करते हुए भरत कहते हैं—

स्वाभाविकान्गुणाँश्चैव गदतां मे निबोधत ।
स्मृतिमान्मतिमान्धीर उदारः स्थितवाक्कविः ।
अरोगो मधुरः क्षान्तो दान्तश्चैव प्रियंवदः ।
मन्युदोषविनिर्मुक्तः सत्यवाग्दक्षिणः शुचिः ॥
अलुब्धः प्रतिपत्तौ च स्वाभाविकगुणास्त्वमी ।

(आगे में सूत्रधार के स्वाभाविक गुण बताता हूँ। सूत्रधार को मेधावी, बुद्धिमान्, धैर्यवान्, उदार, अपनी बातका पक्का, कवि, स्वस्थ, मधुरभाषी, क्षमाशील, सदाचारी, प्रियवक्ता, अक्रोधी, सत्यवादी, सबको प्रसन्न रखनेवाला, व्यवहार में शुद्ध तथा सम्पत्ति प्राप्त होनेपर भी लोभ न करनेवाला होना चाहिए।)

मंजराज यशोभूषण के रचयिता अभिनव कालिदास ने भी सूत्रधार की परिभाषा का उल्लेख करते हुए कहा है—

आसूत्रयन्गुणान्नेतुः कवेरपि च वस्तुतः ।
रंग-प्रसाधन-प्रौढः सूत्रधार इतीरितः ॥

[जो नाटक के नेता के गुणों और कवि की रचना के गुणों को संक्षेप में एकत्र कर दे सकता हो और रंगमंच के सम्पूर्ण संस्कार में प्रवीण हो वही सूत्रधार कहलाता है ।]

शारदातनय ने अपने 'भावप्रकाशनम्' के नाट्य-प्रयोग-भेद-प्रकार-विशेषनिर्णय नामक दशम् अधिकार में सूत्रधार-शब्द का निर्वचन इस प्रकार किया है—

सूत्रयन्काव्यनिक्षिप्तवस्तुनेतृकधारसान् ।
नान्दीश्लोकेन नांद्यन्ते सूत्रधार इति स्मृतः ॥

[जो व्यक्ति काव्य अर्थात् नाटक में आई हुई कथा-वस्तु, नाटक के नायक तथा नाटक में रसों का रूप नान्दी के अन्त में नान्दी श्लोक के द्वारा समझा देता है वह सूत्रधार कहलाता है ।]

अतः नाट्यप्रयोक्ता के जिन गुणों की सूची ऊपर दी गई है वे सभी गुण नाट्य-प्रयोक्ता में होने ही चाहिए जो दुर्भाग्यवश आजकल के नाट्यप्रयोक्ताओं में देखने को नहीं मिलते । (कविवर श्रीकृष्ण-वल्लभाचार्यस्वामीजीविरचित-श्रीश्वेतायनसंहिता उपर्युक्त विषयों से भरी पड़ी है) ॥

सन्त कवि नानकदेव

श्री त्रिलोचन सिंह बिन्दरा, एम्. ए.

टी. एस. बिन्द्रा निवास, नियर सिविल कोर्ट, सिविल लाइन, होशियारपुर

श्री नानकदेव जी का जन्म १४६९ ई० में, तलबंडी नामक ग्राम में, पटवारी श्री कालूराम खत्री के घर हुआ। इनकी माता का नाम तृप्ता था, सत्रह वर्ष की अवस्था में इनका विवाह बटाला निवासी मूलचन्द खत्री की कन्या सुलक्खना से हुआ। इनके घर श्रीचन्द और लक्ष्मीचन्द नाम के दो पुत्र भी उत्पन्न हुए। नानकदेव जी बालावस्था से ही साधु प्रवृत्ति के थे। इनका किसी नौकरी या व्यवसाय में मन नहीं लगता था। बचपन में इनकी शिक्षा पं. व्रजनाथ शर्मा तथा मौलाना कुतुबद्दीन के पास हुई। नानकदेव जी को हिन्दी, फारसी तथा संस्कृत का अच्छा ज्ञान था। इनका मन गृहस्थी में नहीं लगा और इन्नोंने देश विदेश का पर्याप्त भ्रमण किया तथा अनेक जैन साधुओं, मुसलमान फकीरों, योगियों तथा सन्तों का सत्संग किया। इस प्रकार से वे बहुश्रुत तथा निजी अनुभव के धनी थे।

श्री नानकदेव जी समय-समय पर जो पद रचते रहे उनका संग्रह होता रहा। फिर बाद में श्री अर्जुनदेव जी ने १६०४ ई० में नानकदेव जी के पदों को अन्य सन्तों के पदों सहित 'श्री गुरुग्रन्थ साहिब' नामक ग्रन्थ में संकलित कर दिया। इस ग्रन्थ में नानकदेव जी की वाणी को रागों के क्रम से रखा है। प्रत्येक राग में वाणी का क्रम इस प्रकार है—(क) सबद (शब्द), (ख) असट-पदीयाँ (अष्टपदियाँ), (ग) छंत (छंद) और (घ) वारां (वारें) यदि किसी राग में 'सबदे' नहीं है, तो असटपदियाँ पहले रखी गई हैं। यदि असटपदियाँ भी नही हैं, तो छंत रखे गए हैं। तीनों नहीं हैं तो वारें ही रखी गई हैं। सबदों, असटपदियों, छंतों और वारों के अतिरिक्त कुछ रागों में कुछ वाणियाँ खास-खास नामों से सम्बोधित हैं, जैसे रागु 'मारू' में नानक जी की विशेष वाणी 'सोलहे' के नाम से विख्यात है।

नानक देव जी की वाणी में आध्यात्मिक पक्ष के अतिरिक्त, सामाजिक तथा राजनीतिक पक्ष का भी वर्णन पाया जाता है। नानक जी ने अपनी वाणी में इन चारों पदों के सम्बन्ध में अपने विचार रखे हैं।

राजनीतिक दृष्टि

संत-कवियों में नानकदेव जी ऐसे कवि थे, जिनकी देश की दुर्दशा के ऊपर पैनी दृष्टि थी। इन्होंने अपनी वाणी में देश की राजनीतिक दुर्दशा का मार्मिक चित्रण किया है। नानक जी ने तत्कालीन राजाओं और उनके कर्मचारियों का चित्रण क्या ही सुन्दर ढंग से प्रस्तुत किया है—

"राजे सीह मुकदम कुत्ते।
जाइ जगाइन बैठे सुत्ते॥
चाकर नहदा पाइन्हि घाउ।
रतु पितु कुतिहो चटि जाहु॥
जिबं जीआं होसी सार।
नकीं वढीं लाइतबार॥"

अर्थात्—इस समय राजागण सिंह के समान हिंसक तथा चौधरी लोग कुत्ते के समान लालची हो गए है। वे सोई हुई प्रजा को जगाकर उसका मांस भक्षण कर रहे हैं। राजाओं के नौकर अपने तीव्र नाखूनों से घाव करते हैं और लोगों का खून कुत्तों (मुकद्दमों) के द्वारा चाट जाते हैं। जहाँ (परलोक में) प्राणियों के कर्मों की छानबीन होगी, वहाँ उन लाइतबारों की नाक काट ली जाएगी। इस प्रकार से नानक देव जी ऐसे पहले धार्मिक सन्त हैं जो राजनीतिक दुर्व्यवस्था को सहन न कर सके और जिन्होंने इसके विरुद्ध आवाज़ उठाई।

सामाजिक दृष्टि

नानक देव जी सामाजिक दृष्टि से भी क्रान्तिकारी सुधारक थे। उन्होंने जाति प्रथा, रूढ़ियों, कुरीतियों, बाह्य आडम्बरों और स्त्री-दुर्दशा के प्रति कबीर जी के समान ही जोरदार आवाज उठाई। जाति-प्रथा के सम्बन्ध में नानक जी ने अपने विचार इस प्रकार से प्रकट किए हैं—

"जाणहु जोति न पूछहु जाती आगै जाति न है॥"

अर्थात् मनुष्य मात्र में स्थित परमात्मा की ज्योति को ही समझने की चेष्टा करो जाति-पाँति के टंटे-बखेड़े में मत पड़ो। यह निश्चित समझ लो कि आगे (वर्णव्यवस्था के निर्माण से पूर्व) कोई भी जाति-पाँति नहीं थी। नानक देव जी ने हिन्दू जाति की उपेक्षित स्त्री जाति को भी गौरव के आसन पर बिठाने का पूर्ण यत्न किया है। उन्हों ने धर्म को बाह्याडम्बरों और रूढ़ियों से मुक्त कराने का प्रयत्न किया। इसीलिए जो व्यक्ति जिस अवस्था में था, उसे उसी स्थिति में ऊपर उठाना चाहा। उन्होंने धर्म के आन्तरिक भावों को ग्रहण करने के लिए बल दिया और उन गुणों को अपनाने के लिए मनुष्य को प्रेरित किया, जिनसे मानवता का कल्याण हो, भ्रातृ भाव बढ़ें, सहृदयता, सहिष्णुता की भावना का प्रसार हो, लोग सत्य, संयम, नियम, दया, लज्जा आदि गुणों की ओर आकर्षित हों। उन्होंने धर्म पर आचरण न करने वाले और प्रदर्शन मात्र करने वाले लोगों की निन्दा की है, जैसे—

"पड़ि पुसतकि संधिआ बादं।
सिल पूजसि बगुल समाधं॥
मुखि झूट विभूखण सारं।"

अर्थात् पुस्तकें पढ़ते हैं, संध्या करते हैं, किन्तु उस संध्या के वास्तविक रहस्य को नहीं समझते। पांडित्य-प्रदर्शन के निमित्त वाद-विवाद में रहते हैं। पाषाण की पूजा करते हैं और बगुले की भाँति झूठी समाधि लगाते हैं। सच्ची समाधि के आनन्द से बहुत दूर हैं। मुख से झूठ बोलकर लोहे के गहने को सोने का दिखाते हैं, अर्थात् झूठ के बल पर बुरी वस्तु को अच्छी बनाकर दिखाना चाहते हैं।

परम पुरुषार्थ

नानक देव जी ने परमात्मा-प्राप्ति ही को जीवन का परम पुरुषार्थ और फल स्वीकार किया है। परमात्मा की प्राप्ति में उन्होंने कर्म, ज्ञान, योग और भक्ति सभी की सार्थकता बतलाई है। नानक देव जी ने अपने मूल मन्त्र अथवा बीजमन्त्र में परमात्मा के स्वरूप की व्याख्या इस प्रकार की है—

"१ ओं सतिनामु करता पुरखु निरभउ,
निरवैर अकाल मूरति अजूनी सैभं गुर प्रसादि।"

अर्थात् वह एक है, ओंकार स्वरूप है (शब्द अथवा वाणी है), वह सत्य नाम वाला है, करतार है, आदि पुरुष है, भय से रहित तथा वैर से रहित है, वह काल से रहित स्वरूप वाला (मूर्ति) है। वह अयोनि और स्वयंभू (सैभं) है, और उपर्युक्त गुणों वाला परमात्मा गुरू की कृपा से प्राप्त होता है। इसी मन्त्र में एक प्रकार से नानक जी का समस्त आध्यात्मिक सिद्धान्त निहित है।

विचार (क) सृष्टि की सत्यता

नानक देव जी ने सृष्टि-रचना का समय अनिश्चित माना है। उन्होंने सृष्टि को मिथ्या न मानकर सत्य माना है।

सचे तेरे खंड सचे ब्रह्मंड।
सचे तेरे लोअ सचे आकार ।

नानक देव जी के अनुसार सृष्टि की उत्पत्ति परमात्मा के हुक्म से होती है और अन्त में सृष्टि विलीन भी उसी परमात्मा में हो जाती है।

जिसते उपजै तिसते बिनसै।

(ख) माया का स्वरूप

नानक देव जी ने माया को स्वतन्त्र न मानकर परमात्मा के अधीन माना है, उनकी वाणी में स्थान-स्थान पर माया के प्रबल स्वरूप का चित्रण मिलता है। नानक-देव जी ने माया को उस बुरी सास के रूप में माना है, जो जीवात्मा रूपी वधू को पति-परमात्मा से मिलने नहीं देती।

सासु बुरी घरि वासु न देवै,
पिर सिउ मिलण न देइ बुरी।

नानक देव जी ने सत्-संगति, सद्गुरु-प्राप्ति, नाम जप, प्रेमा भक्ति आदि को माया से छुटकाराट पाने के साधन माना है।

(ग) जीवों की अनन्तता

नानक देव जी के अनुसार जीव अनन्त हैं।

तिनके नाम अनेक अनंत।

और उनकी उत्पत्ति परमात्मा के हुकुम से होती है। मायाग्रस्त होने के कारण जीव अनेक योनियों में भटकते रहते हैं और अन्त में साधन-सम्पन्न होकर जीव परमात्मा में ही विलीन हो जाता है—

'तुझ ते उपजहि तुझ माहि समावहिं'।

(घ) अद्वैतभाव

नानक देव जी ने आत्मा और परमात्मा में अभिन्नता मानी है—

आतम महि रामु, राम महि आतमु।

और इसीलिए आत्म को सत्, चित्, आनन्दस्वरूप, अजर, अमर, नित्य तथा शाश्वत माना है। मनुष्य का परम पुरुषार्थ नानक देव जी ने आत्मापरमात्मा के एकत्व दर्शन में ही माना है—

"आतमा परमात्मा एको करै।"

गुरु नानक जी का काव्य

नानक देव जी सन्त पहले हैं कवि बाद में। कविता उनका उद्देश्य नहीं थी बल्कि वह समरथ का परवाना एवं सन्देश पहुँचाने की साधन थी, साध्य नहीं थी। परन्तु फिर भी उनकी काव्य-गगरी में अमितरस एकत्रित हुआ है जो कि किसी भी साहित्य का शृङ्गार हो सकता है। नानक जी की वाणी को प्रबन्ध काव्य के तो अन्तर्गत नहीं रखा जा सकता, परन्तु काव्य के प्रकारों को ध्यान में रखने से उनकी वाणी 'मुक्तक' अथवा 'गीत' के अन्तर्गत आ सकती है। नानक जी के अधिकांश पद भावयुक्त हैं, इसीलिए उनकी वाणी में शान्त, शृङ्गार, करुण, वीर, रौद्र, भयानक, अद्भुत तथा हास्य रसों का समावेश स्वतः हुआ है। नानक जी की वाणी में शान्तरस की प्रधानता है—

'-सबदि रंगाए हुकमि सवाए।
सची दरगह महलि बुलाए।
सचे दीन दइआल मेरे सहिबा.
सचे मनु पतीआ वणिआ॥"

नानक जी के काव्य में शृङ्गाररस के भी दोनों वियोग एवं संयोग पक्ष मिलते हैं जैसे—वियोग पक्ष में—

"नानक मिलहु कपट दर,
खोलहु एक घड़ी खटु माला।"

इसी प्रकार अन्य रसों का भी सुन्दर वर्णन है।

नानक जी की वाणी में रूपकों के प्रयोग का भी बाहुल्य है। और वे प्रयुक्त रूपक कवित्व से पूर्ण हैं। उन्होंने जीवन के साधारण व्यापारों से रूपकों को चुनकर अपूर्व आध्यात्मिकता, सांकेतिकता-और गंभीरता भर दी है। अमृत-रस वाली मदिरा बनाने की प्रणाली नानक जी ने इस प्रकार के रूपक द्वारा अभिव्यक्त की है—

गुडकरि गिआनु, धिआनु करि धावै,
करि करणी कसु पाईए।
भाठी भवनु, प्रेम का पोचा,
इतु रसि अमिउ चुआईए॥"

(परमात्मा के ज्ञान को गुड़ बनाओ, ध्यान को महुआ और शुभ करणी को बबूल की छाल—इन सबको एक में मिला दो। श्रद्धा को भट्ठी और प्रेम को पोचा बनाओ) इस प्रकार अमृतरस वाली मदिरा चुवाओ।

नानक देव जी प्रकृति की गोद में पले थे, इसलिए प्रकृति के प्रति उनका उत्कट प्रेम था। प्रकृति की अनेकरूपता के सहारे उन्होंने परमात्मा की महत्ता बतलाई है। नानक देव जी ने तुखारी राग के बारह माहा में बारहों मासों का हृदयग्राही चित्रण किया है। इस प्रकार नानक देव जी का प्रकृति चित्रण अत्यन्त मोहक और आकर्षक बन पाया है।

नानक देव जी अत्यधिक पर्यटनशील थे, वे जहाँ भी जाते थे, उसी स्थान की बोली में वहाँ के निवासियों को उपदेश देते थे। इस प्रकार से उनकी भाषा खिचड़ी या सधुक्कड़ी हो गई है। नानक जी

की भाषा में पंजाबी बोली के अतिरिक्त खड़ी बोली, व्रजभाषा, रेखता (हिन्दी एवं फारसी का मिश्रण) सिन्धी तथा लहंदा आदि बोलियों का मिश्रण स्पष्ट दीखता है जैसे—

आपि तरै संगति कुल तारै।
भईले उदासी रहउ निरासी।

नानक देव जी ने भाषा को सजीव, भाव पूर्ण और प्रवाह-युक्त बनाने के लिए स्थान-स्थान पर प्रतीकों का सहारा लिया है—

उतरि अवघटि सरवरिन्हावै—अवघटि = विषयों की घाटी एवं सखरि = सत्संग के सरोवर।

नानक जी की भाषा में संगीत के माधुर्य का अद्भुत् प्रवाह है—

"आपे दाना आपे बीना। आपे आपु उपाइ पतीना।
आपे पउणु पाणी बैसंतरू आपे मेलि मिलाई है।"

नानक देव जी ने अपने काव्य में मुहावरों एवं कहावतों का भी स्थान-स्थान पर प्रयोग किया है, जिससे उनकी भाषा की व्यावहारिकता बढ़ गई है। जैसे—

"नानक जो बीजै सो खावणा करतै लिखि पाइआ।"

नानक देव जी की भाषा की अनूठी विशेषता यह है कि उसके वाक्यांश अथवा तुक पंजाब की सामान्य जनता की सूक्तियों के रूप में प्रवेश पा चुके हैं, जैसे—

जेही सुरति तेहा तिन राहु।,
सोचै सोचि न होवई जे सोची लख वार।"

इससे पता चलता है कि नानक देव जी का सन्त कवियों में अपना ही एक अनूठा स्थान है। नानक देव जी के समय में देश की स्थिति राजनीतिक, धार्मिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से पतनोन्मुख थी, ऐसी स्थिति में सन्त नानक देव जी ने काव्यमयी पदों द्वारा लोगों को उपदेश देकर एक युगपुरुष का कार्य किया है। सन्तकवि नानक देव जी का व्यक्तित्व असाधारण एवं बहुमुखी है।

आर्यों के जन्मस्थान विषयक विभिन्न मत

डॉ० कृष्ण लाल, M. A Ph. D., D. Litt.

प्रवाचक, संस्कृत विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

आर्य कौन थे ? क्या कभी 'आर्य' नाम की कोई जाति थी ? आर्यों के जन्म-स्थान पर विचार करने से पूर्व स्वाभाविक रूप से ये प्रश्न सम्मुख आते हैं। इन प्रश्नों का कोई निश्चित उत्तर सम्भव नहीं। वैदिक संहिताओं में विशेष रूप से तथा सामान्य रूप से संस्कृत साहित्य में 'आर्य' शब्द केवल सुसंस्कृत, सभ्य व्यक्ति के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। परन्तु फिर भी आधुनिक विद्वानों की समान धारणा के अनुसार 'आर्य' नाम भारोपीय भाषा-परिवार के अन्तर्गत वर्गीकृत भाषाओं (वैदिक, संस्कृत, संस्कृत मूल की भारतीय भाषाएँ, यूनानी, लातीनी, रूसी, स्लाव, जर्मन, फ्रांसीसी प्रभृति) को अब या पहले बोलने वाले लोगों को दिया गया है। इन भाषाओं की कुछ मूलभूत समानताओं के आधार पर यह माना जाता है कि इनके बोलने वाले अवश्य ही कभी एक जाति के रूप में एक साथ रहे होंगे। और इसी कारण बहुत समय से विद्वान् इस प्रश्न का समाधान खोजने में प्रवृत्त रहे हैं कि इस जाति का मूल-स्थान कौन-सा रहा होगा ?

कुछ विद्वानों ने भूगर्भशास्त्र के आधार पर इस प्रश्न का समाधान करने का प्रयत्न किया है। उदाहरणार्थ श्री बालगंगाधर तिलक एवं डी मॉर्गन ने इस जाति के प्राचीनतम ग्रन्थ ऋग्वेद की भूगर्भीय व्याख्या के आधार पर आर्यों का जन्म-स्थान क्रमशः उत्तरी ध्रुव तथा शिविरदेश (साइबेरिया) बताया है। इनके मत का प्रमुख आधार ऋग्वेद में वर्णित दीर्घ रात-दिन और सुदीर्घ उषःकाल है।

पेंका नामक विद्वान् के अनुसार आर्यों का मूल स्थान स्केंडिनेविया है और पोशे के अनुसार यह स्थान जर्मनी होना चाहिए। इन विद्वानों की मान्यता का आधार मानव-शास्त्र है। उनका कहना है कि इन्हीं स्थानों पर हमें शक्तिशाली ऊँचे कदवाली तथा गौरवपूर्ण मूल आर्य जाति प्राप्त होती है।

परन्तु मूल आर्यों की शरीर-रचना का हमारे पास कोई प्रमाण नहीं है। इसके अतिरिक्त भाषा और जाति का सदैव अभिन्न सम्बन्ध नहीं रहता है। जातियाँ बहुत बार अपनी भाषा छोड़कर विदेशी भाषा अपना लेती हैं। अतः इस समस्या का समाधान करते हुए जाति, देव तथा इतिहास की अविच्छिन्नता के परिप्रेक्ष्य में भाषा की समानता का अध्ययन अधिक उपादेय समझा गया।

बेन्फ़े, गाइगर प्रभृति विद्वानों ने यह तर्क प्रस्तुत किया है कि भारोपीय भाषाओं में एशिया के सुपरिचित हाथी, सिंह, बाघ, ऊँट आदि पशुओं के वाचक समान नाम नहीं हैं, अतः आर्यों का जन्मस्थान एशिया में न होकर कहीं यूरोप में होना चाहिए। परन्तु यहाँ यह नहीं भूलना चाहिए कि एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाती हुई जातियाँ नये परिवेश में पुरातन प्रकृति को भूल जाती हैं।

अनेक विद्वानों ने दक्षिणी रूस को आर्यों का जन्म-स्थान बताया है। भारोपीय भाषा-परिवार मुख्य रूप से 'कैंटुम' और 'सतम्' इन दो वर्गों में विभाजित है। इनका मूल आधार यह है कि संख्या १०० के लिए प्रयुक्त होने वाला शब्द एक वर्ग में कण्ठ्य ध्वनि से आरम्भ होता है और दूसरे में तालव्य अथवा दन्त्य (श या स) से आरम्भ होता है। दक्षिणी रूस एक ऐसा मध्य स्थान है जहाँ वह मूल ध्वनि एक

ही रही होगी। परंतु वहाँ से पश्चिम अथवा पूर्व में आर्यों के प्रव्रजन से उस ध्वनि में उपर्युक्त परिवर्तन हुए होंगे। परन्तु इस मत के अपवाद रूप कैंटुम वर्ग की विशेषताओं वाली तोरवारी भाषा का स्थान पूर्व में है। अतः यह भी युक्तिसंगत प्रतीत नहीं होता।

हर्ट महोदय के मतानुमार आर्य जाति का भारत-ईरानी समूह यूरोप से काकेशस को पार करके एशिया में प्राविष्ट हुआ और फिर ईरान में बस कर पंजाब की ओर अग्रसर हुआ।

कुछ विद्वानों ने यहाँ तक कहने का साहस किया है कि तुलनात्मक भाषा-विज्ञान द्वारा पुनर्निर्मित शब्दावली को जितनी निकटता से लिथुआनी भाषा ने सुरक्षित रखा है उतना न तो संस्कृत ने और न ही उससे उद्भूत भारतीय भाषाओं ने। अतः लिथुआनिया ही आर्यों का मूल स्थान होना चाहिए। इसके अतिरिक्त संस्कृत में मूर्धन्य ध्वनियों की उपस्थिति और अन्य भारोपीय भाषाओं में उनके अभाव से भी यही निष्कर्ष निकलता है कि आर्य मूल रूप में भारतीय नहीं थे। परन्तु तथ्य यह है कि मूल ध्वनियाँ सबसे अधिक वैदिक भाषा में सुरक्षित हैं। मूर्धन्य ध्वनियों की व्याख्या भारत के चारों ओर हिमालय आदि में अनार्य जातियों की उपस्थिति और उनकी भाषा के प्रभाव से की जा सकती है।

पूर्वी अनातोलिया में प्राप्त प्रागैतिहासिक मृद्भाण्डों की मक्दूनिया के मृद्भाण्डों से समानता के आधार पर गोत्से नामक विद्वान् ने यह मत प्रस्युत किया कि भारोपीय हित्ती यूरोप से आकर पूर्वी और मध्य एशिया में बस गये। परन्तु यहाँ यह समझ पाना कठिन है कि वे यूरोप के निकट पश्चिम एशिया में ही क्यों नहीं बसे।

ब्राण्डेस्टाइन के मतानुसार प्राचीन भारोपीय शब्दावली से संकेत मिलता है कि आर्यों का मूल स्थान कोई पर्वतपादस्थ घास का मैदान होगा। यह मैदान यूराल के दक्षिण में स्थित पश्चिमोत्तर किरगिज का मैदान हो सकता है। इसी स्थान में प्राचीन भारोपीय शब्दावली के सुपरिचित वराह, भेड़िया लोमड़ी, रीछ आदि पशु पाये जाते हैं। परन्तु इस कल्पना में यह समझ नहीं आता कि भारोपीय भाषा कौन सी भाषा थी और उसका कौन सा साहित्य है जिससे शब्दावली ग्रहण की गई है? निस्सन्देह आर्यजाति का प्राचीनतम ग्रन्थ ऋग्वेद है जिससे उक्त घास के मैदान का कोई संकेत नहीं प्राप्त होता।

कुछेक विद्वानों ने यह भी कहा है कि सीरिया, बोगजकोई आदि की भाषा वैदिक के बहुत समान है। अतः ये भाषाएं समकालीन होंगी। इसके अतिरिक्त ईरानी भाषा वैदिक से अधिक आद्य है, अतः वह वैदिक से पुरानी होनी चाहिए। बोगजकोई से आर्यों का सम्बन्ध ईरान से पीछे हटते हुए हुआ होगा। पामीर का पठार ही वह मूल स्थान होना चाहिए जहाँ से आर्य ईरान और सीरिया में आये। परन्तु वस्तुतः वैदिक में भाषा का रूप सीरिया और बोगजकोई की भाषा से प्राचीन है। इसके अतिरिक्त यह भी सम्भव नहीं प्रतीत होता कि पामीर जैसा ऊसर और विरक्त प्रदेश उत्साही आर्य जाति का जन्मस्थान रहा होगा।

पिक्टेट ने मूल आर्यों का निवास मध्य एशिया में सिद्ध करने का प्रयत्न किया है क्योंकि यह स्थान मूल भारोपीय भाषा से अत्यल्प भेद वाली अवेस्ता और संस्कृत के स्थान के समीपतर है। परन्तु हम देखते हैं कि वैदिक सबसे आद्य भाषा है, अतः आर्यों का मूल स्थान इसके प्रदेश के निकट होना चाहिए।

कार्पेंटर के मतानुसार आर्य भाषाओं के समान शब्दों के अध्ययन से आर्यों के यायावर होने के संकेत मिलते हैं। और मध्य एशिया में कैस्पियन सागर के पूर्वी प्रदेश में यायावर जीवन की परिस्थितियाँ

प्राप्त होती हैं। परन्तु आर्यों को यायावर बताना अत्यन्त प्रमादपूर्ण है क्योंकि समान शब्दों से आर्यों का कृषि-कुशल होना भी सम्यक् सिद्ध है।

मेयर का विचार है कि भारतीय सभ्यता १५०० ई० पू० से आरम्भ होती है। उससे कुछ ही पूर्व भारोपीयों का चित्रण सीरिया की मिस्री मूर्तिकला में हुआ है। तदनुसार सीरिया और भारत के मध्य स्थित ईराक का पठार आर्यों का जन्म-स्थान होना चाहिए। परन्तु भारतीय सभ्यता का जो काल मेयर महाशय ने दिया है, उसे केवल उपहासास्पद ही कहा जायेगा।

आर्यों के बाहर से भारत-प्रवेश के पक्ष में एक तर्क यह भी दिया जाता है कि भारत के मूल निवासी द्रविड़ थे और आर्यों ने उन्हें दक्षिण में धकेल दिया था। परन्तु इसके पक्ष में ऋग्वेद के जो मन्त्र अथवा मन्त्रांश उद्धृत किए जाते हैं, वे महर्षि दयानन्द एवं अन्य विद्वानो द्वारा अन्यथा सिद्ध किए गये हैं। यह बहुत स्पष्ट है कि जिन मन्त्रों के जातियों के वर्णन बताये गये हैं, वे वास्तव में प्राकृतिक वर्णन हैं।

परन्तु उपर्युक्त विद्वानों के इन मतों के विपरीत यह एक रोचक तथ्य है कि प्राचीन भारतीय साहित्य में कहीं भी आर्यों के बाहर से भारत में आने का उल्लेख नहीं है। अतः डा० लक्ष्मीधर के अनुसार यह मानने में कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए कि आर्य मूल रूप से भारतीय थे और यहाँ से वे इधर उधर बिखर गये और परिवेश के अनुसार रंगरूप और भाषा में परिवर्तित होते गये।

उनका प्रमुख तर्क यह है कि क्योंकि वैदिक में स्वर (उदात्तानुदात्तस्वरित) मूल रूप में सुरक्षित है, अतः भारत ही आर्यों का जन्म-स्थान होना चाहिए। यदि आर्य कहीं बाहर से आये होते तो इतनी सूक्ष्मतापूर्वक स्वरों को सुरक्षित रखना सम्भव नहीं था। अन्य भाषाओं में स्वर इस प्रकार सुरक्षित नहीं हैं।

आर्यों के किसी भी अन्य प्रदेश से पूर्व प्राचीनतम आर्य वाङ्मय वेद की रचना भारत में ही हुई है। यदि आर्य भारत में बाहर से १५०० ई० पू० के लगभग आये होते (जैसा कि यूरोप को आर्यों का जन्मस्थान बताने वाले मानते हैं) तो उसी काल में एकदम वेद जैसे विशाल वाङ्मय का सृजन उनके द्वारा असम्भव था। क्योंकि जैसा कि वे विद्वान् मानते हैं भारत में आते ही उन्हें साहित्यरचना के निमित्त शान्तिपूर्ण समय नहीं मिला—मूलनिवासियों के साथ उनके संघर्ष निरन्तर होते रहे। इसके अतिरिक्त यदि आर्य बाहर से आये होते तो वे भारत में भी अपना कोई पुरातन (बाहर का) साहित्य सुरक्षित रखते। यह कल्पना करना कठिन है कि वेद की रचना करने वाली जाति ने उससे पूर्व सर्वथा किसी साहित्य की रचना न की हो।

विश्व की अन्य सभी आर्य-भाषाओं से तुलना करने पर पता चलता है कि वैदिक भाषा में मूल आर्य भाषा के अधिकतम धातु और अधिकतम शब्दरूप हैं। यह रूपविविधता एवं रूपसमृद्धि केवल उसी मूल स्थान पर सम्भव है जहाँ वह भाषा अविच्छिन्न रूप से निरन्तर अधिकतम जनों द्वारा बोली जाती हो। अतः भारत ही वह मूल स्थान हो सकता है।

वैदिक भाषा में भाषा का आद्यरूप सुरक्षित है, वह केवल मूल स्थान में सुरक्षित रह सकता है—जहाँ अन्य जनों के आकस्मिक आगमन जैसी बाधा उपस्थित न हो। इस स्थिति में यदि हम यह कल्पना करें कि आर्य भारत में बाहर से आये तो यह भी कल्पना करनी पड़ेगी कि वे नितान्त अकेले आये और भारत में नितान्त अकेले रहे। परन्तु मानव इतिहास में यह सम्भव नहीं। साथ ही वेद में भी इस प्रकार के एकाकीपन के संकेतों का अभाव है।

भारत ही आर्यों का जन्मस्थान हो सकता है क्योंकि वैदिक संस्कृत में मध्य एशिया अथवा यूरोप के विदेशी पदार्थों के नामों का अभाव है। वैदिक भाषा में विद्यमान अत्यल्प तथा कथित सैमेटिक शब्दों को सुगमतापूर्वक भारत और बैबिलोनिया के व्यापारिक सम्बन्धों के आधार पर गृहीत शब्द बताया जा सकता है।

हिम, पर्वत, भूर्जपत्र, मधु, वृक्ष, धान, व्रीहि, यव इत्यादि जिन पदार्थों के लिए विभिन्न भारोपीय भाषाओं में समान नाम हैं वे पदार्थ किसी-किसी देश में एक-एक करके दूर-दूर मिलते हैं, एक साथ नहीं। अतः उन देशों में से कोई भी अविभक्त आर्य जाति का सुसंगठित जन्मस्थान नहीं हो सकता। जहाँ पर ये सब वस्तुएँ एक साथ उपलब्ध हों वह स्थान केवल भारत का पश्चिमोत्तर हिमालय का प्रदेश (मैदानों सहित) हो सकता है।

यदि आर्य भारत में बाहर से आये होते तो वेद में कहीं उनके मूल स्थान का उल्लेख अवश्य होता, परन्तु ऐसा नहीं है। इसके अतिरिक्त प्राचीनतम वैदिक सूक्तों में वर्षगणना शीत ऋतु के अनुसार (**शतं हिमाः**) प्राप्त होती है और कुछ परवर्ती सूक्तों में यह गणना शरद् ऋतु के अनुसार है (**शरदः शतम्**)। परन्तु इन दोनों प्रकार के सूक्तों की शैली में कोई अन्तर नहीं। वर्षगणना पद्धति में यह परिवर्तन शैली के परिवर्तन के बिना तथा कालान्तर के बिना यूरोप इत्यादि से आने पर सम्भव नहीं।

'सात' के लिए मितन्नी शब्द **'सत्त'** की व्युत्पति केवल संस्कृत के **सप्त** से सम्भव है, अवेस्ता के **हप्त** से नहीं क्योंकि वह स्वयं **सप्त** से व्युत्पन्न है। इससे यह सिद्ध होता है कि आर्य मूलरूप से भारत में ही थे। बेबीलोन के कस्साइट लोगों में भारतीय आर्यदेवताओं **सूरिअ, मरुत्तस्, बुगुस्** (भग), **इन्दस्** (इन्द्र) के नाम प्राप्त होते हैं। इन्होंने १७६० ई० पू० में बेबीलोन में अपना राजवंश स्थापित किया था। इन्होंने **सिमाली** के रूप में **हिमालय** की स्मृति सुरक्षित रखी है। इस आधार पर आर्यों का उस काल से पूर्व हिमालय के निकट भारत में होना सिद्ध होता है। इसके अतिरिक्त संस्कृत की एक विशेषता यह है कि भारोपीय परिवार की भाषाओं के जिन शब्दों का परस्पर साम्य नहीं, उनका संस्कृत से साम्य है यथा ट्यूटोनिक **चुनिग**, लिथुआनी **ओज़ी**, लातीनी **उलुकुस्**, यूनानी **पोलिस्** और अवेस्ता **हैज़ा** के लिए संस्कृत में क्रमशः **जनक, अज, उलुकस्, पुरस्** एवं **सदस्** शब्द हैं। इससे सिद्ध होता है आर्यों का मूल प्रदेश संस्कृत का ही मूल प्रदेश भारत होगा।

डॉ० लक्ष्मीधर के मत में यह सम्भव है कि आर्यों को बाढ़ जैसी किसी विपत्ति के कारण अपना मूल स्थान छोड़ना पड़ा होगा। कश्मीर की इस आकस्मिक बाढ़ का विशद वर्णन नीलमत पुराण में हुआ है। शतपथ ब्राह्मण में भी इस बाढ़ का पौराणिक वर्णन है। परन्तु सेमेटिक और ईरानी भाषाओं में इस बाढ़ के जो वर्णन मिलते हैं वे अपूर्ण एवं खण्डित हैं और कहीं से लिए गये प्रतीत होते हैं। अतः कश्मीर के आसपास का प्रदेश ही आर्यों का मूल स्थान रहा होगा।

अविच्छिन्न भारतीय परम्परा के अनुसार भी हिमालय या उसके आसपास का उत्तरी भारत का प्रदेश आर्यों का मूल स्थान प्रतीत होता है। डा० लक्ष्मीधर का कहना है कि भारतीय परम्परा में सदैव उत्तराखण्ड को बहुत पवित्र माना जाता रहा है, **'उत्तरकुरु'** शब्द स्वर्ग के अर्थ में प्रयुक्त होता है।

वेद में सरस्वती के उत्तरी भू-भाग को सप्तसिन्धु कहा गया है। इसकी पुष्टि ईरानी **'हप्त हिन्दू'** से होती है। ऐसी ही मान्यता अविनाशचन्द्र दास की है। उनके अनुसार यह स्थान उत्तर में कश्मीर तक, पश्चिम में गान्धार, दक्षिण में राजपूताना समुद्र एवं पूर्व में (गंगा के मैदान सहित) पूर्व समुद्र

तक विस्तृत था। परन्तु सप्त सिन्धु शब्द ऋग्वेद में आने पर भी यह निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता कि इससे भूमि की सात नदियाँ ही अभिप्रेत हैं और वे सात नदियाँ उपर्युक्त प्रदेश की ही सात नदियाँ हैं। स्वामी दयानन्द ने सात नदियों का अर्थ सात जलाशय (चार भूमि के—समुद्र, नदी, कुंआ, तालाब, तीन अन्तरिक्ष के—निकट, मध्य एवं दूरदेशस्थ) किया है (ऋ० १।३२।१२ स्वा० द० भाष्य) उनके अनुयायी अन्य विद्वानों ने सप्त सिन्धु को मन और बुद्धि सहित पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ भी माना है।

डा० लक्ष्मीधर ने ऋ० ८।१९।३७ के मन्त्रांश **सुवास्त्वा अधि तुग्वनि** पर यास्क का भाष्य (नि० ४।१५) **'सुवास्तुर्नदी। तुग्व तीर्थं** भवति। तूर्णमेतदायन्ति।' उद्धृत करते हुए सुवास्तु को आधुनिक भारतीय उपमहाद्वीप के उत्तरी सीमाप्रान्त का तीर्थ स्वात बताया है।

अन्त में डा० लक्ष्मीधर के अनुसार 'आर्यों की भाषा में रूपों की विविधता, जनजाति-जीवन, जातीय देवता, अग्नि के द्वारा पूजाविधि, सूर्योपासना को देखते हुए शीत एवं काष्ठ-समृद्ध हिमालय ही इन सबका आधार हो सकता है।

कुछ अन्य विद्वानों ने परम्परा और जनश्रुति के आधार पर भारत के मध्यदेश (स्थाण्वीश्वर) तथा कजंगल (राजमहल की पहाड़ियाँ) और हिमालय तथा विन्ध्य के बीच का प्रदेश अथवा आर्यावर्त (उत्तर भारत) को ही आर्यों का आदि स्थान माना है।

सार रूप में यह कहा जा सकता है कि यद्यपि आर्यों के मूल स्थान के रूप में भारत का कोई एक स्थान निश्चित न किया जा सके, तथापि इतना अवश्य कहा जा सकता है कि समस्त रूप में वह स्थान भारत ही हो सकता है क्योंकि यहाँ ही प्राचीनतम आर्य भाषा एवं संस्कृति की अविच्छिन्न धारा प्रवाहित होती रही है।

'स्वामी श्रीजी'

श्री सहजानन्दपादपांसवो विजयन्तेतमाम्

डॉ० नारायण भगत, वेदान्ताचार्य वाचस्पति D. Litt.

श्री अक्षर पुरुषोत्तम मन्दिर, अक्षर भवन, मुंबई

सर्वेषामवताराणामुद्गमं परमं गुरुम् ।
वन्देऽहं सहजानन्दं गीतं वेदैरनारतम् ॥

अस्मिन्संसारे अनेके जीवा जायन्ते म्रियन्ते च परन्तु तस्यैव जननं सार्थं यो लोकेभ्यः किमपि नवीनं समप्यं अन्येषां कल्याणेन सह नैजमपि कल्याणं विधत्ते ।

परमवन्दनीया विद्वत्तल्लजाः श्रीकृष्णवल्लभाचार्याः तेषु अनन्यतमं स्थानं निर्वहन्ति इति कथनं न स्तावकं किन्तु सर्वथा तथ्यमेव ।

अहन्तु मन्ये सर्वावताराणामवतारिणा भगवता श्री पूर्णपुरुषोत्तमेन स्वामिनारायणसैद्धान्तिक-तत्त्वज्ञानस्य प्रचाराय प्रसाराय च श्रीकृष्णवल्लभाचार्याणां जननमकारि, नोचेत्कथं उपमानहीनत्वं ज्ञाने अस्यायास्यत् । अनेकवासनावेष्टितो जीवः स्वोत्पत्तिकालावच्छेदेनैव कषायैः कलुषितः सन् महामोहान्धकासारे निपत्थ मायापाशेन निगडितो निःश्रेयसपथं परित्यज्य विषयविषरूपान् भोगानेव भुंक्ते, इति सर्वेषामनुभवसिद्धम् ।

पुत्रलक्षणानि दोलायां प्रतिभान्ति इति लौकिकाभाणकं सफलीकुर्वन् श्रीकृष्णवल्लभाचार्यः खेलार्हे बाल्यकाले एव लौकिक सम्पत्तिपूर्णं गृहं निजपितरौ सम्बन्धिनश्च परिहाय ब्रह्मपरब्रह्मज्ञाननिधि-सद्गुरुवर्यश्रीबालमुकुन्ददासस्वामिपदाम्भोजं संश्रित्य परमपावनीं कषायक्लेशविपाटनदम्भोलिसमां श्रीस्वामिनारायणीयदीक्षां समाश्रित्य ज्ञानसंवर्धकं कमपि विलक्षणं तेजःपुञ्जं समलभत । लघीयसा कालेनैव प्राथमिकं सूरगव्यध्ययनं सम्पाद्य निजगुरूणामाशीर्बलेन भगवतः श्रीस्वामिनारायणस्य प्रेरणया च गिरिजेशपुरीं वाराणसीमलङ्कृतवान् अनुपमवैदुष्यार्थम् । तत्र बहुकालं वसतिं विधाय तार्किकसार्वभौम-पण्डितप्रकाण्डश्रीवामाचरणभट्टाचार्यप्रभृतीनांचरणसरोजच्छायायां नव्यन्यायप्राचीनन्याय वैशेषिकसांख्य-योगप्रभृति तन्त्राणि स्वशेमुषीप्रभावेण करतलीकृत्य दार्शनिकपञ्चाननषड्दर्शनाचार्यादीन् महतः उपाधीन् सर्वकारोपहारीकृतान् सम्प्राप्य न्याय सिद्धान्तमुक्तावलितर्कसङ्ग्रहयोरुपरि तत्वावबोधपूर्णे विद्वच्छात्रयोग्ये किरणावलिनामिके टीके वीतन्य संस्कृतसमाजस्य महान्तमुपकारं व्यधात् अत्र भवान् । १९३५ इस्वीये वत्सरे स्वामिनारायणसिद्धान्तानुगं वेदान्तसारनामकं पुस्तकं रुद्रसंख्याप्रकरणैः परिपूरितं स्वोपज्ञं प्रकाशी-कृत्य न केवलं वेदान्तानुगानां किन्तु सर्वसम्प्रदायानां कृतेऽपि वरस्वरूपमेव ।

अत्रप्रथमे प्रकरणे द्रव्यादिलक्षणानां निरूपणं विधत्तं विद्यते । द्वितीये प्रकरणे कालादीनां प्रतिपादनं कृतमस्ति । तृतीये प्रकरणे जीवदेहेन्द्रियप्राणप्रभृतीनां सुपरिष्कृतं सम्यङ निरूपणं विहितमस्ति । चतुर्थे प्रकरणे ईश्वरनिरूपणं विधाय हिरण्मयादीनां परिष्कृतं स्वरूपं प्रदर्शितमस्ति । पञ्चमे प्रकरणे सविभागं मुक्ततत्त्वं प्रतिपाद्य तेषां निवासस्थानं सेवाप्रकारं च दर्शितवान् । षष्ठे सप्तमे च प्रकरणे ब्रह्म-

परब्रह्मणोर्निरूपणं सर्वसुगमं सम्पाद्य लेखकः स्वकीयलेखन्याः कौशलं ख्यापितवान्। अन्तिमे प्रकरणे नारायणमहेशयोरनन्यत्वं प्रदर्श्य विपरीतवासनावतामज्ञानपटलं समूलघातमजीघनत्।

इस्वीये वत्सरे १९३९ तमे श्रीमत्पतञ्जलिमहर्षिप्रणीतयोगदर्शननामके महाग्रन्थे श्रीकृष्णवल्लभाचार्यस्वामिनारायण भाष्यं भोजवृत्तौ 'किरण' टीकां च वितेने। भाष्यग्रन्थस्य कलेवरं ३२४ पृष्ठैः परिवृंहितमस्ति। योगशास्त्रस्यानुत्तमे भाष्यग्रन्थे बहूनां विषयाणां निबन्धनं कृत्वा योगस्य परमोत्तमं रहस्यं ग्रन्थकृत् ख्यापितवान्।

आर्हतमतचार्वाकमतबौद्धमतानामाक्षेपपुरस्सरं कृत्वा खण्डनं स्वसिद्धान्तं प्रातिष्ठिपत्।

प्राधान्येन पदार्थतत्त्वात्मवादबन्धवादप्रमाणवाद भक्तिप्रकार ब्रह्मपरब्रह्मभेदप्रकारान् महता विस्तरेण प्रतिपादितवान्। आत्मन एकत्वं वेदान्तिमतेनोपस्थाप्य तस्य खण्डनं अचीकरत्। विभिन्नमतीयं बन्धानां स्वरूपं प्रदर्शितवाँश्च।

वशीकरणवैराग्यम् अपरवैराग्यभेदान् विदेहमुक्ति सम्प्रज्ञातभेदान् असम्प्रज्ञातभेदान् योगिभेदात्समाधिभेदान् निरूप्य प्रेमभक्तिश्रवणभक्तिस्मरणभक्तिकीर्तनभक्तिअर्चनभक्तिवन्दनभक्तिदास्यभक्तिसख्यभक्तिविशेषाणां सम्पङ्क्तया विश्लेषणं सम्पादितवान्।

३२२ तमे पृष्ठे ततः क्लेशकर्मनिवृत्तिः इति सूत्रव्याख्यायां जीवन्मुक्तेः स्वरूपं 'न ह वै सशरीरस्य प्रियाप्रिययोरपहतिरस्ति' इति पूर्वपक्षमुपस्थाप्य दुःखात्यन्तनिवृत्ति परममुक्तिस्वरूपमुपपाद्य दुःखनिदानात्यन्तोच्छेदिका गौणीभूता जीवन्मुक्तिरियं परममुक्तिद्वारभूतेति निरूपितवान् भाष्यकारः।

अनन्तरं च 'तदा सर्वावरणमलापेतस्य ज्ञानस्यानन्त्याज्ज्ञेयम्।' इति सूत्रेण जीवन्मुक्तस्य पुरुषस्य कषायाणां विनशनं प्रदर्शितवान्।

भोजवृत्ति किरणटीकायां ग्रन्थकारेण दुरूहाणां विषयाणां स्फुटीकरणं मतिकौशलेनविहितमस्ति इति स्फुटमेव तद्ग्रन्थाध्येतृणां विदुषाम्।

अखिलभूमण्डलीयसाम्प्रदायिकमुक्तिव्यवस्थानामक ग्रन्थो मनुसंख्यकैः प्रकरणैरूपबृंहितवान् श्रीकृष्णवल्लभाचार्यः।

तत्र प्रथमे प्रकरणे भगवतोऽवतारधारणप्रयोजनं प्रदर्श्य अंशावतारावेशावतारविभूत्यवतारपूर्णावतारपरिपूर्णावताराणां परिष्कृतं स्वरूपं प्रदर्शितवान्। पर्यन्ते च भगवतः स्वामिनारायणस्य अनेकैः चमत्कारैः पूर्णावतारित्वं निरूप्य धामाधिपतित्वं प्रातिष्ठिपत्।

द्वितीये प्रकरणे चतुर्दशलोकानां वर्णनं सप्रमाणमुपस्थाप्य पौराणिकपद्धत्यनुसारेण द्वीपवर्णनं विधाय अष्टावरणानां निरूपणं सविस्तरं प्रकटीकृत्य स्वामिनारायणोपासना आवरणभङ्गकारिणीति निजगाद।

तृतीये प्रकरणे प्रथममुक्तेः स्वरूपमुपपाद्य तेषां मूलप्रकृतौ अथवा तत्कार्येषु लयं प्रतिष्ठाप्य सहस्रं त्वाभिमानिकाः बौद्धाः दश सहस्राणि—इति वायुपुराणस्य प्रमाणं स्वविषयपुष्टयै उपस्थापितवान् ग्रन्थकृत्।

चतुर्थे प्रकरणे द्वितीयमुक्तेः स्वरूपमुपपाद्य तेषां लयं चिदाकाश उपपाद्य आर्हतमतीयां मुक्तिमुपदर्श्य च वेदनारायणसम्प्रदायावलम्बिनामपि विराट्पुरुषे लयं सम्पादितवान्।

पञ्चमे प्रकरणे तृतीयमुक्तिस्वरूपमुपपाद्य भैरवादिलोके गमनं तेषां भवतीति निश्चिकाय।

यावतामपि चिदाकाशे लयमुपपाद्य तत्समानोपासकानामपि तादृशेषु लोकेषु विलयनं सप्रमाणं व्यातनोत्।

एवं विभिन्नमुक्तिस्वरूपाणि निगद्य चतुर्दशे प्रकरणे आत्यन्तिक मुक्त्युपायं नैष्ठिक ब्रह्मचर्यं ब्रह्मनिष्ठसत्पुरुषसमागमञ्च निगद्य मायिकसुखविनाशपूर्विकामात्यन्तिकां मुक्तिं निबबन्ध दार्शनिकचक्रचूडामणिः श्रीकृष्णवल्लभाचार्यः।

'विशिष्टाद्वैतेऽपि विशिष्टब्रह्माद्वैतत्वम्' इति महानिबन्धे स्वामिनारायणसिद्धान्तानुगं परमं सिद्धान्तं संग्रथ्य स्वामिनारायणानुगानां महतीमुपकृतिं सम्पादितवान्। तत्र 'न वा अरे सर्वस्य कामाय सर्वं प्रियं भवति किन्तु आत्मनः कामाय सर्वं प्रियं भवत्यादिश्रुतिभिः विशिष्टाद्वैतं श्रुतिस्मृतितर्कप्रमाणादिसर्वसहं सुसमञ्जसं तत्वमपृथक्सिद्धसूक्ष्मस्थूलचिदचित्तनुकमेकमेवाद्वितीयं ब्रह्मेति निरवद्यं सम्मतम्' 'सन्मूलाः सौम्येमाः प्रजाः' 'यतो वेमानि भूतानि जायन्त येन जातानि जीवन्ति यत्प्रयन्त्यभिविशन्ति' 'तत्सृष्ट्वातदेवानुप्राविशत्' इत्यादि वेदवाक्यैश्च इदं निश्चिकाय।

अग्रे च आचार्यवरः

जीवात्मानः, माया, ईश्वराः, ब्रह्म, परब्रह्मेति पञ्चतत्त्वानि स्वामिनारायणसिद्धान्तानुगामीनि श्रुत्यादिसिद्धानि उज्जग्राह। तत्र जीवात्मनां विभिन्नानि स्वरूपाणि नित्यो नित्यानां चेतनश्चेतनानाम्' इत्यादिना प्रदर्शयामास।

'अजामेकां लोहितशुक्ल कृष्णां बह्वीः प्रजाः सृजमानां सरूपाः' इति निगमवाक्येन मायायाः स्वरूपं दृढी चकार। 'तमीश्वराणां परमं महेश्वरम्' 'सहस्रशीर्षा पुरुषः सहस्राक्षः सहस्रपाद'। ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन तिष्ठति' इत्यादि श्रुतिस्मृतिवाक्यैः ईश्वराणां स्वरूपं निबबन्ध।

'यदक्षरं वेदविदो वदन्ति तदाहुरक्षरं ब्रह्म सर्वकारणकारणम् विष्णोर्धाम परं साक्षात्पुरुषस्य महात्मनः' 'एतद्धयेवाक्षरं ब्रह्म एतद्धेयवाक्षरं परम्' 'एतद्धयेवाक्षरं ज्ञात्वा यो यदिच्छति तस्य तत्' 'परा यथा तदक्षरमधिगम्यते' 'तथाऽक्षरात्संभवतीह बिश्वम्' 'यः सर्वज्ञः स सर्वविद् यस्य ज्ञानमयं तपः 'यदर्चिमदणुभ्योऽणु यस्मिंल्लोका निहिता लोकिनश्च तदेतदक्षरं ब्रह्म' इत्याद्यनेकैर्विभिन्नोपनिषद्वाक्यैः' अक्षरस्य प्रतिष्ठापनं व्यधात्। एतस्यैवाक्षरस्य प्रशासने गार्गि सूर्याचन्द्रमसौ विधृतौ तिष्ठतः' इत्यादिनाऽक्षरस्य सर्वाधारकत्वं प्रशासकत्वञ्च न्यबध्नाच्च।

'अथातो ब्रह्मजिज्ञासा' इत्यत्र ब्रह्मशरीरकं परब्रह्म प्रस्तुतमस्ति। आनन्दमयोऽभ्यासात्' 'आनन्दमात्रकरपादमुखोदरादि' 'यः सर्वज्ञः स सर्वविद' 'यो वेत्ति युगपत्सर्वं प्रत्यक्षेण सदा स्वतः' 'अपहतपाप्मा विजरो विमृत्युर्विशोको विजिघत्सोऽपिपासः सत्यकामः सत्यसङ्कल्पः' 'उत्तमपुरुषस्त्वन्यः परमात्मेत्युदाहृतः' 'अन्तर्बहिश्च तत्सर्वं व्याप्य नारायणः स्थितः' 'यः स्वभक्तेभ्यो रमते स मे सर्वस्वम्' 'स काल कालो गुणी' 'य एषोऽन्तरादित्ये हिरण्मयः पुरुषो दृश्यते हिरण्यश्मश्रुः हिरण्यकेशः आप्रणखात् सर्वस्व सुवर्णस्तस्य यथा कप्यासं पुण्डरीकमेवाक्षिणी' इत्यादि श्रुति स्मृतिसन्दोहैः परब्रह्मणः स्वरूपमुपपाद्य यद् बद्धं तज्जीवतत्वं 'बन्धनात्मकं मायातत्वम्' 'अनयोरधिष्ठातृदेवतासाक्षिमुक्तैश्वर्यायुधांशाद्यात्मकेश्वरतत्वम्। एतत्त्रयं सर्वदाऽक्षरब्रह्मणा ओतं प्रोतं च भवतीति स्थूलसूक्ष्मचिदचिद्विशिष्टमक्षरब्रह्मैव परब्रह्मणः शरीरभूतं तदेब जगज्जन्मादिकारणं भवतीति परब्रह्मणः स्वरूपं प्रतिपाद्य विशिष्टाद्वैतेऽपि बिशिष्टब्रह्माद्वैततत्वं निरचैषीत् आचार्यवरः। किञ्च श्रीकृष्णवल्लभाचार्यः चतुर्भिरध्यायैर्गुणातीतोपनिषदं विरचय्य अक्षरोपासनाया परमं सिद्धान्तं गुरुपरंपरागतं प्रकटीकृत्य 'अस्मिन् सम्प्रदाये एकमेवाऽद्वितीयम्' इति वाक्यस्य सफलत्वं व्यतानीत्।

न्यायसिद्धान्तमुक्तावल्यां किरणावली—तर्कसंग्रहकिरणावली—न्यायबोधिनीपदकृत्ययोष्टिपणी—योगसूत्रस्वामिनारायणभाष्यं—सांख्यतत्वकौमुदीकिरणावली—स्वामिनारायणवेदान्तसारः—

हितोपदेशमित्रलाभकिरणावली—शिक्षापत्री—किरणावली—श्रीगुणातीतानन्दस्वामिवार्ता—शिक्षापत्री—अखिल भूमण्डलीयसम्प्रदाय—मुक्तिव्यवस्था—तत्वप्रभावली ख्याति—विमर्शः प्रमात्वविमर्शः जातिविमर्श-वचनामृत प्रामाण्यहेतवः सूत्राणि च श्रुतितात्पर्यनिर्णयः साकारत्वनिर्णयः श्रीहरिस्वरूपनिर्णयस्य सत्सङ्ग-भाष्यम् सुधासिन्धोर्ब्रह्मरसायनभाष्यम्—अवतारावतारित्वे पुराणादिवचनानि, चित्सुखी टिप्पणी, कवि-काव्यगौरवम्, तत्वमुक्ताकलापनायकरसकिरणावली प्रभृति ५५ ग्रन्थानां निर्माणं विधाय संस्कृतसमाजस्यैव न अपि तु सगस्तस्य भूमण्डलस्य वाचामगोचरं परमोपकारं सम्पाद्य श्रीकृष्णवल्लभाचार्यो न भूतो न भविष्यतीति वाक्यमन्वर्थमचीकरत् ।

गुणिगणगणनारम्भे निपतति कठिनीसुसंभ्रमाद्यस्य ।
तेनाम्बा खलु सुतिनी चान्याः तन्नामधारिण्यः ॥

वाचस्पतिमहानिबधे यदायदा मूढमतिरभवम् तदातदा एतेषां परम कृपालूनां साक्षात्परंपरया पत्रप्रेषणद्वारेण च मामकीनमन्धकारमस्तमितं कृत्वाऽपरिमितं साहाय्यम्मेऽदुः श्री आचार्यचरणाः । अतस्तेषामधमर्णोऽहं आजीवनं प्रत्युपकर्तुम समर्थोऽहं केवलमनेन लेखेन मामकीनां जिह्वां पावनीं कृत्वात्मानं धन्यं मन्ये । अस्मिँल्लेखे आगतास्त्रुटयो भवेयुस्ताः सर्वाः क्षमेरनिति प्रार्थनां प्रणामांश्च कृत्वा विरमामि ।

हेयप्रत्यनीककल्याणगुणनिधिः श्रीजीमहाराजः सर्वावताराणामवतारी श्रीगुणातीतानन्दस्वामी अनादिमूलाक्षरमूर्तिरस्ति इति स्वामिनारायणभगवतः सिद्धान्तरहस्यज्ञानं श्रुतिस्मृतिप्रभृत्यनेकैः प्रमाणै-र्निरूप्यविपरीतवासनावासिनामज्ञानपटलं दूरीचकार श्रीकृष्णवल्लभाचार्यः ।

भगवान् सहजानन्द एतेषां नैरुज्येन सह दीर्घायुष्ट्वं कृत्वा सम्प्रदायस्य पुष्टिः स्वसम्प्रदायसम्बन्धि-ग्रन्थैरेवे भवतीति सिद्धान्तानुसारेण सत्साहित्यादिना उत्कृष्टां सेवां विदध्युः श्रीआचार्यचरणाः इति भगवन्तं सहजानन्दं भूयो भूयोऽभ्यर्थये ।

ग्रन्थग्रन्थिविभेदकान् बहुविधान् सम्पाद्य रम्यान् भवान्,
ग्रन्थान् भाष्ययुतान् सुसारमहितान् किन्नो चकारावनौ ।
आचार्यं मुनिपुङ्गवं गुरुगुणं श्रीकृष्णनामार्चितम्
नत्वाहं हृदयेन सद्गुरुवरं जिह्वां च कुर्वेऽमलाम् ॥

सुधासिन्धोः ब्रह्मरसायनभाष्यस्य भूमिका

वेदान्ती स्वामी श्री चिदानन्दपुरी, न्यायाचार्य-वेदान्ताचार्य

शान्तिकुंज, जि० बाँकुरा, ताजपुर, बंगाल

अस्य ग्रन्थस्य २६२ तरंगाः सन्ति, तरंगेषु प्रधानतया विषयाः मोक्षतत्साधनात्मकाः, तत्र विषयविभागोऽस्ति मूलत एव महद्भिः कृतः। परावाणीविभागोऽपि ग्राह्यो भवति वेदवत्, चमत्कारान्वितवचनामृतानुशीलनवतां तत्तदभ्यासाधिक्येनाऽऽध्यात्मिकसन्तोषोभवत्येव, सुधासिन्धुरयं प्रेमलक्षणाभक्तिं प्रतिजनान्प्रेरयति, सदाचारपरायणान् करोति ज्ञानविज्ञाननिष्णातान् सम्पादयति, वैराग्यान् उत्पादयति, भागवतधर्मात्मिका भक्तिरत्र पुष्टिं प्रयाति, आत्यन्तिककल्याणमपि प्रददाति। सुधासिन्धुर्भागवतधर्ममाहात्म्यज्ञानविषयवैराग्यपराभक्तीरुपदिशति, चतुष्टयसमन्वयोऽत्र श्रीस्वामिनारायणपरमात्मना सर्वजीवहितावहः कृतोऽस्ति।

अत्र सतां समागमं पृथक्-पृथक् स्थितानि संख्यया मिलितानि त्रयस्त्रिंशद्वचनामृतानि प्रतिपादयन्ति। भगवति वृत्तिरक्षणं पृथक्-पृथक् स्थितानि मिलित्वा चतुर्दशसंख्याकानि वचनामृतानि कारयन्ति। भगवद्ज्ञानप्रतिपाकानि नवसंख्याकानि विद्यन्ते। भगवति प्रीत्यर्थपराणि षड् विद्यन्ते। भगवन्माहात्म्यबोधकानि पञ्चदश भवन्ति। भगवन्निश्चयकारकाणि एकोनविंशतिः सन्ति। सर्वविधसमज्ञप्तिप्रदानि द्वासप्ततिर्वचनामृतानि सन्ति। आत्मज्ञानप्रदानि पञ्चदश भवन्ति। भक्तपक्षबोधप्रदे तु द्वे एव स्तः। भगवदुपासनाशिक्षकाणि नववचनामृतानि सन्ति। विषयखण्डनकराणि षट् सन्ति। वासनाविवेचकानि अष्टसंख्याकानि भवन्ति। मानेर्ष्यादिविवेचकानि सप्त सन्ति। सत्संगे वर्धकानि ह्रासकानि च सप्तदश सन्ति। सांख्ययोगज्ञानप्रदानि चत्वारि सन्ति। वेदान्तप्रक्रियापराणि अष्ट भवन्ति। सम्बन्धिषु स्नेहस्य निषेधकानि त्रीणि सन्ति। प्रतिलोमवृत्तिकराणि षट् सन्ति, नियमाऽऽज्ञापालनकारकाणि पञ्चसन्ति। वैराग्यस्वरूपबोधकानि चत्वारि सन्ति। एतानि संघशो द्वाषष्ट्यधिकानि द्वेशतेचेति २६२ संख्याकानि वर्तन्ते। तेषां ब्रह्मरसायनं भाष्यम्, सर्वदर्शनविषयगर्भकं भवति। ग्रन्थोऽयं प्रश्नोत्तरात्मको निबद्धोऽस्ति। एकविंशत्यधिकानि षट्शतानि प्रश्नोत्तराणि भवन्ति। एतादृशोऽयं वेदनिभो ग्रन्थः, २६२ उपनिषदात्मको ब्रह्मविद्यामयोऽस्ति, ब्रह्मरसायनभाष्यकर्ता विद्वत्सार्वभौम—पण्डित श्रीकृष्णवल्लभाचार्यो विद्यतेऽभिनन्दनपात्रोत्तम इति। पण्डितप्रवरोऽयं ज्ञानसागरोऽस्ति, तत्त्ववेत्ता चास्ति, सर्वविधन्यायज्ञोऽस्ति, सर्वतत्त्वकारणद्वारकार्यमतिको भवति। तत्त्वस्वरूपज्ञो वर्तते। दार्शनिकोऽयं विद्वान् आस्तिकनास्तिकसमस्ततर्काऽर्णवो वर्तते। यस्याऽविदितं किमपि नास्तीति नाऽतिशयोक्तिं मन्ये। स्वयं श्वेतायनो व्यासो व्यासावतारो भगवदतार इति नाऽस्याऽऽल्पज्ञ्यं विद्यते। सोऽयं जगदुद्धारकृत् अवतीर्ण इति।

अनेन श्रीसत्संगभाष्यं 'मानवो भगवान् धामगः, धामगो भगवान् मानवः, उभयश्चैक एव, दिव्यस्तदात्मक इति सगुणः साकार इति सर्वाकारो दिव्याकार इति च प्रतिपादितं सर्वोपासकानां हितकरज्ञानप्रकाशकरम्। अतः सर्वप्रत्यक्षदर्शयं प्रतिभाति। अनेन 'सर्वं साक्षादि'ति साक्षात्कारसूत्राणि रचितानि, अतः सर्वसाक्षाद्द्रष्टा भवतीति। साक्षी यः सोऽयमपि भवतीति। योग्यमेतत् दिव्यविभूतिपुरुषस्य। व्यासस्याऽर्जुनस्य च दिव्यचक्षुर्मत्त्वमिवाऽस्यापि भवतीति सर्वज्ञ इति सः। सोऽयमेतादृङ्महाभाष्यविधाता भगवानिति तु निःसन्देहं भवति। नाऽत्राऽधिकं वक्तव्यम्॥ अस्य ग्रन्थाऽध्ययनेनाऽपि सर्वज्ञकल्पाभविष्यन्तीति भारतोपकारी प्रभुरयं साधुर्विजयते॥ इति।

THE AUTHENTICITY OF THE *UTTARAKĀṆḌA* OF VALMĪKI'S *RĀMĀYAṆA*

By

JAGANNATH AGRAWAL

Head of Department of Sanskrit, Punjab University, Hoshiarpur.

Eminent Western scholars like Alfred Weber,[1] H. Jacobi[2] and M. Winternitz[3] have held the *Uttarakāṇḍa* of Vālmīki's *Rāmāyaṇa* as spurious and a later addition. This view seems to be based on two arguments: (1) Rāma is represented in this book as a divine being, an incarnation of Viṣṇu, and (2) "the thread of the narrative is frequently interrupted, and numerous brahmanical myths and legends are inserted" Both these arguments are neither so weighty nor conclusive as to force the conclusion arrived at. In the *Uttarakāṇḍa* one comes across little talk about Rāma as an incarnation of Viṣṇu, and it is only in the last canto of this book that Rāma is identified with Viṣṇu, and he is invited by a divine voice to merge himself in his own lustrous form. However, we still find that upto the last he is regarded as a human being, who leaves this mortal world by entering into the waters of the Sarayū. So far as the legends contained in this book are concerned they are a logical necessity for the proper completion of the poem, and cannot be dubbed as interruptions to the narrative. If we examine the *Uttarakāṇḍa* in the light of authentic ancient literary tradition, we shall find that far from being spurious, this book constitutes an integral part of the Rāmāyaṇa, which bereft of this, would remain incomplete. We must remember that the sixth book close with the coronation of Rāma, after his return to Ayodhyā, having vanquished the demon king Rāvaṇa. A number of important events, which form an inseparable part of the Rāma story, sueh as the exile of Sitā, the birth of Lava and Kuśa, the performance of the *Aśvamedha* sacrifice and the ultimate union of Rāma with his sons, will remain untold.

A study of Kālidāsa's *Raghuvaṃśa* makes it crystal clear than he had before him a text of the *Rāmāyaṇa* in whieh the seventh book was its integral part. The first thirty-four cantoes of the *Uttarakāṇḍa* give an account of the origin, rise and

---

1. *Uber* das *Rāmāyaṇa.*
2. *Das Rāmāyaṇa, Geschichte und Inhalt.*
3. *A History of Indian Literature,* vol. I, 495 f.

fall of the demon kings. Kālidāsa has specifically referred to this fact and has even assigned a reason for its inclusion. He says :

सभाजनायोपगतान् स दिव्यान् मुनीन्पुरस्कृत्य हृतस्य शत्रोः।
शुश्राव तेभ्यः प्रभवादिवृत्तं स्वविक्रमे गौरवमादधानम् ॥[1]

"Having honoured the divine sages who had come to felicitate (him) he heard from them, the account of the origin etc. of the foe who had been slain, which imparted weight to his own prowess". This is what we actually find in the very beginning of the *Uttarakāṇḍa*, where the sages headed by Agastya narrate to him the origin and rise of the demon race. Now, an account of the prowess and glory of the demons who were ultimately slain by Rāma, obviously tends to enhance the prestige of Rāma. It has been well said by Daṇḍin, the rhetorician, that an account of the merits of the foil, tends to enhance the greatness of the hero :

वंशवीर्यश्रुतादीनि वर्णयित्वा रिपोरपि।
तज्जयान्नायकोत्कर्षवर्णनं च धिनोति नः ॥[2]

The account of Kālidāsa in the *Raghuvaṃśa*, closely follows the narrative of the *Uttarakāṇḍa*. Both tell us about the departure of distinguished guests and allies who had come for Rāma's coronation, and in the sequence we find Rāma inquiring from Sītā, about her heart's desire. In her reply she expresses a wish to visit the scenes of their previous exile. In both the works, news is brought to Rāma about the people talking critically about Sītā's sojourn in Laṅkā, and the consequent resolve of Rāma to exile Sītā. Abandoned by Lakṣmaṇa in the forest, she finds shelter in Vālmīki's hermitage. In canto XV of the *Raghuvaṃśa*, Kālidāsa tells us about the menace of the demon Lavaṇa, persecuted by whom the sages repair to Rāma for help. Śatrughna is sent to punish the demon.

On his march he makes a halt at the hermitage of Vālmīki. The same night Sītā gives birth to the twins. Śatrughna proceeds to Mathurā and kills the demon Lavaṇa. The next incident in both the works relates to the penance of Śambūka, which causes the untimely death of a Brāhmaṇa's son, and Rāma kills the Śudra ascetic who had infringed the time-honoured law of *Varṇāśramadharma*. The next event described both in the *Raghuvaṃśa* and the *Uttarakāṇḍa* is the letting loose of the horse by Rāma for the performance of the *Aśvamedha* sacrifice. While the sacrifice is in progress, there arrive the two sons of Rāma—Lava and

1. *Raghuvaṃśa*, XIV, 18.
2. *Kāvyādarśa*, I, 22.

Kuśa—reciting Vālmīki's composition, the *Rāmāyaṇa*. At the request of Rāma, the sage Vālmīki, comes to the court accompanied by Sītā, to show to the people that all doubts regarding her conduct were false and baseless. Kālidāsa, expresses in forceful language, the following oath of Sītā :

वाङ्मनःकर्मभिः पत्यौ व्यभिचारो यथा न मे ।
तथा विश्वंभरे देवि मामन्तर्धातुमर्हसि ॥[1]

"As I have not been unfaithful to my husband, in word, mind or deed, so O goddess—the sustainer of the universe, it behoves you to bear me in."

This verse of Kālidāsa is almost identifical with the following verses from the *Uttarakāṇḍa* :

यथाहं राघवादन्यं मनसापि न चिन्तये ।
तथा मे माधवी देवी विवरं दातुमर्हति ॥
मनसा कर्मणा वाचा यथा रामं समर्चये ।
तथा मे माधवी देवी विवरं दातुमर्हति ॥
यथैतत् सत्यमुक्तं मे वेद्मि रामात्परं न च ।
तथा मे माधवी देवी विवरं दातुमर्हति ॥[2]

"As I do not think of a person other than Rāma, even in mind, so it behoves the goddess earth, to grant me a chasm (to enter). As I worship Rāma with mind, act and word, so it behoves the goddess earth to grant me a chasm. As it is my truthful assertion that I do not know anyone other than Rāma, so it behoves the goddess earth to grant me a chasm."

The use of the words यथा and तथा both by Vālmīki and Kālidāsa shows, that this oath of Sītā as worded by Vālmīki was universally known in India in the time of Kālidāsa, so that even that verstile poet stuck to the popular expression. It may be reasonably inferred, therefore, that in the time of Kālidāsa, the *Uttarakāṇḍa* was undoubtedly regarded as a genuine part of the *Rāmāyaṇa*.

That Kālidāsa drew upon the *Rāmāyaṇa* for writing his epic poem, is undoubtedly clear from his own remarks as embodied in the following verse :

अथवा कृतवाग्द्वारे वंशेऽस्मिन्पूर्वसूरिभिः ।
मणौ वज्रसमुत्कीर्णे सूत्रस्येवास्ति मे गतिः ॥

"Or rather, I can effect entry into this (mansion in the form of the race of Raghu) in which an entrance has been made by the poets of yore by means of the

1. *Raghuvaṃśa*, xv, 81.
2. *Rāmāyaṇa Uttarakāṇḍa*, 97, 15-17.

muse, like the thread in a gem which has been perforated by a jewel-perforating needle." Here, Kālidāsa is evidently speaking of Vālmīki, under the general appellation of 'Poets of yore'. Mallinātha, the learned commentator of Kālidāsa's works, remarks in this context as follows :

पूर्वैः सूरिभिः कविभिर्वाल्मीक्यादिभिः ॥

That explains the close correspondence between the narratives as contained in the XIV and XV cantoes of the *Raghuvaṃśa* and the *Uttarakāṇḍa* of the *Rāmāyaṇa*.

Some three hundred years after the time of Kālidāsa, another great poet, Bhavabhūti who flourished in the eighth century of the Christian era, has also incorporated in his famous drama, the *Uttararāmacarita* several incidents of the *Uttarakāṇḍa* such as the longing of Sītā to visit the scenes of their early exile her calumny and consequent banishment, the killing of Śambūka by Rāma, etc. Bhavabhūti, has expressly stated in the following verse, that his work is a dramatised version of the story composed by the poet who was conversant with the Supreme Spirit :

पाप्मभ्यश्च पुनाति वर्धयति च श्रेयांसि सेयं कथा ।
माङ्गल्या च मनोहरा च जगतो मातेव गङ्गेव च ॥
तामेतां परिभावयन्त्वभिनयैर्विन्यस्तरूपां बुधाः ।
शब्दब्रह्मविदः कवेः परिणतां प्राज्ञस्य वाणीमिमाम् ॥

"This narrative cleanses the sins, and augments blessings. It is auspicious and charming like the Ganges, the mother of the universe. Let the learned honour this same mature utterance of the wise poet conversant with the Supreme Spirit, cast in the form of theatrical actions."

Here again, we find Bhavabhūti declaring in unequivocal language that the subject matter of his drama has been largely drawn from the *Rāmāyaṇa*. As the incidents narrated in the *Uttararāmacarita* are found in the *Uttarakāṇḍa* only, it means it was regarded as a genuine part of Vālmīki's work.

Lastly, we cannot ignore the fact that Vālmīki had been commissioned by Brahmā to write a complete history of Rāma.[1] If we omit the *Uttarakāṇḍa*, then several important events, such as the banishment of Sītā, the killing of Śaṃbūka, the performance of the *Aśvamedha*, which are very well known facts are left out

1. Cf. रामस्य चरितं कृत्स्नं कुरु त्वमृषिसत्तम ।
Rāmāyaṇa, I, 2, 32

and the *Rāmāyaṇa* cannot be described as रामस्य कृत्स्नं चरितं—the complete narrative of Rāma, as its author had planned it to be.[1]

I am very glad to learn that a Felicitation Volume is being presented to Svami Krishnavallabhacharya, a deep scholar of Sanskrit and the author of a good number of works and commentaries in Sanskrit. This is a step in the right direction, for it has been said, "All honour where honour is due." It is moreover the tradition of this land of the Bharatas to honour its learned—सरस्वती श्रुतमहतां महीयताम्.

I wish a long and fruitful life to the Vaishnava scholar.

P.O. : Purhiran,
Distt. : Hoshiarpur, (Punjab)
16-5-'76.

Jagannath Agrawal
Retired Reader in the Departments of Sanskrit and Ancient Indian History, Culture & Archaeology.
Punjab university, Chandigarh.

---

1. It may also be stated that verses purporting to show that the *Rāmāyaṇa* ends with the sixth book, are not genuine. The following two verses may be taken as typical instances.

आदिकाव्यमिदं चार्षं पुरा वाल्मीकिना कृतम् ।
यः शृणोति सदा लोके नरः पापात् प्रमुच्यते ॥

This statement is obviously not of Vālmīki himself but of a later writer. Vālmīki himself could not have described his work as archaic, nor could he have stated that it was written in olden times (पुरा).

The second verse identifies Rāma with Viṣṇu.

रामायणमिदं कृत्स्नं शृण्वतः पठतः सदा ।
प्रीयते सततं रामः स हि विष्णुः सनातनः ॥

In this verse Rāma is expressly described as an incarnation of Viṣṇu. So this is also a later addition.

THE NEW PHILOSOPHY OF TIME

By

Shrimati Soma Mirza

My revered father Karmayogi J.L.K. Jalali has given the world a new philosophy of Time, a new interpretation of Space, and defined Matter, subjecting the last to change, changing change or what may be called incessant change, and the small book *The Triad of Time Space and Matter* propounds this philosophy in the context of the Shri Bhagvat Kala Sahasranama Stotram in Sanskrit. Shri M.B. Shah's pilgrimage to Kashmir on a Holy mission of acquainting people and securing opinions and commendations of great personages on the occasion of the presentation of an *Abhinandan Grantha* to the great Saint and Scholar Swami Shri Krisna Vallabhacharya ji, has invited this contribution to that Grantha. While speaking of the great service Shri Krishna Vallabhacharyaji has rendered to the cultural and philosophical world by his four dozen lucubrations in Sanskrit and a few in Hindi and Gujrati, and the intimate scholarship he has displayed in treating almost all the aspects of Vedanta philosophy and the Ṣaḍ-darshanas, a scholarship of not only a high order but bordering on versatility, one feels tempted and so do I that I should speak of and write on a subject which should invite scholars and savants to think of making an effort to give up for a while the commonly trodden path, and cross over into a new field, "pastures new" and enjoy a pleasurable walk on Boulevard going round the shores of Finite-Infinity and ultimately leading to that Blissful Beatitude, called by hitherto unfamiliar name of Infinite-Infinity.

After all what is that Philosophy. The great religions of the world, the philosophies of and current on this terrestrial globe, have left nothing untouched, unprobed. To be told that there is something new excites and certainly must excite, curiosity and interest. The Triad batters all the parochial and sectional barriers of separatism, and in the modern political philosophy of our India is Secular, and presents one universal field of immense dimensions where there is no distinction of caste or creed, sex or age, and where the faithite and the agnostic, the orthodox and the unorthodox, the Believer and the non-believer are equally received, warmly welcomed and entertained to rich repast of universality, brotherhood and mutualism without discrimination of high and low, colour and

paint, personal hobbies and crotchets, and asked to see for themselves that they are all converted to One Faith, One Belief and One Oneness.

Karmayogi Jalali talks of Kāla (Time) as the one God of all—a God, who is seen, visualised and realised in His Physical Form, and to understand Whose Non-Physical Form one has to make a little effort. And this Form would appeal to the Man of the World, who has been taught all these ages to believe in an Unknown God, impalpable, beyond human understanding, understandable. This Physical form is called Bhautika (or Material) and the Non-Physical is said to be a-bhautika; or better they are known as *Dravyātmaka* and *Adravyātmaka*. And the Bhagvat-Kāla-Sahasranāma expounds these forms in simple terms and simple language. For the purpose of common understanding in understandable language, the author of the Triad has given us a simple physical representation (on Page 107 of the Triad) of Matter, Space and Time. The five elements of Earth, Water, Fire, Air and *Ākāsha* are and compose the whole Matter, which has been defined in terms of the Earth with a defined radius. Earth and other elements have been represented as Spheroids, concentric and enveloping, the Earth being the smallest round which goes the Water Spheroid, which in turn is covered by the Fire Spheroid, the Air enveloping this Fire spheroid and in turn being covered by the ākāsha. Beyond ākāsha is *Kham* or Space which covers all these spheroids. And the whole is enveloped and covered by Tima (Kāla).

The five elements, which are called *Basicals* are the only indestructible elements, which form and compose the whole Matter, and this Matter is subject to change, infinitestimal change, but change which is recurrent, incessant and unstopping. And this change is responsible for the diversity that we see, for the non-similarity between any two so-called similar things, for distinction, discrimination and dissimilarity in Man himself, in sentients, in non-sentients, and all. Nothing is destroyed, everything only undergoes change, change in a second, in a millionth of a second, in a trillionath of a moment. And this Matter experiences this change wrought by Time acting through Space for there is nothing if there is no Time.

What is the position of Man in this Matter, the Material, physical world ? Yes, he is given a limited field, which has been so well expressed by the simile of a lion, who is made the master of a forest of 100 kilometres with every sort of game provided, a master of all he surveys. In this forest, which is fenced by a 50 metre mesh-wire, the lion roams and wanders. One day he thinks of surveying

his forest field, and comes upon the fencing. Beyond that fencing he finds other land, a wider expanse, and in the consciousness of being the lord of the forest, wants to jump over the fence and see for himself what there is beyond and whether he can count himself as master of that too. He jumps, once, twice but only bruises his paws and then returns crestfallen to his lair. He realises he is master of the given field and in that too be is guided and under the supervision and command of some Unknown Power. Man is the highest of the species, and he has been so made that he himself does not and cannot know how he has been made, and how he is led, guided, inspired to act and behave. It is all unintelligible and ununderstandable. Nobody has known and nobody will know it.

The Triad believes in the Day-and-Night Chaturyugī, and divides the twenty-four hours into Satya, Tretā, Dvāpara and Kali. But the wonder is that these four Yugas have been so described as give even Kali or the Iron Age the characteristics of "Tamas in action, Self-Withdrawal, Test and Trial" and attributes no dark designs or abrupt fall from Truth as generally believed. The Satya begins at 2.30 in the night and is followed by Tretā at 10 A.M., which in turn is succeeded by Dvāpara (or Copper Age) at 4–30 P.M., the Kali winding up the round (10 to 2.30), the process being incessant and interminable. And for Man there is no disappointment or discouragement, dismay or frustration, provided he "regulates" himself and knows that whatever has eome into being is and has been by the Will of That Supreme Power, Kāla (Time). He has to know that he is a dependent agent and is activated to act or not to act by a Power which is beyond the ken of Intellect and Knowledge, and that things happen, cannot but happen because the Triad is incessantly acting in which Man has no hand, and the results produced are not within the mental compass of Man. He has only to submit and surrender.

अभिनन्दन तो सभी को सभी विजयी कार्य में दिया जाता है, पण्डित लोक पण्डित को अभिनन्दन देते हैं "प्रवृत्तवाक् चित्रकथः ऊहवान् प्रतिभानवान् । आशु ग्रन्थस्य वक्ता च यः स पण्डित उच्यते" (भारते) ॥ 'व्यवहारे तथा शास्त्रे परिष्कारे नवोन्मिषे । तत्कालपारदृश्वा यः पण्डितो ग्रन्थि-भेदकृत्' इत्यादिरीति से पण्डितको अभिनन्दन विशेषरूप से प्रतिष्ठितता के लिये होता है, वैसी प्रतिष्ठितता प्राप्त करने का उपदेश भी अभिनन्दन में समाया है ॥

जिस देश के जिस भूमि के जिस गाँव के जो पुत्र हों वे अपनी जन्मभूमिरूप माता को भी गुरुदक्षिणा दे सकते हैं, विद्यार्थी विद्यागुरु को दक्षिणा देके कर्जा से छूट जाता हैं, भूमिपुत्र भी किसी योग्य दक्षिणा प्रदान कर कर्जा से छूट जाता है, आज मैं कौन सी दक्षिणा दूँ जिस कर्जा से छूटूँ, मुझे देखकर आप लोग खुशी होते हैं—अभिनन्दन देते हैं, इससे मेरी आत्मा कृतकृत्य होती हुई परमेश्वर की तरह आपमें समर्पित हो गयी है, कर्जा से छुट्टी मनाती है, मेरे विद्याध्ययन से आपके यहाँ निमित्तमात्र से विद्यालय होने लगे, मेरे भजनभक्ति त्याग से आप लोग भक्ति में विशेष बढ़ने लगें, यही निमित्तमात्र रूप से कर्जा अदा करने की तकमें गुलतान मेरी आत्मा आपके प्रति उसी प्रकार का भी अभिनन्दन देती है कि—मेरे पर मातृभूमि का कोई कर्जा अविदित भी हो तो उसे किसी प्रकार से सर्वज्ञ भगवान् देवता लोग धर्ममूर्ति आदि के साथ साथ अन्तरात्मा भी मुक्तता में पार उतारें ।

प्राचीन काल में कुमार व कुमारिकाओं में विद्याभ्यास मुख्य कर्तव्य समझा जाता था, ज्ञान चर्चाओं में तत्त्वज्ञान मिलाना उत्तम इष्ट था, अच्छी विद्वत्ता प्राप्त होने पर परीक्षाएँ होती थीं, पास होने पर उपाधि प्रदान होता था जो आजकल भी हो रहा है, यही बड़ा अभिनन्दन का सुमूर्त रूप स्वयं आनन्द दे रहा है, वैसे उत्तीर्णता के आनन्द में यह अभिनन्दन उत्तेजक हो ॥

भगवान् के अभिनन्दन के लिये सभी को अधिकार है, मानवों के बदलने से चाहे कुछ भी परिवर्तन हुआ हो, मगर परमात्मा के सब बालक सभी प्रकार के अभिनन्दनों के पात्र हैं, पुमान् व प्रकृति को अपने अपने कार्य निभाने में जो कुछ अधिकार दिये हैं, उनमें रहते हुए हीं वे अभ्युदय व निःश्रेयस प्राप्त कर सकते हैं, सभी को व्यवहार व आध्यात्मिक स्थितियों के लिये विद्या की जरूरत है, विद्याओं के उपार्जन में कुमार व कुमारिओं का अधिकार है, यज्ञ याग पूजन दानादि विशेष कर्मों के लिये पति-पत्नी के अधिकार हैं, भक्ति भजन त्याग के लिये वानप्रस्थ वृद्ध वृद्धाओं के अधिकार हैं, इन अधिकारों में उत्तीर्णों को अभिनन्दन की पात्रता है, नारायण की शक्तियाँ लक्ष्मीजी श्रीभूलीला विभूति विकुण्ठा, ब्रह्मा की सावित्री, गायत्री, शंकर की सती पार्वती, श्रीकृष्ण की राधिका जी गोपियाँ, सूर्य की प्रभा, इन्द्र की इन्दिरा, दक्ष की असिक्नी, पलिक्नी वीरिणी, हिमगिरि की मेना, ऋषियों की अरुन्धती लोपामुद्रा कला ख्याति अनुसूया, गार्गी मैत्रेयी, पाण्डु की कुन्ती, दशरथ की कौशल्या आदि असंख्य देवियाँ ब्रह्मवादिनी विदुषियाँ हो गई हैं, वे पातिव्रत्य-परायण रहती हुई जगन्माताएँ अभिनन्दन पात्र शास्त्र-इतिहासों में लिखी गई हैं, इन सौराष्ट्र की देवियों के प्रति मेरा भी वैसा अभिनन्दन है, जो व्यवहार व ब्रह्मचिन्तन के लिये योग्यतावाली हों, सभी भारतीय नारी वर्ग के लिये उन्हीं ईश्वरिणी माताओं के अंश मानव धर्म व भागवतधर्म की प्रतिमारूप होने का मेरा अभिनन्दन है । आप लोग सत्य धर्म स्वाध्याय सावधानता में

स्वस्थ रहते हुए मातापितागुरु आचार्य अतिथि अनाथ सेवक आदि के प्रति देववत् पूज्य आदर सत्कार भरे वर्तनवाले हों, सत्संग करिए, हित करिए, वल्लियों को वृक्षों की नाईं आधाररूप होइए, मकान के स्तम्भरूप होईए, शरीर के पाँवरूप होईए, देश के जीवक होईए, राज्य के अंगभूत, विद्यालयों के जीवरूप, जनता के प्राणरूप, और परमात्मा के निवासभूमि रूप होईए, यह भी मेरा अभिनन्दन है।

मन्दिर आश्रम क्षेत्र मठ विहार शाला आदि में शुभ विद्या प्रदान होता रहो, प्राचीन समय में आर्यावर्त त्रिविष्टप हिमालयोपत्यका आदि में आदिवासी महर्षिगण विद्याएँ पढ़ाते आये हैं, वसिष्ठमहर्षि के दस हजार शिष्योंवाला आश्रम लिखा गया है, इस युग में प्राचीन विद्यालयों की तक्षशिला विक्रमशिला नदियाशान्ति बल्लभी सारनाथ चार काशी मिथिला आदि भूमियाँ प्रसिद्ध थीं, और है भी, विद्याएँ पढाई जाती हैं, विद्वान् प्रकट होते जाते हैं, इनके अभिनन्दन प्रवाह सतत चालू भी हैं, काशी में शिवकुमार शास्त्रीजी, बच्चा झा, वामाचरणभट्टाचार्य, बालकृष्णमिश्र, जयदेवमिश्र, दामोदरलालजी गोस्वामी, नित्यानन्द पन्त, आदि दिगन्त यशस्वी विद्वान् पुरुष, मधुसूदनसरस्वती, उदयनाचार्य, कुमारिलभट्ट, वाचस्पतिमिश्र, आदि के स्मरण करानेवाले धुरन्धर विद्वान् होते आये हैं, गोपीनाथ कविराज, राजेश्वर-शास्त्री, बदरीनाथ शुक्ल, दक्षिण में वीरराघवम्, बंगाल में मधुसूदन भट्टाचार्य, पूना में पाण्डुरंग गोस्वामी, आदि अनेक विद्वान् विद्यमान हैं, जिनसे समग्र भारत विभूषित झलकता है, भारत के गौरवरूप ये गुरुजन विद्याओं में बृहस्पतिस्वरूप हैं, इस प्रकार के दैवी शक्तिवाले आप सभी के अभिनन्दनों से मेरी आत्मा विरामस्तर को अनुभवती है, बड़े बड़े विद्यालयों के संस्कृत अंग्रेजी हिन्दी स्वभाषा आदि के धुरन्धर विद्वान् लोग भी फिलोसोफर महापुरुषों के अभिनन्दन प्राप्त करके आज इस मानवसन्त जीवन में मुझे साक्षात् रामानुजाचार्य वल्लभाचार्य निम्बार्काचार्य मध्वाचार्य शंकराचार्य गुरुनानक जिनेन्द्रमुनि बुद्ध भगवान् रामानन्दस्वामी सहजानन्द स्वामी आदि अभिषिक्त भगवत्-आचार्यों के प्रत्यक्ष अभिनन्दन प्राप्त करने का आनन्द प्राप्त हो रहा है, मेरे समान अकदरदान को भी ढूँढकर श्री भारतसरकार ने कदरदान पात्र बनाया यह एक मेरा अतिरोभावी आनन्द का खजाना उपजाया है, इसके लिये भारत सरकार को मेरे लक्षातिलक्ष अभिनन्दन हैं, प्रजासत्तकसुराज्य चिरशाश्वत रहो ॥

अभिनन्दन ग्रन्थ देश के लिये बड़ा भारी चिरस्थायी सिक्का है, विद्वत् रत्नों के स्मारक हैं, इसमें कोई अनेरा रस रहता है जो जीवनभर मधुरता को हटने नहीं देता, प्रफुल्लित माधुर्य नया नया निपजता रहता है, उदासीन स्थिति में स्वाभिनन्दन को याद करने से आनन्द का प्रवाह उत्साह-खुशियाली हो आते हैं, जहाँ बड़े बड़े गवैये लोग संगीत के महोत्सव उजवाते हैं, वहाँ श्रोता श्रावक दोनों पक्षों में तथा दर्शकों में भी आनन्द के फुहारे छूटते हैं, यह आनन्द प्रशंसा के मूर्त रूप में फलित होता है, वही आनन्द वाह वाह के वातावरण में अभिनन्दन सा हो जाता है, इस प्रकार का अभिनन्दन सर्वत्र स्थित है, आनन्द की नदियाँ उपजानेवाला अभिनन्दन कोई अलौकिक अजोड जादू है, समस्त समाज को आनन्दित करनेवाला अभिनन्दन ब्रह्म का किसी अंश है, ब्रह्म विमर्श बिन्दु नाद ध्वनि रूप में सुमूर्त होके ब्रह्मानन्द देनेवाला होता है, परा पश्यन्ती मध्यमा वैखरी स्वरूप में प्रसरता हुआ अभिनन्दन तो मिष्ट ही मिष्ट रहता है।

प्रभु की इच्छा भक्तों पर प्रसन्नतारूप में बरसती है वह प्रसन्नता प्रभु के अंशों में अवतरती है, अवतारी महापुरुषों की प्रसन्नताएँ जगत् की विभूतियों के ऊपर सतत स्थान करती हैं, वे ही प्रभु की अच्छी विभूति पर अभिनन्दन रूप में जाकर ठहरती है, जिससे ब्रह्मानन्दसमान तृप्ति अनुभवविषय होती

ही रहती है, एक के अभिनन्दन से हजारन जनों को अभिनन्दन अनुभवविषय होता है, यह भगवान् की प्रसन्नता का ही फैलाव है, वह कभी सत्य-संकल्पत्वरूप में तथा विद्वद्गुण में सुमूर्त रूप लेता है, वह भारतीयदर्शनशास्त्रों के तत्त्वों का सुपोषण–विकास रूप ही होता जाता है।

विद्याओं के लिये भारत देश पारावार है, कई भौतिक सामाजिक व्यावहारिक औद्योगिक वैकासिक रासायनिक नैयमिक शासनिक संयमित तात्त्विक दैहिक लौकिक पारलौकिक नैतिक प्रातिभासिक वैकासिक आध्यात्मिक मौक्षिक औपनिषदिक आदि आदि विद्याएँ भारत देश रूप महासागर में प्रकट होके मिल गयीं व मिलती जा रही हैं, भारत में भवन कलाएँ चित्रकलाएँ जेवरकलाएँ योगकलाएँ हवनकलाएँ देवार्चनकलाए प्रासादकलाएँ ज्ञान गान ध्यान कलाएँ मन्त्र जादू टोना कलाएँ श्राद्ध पारायण कथा कलाएँ ग्रन्थन रचना नवनिर्माण कलाएँ किल्ला सैन्य व्यूह कलाएँ, विविध विद्याएँ आदि आदि नयी नयी कलाएँ भारत में खिलती आ रही हैं, उनके द्वारा अभिनन्दनकलाएँ विद्युत्प्रकाश की तरह सभी दृश्य अदृश्य कलाओं को प्रकाश देती आई हैं, और देती रहेंगी।

अभिनन्दन कई प्रकार के होते हैं, क्षणिक, स्थायी, जीवनस्थायी व अनन्तकालस्थायी भी, तथा ग्रामव्यापी देशव्यापी वसुन्धराव्यापी, तथा अज्ञव्यापी सुज्ञव्यापी दिव्यद्रष्टृव्यापी भी, एवं स्वरूपवर्षी समाजवर्षी जगद्वर्षी भी, एवं शून्यपरिणामी उपकारपरिणामी प्रोत्साहनपरिणामी भी, एवं क्लेशफलक व्ययफलक लाभफलक अफलक भी, इत्यादि में विद्वान् सन्त के प्रति अभिनन्दन उच्चकोटि में स्थान लेते है तथा उच्च कोटि के फल देते हैं, आपके ये अभिनन्दन सदा के लिये उत्कृष्टता में स्थिर हों, पुराण में नारद जी के लिये कथा है कि वह सात-मन्वन्तर तक गानकलाएँ सीखते रहे, पर जब लक्ष्मी जी से अन्त में सीख लिया और द्वारिका में भगवान के समीप में गाया तब भगवान ने उसे अभिनन्दन दिया कि—नारद !, अब तुम तुम्बुरु के समान गायनकला में पूर्ण हो गया है। अनसूया को पातिव्रत्य में तीन देवों ने अभिनन्दन दिया था। सावित्री को यमराज ने पतिभक्ति में अभिनन्दन दिया था। गार्गी को याज्ञवल्क्य ने आत्मज्ञान में अभिनन्दन दिया था, रैक्व को आत्मार्पण में देवताओं ने अभिनन्दन दिया था, हनुमानजी को श्रीरामचन्द्रजी ने अभिनन्दन दिया था, याज्ञवल्क्य को विद्याओं में समितिसदस्यों ने अभिनन्दन दिया था। किसी कार्य में सफलता प्राप्त करनेवाले को जो धन्यवाद दिया जाता है, वह अभिनन्दन का स्वरूप ही है, व्याख्यान में रस आने पर सभास्थजनसमूह तालियाँ बजा बजा कर खुशियालो दिखलाते हैं वह भी अभिनन्दन का स्वरूप है, उत्सव उत्साह सम्मेलन सत्कार परितृप्ति संतोष आदि अभिनन्दन के स्वरूप में घुलमील जाते हैं, आनन्दाऽतिरेक उछलता है, चिरायमान होता रहता है, एक नयी जड़ीबुट्टी अभिनन्दन का मूलस्वरूप बन पड़ती है, वह अभिनन्दन के आनन्दांऽकुर को उपजाया करती है, आनन्द की वल्ली कल्पवल्ली समान ऊपजती रहती है, आत्मानन्द में मिलती हुई इसकी झाँकी कराती है, वैसी आनन्द-लहरीयाँ अभिनन्दन द्वारा आप में भी स्थान लेवें, यह मेरी ओर से अभिनन्दन है, अभिनन्दन का स्वरूप तत्त्व है—मानस या आत्मा को आनन्द में समर्पित कर देना।

श्रद्धा भक्ति प्रेम विश्वास आश्चर्य इष्टलाभ साफल्य, सार्वजनिक वा वैभागिक सिद्धि करनेवाले में अपने को अनेरा आनन्द ऊपजाता है, वह इच्छानिवृत्ति से निवृत्त भी हो जाता है, एकत्र निवृत्त होने के समय या उत्तरोत्तर अन्यजनो में भी वही आनन्द बहता रहे,—इसका आपूरक तत्त्व अभिनन्दन है, अभिनन्दन के सहारे से किसी कारण द्वारा कमजोर हो गया जीवन बलिष्ठ हो जाता है, अन्य विजयों के लिए भी सामन्त भाव को भजने लगता है, मृत्युसम भयंकर प्रतिद्वन्द्वी को भी नहीं गीन कर कठिनाईयाँ

व विपत्तियों को हटा कर देश के लिए सुसमृद्ध सम्पत्तिओं का देनेहार होता है, तब फिर आनन्द का अभिरूप अभिनन्दन आनन्दाऽनुभूति में बरतने लगता है, अपरोक्षानुभूति में रहता हुआ ब्रह्मसाक्षात्कार कराने में भी उपयुक्त हो जाता है, बड़े बड़े अभिनन्दनों से महातृप्ति हो आती है, अन्य महत्त्वाऽऽकांक्षा की वृत्तियाँ विरमित हो जाती हैं, तब ब्रह्मकल्पतरु मिलने से परमश्रेयः भी प्राप्त करा देता है, अभिनन्दन में वैसी असंख्य शक्तियाँ पड़ी हैं, अभिनन्दन पानेवालों को वे शक्तियाँ जाग्रत ही होती हैं, परीक्षक को ज्ञात होती हैं, इस स्थिति में ब्रह्मानन्द देनेवाला अभिनन्दन स्वयं सच्चिदानन्दरूप में भी उर्वरित बन जाता है, अभिनन्दन का स्वच्छ धवल प्रकाशमय स्वरूप झलकता है, उद्वेलित तरंगे उठने लगती हैं।

आत्मा प्रकृति या विज्ञान-द्रव्य से ऊगजनेवाले सभी तत्त्वों में द्रव्यों की सूक्ष्म सम्पत्तियाँ अवतरती हैं, अतः सूक्ष्मरूप से शिवस्वरोदय, षट्चक्रनिरूपण, शिक्षासंग्रह, योगशास्त्र, स्वरशास्त्र, संगीत आदिक में वायुतत्त्व बीजतत्त्व विज्ञानःस्वर राग इत्यादि में भात भात के रंग बताये हैं, उन्हीं तत्त्वों को लेके प्रकट हुए अभिनन्दन ग्रन्थ के विषय में आनन्द व रंगजमावट पीढ़ी प्रपीढ़ी परम्परा से अवतरते हैं, सन्त के शास्त्रीय अभिनन्दन में सात्त्विक वर्ण अवतरता है, जो प्रकाश प्रभा विज्ञान तेज चमक सत्त्व आदि में अनुभूत होता है, राजकोय अभिनन्दनों में रक्त रंग प्रायः अवतरता है, लडायक संहारक अभिनन्दनों में प्रायशः नीलरंग अवतरता है, सत्संग के अभिनन्दन आमन्त्रण पूजन आदि में देवता कार्य फल के अनुरूप रंग चित्र विचित्र रूप अवतरते हैं, श्वेत पाण्डुर उजला रंग आखीर को अवस्था में ऊपजता है, जिसमें ऊपजते ही सात्त्विकता होती है, उसमें प्रथम से कोमलतावाली चरम अवस्था ओतप्रोत होती है, उसमें प्रधान रूप में आनन्द ही बसता है, ये कुंकुमवापी स्थल में प्रकट हुए व अनेक भूमिकाओं से विद्वानों ने भेजे हुए अभिनन्दन अनेक रंगों से रंगित हैं, जिनके फल भी कुंकावावनगरी में सभी मानवों के लिये सभी प्रकार के अभ्युदय के साथ आनन्द में ऊपजते जायँ व प्रजा का गौरव बढ़ाते जायँ, यह भी मेरा अभिनन्दन है।

इस मानवीय अभिनन्दन को परमेश्वरीय अभिनन्दन में सामेल होने की प्रार्थना करता हूँ, भारतीय कलाएँ आसपास के देशों में प्रविष्ट हुई हैं, वहाँ की जनता ने बड़े प्रेम से अपनायी हैं, भारतीय संस्कृति विद्या अन्य सभी देशवासी धीमन्तों ने निज प्रजा में प्रचरित की है, इन पर दृष्टि देने से ज्ञात होता है—भारत सभी देशों के अभिनन्दनपात्र है, भारतीओं में भारतीय विद्याएँ अभिनन्दनपात्र हैं, विद्वान् लोग सन्तजन विशेषतः अभिनन्दन के पात्र हैं, जिनमें अभिनन्दनों के पायें भूगर्भ-व्योमपटल प्रदर्शी प्रासादों के आधारभूत हो गये हैं, जिन पर विद्यालयें स्थान स्थान पर उत्भूत हो रहे हैं, इन पायेदार सम्पत्तियों को भी मेरा अभिनन्दन है—जो अविचल पायेदार ही बनी रहें।

अभिनन्दन आन्तरिक धन है, वह बाहर सुमूर्तस्वरूप में झलकता है, कवियों की कहानियाँ, रसिकों की रसिकता, कार्यशीलों की प्रोत्साहितता, उपकारकों की उपकारिता, दानेश्वरों की प्रदानिता, गुरुओं की उपदेशिता, आचार्यों की गरिष्टता, कुटुम्बियों की सुजनता, सत्ताधीशों की सुकारिता, निर्धनों की सुबाचिता, अशक्तों की आशीर्वादिता, देशवासियों की मानसिक-मूर्तता, नाणावटीओं की भव्यभवनता, आराधकों की आराधना, ये सब सूक्ष्म मध्यम व स्थूल रूप में अभिनन्दन-नाम को स्वीकारती हैं, तभी स्वस्वरूप में सफल भावभरी हो जाती हैं, वैसे आपके अभिनन्दन सुमूर्तता को धारण करो, मेरा अभिनन्दन उनमें मिलकर उपकारक हो वैसी परमेश्वर से प्रार्थना करता हूँ, सौराष्ट्रभूमि अभिनन्दन-प्रासादों से सुशोभित होती चले, ईश्वर इन्हें निभाते चले।

सभी विद्याओं में साहित्य सरल है मगर अति गहरा है, दुनियाभर के कविजन थाह लेने लगे तो भी साहित्य का थाह नहीं ले सकेंगे, चित्रवर्णन, खेलों के निरूपण, सुरूपी देखाव, व रुचिकरी रसभरी चेष्टाएँ लिखने लगे तो भी उनका अन्त नहीं आता, भिन्न व्यक्ति भिन्न अभिप्राय भिन्न चेष्टाएँ भिन्न कालक्रम, इनका अन्त कोई नहीं पाता, अन्त लेने की इच्छावाला आरम्भ करता है आगे चलता है तब तक में अन्त्येष्टि में समाप्त हो जाता है। डीलनटाम्स-नामक चैष्टिक-लेखक ने फिल्म का एक 'सिनारियो' ही लिख दिया, उसका अच्छे अच्छे परीक्षकों ने अति उत्कृष्ट साहित्यिक कृति के रूप में मुक्तकण्ठ से अभिनन्दन किया, क्योंकि—इष्टविषय हो गया, अनेक रस परोसनेवाला साहित्यिक परिवेषक जरूर रसगर्धियों के अभिनन्दन-पात्र होते हैं, सभी देशों में रसगर्धी मानव ज्यादे मिलेंगे, अतः बॉटिंग में रसाभिनन्दन बढ़ ही जायँगे, मगर इतना कहना आवश्यक है कि—रसगर्भीओं में से ब्रह्मरस के आस्वादी ऊपजेंगे, ऊपजानेवाले व्यवस्थित-विद्यालय मुख्य होते हैं, अतः मेरा अभिनन्दन उस प्रणाली में भी ब्रह्म-रसाऽऽस्वादी के लिये विशेष बल करे तथा अजर-अमर फलों में सार्थक बनें।

अनेक व्यास भगवानों ने स्वात्मा में स्थित व्यष्टि-समष्टि में ध्यान लगाकर अनेक इतिहास लिखे हैं, समय पलट जाने से वे सब सत्य ही निपजते हैं, और कथाकारों द्वारा अभिनन्दित होते हुए वे इतिहास जनता द्वारा भी अभिनन्दित होते जाते हैं, उनमें जूठापन की दृष्टिवाले चीड़िये लोग तो विपरीतपने के अभिनन्दन में गूँगलाते रहते हैं, मगर सत्य देखेंगे तब यथार्थ में बरतने लगेंगे, मेरा उसी प्रकार के याथार्थ्य के लिये इस भूमि में अभिनन्दन सदा के लिये जाग्रत होता रहो, साक्षी प्रेरित चैतन्य के स्तरों में जो जो अभिनन्दन प्रकट होते जायँगे वे सभी साक्षि दृष्टि के विषय यथार्थ ही होते हैं, हमें साक्षी ब्रह्म, सत्व अभिनन्दन प्राप्त कराते रहो, वर्तमान समय में अभिनन्दन प्रकट होता हुआ भविष्य के पात्रों के लिये जीवितसा रहता है, अतः भावी भी लक्ष्य सभी अभिनन्दनों के लक्ष्यरूप में अनिवार्य है, श्रीहरि सभी के लिये अच्छे अभिनन्दन प्रकटाते रहो।

जिनके ग्रन्थ जनता को रंजन करते हैं, वे ग्रन्थ लेखक ग्रन्थों द्वारा अभिनन्दन के पात्र हो चूकते हैं, साधारण जन भी जिनके ग्रन्थों से तत्त्वज्ञान सुमूर्त पाते हैं वे स्व-उल्लास व्यक्त करते हैं, उल्लास से अभिनन्दन जन्म पाते हैं, वैसा मेरा भी अभिनन्दन सबके प्रति हो, लेखक तात्त्विक सैद्धान्तिक भावनाओं को प्रकट करते हैं, मानवजाति उन शास्त्रीय भावनाओं को अपनाती है, तभी से लेखक मानव जाति के बड़े प्रतिष्ठित होते हैं, यह प्रतिष्ठा अभिनन्दन के स्वरूप में भेंट रूप हो जाती है, वैसी प्रतिष्ठावाले आप लोग हो। कोई लक्ष्मीनारायणसंहिता द्वारा व्यासप्रतिमा को अभिनन्दन देते हैं, कोई सांख्ययोग वेदान्त के भाष्य द्वारा आचार्याऽवतार को अभिनन्दन देते हैं, कोई न्यायवैशेषिक ग्रन्थों की टीकाएँ द्वारा तार्किक-नैयायिकपने को अभिनन्दन देते हैं, कोई अति गहन शक्ति ख्याति प्रमात्व व्युत्पत्ति आदि वाद ग्रन्थों द्वारा उच्च कोटि के पाण्डित्य को अभिनन्दन देते हैं, कोई अनेक पद्यबद्ध ग्रन्थों के द्वारा कवित्व को अभिनन्दन देते हैं, कोई आलंकारिक आध्यात्मिक पदपारावारिक सार्वभौमिक अभिनन्दन देते हैं, कोई वक्तृत्व लेखकत्व अध्यापकत्व शास्त्रवादत्व के विद्वत्ताभरे अभिनन्दन देते हैं, कोई नैष्ठिक ब्रह्मशील सन्त स्थिति के तथा भक्ति के अभिनन्दन देते हैं, कोई पृथिवीसमान क्षमा के, अपरिवर्तन स्थिति के, विनीतता के, भी अभिनन्दन देते हैं, वैसे चमत्कारिक वाक्सिद्धिमय अभिनन्दन भी देते हैं, सभी के अभिनन्दन परमात्मा से अनुग्रहवाले यथार्थ सफल भी हैं, मेरा अभिनन्दन उन अभिनन्दन उन अभिनन्दनों के साथ मिलकर आपके प्रति भी उन्हीं फलों में हो।

यह बात जरूर होती है कि—जिनके प्रति प्रेमिप्रशंसकों की कमी न हो उनके प्रति अभिनन्दन की भी कमी नहीं रहती है, प्रशंसा गुणों से स्थान लेती है, जितने जिनके अभिनन्दन, उतने उन व्यक्तिओं के हार्दिक प्रेम सिद्ध होते हैं, जितने प्रेमों के सागर, उतनी ही कलाओं के सागर प्रशस्त व्यक्तियाँ साबीत होती हैं, एक व्यक्ति में अनेक द्रष्टा मन्ता विज्ञाताओं की प्रशंसाएँ जूट जाने पर वे सिद्ध कर ही देती हैं कि सभी प्रशस्त कलाओं की क्षेत्रभूमि प्रशंसापात्र परमपुरुष सभी अभिनन्दित विद्याओं की मूर्ति प्रकट प्रमाण है। इसको प्रशंसा द्वारा अपरिचित लोग भी पहचानने लगते हैं, यथार्थ पहचानने पर आत्मलाभ प्राप्त कर लेते हैं, यज्ञ में अदृष्टतत्त्व दिखलाई नहीं देता, काल की क्षणप्रक्रिया चीजों पर तुरन्त दिखलाई नहीं देती, मानस के परिवर्तन उसी क्षण में ज्ञात नहीं होता, किन्तु सभी परिणामसील हैं, दृश्यों की तरह स्वकार्य करके कहीं विराम भी ले लेते हैं, अदृश्य के अदृश्य भी हो जाते हैं, वे अपने कार्य दृश्यों में प्रकटाकर ही तिरोहित हो जाते हैं, प्रशंसा व अभिनन्दन खूशियाली भी उसी प्रकार व्यक्तित्व का उत्कृष्ट स्वरूप जमाते हुए स्वयं न्यूनता में मार्ग लेते जाते हैं, आखिरी स्वरूप में ब्रह्मप्रसन्नता में समाविष्ट हो जाते हैं, ये सभी अभिनन्दन ब्रह्मस्वरूप देनेवाले हों, यह मेरा भी सन्तस्वरूप द्वारा अभिनन्दन है।

शास्त्र नाट्य सरघस प्रदर्शन आदिक प्रशंसा के अभिनन्दन रूप में सुमूर्त ही रचे गये हैं, जिन दृश्य से ऐतिहासिक प्रसन्नताएँ नयीसी रहती हैं, सीनेमा के दृश्य इष्ट का बोध देता हुआ पुरातत्त्वों के नये स्वरूपों को खड़ा करता है, चलती अविदित प्रणालीयों को प्रकाश में लाता है, अनभिनन्दन के साथ-साथ अभिनन्दन को बहाता है, ग्राम्य अभिनन्दन दील में जँच जाता है, इसे ले लेकर द्रष्टा लोग कई दिन तक उस दृश्य के सहारे गूलतान रहते हैं, नयी राज्यगद्दी नया विवाह नया आचार्यपद नया द्रव्योपार्जन नये आविष्कार अतर्क्यलाभ नयी सिद्धियाँ नया संगम आदि आदि प्रशस्त-अभिनन्दन आत्माओं को गहरी प्रसन्नता में बरतानेवाले चिरंतन बन जाते हैं, आखीर परमेश्वर में अभ्यस्त रीति को निपजाते हैं, ऐसे अभिनन्दन आपके प्रति मेरे प्रति भी प्रकट होते रहों।

आलोचकों को मूर्तिमती भावनाएँ व्यक्ति की योग्यता में मिल कर उजले उत्कृष्ट वन्दनीय बना देती है, व्यक्तिओं के इतिवृत्त पाठ्यक्रम में भी स्थान लेते हैं, विद्यालयों में उनके अभ्यास द्वारा बोध पाठवाले छात्रगण स्वयं उन स्वरूप में प्रकट हो आते हैं, तब उन अभिनन्दनों की सफलता पर्याप्त होती है, शास्त्रकार जनता के प्रति अपनी समज्ञप्ति के प्रवाह बहाते हैं, जनता उन्हें अभ्यस्त कर लेती हैं, अपनी नयी ज्ञप्तियों को उनसे मिलामिलाकर प्रकाश में लाती है, तब जनता से अभिनन्दन प्रकट होते हैं, वे लिटरेचर फिलोसोफर लेक्चरर राईटर टीचर थोटर डोक्टर आदि को विषय करके उनके कीर्तिध्वज बन जाते हैं, गहराई को व्योम-वितान बनाते हैं गम्भीरता में से सरलता ऊपजाते हैं मार्मिकता को हार्दिक व अपरोक्ष बना देते हैं, अभिनन्दन लेने-देने वाले में जा-जाके वास करके कई प्रकार की वेदनाओं को मिटाते हैं, शान्तियाँ स्थापते हैं, प्यासे को जल की तरह तृप्तिलहरीयाँ व आनन्दलहरीयाँ को देते हैं, वैसे अपने परस्पर अभिनन्दन सफल हों।

देश में अच्छे अच्छे दिगन्त विख्यात कवि लोग हो गये, कई कवियों ने राजा-प्रजा के गुण गाये, दुर्लभ कविवरों ने परमेश्वर तीर्थ सन्त सतीयों के गुण गाये, उन्हें जो जो अभिनन्दन मिले हैं वे सारे देश की प्रजा के उत्कृष्ट गुण सामर्थ्य ऐश्वर्यों के हैं, तार्किकों के स्थान की तरह कविवरों के स्थान विशाल हैं, जिनकी प्रतिभाएँ समग्र सृष्टि में व्याप्त होके असृष्टि में पहूँचती हैं, इससे वे बड़े चतुर्गुणित ऋषि-महर्षियों की प्रतिमाएँ बनते हैं, बुद्धि प्रतिभा परमेश्वर की ज्ञानशक्ति से बढ़ती ही जाती है, नये नये

कल्पतरु बढ़ते जाते हैं, इनकी शाखाएँ सुफोरमभरी सुरसदार फलभरी दिगन्तों में पहूँचती हैं, देवगणों के अवकाश में जाके छूती हैं, उनके लिये अभिनन्दन जो जिस प्रकार का होता हो वह आपके अभिनन्दनों के प्रति मेरा भी अभिनन्दन है, जो बृहस्पति व जगत्पति के चरणों में समर्पित हो।

गौरव स्वरूप में प्रशंसा भी अभिनन्दन का रूप है, बड़े बड़े कृपालु विद्वानों के अभिनन्दन एक छोटेसे सौराष्ट्र देश में वास करनेवाले मेरे सम व्यक्ति के लिये हो रहे हैं, भारतीय विद्याओं के उपासक चिन्तक प्रचारक नवीन स्वरूपप्रद विद्वान् व्यक्ति में प्रीति से स्वीय भारतीय विद्याओं की जीवनी में समर्पित हुए निज शिष्य प्रणाली में उछरे हुए मुझमें जो जो अभिनन्दन प्रार्पित किये हैं वे सभी माता सरस्वती के लिये अभिनन्दन हैं, मेरा भी प्रेम इस प्रणाली में है, नहीं कि कीर्ति में, या ख्याति में, ये सब तो माताजी के प्रताप से ओतप्रोत हो रहते हैं, अतः निःस्वार्थ विद्वानों के अभिनन्दनों में मेरा अभिनन्दन भी निःस्वार्थ रूप में समर्पित हो।

मानव मानवों द्वारा शाबासी की झंखना करता है, अन्य से नहीं, परीक्षक मानवों से ही शाबासी मिलती है, निरपेक्ष व अपरीक्षितों से नहीं मिलती, न तो आशाविषय भी होती, कोई भी कृति जिनके लिये है उनसे अपनायी जाय तभी वह अभिनन्दित हो चूकती है, विभिन्न विषयक परीक्षक यदि उन सर्वतोमुखी विद्वज्जनों को धन्यवादों से अभिनन्दित न करें तो हताश हो जाते हैं, निष्फलता को सोचते हुए अवतार बिताते हैं, वैसा शोकित अवतार न जाय, उत्साहित अवतार बीते, इनका कारण सुप्रतिष्ठित परीक्षकों का अभिनन्दन है, आपके उस प्रकार के अभिनन्दनों से मेरा उत्साहित स्वरूप चलता रहेगा, जन्मभर के अभ्यासों के परिश्रम तथा ग्रन्थलेखन के परिश्रम तथा तत्त्वचिन्तन के परिश्रम तथा अपरिग्रह के पराभव आदि आदि इस अन्तिम अवस्था में विलीन हो गये, इसके लिए भी आपके जीवन प्रदान के प्रति मेरे अनेकाऽनेक अभिनन्दन हैं, जो भविष्य के सुकृतियों के प्रति भी प्रकट होते रहें। नीपजते गुणियल को आगे बढ़ने के लिये अभिनन्दन बड़ा आधार है, तथा आपूरक है, आरब्ध कृतियों के पार सीमा में पहुँचाता है, इसमें सर्वविध साफल्य प्राप्त होता है, एक तरफ से अनुत्साह मिलने पर दूसरी तरफ से प्रोत्साहन प्राप्त होने से पाण्डित्य शान्ति में ठण्डक देता है, अभिनन्दन शीतलता के रूप में मित्र बनकर प्रवासी के प्रवास में सफलता देता है, सफलता देनेवाले शीतल अभिनन्दन आपके हैं वे मेरे अभिनन्दन को भी शीतल स्वरूप में परिणत करें, विरह घबड़ाहट को मिटावे, सुक्षमता देवे।

मनुष्यों के हृदय वाणी में, वाणी के भावार्थ ग्रन्थ में प्रकट होते हैं, ये भाव ईश्वरप्रदत्त होने से सभी में विराजमान परमेश्वर उन भावों के प्रति सौहार्द बताते हैं, वह सौहार्द ज्ञातृजनों के द्वारा प्रकाशित होता है, वैसा सौहार्द अभिनन्दन रूप में सुमूर्त मिलता है, अतः परमेश्वर व विद्वज्जनों का प्रत्यक्षदर्शन अभिनन्दनों में होता है, यह लाभ मुझे मिला है, दूर दूर के गुरुजन आज अभिनन्दन रूप में अभिनन्दनग्रन्थ में दर्शन दे रहे हैं, जिस दर्शन से मेरे विविध कल्याण उपस्थित हो रहे हैं, व्यास भगवान् अरण्य में राजा युधिष्ठिर से मिले, तब युधिष्ठिर के सभी परिश्रेयः के प्रस्रवण बहने लगे, "तवाऽऽत्मयोनेरिह किं न धत्ते" आप प्रभु पधारने से मेरे में क्या क्या नहीं बस पाया, सभी कुछ मिल गया, आपके अभिनन्दनों से मुझे सभी कुछ मिल गया, आज मैं पूजनीयों के आशीर्वादों से धन्य पात्रत्व मानता हूँ।

अभिनन्दन मनोरञ्जन में फैलता है, लौकिक प्रसन्नता के लिये उदासीनता को दूर करने के लिए कई प्रकार की गीतियाँ अभिनन्दन रूप में गायी जाती हैं, उन्हें सुनकर श्रोतृवर्ग अपनी दुःख नदियाँ सुखाकर सुखसागर में न्हाता है आनन्द मानता है, पुत्रोत्सव, विवाहोत्सव, पट्टाभिषेक इत्यादि में ये गीतिकाएँ आनन्दों के आनन्द देती हैं, ये भी लोककृत अभिनन्दन हैं, समग्र दुनिया इन गीतिका द्वारा

सुखीपना मानती है, वहाँ पण्डिताई काम नहीं आती, अवसरज्ञताई काम देती है, शरत्पूर्णिमा, होलिका, सावन आदि में सामूहिक सरसाई काम देती है, यौवनोद्भेद में व्यंजकताई काम देती है, सखीयन में ठट्ठाई काम देती है, वहाँ वहाँ भी उन्हीं रीतियों के अभिनन्दन रचे जाते हैं, जो सुखदायी हों, वैसे अभिनन्दन भी भगवत्प्रसन्नतार्थ सुखदायी हों।

जो कोई काम भगवदर्पणात्मक व देश-प्रजा के हितार्थक होता हो वह आशीर्वाद का पात्र है, वर्ण के तथा आश्रम के धर्मवाले जन आशीर्वाद पात्र हैं, चौथा आश्रम त्यागाश्रम ब्रह्मशीलाश्रम सदा के लिये आशीर्वाद पात्र है, अपरिग्रही सन्त जरूर आशीर्वाद-पात्र है, मुझे भी वैसा आशीर्वाद-पात्र समझ के ही अभिनन्दन देना, मैं समझता हूँ—मेरा साधुधर्म है, शान्ति का आश्रम है, क्षमा में रहना ही सहन करना ही धर्मव्रत है, आपत्तियाँ आने पर भी कहीं राज्य न्यायालय का दर्वाजा नहीं खटखटाया, ईश्वरेच्छा से जो बदल आये उन्हें नमता दिया शान्ति का ही आश्रम लिया, उपद्रवों का पान किया, अन्यत्र जीवन का स्थिर सुख में जीवनी चलाई, अभी भी वही स्थिति है, मानव में देवबुद्धि रखने से विनीतता स्वयं रहती है, इस प्रकार के उत्तम सन्न्यास के लिये आपके अभिनन्दन मुझे फलीभूत हो, मेरा भी वैसा ही सुखद अभिनन्दन सभी के प्रति हो, यही मंगलमय प्रशस्त अभिनन्दन प्राप्त किया है व कर रहा हूँ तथा ही करता रहूँगा, जहाँ सुरक्षा सुशासन सदुपदेश अचौर्य आदि सद्गुणवाली प्रजा बसेगी वह नगर देश भी अभिनन्दन के पात्र हैं, जहाँ शान्ति वहाँ अभिनन्दन, बराबर होता ही रहता है।

गुरुकुलों की तरह जिस भूमि में विद्यादानार्थ बालकों के सुरक्षण किये जायँ, वैसी भूमि भ अभिनन्दन पात्र है, जहाँ चतुर्दश विद्याओं का, चार उपाय, चार पुरुषार्थ, शमदमादि साधन तथा धर्मभक्ति शील आदि व्रतों का पावन पालन वातावरण छाया रहता हो वह भूमि सदा के लिये पूजनीय सत्करणीय अभिनन्दनीय आशीर्वादनीय दानार्पणाऽर्हणीय तथा संभालनीय है, वैसे आदर्शवाले प्रजाजन जरूर अनुकरणीय व अभिनन्दनीय हैं, जो ग्राम नगर देश से सम्बन्ध रखकर देश की व निज की उन्नति परायण हैं वे ग्राम नगर व देश परस्पर स्वकर्तव्यपालनपरक होते ही हैं, वे निवास के फल सुखद अति-सुखप्रद पाते हैं, सुस्मृद्ध अवस्थाएँ भोगते हैं, परोपकारादिद्वारा जनता अपने धर्म को अदा करती हैं। महाविद्यालय, जलाशय, वृक्षारोपण सुगममार्गरचना धर्मार्थभवन जलप्रथाविधान अनाथालय अपंगालय फलिबगीचानिर्माण देवेश्वरमहोत्सव सत्संग आयोजन भजन कीर्तन व्रत आदि आदि सत्कार्य सभी अभिनन्दनों से भरे रहते हैं, उन्ही प्रजा को अभिनन्दन मिलता है, परमात्मा का भी वही सन्देश है—मेरे धर्मों को साहाय्यप्रद हो, वे मेरे अभिनन्दन-पात्र हैं, देश में दानी महादानी बढ़ों, वेदशास्त्रज्ञ पण्डित नीपजो, उन्नतिशील प्रजा हो, श्राद्ध होता रहो, तीर्थ हो, प्रचुर धान्य हो, धनोपार्जन खूब खूब होता रहो, अतिथि आते रहो, आशीर्वाद मिलते रहो, तृप्ति रहो, सभी अंगन में पूर्णाशा बरता करो, हमारी सादाई लुप्त न हो, लोक राजी राजी रहो, सुख प्रेरते रहो, सुशब्द सुनाते रहो, ईश्वरीय दूतों द्वारा सदा रक्षा होती रहो—ये सभी अभिनन्दन हैं, इनके सुपात्र होने का अभिनन्दन आपसे चाहता हूँ।

इस युग में सभी के विकास हो रहे हैं, मौज-मजाओं के साथ-साथ हैरानगति, धनाढ्यता के साथ दरिद्रता, औदार्य के साथ मक्खीचूसता, विज्ञान के साथ अविद्या, सम्पत्ति के साथ तृष्णा, उन्नति के साथ अवनति, स्वर्गदर्शनों के साथ वेदना-अनुभव, भोगों के साथ रोग, श्वेताई के साथ ठगाई, आश्वाशन के साथ कापट्य, स्नेह के साथ छेतरपिण्डी, उपार्जनों के साथ कवलीकरणता, सिद्धियों के साथ पतितता, सत्ताओं के साथ अतृप्ति, मीठाश के साथ मलिनता, सुरक्षणों के साथ अकस्मात्, आस्तिकता के साथ

नास्तिकता, नियमित उल्लासों के साथ अमर्यादा, घी क्षेत्रों में अहन्ता, सार्वजनिक में ममता, शान्तिगृहों में कलह, शोभनस्थितियों में स्वतन्त्रता, तत्त्वनिर्णयों में अतत्त्ववाद, और अविनीतों का साम्राज्य भी विकसित होते जा रहे हैं, अभिनन्दनों के साथ दुरभिनन्दन भी हाजरी देता है, मैं प्रभु से प्रार्थना करता हूँ अभिनन्दनवर्षी सात्त्विक विद्वानों के अभिनन्दनों के विकास में विपरीत दुरभिनन्दनों का बल मत हो, देश सुखी हो, सनेत्र हो, बलिष्ठ हो।

प्राचीन-समय में विद्वानों द्वारा समुद्रगुप्त को भी बड़ा भारी अभिनन्दन मिला था, राजा समुद्रगुप्त कविराज कहलाता था, वैसे विक्रमादित्य तथा विद्वान् भोजराजा को भी संस्कृत धर्मराज्य प्रजाहित पाण्डित्य आदि आदि के अभिनन्दन मिले थे, कवि कालीदास कवि भारवी कवि श्रीहर्ष कविमाघ आदि आदि बड़े अभिनन्दन-पात्र हो गये, जिनके अभिनन्दन प्रत्येक मानव में जीवित हैं, विद्वान् रघुनाथशिरोमणि, विद्वान् मथुरानाथ, विद्वान् गदाधर, विद्वान् जगदीश, विद्वान् मधुसूदन सरस्वती, विद्वान् कुमारिलभट्ट, विद्वान् वाचस्पति मिश्र, विद्वान् नाथयामुन, ये बड़े बड़े विद्वान् समग्र दुनिया में अभिनन्दन-पात्र विद्यमान से हैं, विद्वान् बच्चाझा, विद्वान् बालकृष्णमिश्र, विद्वान् वामाचरणभट्टाचार्य, विद्वान् पण्डितराज राजेश्वरशास्त्री विद्वान् वीरराघवाचार्य आदि आदि अनतिदीर्घकालीन तथा विद्यमान भी बड़े बड़े वाग्देवताधिष्ठित विद्वत्समुदाय, श्रीशिवकुमार शास्त्रीजी के स्मरण कराने वाले विद्वानों के अभिनन्दन चौदह भुवनों में बढ़कर विजय पाते हैं, जो कहीं भी किसी के समीप में अभिनन्दन नहीं हो सकते, वैसे विद्वद्गुणों के अभिनन्दनों से आज कुंकुमवापी नगरी सचमुच चिरंजीवी अभिनन्दित हो गई है।

जो कोई आत्मा में अभिनन्दन के पात्र होते हैं वे उनकी शक्तियाँ द्वारा अच्छे कार्य करने पर ही अभिनन्दन के पात्र होते हैं, कविजन काव्यशक्तियों से विद्वज्जन विद्याशक्तियों से, देव देवताईशक्तियों से, जनसमुदाय विकास शक्तियों से, परम पुरुष ब्राह्मी शक्तियों से अवतारी पुरुष स्वदिव्यकार्यशक्तियों से सुप्रशस्त व अभिनन्दनीय होते हैं, समग्र सृष्टि की कारण भगवान ने ग्रहण की हुई शक्तियाँ, उपादान कारणभाव को भजती हैं, प्रभु इनके द्वारा सर्वत्र अभिनन्दनीय स्वयं ही है, चेतन तत्त्व चेतना बिना अपूर्ण सा रहता है, चेतना चेतनाविना अनाश्रिता अनस्तिता में चली जाती है, अतः जगत् के माता-पिता के स्वरूप नारायणी नारायण आदि सभी प्रकृति पुरुष रूप में समष्टिव्यष्टियाँ भगवल्लीलाविभूतियाँ दृश्य हो रही हैं, प्रभु प्रकृति को अभिनन्दन देते हैं, भगवान् अपने कार्य को अभिनन्दन दते ही रहते हैं, कार्य जडचेतनात्मक समस्त द्रष्टवर्ग निज संचालक को अभिनन्दन देते ही रहते हैं, विद्वान् लोग इसी प्रकार इस कुंकुमवापी नगरी को अभिनन्दन दे रहे हैं, यह सत्य है कि आप परमेश्वर व परमेश्वरी को अभिनन्दन दे रहे हैं, मेरा भी अभिनन्दन आपके अभिनन्दनों में मिलकर जनता-जनार्दन रूप परमात्मा में समर्पित होता हुआ अनेक लाभ देनेवाला हो, राधालक्ष्मीजी की तरह विद्यादि शक्तियाँ प्रभु ने ही ऊपजायी हैं, वे प्रभु के ही कार्य करती हैं, वे शक्तियाँ तथा सन्तस्वरूप ये भगवान में तदात्मक हैं, अतः सन्त के साथ भगवान् तथा भगवतीयाँ के भक्तिमय सभी अभिनन्दन आप सबकी चढ़ती कला रक्खें।

जो कुच्छ आनन्द है परमात्मा का है, जल के मिष्टरस अनेक स्वरूप में पार्थिव औषधियों में मिलते हैं, परमात्मा एक आनन्द रस स्वरूप है, ब्रह्म सभी में विभिन्न रूपों में मिलते हैं, कुण्डलिनी जाग्रत् करके योगिजन उन्हें प्राप्त करते हैं, उपासक भक्ति द्वारा स्नेह द्वारा प्राप्त कर लेते हैं, कृपा द्वारा स्वयं प्राप्त होते हैं, हृदयाकाश में आनन्दाऽभिनन्दन स्वरूप में भगवान ही दिये लिये जाते हैं, अद्वैत या द्वैत प्रक्रिया से वे ही अन्तर्नियामक प्रभु ईश्वर ब्रह्म पुरुष रूप में अभिनन्दनपात्र हैं, 'अहं ब्रह्माऽस्मि' भी

आत्मतत्त्व के अभिनन्दनरूप में है, 'स्वेन रूपेण अभिनिष्पद्यते' यह भी प्रभु के साथ निज सुमूर्त रूप का अभिनन्दन व्यक्त करते हैं, अवास्तविक अर्थात् व्यावहारिक व प्रातिभासिक के अभिनन्दन भी वास्तविक सत्परमात्मा के प्रति समर्पित होते हैं, क्योंकि अभिनन्दन के विषय सभी प्रशंसनीय परमात्मा की ही शक्तियाँ हैं, उनकी ही चीजे हैं, उपनिषदों के सभी तत्त्वों की सत्यता में तात्पर्य निकलता है, सत्यता बहुधा तो विचारशीलों की ज्ञानधारा से विभिन्न हुई हैं, एतावता सत्यता शाश्वती नहीं मिटती, सब कोई—मुक्ति, नित्यसुख, दुःखात्यन्ताभाव, स्थिर आनन्द स्थिति, स्वरूप को स्वीकारते हैं, तब यहां जो था वह शाश्वत सत्य ही आखिर में रहा, अतः सत्यत्वानुपूर्वी कभी विपरीतानुपूर्वी नहीं होगी, सत्यानुपूर्वी भी यदि आविर्भावधर्मिणी हो तो तिरोभावधर्मिणी भी होती है, तिरोभावावस्था में उनकी सत्य सूक्ष्मता की हाजरी दिखलाने के लिये भी अभिनन्दन बड़े चमत्कारी स्तर हैं, जिनसे तिरोहित वस्तु भी चेतनों के पास अतिरोहितसी दिखने लगती है, परमात्मा स्वयं यदि अभिनन्दन के अधिष्ठान हो तो ज्ञाता ज्ञेय ज्ञान का ऐक्य ही अभिनन्दन का ही ऐक्य करता है, वह अभिनन्दन जगत् के लिये व्यापक होकर कभी न कभी समग्र सृष्टि के लिये उपयोगी होता है, कोई न कोई व्यापक आविष्कार ऊपजा के जगत् के लिये बड़ा लाभप्रद होता है।

आत्मा के आगन्तुक ज्ञान लीन हो जाते हैं, अनुभव संस्कार स्मृतियाँ इनकी धाराएँ भी लीन हो जाती हैं, किन्तु चित्-चैतन्य जो नित्यज्ञानात्मा आत्मस्वरूप स्वयं प्रकाश है वह कभी लीन नहीं होता, विद्वानों के प्रकट स्वरूप अभिनन्दन ज्ञान स्वप्रकाशज्ञान में मिल जाने से वे शाश्वताभिनन्दन हो जाते हैं, ऋषि महर्षि योगी अवतारी पुरुष, उनके उपयोग से फिर सत्ययुगादि के धर्म स्थापते हैं, इसी की पुष्टि में कहा है—'धाता यथापूर्वमकल्पयत्' इसी प्रकार के अभिनन्दन शाश्वत हो जाते हैं, जिनकी दृष्टि में साधन व साध्य भगवान ही है उनके दिये अभिनन्दन भी भगवान के लिये हैं, साध्य के अभिनन्दन साधन-सापेक्ष है, साधन के अभिनन्दन साध्य के लिये तैयार है, अपने सभी अभिनन्दन साधन-साध्यात्मक हों।

मानवीय परिच्छिन्न आत्माओं की तरफ से दिये जाने वाले अभिनन्दन परिच्छिन्न हो सकते हैं, ज्ञान की परिच्छिन्नता से वैसा है, परं परमात्माऽन्वित जीवसाक्षिस्वरूप चैतन्य में प्रकट हुए अभिनन्दन सर्वज्ञकर्तृक होने से सार्वज्ञ्य के स्तर को अपनानेवाले होते हैं, वे वास्तविक भाव को भजनेवाले हैं, त्रुटियों से रहित होते हैं, वैसे आप के अभिनन्दन मेरे प्रति हों।

जो परमात्मा के निवास से सदा प्राप्य है, प्राप्ति के विषय नहीं होने पड़ते, वैसे आप के आप के अभिनन्दन मेरे में प्रकाशित ही हों। अज्ञात या ज्ञात के स्वरूप में यदि हों तो वे भी स्वरूप ज्ञानमात्र में प्रकाश को विशेष झलकाने वाले हों।

अनेक सन्त विद्वानों ने, समाधिस्थितिवाले योगी, नैष्ठिकमहायति, ऐश्वर्यशीलचमत्कारी, वचनसिद्धसिद्धिशाली, संकल्पसिद्धनिधिशाली दैवतसिद्धस्वर्गनिवासी ज्ञानविज्ञानसिद्धबृहत्त्वशाली वैराग्य-शीलनिर्मोही आत्मनिष्ठब्रह्मशाली सर्वसद्गुणशाली भी विशिष्ट महामहिमशाली कहकर उन अर्थों में अभिनन्दन दिये हैं, मुझे दिखता है कि ईन सब से न्यून हूँ, परं आप के आशीर्वादों से उन पथ पर चलते चलते वैसे अभिनन्दनों की स्वरूपयोग्यता बढ़ती हुई वास्तविकता में जरूर पहुँचायगी, अत एव मुझे भी एक बड़ा आनन्द मिल रहा है जो मेरे निःश्रेयस के लिये सहायक अभिनन्दनों द्वारा अखण्ड आ रहा है। ज्ञानयोग कर्मयोग भक्तियोगों के आनन्द भी मिलते रहेंगे, महापुरुषों का यह उत्तम गुण है जो स्वयं सर्वथा पूर्ण होने पर भी परमपुरुष से किसी प्रकार की अपूर्ति को हठा के पूर्णता को इच्छे, आप के अभिनन्दन मेरे उक्त लाभ के लिये हों।

इन्द्र के आशीर्वाद से कामदेव शंकर के प्रति विजय लेने गया, परन्तु आशीर्वाद कहनेवाला स्वार्थी था, और पराभूत करने के लक्ष्य पात्र शंकर भगवान् ब्रह्म स्थितिक निःस्वार्थी थे, इस प्रकार की विषमता उपस्थित थी, योगीश्वर की सिद्धि हठनेवाली नहीं थी, कामबाण का प्रयोग करने पर नेत्र खुलते ही ब्रह्मस्वरूप में जो नहीं ही है वह चोट लगाने आया, उसी अपराध से बड़ों का तेज सहन नहीं करनेवाला अल्पमात्र कामदेव भस्म हो गया, फिर तो कृपालु भगवान् ने, अपराधिओं के अपराध न गीनकर रचना के अंगरूप ओतप्रोत आकर्षणशक्ति को सजीवन करना ही अनुगुण मानकर दण्ड के बाद फिर सर्जन भी कर दिया, प्रभु के अभिनन्दन से आज समग्रसृष्टि में वही कामदेव व्यापक हो के सत्कार पाता है, वामन भगवान की कृपा से इन्द्र भी देवराज्य भोगता है, पात्र में की गई कृपा आशिष आदि अभिनन्दन स्वरूप में सुखद होते हैं, अल्प पात्र में असुखद भी हो जाते हैं, आप गुरुजन मेरी अल्प पात्रता को दूर कर आशीर्वादात्मक अभिनन्दन देवें जिससे सभी सुखप्रद ही रहें।

आदरसत्कार भगवान् के गुण हैं योगीजनों के पास मधुरवाणी आदरसत्कार हार्दिक स्नेह सदा बसते हैं, गुरुजनों के अभिनन्दन अल्पपात्र के प्रति भी श्रेयः कीर्ति गौरव श्रेष्ठपात्रता इत्यादि देनेवाले होते हैं, आप के अभिनन्दन मेरे लिये सदा उसी विधि से फलरूप हों। अभिनन्दनों से पात्र की पात्रता अभिनन्दक जनों की स्थिति के समान स्थिति देनेबाली होती है, मुझे भी उसी प्रकार फलीभूत हो, दुर्गुण दूर हो, सद्गुणनिवास हो, दिव्यपाण्डित्य हो, सात्त्विक स्थिति हो, निर्लिप्तयोगिता हो, अपुनर्जन्म हो, भक्ति में गरकावपना हो, इत्यादि माँगता हूँ।

आत्मा की विभूति रूप अभिनन्दन सदा आनन्द में स्थिर रखते रहो, मेरी अवस्था भी चतुर्थ भाग को भजती है, अतः जरूर निःश्रेयस के लिये अभिनन्दन फलीभूत होयँगे, अब निरोध-तपस्या का अवसर है, आप के आशीर्वाद निरोध में मुझे बरतावने लगे—यह प्रार्थनीय है। किसी फल के अनुसन्धान से पूरेपूरा किया हुआ प्रयत्न कभी अप्रतर्क्य सत्फल भी देता है, सात्त्विक-अध्ययन आज अप्रतर्क्य सत्फल दे रहा है, यही मेरी अपुनरावर्तन-नामक यात्रा में साहाय्यप्रद है, इससे मुझे आत्यन्तिक विरति की पूर्वावस्था भी मिल रही है। संसार की थकावटें छूट गई, अपवर्ग की ताजगी आने लगी है, भगवान् विष्णु की सखी दासी लक्ष्मीजी तथा कौस्तुभमणि के समान सुख शान्ति व उज्ज्वलता देनेवाले अभिनन्दन अनेक कौस्तुभ मणि बनकर आत्मा में उजाला दे रहे हैं, पारिजात के समान सुगन्ध देनेवाले हो रहे हैं, विजय देनेवाले हो रहे हैं, सभी अभिनन्दन मधुर सृष्टि के अमृतफल हैं, अनेक पण्डितों को ऊपजानेवाले बीजों से भरे फल हैं, अभिनन्दनों का उपदेश है—दोषत्याग गुणग्रहण संसार के उपकार आत्मा के निःश्रेयस, तथा इनके साधनों में यत्नशीलता, इन अभिनन्दनों के प्रकाश में निकलनेवाली भाग्यशाली लोग जरूर ऊन सद्गुणों के लिये यत्न करेंगे, जिससे महापुरुषों के अभिनन्दन सृष्टि को अच्छे अच्छे फल देनेवाले सार्थक हों, मेरे लिये तो सतत सार्थक हों।

अभिनन्दनों में—उत्कृष्ट व्यक्तिविचार, सुकृतवर्णन, चारुचरित्रचित्रण, आकांक्षणीय जीवनोपकथन, रुचिकर कारण कार्यों के सुमूर्तवर्णन, अच्छे नये आविष्कार, ग्राह्य रस लाभ, आदिक ग्रथित होते हैं, जिनकी जितनी विद्वत्ताभरी शेमुषी प्रतिभा उतनी ही उस व्यक्ति में स्तरों की रचनाएँ स्वरूप लेती हैं, समीक्षक जनों के मस्तिष्क में भी उन्हीं के विशेष स्तर होते जाते हैं, वे आश्रित जनों के ग्राह्य स्तर बन जाते हैं, गम्भीर भावभरे अभिनन्दन सिद्धप्रतिभावाले योगिजनों को तुरन्त संस्कार में पैठकर उत्तम रचना करते हैं, नये आविष्कार नयी भावी प्रजा के लिये अतीव उपकारकारक होते हैं, वैसे अभिनन्दन इस अवसर में जरूर मिलते रहो तथा उक्तरूप में फलीभूत होते रहों।

सभी शास्त्र प्रायः एक लेखक से मर्तसुरूपता को प्राप्त होते हैं, एक हृदय से प्रकट भी होते हैं, नाट्यशास्त्र प्रायशः बहुत ज्यादे हृदयों को मिलाकर संगठित पिण्डित हृदय से सुमूर्त को प्राप्त होता है, अभिनन्दन शास्त्र तो अनेक स्वतन्त्र हृदयों से प्रकट हुए अंगों की विभिन्न मननधाराओं का एकत्रित महाह्रद या सागर के समान सुमूर्त रूप को धारण करता है, एकत्रित बड़े पात्र में विश्रान्ति लेता है, और समग्र दुनिया के हृदयों के उत्साहों को बढ़ा देता है अभिनन्दनीय की कक्षा को चाहनेवाली असंख्य श्रोतृ जनता को उसी कक्षा में पहुँचाने वाला होता है, अभिनन्दनों में कल्पित-कल्पना को स्थान नहीं मिलता, वार्तमानिक प्रात्यक्षिक प्रसिद्ध व्यक्तित्व का, गुणभण्डारों का, निष्पन्न सुकार्यों का तथा भावी आशास्पद उज्ज्वलताओं का प्राधान्य रहता है, अभिनन्दनों के बाहुल्य कुछ विशिष्ट निवेदनों में व्याप्त होता है, अभिनन्दन शब्दस्वरूप में व्यक्तित्व का प्रतिनिधि है, व्यक्ति ही स्वयं अनेक स्वरूपों में व्यस्त होता है, वह अभिनन्दनों से समस्तस्वरूप में उपलब्ध होता है, व्यस्त विद्वानों का ऐकमत्य ही सामस्तिक स्वरूपोद्भावक होता है, सुसद्गुणी बड़े बड़े किम्मती परिष्कृत महापुरुष कहीं कोणे में पड़े हों उन्हें अभिनन्दन देशों में विख्यात बनाते हैं, इससे देश भी अधिक गौरवास्पद होता है, अभिनन्दन एक मूर्तिमान् कीर्तिमणि है, उसे पहननेवाला समग्र पृथिवी में सुकीर्ति से प्रख्यात होता है, इस प्रकार का अभ्युदयस्वरूप अभिनन्दन अपरिमितता में स्थान लेता है, प्राचीन समय से होते आये विकासों के परम विकास वर्तमान में अनवधि विकास दीखता है वैसे ही प्राचीन रीति से चले आये अभिनन्दन जगत् के ग्रन्थों में विस्तृत पड़े हैं, वे सभी वर्तमान समय के असीम विकसित अभिनन्दनों में अनवधि विकासानन्द के स्थान लिए दीखते हैं, भविष्य में भी "विकासानां प्रवाहेभ्यो विकासा अभिनन्दने। ईयन्तां भाविनैजानां प्रजानामभिनन्दने"। प्रगतिशील युग में त्रिलोकि-गतिक-मानव उपलब्ध हो रहे हैं, उनके लिये त्रिलोकगतिक अभिनन्दन जरूर निजस्वरूपों की कल्पित कर रहे हैं।

श्रव्य चरित्रों की अपेक्षा दृश्य चरित्र चमत्कार उत्कृष्ट है, अधिक प्रामाणिक यथार्थ-स्वरूपापन्न-स्थितितक होते हैं, इन पर प्रशस्तियाँ सर्वानुरंजक होती है, जीवित चमत्कारिक व्यक्ति के लिये प्रत्यक्षाऽभिनन्दन सच्चा अभिनन्दन है, प्रत्यक्षानुभव, व्यक्तिसहवासानुभव, व्यक्तिकृतकार्याऽनुभव, व्यक्तिरचितशास्त्रानुभव, व्यक्ति का यशोवितान विस्तार, व्यक्ति की सुवास, जगत् जनता में प्रसिद्धि, दुनिया में प्रसृत प्रख्याति, ये सब पूर्ण अभिनन्दन हैं। उक्त प्रकार के सत्य अभिनन्दन के लिये सुपात्र भूमि कुंकुमवापी हो रही है, जिसका बालक विद्वान् सन्त अभिनन्दनों द्वारा बधाये जा रहा है।

ये अभिनन्दन भागवत-धर्मान्वित वैदिकशारदाऽभिनन्दन हैं, धर्म-ज्ञान-मूर्ति के अभिनन्दन धर्मज्ञान के अभिनन्दन भी है, इन दोनों के निवास से ही व्यक्ति अभिनन्दन-पात्र होती है, साथ में शीलव्रत विशेष भक्ति वैष्णवता आदिक समस्त जगत् के लिये अभिनन्दनीय हैं, उनके उपासक सन्त विद्वान् जरूर जगत् द्वारा अभिनन्दनीयता के यथार्थ पात्र हैं, ऐसा यह स्वरूपाभिनन्दन धर्मज्ञान शील भक्ति के अभिनन्दनों में मिल कर जगद्विजयी हों।

निरवधि स्नेह का अन्त हो जीवनान्त में परिणत होता है, विद्याप्रेमी आत्मा का स्नेह का अन्त भी विद्या के ही जीवनान्त में हो जाता है, विद्या ही जीवनवाले महापुरुष जगत में धर्मस्तम्भ हैं, उन पुरुषों के आशीर्वादात्मक अभिनन्दन भी विद्याप्रेमी के जीवन को पुनर्जीवन बनाये रखते हैं, ऐसा न होने पर भी जगत की शृंखलाएँ टूट जायँ, अस्त व्यस्त हो जायँ, जगत् निर्विद्य हो जायँ, परमेश्वर के आदेश अलभ्य हो जायँ, निःश्रेयस के मार्ग विच्छिन्न होने से देव मानवादि परम्परा भी पाशवी-परम्परा में गीनती लेनेवाली हो जाय, इससे पुरुषार्थ-विरोधी सभी अनर्थ उत्कृष्ट बनने से सृष्टिरचना का अभिप्रेत

मुद्रा बिलकुल न रहे, सृष्टिरचना निष्फलसी हो जाय, तत्साफल्यार्थ ही धार्मिक उत्तेजना रूप में आशीर्वाद व अभिनन्दन दिये जाते हैं, जिनसे प्रभु के तात्पर्यार्थ अक्षत निभे जाते हैं, आप के अभिनन्दनों में मेरा इस तात्पर्य का अभिनन्दन मिलित हो।

अभिनन्दन विद्वानों का एक कवन है, वह रसभरा होता है, बाँचनेवाले को आनन्द ऊपजाते हैं, आनन्द ब्रह्म का रूप है, ब्रह्म से सम्बन्धवाला गुणगरिम यह अभिनन्दन सभी के लिये अभिनन्दन है, विद्वान् लोग अतिप्रसन्न होते हैं कि सौराष्ट्र में एक उच्चकोटि के पण्डित की जन्मभूमि कुंकुमवापी नगरी आज पण्डितों के धन्यवादों का पात्र बन रही है, पश्चिम काशी का स्मरण कराती है, जो काशी के विद्वान् जन्मसिद्ध प्रातिभविद्वान् वहाँ प्रकट हुए हैं, यह कुंकुमवापीनगरी का अभिनन्दन काशीनगरी का ही अभिनन्दन है, जो काशीनगरी के पण्डित को धारणकरनेवाली है, अतः सभी विद्याओं के स्थान बनेगी, इन अभिनन्दनों से वैदिक विद्याएँ भी अपनी अभ्यासमयी अवस्था की इस भूमि में राह देखा करती हैं, यहाँ विविध विद्वानों का नगरवेदविद्यानगर बसो, सभी विद्याएँ मानवों में व्याप्त हो के बसो, मानवों को विद्याओं के अतिथि बनाओ।

चन्द्र अमृत देता है, आतप पाचनशक्तियाँ देता है, मेघ आर्द्र पल्लवितज्ञा देता है, पति सन्तोष देता है, राजा आश्रय देता है, गृहिणी विरति देती है, विद्याएँ सभी कुछ देती हैं। अभिनन्दन कृतियाँ आनन्द को अभिव्यक्त करनेवाली सभी सफल ही हैं।

भारत भगवान का भक्त है, भारत की प्रजा भक्तिरूप ब्रह्मरसायन पीती रहती है, बालपन से ही पीते रहने से आगे की अवस्थाओं में पान का अभ्यस्त हो जाता है, नवीन आश्चर्य नहीं रहता, बड़ी-बड़ी संहिताएँ तो भारतीय व्यासों के आसानी भरे स्वभावसिद्ध सद्गुण हैं, महापण्डितजन आध्यात्मिक भौगोलिक खगोलिक ब्रह्म गोलिक आदि पर्यन्त वर्णनवाले निबन्ध लिखते ही रहते हैं, ज्ञान में भी वही ग्रथन होता रहता है, जिसमें परमेश्वर प्रातिभविषय दिखते ही रहते हैं, वैसे महाकाव्य महाइतिहास जिन धुरन्धरपण्डितों से प्रकट होते हैं उनके प्रति समग्र भारतीय परिष्कृत ज्ञाताओं को आनन्दी होना स्वाभाविक रसायन स्वरूप हो ही जाता है। महाभारत स्कन्दपुराण पद्मपुराण रामायण भागवत आदि के अन्तर में लीला चरित्र विज्ञान सुमूर्तरूप से प्रकटित गाये सुनाये जाते हैं, सामान्य प्रजा भी उस श्रवण से ब्रह्मोन्मत्तता में बरतने लगती है, कई संहिताएँ विद्यमान हैं, श्रीश्वेतायनीयसंहिता सवालक्ष से अधिक श्लोकों में चारों युगों के धर्मभरी अलौकिक आख्यानमयी कलाविज्ञान सर्जन देवर्षि मानवादि के इति-वृत्तों से शोभती हुई किसके हर्ष स्थानरूप न हो, सभी के हर्ष स्थान हुई है, इसके हजारन अभिनन्दन आये हैं, आते भी रहते हैं, जिन्होंने प्राप्त नहीं किया वे तो उस संहिता के लिये तलखते रहते हैं, कहाँ से मिले और कब अनुभूत हो, कई विद्वानों ने इसको अमूल्य प्राप्ति के लिये खोज किया, बिना मूल्य मिलती नहीं, मूल्य २५१ से अधिक है, संस्कृत के निर्धन व्यक्ति कहाँ से पावे, परन्तु सनातनधर्म के पाये मजबूत करानेवाली वह आज अनेक अभिनन्दनों से बधाई जारही है, उसमें मेरा अभिनन्दन भी मिलजुल के मुझे वैसा ही और कार्य के लिये उत्साह दे वैसे आप से आशीर्वाद माँगता हूँ।

अभिनन्दनों में शतायु सरस्वतीसेवा आदिक सफल होना माँगता हूँ, श्वेतायनीयसंहिता के आगे अन्य संहिताएँ बचकानीसी हो जाती हैं, अधिक से अधिक आकर्षक यह संहिता आदि व्यास श्वेतायन व्यास के आवेश से प्रकट की गई है, इसमें सभी व्यासों के प्राण हैं, इसमें अन्तिम कवि ने प्राचीन मध्यम नवीन सभी युगों की धर्मादि परिष्कृति निपजायी हैं, यह अपने समय में अधिकतम विराटता को जड़चेतन सृष्टि की विशालता को सेन्द्रिय व इन्द्रियातीत अनुभूतियों को प्राचीन निबन्धों से भी विशिष्ट गहराइयों

को, भक्तिस्तोत्रादि अनुष्ठानों को, पृथ्वी की सार्वभौमिक प्रजाओं के मूलों को, भगवत्सम्बन्धों को, सर्वांगीण वृत्तान्तों को, अपने में संग्रहती हुई सभी विद्वानों के अभिनन्दन-पात्र बनी है, यही लेखक का अभिनन्दन ही है।

महाकाव्य महाउपन्यासों से भरपूर यह विराट्ग्रथन बाह्यावरणों को काट कर आन्तरसृष्टि ब्रह्म में पहुँचता हुआ आश्रितों को ब्रह्मस्तरो में पहुँचाता है, इसमें छोटे से छोटे भी शरीरी भगवत्सम्बन्ध से निकृष्ट अर्पण से भी ब्रह्मात्मक हो जाने के वृत्तान्त पाये जाते हैं, प्राचीनतम प्रारम्भिक सर्जन से लेके आजतक के दिव्य अदिव्य सभी वृत्तान्त इसमें विद्वानवर्गद्वारा अभिनन्दनीय हो रहे हैं, एक अवतार में यह न लिखा जाय-ऐसे विद्वानों के तर्क ऊठते हैं, किन्तु वैसे और भी ग्रन्थ लिखने में व्यासों को क्या कठिन है, जिनकी लेखिनी अति अप्रतिहत ग्रथन-कवन करती जा रही है, छन्दोबद्ध नदीयां बहती रहती हैं, जिनके विज्ञानों में सृष्टिसागर उछलते हैं, उनको अनेक संहिताएँ संकल्पों में हाजिर रहती हैं, इनके अभिनन्दन से व्यास भगवान का अभिनन्दन हो जाता है, इसके द्वारा अभिनन्दक लोग परमपद के भागीदार हो जाते हैं।

जिन्होंने माँ बाप गुरुजनों की आज्ञा वहन की हो वे तो अभिनन्दन के पात्र हैं ही, पर देश के लिये जो तन मन धन कुरबानी कर देते हैं वे तो ईश्वर के तुल्य सम्मान पात्र हैं, आप लोक भारत की प्रजा द्वारा सम्मान-पात्र हैं, मैं तो आपकी छाया में सम्मान-मधुरता ले रहा हूँ, इससे अपना कल्याण मानता हूँ, अनेकानेक प्रतिद्वन्द्वी उपस्थित होने पर आपके आशीर्वादों ने उन्हें उडाये, मुझे सम्मान-पात्र बनाया, इससे अधिक क्या कौनसा लाभ है, जो परमपुरुषार्थ के लिये मिलना चाहिए, मिल गया, असहनी अक्षमी विषैली दृष्टिवाले गरली हृदयवाले भी आज पवित्र आशीर्वादों को पढ़-सुन कर अच्छी स्थिति में असामर्थ्याऽवलम्बन से बरतने लग गये, ये भी आपके आशीर्वादों का प्रभाव है।

मैं सबसे क्षमाप्रार्थी हूँ, परलोक में जिनसे मेल रहे वहाँ बास अच्छा होता है, यहाँ बेमेल के व्यक्तियों से भेद ही अनुत्कृष्ट आवरण बाधा करेगा, उसे साथ ले के परलोक में भी बाधा करेगा, अतः वैसा आवरण यहीं लुप्त हो जाय—यही प्रार्थना है। मुझे माँ ने कहा था—"बेटा सन्त-स्थिति में जाना व रहना हो तो खूब खूब पढ़ना" यह माताजी का आशीर्वचन फलीभूत हुआ है, माता-पिता के तुल्य विद्वद्गणों के वचन आज अधिक फलीभूत हो रहे हैं, रामायण में एक पद्य है—"सन्ति दुःसंस्थिताः कुब्जा वक्राः परमदारुणाः" कुबड़े टेढ़े कुटिल कटिभंगे लोग महाभयंकर होते हैं, वे अभिनन्दन को न तो अपनावेंगे न तो अच्छे मानेंगे, किन्तु अग्नि को प्रकट कर अन्तर में जलते रहेंगे, उनके वे दोष नष्ट होने के लिये भी अभिनन्दन हो, समान अधिक सद्गुण प्राप्ति के लिये भी स्पर्धा फलदायिनी हो यही प्रार्थनीय है व वांछनीय है। अक्षम पुरुष पर का बूरा ही चाहता है, वह चाहे मेरु पर भूमि को छूने लायक ऊँचा हुआ हो तब भी अभिनन्दन-पात्र कभी नहीं होता। जनता रावण कुंभकर्ण शिशुपाल का दुर्गुण ही गाती है, अच्छे पात्र के उत्तम अभिनन्दन के लिये गुरुजन सहित जनता अति उत्साह भरी सजावटों से आनन्दित होती है, स्वर्ग सदृशता होती है, गोलोक वैकुण्ठ के आनन्द भासते हैं, सभाएँ समाज बाजार मण्डलीयाँ अद्भुत स्वरूप में देवों की तरह उत्साहित शोभती हैं, इस प्रकार के अभिनन्दनों के प्रति मैं लाखों बार समर्पित हूँ।

दूर दूर के अभिनन्दन आके मेरे में ठहरते हैं, उन्हें मैं आदर सत्कार पूर्वक सेवने के लिये मेरे में बास देता हूँ, सदा मेरी रक्षा करने की प्रार्थना करता हूँ।

पृथ्वी वसुन्धरा है शूरधरा है विज्ञयोगिधरा है सन्तधरा है रत्नधरा है फिर भी अपववधरा भी है, अपववों के लिये भी वसुन्धरा रत्नधरा है, तो भी दैवी विनीत संयमी दयालु धर्मशील त्यागशील विद्याशीलों के प्रति अपक्व मण्डलीयाँ मण्डलीश्वर अनन्य अनुरक्त भावना से नहीं देख सकते, प्रतिघातों को निपजानेवाले होते हें, उन्हें अभिनन्दन तो बड़ा दावानल बन जाता है, उनके प्रति उनके ही वे दावानल अमृतरसायन हो,—यह गुरुजनों से प्रार्थनीय है, मेरे लिये तथा उनके लिये भी सुखप्रद हो, जगत् में कपटवस्त्र धारनेवाले की कमी नहीं है, षड्यन्त्रीयों की, विश्वासीयों के दील तोड़नेवाले की कमी नहीं है, ईर्ष्यालु दीलवाले तो परप्रतिष्ठा देख ही नहीं सकते, उनकी जिन्दगी ही वैसी कमाणी में अभ्यासी बनी रहती है, अदेखाई से परोन्नतिभंजक बनते हैं, मगर परमात्मा भंजक के गर्वगंजन हैं, गर्वी ही भंगता है, सन्तपुरुष सुरक्षित ही रहते हैं, भगवान् इस अभिनन्दन में उचित करते रहें, क्षुद्रजन समृद्ध पुरुषों की प्रशंसा नहीं सहता हुआ बाबरे की तरह बकवाद में आरूढ़ होता है, उन्हें वैसी स्थिति में न जाने देने की प्रभु से प्रार्थना करता हूँ, तारणहार परमपुरुषों को हलके विचारशीलों ने मार भी डाले हैं देशनिकाल भी किये हैं, कुचरित्री कह कर उड़ाये हैं, वैसे भारतभूमि के अपववबेर किसी महा गीदड़ के भक्ष्य न हो जाने की प्रभु से प्रार्थना करता हूँ, उनको यह अभिनन्दन पथ्य हो। उनके ब्रह्मरन्ध्र महाप्राणों की झड़प से उद्भ्रमित-चक्रावे न देने लगने की प्रभु से प्रार्थना करता हूँ। दुर्घटना के चक्रावे सुघटना में उनके लिये सुखप्रद बनें। उद्दण्ड कपटी क्रोधी ईर्ष्यालु अति अभिमानी घटाटोपी मानव क्या क्या नहीं करता, सब कुछ यमदूतों की तरह कर सकता है, उनकी आत्मा इन अभिनन्दनों से सुरदूतसी हो।

अभिनन्दनीय पुरुष कोई परमपुरुषसा मालूम पड़ता हो, तभी उनमें अभिनन्दन प्रेरित किये जाते हैं, जिन्होंने तैरकर दूसरों को तारने के लिये जीवन ईश्वरार्पण किया है, संसारीओं से ऊपजाये मान-अपमान पराभव सहन किये हैं, जीवन के विविध अनुभव लिखे हैं, श्रेयः में सदा सचेष्ट रहे हैं, त्याग में महान् भाव को भजते हैं, विद्या में जन्म खपा दिया है, शास्त्रों में प्रवृत्ति रही है, उन्होंने समग्र जीवन लोकार्थ व ईश्वरार्थ कर रक्खा है, अतः सभी गहरे अनुभवों में कष्ट पाये हैं, जिनका सभी जीवन बड़ी कठिनाईयों में बीतता है, उसमें भी जन्मजात बहुविध प्रतिभा समाज के हितार्थ प्रयुक्त है, जिनमें सम्प्रदायाचार्यत्व यथार्थ है, महर्षित्व भी यथार्थ है कवित्व भी यथार्थ है भाष्यकारत्व पाण्डित्य यथार्थ है, उनके लिये अभिनन्दनों की नदीयाँ सतत बहेंगी ही।

अगणित अपार साहित्य देवभाषा में गूँथे गये हैं, आगम निगम ब्राह्मण गीताएँ संहिताएँ सूत्र पुराण उपपुराण इतिहास स्मृतियाँ श्रुतियाँ धर्मशास्त्र तत्त्वशास्त्र भौतिकशास्त्र खगोल भूगोल शास्त्र काव्य अनेक विद्याएँ देववाणी में गूँथे गये हैं, देववाणी पढे देव ही दीखता है, देव के समान सुसन्मान पाता है, संस्कृत वाणी की कठिनता गम्भीरता बहुत है, अनुवाद करना कठिनसा हो जाता है, देववाणी में असीम संस्कृतियाँ समायी हैं, इन्हें सुरक्षित रखने के लिये विद्यालय स्थापित किये जाते हैं, विद्वानों के जीवन को सहारा दिया जाता है, आजीवन जीवनी श्रीकृष्णार्पण करनेवाले उन विद्वानों को सांस्कृतिक रक्षा के लिये ही अभिनन्दन दिये जाते हैं, आपके अभिनन्दन के हेतु सदा के लिये अन्यविद्यालयों की माफक कुंकुकवापी में भी विद्यालयों में सफल होते जायँ, इस प्रकार मेरा भी उनके साथ अभिनन्दन है।

चमत्कारी मन्त्र चमत्कारी अनुष्ठान संस्कार देववाणी द्वारा किये जायँ वे अतिचमत्कार प्राकट्यपूर्वक सुफलित होते हैं। कालीचतुर्दशी की रात्रि को मन्त्र अनुष्ठान द्वारा कई देव-स्वरूप दृश्य हो जाते हैं, मन्त्रसिद्धि द्वारा कर्म भी होते हैं, अतः पण्डित, देव, तथा संस्कृत के लिये ये आपके अभिनन्दन खूब ऊँचे दर्जे की संस्कृति को बढ़ा रहे हैं, वे सदैव संस्कृति को बढ़ाते रहें। साम, स्तोत्र, शस्त्र, यज्ञ,

गीतिका, आदिक में दिव्यता भी बढ़ती हुई श्रोताओं को अलौकिक भावना ऊपजाती है, संस्कृत कथा सप्ताह इत्यादि भी जनता में अलौकिकता पैदा करते हैं, इसके लिये सभी अभिनन्दन विशेषतः सार्थक हों।

जो कुच्छ है अप्रतिहत ब्रह्म चैतन्य व्यापक सर्वास्तित्व में विद्यमान है, चित्-चैतन्य सच्चिदानन्द है, जहाँ आनन्द है वहाँ ब्रह्म चैतन्य है, शरीरिओं को खाद्य-पेय से निजानन्द में मिलित आनन्द उपलब्ध होता है वहाँ भी ब्रह्म चैतन्य है, आनन्दघन पर ब्रह्म स्वयं स्वीय ब्रह्मतनु द्वारा सर्वत्र आनन्दाऽभिनन्दन दे रहे हैं, आनन्दों की लहरीयाँ विकसाते हैं, आनन्दसंभृत तत्त्व भी आनन्द है वही ज्ञातृ ज्ञान प्रकाश स्वप्रकाश है स्वप्रकाशघन ब्रह्म है आनन्दघन व प्रकाशघन चिदानन्द है, वही नित्य शाश्वत अविनाशी है स्वरूपसत् है, सदा ही है, आत्मसत् ब्रह्मसत् परब्रह्मसत् , उनके नित्यसम्बन्धवाले भी सत् , जो कुछ सत् है वही चिदानन्द है, चिदानन्द से अन्वित जो है वह सत्य है, सत्य की उपलब्धि होती है, दिव्योपलब्धि भी उपलब्धि ही है स्थूल उपलब्धि सूक्ष्मोपलब्धि में बसी है, सूक्ष्म है चित्-चैतन्य ब्रह्मप्रकाश, पर ब्रह्म का सार्वज्ञ्य स्वप्रकाश आनन्दघनित सार्वज्ञ्य निजस्वरूप से ब्रह्मप्रकाश सार्वज्ञ्य में तद्रूप में अवतरता है, ब्रह्मचित् चैतन्य स्वान्तर्भूत समस्त व्यस्त तत्त्वों में स्वोद्भाविपदार्थों में कारणाऽवस्थ होके अनुस्यूत रहते ही हैं, वही आनन्द वही चैतन्य वही सत्स्वरूप वही सच्चिदानन्दात्मा बृहत् वही सच्चिदानन्दात्मा व्यष्टि अबृहत् ज्ञातृ स्वप्रकाशयितृ सर्वप्रकाशयितृ व्यवस्थित है, कारणप्रकाश विज्ञान सार्वज्ञ्य, स्थूल कार्यप्रकाश उजाला ज्ञान बुद्धि प्रतिभा आभा कान्ति दीप्ति विमर्श विचार व्यवहारक्षेत्रात्मक स्तर, पर-ब्रह्मने इसमें दोनों सूक्ष्म विज्ञान स्थूलविज्ञान ज्ञातृज्ञेयात्मक विषय उद्भूत किया। विज्ञान से सृष्टिसर्जन में स्थौल्यभाग को भजने लगे, तत्त्वस्वरूप में गीने गये, पहले सगुण ब्रह्म स्वकल्पित मायापति में, तथा प्रधान पति, तत्त्व पति, त्रिदेव, महर्षिगण, पितृगण, मानव, पशु, पक्षी, कीट तरु तृणादि में अभिन्न तादात्म्य से सम्बद्ध रखते हुए ही उनकी बुद्धिप्रकाशधाराएँ प्रसारते हैं, धीधाराओं में आन्तरिक व बाह्यजगत् का भास स्वभावतः उद्भवता है, भास आभास अनुभव अनुभूति अपरोक्ष साक्षात् मति स्वरूप में विकसता है, सभी व्यवहारों के सूक्ष्म स्वरूप बुद्धि स्वयं प्रत्यक्ष अनुमान उपमान शाब्द अर्थापत्ति अनुपलब्धि संभव ऐतिह्य चेष्टा मौन इत्यादि में विभक्त बनती हुई पदार्थों का सत्यत्व दिखलाती हुई प्रमा धी हो जाती है, बाहरली प्रमाएँ पदार्थों का आविर्भाव तिरोभाव अस्थिराऽवस्थाओं को ग्रहण करती हुई उन्हें तजने का उपाय सोचती है। सदा स्थिर आत्मब्रह्म परब्रह्म मोक्ष आदिक का अवलम्बन करके तन्मयी हो जाती है, परमात्मप्रेरित वह वेदशास्त्र आदि स्वरूप में निजाश्रय में से फैलती है, वह पदविद्या वाक्यविद्या प्रमाणविद्या अलंकारविद्या कलाविद्या उद्योगविद्या स्वास्थ्यविद्या समष्टिव्यष्टिविद्या अगणिततत्त्व साधन साध्य द्वार फलभोग लयादि-विद्याएँ के स्वरूप में रहती हैं, सभी स्वेष्टविद्याएँ मिष्ट ही हैं आनन्दप्रद हैं अभिनन्दन लाने वाली हैं आनन्दपूर्णता में पहूँचाती हैं, वेदों में सभी विद्याएँ हैं, किसी न किसी रूप में स्वल्प भी बीजमात्र भी जरूर हैं, कर्मकाण्ड यज्ञयाग संस्कार कर्मादि, ज्ञानकाण्ड व्रत उपासना भक्ति आदि, सेवाकाण्ड वफादारी आदि, सूत्रग्रन्थ संहिताग्रन्थ आख्यान इतिहासादिक में फैली हैं। ज्ञान-काण्डीयविद्या शास्त्रदर्शन आध्यात्मिक ग्रथनों में फैली हैं, विशालशीलमहर्षिओं ने सच्चिदानन्द स्तर का अवलम्बन रख के ही तर्कवितर्कवाद तत्त्वनिर्णयादि किये हैं, विपरीत आभास को मिटा के यथार्थ अवभास के लिये यत्न किये हैं, वेदों में जो कुछ है वह ईश्वरीयविज्ञानात्मक होने से सत्-अवभासमय ही है, अनन्तर हुए परिच्छिन्नदृष्टिक विमर्शीओं के विपरीत आभास न हो जायं, इस हेतु से विज्ञान का विख्यापन किस प्रकार का होना चाहिए, इस पर सभी गतानुगतिक समारोहित हुए हैं, संसार त्यजने के लिये

निकृष्ट बतलाने के लिये भ्रान्तियों को पहले पकड़ कर वहाँ जो ज्ञान विपरीतभान अज्ञान के प्रवाहों को लगातार पकड़ के प्रख्यापनरूप में ख्यातियाँ प्रसिद्धि में लाई गई हैं, आभास की ख्यातिओं का अवगम होने से त्याज्य को तजकर मोक्ष में पहुँचने के लिये यथार्थ धी के सहारे सच्चिदानन्द को अवगत करके विश्रान्ति लेने तक धी-व्यापार किये गये हैं।

अच्छे-अच्छे विद्वानों ने ख्यातिवाद अपनाया है, मृगतृष्णिका उत्पादक मरुमरीचिका-जल में मृगों का ज्ञान-जल भान अयथार्थ है, वैसा ही जगत् है, इसको समझना व तजना,–भ्रान्तियों के क्षेत्र में—

नैयायिकों की—'जल रहित किरणों में जलभान-अन्यथा ख्याति है।

मीमांसको की—'हृदय-स्फुरित सत्यजल की वहाँ–सत्यख्याति है।

स्वामिनारायणों की—'किरण, जल, स्फुरित वृत्तिजल, मिलकर सत्-समुच्चयख्याति है।

रामानुजों की—'विरल जल होने से सत् जल की सत्ख्याति है। आयुर्वेद की भी सभी रसायन-शक्तियाँ सर्वत्र होने से सत्ख्याति ही है। प्रभाकर मीमांसकों की—बहिर्जल सच्चा ख्यापन नहीं है अतः अख्याति है। कुमारिभट्ट की—'हार्दिक जल मिलता है अतः' हार्दिक-सत्ख्याति है। मुरारिमिश्र की—वहाँ वृत्तिविषय आन्तरिक जल है अतः आन्तरिक-सत्ख्याति है।

सांख्ययोगों की—मध्यम कार्य जल है स्थूल कार्यात्मक नहीं है अतः सत्कार्यख्याति भी अख्याति-रूप है।

केवल योगशास्त्र की—विकल्पवृत्तिक जल असत् होने से असत्ख्याति है।

क्षणिक विज्ञानवादी योगाचारों की—आन्तर ज्ञप्ति जलात्मक बाहर आयी वह आत्मा ही है अतः आत्मख्याति है।

सौत्रान्तिक तथा वैभाषिक बौद्धों की—ज्ञानात्मा बाहर परिणत हुआ है अतः आत्मख्याति है।

शून्यवादी माध्यमिकों की—सभी वस्तु शून्य में परिणत होने से शून्य असत्-असत्ख्यातिरूप है।

जैनों की—किसी वस्तु एक स्वरूप ही नहीं है अतः अनैकान्तिकता ख्याति है।

चार्वाक-लोकायतिकों की—साक्षाद् दीखता यथा स्वरूप सत्य है साक्षात् है अतः साक्षात्-ख्याति है।

माध्वों की—समान रूप दृश्य होने से सारूप्य-ख्याति है।

वाल्लभों की—लीला का आभास दीखने से लीला भासख्याति है।

निम्बार्कों की—किरण भिन्न होने पर भी जल से अभिन्न भासने से भेदाऽभेदख्याति, ज्ञानाऽज्ञान-ख्वाति, सत्यासत्यख्याति, तथा दृष्टि-सृष्टि-ख्याति भी कहाती है।

शांकरों की—किसी प्रकार का ब्यान टिकता नहीं अतः अनिर्वचनीय-ख्याति है।

शब्द ब्रह्म-वादीओं की—वहाँ व्यापक शब्दस्तर में मरीचि समूह में जलाऽवलोकन शक्ति की विवर्त ख्याति है।

प्रत्यभिज्ञानवादीओं की—अन्यत्र दृष्ट का दृश्य हो रहा है अतः प्रत्यभिज्ञान-ख्याति है।

पाशुपत शैवों की—पशुपतीष्ट विषय जल दीखता है उसकी रचनारूप विषयताख्याति है।

सिद्धान्ती शैवों की—किरणाधिष्ठान विरूप दीखता है अतः वैरूप्यख्याति है।

लाकुलीश-शैवों की चाकचक्य भिन्न भिन्न हैं वे अभिन्न भासते हैं, अतः भिन्नाऽभिन्नचाकचक्य-ख्याति है।

विशिष्टाद्वैती शैवों की—दो द्रव्य के संसर्ग झलकते हैं अतः संसृष्टख्याति है।

वीरशैवों की—जलस्फुरणा किरणस्फुरणा में मिल जाने से स्फूर्ति-वैवर्त्य-ख्याति है।

नन्दिकेश-शैवों की—शीवात्मा उस रूप में दीखते हैं अतः आभासवृत्त्यात्मख्याति है।

रसेश्वरशैवों की– सिद्ध में असिद्ध ऊपज गया है अतः सिद्धयसिद्धिख्याति है।

कालीक्रम-शैवों की नेत्रसंयुक्तकिरणक्रम जलविकल्पक्रम में मिल गया है अतः क्रमवैकल्पिकी ख्याति है।

कौलशैवों की– सभी के कुल ब्रह्मशिव ही वह लीलारूप है अतः कुललीलाख्याति है।

ऐन्द्रजालिकों की—वह दैवी किरणशक्तिजन्य दृश्य जलमात्र है अतः सर्वत्र मान्त्रिकशक्तिख्याति ही है।

परमसर्वज्ञ की—जो कुछ दृश्य बनावट वह सत्यस्वरूप ही है अतः वैसा जल वहाँ उमटता ही है, उसमें सत्यतादात्म्यख्याति ही है।

गंगेशोपाध्याय की रीति तो नये धर्म भी ऊपजते रहने से द्रव्य में धर्मान्तर आ जाने से अभिनव-धर्मात्मक भ्रमख्याति है।।

जब जगत् इस प्रकार के ख्यापन में द्रष्टाओं को रुकता है, तो अजगत् जहाँ है मोक्षस्थिति है वहाँ के सृष्टिसर्जक में तथा स्वरूप में ब्रह्म में ब्रह्मलोक में वैसा नहीं होना चाहिए, अगर जो कुछ होगा सो नित्य सत्स्वरूप ही प्रामाणिक होगा, अतः सत्-प्रमाख्यापन द्वारा इस जगत् को तज कर प्रामाणिक सत् ब्रह्म स्थान मोक्ष आत्मा परब्रह्म को प्राप्त करने चाहिए, इस सत् फल के लिये शास्त्र अभिनन्दनीय है। अतः सभी प्रकार के अभिनन्दन आज मिलकर मुझे उन उन पण्डितों के बुद्धिगम्य परब्रह्म प्राप्ति विषय में पहूँचाने के लिये आशीर्वाद रूप में फलीभूत हों, सभी के लिये आयुष्यान्त में ब्रह्मस्थिति व परब्रह्म प्राप्ति के लिये अवगत स्वरूप हो ऐसी बुद्धि विकसित रहो, यह मेरा भी अभिनन्दन है। धी का विकास विद्यालय-सेवन से होगा, वैसे सभी विद्याओं के विद्यालय इस लोमश क्षेत्रस्थ कुंकुमवापी नगरी की सीमा में विशाल स्वरूप में सौराष्ट्र महानगर सौराष्ट्र नगर नाम से हो, विद्यालयों द्वारा विकसित प्रमाबुद्धि आध्यात्मिक परब्रह्म तक पहूँचती है, जगत् को असार दिखलाती है, प्रत्याख्यान के फल में ब्रह्मरस का आविर्भाव होता है, आत्मतत्त्व रसमय भासता है स्वयम् आनन्दित होता है, वह अभिनन्दन स्वरूप से निष्पन्न भी होता है, ब्रह्मपात्रता बनाता है, मोक्ष का संचरण बढ़ता है, परब्रह्म-माधुर्य उछलता है, आनन्दसागर में झेलता है, बाह्य मिथ्याभूत से ऊपर के स्तर में उड्डयन करता है, जहाँ जावे वहाँ बुद्धि-रूप पंख से फिर भी आगे आगे बढ़ने का बल पाता है, जगत्-मिटने से जो आनन्दघन प्रकाशघन ज्ञानघन ऐश्वर्यघन स्तरों का समुद्र आता है, वहाँ वहीं की मुद्रारूप प्रभु में स्थिर होता है, ये सभी अभिनन्दन मुद्रित प्रभु में सहयोगी बनानेवाले हों। सभी जगत् स्वस्वभाव में पूर्णता से प्रशस्त बनता है, जो अपरिच्छिन्न पूर्णता में हैं उनके प्रति अभिनन्दन अभिनन्दनीय व्यक्ति को पूर्णता मिले वह आप सबको भी मिलो।

शास्त्रों में सम्बन्ध विषय प्रयोजन व अधिकारी के औचित्य पर ध्यान दिया जाता है, व्यक्ति के औचित्य विषयों के औचित्य वाच्यताशक्तिजन्य अर्थों के औचित्य देशप्रणाली के औचित्य अवसरों के औचित्य फलों के औचित्य समाज के प्रशस्तियों के व सिलसिला के औचित्य, अपने औचित्यस्वरूप में हों तो वे सभी उचितता के योग में ही अभिनन्दनीय हैं, सचमुच विद्वान् लोग औचित्य की योग्यता को ले के ही प्रशस्तियाँ देते हैं, उन प्रशस्ति पात्र में निर्दोषता स्वभाव से ही सिद्ध हो जाती है, तथा अभिनन्दनों के आनन्द आने लगते हैं, जो भाविक्रिया-स्वरूप में प्रकट होने पर अभिनन्दनीय और विज्ञ सात्त्विक दिगन्त

यशस्वी पुरुष प्रकट होते जाते हैं, उनके लिये अभिनन्दन एक प्राग् अवस्थामय परमपुरुषार्थसा हो जाता है, अतः ये अभिनन्दन वैसे पुरुषों को प्रकटावें ॥

अभिनन्दनग्रन्थ सभी विद्याओं का उद्बोधक है, इसमें अनेकविद्याएँ विद्वानों द्वारा प्रस्तुत भी होती हैं, अनेक सद्गुण प्रशंसित होते हैं, भावी अनेक विकास के आशीर्वादप्रद भी होते हैं, अनेक प्रकार की उन्नति व्रत तप मेहनत के परिशीलन पर प्रसन्नताएँ भी होती हैं, अनेक भावी महामहा ऐश्वर्यशाली होने के सूचन भी होते हैं, अनेकविध कष्टवाली जीवनी भी वर्णित होती है, विविध संयम ऐश्वर्य सामर्थ्य प्रभाव प्रताप चमत्कार भी वर्णित होते हैं, नये आविष्कृत विद्यांगो के प्रदर्शन भी होते हैं, अभिनन्दन योग्य यतिपुरुष के लिये तो नर में से नारायण-प्रतीक खड़े कर देते हैं, अंशावतार आवेशावतार कलावतार विभूत्यवतार देवतावतार आदि की झाँकी कराते हैं, किसी-किसी सूक्ष्म विशेषणों की प्रणाली सूक्ष्मब्रह्मस्थिति तक रूपक में पहुँचाती है।

अलौकिक मानस कल्पित नैसर्गिक अनुभव प्रातिभप्रेरणा द्वारा विद्वान् अध्ययनाऽवलम्बन से नीपजता है। सचमुच विद्वत्ता से निकले हुए परिष्कृत विचार ग्रन्थ में निहित होते हैं वे ही विद्वान् का मूल्य आंकते हैं। मूल्यांकन के मूर्तस्वरूप अभिनन्दन हैं, निगूढ मूल्यों के प्रकाशक अभिनन्दन होते हैं, प्रशस्तियाँ किसी प्रकार से मानव को देवताई बनाती हैं, दैवी गुणगणशोभित यति मुनि विप्रविद्वान् ईश्वर की सीढ़ी में आरूढ होने लगते हैं, आखिर में ईश्वर में या तो ईश्वर के चरणों में कायमी स्थिर हो जाते हैं, अभिनन्दन उनको उसी स्थिति में जाने के सूचक होते हैं, परिकर्म कराते हैं, व पूतजन को पतित पावन प्रभु के प्रतीक में स्थापते हैं, वैसे ये अभिनन्दन जन्मसिद्ध योगियों के लिये भी निकट ब्रह्मता को करानेवाले हों, यह भी मेरा प्रार्थित है।

चार वेद, छः अंग,—शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छन्द, और ज्योतिष, तथा आन्वीक्षिकी न्यायविद्या, मीमांसा वाक्यविद्या, स्मृति धर्मविद्या, पुराण ऐतिहासिक विद्या, ये चौदह विद्याएँ तीनों लोक में व्याप्त हैं, ये विद्याएँ गद्य-पद्य में ग्रथित हैं, ग्रथन एक स्वरूप है, कवन गायन आदेशन आदिक चतुर्दश में ही हैं, तर्कविद्या—आन्वीक्षिकी ही है, वेदत्रयी वेदो में हैं, वार्ता जीविका धर्मशास्त्र स्मृतियों में हैं, उपार्जनात्मक अर्थ शास्त्र भी धर्मशास्त्र में ही है, भूस्तरशास्त्र खगोल भूगोल रसायन गणित नियम कायदे स्वभाव कलाएँ अलंकार आदिक भी चतुर्दश में ही प्रकरण उपप्रकरणों में ग्रथित ही हैं, एक कार्यकारित्वसंगति अंगसंगति उपोद्घातसंगति उत्संगसंगति हेतुतासंगति अवसर इष्टता आदि-आदि संगतियों से वे विद्याएँ चतुर्दश में ही अन्तर्भूत हैं, शरीर में अन्तः बाहर अस्थि नाडीयाँ रोम नख भी शरीर में ही गीन लिये जाते हैं, संयोगी द्रव्य भी मल कच्चर कफ आदि माने जाते हैं, धातु भी है मगर सभी शरीरान्तर्गत हैं, चतुर्दश विद्याएँ व्यापक विशालकाय में है, वहाँ अभिनन्दन दिये जाते हैं, अभिनन्दन से और भी विशेषताएँ हों।

सृष्टि प्रत्यक्ष है परन्तु उसके निगूढ तत्वों का वेदादि में वर्णन है, चतुर्दश विद्याओं में नैसर्गिक पारिश्रमिक प्राद्भावित संकल्पित कृतियाँ भी समाविष्ट ही होती हैं, निगूढ-तत्त्वों की सुन्दरता ग्राह्येष्टता उपयोगिता आदिक गद्य-पद्य द्वारा उनके ज्ञाताओं ने वर्णित कर जगत् में प्रजा के आगे धर दी हैं, गद्य के विद्वान् भी खरे तान में आजाते हैं तब छन्द में काव्यादि के भी स्वरूप वहाँ-वहाँ देते चलते हैं, काव्यशास्त्र सभी के लिये समन्वित है, वह चतुर्दश से परे वाबय है, अन्तर्गत ही है, सभी प्रकार चैष्टिक आलंकारिक श्रांगारिक सौरतिक तत्त्व भी गूंथे जाते हैं किये जाते हैं लिये जाते हैं रसों में भोगे जाते हैं, आखिर

चित्-चैतन्य की प्रतिभा धी में विश्रमित किये जाते हैं, इनके आश्रय जो व्यक्ति-व्यक्तित्व में आये उनके लिये चारु चमत्कार सुघटनाएँ अभिनन्दनों में वर्णित की जाती है। द्रष्ट श्रोतृ भन्तृ जनों के लिये वैसा व्यक्तित्व प्राप्त कराने के सूचन दिये जाते हैं, व्यंजना से ये निर्गलित होते हैं, मेरी यह प्रार्थना है, विद्वानों के अभिनन्दन इस रीति से भाविजनों के व्यक्तित्व को देने के लिये सहायक हों।

संस्कृत वाङ्मय अभिनन्दनों से भरे हुए हैं पूर्वपक्ष उत्तरपक्ष तत्त्व निर्णय आदिक भी अभिनन्दनों से भरे हैं जिन्हें अवगत करके विद्वान् सदा के लिये खुश होते हैं, अपने को देवताई स्वरूप में समझने लगते हैं हजारन के तारणहार हो जाते हैं, आतिवाहिक देवताओं के काम सार से हैं, ये सब अभिनन्दनों के प्रभाव से होते हैं, शास्त्र स्वभाव से ही लालित्यभरे होते हैं, उनमें अभिनन्दन लालित्यतम होते हैं, व्यक्ति का लालित्य अभिनन्दनों से खीलता है, वही सौन्दर्य व्यक्ति में सुमूर्त होकर जगत् के पूजनीयपने में पहुँचता है। विद्या के सौन्दर्य अभिनन्दन हैं, अभिनन्दन के सौन्दर्य दैवी चमत्कारों में हैं, चमत्कारों के सौन्दर्य ब्रह्मदशा में हैं, ब्रह्मदशा के सौन्दर्य मोक्ष में विराम लेते हैं, सभी के लिये इसी प्रणाली के अभिनन्दन हों।

अभिनन्दनों के आनन्द व्यक्ति के प्रति प्यारवाले को ऊभारता है, बिना प्यार के लोग अयोग्यता तथा स्वमहत्ता, अन्य गौरव, निजीय बौद्धाभिमान, उत्कर्षाऽसहिष्णुता, अदेखाई, वितण्डा, अपकर्षहेतु, विपरीत वाणी, अवनति, आडम्बर, हीनता, निकृष्टपात्रता, कापट्य, अन्याश्रितसामर्थ्य, धनद्वारा कार्यसिद्धि, पाण्डित्यशून्यता, व्यक्तित्वहानि, अन्यदुर्गुण, स्वश्रेष्ठत्व, अन्योपस्थापन, नाटकीय निजीय दुःख, प्रतारकधर्मध्वज, व्रतहीनता, विविधतुच्छता, अनभिमत-उपस्थापन, अश्लीलजल्पन, पीछा पकड़ना, उतार पाड़ना, भगा देना, यशोहानि, लोकापवाद, अप्रांतेयता, असत्पुरुषत्व, आडम्बर, आसुरत्व, तिरस्कृतियाँ, एवंविध जितनी कुधी चले उतनी कल्पनाएँ अभिनन्द्य पात्र में लगाते हैं, केवल निजीय महत्ता अभिनन्द्य की हीनता आदि में उसके तान हैं, ऐसों को प्रभु फलप्रद सुबुद्धि जन्मान्तर में भी देवें—यह प्रार्थना है॥

प्रत्यभिनन्दक लोकों द्वारा ही अभिनन्दनों की किम्मत वढ़ती है, अभिनन्दनीय व्यक्ति की सुवास फैलती है, फल में अमृत-सुन्दरता प्रसरती है, विषैली कद्रूपता तो निन्दकों को ही ढूँढ़कर उनमें बसती है, जो चीज स्वाभाविक मणि है वह मणि ही रहेगा, सर्वज्ञ समझकर स्वीकारेगा, अजापाल तो कंकड़ जान के फेंक देयगा, मणि उसके भाग्य में ही नहीं है, वह भी कंकड़सा ही रहेगा, वैसे तो इस जगत् में गली में बसते हैं, अभिनन्दनीय पुरुष तो राजचम्पाओं के, तथा अमर फलों के बगीचे में रहते हैं, वे सुवास से सुरभिप्रेमिओं को अपने पास खींचते हैं, सुरभिप्रेमी आत्माएँ उन्हें खींच के स्नेह डोरी से निज के प्रति आकृष्ट रखते हैं, समग्र जगत् में इस प्रकार अभिज्ञ सर्वज्ञों को चढ़ती कला ही रहती है, अनभिज्ञ ईर्ष्युकों की पड़ती स्थिति ही होती है, उनको भविष्य में गुणग्राहिता द्वारा अभिनन्दनपात्रता हो, वैसे इन अभिनन्दनों से प्रभु से प्रार्थनीय है॥

पाण्डित्य के प्रति स्नेह अनुभव साक्षिक ऊपजता है, पाण्डित्य सदा हृदयंगम होता है, बह लाया नहीं जाता, न तो भगाया जाता, व्यर्थ प्रयत्नशील लोक इसके अनभिज्ञ होने से कुयत्न में झुके रहते हैं, मगर 'जन्म ओषधि मन्त्र तप समाधि आदि जन्य सिद्धियाँ, तथा ऊह शब्द अध्ययन आदि सिद्धियाँ, पूर्व उपार्जित पुण्य तप आदिक द्वारा तथा प्रभुप्रसन्नता सत्पुरुष विद्वान् गुरुवर्ग आदि के कृपाकण से मिलती ही हैं, उन्हें टालने के लिये यत्नशील अतः निज में उक्त साधन साध्य के बाजवाले सिद्ध असद्धेत्वाभासी या

अन्यथा सिद्धिक हों धाते हैं, वे अज्ञानी होने से निरयी ही रहेंगे, असुघड़ को असुघड़ ही अच्छी लगती है, उत्कर के जीव को उत्कर की कचरापट्टी ही सुगन्धित लगती है, कीड़ा सुगन्ध में मर जाता है, ग्रामीण विद्वान्, वल्कलवाले ऋषि, स्वप्रातिभ सार्वज्ञ्य से तथा योग समाधि, ऐश्वर्य, आदि से मनोहारी ही होते हैं, आदरणीय पूजनीय तथा प्रातःस्मरणीय होते हैं वे ही आतिवाहिक देवताएँ हो के ब्रह्मलोक में पहूँचाते हैं, उनके प्रति आसुरी सम्पत्तिवाले खिन्न से रहते हैं, उनमें प्रतिभाएँ ऊपजते ही जल जाती हैं, प्रातिभशक्तियों के अंकुर ही मोड़े जाते हैं, अभिनन्दनों से विपरीत धी वाले ज्वलन में अर्पित न हो जायँ, अमृतवर्षा में अर्पित होते चले, वैसा परमेश्वर के प्रति प्रार्थनीय है, चिरकाल में अनेक जन्मों में भी अभिनन्द-पात्र बनें यह प्रार्थनीय है।

जंजाली लोक अपनी कुबुद्धि के पडल से विज्ञानियों के नेत्रों में धूली फेंक के उन्हें अनभिज्ञ जानकर अपनी स्वार्थसिद्धि उनके स्वार्थ में आगे धर कर करते ही रहते हैं, वे वैसी स्थिति के परीक्षित हो ही जाते हैं, विज्ञानी लोक सह ही लेते हैं अज्ञानी आनन्द मानते हैं, कोई भी सिद्धि बबड़ने से नहीं होती, घर्षण व्यय आत्मार्पण इत्यादि से होती है, अभिनन्दन सब सिद्धि देनेवाले होते हैं, अभागियों के लिये ही असिद्धि में परिणत हो जाते हैं, अभागियों की लक्ष्मी बिच्छू होके भाग जाती है, सुभागियों के लिये आशिष नलीयर में जल की तरह जमा वनकर मिष्ट मावा बनती है, दुर्भागियों के सुभाग्य होने की प्रभु-प्रति प्रार्थना है।

अभिनन्दनों के माधुर्य आस्वाद आत्मा में होता है, वहाँ आनन्द लहरीयाँ उठती हैं, आनन्दघन ब्रह्म का आस्वादन सतत होता है, स्वप्रकाशानन्द चिद्धन स्तरों के घनीभाव में आत्माएँ सार्वभौम सुख-सागर में झेलती हैं, अलौकिक दिव्य साक्षात्कार के बिषय हो जाते हैं, ब्रह्म की अलौकिक रमणीयता ओतप्रोत मिल जाती है, ऐश्वर्य चमत्कार असीमित आ जाते हैं, मानव भावनाएँ अभिनन्दनों द्वारा प्रकट-स्वरूप लेती हैं, सब स्वरूप प्रीति स्नेह प्रेम रति उल्लास आनन्द सुख उत्सव भरे बनते हैं, प्रति व्यक्ति में वैसे अभिनन्दन तो प्रतिदिन होते उद्भवते रहते हैं, मगर विशिष्ट व्यक्तियों की तरफ से उद्भवने पर ब्रह्मानन्दास्वाद मिलता है जो कभी नहीं हटता, निज में प्रत्यक्ष आनन्द है वही सजातीय परोक्ष में भी होता है, स्व-स्वेतरों के आनन्द-स्तर ब्रह्मसम्बन्ध से ऐक्यभाव को जब प्राप्त करें तब ब्रह्मानन्दानन्द मिल जाता है, स्वचेतना में उर्वरित होता रहता है, तभी सर्वसामान्य महानन्दास्वाद आता है, मुक्त्यवस्था में यह है, जीवनमुक्त्यवस्था में अंश भी मिल जाय तो ब्रह्मानन्द महानन्द की योग्यता आ जाय, आत्म-साक्षात्कार सुरूपात्मोपलब्धि अपने में कर्म ज्ञान भक्ति को समेट कर प्राकट्य लेती है, यह उपलब्धि ही ज्ञप्तिग्राह्य स्वरूपसा प्राकट्यरूप में है, वही प्रकटाऽभिन्न है, तव आस्वादाऽभिन्न बनती है, और अभिनन्दनों के आस्वादन के 'सः अश्नुते सर्वान् कामान् सह ब्रह्मणा विपश्चिता' के विषय सचमुच होता है, यह आनन्दित चैतन्यलब्धि आप सभी जनता को अभिनन्दन द्वारा मिले यह भगवान् से मेरी प्रार्थना है।

तत्त्वज्ञान अपरोक्षानुभूति आत्मा की आनन्दभरी चेतनाशक्ति जब पूर्ण स्वरूप में युवती हो जाती है तब पाण्डित्य उसके भूषणरूप हो जाता है, अभिनन्दन उसके प्रशस्त सेवक बन जाते हैं, व्यक्तियों के प्रवाह इसके अभिजन हो जाते हैं, उसका साम्राज्य ब्रह्मदशा में सुरक्षित हो जाता है, इस प्रकार के अपरोक्षानुभव का आप जनता को होने की ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ। दुःखदुरितों की हाजरी से आनन्द की तमन्नाएँ ऊठती हैं इष्ट में प्रीति को बढ़ने के कारण बनती हैं, दुःखदुरित अनिष्ट होते हुए भी अनादि काल से सत्य है, उसकी निवृत्ति सत्य है, यह आनन्द में परिणत होती है, अतः अभिनन्दन आनन्द में परिणत हैं।

वैष्णवभक्त, शैव, बौद्ध, जैन, शाक्त, सभी ब्रह्मप्रीति-स्वरूप के मिष्ट साधन दुःखदुरित को मानकर अपनाय के ब्रह्मरस में गोता लगाने को चल पड़ते हैं, जहाँ निर्वाण वहाँ ब्रह्मरस मिलता है, आत्मीय भावनाओं के स्वरूपसमूह एक पिण्डरूप आनन्दाऽपरोक्षानुभूति में मुमूर्त होते हैं, अभिनन्दनात्मक अंगो से अंगी आनन्दघन पुरुष आत्मपुरुष में प्रविष्ट होता है वह निर्वाणपद का आनन्द उपजाता है, उससे मुक्ति सुख जिन्दे को भी प्राप्त होता रहता है, वैसे ये अभिनन्दन भारत की प्रजा को भले सुन्दर रूप से फलीभूत हो अखण्डित अखण्डभूमिरूप पारितोषिकरूप तथा अखण्डिततृप्तिरूप हो, पहले श्रवणादि आनन्द तब मानसानन्द बाद में बौद्धिकानन्द और चित्-चैतन्यानन्द अन्त में ब्रह्मानन्दरूप में सभी अभिनन्दन परिपाक को पानेवाले हों।

अभिनन्दनजन्य आनन्द सब आनन्दो की टोच हैं, शारीरानन्द समृद्धयानन्द साधनानन्द परिकरानन्द सत्ताधिकारितानन्द विज्ञानानन्द अनवलम्बिस्वातन्त्र्यानन्द दिव्यानन्द भोगानन्द, ये सभी हैं तो आनन्द ही, मगर प्रशंसानन्द अभिनन्दनानन्द तत्क्षण में सेर-सेर लोहू चढ़ा बढ़ा देता है, आनन्द वैसे काम करते हैं, जो अभिनन्दनानन्द काम करता है, मरणपथारी पर पड़ी व्यक्ति भी अभिनन्दनानन्द मिलने से इष्टता के जीवन को स्वभवन में संसृष्ट करके दो चार दिन और जिन्दा रहता है, वैसे अभिनन्दनानन्द सभी के लिये जीवन डोरी हो।

नारायण विष्णु शिव आदि की शक्तियाँ आनन्द कलाएँ हैं, राधाजी कृष्णकला आनन्द मूर्ति है, बंसी आनन्द चुम्बन लहरी है, प्रकृतियाँ आनन्द की लहरियाँ हैं, बाह-बाह के अभिनन्दन की क्षेत्रभूमियाँ हैं, विद्याएँ सभी आनन्दभूमियाँ हैं, नन्द नन्दन आनन्द अभिनन्दन ये तर तम अवस्थाओं को लेते हैं, अभिनन्दन भी प्रत्यभिनन्दन का सापेक्ष शुद्ध चैतन्य में ब्रह्मसत्ता में परब्रह्मशरण में बसवाट पाते हैं, वे भी मुक्तरूप से अभिनन्द्य की स्तुति करते हैं, विशिष्ट स्तुति से सामरूप में अभिनिष्पन्न हो के गुण ऐश्वर्य शक्तियाँ की तरह मुक्तता को भोगते हैं, ऐसी स्थिति के आप के सभी अभिनन्दन योग्यपात्र के लिये मुक्त्यानन्द देनेवाले हों।

ब्रह्मचैतन्य ही आत्मचैतन्य तथा चित्-चैतन्य में अपने को प्राप्त होता है, अपने अभिनन्दन उस चैतन्य के धर्म हैं, अतः दिव्य अलौकिक पारलौकिक अपवर्गानन्द देनेवाले हों।

परमात्मा स्वयं कवि है दार्शनिक है तत्त्ववेत्ता सर्वज्ञ है, उसकी परा शक्ति ब्रह्मने जगत्-सृष्टि जीव ईश्वरों के आनन्दार्थ की है, आनन्द से सभी ऊपजे हैं आनन्द में रहे हैं आनन्द में लीन होते हैं, फिर आनन्दरूप जगत् प्रकट होता है, आनन्दोल्लास के वेद, महर्षिवाणी में देव गाथाएं, और आचार्यों द्वारा आत्म मुक्तिसाधन के अभिनन्दन प्रेरित होते हैं, उनमें आनन्दतत्त्व व्यापक है रसभरा है अभिनन्दनभरा है, वह आत्मानन्द ब्रह्मानन्दभरा है, मांगलिक प्रेरणाओं में भी वही है, अभिनन्दन के रूप में वही एक है, उसे अद्वैत कह पुकारा है, वह सभी भिन्नो में ऐक्य लाता है ऐक्य में ले जाता है, सामंजस्य में उतारता है आनन्दोल्लास करता कराता है, सर्वकालिक सार्वजनीन सदोद्धारकृत् सर्वत्रोपस्थित स्ववाणीरूप वेदों द्वारा धर्म मठ सम्प्रदाय जमानेवाला वही अद्वैत परमेश्वर है, उनकी परम्परा में छन्द काव्य अलंकार तत्त्व विमर्श आध्यात्मिक पदार्थ प्रकट होते आये हैं, वे कृत श्रम व्यक्तिओं के अभ्यास द्वारा निरन्तर जीवित रहते आये हैं, उनमें से ऋषि पितृ देव मानव नाग आदि के इतिहास ग्रथित बनते आये हैं और ग्रन्थरूप में प्रसरते जाते हैं, अतः ब्रह्म में ब्रह्मविद्या छन्दोविद्या अभिनन्दित हुई लौकिकाऽभिनन्दनों से ओप चढ़ाई हुई जगत्-जनता को भी ओप चढ़ाती हैं, साधारण लोग भी गीतिकाओं में सनातनधर्मों को

गाते हैं, अभिनन्दनों के ओप चढ़ाते हैं तथा जीवित ही रखते हैं, इनके आधार पर सभी संसारी मानव आत्मज्ञप्तिप्रद ग्रन्थ ग्रथन करते आये हैं वह उन्ही की प्रसादी है, मेरे ग्रन्थ भी उन्ही महर्षिओं की प्रसादी है, इनके अभिनन्दन उन्हीं वेदों के वेद वक्ताओं के अभिनन्दन हैं, मेरा अभिनन्दन भी उन्हीं में सामेल हो, वेदों के उत्तराधिकारी विद्वान् अभिनन्दन के पात्र इस लिये होते हैं, जो वेदों के रक्षण के लिये निज-लेखिनी चलाते हैं वे आदि कवि के रूप में भी वर्णित होते हैं, उनके वंश के मध्य कविलोक ऐतिहासिक सुवृत्तिक हो जाते हैं, बाद में तो चर्वितचर्वणसा यत्न जमता रहता है, इनको वैदिक प्रवृत्ति के लिये, अभिनन्दन योग्य ही है, मुझे योग्य बनाया व अभिनन्दित किया है यही मेरा उत्तमयुगी जीवन का सुधारा है, लाभ ले के बावरा न बन जाय, विजयी होने पर भी अक्षम न बन जाय, सुशक्त होने पर भी विनीतता को न तजे, गम्भीर स्वरूप में से उछल न जाय, इत्यादि गुणगौरव अभिनन्दनों द्वारा ज्ञात होते हैं, अभिनन्दनों के ज्ञाताजन अनिन्द्रिय न हो शोकित न हो उत्फुल्ल न हो दीनदरिद्र न हो, भाषावृत्त वृत्तान्तज्ञ हो, सर्जन शिल्पज्ञ हो, ग्राहकशक्तिमान् मेधावान् ग्रहणधारणपटुतावान् गर्भाऽभिप्रायज्ञ हो अप्रतिहतधीगति हो नवनवोन्मेषशाली हो, उनमें अभिनन्दन आनन्दप्रद होते हैं।

संस्कृत भाषा को चालू युग में कई लोक मृतभाषा या निष्फल भाषा मानते हैं, उनको संस्कृत से धन बाहुल्य नहीं मिलता है, अतः वैसा तिरस्कार होना संभवित है, मगर अब तो धन देने वाली देववाणी बनी है, युग आगे बढ़ा है, समग्र दूनिया संस्कृत के लिये मरी फीटती है, समग्र दूनिया के विद्यालय और विद्वानों में संस्कृत का स्थान जमा हुआ है, सभी कोई राजभाषी भी संस्कृत पंडितों से अभिनन्दन चाहते हैं, फिलासोफियाँ संस्कृत में से प्रकटी हैं, तत्त्वज्ञानी लोक संस्कृत में से तत्त्वों को ढूंढकर अपने तत्त्वज्ञान आगे बढ़ाते हैं, में तो संस्कृत अंग्रेजी हिन्दी गूजराती में गोता लगाता हुआ भी संस्कृतज्ञों से अभिनन्दन पा के विशेष आनन्दित होता हूँ, अन्यभाषाज्ञ भी संस्कृतज्ञ होने से मुझे ज्यादा आनन्दप्रद होता है, संस्कृत में से सभी भाषाएँ प्रकटी हैं, संस्कृत की आत्मजाएँ हैं, उनकी तनू में संस्कृत विषय तत्त्वकण अवतरे ही होते हैं, अतः उनके पोषक अभिनन्दन मेरे आनन्दसागर हो पड़ते हैं, आप सभी को वे आनन्द-सागर हों। इन्डलिश में एम्० ए० तक पहूँचने पर भी मैंने सारा जीवन संस्कृत तत्त्व विमर्श में ही समर्पित किया है, जब जूनागढ़ बाबदीन कालिज में बोम्बे युनिवर्सीटी की सम्पूर्ण मेट्रीक परीक्षा पसार किया तभी से उसमें काम चलाउ व्यापार वाणोव्यवहार रक्खा, विकास में मन ही नहीं लगा, काशी कालिज में एम्० ए० तक जाने पर भी संस्कृत में पारगामी प्रवृत्तियाँ में रस ही रस मिलाने में गरकाव रहता था, वैसे मेरे शरीर इन्द्रिय अन्तःकरण आत्मा आदि संस्कृत के ही कणों के पण्डित हो गये हैं, जो मेरे लिये आप लोग अभिनन्दन दे रहे हैं, मुझे गुरुजनों की सेवा फली, सरस्वती माता के आशीर्वाद फलित हुए, विद्वानों के अभिनन्दन पथ्य हुए, अब मेरे सभी पुरुषार्थ सिद्ध हुए, जनता को भी यही अभिनन्दन है, आप को उसी प्रकार फलीभूत हो।

मैंने भोंसले सरकार के इन्दौर के महाविद्यालय में एक मास प्रिन्सिपल पद लिया था, महा-महोपाध्याय श्रीपाद शास्त्रीजी विद्यमान थे, शिवनाथ झारखंडीजी ने काशी से मुझे वहाँ भेजा था, महामहोपाध्याय श्रीगोपीनाथ कविराज की प्रेरणा भी रही, मगर मुझे पराधीनता में असन्तोष हुआ, त्यागवृत्ति बलवती थी, मैंने उस पद त्याग दिया, बाद में श्रीमंगलदेव शास्त्रीजी प्रिन्सिपालसाहब द्वारा विषयनिर्वाचन शिक्षण समिति में तथा परीक्षक विभाग में नियुक्त किया, थोड़े समय बाद जन्मभूमि महाराष्ट्र गुजरात—सौराष्ट्रदेश में निजीय श्रीस्वामिनारायणसम्प्रदाय में ही आश्रित वर्गों के आकर्षण से व मेरा दील की उमेद से जा के रहना ही उचित समझा, जब जामनगर पश्चिमकाशी के मन्दिर में महान्त

रूप में था, वहाँ एक सायन्स के प्रिन्सिपाल दर्शन को आते थे, मुझे यह इच्छा ऊपजी कि इन्दौर काशी व जामनगर के प्रिन्सिपाल पदों में वेतन में फरक जरूर होगा, इस इच्छा निवृत्ति के लिये उसने नमस्कार करने पर मैंने पूछा—यहाँ वेतन कितना होगा ?, वह कहे—आपको क्या जरूरत है ?, जो होगा, सो लायकात वेतन देती ही है, मेरी इच्छा तो बूझ गई, मगर उसमें पद का अभिमान भरा स्तर दिखलाई दिया, तभी से निष्फल इच्छास्वरूपों को हवन में ही दे देने का कायमी अभ्यास रक्खा, अन्य के प्रश्न के उचित जवाब बोलना, स्व से प्रश्न ही नहीं निकालना, यह अभ्यास मेरे में अति बढ़ता हुआ दृढ़ हो गया, जो मौन व्रत में मुझे आनन्द दे रहा है, अभिनन्दन के फल जनता को भी इच्छाशान्ति व पात्रतानुसार ब्रह्मानन्द का अनुभव देने वाले हों।

शृंगार कुमार कुमारिकाओं में मन्मथोद्भूत होता है, भक्तों ने वह सभी भगवान में जोड़ दिया है, सभी प्रकार के अभिनन्दन भगवान में लगाये जाने से ब्रह्मानन्द के रससहोदर बनते हैं, परब्रह्म में समर्पण के लिये काम में आ जाते हैं, रस-युग में कोने-कोने से परब्रह्म-भक्ति बढ़कर सर्वविद्याओं के संग्रहालयसमान परिपक्व फल में स्थिरताबाली हुई है, सभी अभिनन्दन भक्ति में सामेल हों। कोई भी साधना अभिनन्दन दिलाती है, सभी वृत्तिओं में चाक्षुषवृत्ति तेजस्विनी योग्यपदार्थों के बिम्बों को अपने में ले लेती हैं, वृत्ति-विकृत सूक्ष्म प्रतिबिम्ब कहा जाता है, किसी केन्द्र पर दृष्टि स्थिर करके धारणा लगाना, तब ध्यान में ततः समाधि में पहूँचना हो सकेगा, नासाग्र वृत्ति-स्थैर्य के बाद अन्तर्दृष्टि होने से प्रातिभदृष्टि बढ़ेगी, आत्मीयशक्ति का सिमटाव होने लगता है, षट् वा सप्त चक्रों में से तेजःप्रवाह वश होने लगता है, शब्दब्रह्म खूलता है, ब्रह्मरस तक पहूँचना होता है, एकाग्रता के साथ नाम स्मरण से निरोधफल भी पाया जाता है, भगवन्मूर्ति आत्मा में दीखने लगती है, परब्रह्म का आनन्द सागर मिलने लगता है, परमगुरु सत्गुरु गुरुरूप हरि के दर्शन धारणा ध्यान से चिच्चैतन्य अपरोक्ष साक्षात्कार स्वरूप में बढ़ता है, परब्रह्म-सहित समस्त ब्रह्मलोक ब्रह्मसृष्टियाँ और प्राकृत सृष्टियाँ भी दिव्य स्वरूप में ही दीखती हैं।

अद्वैतियों में पहले सगुण ब्रह्म उसके बाद निर्गुण ब्रह्म में ऐक्यम्। षट्चक्रनिरूपण में—१-गुदोर्ध्व मूलाधार चक्र, भूतसृष्टिजय। २-स्वाधिष्ठान चक्र, लिंगमूलप्रदेशस्थम्, कामदेवजय। ३-नाभिमूल में मणिपूरचक्रम्, स्वर्गविजय। ४-हृदय में हृत्पंकज हृदयचक्रम्, सत्यलोक विजय। ५-कण्ठदेश में विशुद्ध चक्रम्, ईश्वरलोक विजय। ६-भ्रूमध्यस्थ आज्ञाचक्र, वैकुंठ गोलोक विजय। ७-ब्रह्मचक्रं ब्रह्मरन्ध्र, इससे ब्रह्मलोकगति कही है। षट्चक्र विवरण टीका में रंग बीज देवता दल भूत शक्ति स्वरूप ध्यान फल आदि बताये हैं, तथा क्रमशः भूत इन्द्रिय मन चित्त अहंकार महत्तत्त्वों के विजय बताये हैं, आत्मब्रह्म ब्रह्मरन्ध्र से परब्रह्म के लोक में पहूंचना, आदि-आदि बताये हैं।

योगदर्शन में—'नाभिचक्रे कायव्यूहज्ञानम्'। 'कण्ठकूपे क्षुत्पिपासानिवृत्तिः'। 'मूर्धज्योतिषि सिद्धदर्शनम्'। 'हृदये चित्तसंवित्'। इन सूत्रों द्वारा शरीर भूत भौतिक सृष्टि देवतागण ईश्वरसमूह आदि के विजय मायामुक्तता व परमेश शरण में स्वरूप प्रतिष्ठा कैवल्य तथा उपासनाकाण्ड योगकाण्ड बताये हैं।

पुराणों में चौदह भुवन अष्टावरण विराट् सूत्रात्मा अव्याकृत महाकारण जितकर भगवद्धाम के वासी होना बताया है, धाम के नाम भिन्न-भिन्न हैं। महानारायणोपनिषत् आदि में ब्रह्मांडों के बाहर कई प्रकार के वैकुण्ठ धाम, उनसे परे महाशून्य, तब महाब्रह्मलोक बताये है। कोई-कोई पुराण में वैकुण्ठ गोलोक की रचना तथा महाप्रलय में तिरोभाव भी बताये हैं। पद्मपुराण में चार वैकुण्ठ कैलास उन पर गोलोक, इसके पर परमात्मा का लोक, बताये हैं। साकेतधाम भूमाधाम श्वेतद्वीपधाम अव्याकृतधाम आदि भी वर्णित किये हैं।

वेदान्त प्रक्रिया में पंचीकरणभूत, उस पर वैराज, तब सूत्रात्मा, अव्याकृत, महाकारण, अथवा विराट् महाविष्णु ईश्वर प्रधानपुरुष प्रकृतिपुरुष, सगुणब्रह्म वर्णित किये हैं, निर्गुणब्रह्म व्यापक कहा है। महाभारत व भागवत में परवासुदेव अपरवासुदेव तब अनिरुद्ध प्रद्युम्न संकर्षण, तब ईश्वरसृष्टियाँ विराट, ब्रह्म विष्णु महेश, स्वर्ग मृत्यु पाताल सृष्टियाँ, वर्णित हैं, इनको जितने से परवासुदेव से मिलना होता है।

श्रीस्वामिनारायणप्रभु के ग्रन्थों में षट्चक्र, परा पाश्यन्ती मध्यमा वैखरी, ब्रह्मनाद, ब्रह्म विमर्श बिन्दु नाद ध्वनि, परब्रह्म, नवधा भक्ति, प्रपत्ति शरणागति, त्रिदेव त्रयस्त्रिंशत् देवताएँ, यज्ञ याग, ईश्वरावतार, शक्तियाँ, योगी, यति, छ प्रकार शरण, चौदह लोक, अष्टावरण, वैराज महाविष्णु प्रधान पुरुष, प्रकृति पुरुष, वैकुंठादिधाम, ब्रह्मधाम, परब्रह्म के मुक्त परब्रह्म साकार सगुण मुक्ति आदि बताये हैं। वैष्णवों में सगुण साकार परमेश्वर के पास जाना सेवा करना मुक्ति मानी हैं।

शैवों में सगुण साकार शिव के कैलास में जाना या तो निर्गुण में मिलना मुक्ति मानी है। शाक्तों में ब्राह्मी माता में मिलना शक्ति में शक्त का लीन होना मुक्ति मानी है। कबीरामत में षट्चक्र को वेधना, कुण्डली जाग्रत करना, सुषुम्णा द्वारा प्रकाश मार्ग में आगे बढ़ना, गुरु ब्रह्म के सहारे परमगुरु परब्रह्म में अर्पित हो जाना, पहली अनिराकार मुक्ति, बाद में असाकार हो जाना मुक्ति मानी है। गुरु नानकदेव ने निर्गुण निराकार के रूप में गुर्वाज्ञानुसार वर्तन से ही पहूँचना मुक्ति मानी है, गुरुधर्म रक्षा करना ही मुक्ति का साधन है, महामुक्ति ही महा स्वर्ग है, निर्गुण निराकार में पहूँचना ही अन्तिम पुरुषार्थ है। राधास्वामी ने षट्चक्रों को पार कर तब त्रिकुटी हंसमुखी से आगे बढ़ना, परब्रह्म के निवासरूप दशम द्वार में पहूँचना, ब्रह्मांडों की सीमा छोड़ना, महाशून्य के मैदान में दाखल होना भँवर गुफा में सोऽहं सोंऽहं—पुरुष को परखना, पकड़ के तब उपर सच्चे लोक में अनामीपुरुष अलखपुरुष अगमपुरुष के सहारे सहारे राधास्वामी के धाम में ब्रह्मलोक में पहूँचना, यह मुक्ति है, गुरुध्यान से परमगुरु परमात्मा को पायँगे, गुरुभक्ति, अवतार उपास्ति, व परमात्मप्राप्ति सभी के लिये सामान्य न्याय ही है, पारसमणि के स्पर्श से लौहा सुवर्ण बनता है, पारस नहीं बनता, प्रदीपमणि से अन्यदर्शन उजाला में होता है प्रदीप नहीं बनता, चन्दन से सुगन्ध मिलता है चन्दन नहीं बनता। चिन्तामणि या कल्पवृक्ष तो स्वस्वरूप बनने का संकल्पवाले को तद्रूप बना देते हैं, वैसे सत्पुरुष से सत्गुरु सत्संग से ब्रह्म बन जाते हैं। सत्गुरु ब्रह्म बना देते हैं।

प्रणामी निजानन्दी सम्प्रदाय में परमधाम का प्रतिबिम्ब अक्षरधाम में, इसका प्रतिबिम्ब चिदाभास में, इसका प्रतिबिम्ब केवल ब्रह्म शबल ब्रह्म तथा वैराजादि सृष्टि में पड़ता है, श्रीराजजी की परब्रह्म की ही समी लीलाएँ तथा सुरताएँ आयी हैं, उन्हीं के तारतम्य ज्ञान-मन्त्र द्वारा उस परमात्मा में मिलना उत्तम मुक्ति है, अक्षर में तो सब कोई जाते हैं, इस प्रकार जीव ईश्वरब्रह्म परब्रह्म के स्वरूप सभी के घर में हैं, शक्तियाँ भी सभी के घर में हैं, मधुर रतिरस भी सभी के घर में हैं। उपासना भक्ति ज्ञान कर्म चार साधन विभिन्न हैं।

कई प्रकार के शैव, शिवभक्ति द्वारा उद्भावित संसार में, पराविद्या नित्यानन्दस्वरूपा चिन्मयी शिवा शक्ति चेतना के तन्मयभाव के द्वारा शिवस्वरूप में पहूँचना मानते ही हैं। चाहें पदार्थों के प्रकार भिन्न हो, पंच शिव आदि प्रकार, शक्तियों के प्रकार, विभिन्न है, तो भी ब्रह्मरूपता में तो व्यासजी के सूत्रानुसार उपनिषदों के बोधानुसार निगम आगमादिक के सहारे उन्हीं ब्रह्मदशा द्वारा परब्रह्म प्राप्ति करना सभी आन्तर प्रधान महाविद्याओं के उद्देश हैं, उन्हीं तात्पर्य पर दिये गये सभी अभिनन्दन आज कुंकुमवापी को बड़े भाग्य से मिले हैं, वे अन्तिम परब्रह्म को प्राप्त कराते-कराते बीच की सभी कोटियों

के स्वर्ग भी यथाधिकारी जीवों को देते चले—यह भी मेरा एक अभिनन्दन है, जिसमें सभी देवताएँ ऋषि महर्षि पितृगण ईश्वरगण महामाया तथा ब्रह्म प्रसन्न रहे व क्रम मुक्ति भी देते चलें, यह प्रार्थनीय है।

आसामी ओंबाबा ने भी निज सम्प्रदाय में कई सत्यलोक की कोटियाँ चढ़ायीं हैं, उनके पर ओंब्रह्म के धाम में चक्रवेधी जा सकता है, वैसे ये अभिनन्दन सब चक्रवेधी बनते हुए ओंपरमात्मा के धाम में पहुँचानेवाले भी हों।

शुद्धाद्वैत में अनुग्रहमार्ग से ही सभी प्रकार के जीव तैर जाते हैं, अनुग्रह के आगे काल कर्म स्वभाव माया हट जाते है, भगवान के प्रवेश द्वारा सभी पोषण पाते हैं, मर्यादा भी हट जाती है, प्रेम के आगे मर्यादा अकिंचित्करी है, भगवान् स्वयं साधन व साध्य बनते हैं, सभी कामनाएँ उड़ जाती हैं, इस प्रकार के भक्त को वर्तमानाऽवस्था ही गोलोक ब्रह्मलोक ब्रह्मानन्द है, आप सबको इस प्रकार के भी अभिनन्दन के फल हों। केवल कर्मवाद भी नैष्कर्म्य में जाना चाहता है, प्रज्ञापारमिता में पहुँचाने के लिये ये अभिनन्दन फिर भी सार्थक हों। मायिक कर्मरहित भगवत्सेवापरायणता में सफल हों। तथा आगत पूर्व साध्यदेवादि के प्रथम धर्मरूप में पहुँचाने वाले हों। गुरु की तन-मन-धनादि से सेवा मिलना भी आशीर्वादों का फल है, गुरुकृपा से भव कर्म आदि से मुक्त होयँगे, नरक प्रेतता तिर्यक्ता में नहीं जायँगे, बन्धन में नहीं पड़ना होगा, चित्त को वश करने में ये अभिनन्दन उपयुक्त हों, प्रज्ञापारमिता द्वारा विमल विज्ञानोदय में सहायक हों।

ये अभिनन्दन रामचन्द्र जी की तरह मर्यादा पालन करानेवाले हों, वामन जी की तरह जीव-लोक ईश्वरलोक ब्रह्मलोक पर्यन्त कदम भरानेवाले हों, श्रीकृष्ण की तरह लक्ष्मी देनेवाले दुःख हरनेवाले व शरण में लेनेवाले हों, विजय प्राप्त करानेवाले हों मित्रता को निभानेवाले हों भक्ति देनेवाले महत्ता और स्वाभाविक प्रेम को देनेवाले दैविता देनेवाले तथा अच्छे पीठ के उत्तराधिकारित्व देनेवाले हों। रामचन्द्रजी का आदेश सीताजी की तरह सतीयों के पतिव्रतात्व में हैं, श्रीकृष्ण के आदेश गोपीयों की तरह उनके पति तज कर भी भगवान में प्रेम कराने का है, कपिलदेव के आदेश आत्मा की निर्लिप्तता में हैं, ऋषभदेव के आदेश अहिंसा में हैं, पृथु के आदेश प्रजारक्षण में हैं, वामनजी के आदेश आसुरस्वभावों के शासन तरफ हैं, परशुरामजी के आदेश उद्दण्डों के गर्व टालने में हैं, सनत्कुमार आदि के आदेश वैष्णव सन्त धर्म में हैं, नारदजी के आदेश भक्ति कराने में हैं, दत्तात्रेय के आदेश समानब्रह्मदृष्टि में हैं, व्यासजी के आदेश तत्त्वज्ञान के साथ परमतत्त्व परमात्मा में लगाने के हैं। बुद्ध के आदेश जगत् के क्षणिकत्व में तथा शून्य स्वभाव में बतला के उसके परे स्थिति में ले जाने के हैं, मोहिनी के आदेश माया की मोहक चेष्टाओं को तजाकर अमोहक भगवान में तद्दास्य में लगाने के हैं। श्रीशंकर के आदेश निर्बन्ध अवधूत स्थिति में महायोगी-स्वरूप से रखने के हैं। पतञ्जलि के आदेश चित्त जितके परम पुरुष में लगाने को है, न्यायतर्क के आदेश परीक्षक होके शाश्वत दुःखध्वंस में पहुँचाने के है, उपनिषदों के आदेश ब्रह्मस्वरूप पहचानने में हैं, पुराण संहिता इतिहासों के आदेश आश्चर्यपूर्वक भगवान में लग्नि लगाने के हैं, सन्तों के तथा गुरुओं के आदेश प्रभुमय जीवन कराने में हैं, सभी के आदेश पर तत्त्व में लगाने के असंसारी बनाने के हैं, गृहस्थाश्रमीओं के आदेश धर्म अर्थ काम और मोक्ष मिलाने में हैं, सत्तावाले के आदेश सामदान भेद दण्डों में होते हैं, निर्बलों के आदेश प्रायः पराश्रय से निर्वाह के होते हैं, आचार्यों के आदेश जिस कामना से शरण में आवें उनको शरण में ले के उनके मनोरथ पूरण करने में होते हैं, भगवत्परम्परा गुरुपरम्परा या वंशपरम्पराओं में मूलपुरुष के आदेश अवतरते हैं, स्वार्थ के लिये गुणों के अनुसार आकर्षणद्वारा सभी को मूल पुरुष में लगन लगाने के लिये शास्त्रबोध है, फल में स्वार्थत्याग व मूल पुरुष के आज्ञावचनों

में रहने का है, किसी हेतु या अवरोध बिना की शरणागति भक्ति उत्तम होती है, वैसे शरणागतों को भगवान् स्वयं अर्पण होते हैं, जैसे कि बलि को वामन जी, व्रजवासीओं के प्रति श्रीकृष्ण सेवकों के प्रति स्वामी, मुक्ति भी भक्ति की दासी हो जाती है, जहाँ स्वामी सेवक के भक्त बन जाते हैं, सभी लोक चमत्कारीओं का आश्रय लेते हैं, उन्हें उपासते सेवते हैं, उनमें अनिष्ट भी देख लेते हैं, तब उन्हें छोड़कर सदा इष्ट प्रभु के अवतारों को उपासते सेवते हैं, परमेश्वर एक है किन्तु उपास्य अवतार अनेक हो गये हैं, जिनसे अनेक सम्प्रदाय चल पड़े हैं, उनके ध्येय उत्तम हैं, वे सभी सम्प्रदायअभिनन्दनीय हैं, सम्प्रदायों के आधार पर धर्म व भक्ति में लोक निर्भर रहते हैं, विश्वास सेअगम्य प्रभु को गम्य कर लेते हैं, खग मृग अग उद्भिज्ज नारी अज्ञ भी तैर जाते हैं, इस हेतु से ये सभी अभिनन्दन साम्प्रदायिक जनता के व्रतनियम सत्संग के लिये भी हों।

वेदमन्त्र लौकिक तन्त्र सत्पुरुषों के सूत्रों के अवलम्बनवाली सभी सगुरुजनता भिन्नेश्वरों के तथा परमेश्वर के आश्रय से तैर जाती हैं, शक्तियाँ बढ़ती हैं भक्ति सिद्धियाँ प्रकट होती हैं आत्मा ब्रह्म में अर्पित होते हैं स्नान सन्ध्या वन्दन पूजन भजन देवार्पण कीर्तन ध्यान आदिक में सुश्रद्ध जनता नित्यकर्म नैमित्तिककर्म काम्यकर्म में प्रीतिवाली होती हुई भी निष्काम कर्म में अन्ततः पहुँचती हैं, तब संसार में से छूटती है, पशु पक्षी कीट पतंगादि को देना अतिथि सत्कार करना पूर्वज आत्माओं की यादगीरी-पूर्वक जलांजलि फलांजलि देना गुरु ऋषि द्वारा शास्त्राध्ययन करना, देवों की उपासना चालू रखना, ये सब सदा के लिये क्षेमकुशल देने रखानेवाले हैं, इनको टिकाने के लिये अभिनन्दन हमारे प्रति सदा सकरुण रहें। वेदों के प्रामाण्य भी बराबर हमारे में अविचल रहे। मानव जाति में जो कोई सेवक महर्षि रक्षक राजर्षि दानप्रद दातार ज्ञानप्रद ज्ञानी तपस्वी संयमी नरनारीओं में साधुता रखनेवाले हों उनके लिये ये अभिनन्दन दृढ़ावस्थास्थापक बनें। ईश्वर देवता सत्पुरुष गुरु योगी ये सब चारित्र्य से उत्कृष्ट हैं तपों से दिव्य चमत्कारी होते हैं, सन्यासी तापसी सन्त परिव्राजक ब्रह्मशील निर्ग्रन्थक शाक्य त्यागी भाग्यशाली पोप बिशप लामा आरनाल आदि-आदि महापुरुषों में तपस्या की परम्पराएँ विजय पाने का बल देती हैं, हिरण्यगर्भ आदिक ने भी तप द्वारा कार्य सिद्धि की है, सिद्ध कपिलजी तथा उनके पिता कर्दम महर्षि ने बड़ी तपश्चर्या की थी, खाखी लोग पंचाग्नि तपते हैं, भक्ति की ही साथ में यह तपस्या है, संयम बाह्य होने से आध्यात्मिक मानस तप अति उत्कृष्ट होता है ब्रह्म की एकता तक पहुँचाता है, कोई शून्यता तक, कोई समेश्वरता तक, तप के फलों को स्वीकारते हैं, क्षणिकता में स्वात्मकता में शून्य में या ब्रह्म में पहुँचाने के लिये सबीज तपस्याएँ उपयुक्त होती हैं, ब्रह्म दो नहीं है, ब्रह्म में दूसरा नहीं है, ब्रह्म से न्यारा भी सत्तावाला दूसरा नहीं है, इस बात में ब्रह्मवादी विरमित होते हैं, शून्य से दूसरा नहीं है, दो शून्य नहीं हैं, शून्य में भी दूसरा नहीं है, यह ज्ञान होने पर भी शून्य है, वह क्षणिक होते हुए भी शून्य है, जब ऐसा है तो या तो शून्य ही है संसार है नहीं, हम तुम भी हैं नहीं, बात तो यह सभी को प्रिय न पड़ी, तब प्रेम की सत्यता को मानने लगे, प्रभु ईश्वर सर्वज्ञ में प्रेमभाव भी बढ़ने लगा, आत्मा का ईश्वर में श्रो में अर्पण होना अच्छा मनाने लगा, किन्तु इस प्रवाह में चारित्र्यसम्पत्ति से अतीन्द्रिय सत्ता प्राप्ति व परिस्थिति ही मिलाना उत्तम है, इस विचार से पाश मर्यादा बन्धन तजकर आत्मा को परमात्मा होना जँच गया, जो कुछ प्रणालियाँ बदलती हैं, उत्कर्ष में प्रविशती हैं, वे अभिनन्दनों के फलरूप हैं। मोक्षपर्यन्त के अभिनन्दन आप के आशीर्वादों के साथ फलित हों वैसा चाहता हूँ। भक्ति तपस्या योग ज्ञान आदि में भी चारित्र्यशुद्धि सभी जनता में बसी मुक्ति भी मीलती है।

न्यायशास्त्र प्रमाण प्रधान शास्त्र है, ज्ञानादि प्रमाणों द्वारा जगत् आदि प्रमेय की सिद्धि होती है, प्रमाण प्रमेय दोनों की सिद्धि प्रमाण से ही है, परन्तु प्रमाण करण है प्रमेयपदार्थज्ञान कार्य है, यह ज्ञान प्रमा यथार्थ हो तब सिद्धि, अयथार्थ हो तो भ्रान्ति, सभी के दर्शनों में यही व्यवस्था है, कारण-कार्य के सम्बन्ध आवश्यक होते हैं, सम्बन्धित कारणकार्यज्ञान फल है, सम्बद्ध कारण से सम्बद्ध कार्यप्रमा यदि निश्चित ही है तो ज्ञान सभी एकाधिक विषय ही है, यदि निर्विकल्पक के संग्रहार्थ अविशिष्ट अनेकविषयक ज्ञान प्रमा हो, तो विशिष्ट अनेक विषयक द्वितीय नम्बर जरूर प्रमा है प्रथम का व्यवसाय निर्विकल्पक, द्वितीय का अनुव्यवसाय सविकल्पक नाम दिया गया है, उसके बाद के ज्ञान विशिष्टानुव्यवसाय कहे जाते हैं, त्रिक्षण स्थायित्व के बाद तो संस्कार जन्य स्मरण ही होते हैं, वे भी प्रमा तो हैं, मगर अधिक न्यून हैं, तो प्रमाभिन्न कहना उचित है, ऐसे ज्ञानों में कारण की जगह दोष मिश्रितता है, जिससे टूटाफूटा ज्ञान होता है, अब निकट या अनिकट सभी ज्ञान के विषय होने से कई प्रमाणों द्वारा कई प्रकार की प्रमाएँ होती हैं, वस्तुओं के स्वरूप रूप प्रतिफलन ग्राहक शक्तियाँ भी मानी जायँ तो उनके द्वारा भी पदार्थ ग्राह्य प्रमाविषय होते हैं, किसी न किसी प्रकार से आलोचन के बाद पराऽऽलोकन होते हैं, उनके अनेक नाम हैं,—अनुमान उपमान शब्दज्ञान अर्थापत्ति अनुपलब्धि संभव ऐतिह्य चेष्टा मौनीज्ञान मानसज्ञान पौरुषेयबोध साक्षिचैतन्यप्रकाश प्रातिभज्ञान सार्वज्ञ्य आदि कई प्रकारो में भी जिनको जिन ज्ञानादिकों को उपलब्धि इष्ट हों उनको उनकी प्राप्ति हों, आप जनता इस विषय में भी अभिनन्दनों द्वारा प्रमा ग्रहण के योग्य हों, वैसे विज्ञान लाभ के लिये मेरा भी अभिनन्दन है। अर्थाकार प्रतीतियाँ वृत्तिरूप हैं, वे बाह्य आन्तर चित्त में व आत्मा में भी चैतन्यरूप से ग्राह्याकार धार्याकार भोग्याकार को लेके विश्रान्ति पाती हैं, अतः सर्व आत्मा में हो विश्रमित हैं, उनमें अच्छे बूरे अनुभूति साक्षात्कार ही ज्ञानीय सुखदुःखादि परिणामों में भासते हैं, वे ही जगत्-रूप हैं, ब्रह्मस्वरूप हैं, अन्ततः सभी अभिनन्दनें वहाँ तक सुख आनन्द सम्पत्ति देनेवाले हों, उत्कृष्ट प्रकाश देनेवाले हों,—यह मेरा प्रार्थनीय है।

वेदान्त सत् चित् आनन्द को ही लेते, अतिरिक्त यदि इनमें सामेल हों तो स्वीकारते हैं, न हों तो तज देते हैं, एक आनन्द को ही जानकार व कायमी स्वरूप में वर्णित किया है, सभी को ब्रह्मचिन्ता के लाभार्थ कुछ गूढ सा रक्खा है, जो परब्रह्म के स्मरण मनन में ही जीवन समाप्त होने से सभी अभिनन्दन फलित हो आते है यही उत्तम हैं, केवल ब्रह्म एक है, विशिष्ट ब्रह्म एक है, शुद्ध ब्रह्म एक है, एकाऽनेक ब्रह्म एक है, अनेकात्मक ब्रह्म एक है, तत्त्व एक है, अनेक भी है, पिण्डीकरण से अद्वैत में लेना अयुक्त नहीं है, दो होये में स्वतन्त्र दो तरफ गाड़ी चलकर कहाँ जायगी इसका ठिकाना नहीं, एक दिशा में ही गाड़ी चले तो पार पहुँचेगी, हमारे जड़चेतन ज्ञान के स्तर सभी आत्मपर्यन्त परमात्मा में अर्पित हो जाना यह तचेतन ज्ञान के स्तर सभी आत्मपर्यन्त परमात्मा में अर्पित हो जाना यह सभी को इष्ट है तो आपके अभिनन्दन इस प्रकार से हमें परमात्मा में पहुँचानेवाले भी हों।

उपविषदों में तर्काऽनुसार विविध कारणवाद जगत् के प्रति दिखलाये हैं, उनमें प्रकृति व पुरुष तथा उभय भिन्न भी सामेल हैं अपरिवर्जनीय हैं, तब शक्ति व शक्तिमान् तथा दोनों के संसर्ग रखनेवाले कुछ निगूढ तत्त्व भी हैं, प्रकृति त्याज्य नहीं होती, स्वात्मक होने से, पुरुष तो स्व ही है, निगूढ़ तत्त्व को स्थूलता त्याज्य है, सूक्ष्मता को ढाँप कर स्थूलता का आवरणरूप हो जाती है, अतः वह उपदेश द्वारा समानसा हो जाने पर त्याज्यधी उदय होती है, त्याज्यधी का नाम वैराग्य उपेक्षा अनादर अज्ञान अन्ध तमः अप्रकाश संसार आदि आदि, उनके त्यजनार्थ साहाय्यप्रद भी होने चाहिए, वह है प्रकाश, यह सत्-स्वरूप को बना देता है अतः प्रमा प्रकाश है वह अन्तिम तक पहुँचाता है अतः दिव्य प्रकाश है, वह ब्रह्म

चैतन्य, परब्रह्म साक्षात्कार, अपरोक्षानुभव है, यह फल में जब इष्ट है, तो आपके सभी अभिनन्दन उसी प्रकार की व्यक्ति के लिये दिये गये हैं, ग्रन्थ द्वारा अध्ययन, मित्रता द्वारा तथा काशीनिवास व गुरुपरम्परा द्वारा व्यक्ति उस कोटि में जाने की योग्यता लेती है, यह समझकर ही आपने अभिनन्दन दिये हैं, आप आत्मा में राजी राजी हैं तब अभिनन्दन प्रसन्नताभरे भेज रहे हैं, विद्यालय में उपयुक्त होकर इष्टतम मोक्षस्थिति में भी पहुँचें, जनता भी इसी मार्ग से बढ़ें व विद्याप्राप्ति कर लें, इस फल में आपके अभिनन्दन उत्तम रीति से फलैक्य करते रहें, यह भी मेरे अभिनन्दन के साथ प्रार्थनीय है, सन्त की सन्तता सत्ता अभिनन्दनों से हो, सन्तता परब्रह्म तक पहुँचो।

प्राचीन तत्त्ववेत्ताओं के शास्त्रों के नाम दर्शनशास्त्र रक्खे गये हैं, इन तत्त्वज्ञानों से क्या दिखता है ? किसका दर्शन होता है ?। जवाब में—सभी तत्त्व पदार्थों का विशद मानस दर्शन विशद जड़चेतन दर्शन विशद आत्मपरमात्मदर्शन होते हैं। बाह्यचक्षु से आन्तर चक्षु से चित्-चैतन्य चक्षु से साक्षि चक्षु से तथा परब्रह्म चक्षु से भी योग्यता के अनुसम दर्शन होते हैं, अतः दर्शनशास्त्र नाम रक्खा गया है, सभी साक्षात् विषय ही है, अलौकिक मानस विषय, प्रातिभ विषय, धर्ममेघ विषय, सिद्धि विषय, समाधि विषय, ब्रह्मात्म चैतन्य विषय, नित्य विज्ञान विषय, सर्वप्रत्यक्षदर्शि विषय, सभी कुछ है, इन सब का जिसमें समावेश है वह दर्शदशास्त्र है, भौतिक जडदर्शन, उसमें तृण तक कन्द फलादिदर्शन, कण शाकादिदर्शन, उपकरण औषधियाँ रस कर आदि दर्शन, धातु धन मकान वाहनादि दर्शन, पक्षि पशु यान भूमियान गगन-यान जलयानादि दर्शन, ग्राम नगर राजधानी देशविदेशादिदर्शन, मानव प्रजा राजा नर नारी देवता महर्षि आदि के दर्शन, इनके व्यवहारदर्शन, स्वभावदर्शन, मिलनसारदर्शन, इन्द्रियदर्शन, आन्तरदर्शन, भोग सन्तति वंश दर्शन, चमत्कारी गुरु ईश्वर आदि दर्शन, वर्ण धर्म कर्म उत्सव महोत्सव दिन रात्रि जन्म मरण दर्शन, नवीन नवीन प्रदर्शन, तत्त्वों के दर्शन, दुःखदर्शन, तब साधनसाध्यादिदर्शन, केवल सुख आनन्ददर्शन, आत्मपरमात्मदर्शन, मोक्ष नित्यसुख आनन्ददर्शन, प्रलय महाप्रलय आदि के अत्रासदर्शन, अहं ममतानाश-दर्शन, दिव्य ब्रह्मता में शान्तिदर्शन, इत्यादि दर्शनों के सम्बन्ध शास्त्रों में हैं। इन दर्शनशास्त्रों द्वारा प्रकृष्ट विद्वद्गण जो जो अभिनन्दन दे रहे हैं सभी विषय के प्रत्येक अभिनन्दन दिव्य ब्रह्मता में शान्ति प्रदर्शन में फलीभूत हों, यह मेरा प्रार्थनीय है, अभिनन्दन मानव जीवन को शाश्वत जीवन में पहुँचानेवाले हैं।

नैयायिक सभी के लिये न्यायविद्योपार्जन की इच्छा विशेषतः रखते हैं, वेदान्ती वेदान्तज्ञानी बनाने की, सांख्ययोगी उनके शास्त्रज्ञानी बनाने की, मीमांसक यज्ञयागानुष्ठान कराने की, ब्रह्मज्ञानी स्वसमान स्थितिवाले बनाने की, कविलोक काव्यकुशलता कराने की, इच्छा धराते हैं, सभी लोक स्वविद्या कला प्रदान वृद्धि उत्कर्ष विजय की अभिलाषा मुख्य रखते हैं। आज पूजनीय आदरणीय स्पृहणीय अभि-वन्दनीय प्रशंसनीय अभिवर्धनीय आदि आदि अनेक विद्याओं के विद्वानों के अभिनन्दन कुंकुमवापी के लिये उसी के सन्त के लिये आ रहे हैं, उनकी आन्तरिक धारणाओं के लिये अंशतः फलीभूत वर्तमान भी विशेष करके फलीभूत हों, वैसी परमेश्वर से मेरी प्रार्थना है।

मानवसमाज ग्रहान्तगतिमान् सागरतलान्त प्रगतिमान् हुआ है, दूरदर्शन दूर श्रवण आदि में भी चैतन्यनिभ तत्त्वविकास में पहुँचा है, साथ साथ आत्मीय शान्ति स्थिति से वियुक्त होता जाता है, इस मानव समाज को मानवता के साथ रहने को ये अभिनन्दन फलीभूत हों, दर्शनशास्त्र जीवन सुखी रहने को बतलाते हुए पारलौकिक मोक्ष के लिये भी तैयारी करने के यत्न में रहते हैं, विद्वान् लोक इसी फल के लिये जगत् को अभिनन्दन दे के पारमार्थिक स्थिति प्राप्ति के साधनों का स्मरण कराते हैं, आपके

अभिनन्दन इन स्वरूपों में फलीभूत हों, सच्चा व्यवहार, शब्द, ज्ञान, भक्ति, मोक्ष, ये अभिनन्दनों के फल हैं, इसकी प्राप्ति के लिये भी प्रार्थना है, उक्त प्रकार के दर्शन करानेवाले ये अभिनन्दन आनन्द में पहुँचाने की कृपामूर्तियाँ हों।

निगम आगम तन्त्र पुराण आदिक में मायिक विहरण तृप्ति और अन्तिम शान्ति के लिये ग्रथन हैं, इनके अभ्यासी विद्वानों के अभिनन्दन भी उन्हीं साध्य शक्तियों से मिलित हो के ही प्रेरित किये जाते हैं, वे सभी अभिनन्दन लौकिक अलौकिक दोनों प्रकार के सुखों के लिये जनता को भी फलीभूत हों।

आप बालपने में अल्पज्ञानी थे, यौवन में चौजालविज्ञानी हुए, वार्धक्य में परलोक की तैयारी में वृत्तिवाले हुए हैं, जगत् के नये दर्शन बाकी नही है, आगे के नये दर्शन शाश्वती शान्ति में होने के साधनों को नहीं भूलने का सतत अनुसन्धान भी गोने जाते हैं, शास्त्र यह बतलाते हैं, अभिनन्दनों से शास्त्रीय दर्शन में लग्न रहना उपार्जनीय है, यह करते रहना, प्रिय आत्मा को प्रियतम परम आत्मा करना होना मोक्ष के लिये तैयार रहना आवश्यक उपार्जित कर लेना,—सभी को ऐसे अभिनन्दन मिलो।

परमाणुवाद में, मायावाद स्वभाववाद या अविद्या बाद में जड़वर्ग में तो असन्तोष ही रहता है, सन्तोष चेतन धर्म है, अन्तिम सन्तोष चेतन में ही ठहरेगा, चेतन द्वारा चेतन में नित्य सन्तोष मिलेगा, अचेतनाऽवस्थाओं का ऊपजाना या दिखलाना तो व्यापक चेतन का काम है, जो सभी के प्रति चेतना के साथ चेतनवत् करके काम लेते हैं, चेतन का जड़सा होना अनुचित ही है, अनुचितता का दूरी करण के लिये नित्य जड़तत्त्व माने गये, वे स्वयं तो चेतन के आधार पर सफल होते हैं, तब फिर व्यापक नियामक चेतन विशिष्ट ही चेतनीयैक्य स्वीकारना तार्किकवृत्ति को विराम देनेवाला है।

पृथिवी विशाल है, भारत, अरबस्तान, आफ्रिका यूरोप, अमेरिका, केनेडा, रशिया, चीन, जापान, ओस्ट्रेलिया, तर्मा, लंका, आर्टीक, इन्डलेन्ड ग्रोनलेन्ड आदि आदि हजारन अन्य अन्य टापू आदि आदि में जहाँ जहाँ मानव जाती हैं, उन्होंने अपनी आध्यात्मिक स्थिति के लिये जो अच्छे साधन माने हैं, उन सभी के लिये आप विद्वानों के ये अभिनन्दन पोषण करनेवाले हों, और जो जो उन्नति में निरोधक माने गए हों या निःश्रेयस न होने देनेवाले माने गए हों, उनका अनस्तित्व के लिये भी ये अभिनन्दन उपयुक्त आशीर्वादरूप हों, यह शुभेच्छा प्रकट करता हूँ, यहाँ के विद्यालयों में अभ्युदय निर्बन्धन अमायिक आत्मीय स्थिति प्रेयः के साथ निःश्रेयस देनेवाले अभिनन्दन आत्मीयविद्याओं के स्वरूपों में भी व्यक्त हों।

स्वसामर्थ्योपार्जित सत्कीर्तिवाले मानव मानवीयसंसार में श्रेष्ठतम हैं, सम्बन्धिओं की प्रतिष्ठा से प्रतिष्ठित मानव मध्यम है, जनता द्वारा जहाँ तहाँ से कीर्ति बटोरनेवाले कनिष्ठ गीने जाते हैं, स्वयं प्रकाण्ड विद्वानों के आशीर्वाद पात्र बनना ही एक स्वबल में गीना जाता है। क्योंकि परीक्षक योग्यता देख के बलपोषक होते हैं, मणिधर को स्वयं उजाला होता है, साधारण को अन्धेरा आवरता है, अन्धेरी स्थितिवाले को चाहे जितने प्रदीप देवें तो भी स्थिति तो अन्धेरी ही रहेगी, मणिधर के लिये द्युमणि भूमणि अन्तरीक्षमणि आन्तरमणि ऊजाले प्रेरने पर वह अनन्तगुणित उजालावाला होता है, विद्वानों में विद्वत् सम्प्रदायों में विद्वच्छात्रों में विद्वद्देशों में विद्वत्संसर्ग में, विद्वानों ने मुझे यथाकथंचित् पात्र समझकर प्रसन्नता से आशीर्वाद दिये हैं इनसे मेरा अन्धेरा उड़ गया, अमणिधर को मणिधरों में सामेल कर दिया, अब मेरी आत्मा में उसी प्रकार का उजाला भासने लगा है, मेरी स्थिति को श्रेष्ठतम बनाया है, प्रभु और प्रभुसमान-आप की कृपा से यह कुंकुमवापी नगरी सौराष्ट्र महागूजरात देश तथा देश की जनता में भी

मणिधरों के उजाले ऊपजने की मेरी प्रार्थना है, आपके आशीर्वाद फलीभूत हों, हमारा सम्मान यह एक गीनेगांठे प्रकाण्ड विद्वानों की भारमय-सम्पत्ति के समान हैं, आप के सम्मान सदा सूर्य-चन्द्र-समान प्रकाश देनेवाले होते रहें।

